बी0ए0 कर्मकाण्ड

प्रथम वर्ष

(प्रथम पत्र)

खण्ड – 1

कर्मकाण्ड : आरम्भिक परिचय

इकाई – 1 कर्मकाण्ड का उद्गम स्रोत

इकाई की संरचना

1.1 प्रस्तावना

प्रस्तुत इकाई बी0ए0 कर्मकाण्ड प्रथम पत्र के प्रथम इकाई '**कर्मकाण्ड के उद्गम स्रोत**' नामक शीर्षक से सम्बन्धित है। कर्मकाण्ड का उद्गम स्थल मूल रूप से वेद है। वेद कर्मकाण्ड का ही नहीं वरन् सर्वविद्या का मूल है। कर्मकाण्ड का सम्बन्ध केवल पूजन, पाठ, यज्ञ, विभिन्न प्रकार के अनुष्ठान से ही सम्बन्धित नहीं है, बल्कि इसका सम्बन्ध मानव के जीवन से भी सीधे जुड़ा है। धार्मिक क्रियाओं से जुड़े कर्म को '**कर्मकाण्ड**' कहते है। यह कर्मकाण्ड की स्थूल परिभाषा है। वस्तुत: मनुष्य अपने दैनन्दिनी जीवन में जो भी कर्म करता है, उसका सम्बन्ध कर्मकाण्ड से है। इस इकाई में आप कर्मकाण्ड से सम्बन्धित विविध विषयों का अध्ययन करेंगे तथा विशेष रूप से उसके उद्‍गम स्रोत को समझ सकेंगे।

1.2 उद्देश्य

इस इकाई के अध्ययन के पश्चात् आप समझ सकेंगे कि –

1. कर्मकाण्ड क्या है।
2. कर्मकाण्ड का उद्गम स्रोत कहॉं है।
3. कर्मकाण्ड का महत्व क्या है।
4. कर्मकाण्ड के विविध आयाम
5. कर्मकाण्ड के प्रकार

1.3 कर्मकाण्ड के उद्गम स्रोत

भारतीय मान्यता के अनुसार वेद सृष्टिक्रम की प्रथम वाणी है। फलत: भारतीय संस्कृति का मूल ग्रन्थ वेद सिद्ध होता है। पाश्चात्य विचारकों ने ऐतिहासिक दृष्टि अपनाते हुए वेद को विश्व का आदि ग्रन्थ सिद्ध किया। अत: यदि विश्वसंस्कृति का उद्गम स्रोत वेद को माना जाय तो कोई अत्युक्ति नहीं होगी। इस आधार पर कर्मकाण्ड का भी उद्‍गम स्रोत मूल रूप से वेद ही है। वेदों में कर्मकाण्ड के समस्‍त तथ्य उपस्थित है। यदि आप उसका अवलोकन करेंगे तो आपको मूल रूप से कर्मकाण्ड का आरम्भ वहीं से प्राप्त होगा।

कर्मकाण्ड का मूलत: सम्बन्ध मानव के सभी प्रकार के कर्मों से है, जिनमें धार्मिक क्रियाएँ भी सम्मिलित हैं। स्थूल रूप से धार्मिक क्रियाओं को ही **'कर्मकाण्ड'** कहते हैं, जिससे पौरोहित्य का तादात्म्य सम्बन्ध है। कर्मकाण्ड के भी **दो** प्रकार हैं-

1. इष्ट
2. पूर्त

सम्पूर्ण वैदिक धर्म तीन काण्डों में विभक्त है-

1. ज्ञान काण्ड,
2. उपासना काण्ड
3. कर्म काण्ड

यज्ञ-यागादि, अदृष्ट और अपूर्व के ऊपर आधारित कर्मों को इष्ट कहते हैं। लोक-हितकारी दृष्ट फल वाले कर्मों को पूर्त कहते हैं । इस प्रकार कर्मकाण्ड के अंतर्गत लोक-परलोक-हितकारी सभी कर्मों का समावेश है।

कर्मकाण्ड वेदों के सभी भाष्यकार इस बात से सहमत हैं कि चारों वेदों में प्रधानत: तीन विषयों; कर्मकाण्ड, ज्ञान- काण्ड एवं उपासनाकाण्ड का प्रतिपादन है।

कर्मकाण्ड अर्थात् यज्ञकर्म वह है जिससे यजमान को इस लोक में अभीष्ट फल की प्राप्ति हो और मरने पर यथेष्ट सुख मिले। यजुर्वेद के प्रथम से उंतालीसवें अध्याय तक यज्ञों का ही वर्णन है। अंतिम अध्याय(40 वाँ) इस वेद का उपसंहार है, जो 'ईशावास्योपनिषद्' कहलाता है।

वेद का अधिकांश कर्मकाण्ड और उपासना से परिपूर्ण है, शेष अल्पभाग ही ज्ञानकाण्ड है।

कर्मकाण्ड कनिष्ठ अधिकारी के लिए है। उपासना और कर्म मध्यम के लिए । कर्म, उपासना और ज्ञान तीनों उत्तम के लिए हैं। पूर्वमीमांसाशास्त्र कर्मकाण्ड का प्रतिपादन है ।

इसका नाम 'पूर्वमीमांसा' इस लिए पड़ा कि कर्मकाण्ड मनुष्य का प्रथम धर्म है, ज्ञानकाण्ड का अधिकार उसके उपरांत आता है ।

पूर्व आचरणीय कर्मकाण्ड से सम्बन्धित होने के कारण इसे पूर्वमीमांसा कहते हैं । ज्ञानकाण्ड-विषयक मीमांसा का दूसरा पक्ष 'उत्तरमीमांसा' अथवा वेदान्त कहलाता है ।

वेद शब्द और उसका लक्षणात्मक स्वरूप

शाब्दिक विधा से विश्लेषण करने पर वेद शब्द की निष्पत्ति 'विद-ज्ञाने' धातु से 'घञ्' प्रत्यय करने पर होती है। विचारकों ने कहा है कि-जिसके द्वारा धर्मादि पुरुषार्थ-चतुष्टय-सिद्धि के उपाय बतलाये जायँ, वह वेद है।

- आचार्य सायण ने वेद के ज्ञानात्मक ऐश्वर्य को ध्यान में रखकर लक्षित किया कि- अभिलषित पदार्थ की प्राप्ति और अनिष्ट-परिहार के अलौकिक उपायको जो ग्रन्थ बोधित करता है, वह वेद है। यहाँ यह ध्यातव्य है कि आचार्य सायणने वेद के लक्षण में 'अलौकिकमुपायम्' यह विशेषण देकर वेदों की यज्ञमूलकता प्रकाशित की है।
- आचार्य लौगाक्षि भास्कर ने दार्शनिक दृष्टि रखते हुए- अपौरूषेय वाक्य को वेद कहा है ।
- आचार्य उदयन ने भी कहा है कि- जिसका दूसरा मूल कहीं उपलब्ध नहीं है और महाजनों अर्थात् आस्तिक लोगों ने वेद के रूप में मान्यता दी हो, उन आनुपूर्वी विशिष्ट वाक्यों को वेद कहते है ।
- आपस्तम्बादि सूत्रकारों ने वेद का स्वरूपावबोधक लक्षण करते हुए कहा है कि- वेद मन्त्र और ब्राह्मणात्मक हैं।

- आचार्यचरण स्वामी श्रीकरपात्री जी महाराज ने दार्शनिक एवं याज्ञिक दोनों दृष्टियों का समन्वय करते हुए वेद का अद्भुत लक्षण इस प्रकार उपस्थापित किया है-' शब्दातिरिक्तं शब्दोपजीविप्रमाणातिरिक्तं च यत्प्रमाणं तज्जन्यप्रमितिविषयानतिरिक्तार्थको यो यस्तदन्यत्वे सति आमुष्मिकसुखजनकोच्चारणकत्वे सति जन्यज्ञानाजन्यो यो प्रमाणशब्दस्तत्त्वं वेदत्वम्
- उपर्युक्त लक्षणों की विवेचना करने पर यह तथ्य सामने आता है कि- ऐहकामुष्मिक फलप्राप्ति के अलौकिक उपाय का निदर्शन करने वाला अपौरूषेय विशिष्टानुपूर्वीक मन्त्र-ब्राह्मणात्मक शब्दराशि वेद है।

श्रेष्ठ परम्पराएँ

मानव कल्याण की महान् परम्पराओं में जितने भी आयोजन एवं अनुष्ठान है उनमें सबसे बड़ी परम्पराओं में जितने भी आयोजन एवं अनुष्ठान है उनमें सबसे बड़ी परम्परा संस्कारों एवं पर्वों की है। संस्कारों धर्मानुष्ठानों द्वारा व्यक्ति एवं परिवार को और पर्व- त्यौहारों के माध्यम से समाज को प्रशिक्षित किया जाता है। इन पुण्य- परम्पराओं पर जितनी ही बारीकी से हम ध्यान देते हैं उतना ही अधिक उनका महत्त्व एवं उपयोग विदित होता है। पर्व- त्यौहारों की चर्चा अन्यत्र करेंगे, यहाँ तो हम षोडश संस्कारों की उपयोगिता एवम् आवश्यकता पर थोड़ा प्रकाश डालेंगे। यो स्वाध्याय- सत्संग, प्रशिक्षण, चिन्तन, मनन आदि का प्रभाव मनुष्य की मनोभूमि पर पड़ता ही है। ओर उनसे व्यक्ति के भावना को विकसित करने में सहायता मिलती ही है और इनकी उपयोगिता को स्वीकार करते हुए सर्वत्र इनका प्रचलन रखा भी जाता है पर साथ ही एक बात यह भी ध्यान में रखनी चाहिए कि अन्तः चेतना को उच्च प्रयोजन के लिए उल्लसित एवं सूक्ष्म बनाने के कुछ वैज्ञानिक उपकरण भी हैं और उनका महत्त्व स्वाध्याय, सत्संग आदि चलित उपकरणों की अपेक्षा किसी भी प्रकार कम नहीं है। इन व्यक्तित्व निर्माण के वैज्ञानिक माध्यमों को ही संस्कार कहा जा सकता है। संस्कार वे उपचार हैं जिनके माध्यम से मनुष्य को सुसंस्कृत बनाना, सबसे अधिक सम्भव एवं सरल है कहने की आवश्यकता नहीं कि सुसंस्कारित व्यक्ति के निजी पारिवारिक एवं सामाजिक जीवन में कितनी श्रेयस्कर एवं मंगलमय सिद्धि हो सकती है॥

बहुदेव वाद

सदा भवानी दाहिनी, सन्मुख रहे गणेश॥ पांच देव रक्षा करें, ब्रह्मा विष्णु महेश॥

(१)**ब्रह्मा**- भगवान के नाभि कमल से चतुर्मुख ब्रह्मा के साथ सृष्टि हुई शरीर के अन्यान्य अंगों में से नाभि की के साथ सृष्टि कार्य का संबंध अधिक है, इसलिए परमात्मा की नाभि सृष्टिकर्ता ब्रह्माजी का उत्पन्न होना विज्ञान सिद्ध है॥ कमल अव्यक्त से व्यक्त अर्भिमुखी प्रकृति का रूप है और उसी से ब्रह्मा की उत्पत्ति होती है॥ ब्रह्मा जी प्रकृति के अन्तर्गत राजसिक भाव पर अधिष्ठान करते हैं, इसलिए ब्रह्माजी का रंग लाल है॥ क्योंकि रजोगुण का रंग लाल है। "अजामेकां लोहितशुक्ल कृष्णाम्" (श्वेताश्वनर उपनिषद्)

त्रिगुणमयी प्रकृति लोहित शुक्ल और कृष्णवर्ण है॥ रजोगुण लोहित, सतोगुण शुक्ल और तमोगुण

कृष्णवर्ण है ।। समष्टि- अंतःकरण ब्रह्माजी का शरीर और उनके चार मुख माने गये हैं क्योंकि- मन, बुद्धि, चित्त और अहंकार- ये अंतःकरण के चार अंग हैं। क्रियाकलाप में ज्ञान की अप्रधानता रहने पर भी ज्ञान की सहायता बिना क्रिया ठीक- ठीक नहीं चल सकती है। इसलिए नीर- क्षीर विवेकी हंस को ब्रह्मा जी का वाहन माना गया है । ब्रह्माजी की मूर्ति की ओर देखने से, उसमें निहित सूक्ष्म व स्थूल भावों पर विचार कर देखने से पता लग जायेगा कि प्रकृति के राजसिक भाव की लीला के अनुसार ही ब्रह्माजी की मूर्ति- कल्पना की गई हैं।

(२) विष्णु -विष्णु शास्त्रों में शेषशायी भगवान विष्णु का ध्यान इस प्रकार किया गया है कि- ध्यायन्ति दुग्धादि भुजंग भोगे । शयानमाधं कमलासहायम् ॥ प्रफुल्लनेत्रोत्पलमंजनाभ, चर्तुमुखेनाश्रितनाभिपद्म । आम्नायगं त्रिचरणं घननीलमुद्यछ्रोवत्स कौन्तुभगदाम्बुजशंखचक्रम्॥ हृत्पुण्डरीकनिलयंजगदेकमूलमालोकयन्तिकृतिनः पुरुषं पुराणम् ॥

अर्थात्- भगवान क्षीर सागर में शेषनाग पन सोये हुए हैं, लक्ष्मी रूपिणी प्रकृति उनकी पादसेवा कर रही है, उनके नाभिकमल से चतुर्मुख ब्रह्मा जी की उत्पत्ति हुई है, उनका रंग घननील है, उनके हाथ हैं जिनमें शंख, चक्र, गदा औरपद्म सुशोभित हैं- वे जगत् के आदि कारण तथा भक्त- जन हृत्सरोज बिहारी हैं। इनके ध्यान तथा इनकी भावमयी मूर्ति में तन्मयता प्राप्त करने से भक्त का भव-भ्रम दूर होता है। क्षीर का अनंत समुद्र सृष्टि उत्पत्तिकारी अनन्त संस्कार समुद्र है जिसको कारणवीर करके भी शास्त्र में वर्णन किया है। कारणवीर जन्म न होकर संसारोत्पत्ति के कारण अनन्त संस्कार है। संस्कारों को क्षीर इसलिये कहा गया है कि क्षीर की तरह इनमें उत्पत्ति और स्थिति विधान की शक्ति विद्यमान है। ये सब संस्कार प्रलय के गर्भ में विलीन जीवों के समष्टि संस्कार हैं ।।अनन्त नाश अथवा शेषनाग अनंत आकाश को रूप है जिसके ऊपर भगवान् विष्णु शयन करते हैं । शेष भगवान् की सहस्रेण महाकाश की सर्वव्यापकता प्रतिपादन करती है, क्योंकि शास्त्र में "सहस्र " शब्द अनन्तता- वाचक है ।। आकाश ही सबसे सूक्ष्म भूत है, उसकी व्यापकता से ब्रह्म की व्यापकता अनुभव होती है और उससे परे ही परम- पुरुष का भाव है इस कारण महाकाशरूपी अनन्तशैया पर भगवान सोये हुए हैं। लक्ष्मी अर्थात् प्रकृति उनकी पादसेवा कर रही है । इस भाव में प्रकृति के साथ भगवान का सम्बद्ध बताया गया है । प्रकृति रूप माया परमेश्वर की दासी बनकर उनके अधीन होकर उनकी प्रेरणा के अनुसार सृष्टि स्थिति, प्रलयंकारी है । इसी दासी भाव को दिखाने के अर्थ में शेषशायी भगवान की पादसेविका रूप से माया की मूर्ति बनाई गई है । भगवान के शरीर का रंग घननील है । आकाश रंग नील है । निराकार ब्रह्म का शरीरनिर्देश करते समय शास्त्र में उनको आकाश शरीर कहा है, क्योंकि सर्वव्यापक अतिसूक्ष्म आकाश के साथ ही उनके रूप की कुछ तुलना हो सकती है। अतः आकाश शरीर ब्रह्म का रंग नील होना विज्ञान सिद्ध है। भगवान के गलदेश में कौस्तुभ मणि विभूषित माला है उन्होंने गीता में कहा है :-

मनः परतरं नान्यत् किंचिदरित्र धनंजय ।।मुचि सर्वमिद प्रोक्तं सूत्रे मणिगणा इव।।

भगवान की सत्ता को छोड़कर कोई भी जीव पृथक नहीं रह सकता, समस्त जीव सूत्र में मणियों की तरह परमात्मा में ही ग्रथित है। सारे जीव मणि है, परमात्मा सारे जीवों में विराजमान सूत्र है। गले में माला की तरह जीव भगवान में ही स्थित हैं। इसी भावन को बताने के लिए उनके गले में माला है। उक्त माला की मणियों के बीच में उज्जवलतम कौस्तुमणि नित्य शुद्ध बुद्ध मुक्त स्वभाव कूटस्थ चैतन्य है ।।ज्ञान रूप तथा मुक्त स्वरूप होने से ही कुटस्थरूपी कौस्तुभ की इतनी ज्योति है। माला की अन्यान्य मणियाँ जीवात्मा और कौस्तुभ कूटस्थ चैतन्य है। यही कौस्तुभ और मणि से युक्त माला का भाव है। भगवान के चार हाथ धर्म अर्थ, काम और मोक्ष रूपी चतुर्वर्ग के प्रदान करने वाले है। शंक, चक्र,गदा और पद्म भी इसी चतुर्वर्ग के परिचायक है।

(३) **शिव**- योग शास्त्र में देवाधिदेव महादेव जी का रूप जो वर्णन किया गया है, वह इस प्रकार है-

ध्यायेन्नित्यं महेशं रजतगिरिनिमं चरूचन्द्राऽवतंसम् ।।रत्नाकल्पोज्जवलांगं परशुमृगवराऽभीतिस्त्रं प्रसन्नम्।

पद्मासीनं समान्तात् स्तुतममरगणैवर्याघ्र कृतिंवसानम् ।।विश्वद्यं विश्वबीजं निखिलभयहरं पंचवक्त्रं त्रिनेत्रम्।।

भगवान् शिव के इस ध्यान में वे चाँदी के पर्वत के समान श्वेतवर्ण तथा चन्द्रकला से भूतिषत है। वे उज्ज्वलांग, प्रसन्नचित्त तथा चतुर्हस्तं में परशु, मृग, वर और अभय के धारण करने वाले हैं।

(४) **दुर्गा**- शक्ति की माता भवानी के विभिन्न रूपों में देवी का रूप तमोगुण को सिंहरूपी रजोगुण ने परास्त किया है। ऐसे सिंह के ऊपर आरोहण की हुई सिंहवासनी माता दुर्गा हैं जो कि शुद्ध गुणमयी ब्रह्मरूपिणी सर्वव्यापिनी और दशदिगरूपी दस हस्तों में शस्त्र धारण पूर्वक पूर्ण शक्तिशालिनी है।

(५) **गणेश**- शास्त्रों में गणपति को ब्रह्माण्ड के सात्विक सुबुद्धि राज्य पर अधिष्ठात्री देवता कहा गया है ।। गणपति परमात्मा के बुद्धि रूप है, सूर्य- चक्षुरूप है, शिव आत्मारूप और आद्या- प्रकृति जगदम्बा शक्ति रूप है ।। गणेश भगवान का शरीर स्थूल है, मुख गजेन्द्र का है और उदर विशाल है, आकृति सर्व है, जिनके गण्डस्थल से मदधरा प्रवाहित हो रही है और भ्रमरगण मंत्रलोभ से चंचल होकर गण्डस्थल में एकत्रित हो रहे हैं, जिन्होंने अपने दन्तों के आघात से शत्रुओं को विदीर्ण करके उनके रुधिर से सिन्दूर शोभा को धारण किया है और उनका स्वरूप समस्त कर्मों में सिद्धि प्रदान करने वाला है।

अभ्यास प्रश्न

1. कर्मकाण्ड के कितने प्रकार है।

क. 2 ख. 3 ग. 4 घ. 5

2. सम्पूर्ण वैदिक धर्म कितने भागों में विभक्त है।

क. 3 ख. 4 ग. 5 घ. 6

3. वेद शब्द में कौन सा प्रत्यय है।

क. गर ख. घञ् प्रत्यय ग. ल्युट घ. कोई नहीं

4. देवताओं की संख्या है।

क. 32 ख. 33 ग. 34 घ. 35

5. पितरों की संख्या कितनी है।

क. 7 ख. 8 ग. 9 घ. 10

1.3.1 कर्मकाण्ड के विविध आयाम

व्रत और उपवास

भारतीय संस्कृति में व्रत, त्यौहार, उत्सव, मेंले आदि अपना विशेष महत्त्व रखते हैं। हिन्दुओं के ही सबसे अधिक त्यौहार मनाये जाते हैं, कारण हिन्दू ऋषि- मुनियों ने त्यौहारों के रूप में जीवन को सरस और सुन्दर बनाने की योजनाएँ रखी हैं। प्रत्येक त्यौहार, व्रत, उत्सव मेले आदि का एक गुप्त महत्व है। प्रत्येक के साथ भारतीय संस्कृति जुड़ी हुई है। वे विशेष विचार अथवा उद्देश्य को सामने रखकर निश्चित किये गये हैं।

प्रथम विचार तो ऋतुओं के परिवर्तन का है। भारतीय संस्कृति में प्रकृति का साहचर्य विशेष महत्व रखता है। प्रत्येक ऋतु के परिवर्तन अपने साथ विशेष निर्देश लाता है, खेती में कुछ स्थान रखता है। कृषि प्रधान होने के कारण प्रत्येक ऋतु- परिवर्तन हँसी- खुशी मनोरंजन के साथ अपना- अपना उपयोग रखता है। इन्हीं अवसरों पर त्यौहारों का समावेश किया गया है, जो उचित है। ये त्यौहार दो प्रकार के होते हैं और उद्देश्य की दृष्टि से इन्हीं दो भागों में विभक्त किया जा सकता है।

प्रथम श्रेणी में वे व्रत, उत्सव, त्यौहार और मेले है, जो सांस्कृतिक है और जिनका उद्देश्य भारतीय संस्कृति के मूल तत्वों और विचारों की रक्षा करना है। इस वर्ग में हिन्दुओ के सभी बड़े- बड़े त्यौहार आ जाते हैं, जैसे- होलिका उत्सव, दीपावली, बसन्त, श्रावणी, संक्रान्ति आदि। संस्कृति की रक्षा इनकी आत्मा है।

दूसरी श्रेणी में वे त्यौहार आते हैं, जिन्हें किसी महापुरुष की पुण्य स्मृति में बनाया गया है। जिस महापुरुष की स्मृति के ये सूचक हैं, उसके गुणों, लीलाओं, पावन चरित्र, महानताओं को स्मरण रखने के लिए इनका विधान है। इस श्रेणी में रामनवमी, कृष्णाष्टमी, भीष्म- पंचमी, हनुमान- जयन्ती, नाग पंचमी आदि त्यौहार रखे जा सकते हैं।

दोनों वर्गों में मुख्य बात यह है कि लोग सांसारिकता में न डूब गये या उनका जीवन नीरस, चिन्ताग्रस्त भार स्वरूप न हो जाये उन्हें ईश्वर की दिव्य शक्तियों और अतुल सामर्थ्य के विषय में चिन्तन, मनन, स्वाध्याय के लिए पर्याप्त अवकाश मिले । त्यौहारों के कारण सांसारिक आधि-व्याधि से पिसे हुए लोगों में नये प्रकार की उमंग और जागृति उत्पन्न हो जाती है। बहुत दिन पूर्व से ही त्यौहार मनाने में उत्साह ओर औत्सुक्य में आनंद लेने लगते हैं।

होली का- उत्सव गेहूँ और चने की नई फसल का स्वागत, गर्मी के आगमन का सूचक, हँसी- खुशी और मनोरंजन का त्यौहार है । ऊँच- नीच, अमीर- गरीब, जाति- वर्ण का भेद- भाव भूलकर सब हिन्दू प्रसन्न मन से एक दूसरे के गले मिलते और गुलाल, चन्दन, रोली, रंग, अबीर लगाते हैं। पारस्परिक मन- मुटाव और वैमनस्य की पुण्य गंगा बहाई जाती है। यह वैदिक कालीन और अति प्राचीन त्यौहार है। ऋतुराज वसंत का उत्सव है। वसंत, पशु- पक्षी, कीट- पतग, मानव सभी के लिए मादक मोहक ऋतु है ॥ इसमें मनुष्य का स्वास्थ्य अच्छा रहता है । होलिका दहन प्राचीन यज्ञ-व्यवस्था का ही बिगड़ा हुआ रूप है, जब सब नागरिक भेद- भाव छोड़कर छोटे- छोटे यज्ञों की योजना करते थे, मिल- जुल कर प्रेम पूर्वक बैठते थे, गायन- वादन करते और शिष्ट मनोरंजन से आनंद मनाते थे । आजकल इस उत्सव में जो अपवित्रता आ गई है, उसे दूर रहना चाहिए । अश्लीलता और अशिष्टता को दूर करना आवश्यक है ।
दीपावली लक्ष्मी - पूजन का त्यौहार है। गणेश चतुर्थी, संकट नाशक त्यौहार है। गणेश में राजनीति, वैदिक पौराणिक महत्त्व भरा हुआ है। तत्कालीन राजनीति का परिचायक है। बसन्त पंचमी प्रकृति की शोभा का उत्सव है। ऋतुराज वसंत के आगमन का स्वागत इसमें किया जाता है। प्रकृति का जो सौन्दर्य इस ऋतु में देखा जाता है, अन्य ऋतुओं में नहीं मिलता है। इस दिन सरस्वती पूजन भी किया जाता है। प्रकृति की मादकता के कारण यह उत्सव प्रसन्नता का त्यौहार है। इस प्रकार हमारे अन्य त्यौहारों का भी सांस्कृतिक महत्त्व है। सामूहिक रूप से सब को मिलाकर आनंद मनाने, एकता के सूत्र में बाँधने का गुप्त रहस्य हमारे त्यौहार और उत्सवों में छिपा हुआ है।

त्रिकाल संध्या

भारतीय संस्कृति में मंत्र, स्तुति, संध्या वंदन, प्रार्थना आदि का महत्त्व है। अधिकांश देवी- देवताओं के लिए हमारे यहाँ निश्चित स्तुतियाँ हैं, भजन हैं, प्रार्थनाएँ हैं, आरतियाँ हैं। प्रार्थना मंत्र स्तुति आदि द्वारा देवताओं से भी बल, कीर्ति आदि विभूतियाँ प्राप्त होती हैं। ये सब कार्य हमारी अंतः शुद्धि के मनोवैज्ञानिक साधन हैं।

त्रिकाल सन्ध्या से तात्पर्य तीनों कालों में की जाने वाली सन्ध्या कर्म से है । प्रात:, मध्याह्न एवं सायंकाल इन तीनों काल में की जाने वाली सन्धयाकर्मोपासना को त्रिकाल सन्ध्या के नाम से जानते है। प्राचीन समय में इस प्रकार के सन्ध्या वन्दना कर्म करने वाले ऋषियों की संख्या बहुतायत थी।

वर्तमान में ये लुप्तप्राय होते जा रहे है।
जैसे भिन्न- भिन्न मनुष्यों की भिन्न- भिन्न रुचियाँ होती हैं, वैसे ही हमारे पृथक–पृथक देवताओं की मन्त्र, आरतियाँ, पूजा प्रार्थना की विधियाँ भी पृथक–पृथक ही हैं। ये देवी- देवता हमारे भावों के ही मूर्त रूप हैं। जैसे हनुमान हमारी शारीरिक शक्ति के मूर्त स्वरूप हैं, शिव कल्याण के मूर्त रूप हैं, लक्ष्मी आर्थिक बल की मूर्त रूप हैं आदि। अपने उद्देश्य के अनुसार जिस देवी- देवता की स्तुति या आरती करते हैं, उसी प्रकार के भावों या विचारों का प्रादुर्भाव निरन्तर हमारे मन में होने लगता है। हम जिन शब्दों अथवा विचारों, नाम अथवा गुणों का पुनः- पुनः उच्चारण, ध्यान या निरन्तर चिंतन करते हैं, वे ही हमारी अन्तश्चेतना उच्चारण ही अपनी चेतना में इन्हें धारण करने का साधन है। मंत्र, प्रार्थना या वन्दन द्वारा उस दिव्य चेतना का आवाहन करके उसको मन, बुद्धि और शरीर में धारणा करते हैं ॥ अतः ये वे उपाय हैं जिनसे सद्गुणों का विकास होता है और चित्त शुद्धि हो जाती है। प्रत्येक देवता की जो स्तुति, मंत्र या प्रार्थना है, वह स्तरीय होकर आस- पास के वातावरण मे कम्पन करती है। उस भाव की आकृतियाँ समूचे वातावरण में फैल जाती हैं। हमारा मन और आत्मा उससे पूर्णतः सिक्त भी हो जाता है। हमारा मन उन कम्पनों से उस उच्च भाव- स्तर में पहुँचता है, जो उस देवता का भाव- स्तर है, जिसका हम मंत्र जपते हैं, या जिसकी अर्चना करते हैं, प्रार्थना द्वारा मन उस देवता के सम्पर्क में आता है। उन मंत्रों से जप बाहर- भीतर एक सी स्थिति उत्पन्न हो जाती है। इस प्रकार मंत्र, जप, प्रार्थना, प्रस्तुतियाँ कम्पनात्मक शक्ति हैं।

दानशीलता

भारतीय संस्कृति परमार्थ और परोपकार को प्रचुर महत्त्व देती है। जब अपनी सात्विक आवश्यकताओं की पूर्ति हो जाय, तो लोक- कल्याण के लिए दूसरों की उन्नति के लिए दान देना चाहिए। प्राचीनकाल में ऐसे निःस्वार्थ लोक- हित ऋषि, मुनि, ब्राह्मण, पुरोहित, योगी, संन्यासी होते थे, जो समस्त आयु लोक -हित के लिए दे डालते थे। कुछ विद्यादान, पठन- पाठन में ही आयु व्यतीत करते थे। उपदेश द्वारा जनता की शिक्षा, स्वास्थ्य, उद्योग, सहयोग, सुख, सुविधा, विवेक, धर्मपरायणता आदि सद्गुणों को बढ़ाने का प्रयत्न किया करते थे। माननीय स्वभाव में जो सत् तत्व है, उसी की व्रद्धि में वे अपने अधिकांश दिन व्यतीत करते थे। ये ज्ञानी उदार महात्मा अपने आप में जीवित- कल्याण की संस्थाएँ थे, यज्ञ रूप थे। जब ये जनता की इतनी सेवा करते थे, जो जनता भी अपना कर्तव्य समझकर इनके भोजन, निवास, वस्त्र, सन्तान का पालन- पोषण का प्रबंध करती थी। जैसे लोक- हितकारी संस्थाएँ आज भी सार्वजनिक चन्दे से चलाई जाती है, उसी प्रकार ये ऋषि, मुनि, ब्राह्मण भी दान, पुण्य, भिक्षा आदि द्वारा निर्वाह करते थे।
प्राचीन भारतीय ऋषि- मुनियों का इतना उच्च, पवित्र और प्रवृत्ति इतनी सात्विक होती थी कि उनके संबंध में किसी प्रकार के संदेह की कल्पना तक नहीं की जा सकती थी, क्योंकि उन्हें पैसा देकर जनता उसके सदुपयोग के विषय में निश्चित रहती थी। हिसाब जाँचने की आवश्यकता तक न समझती थी। इस प्रकार हमारे पुरोहित, विद्यादान देने वाले ब्राह्मण, मुनि, ऋषि दान- दक्षिणा द्वारा

जनता की सर्वतोमुखी उन्नति का प्रबंध किया करते थे। दान द्वारा उनके जीवन की आवश्यकताएँ पूरी करने का विधान उचित था। जो परमार्थ और लोक- हित जनता की सेवा सहायता में इतना तन्मय हो जाय कि अपने व्यक्तिगत लाभ की बात सोच ही न सके, उसके भरण- पोषण की चिन्ता जनता को करनी ही चाहिए। इस प्रकार दान देने की परिपाटी चली। कालान्तर में उस व्यक्ति को भी दान दिया जाने लगा। जो अपंग, अंधा, लंगड़ा लूला, अपाहिज या हर प्रकार से लाचार हो, जीविका उपार्जन धारण करने के लिए अन्य कोई साधन ही शेष नहीं रहता। इस प्रकार दो रूप में दूसरों को देने की प्रणाली प्रचलित रही है- १. ऋषि- मुनियों, ब्राह्मणों, पुरोहितों, आचार्यों, संन्यासियों को दी जाने वाली आर्थिक सहायता को नाम रखा गया दान। २. अपंग, लँगड़े, लूले, कुछ भी कार्य न कर सकने वाले व्यक्तियों को दी जाने वाली सहायता को भिक्षा कहा गया। दान और भिक्षा दोनों का ही तात्पर्य दूसरे की सहायता करना है। पुण्य, परोपकार सत्कार्य, लोक- कल्याण सुख- शान्ति की वृद्धि, सात्विकता का उन्नयन तथा समष्टि की, जनता की सेवा के लिए ही इन दिनों का उपयोग होना चाहिए।

दूसरों को देने का क्या तात्पर्य है। भारतीय दान परम्परा और कुछ उधार नहीं देने परम्परा की एक वैज्ञानिक पद्धति है। जो कुछ हम दूसरों को देते हैं, वह हमारी रक्षित पूँजी की तरह जमा हो जाता है। अच्छा दान जरूरत मंदों को देना कुछ विशेष महत्त्व नहीं रखता। कुपात्रों को धन देना व्यर्थ है जिसका पेट भरा हुआ हो, उसे और भोजन कराया जाय, तो वह बीमार पड़ेगा और अपने साथ दाता को भी अधोगति के लिए बहुत ही उत्तम धर्म- कर्म है। जो, अपनी रोटी दूसरों को बाँट कर खाता है, उसको किसी बात की कमी नहीं रहेगी। मृत्यु बड़ी बुरी लगती है, पर मौत से बुरी बात यह है कि कोई व्यक्ति दूसरे का दुःखी देखे, भोजन के अभाव में रोता चिल्लाता या मरता हुआ देखे, और उसकी किसी प्रकार भी सहायता करने में अपने आप को असमर्थ पावे। हिन्दू शास्त्र एक स्वर से कहते है कि मनुष्य- जीवन में परोपकार ही सार है हमें जितना भी संभव हो सदैव परोपकार में रहना चाहिए। किन्तु यह दान अभिमान, दम्भ, कीर्ति के लिए नहीं, आत्म कल्याण के लिए ही होना चाहिए। मेरे कारण दूसरों का भला हुआ है, यह सोचना उचित नहीं है॥ दान देने से स्वयं हमारी ही भलाई होती है। हमें संयम का पाठ मिलता है। आप यदि न देंगे, तो कोई भिखारी भूखा नहीं मर जायेगा। किसी प्रकार उसके भोजन का प्रबंध हो ही जायेगा, लेकिन आपके हाथ से दूसरों के उपकार को करने का एक अवसर जाता रहेगा। हमारी उपकार भावना कुण्ठित हो जायेगी। दान से जो मानसिक उन्नति होती, आत्मा को जो शक्ति प्राप्त होती, वह दान लेने वाले को नहीं, वरन् देने वाले को प्राप्त होती है। दूसरों का उपकार करना मानों एक प्रकार से अपना ही कल्याण करना है। किसी को थोड़ा सा पैसा देकर भला हम उसका कितना भला कर सकते हैं? हमारी उदारता का विकास हो जाता है। आनंद- स्रोत खुल जाता है।

1.4 धर्मसूत्र एवं स्मृति –

जैसा कि नाम से ही विदित है कि धर्मसूत्रों में व्यक्ति के धर्मसम्बन्धी क्रियाकलापों पर विचार किया गया है, किन्तु धर्मसूत्रों में प्रतिपादित धर्म किसी विशेष पूजापद्धति पर आश्रित न होकर समस्त - आचरण व व्यवहार पर विचार करते हुए सम्पूर्ण मानवजीवन का ही नियन्त्रक है। 'धर्म' शब्द का प्रयोग वैदिक संहिताओं तथा उनके परवर्ती साहित्य में प्रचुर मात्रा में होता जा रहा है। यहाँ पर यह अवधेय है कि परवर्ती साहित्य में धर्म शब्द का वह अर्थ दृष्टिगोचर नहीं होता, जो कि वैदिक संहिताओं में उपलब्ध है। संहिताओं में धर्म शब्द विस्तृत अर्थ में प्रयुक्त है। अथर्ववेद में पृथिवी के ग्यारह धारक तत्त्वों की गणना 'पृथिवीं स्धारयन्ति' कहकर की गयी है। इसी प्रकार ऋग्वेद* में 'तानि धर्माणि प्रथमान्यासन्' कहकर यही भाव प्रकट किया गया है। इस प्रकार यह धर्म किसी देशविशेष तथा कालविशेष से सम्बन्धित न होकर ऐसे तत्वों को परिगणित करता है जो समस्त पृथिवी अथवा उसके निवासियों को धारण करते हैं। वे नियम शाश्वत हैं तथा सभी के लिए अपरिहार्य हैं। मैक्समूलर ने भी धर्म के इस स्वरूप की ओर इन शब्दों में इंगित किया हैप्राचीन भारतवासियों - के लिए धर्म सबसे पहले अनेक विषयों के बीच एक रुचि का विषय नहीं था अपितु वह सबका आत्मसमर्पण कराने वाली विधि थी। इसके अन्तर्गत न केवल पूजा और प्रार्थना आती थी अपितु वह सब भी आता था जिसे हम दर्शन, नैतिकता, क़ानून और शासन कहते हैं। उनका सम्पूर्ण जीवन उनके लिए धर्म था तथा दूसरी चीजें मानों इस जीवन की भौतिक आवश्यकताओं के लिए निमित्त मात्र थीं। संहिताओं के परवर्ती साहित्य में धर्म केवल वर्णाश्रम के आचारविचार तथा- क्रियाकलापों तक ही सीमित रह गया। उपनिषितकाल में धर्म का यही स्वरूप- उपलब्ध होता है। छान्दोग्य उपनिषद में * धर्म के तीन स्कन्ध गिनाए गये हैं। इनमें यज्ञ, अध्ययन तथा दान प्रथम, तप द्वितीय तथा आचार्यकुल में वास तृतीय स्कन्ध है। स्पष्ट ही इनके अन्तर्गत वर्गों में रूढ़ होकर परवर्ती काल में पूजापद्धति को भी धर्म ने अपने में समाविष्ट कर लिया। इतना होने पर भी सभी ने धर्म का मूल वेद को माना जाता है। मनु ने तो इस विषय में 'धर्म जिज्ञासमानानां प्रमाणं परमं श्रुति:' तथा 'वेदोऽखिलो धर्ममूलम्' आदि घोषणा करके वेदों को ही धर्म का मूल कहा है। गौतम धर्मसूत्र में तो प्रारम्भ में ही 'वेदोऽखिलोधर्ममूलम'। 'तद्विदां च स्मृतिशीले'* सूत्रों द्वारा यही बात कही गयी है। ये दोनों सूत्र मनुस्मृति के 'वेदोंऽखिलो धर्ममूलम स्मृतिशीले च तद्विदाम्' श्लोकांश के ही रूपान्तर मात्र हैं। इसी प्रकार वासिष्ठ धर्मसूत्र में भी *'श्रुतिस्मृतिविहितो धर्म:' कहकर धर्म के विषय में श्रुति तथा स्मृति को प्रमाण माना है। बौधायन धर्मसूत्र में श्रुति तथा स्मृति के अतिरिक्त शिष्टाचरण को भी धर्म का लक्षण कहकर मनुस्मृति में प्रतिपादित श्रुति, स्मृति तथा शिष्टाचरण को ही सूत्र रूप में निबद्ध किया है। इस

प्रकार धर्म के लक्षण में श्रुति के साथ स्मृति तथा शिष्टाचरण को भी सम्मिलित कर लिया गया। दर्शनशास्त्र में धर्म का लक्ष्य लोककहकर अत्यन्त व्यापक कर दिया गया तथा *सिद्धि परलोक की- एक प्रकार से समस्त मानवजीवन को ही इसके द्वारा नियन्त्रित कर दिया गया।- वैशेषिक दर्शन के उक्त लक्षण का यही अर्थ है कि समस्त जीवन का, जीवन के प्रत्येक श्वास एवं क्षण का उपयोग ही इस रीति से किया जाए कि जिससे अभ्युदय तथा निश्रेयस की सिद्धि हो सके। इसमें ही अपना तथा : दूसरों का कल्याण निहित है। धर्म मानव की शक्तियों एवं लक्ष्य को संकुचित नहीं करता अपितु वह तो मनुष्य में अपरिमित शक्ति देखता है जिसके आधार पर मनुष्य अपने लक्ष्य को प्राप्त कर सकता है। अभ्युदय तथा निश्रेयस की सिद्धि नामक लक्ष्य इतना: महान है कि इससे बाहर कुछ भी नहीं है। इसे प्राप्त करने की निसीम: सम्भावनाएँ मनुष्य में निहित हैं। इस प्रकार जीवन के प्रत्येक पक्ष पर धर्म विचार करता है तथा अपनी व्यवस्था देता है।

धर्मसूत्रों में वर्णाश्रम-धर्म, व्यक्तिगत आचरण, राजा एवं प्रजा के कर्त्तव्य आदि का विधान है। ये गृह्यसूत्रों की शृंखला के रूप में ही उपलब्ध होते हैं। श्रौतसूत्रों के समान ही, माना जाता है कि प्रत्येक शाखा के धर्मसूत्र भी पृथक्-पृथक् थे। वर्तमान समय में सभी शाखाओं के धर्मसूत्र उपलब्ध नहीं होते। इस अनुपलब्धि का एक कारण यह है कि सम्पूर्ण प्राचीन वाङ्मय आज हमारे समक्ष विद्यमान नहीं है। उसका एक बड़ा भाग कालकवलित हो गया। इसका दूसरा कारण यह माना जाता है कि सभी शाखाओं के पृथक्-पृथक् धर्मसूत्रों का संभवत: प्रणयन ही नहीं किया गया, क्योंकि इन शाखाओं के द्वारा किसी अन्य शाखा के धर्मसूत्रों को ही अपना लिया गया था। पूर्वमीमांसा में कुमारिल भट्ट ने भी ऐसा ही संकेत दिया है।

आर्यों के रीति-रिवाज वेदादि प्राचीन शास्त्रों पर आधृत थे किन्तु सूत्रकाल तक आते-आते इन रीति-रिवाजों, सामाजिक संस्थानों तथा राजनीतिक परिस्थितियों में पर्याप्त परिवर्तन एवं प्रगति हो गयी थी अत: इन सबको नियमबद्ध करने की आवश्यकता अनुभव की गयी। सामाजिक विकास के साथ ही उठी समस्याएँ भी प्रतिदिन जटिल होती जा रही थीं। इनके समाधान का कार्यभार अनेक वैदिक शाखाओं ने संभाल लिया, जिसके परिणामस्वरूप गहन विचार-विमर्श पूर्वक सूत्रग्रन्थों का सम्पादन किया गया। इन सूत्रग्रन्थों ने इस दीर्घकालीन बौद्धिक सम्पदा को सूत्रों के माध्यम से सुरक्षित रखा, इसका प्रमाण इन सूत्रग्रन्थों में उद्धृत अनेक प्राचीन आचार्यों के मत-मतान्तरों के रूप में मिलता है। यह तो विकास का एक क्रम था जो तत्कालिक परिस्थिति के कारण निरन्तर हो रहा था। यह विकासक्रम यहीं पर नहीं रुका अपितु सूत्रग्रन्थों में भी समयानुकूल परिवर्तन एवं परिवर्धन किया गया जिसके फलस्वरूप ही परवर्ती स्मृतियों का जन्म हुआ। नयी-नयी समस्याएँ फिर भी उभरती रहीं। उनके समाधानार्थ स्मृतियों पर भी भाष्य एवं टीकाएँ लिखी गयीं जिनके माध्यम से प्राचीन वचनों की नवीन व्याख्याएँ की गयीं। इस प्रकार अपने से पूर्ववर्ती आधार को त्यागे बिना ही नूतन सिद्धान्तों तथा नियमों के समयानुकूल प्रतिपादन का मार्ग प्रशस्त कर लिया गया।

धर्मसूत्रों का महत्व उनके विषयप्रतिपादन के कारण है। सामाजिक व्यवस्था का- आधार वर्णाश्रम-व्यवस्था के आधार पर-वर्णाश्रम पद्धति है। धर्मसूत्रों में ही विविध विषयों का प्रतिपादन किया गया है। इनमें वर्णों के कर्तव्यों तथा अधिकारों पर पर्याप्त प्रकाश डाला गया है। धर्मसूत्रकार आपत्काल में भी मन से ही आचारपालन पर बल देते हैं- । अयोग्य तथा दूषित व्यक्ति से परिग्रह का सर्वथा निषेध किया गया है। वर्णों एवं आश्रमों के कर्तव्यनिर्धारण की- दृष्टि से भी धर्मसूत्र पर्याप्त महत्व रखते हैं। धर्मसूत्रों के काल तक आश्रमों का महत्व पर्याप्त बढ़ गया था अतधर्मसूत्रों में एताद्विषयक : पर्याप्त निर्देश दिये गये हैं। सभी आश्रमों का आधार गृहस्थाश्रम है तथा उसका आधार है विवाह। धर्मसूत्रों में विवाह पर पर्याप्त प्रकाश डाला गया है। यहाँ पर यह विशेष है कि अष्टविध विवाहों में सभी धर्मसूत्रकारों ने न तो एक क्रम को अपनाया तथा न ही उनकी श्रेष्ठता के तारतम्य को सभी ने स्वीकार किया। प्रतोलोम विवाह की सर्वत्र निन्दा की गयी है। विवाहोपरान्त पतिपत्नी के धार्मिक कृत्य एक - सम्पत्ति पर दोनों-साथ करने का विधान है। धन का समान रूप से अधिकार माना गया है। गृहस्थ के लिए पञ्च महायज्ञ तथा सभी संस्कारों की अनिवार्यता यहाँ पर प्रतिपादित की गयी है। धर्मसूत्रकार इस बात से भी भलीभाँति परिचित थे कि मर्यादाउल्लंघन से समाज में वर्णसंकरता- उत्पन्न होती है। धर्मसूत्रकारों ने वर्णसंकर जातियों को भी मान्यता प्रदान करके उनकी सामाजिक स्थिति का निर्धारण कर दिया तथा वर्णव्यवस्था का पालन कराकर वर्णसंकरता को रोकने का दायित्व राजा को सौंप दिया गया। गौतम धर्मसूत्र में जात्युत्कर्ष तथा जात्यपकर्ष का सिद्धान्त भी प्रतिपादित किया गया है। इस प्रकार वर्णाश्रम के विविध कर्तव्यों का प्रतिपादन करके इसके साथ पातक, महापातक, प्रायश्चित्त, भक्ष्याभक्ष्य, श्राद्ध, विवाह और उनके निर्णय, साक्षी, न्यायकर्ता, अपराध, दण्ड, ऋण, ब्याज, जन्म-मृत्युविषयक अशौच, स्त्रीधर्म आदि ऐसे सभी विषयों पर धर्मसूत्रों में- विचार किया गया है, जिनका जीवन में उपयोग है।

स्मृति

हिन्दू धर्म के उन धर्मग्रन्थों का समूह है जिनकी मान्यता श्रुति से नीची श्रेणी की हैं और जो मानवों द्वारा उत्पन्न थे। इनमें वेद नहीं आते। *स्मृति* का शाब्दिक अर्थ है - "याद किया हुआ"। यद्यपि स्मृति को वेदों से नीचे का दर्ज़ा हासिल है लेकिन वे (रामायण, महाभारत, गीता, पुराण) अधिकांश हिन्दुओं द्वारा पढ़ी जाती हैं, क्योंकि वेदों को समझना बहुत कठिन है और स्मृतियों में आसान कहानियाँ और नैतिक उपदेश हैं।

मनु ने श्रुति तथा स्मृति महत्ता को समान माना है। गौतम ऋषि ने भी यही कहा है कि ‘वेदो धर्ममूल तद्विदां च स्मृतिशीले। हरदत्त ने गौतम की व्खाख्या करते हुए कहा कि स्मृति से अभिप्राय है मनुस्मृति से। परन्तु उनकी यह व्याख्या उचित नहीं प्रतीत होती क्योंकि स्मृति और शील इन शब्दों का प्रयोग स्रोत के रूप में किया है, किसी विशिष्ट स्मृति ग्रन्थ या शील के लिए नहीं। स्मृति से अभिप्राय है वेदविदों की स्मरण शक्ति में पड़ी उन रूढ़ि और परम्पराओं से जिनका उल्लेख वैदिक साहित्य में नहीं किया गया है तथा शील से अभिप्राय है उन विद्वानों के व्यवहार तथा आचार में

उभरते प्रमाणों से। फिर भी आपस्तम्ब ने अपने धर्म-सूत्र के प्रारम्भ में ही कहा है 'धर्मज्ञसमयः प्रमाणं वेदाश्च'।

स्मृतियों की रचना वेदों की रचना के बाद लगभग ५०० ईसा पूर्व हुआ। छठी शताब्दी ई.पू. के पहले सामाजिक धर्म वेद एवं वैदिक-कालीन व्यवहार तथा परम्पराओं पर आधारित था। आपस्तम्ब धर्म-सूत्र के प्रारम्भ में ही कहा गया है कि इसके नियम समयाचारिक धर्म के आधार पर आधारित हैं। समयाचारिक धर्म से अभिप्राय है सामाजिक परम्परा से। सब सामाजिक परम्परा का महत्त्व इसलिए था कि धर्मशास्त्रों की रचना लगभग १००० ई.पू. के बाद हुई। पीछे शिष्टों की स्मृति में पड़े हुए परम्परागत व्यवहारों का संकलन स्मृति ग्रन्थों में ऋषियों द्वारा किया गया। इसकी मान्यता समाज में इसीलिए स्वीकार की गई होगी कि जो बातें अब तक लिखित नहीं थीं केवल परम्परा में ही उसका स्वरूप जीवित था, अब लिखित रूप में सामने आई। अतएव शिष्टों की स्मृतियों से संकलित इन परम्पराओं के पुस्तकीकृत स्वरूप का नाम स्मृति रखा गया। पीछे चलकर स्मृति का क्षेत्र व्यापक हुआ। इसकी सीमा में विभिन्न धार्मिक ग्रन्थों—गीता, महाभारत, विष्णुसहस्रनाम की भी गणना की जाने लगी। शंकराचार्य ने इन सभी ग्रन्थों को स्मृति ही माना है।

स्मृति की भाषा सरल थी, नियम समयानुसार थे तथा नवीन परिस्थितियों का इनमें ध्यान रखा गया था। अतः ये अधिक जनग्राह्य तथा समाज के अनुकूल बने रहे। फिर भी श्रुति की महत्ता इनकी अपेक्षा अत्यधिक स्वीकार की गई। परन्तु पीछे इनके बीच संधि स्थापित करने के लिए वृहस्पति ने कहा कि श्रुति और स्मृति मनुष्य के दो नेत्र हैं। यदि एक को ही महत्ता दी जाय तो आदमी काना हो जाएगा। अत्रि ने तो यहाँ तक कहा कि यदि कोई वेद में पूर्ण पारंगत हो स्मृति को घृणा की दृष्टि से देखता हो तो इक्कीस बार पशु योनि में उसका जन्म होगा। वृहस्पति और अत्रि के कथन से इस प्रकार यह स्पष्ट है कि वेद के समान स्मृति की भी महत्ता अब स्वीकार की गई। पीछे चलकर सामाजिक चलन में श्रुति के ऊपर स्मृति की महत्ता को स्वीकार कर लिया गया जैसे दत्तक पुत्र की परम्परा का वेदों में जहाँ विरोध हैं वहीं स्मृतियों में इसकी स्वीकृति दी गई है। इसी प्रकार पञ्चमहायज्ञ श्रुतियों के रचना काल की अपेक्षा स्मृतियों के रचना काल में व्यापक हो गया। वेदों के अनुसार झंझावात में, अतिथियों के आने पर, पूर्णिमा के दिन छात्रों को स्वाध्याय करना चाहिए क्योंकि इन दिनों में सस्वर पाठ करने की मनाही थी। परन्तु स्मृतियों ने इन दिनों स्वाध्याय को भी बन्द कर दिया। शूद्रों के सम्बन्ध में श्रुति का यह स्पष्ट निर्णय है कि वे मोक्ष नहीं प्राप्त कर सकते हैं परन्तु उपनिषदों ने शूद्रों के ऊपर से यह बन्धन हटा दिया एवं उनके मोक्ष प्राप्ति की मान्यता स्वीकार कर ली गई। ये सभी तथ्य सिद्ध करते हैं कि श्रुति की निर्धारित परम्पराओं पर स्मृतियों की विरोधी परम्पराओं को पीछे सामाजिक मान्यता प्राप्त हो गई। स्मृतियों की इस महत्ता का कारण बताते हुए मारीचि ने कहा है कि स्मृतियों के जो वचन निरर्थक या श्रुति विरोधी नहीं हैं वे श्रुति के ही प्रारूप हैं। वेद वचन रहस्मय तथा बिखरे हैं जिन्हें सुविधा में स्मृतियों में स्पष्ट किया गया है। स्मृति वाक्य परम्पराओं पर आधारित हैं अतः इनके लिए वैदिक प्रमाण की आवश्यकता नहीं है। इनकी वेदगत प्रामाणिकता

स्वतः स्वीकार्य है। वैदिक भाषा जनमानस को अधिक दुरूह प्रतीत होने लगी थी, जबकि स्मृतियाँ लौकिक संस्कृत में लिखी गई थीं जिसे समाज सरलता से समझ सकता था तथा वे सामाजिक व्यवस्था के अनुरूप सिद्धांतप्रतिपादित करती थीं। स्मृति लेखकों को भी वैदिक महर्षियों की तरह समाज ने गरिमा प्रदान की थी। वैदिक और स्मृति काल के बीच व्यवहारों तथा परिस्थितियों के बदलने से एवं विभिन्न आर्थिक कारणों और नवीन विचारों के समागम से स्मृति को श्रुति की अपेक्षा प्राथमिकता मिली। इसका कारण यह भी बताया जा सकता है कि समाजशास्त्रीय मान्यता के पक्ष में था। इन सब कारणों से श्रुति की मान्यता को स्मृतियों की मान्यता के सम्मुख ५०० ईसा पूर्व से महत्त्वहीन समझा जाने लगा।

देव पूजा का विधान

भारतीय संस्कृति देव- पूजा में विश्वास करती है। 'देव' शब्द का स्थूल अर्थ है - देने वाला, ज्ञानी, विद्वान आदि श्रेष्ठ व्यक्ति। देवता हमसे दूर नहीं है, वरन् पास ही हैं। हिन्दू धर्मग्रन्थों में जिन तैंतीस करोड़ देवताओं का वर्णन किया गया है, वे वास्तव में देव -- शक्तियाँ हैं। ये ही गुप्त रूप से संसार में नाना प्रकार के परिवर्तन, उपद्रव, उत्कर्ष उत्पन्न करती रहती है। हमारे यहाँ कहा गया है कि देवता ३३ प्रकार के हैं, पितर आठ प्रकार के हैं, असुर ६६ प्रकार के, गन्धर्व २७ प्रकार के, पवन ४६ प्रकार के बताए गए हैं। इन भिन्न -- भिन्न शक्तियों को देखने से विदित होता है कि भारतवासियों को सूक्ष्म -- विज्ञान की कितनी अच्छी जानकारी थी और वे उनसे लाभ उठाकर प्रकृति के स्वामी बने हुए थे। कहा जाता है कि रावण के यहाँ देवता कैद रहते थे, उसने देवों को जीत लिया था। हिंदुओं के जो इतने अधिक देवता हैं, उनसे यह स्पष्ट होता है कि उन्होंने मानवता के चरम- विकास में असंख्य दैवी गुणों के विकास पर गम्भीरता से विचार किया था। प्रत्येक देवता एक गुण का ही मूर्त रूप है। देव- पूजा एक प्रकार से सद्गुणों, उत्तम सामर्थ्यों और उन्नति के गुप्त तत्वों की पूजा है। जीवन में धारण करने योग्य उत्तमोत्तम सद्गुणों को देवता का रूप देकर समाज का ध्यान उनकी ओर आकृष्ट किया गया। गुणों को मूर्त स्वरूप प्रदान कर भिन्न- भिन्न देवताओं का निर्माण हुआ है। इस सरल प्रतीक पद्धति से जनता को अपने जीवन को ऊँचाई की ओर ले जाने का अच्छा अवसर प्राप्त हुआ।

शिखा का महत्त्व

भारतीय संस्कृति में शिखा हिन्दुत्व की प्रतीक है कारण इसे धारण करने में अनेक शारीरिक, मानसिक और आध्यात्मिक लाभ हैं। शिखा- स्थान मस्तिष्क की नाभी है, इस केंद्र से उस सूक्ष्म तंतुओं का संचालन होता है, जिसका प्रसार समस्त मस्तिष्क में हो रहा है और जिनके बल पर अनेक मानसिक शक्तियों का पोषण और विकास होता है। इस केंद्र स्थान से विवेक दृढ़ता, दूरदर्शिता, प्रेम शक्ति और संयम शक्तियों का विकास होता है। ऐसे मर्म स्थान पर केश रक्षने से सुरक्षा हो जाती है। बालों में बाहरी प्रभाव को रोकने की शक्ति है। शिखा स्थान पर बाल रहने से अनावश्यक सर्दी- गर्मी का प्रभाव नही पड़ता। उसकी सुरक्षा सदा बनी रहती है।

शिखा से मानसिक शक्तियों का पोषण होता है। जब बाल नहीं काटे जाते, तो नियत सीमा पर पहुँच कर उनका बढ़ता बन्द हो जाता है। जब बढ़ता बन्द हो आया तो केशों की जड़ों को बाल बढने के लिए रक्त लेकर खर्च करने की आवश्यकता नहीं पड़ती। बचा हुआ रक्त उन पाँच शक्तियों का पोषण करने में खर्च होता है, जिससे उनका पोषण और विकास अच्छी तरह होता है। इससे मनुष्य विवेकशील, दृढ़ स्वभाव, दूरदर्शी, प्रेमी और संयमी बनता है। वासना को वश में रखने का एक उपाय शिखा रखना है । बाल कटाने से जड़ों में एक प्रकार की हलचल मचती है। यह खुजली मस्तिष्क से सम्बद्ध वासना तन्तुओं में उतर जाती है । फलस्वरूप वासना भड़कती है। इस अनिष्ट से परिचित होने के कारण ऋषि- मुनि केश रखते हैं और उत्तेजना से बचते है ।

बालों में एक प्रकार का तेज होता है। स्त्रियाँ लम्बे बाल रखती हैं, तो उनकी तेजस्विता बढ़ जाती है। पूर्व काल के महापुरुष बाल रखा करते थे, और वे तेजस्वी होते थे। शिखा स्थान पर बाल रखने से विशेष रूप से तेजस्विता बढ़ती है। शिखा स्पर्श से शक्ति का संचार होता है। यह शक्ति का प्रतिनिधित्व करती है। प्रत्येक व्यक्ति जानता है कि चाणक्य ने शिखा को हाथ में लेकर अर्थात् दुर्गा को साक्षी बना कर नन्द वंश के नाश की प्रतिज्ञा की थी और वह अंत: पूरी हुई थी। शक्ति रूपी शिखा को श्रद्धापूर्वक धारण करने से मनुष्य शक्तिसम्पन्न बनता है। हिन्दू धर्म, हिन्दू राष्ट्र, हिन्दू संस्कृति, की ध्वजा इस शिखा को धारण करना एक प्रकार से हिन्दुत्व का गौरव है। शिखा के निचले प्रदेश में आत्मा का निवास योगियों ने माना है। इस प्रकार इस स्थान पर शिखा रूपी मंदिर बनाना ईश्वर प्राप्ति में सहायक होता है। मनुष्य के शरीर पर जो बाल हैं, ये भी छिद्र युक्त हैं। आकाश में से प्राण वायु खींचते हैं, जिससे मस्तिष्क चैतन्य, पुष्ट और निरोग रहता है। सिर के बालों का महत्त्व अधिक है, क्योंकि वे मस्तिष्क का पोषण करने के अतिरिक्त आकाश से प्राण वायु खींचते हैं। अनुष्ठान काल में बाल कटाना वर्जित है। किसी प्रतिज्ञा को पूर्ण करने के लिए बाल कटाना वर्जित है। इसका कारण यह है कि बाल रखने से मनोबल की वृद्धि होती है और दृढ़ता आती है। संकल्प पूर्ण करने का मार्ग सुगम हो जाता है। मनोबल की वृद्धि के लिए शिखा आवश्यक है। प्राचीन काल में जिसे तिरस्कृत, लज्जित या अपमानित करना होता था, उसका सिर मुँडा दिया जाता था। सिर मुँडा देने से मन गिर जाता है और जोश ठण्डा पड़ जाता है। नाड़ी तन्तु शिथिल पड़ जाता है। यदि अकारण मुंडन कराया जाय, तो उत्साह और स्फूर्ति में कमी आ जाती है। सिक्ख धर्म में सिखा का विशेष महत्त्व है। गुरुनानक तथा अन्य सिक्ख गुरुओं ने अपने अध्यात्म बल से शिखा के असाधारण लाभों को समझकर अपने सम्प्रदाय वालों को पाँच शिखाएँ अर्थात् पाँच स्थानों पर बाल रखने का आदेश दिया। शिखा को शिर पर स्थान देना धार्मिकता या आस्तिकता को स्वीकार करना है। ईश्वरीय संदेशों को शिखा के स्तम्भ द्वार ग्रहण किया सकता है। शिखाधारी मनुष्य दैवीय शुभ संदेशों को प्राप्त करता है और ईश्वरीय सन्निकटता सुगमतापूर्वक सुनता है। शिखा हिन्दुत्व की पहचान है, जो सदा अन्त समय तक मनुष्य के साथ चलता है। इस प्रकार विवेकशील हिन्दू को सिर पर शिखा धारण करनी

चाहिए।

मूर्तिपूजा

भारतीय संस्कृति में प्रतीकवाद का महत्त्वपूर्ण स्थान है। सबके लिए सरल सीधी पूजा- पद्धति को आविष्कार करने का श्रेय भारत को ही प्राप्त है। पूजा- पद्धति की उपयोगिता और सरलता की दृष्टि से हिन्दू धर्म की तुलना अन्य सम्प्रदायों से नहीं हो सकती। हिन्दू धर्म में ऐसे वैज्ञानिक मूलभूत सिद्धांत दिखाई पड़ते हैं, जिनसे हिन्दुओं का कुशाग्र बुद्धि विवेक और मनोविज्ञान की अपूर्व जानकारी का पता चलता है। मूर्ति- पूजा ऐसी ही प्रतीक पद्धति है। मूर्ति- पूजा क्या है? पत्थर, मिट्टी, धातु या चित्र इत्यादि की प्रतिमा को मध्यस्थ बनाकर हम सर्वव्यापी अनन्त शक्तियों और गुणों से सम्पन्न परमात्मा को अपने सम्मुख उपस्थित देखते हैं। निराकार ब्रह्म का मानस चित्र निर्माण करना कष्टसाध्य है। बड़े योगी, विचारक, तत्त्ववेत्ता सम्भव है यह कठिन कार्य कर दिखायें, किन्तु साधारण जन के जिए तो वह नितांत असम्भव सा है। भावुक भक्तों, विशेषतः नारी उपासकों के लिए किसी प्रकार की मूर्ति का आधार रहने से उपासना में बड़ी सहायता मिलती है। मानस चिन्तन और एकाग्रता की सुविधा को ध्यान में रखते हुए प्रतीक रूप में मूर्ति- पूजा की योजना बनी है। साधक अपनी श्रद्धा के अनुसार भगवान की कोई भी मूर्ति चुन लेता है और साधना अन्तःचेतना ऐसा अनुभव करती है मानो साक्षात् भगवान से हमारा मिलन हो रहा है। मनीषियों का यह कथन सत्य हे कि इस प्रकार की मूर्ति- पूजा में भावना प्रधान और प्रतिमा गौण है, तो भी प्रतिमा को ही यह श्रेय देना पड़ेगा कि वह भगवान की भावनाओं का उत्प्रेरक और संचार विशेष रूप से हमारे अन्तःकरण में करती है। यों कोई चाहे, तो चाहे जब जहाँ भगवान को स्मरण कर सकता है, पर मन्दिर में जाकर प्रभु- प्रतिमा के सम्मुख अनायास ही जो आनंद प्राप्त होता है, वह बिना मन्दिर में जाये, चाहे, जब कठिनता से ही प्राप्त होगा। गंगा- तट पर बैठकर ईश्वरीय शक्तियों का जो चमत्कार मन में उत्पन्न होता है, वह अन्यत्र मुश्किल से ही हो सकता है। मूर्ति- पूजा के साथ- साथ धर्म मार्ग में सिद्धांतानुसार प्रगति करने के लिए हमारे यहाँ त्याग और संयम पर बड़ा जोर दिया गया है। सोलह संस्कार, नाना प्रकार के धार्मिक कर्मकाण्ड, व्रत, जप, तप, पूजा, अनुष्ठान, तीर्थ यात्राएँ, दान, पुण्य, स्वाध्याय, सत्संग ऐसे ही दिव्य प्रयोजन हैं, जिनसे मनुष्य में संयम ऐसे ही दिव्य प्रयोजन हैं, जिनसे मनुष्य में संयम और व्यवस्था आती है। मन दृढ़ बनकर दिव्यत्व की ओर बढ़ता है। आध्यात्मिक नियंत्रण में रहने का अभ्यस्त बनता है।

मूर्ति- "जड़ (मूल)ही सबका आधार हुआ करती है। जड़ सेवा के बिना किसी का भी कार्य नहीं चलता। दूसरे की आत्मा की प्रसन्नतापूर्वक उसके आधारभूत जड़ शरीर एवं उसके अंगों की सेवा करनी पड़ती है। परमात्मा की उपासना के लिए भी उसके आश्रय स्वरूप जड़ प्रकृति की पूजा करनी पड़ती है। हम वायु, अग्नि, जल, पृथ्वी, प्रकाश आदि की उपासना में प्रचुर लाभ उठाते हैं, तब मूर्ति- पूजा से क्यों घबराना चाहिए? उसके द्वारा तो आप अणु- अणु में व्यापक चेतन (सच्चिदानंद) की पूजा कर रहे होते हैं। आप जिस बुद्धि को या मन को आधारभूत करके परमात्मा का अध्ययन कर

रहे होते हैं क्यों वे जड़ नहीं हैं? परमात्मा भी जड़ प्रकृति के बिना कुछ नहीं कर सकता, सृष्टि भी नहीं रच सकता। तब सिद्ध हुआ कि जड़ और चेतन का परस्पर संबंध है। तब परमात्मा भी किसी मूर्ति के बिना उपास्य कैसे हो सकता है?

हमारे यहाँ मूर्तियाँ मन्दिरों में स्थापित हैं, जिनमें भावुक जिज्ञासु पूजन, वन्दन अर्चन के लिए जाते हैं और ईश्वर की मूर्तियों पर चित्त एकाग्र करते हैं। घर में परिवार की नाना चिन्ताओं से भरे रहने के कारण पूजा, अर्चन, ध्यान इत्यादि इतनी तरह नहीं हो पाता, जितना मन्दिर के प्रशान्त स्वच्छ वातावरण में हो सकता है। अच्छे वातावरण का प्रभाव हमारी उत्तम वृत्तियों को शक्तिवान बनाने वाला है। मन्दिर के सात्विक वातावरण में कुप्रवृत्तियाँ स्वयं फीकी पड़ जाती हैं। इसलिए हिन्दू संस्कृति में मन्दिर की स्थापना को बड़ा महत्त्व दिया गया है।

कुछ व्यक्ति कहते हैं कि मन्दिरों में अनाचार होते हैं। उनकी संख्या दिन- प्रतिदिन बढ़ती जाती रही है। उन पर बहुत व्यय हो रहा है। अतः उन्हें समाप्त कर देना चाहिए। सम्भव है इनमें से कुछ आक्षेप सत्य हों, किन्तु मन्दिरों को समाप्त कर देने या सरकार द्वारा जब्त कर लेने मात्र से क्या अनाचार दूर हो जायेंगे? यदि किसी अंग में कोई विकार आ जाय, तो क्या उसे जड़मूल से नष्ट कर देना उचित है? कदापि नहीं। उसमें उचित परिष्कार और सुधार करना चाहिए। इसी बात की आवश्यकता आज हमारे मन्दिरों में है। मन्दिर स्वेच्छा नैतिक शिक्षण के केन्द्र रहें। उनमें पढ़े- लिखे निस्पृह पुजारी रखे जायें, जो मूर्ति- पूजा कराने के साथ- साथ जनता को धर्म- ग्रन्थों, आचार शास्त्रों, नीति, ज्ञान का शिक्षण भी दें और जिनका चरित्र जनता के लिए आदर्श रूप हो।

1.5 सारांश -

इस इकाई का अध्ययन करने के बाद आप कर्मकाण्ड का मूल स्रोत क्या है। कर्मकाण्ड के विविध रूप, उनके प्रकार, मूर्तिपूजा, सन्ध्या वन्दन, दानशीलता, देवपूजन का विधान, शिखा का महत्व आदि का ज्ञान आप इस इकाई में करेंगे। कर्मकाण्ड के अन्तर्गत उपर्युक्त विषय सामान्य है, जिसका ज्ञान परमावश्यक है। इस दृष्टिकोण से आपको इस इकाई के माध्यम से इन विषयों का ज्ञान कराया जा रहा है।

1.6 शब्दावली

कर्मकाण्ड - धार्मिक क्रियाओं से जुड़े कर्म को कर्मकाण्ड कहते है।

वेद – सर्वविद्या का मूल

पूजन – धार्मिक क्रिया

दानशीलता – दान में निपुणता

मूर्तिपूजा- मूर्तियों की पूजा

सन्ध्या - गायत्री उपासना सम्बन्धित कार्य।

1.7 अभ्यास प्रश्नों के उत्तर –

1. क
2. क
3. ख
4. ख
5. ख

1.8 सन्दर्भ ग्रन्थ सूची

ग्रन्थ नाम	प्रकाशन
नित्यकर्म पूजाप्रकाश	गीताप्रेस गोरखपुर
भारतीय संस्कृति के आधारभूत तत्व	
कर्मकाण्ड प्रदीप	

1.9 निबन्धात्मक प्रश्न

1- कर्मकाण्ड को परिभाषित करते हुये विस्तार से उसका वर्णन कीजिये ?

2- मूर्तिपूजा एवं देवपूजन विधान से आप क्या समझते है ? विस्तृत व्याख्या कीजिये।

3. धर्मसूत्र एवं स्मृति का विस्तार से उल्लेख कीजिये।

इकाई – 2 प्रात:कालीन (नित्यकर्म विधि)

इकाई की रूपरेखा

2.1 प्रस्तावना

2.2 उद्देश्य

2.3. प्रातःकालीन नित्यकर्म परिचय

अभ्यास प्रश्न

2.3.1 कृत्य नित्यकर्म

2.3.2 भगवत स्मरण

2.4 सारांश

2.5 शब्दावली

2.6 अभ्यास प्रश्नों के उत्तर

2.7 सन्दर्भ ग्रन्थ सूची

2.8 निबन्धात्मक प्रश्न

2.1 प्रस्तावना

प्रस्तुत इकाई प्रथम खण्ड के द्वितीय इकाई '**प्रात:कालीन नित्यकर्म विधि**' नामक शीर्षक से सम्बन्धित है । मानव अपने दैनन्दिनी जीवन में क्या – क्या कर्म करें, जिससे कि उसका सर्वतोमुखी विकास हो इसके लिये आचार्यों ने नित्यकर्म क्रिया की विधि बतलाई है । यदि व्यक्ति उसका क्रमश: पालन करें तो निश्चय ही उसका सर्वतोभावेन कल्याण होगा ।

प्रतिदिन किया जानेवाला कर्म '**नित्यकर्म**' कहलाता है। इसके अनुसार एक प्रात:काल से दूसरे प्रातःकाल तक शास्त्रोक्त रीति से, दिन-रात के अष्टयामों के आठ यामार्ध कृत्यों यथा- ब्राह्म मुहूर्त में निद्रात्याग, देव, द्विज और ऋषि स्मरण, शौचादि से निवृत्ति, वेदाभ्यास, यज्ञ, भोजन, अध्ययन, लोककार्य आदि करना चाहिए।
इस इकाई में आप प्रात:कालीन नित्यकर्म विधि का विधिवत् अध्ययन करेंगे तथा तत्सम्बन्धि अनेक विषयों से परिचित हो सकेंगे ।

2.2 उद्देश्य

इस इकाई के अध्ययन के पश्चात् आप जान सकेंगे कि –

1. प्रात:कालीन नित्य कर्म को जान सकेगें ।
2. नित्यकर्म क्रिया की विधि को समझ सकेगें ।
3. नित्यकर्म से जुड़ी अनेक बातों को जान पायेंगे ।
4. नित्यकर्म के महत्व को समझ सकेगें ।
5. नित्यकर्म को परिभाषित करते हुये उसकी मीमांसा कर सकेगें ।

2.3 प्रात:कालीन नित्यकर्म का परिचय

मीमांसकों ने द्विविध कर्म कहें हैं - अर्थकर्म और गुणकर्म । इनमें अर्थ कर्म के तीन भेद हैं - नित्यकर्म, नैमित्तिक कर्म और काम्यकर्म । गृहस्थों के लिए इन तीनों को करने का निर्देश है। इनमें प्रथम कर्म नित्यकर्म है जिसके अंतर्गत पंचयज्ञादि आते हैं। अग्निहोत्र आदि ब्राह्मणों के नित्यकर्म हैं। इन्हें करने से मनुष्य के प्रति दिन के पापों का क्षय होता है। जो इस कर्तव्य को नहीं निवाहता वह शास्त्र के अनुसार पाप का भागी होकर पतित और निंद्य हो जाता है।
जन्मना जायते शूद्रः, संस्काराद् द्विज उच्यते। - महर्षि मनु
महर्षि मनु महाराज का कथन है कि मनुष्य शूद्र के रूप में उत्पन्न होता है तथा संस्कार से ही द्विज बनता है । संस्कार हमारे चित्त पर पड़ी वे शुभ व दिव्य हैं, जो हमें अशुभ की ओर जाने से रोकती है

तथा और अधिक शुभ व दिव्य की ओर जाने के लिए प्रेरित करती है। ऋषियों ने हमारे अन्तःकरण को हर क्षण शुभ संस्कारों से आप्लवित किये रखने के लिए कुछ नित्यकर्मों का विधान किया है, जिनमें प्रातः जागरण से लेकर रात्रि शयन पर्यन्त हमारी सारी दिनचर्या आ जाती है। यदि हम इन नित्यकर्मों को अपने दैनिक जीवनचर्या का अंग बना लेते हैं तो हमारा जीवन साधारण मनुष्य की चेतना से ऊपर उठकर देवताओं की दिव्य चेतनाओं की ओर अग्रसर होने लगता है। यह ही हमारे ''दिव्य योग मन्दिर (ट्रस्ट)'' का लक्ष्य है कि मनुष्य अपने व्यक्तित्व के प्रत्येक भाग को दिव्य बनाए, चाहे वह उसका शरीर हो या उसकी वाणी हो या उसका मन हो। इसी लक्ष्य को दृष्टिगत रखते हुए प्रस्तुत ''वैदिक नित्यकर्म विधि'' में ब्रह्मयज्ञ, देवयज्ञ आदि नित्यकर्मों के मन्त्रों को सरलार्थ सहित प्रस्तुत किया गया है ताकि हम मन्त्र के अन्तर्गत दिये जाने वाले सन्देश, आदेश या शिक्षा को जान सकें और उसे अपने जीवन का अंग बनाकर जीवन को सार्थक कर सकें।

नित्यकर्म में किये जाने वाले छ: कर्म शास्त्रोक्त है – स्नान, सन्ध्या, जप, होम, देवपूजन, अतिथि सत्कार। मनुष्य को मानसिक एवं शारीरिक शुद्धि हेतु इन कर्मों को अवश्य करना चाहिये।

2.3.1 कृत्य नित्यकर्म

मनुष्य के दैनन्दिनी जीवन में कृत्य नित्यकर्मो का निम्नलिखित उल्लेख आपके अध्ययनार्थ प्रस्तुत है -

नित्यकर्म में मुख्य छः कर्म बताये गये है -

सन्ध्या स्नानं जपश्चैव देवतानां च पूजनम।

वैश्वदेवं तथाऽऽतिथ्यं षट् कर्माणि दिने दिने।।

मनुष्य को शारीरिक शुद्धि के लिए स्नान, संध्या, जप, देवपूजन, बलिवैश्वदेव और अतिथि सत्कार - ये छः कर्म प्रतिदिन करने चाहिए। हमारी दिनचर्या नियमित है। प्रातः काल जागरण से लेकर शयन तक की समस्त क्रियाओं के लिए शास्त्रकारों ने अपने दीर्घकालीन अनुभव से ऐसे नियमों का निर्माण किया है जिनका अनुसरण करके मनुष्य अपने जीवन को सफल कर सकता है। नियमित क्रियाओं के ठीक रहने पर ही स्वास्थ एवं मन स्वस्थ रहता है।

उषाकालीन दैनिक कर्त्तव्य

''स्त्री पुरुष सदा-10 बजे शयन और रात्रि के अन्तिम प्रहर अर्थात् 4 बजे उठकर सर्वप्रथम हृदय में परमेश्वर का चिन्तन करके, धर्म और अर्थ का विचार किया करें। धर्म और अर्थ के लिए अनुष्ठान वा उद्योग करने में यदि कभी भी पीड़ा हो तो भी धर्मयुक्त पुरुषार्थ को कभी न छोड़े। सदा शरीर और आत्मा की रक्षा के लिये युक्त आहारविहार-, औषधसेवन, सुपथ्य आदि से निरन्तर उद्योग करके

व्यावहारिक और पारमार्थिक कर्त्तव्य कर्म की सिद्धि के लिए ईश्वर की स्तुति प्रार्थना और उपासना भी किया करें ताकि उस परमेश्वर की कृपादृष्टि और सहाय से महाकठिन कार्य भी सुगमता से सिद्ध हो सकें। इसके लिए निम्नांकित वैदिक मंत्र हैं-

प्रात: कालीन जागरण मन्त्र -

ॐ प्रातरग्निं प्रातरिन्द्रं हवामहे प्रातर्मित्रावरुणा प्रातरश्विना।
प्रातर्भगं पूषणं ब्रह्मणस्पतिं प्रातस्सोममुत रुद्रं हुवेम ।।

अर्थ -हे स्त्री पुरुषों प्रभात (:प्रात) जैसे हम विद्वान उपदेशक लोग ! वेला में (अग्निम्) परमैश्वर्य के (इन्द्रम्) (:प्रात) स्वप्रकाशस्वरूप दाता और परमैश्वर्ययुक्त (:प्रात) प्राण (मित्रावरुणा), उदान के समान प्रिय और सर्वशक्तिमान् सूर्य (अश्विना) (:प्रात), चन्द्र को जिसने उत्पन्न किया है, उस परमात्मा की स्तुति करते हैं (हवामहे); और (प्रातः) (भगम्भजनीय सेवनीय (, ऐश्वर्ययुक्त पुष्टिकर्त्ता (पूषणम्) (ब्रह्यणस्पतिम्अपने (उपासक, वेद और ब्रह्माण्ड के पालन करने वाले वाले, (प्रातःअन्तर्यामी (सोमम्) (, प्रेरक रुद्) और (उत)रंपापियों क (े नाशक और सर्वरोगनाशक जगदीश्वर की स्तुति (हुवेम), करते हैं, वैसे प्रात समय में :ईश्वर का स्मरण करना चाहिए ।।

ॐ प्रातर्जितं भगमुग्रं हुवेम वयं पुत्रमदितेर्यो विधर्ता।
आध्रश्चिद्यं मन्यमानस्तुरश्चिद्राजा चिद्यं भगं भक्षीत्याह ।।

अर्थ पाँच घड़ी रात्रि (:प्रात) -शेष रहे ऐश्वर्य के (भगम्) जयशील् (जितम्) दाता (उग्रम्) (:अदिते) तेजस्वी अन्तरिक्ष के (पुत्रम्) पुत्ररूप सूर्य की उत्पत्ति करने वाले और जो (:य) (विधर्त्ता) कि सूर्यादि लोकों का विशेष करके धारण करने वाले हैसब ओर से (:आध्र) (यं चित्त्) धारणकर्त्तासभी को जानने (:मन्यमान)वालेदुष्टों क (तुरश्चित्) े भी दण्ड-दाता; और भी (चित्) भजनीयस्वरूप को (भगम्) जिस (यम्) सबका प्रकाशक है (राजा) (भक्षीतिइस प्रकार सेवन करता हूँ और इसी प्रकार भग (वान् परमेश्वर सबको (आह (उपदेश करता है कि मैं सूर्यादि जगत् को बनाने और धारण करने वाला हूँ; अत: मेरी उपासना किया करो और मेरी आज्ञा से चला करो, इसी कारण (वयम्हम लो (गों को उनकी स्तुति कर (हुवेम) नी चाहिये ।

ॐ भग प्रणेतर्भग सत्यराधो भगेमां धियमुदवा ददन्न।:
भग प्रणो जनय गोभिरश्वैर्भग प्रनृभिर्नृवन्तस्याम :ु ।।

अर्थसबके उत्पादक (:प्रणेत) भजनीयस्वरूप (भग) हे -, सत्याचार में प्रेरक (भग ऐश्वर्यप्रद (सत्याचरण करने (भग) सत्य धन को देने हारे (:सत्यराध) हारो को ऐश्वर्य देने वाले आप

परमेश्वर (धियम्) इस (इमाम्) हमको (:न) ! प्रज्ञा को दीजिये और उसके दान से (ददत्) रक्षा कीजिये। हे (उदवा) हमारी (भगघोड़े आदि (अश्वै) गाय आदि और (:गोभि) आप (उत्तम पशुओं के योग से राज्यश्री को (भग) प्रगट कीजिये। हे (प्रजनय) हमारे लिये (:न) हे भजनीय स्वरूप परमात्मा नृभ) आपकी कृपा से हम लोग !िउत्तम मनुष्यों से (: (नृवन्त (:से भी उत्तम मनुष्य हो (प्रस्याम)।

ॐ उतेदानीं भगवन्तस्यामोत प्रपित्व उत मध्ये अह्नाम्। :

उतोदिता मघवन्त्सूर्यस्य वयं देवानां सुमतौ स्याम् ।।

अर्थ- हे भगवान् और अपने पुरुषार्थ से हम लोग (उत्) आप की कृपा ! (इदानीम्इस (और (उत) उत्तमता की प्राप्ति में-प्रकर्षता (प्र पित्वे) समय (अह्नाम् इन दिनों के (ऐश्वर्ययुक्त और (:भगवन्त) मध्य में (मध्ये) शक्तिमान् और हे (उत) होवें (स्याम्) परम पूजित असंख्य धन देने (मघवन्) हारे उदय में (उदिता) सूर्यलोक के (सूर्यस्त) ! पूर्ण विद् (देवानाम्)वान धार्मिक आप्त लोगों की और (उत) अच्छी उत्तम प्रज्ञा (सुमतौ) सुमति में (वयम्हम (लोग सदा प्रवृत्त रहें। (स्याम)

ॐ भग एवं भगवाँ अस्तु देवास्तेन वयं भगवन्तस्याम। :

तं त्वा भग सर्व इज्जोहवीति स नो भग पुर एता भवेह ।।

अर्थआपकी (त्वा) उस (तम्) जिससे ! सकलैश्वर्यसम्पन्न जगदीश्वर (भग) हे - (सर्वसब (: सो आप (:स) निश्चय करके प्रशंसा करते हैं (इज्जोहवीति) सज्जन, हे ! ऐश्वर्यप्रद (भग) पुर) हमारे गृहाश्रम में (:न) इस संसार और (इह) एताअग्रगामी और आगे सत्कर्मों में ((भग एव) हूजिये और (भव) बढ़ाने हारे सम्पूर्ण ऐश्वर्य युक्त और समस्त ऐश्वर्य के दाता होने के आप ही हमारे (भगवान् :देवा) उसी हेतु से (तेन) हूजिये। (अस्तु) पूजनीय देव (हम (वयम् विद्वान लोग सकलैश्वर्य सम्पन्न होके सब संसार के उपकार में (:भगवन्त) तन, मन, धन से प्रवृत्त हो (स्याम) ।

इस प्रकार परमेश्वर की स्तुति, प्रार्थना और उपासना करनी चाहिए। तत्पश्चात् शौच, दन्तधावन, मालिश व्यायाम आदि स्नान करके स्नान करें। पश्चात् एक कोश या डेढ़ कोश एकान्त जंगल में जाके योगाभ्यास की रीति से परमेश्वर की उपासना कर, सूर्योदय पर्यन्त अथवा घड़ी आध घड़ी दिन चढ़े तक घर पर आकर सन्ध्योपासनादि नित्यकर्म यथाविधि उचित समय में किया करना चाहिए ।

2.3.2 भगवत स्मरण

श्री गणेश स्तुति:

गजाननं भूत गणाधिसेवितं कतिपय जम्बूफल चारू भक्षणम्।
उमा सुतं शोक विनाश कारकं नवामि विघ्नेश्वर पाद पंकजम्।।

शिव स्तुतिः

कर्पूरगौरं करुणावतांर, संसारसारं भुजगेन्द्रहारम्। सव्दावसंतं ह्मदयारविन्दे, भवं भवानीसहितं नमामि।।

गायत्री मन्त्र

ऊँ भूर्भव:तत्सवितुर्वरेण्यम् भर्गो देवस्य धीमहि धियो यो न :स्व : प्रचोदयात्। भावार्थ: उस प्राण स्वरूप, दुख नाशक:,सुख स्वरूप, श्रेष्ठ, तेजस्वी, पापनाशक, प्रकाश स्वरूप परमात्मा को हम अन्तरात्मा में धारण करें। वह परमात्मा हमारी बुद्धि को सन्मार्ग में प्रेरित करे। सूर्य नमस्कार सूर्य देव के तेरह नामों का स्मरण कर जल चढ़ाये। पात्र में जल ले उसमें लाल कुमकुम, लाल फूल डालें। श्री ऊँ मित्राय नम:, ऊँ हिरण्यगर्माय नम:, ऊँ रवये नम:, ऊँ भरीचाय नम:, ऊँ सूर्याय नम:, ऊँ आदित्याय नम:, ऊँ भानवे नम:, ऊँ सावित्रे नम:, ऊँ खगाय नम:, ऊँ अकार्य नम:, ऊँ पूपणे नम:, ऊँ भापकराय नम: सावित्रे सूर्यनारायणाम नम: श्री

विष्णु स्तुतिः

शान्ताकारं भुजगशयनं पद्मनाभं सुरेशहम्। विश्वाधारं गगनसदृशं मेघवर्ण शुभांगम्।।

लक्ष्मीकातं कमलनयनं योगिभिध्र्यानगम्यं। वन्दे विष्णुं भवभयहरं सर्वलोकैकनाथम्।।

जिसकी आकृति अतिशय शांत है, जो शेषनाग की शैया पर शयन किये हैं। जिसकी नाभि में कमल है, पूरे विश्व का ईश्वर है, सम्पूर्ण जगत का आधार हैं आकाश सा घनत्व है नील मेघ सा रंग, सम्पूर्ण अंग सुन्दर है जो योगियों द्धारा ध्यान कर प्राप्त किया जाता है, सम्पूर्ण लोको का स्वामी है। जन्म मरण, रुप, भय का नाश करने वाला है ऐसे लक्ष्मीपति , कमलनेत्र विष्णु भगवान को मेरा प्रणाम। राम स्तुति: नीलाम्बुज श्यामलकोमलांगम् सीतासमारोपितवामभागम्।- पाणौ महासायक-चारुचापं नमामि रामं रघुवंशनाथम्।।

श्री कृष्ण स्तुतिः

श्री कृष्ण गोविन्द हरे मुरारे, हे नाथ नारायण वासुदेव। हरे मुरारे मधु कैटभारे, निराश्रयं माँ जगदीश रक्ष।।

त्वमेव माता च पिता त्वमेव, त्वमेव बन्धुश्च सखा त्वमेव।त्वमेव विद्या द्रविणं त्वमेव, त्वमेव सर्वं मम देव देव।।

श्री दुर्गा स्तुति:

जयन्ती मंगला काली भद्रकाली कपालिनी। दुर्गा क्षमा शिवा धात्री स्वाहा स्वधा नमोस्तुते।।

सरस्वती स्तुतिः

या कुन्देन्दुतुषारहारधवला या शुभ्रवस्त्रावृता या वीणावरदण्डमण्डितकरा या- श्वेतपद्मासना। या

ब्रह्माच्युतशंकरप्रभृतिभिर्देवै, सदा वन्दिता। सा मां पातु सरस्वती भगवती नि:शेष जाड्यापहा ।।

हनुमान स्तुति:

मनोजवं मारुतवेगं-तुल्य-, जितेन्द्रियं बुद्धिमतां वरिष्ठम्। वातात्मजं वानरयूथमुख्यं, श्री रामदूतं शरणं प्रपद्ये।।

गुरु बन्दना

गुरुब्रह्मा गुरर्विष्णुसाक्षात् परं ब्राह :। गुरु:गुरुर्देवो महेश्वर : तस्मै श्रीगुरुवे नम।।:

कस्तुरी तिलकम ललाट पटले वक्षस्थले कौस्तुभम्। नासाग्रे वरमौक्तिकम् करतले वेणुकरे ककंणम्।। सर्वांगे हरि चन्दनम सुललितम कंठे व मुक्तावली । गोपितो। श्री परिवेशित: विजयते गोपाल चूड़ामणि।। अच्युतं केशवम गोपिका बल्ल्भम। कृष्ण दामोदरम जानकी नायकम्।। या देवि सर्व भूतेषु बुद्धि रूपेण संस्थिता। नमस्तये नमस्तये नमो नम।।:

अभ्यास प्रश्न

1. नित्यकर्म में कृतार्थ मुख्य रूप से शास्त्रो में कितने कर्मों का विवेचन किया गया है।

क. 2 ख. 3 ग. 6 घ. 5

2. संस्कारों की संख्या कितनी है।

क. 13 ख. 14 ग. 15 घ. 16

3. सूर्योदय से चार घटी पूर्व को कहते है।

क. मध्याह्न ख. दिवा मुहूर्त्त ग. ब्राह्म मुहूर्त्त घ. कोई नहीं

4. आचारो परमो .... ।

क. धर्म: ख. कर्म: ग. यश: घ. मोक्ष:

5. या कुन्देन्दुतुषार हार धवला या शुभ्रवस्त्रा वृत्ता किसकी स्तुति है।

क. दुर्गा की ख. लक्ष्मी की ग. सरस्वती की घ. हनुमान की

हमारे सोलह संस्कार गर्भाधान, पुंसवनम, सीमन्तोनन्यम, जातक संस्कार, नामकरण संस्कार, निष्क्रमण संस्कार, चूडाकर्म संस्कार, अन्नप्राशन संस्कार, कर्णवेध संस्कार, उपनयन संस्कार, वेदारम्भ संस्कार, समावर्तन संस्कार, विवाह संस्कार, वान प्रस्थाश्रम संस्कार, संन्यासाश्रम संस्कार, अन्त्येष्ठि कर्म संस्कार।।

आचारो परमो धर्म: **-**

उपर्युक्त पंक्ति के अनुसार आचार ही मनुष्य का परम धर्म है। आचार - विचार के पवित्र होने पर ही मनुष्य चरित्रवान बनता है, मनुष्य के चरित्रवान होने से राष्ट्र का भी सर्वांगीण विकास होता है।

प्रातःकालीन कर्मों में सर्वप्रथम ब्रह्ममुहूर्त में जगना चाहिये, ब्रह्ममुहूर्त में नहीं जगने से क्या हानि होती है आचार्यों ने इस प्रकार प्रतिपादित किया है –

ब्रह्म मुहूर्ते या निद्रा सा पुण्यक्षयकारिणी ।
तां करोति द्विजो मोहात् पादकृच्छ्रेण शुद्धयति ।।

ब्रह्ममुहूर्त में जो मुनष्य सोता है, उस समय की निद्रा उसके पुण्यों को समाप्त करती है। उस समय जो शयन करता है उसे इस पाप से बचने के लिए पादकृच्छ्र नामक (व्रत) प्रायश्चित्त करना होता है । हमारी दैनिक चर्या का आरम्भ प्रातः ब्रह्ममुहूर्त में जागरण से होता है। शास्त्रों में ब्रह्ममुहूर्त की व्याख्या इस प्रकार से है -

रात्रेः पश्चिमयामस्य मुहूर्तो यस्तृतीयकः।
स ब्राह्म इति विज्ञेयो विहितः स प्रबोधने।।

अर्थात् - रात्रि के अन्तिम प्रहर का जो तीसरा भाग है उसको ब्रह्म मुहूर्त कहते है। निद्रा त्याग के लिए यही समय शास्त्र विहित है।

ब्राह्ममुहूर्त सूर्योदय से चार घड़ी (डेढ़ घंटे) पूर्व को कहते है। मनुष्य प्रातःकालीन जागरण के पश्चात् ऑखों के खुलते ही दोनों हाथों की हथेलियों को देखें और निम्न मन्त्र को बोले -

कराग्रे वसते लक्ष्मीः करमध्ये सरस्वती ।
करभूले स्थिलो ब्रह्मा प्रभाते करदर्शनम् ।।

भाषा - हाथ के अग्रभाग में लक्ष्मी हाथ के मध्य में सरस्वती का निवास है, हाथ के मूल भाग में ब्रह्माजी का निवास है, अतः प्रातः काल कर (हाथ) का दर्शन करना चाहिए।

उपयुक्त श्लोक बोलते हुए अपने हाथो को देखना चाहिए । यह शास्त्रीय विधान बड़ा ही अर्थपूर्ण है। इससे मनुष्य के हृदय में आत्म-निर्भरता और स्वावलम्ब की भावना उदय होती है । वह जीवन के प्रत्येक कार्य में दूसरों की तरफ न देखकर अन्य लोगों के भरोसे न रहकर-अपने हाथों की तरफ देखने का अभ्यासी बन जाता है।

भूमि की वन्दना - शय्या से उठकर पृथ्वी पर पैर रखने से पूर्व पृथ्वी की प्रार्थना करें -

समुद्रवसने देवि पर्वतस्तनमण्डिते ।
विष्णुपत्नि नमस्तुभ्यं पादस्पर्शं क्षमस्व मे ।।

समुद्ररूपी वस्त्रो को धारण करने वाली पर्वत रूपी स्तनो से मण्डित भगवान विष्णु की पत्नी पृथ्वी देवी आप-मेरे पाद स्पर्श को क्षमा करें।

प्रातः स्मरण - धर्म शास्त्रों ने निद्रा त्याग के उपरान्त मनुष्य मात्र का प्रथम कर्तव्य उस कोटि-कोटि ब्रह्माण्ड-नायक, सच्चिदानन्द-स्वरूप प्यारे प्रभु का स्मरण बताया है - जिस की असीम कृपा से

अत्यन्त दुर्लभ मानव देह प्राप्त हुई है, जो समस्त सृष्टि के कण-कण में ओत-प्रोत है, और सत्य, शिव, व सुन्दर है। जिसकी कृपा से मनुष्य सब प्रकार के भयों से मुक्त होकर 'अहं ब्रह्मास्मि'' के उच्च लक्ष्य पर पहुंच कर तन्मय हो जाता है। दैनिक जीवन के प्रारम्भ में उस के स्मरण से हमारे हृदय में आत्मविश्वास और दृढता की भावना ही उत्पन्न नहीं होगी अपितु सम्पूर्ण दिन मंगलमय वातावरण में व्यतीत होगा। मानसिक शुद्धि के लिए मन्त्र बोलें -

ॐ अपवित्र पवित्रो वा सर्वावस्थां गतोऽपि वा।
यः स्मरेत् पुण्डरीकाक्षं स बाह्यभ्यन्तरः शुचि ।।

प्रातः स्मरणीय श्लोकः-

निम्नलिखित श्लोकों का प्रातः काल पाठ करने से अत्यधिक कल्याण होता है। जैसे- दिन अच्छा बीतता है, धर्म की वृद्धि होती है भगवत् प्रीत्यर्थ इसका पाठ करना चाहिए।

प्रातः कालीन गायत्री ध्यान -

बालां विद्यां तु गायत्रीं लोहितां चतुराननाम्
रक्ताम्बरद्वयोपेतामक्षसूत्र करां तथा।
कमण्डलुधरां देवीं हंसवाहनसंस्थिताम् ।।
ब्रह्माणीं ब्रह्मदैवत्यां ब्रह्मलोकनिवासिनीम्।
मन्त्रेणावाहयेद्धेषीमायन्तीं सूर्यमण्डलात् ।।

तत्पश्चात् गायत्री मन्त्र का जप करें -

ॐ भूर्भुवःस्वः तत्सवितुर्षरेण्यं भर्गो देवस्य धीमहि धियो यो नः प्रचोदयात्।।

गायत्री जप करते समय गायत्री मन्त्र के अर्थ को ध्यान में रखते हुये जप करें।

अर्थ - भू - सत् भुवः- चित् - स्वः आनन्द स्वरूप- सृष्टिकर्ता प्रकाशमान परमात्मा के उस प्रसिद्ध वरणीय तेज का (हम) ध्यान करते है, जो परमात्मा हमारी बुद्धि को सत् मार्ग की ओर प्रेरित करे।

तर्पण से पूर्व गायत्री कवच का पाठ करें

गायत्री कवच तीनों संध्यायों में पढ़ें।

गायत्री जप कर माला या रूद्राक्ष की माला से करें

गायत्री जप के अनन्तर गायत्री तर्पण करे तर्पण केवल प्रातः कालीन संध्या में अनिवार्य है।

विनियोग - ॐ गायत्रया विश्वामित्र ऋषिः सविता देवता गायत्री छन्दः गायत्री तर्पणे-विनियोगः।।

ॐ भूः ऋग्वेदपुरूषं तर्पयामि ॐ भुवः यजुर्वेदपुरूषतर्पयामि ॐ स्वः सामवेदपुरूषं तर्पयामि।

ॐ क्षहः अधर्वेदपुरूषं तर्पयामि ॐ जनः इतिहासपुराण पुरूषं तर्पयामि ॐ तपः सर्वागमपुरूषंत।

ॐ सत्यं सत्यलोक पुरूषं तर्पयामि ॐ भूः भूर्लोक पुरूषं तर्पयामि ॐ भुवः भुवर्लोक पुरूषं तर्पयामि।

ऊँ स्वः स्वर्लोक तर्पमानि ऊँ भूः एकपदां गायत्रीं तर्पयामि ऊँ भुवः द्विपदां गायत्रीं तर्पयामि।

ऊँ स्वःत्रिपदां गायत्रीं तर्पयामि ऊँ भुर्भुवः स्वः चतुष्पदां गायत्रीं तर्पयामि ऊँ उषतीं तर्पयामि।

ऊँ गायत्रीं तर्पयामि ऊँ सावित्रीं तर्पयामि ऊँ सरस्वतीं ऊँ वेदमातरं तर्पयामि ऊँ पृथिवीं तर्पयामि।

ऊँ अजां तर्पयामि ऊँ कौशिकीं तर्पयामि ऊँ सांकृत्तिं तर्पयामि ऊँ सार्वजितीं तर्पयामि ऊँ तत्सद् ब्रह्मार्पणमेस्तु।

तत्पश्चात् अपने आसन में खड़े होकर परिक्रमा करें।

परिक्रमा मन्त्र-

''यानि कानि च पापानि जन्मान्तरकृतापनि च।

तानि सर्वाणि नशयन्तु प्रदक्षिणा पदे पदे ।।''

किया हुआ जप भगवान को अर्पण करें - नीचे लिखे वाक्य बोलें

अनेन गायत्री जपकर्मणा सर्वान्तर्यामी भगवान् नारायणः प्रीपतां न मम।।

गायत्री देवी का विसर्जन - निम्नलिखित विनियोग के साथ आगे बताये गये मन्त्र से गायत्री देवी का विसर्जन करें -

विनियोग - ''उत्तमे शिखरे'' इत्यस्य वामदेव ऋषिः अनुष्टुप्छन्दः गायत्री देवता गायत्री विसर्जने विनियोगः।। विनियोग के बाद हाथ जोड़े और मन्त्र बोलें

ऊँ उत्तमे शिखरे देवी भूम्यां पर्वतमूर्धनि।

ब्राह्मणेभ्योऽभ्यनुज्ञाता गच्छदेवि यथा सुखम्।।

इसके बाद नीचे लिखा वाक्य पढ़कर इस संध्योपासना कर्म को भगवान् को अर्पण करें - अनेन प्रातः संध्योपासनाख्येन कर्मणा श्री परमेश्वरः प्रीयतां न मम।

ऊँ तत्सत् ब्रह्मार्पणभस्तु।। अन्त में पूर्ववत् आचमन करें और भगवान का स्मरण करें।

गायत्री कवच

हाथ में जल लेकर विनियोग पढ़े

विनियोग - ऊँ अस्य श्री गायत्रीकवचस्य ब्रह्मा ऋषिर्गायत्री छन्दः भूः बीजम् - भुवः शक्तिःस्वः कीलकम् गायत्री प्रीत्यर्थे पाठे विनियोग।

इस प्रकार ब्राह्मणों को गायत्री की उपासना कर जपादि कार्य करना चाहिये।

2.4 सारांश -

इस़ इकाई का अध्ययन करने के बाद आप कर्मकाण्ड के आरम्भिक **प्रात:कालीन नित्यकर्म विधि** का ज्ञान प्राप्त करेंगे। मनुष्य अपने जीवन में किन कर्मों को करके परमगति को प्राप्त कर सकता है। हमारे प्राचीन ऋषि मुनियों ने दैनिक जीवन में कृत्य जिन कर्मों का शास्त्रों में उल्लेख किया है। उसे मानव यदि अपने जीवन में अपना ले तो उसका सर्वतोमुखी विकास हो

सकेगा । अत: इस इकाई के अध्ययन के पश्चात् आप प्रात:कालीन नित्यकर्मविधि का विधिवत अध्ययन करेंगे ।

2.5 शब्दावली

नित्यकर्म – दैनन्दिनी जीवन में किया जाने वाला कर्म

षटकर्म – छ: प्रकार के नित्य किये जाने वाला कर्म

सन्ध्या वन्दन - ब्राह्मणों के लिये गायत्री उपासना हेतु किये जाने वाला वन्दनादि कर्म ।

पुण्यक्षय- पुण्य का नाश

आत्मविश्वास – स्वयं पर विश्वास

कराग्रे – हाथ के अग्र भाग में

कवच – रक्षार्थ धारण करने वाला

2.6 अभ्यास प्रश्नों के उत्तर –

1. ग
2. घ
3. ग
4. क
5. ग

2.7 सन्दर्भ ग्रन्थ सूची

ग्रन्थ नाम **प्रकाशन**

नित्यकर्म पूजाप्रकाश गीताप्रेस गोरखपुर

भारतीय संस्कृति के आधारभूत तत्व – चौखम्भा प्रकाशन

कर्मकाण्ड प्रदीप – चौखम्भा प्रकाशन

2.8 निबन्धात्मक प्रश्न

1- प्रात:कालीन नित्यकर्म विधि का विस्तार से वर्णन कीजिये ?

2- षट्कर्म से आप क्या समझते ? विस्तृत व्याख्या कीजिये ।

इकाई – 3 पंचमहायज्ञ

इकाई की संरचना

3.1 प्रस्तावना

3.2 उद्देश्य

3.3. पंचमहायज्ञ परिचय

पंचमहायज्ञ का महत्व

3.4 सारांश

3.5 बोध प्रश्न

3.6 शब्दावली

3.7 अभ्यास प्रश्नों के उत्तर

3.8 सन्दर्भ ग्रन्थ सूची

3.9 निबन्धात्मक प्रश्न

3.1 प्रस्तावना

प्रस्तुत इकाई बी0ए0 कर्मकाण्ड के प्रथम पत्र के तृतीय इकाई **'पञ्चमहायज्ञ'** नामक शीर्षक से सम्बन्धित है । इस इकाई में गृहस्थ जीवन में मनुष्य के लिये आचार्यों द्वारा कथित पञ्चमहायज्ञ का वर्णन किया गया है।

चार आश्रमो में गृहस्थ आश्रम श्रेष्ठ बताया गया है। अन्य सभी आश्रम इसी आश्रम पर निर्भर रहते हैं। जीवन को मर्यादित तरीके से जीने के लिये गृहस्थ के लिये पंचमहायज्ञों की महती आवश्यकता है। इससे पूर्व की इकाईयों में आपने कर्मकाण्ड के उद्गम स्रोत एवं प्रात:कालीन कृत्य नित्यकर्म को समझ लिया है । यहॉ इस इकाई में आप पंच महायज्ञ का अध्ययन करेगें । आशा है पाठकगण इसे पढ़कर पंचमहायज्ञ का बोध कर सकेगें ।

3.2 उद्देश्य

प्रस्तुत इकाई के अध्ययन के पश्चात आप पंचमहायज्ञों के बारे में जान पायेगें-

1. पंचमहायज्ञों यथा ब्रतायज्ञ देवयज्ञ पितृयज्ञ इत्यादि का अध्ययन आप सम्यक रूप से कर पायेगें।
2. पंचमहायज्ञों के महत्व का निरूपण कर सकेंगे ।
3. पंचमहायज्ञों को परिभाषित कर सकेंगे ।
4. पंचमहायज्ञों से सम्बन्धित विभिन्न विषयों का ज्ञान प्राप्त कर सकेंगे ।

3.3 पंचमहायज्ञ परिचय

पंच महायज्ञ भारतीय सनातन परम्परा में मानवों के लिये आवश्यक अंग के रूप में बताये गए हैं । धर्मशास्त्रों ने भी हर गृहस्थ को प्रतिदिन पंच महायज्ञ करने के लिए कहा है। नियमित रूप से इन पंच यज्ञों को करने से सुख-समृद्धि व जीवन में प्रसन्नता बनी रहती है। इन महायज्ञों के करने से ही मनुष्य का जीवन, परिवार, समाज शुद्ध, सदाचारी और सुखी रहता है।

पंच यज्ञ की महत्ता

पर्याप्त धन-धान्य होने पर भी अधिकांश परिवार दु:खी और असाध्य रोगों से ग्रस्त रहते हैं, क्योंकि उन परिवारों में पंच महायज्ञ नहीं होते। मानव जीवन का उद्देश्य धर्म, अर्थ, काम व मोक्ष की प्राप्ति है। इन चारों की प्राप्ति तभी संभव है, जब वैदिक विधान से पंच महायज्ञों को नित्य किया जाये। पंच महायज्ञ का उल्लेख **'मनुस्मृति'** में मिलने पर भी उसका मूल यजुर्वेद के **शतपथ ब्राह्मण** हैं।

इसीलिये ये वेदोक्त है। जो वैदिक धर्म में विश्वास रखते हैं, उन्हें हर दिन ये 5 यज्ञ करते रहने के लिए मनुस्मृति में निम्न मंत्र दिया गया है-

'अध्यापनं ब्रह्म यज्ञः पित्र यज्ञस्तु तर्पणं। होमोदैवो बलिर्भौतो त्रयज्ञो अतिथि पूजनम्॥

प्रकार

मानव जीवन के लिए जो पंच महायज्ञ महत्त्वपूर्ण माने गये हैं, वे निम्नलिखित हैं-

1. **ब्रह्मयज्ञ**
2. **देवयज्ञ**
3. **पितृयज्ञ**
4. **भूतयज्ञ**
5. **अतिथियज्ञ**

पंचमहायज्ञ का वर्णन प्रायः सभी ऋषि-मुनियों ने अपने-अपने धर्मग्रन्थों में किया है, जिनमें से कुछ ऋषियों के वचनों को यहॉ उद्धृत किया जाता है -

'भूतयज्ञों मनुष्ययज्ञः पितृयज्ञों देवयज्ञों ब्रह्मयज्ञो इति।'

वेदों को पढ़ना और पढ़ाना **ब्रह्म यज्ञ** कहा जाता है। तर्पण, पिण्डदान और श्राद्ध को **पितृ यज्ञ**। देवताओं के पूजन, होम हवन आदि को **देव यज्ञ** कहते हैं। अपने अन्न से दूसरे प्राणियों के कल्याण हेतु भाग देना **भूतयज्ञ** तथा घर आए अतिथि का प्रेम सहित आदर सत्कार करना **अतिथियज्ञ** कहा जाता है। ब्राह्म यज्ञ, पितृयज्ञ, देवयज्ञ, भूतयज्ञ और अतिथि यज्ञ यही **पंच महायज्ञ** है।

भगवान् मनु की आज्ञा है कि -

पञ्चैतान् यो महायज्ञान्न हापयति शक्तितः।

सगृहेऽपि नसन्नित्यं सूनादोषैर्न लिप्यते॥

'जो गृहस्थ शक्ति के अनुकूल इन पंचमहायज्ञों का एक दिन भी परित्याग नहीं करते, वे गृहस्थ-आश्रम में रहते हुए भी प्रतिदिन के पञ्चसूनाजनित पाप के भागी नहीं होते।

महर्षि हारीत ने कहा है -

यत्फलं सोम यागेन प्राप्नोति धनवान् द्विजः।

सम्यक् पन्चमहायज्ञे दरिद्रस्तदवाप्नुयात्।

धनवान द्विज सोमयाग करके जो फल प्राप्त करता है उसी फल को दरिद्र पंचमहायज्ञ के द्वारा प्राप्त कर सकता है।

पंचमहायज्ञो के अनुष्ठान से समस्त प्राणियों की तृप्ति होती है।

पंचमहायज्ञ करने से अन्नादि की शुद्धि और पापों का क्षय होता है

पंचमहायज्ञ किये बिना भोजन करने से पाप लगता है।

भगवान श्री **कृष्ण ने गीता** (3/13) में कहा है -

यज्ञशिष्टाशिनः सन्तो मुच्यन्ते सर्वकिल्बिषैः।

भुन्जते ते त्वघं पापा पचन्त्यात्मकारणात्।।

यज्ञ से शेष बचे हुए अन्न को खानेवाले श्रेष्ठ पुरूष सभी पापों कसे मुक्त हो जाते है, किन्तु जो पापी केवल अपने लिये ही भोजन बनाते है, वे पाप का ही भक्षण करते है।

महाभारत में भी कहा है -

अहन्हनि ये त्वेतानकृत्वा भुन्जते स्वयम्।

केवलं मलमश्नन्ति ते नरा न च संशयः।।

जो प्रतिदिन इन पंचमहायज्ञों को किये बिना भोजन करते है, वे केवल मल खाते हैं, इसमें कोई सन्देह नहीं।

अतः पंचमहायज्ञ कर के ही गृहस्थों को भोजन करना चाहिए। पंचमहायज्ञ के महत्व एवं इसके यर्थाथ स्वरूप को जानकर द्विजमात्र का कर्त्तव्य है कि वे अवश्य पन्चमहायज्ञ किया करें ऐसा करने से धर्म, अर्थ, काम, और मोक्ष की प्राप्ति होगी।

पञ्च महायज्ञों के पृथक-पृथक रूप

ब्रह्मयज्ञ

अध्ययन - अध्यापन को ब्रह्मयज्ञ कहते है, श्रीमद्भगवत् गीता में कहा है -

स्वाध्यायाभ्यसनं चैव वाड्मयं तप उच्यते।।

वेद- शास्त्रों के पठन एवं परमेश्वर के नाम का जो जपाभ्यास है वही वाणी सम्बन्धी तप कहा जाता है। स्वाध्याय से ज्ञान की वृद्धि होती है। अतः सभी अवस्थाओं में ज्ञान की वृद्धि होती है।

ब्रह्मयज्ञ करने से ज्ञान की वृद्धि होती है। ब्रह्मयज्ञ करने वाला मनुष्य ज्ञानप्रद-महर्षिगणो का अनृणी और कृतज्ञ हो जाता है।

1. संध्यावन्दन के बाद को प्रतिदिन वेद-पुराणादि का पठन-पाठन करना चाहिए। यद्यपि आज के व्यस्ततम समय में मनुष्य के पास समयाभाव होता है तो पाठकों को सुविधा के लिए प्रत्येक ग्रन्थ का आदि मन्त्र दिया जा रहा है।

ऋग्वेद - हरिः ॐ अग्निमीले पुरोहितं यज्ञस्य देवमृत्विजम् । होतारं रत्नधातमम् ।।

यजुर्वेद - ॐ इषे त्वोर्जे त्वा वायवस्थ देवो वः सविता प्रार्पयतु श्रेष्ठतमाय कर्मण आप्यायध्व मध्न्या इन्द्राय भागं प्रजावतीरनमीवा अयक्ष्मा मा वस्तेन ईशत माघस सो ध्रुवा अस्मिन् गोपतौ स्यात बह्वीर्षजमानस्य पशून् पाहि।

सामवेद - ॐ अग्न आयाहि वीतये गृणनो हव्यदातयेनिहोता सत्सु बर्हिषि।।

अथर्ववेद - ऊँ शं नो देवीरभीष्टय आपो भवन्तु पीतये। शंषोरभिस्रवन्तुनः

निरूक्तम् - समाम्नायः समाम्नातः

छन्दः - मयरसतजभनतगसंमितम्।

निघण्टु - गौः ग्मा

ज्यौतिषम् – पञ्चसंवत्सरमयम्।

शिक्षा - अथ शिक्षां प्रवक्ष्यामि ।

व्याकरणम् – वृद्धिरादैच् ।

कल्पसूत्रम् - अथातोऽधिकारः फलयुक्तानि कर्माणि

गृह्मसूत्रम् - अथातो गृह्मस्थलीपाकानां कर्म

न्यायदर्शनम् - प्रमाणप्रमेयसंशय प्रयोजन दृष्टान्त सिद्धान्तावयव - तर्क निर्णवाद

जल्पवितणहेत्वाभासच्छलजाति निग्रहस्थानानां तत्वज्ञानानिः श्रेयसाधिगमः।

वैशैषिकदर्शनम् - अथातो धर्मं व्याख्यास्यामः। यतोऽभ्युदय निःश्रेयससिद्धिः स धर्म।

योगदर्शनम् - अथयोगानुशासनम्। योगश्चित्तवृत्तिनिरोधः।

सांख्यदर्शनम् - अथ त्रिविधदुःखात्यन्तनिवृत्तिरत्यन्तपुरूषार्थः

भारद्वाजकर्ममीमांसा - अथातो धर्मजिज्ञासा। धारको धर्मः

जैमिनीकर्ममीमांसा - अथातो धर्मजिज्ञासा, चोदना लक्षणोऽर्प्पो धर्मः।

ब्रह्ममीमांसा - अथातो ब्रह्मजिज्ञासा। जन्माद्यस्य यतः। शास्त्रयोनित्वात् तत्तु समन्वयात्।

स्मृति - मनुमेकाग्रमासीनमभिगम्य महर्षयः

प्रतिपूज्य यथान्यायमिदं वचनमब्रुवन्

रामायणम् - तपः स्वाध्यायनिरतं तपस्वी वाग्विदां वरम्।

नारदं परिपप्रच्छ वाल्मीकिमुनिपुड.गम्।।

भारतम् - नारायणं नमस्कृत्य नरं चैव नरोत्तमम्।

देवीं सरस्वतीं व्यासं ततो जयभुदीरयेत्।।

पुराणम् - जन्माद्यस्य यतोऽन्वयादि तरतश्चार्थेश्वभिज्ञः स्वाराट्

तेने ब्रह्म हृदा य आदिकवये मुह्यन्ति यत्सूरयः।

तेजोवारिमृदां यथा विनिमयो यत्र त्रिसगेऽमृषा

धाम्ना स्वेन सदा निरस्तकुहकं सत्यं परं धीमहि।।

3.4 बोध प्रश्न

1. पंच महायज्ञ के कितने प्रकार है।

क. 2 ख. 3 ग. 4 घ. 5

2. ब्रह्म यज्ञ का अर्थ क्या है।

क. आत्मज्ञान की प्रेरणा ख. ब्रह्म का ज्ञान ग. परमात्मा का ज्ञान घ. कोई नहीं

3. भूत यज्ञ की भावना है - प्राणि मात्र तक आत्मीयता का विस्तार।

क. प्राणि मात्र तक आत्मीयता का विस्तार। ख. भूतों का यज्ञ ग. शान्ति के लिये यज्ञ घ. प्रेत बाधाओं से शान्ति के लिये यज्ञ

4. पुरूषार्थ के कितने प्रकार है ।

क. 3 ख. 4 ग. 5 घ. 6

5. तर्पण में वर्जित है -

क. तॉबे का पात्र ख. मिट्टी तथा लोहे का पात्र ग. कॉसे का पात्र घ. पीतल का पात्र

तन्त्रम् –

आचारमूला जातिः स्यादाचारः शास्त्रमूलकः।
वेदवाक्यं शास्त्रमूलं वेदः साधकमूलकः।।
साधकश्च क्रियामूलः क्रियापि फलमूलिका।
फलमूलं सुखं देवि सुखमानन्दमूलकम्।।

यदि समयाभाव हो तो 108 बार गायत्री का जप करें।

देवयज्ञ

अपने इष्टदेव की उपासना के लिए परब्रह्म परमात्मा के निमित्त अग्नि में किये हवन को देव यज्ञ कहते है।

यत्करोषि यदश्नासि यज्जुहोसि ददासि यत्।
यत्तपस्यसि कौन्तिेय तत्कुरूष्व मदर्पणम् ।।गीता 9 ।।2।।

भगवान् के इस वचन से सिद्ध होता है कि परब्रह्म परमात्मा ही समस्त यज्ञों के आश्रयभूत है। नित्य और नैमित्रिक - भेदसे देवता दो भागों में विभक्त है, उनमें रूद्रगण, वसुगण और इन्द्रादि नित्य देवता कहे जाते हैं, और ग्रामदेवता, बनदेवता, तथा गृहदेवता आदि नैनित्रिक देवता कहे जाते है। दोनों तरह के ही देवता इस यज्ञ से तृप्त होते हैं। जिन देवताओं की कृपा से संसार के समस्त कार्यकलाप की भलीभाँति उत्पत्ति और रक्षा होती है, उन देवताओं से उऋृण होने के लिए देवयज्ञ करना परमावश्यक है।

देवयज्ञ से नित्य और नैमित्तिक देवता तृप्त होते है।

भूतयज्ञ

कृमि, कीट पतड.ग पशु और पक्षी आदि की सेवा को ''भूतयज्ञ'' करते है। ईश्वरचित सृष्टि के किसी भी अड.ग की उपेक्षा कभी नहीं की जा सकती, क्योंकि सृष्टि के सिर्फ एक ही अंग की साहयता से समस्त अंगों की सहायता समझी जाती है, अतः 'भूतयज्ञ' भी परम धर्म है।

प्रत्येक प्राणी अपने सुख के लिए अनेक जीवों को प्रतिदिन क्लेश देता है, क्योंकि ऐसा हुए बिना क्षणमात्र भी शरीर यात्रा नहीं चल सकती।

प्रत्येक मनुष्य के निःश्वास-प्रश्वास, भोजन-प्राशन, विहार-सन्चार आदि में अगणित जीवों की हिंसा होती है। निरामिष भोजन करने वाले लोगों के भोजन के समय भी अगणित जीवों का प्राण-वियोग होता है। अतः जीवों से उऋण होने के लिए भूतयज्ञ करना आवश्यक है। भूतयज्ञ से कृमि, कीट, पशु-पक्षी आदि की तृप्ति होती है।

पितृ यज्ञ

अर्यमादि नित्य पितरों की तथा परलोकगामी नैमित्तिक पितरों की पिण्डप्रदानादि से किये जानेवाले सेवारूप यज्ञ को ''पितृयज्ञ'' कहते सन्मार्गप्रवर्त्तक माता-पिता की कृपा से असन्मार्ग से निवृत्त होकर मनुष्य ज्ञान की प्राप्ति करता है, फिर धर्म, अर्थ, काम और मोक्ष आदि सकल पदार्थों को प्राप्त कर मुक्त हो जाता है। ऐसे दयालु पितरों की तृप्ति के लिए, उनके सम्मान के लिए, अपनी कृतज्ञता के प्रदर्शन तथा उनसे उऋण के लिए पितृयज्ञ करना नितान्त आवश्यक है।

पितृयज्ञ से समस्त लोकों की तृप्ति और पितरों की तुष्टि की अभिवृद्धि होती है।

मनुष्ययज्ञ

क्षुधा से अत्यन्त पीड़ित मनुष्य के घर आ जाने पर उसकी भोजनादि से की जानेवाली सेवारूप यज्ञ को ''मनुष्ययज्ञ'' कहते है। अतिधि के घर आ जाने पर वह चाहे किसी जाति या किसी भी सम्प्रदाय का हो, उसे पूज्य समझ कर उसकी समुचित पूजा कर उसे अन्नादि देना चाहिए।

प्रथमावस्था में मनुष्य अपने शरीरमात्र के सुख से अपने को सुखी समझता है, फिर पुत्र, कलत्र, मित्रादि, को सुखी देखकर सुखी होता है। तदनन्तर स्वेदशवासियों को सुखी देखकर सुखी होता है। इसके बाद पूर्ण ज्ञान प्राप्त करने पर वह समस्त लोकसमूह को सुखी देखकर सुखी होता है। परन्तु वर्तमान समय में एक मनुष्य समस्त प्राणियों की सेवा नहीं कर सकता, इसलिए यथाशक्ति अन्नदान प्राणियों की सेवा नहीं कर सकता, इसलिए यथाशक्ति अन्नदान द्वारा मनुष्यमात्र की सेवा करना ही ''मनुष्ययज्ञ'' कहा जाता है।

मनुष्य यज्ञ से धन, आयु, यश और स्वर्गादि की प्राप्ति होती है।।

नित्यतर्पण विधान

तर्पण के योग पात्र - हैमं रौप्यमयं पात्रं ताम्रं कांस्यसमुद्भवम्।

पितहणां तर्पणे पात्रं मृण्मयं तु परित्यजेत्।।

सोना, चाँदी, ताँबा, काँसा, का पात्र पितरों के तर्पण में प्रशस्त माना गया है। मिट्टी तथा लोहे का पात्र तर्पण में वर्जित है।

दाहिनी अनामिका के मध्य में कुशा की पवित्री पहने।

फिर हाथ में त्रिकुश यव, अक्षत और जल लेकर संकल्प करें ।

विष्णु: 3 नमः पर्मात्मने श्री पुराणपुरूषोत्तमाय-

अद्येह श्रुतिस्मृतिपुराणोक्तफलप्राप्त्यर्थं देवर्विमनुषपितृमां।

स्वपितृणां अक्षयतृप्ति प्राप्त्यंर्थं तर्पणं करिष्ये।।

आवाहन - इसके बाद ताँबे के पात्र में जल और चावल डालकर त्रिकुशको पूर्वाग्र रखकर उस पात्र को दायें हाथ में लेकर बायें हाथ से ढककर नीचे लिखा मन्त्र पढ़कर देव-ऋषियों का आवाहन करें । वैदिक धर्म में गृहस्थ को पंच महायज्ञ करने के लिए बताया गया है, परंतु आज अधिकांश गृहस्थ यज्ञ नहीं करते; अतः उनके जीवन में आध्यात्मिक कष्ट की भरमार रहती है । देव, ऋषि, पितर, समाज और अतिथि के प्रति हमारे कर्तव्य को पंच महायज्ञ बताया गया है । बलिवैश्व की ५ आहुतियाँ को तत्त्वदर्शियों ने पंच महायज्ञ की संज्ञा दी है । इस कथन का स्पष्टीकरण देते हुए युगऋषि ने वाङ्मय-२६२.६/ एवं ६३. में लिखते हैंबलिवैश्व - की पाँच आहुतियों को 'पंच महायज्ञ' क्यों कहा गया है? बोलचाल - की भाषा में किसी शब्द के साथ महा शब्द लगा देने से उसका अर्थ बड़ाबहुत - बड़ा हो जाता है। यज्ञ शब्द से भी सामूहिक अग्निहोत्र का बोध होता है, फिर महा शब्द लगा देने का अर्थ यह होता है कि कोई विशालकाय आयोजन होना चहिए। प्रायः १०० कुण्डी, २५ कुण्डी यज्ञ आयोजनों को महायज्ञ की उपाधि से विभूषित किया जाता है। फिर आहार में से छोटेछोटे - पांच ग्रास निकालकर आहुतियाँ दे देने मात्र की दो मिनट में सम्पन्न हो जाने वाली क्रिया को महायज्ञ नाम क्यों दिया गया? इतना ही नहीं, हर आहुति को महायज्ञ की संज्ञा दी गई ऐसा क्यों? यदि बलिवैश्व महायज्ञ नाम दिया जाता है, तो कम से कम उससे इतना बोध तो होता है कि पाँच आहुतियाँ वाला कोई बड़ा आयोजन है। पंच महायज्ञ नाम देने से तो यह अर्थ निकलता है कि अलगअलग - पाँच महायज्ञ का कोई सम्मिलित आयोजन हो रहा होगा। इसका तात्पर्य किसी अत्यधिक विशालकाय धर्मानुष्ठान जैसी व्यवस्था होने जैसा ही कुछ निकलता है। इतने छोटे कृत्य का नाम इतना बड़ा क्यों रखा गया?

यह वस्तुतः एक आश्चर्य का विषय है। नामकरण की यह विसंगत भूल ऋषियों ने कैसे कर डाली, यह बात अनबूझ पहेली जैसी लगती है। वस्तुस्थिति का पर्यवेक्षण करने से तथ्य सामने आ जाते हैं और प्रकट होता है कि यहाँ न कोई भूल हुई है और न कोई विसंगति है। अन्तर इतना ही है कि कृत्य के स्थान पर तथ्य को प्रमुखता दी गई है। दृश्य के स्थान पर रहस्य कोप्रेरणा - कोध्यान - में रखा गया है। साधारणतया दृश्य को, कृत्य को प्रमुखता देते हुए नामकरण किया जाता है, किन्तु बलि- वैश्व की पाँच आहुतियों के पीछे जो प्रतिपादन जुड़े हुए हैं, उन पाँचों को एक स्वतंत्र यज्ञ नहींमहायज्ञ - माना गया है। स्पष्टीकरण की दृष्टि से हर आहुति को एकएक - स्वतंत्र नाम भी दे दिया गया है। पाँच आहुतियों को जिन पाँच यज्ञों का नाम दिया गया है, उनमें शास्त्रीय मतभेद पाया जाता है। इन मतभेदों के मध्य अधिकांश की सहमति को ध्यान में रखा जाय, तो इनके नाम १. ब्रह्म यज्ञ २. देव यज्ञ ३. ऋषियज्ञ ४. नर यज्ञ ५. भूत यज्ञ ही प्रमुख रूप से रह जाते हैं। मोटी मान्यता यह है कि जिस देवता के नाम पर आहुति दी जाती है, वह उसे मिलती है, फलतः वह प्रसन्न होकर यज्ञकर्त्ता को सुखशांति - के लिए अभीष्ट वरदान प्रदान करते हैं। यहाँ देवता शब्द का तात्पर्य समझने में भूल होती रहती है। देवता किसी अदृश्य व्यक्ति जैसी सत्ता को माना जाता है, पर वस्तुतः बात वैसी है नहीं। देवों का तात्पर्य किन्हीं भाव शक्तियों से है, जो चेतना तरंगों की तरह इस संसार में एवं प्राणियों के अन्तराल में संव्याप्त रहती हैं। साधारणतया वे प्रसुप्त पड़ी रहती हैं और मनुष्य सत्शक्तियों से, सद्भावनाओं से और सम्प्रवृत्तियों से रहित दिखाई पड़ता है, इस प्रसुप्ति को जागृति में परिणत करने वाले प्रयासों को देवाराधन कहा जाता है। अनेकानेक धर्मानुष्ठान, योगसाधन -, तपविधान -, मंत्राराधन इन देव प्रवृत्तियों को प्रखर- सक्रिय बनाने के लिए ही किये जाते हैं। जो प्रतीक के माध्यम से प्रेरणाप्रयोजन - तक पहुँच जाते हैं, उन्हीं की देवपूजा सार्थक होती है। पंच महायज्ञों में जिन ब्रह्म, देव, ऋषि आदि का उल्लेख है, उनके निमित्त आहुति देने का अर्थ इन्हें अदृश्य व्यक्ति मानकर भोजन कराना नहीं, वरन् यह है कि इन शब्दों के पीछे जिन देव वृत्तियों का - सत्प्रवृत्तियों कासंकेत - है, उनके अभिवर्धन के लिए अंशदान करने की तत्परता अपनाई जाय।

१. **ब्रह्म यज्ञ का अर्थब्रह्म -** ज्ञान आत्मज्ञान की प्रेरणा। ईश्वर और जीव के बीच चलने वाली पारस्परिक आदानप्रदान - प्रक्रिया है।

२. **देव यज्ञ का उद्देश्य पशु** से मनुष्य तक पहुँचाने वाले प्रगति क्रम को आगे बढ़ाना । देवत्व के अनुरूप गुणकर्म - का विकास विस्तार। पवित्रता और उदारता का अधिकाधिक संवर्धन।

३. **ऋषि यज्ञ का तात्पर्य है** पिछड़ो - को उठाने में संलग्न करुणार्द्र जीवननीति। सदाशयता - संवर्धन की तपश्चर्या। पूर्व पुरुषों- ऋषियों के आदर्शों को आत्मसात् करना।

४. **नर यज्ञ की प्रेरणा है** मानवीय गरिमा के अनुरूप वातावरण एवं समाजव्यवस्था - का निर्माण। मानवी गरिमा का संरक्षण नीति और व्यवस्था का परिपालन, नर में नारायण का उत्पादन। विश्व मानव का श्रेयसाधन। -

५. **भूत यज्ञ की भावना है** प्राणी मात्र तक आत्मीयता का विस्तार- अन्याय जीवधारियों के प्रति सद्भावना पूर्ण व्यवहार। वृक्ष- वनस्पतियों तक के विकास का प्रयास।

इन पाँचों प्रवृत्तियों में व्यक्ति और समाज की सर्वतोमुखी प्रगति, पवित्रता और सुव्यवस्था के सिद्धान्त जुड़े हुए हैं। जीवनचर्या और समाज व्यवस्था में इन सिद्धान्तों का जिस अनुपात में समावेश होता जाएगा, उसी क्रम से सुखद परिस्थितियों का निर्माण निर्धारित होता चला जाएगा। बीज छोटा होता है, किन्तु उसका फलितार्थ विशाल वृक्ष बनकर सामने आता है। चिनगारी छोटी होती है, अनुकूल अवसर मिलने पर वही दावानल का रूप धारण कर लेती है। गणित के सूत्र छोटे से होते हैं, पर उनसे जटिलतायें सरल होती चली जाती हैं। अणुजीवाणु - तनिक से होते हैं, पर जब भी उन्हें अपना पराक्रम दिखाने का अवसर मिलता है, चमत्कारी प्रतिक्रिया उत्पन्न करते हैं। बलिवैश्व की पाँच आहुतियाँ का दृश्य स्वरूप तो अल्प है, पर उनमें जिन पाँच प्रेरणा सूत्रों का समावेश है, उन्हें व्यक्ति और समाज की सर्वतोमुखी प्रगति के आधारभूत सिद्धांत कहा जा सकता है। इनका निरंतर ध्यान रहे, इनके अनुरूप जीवन की नीति एवं समाज की व्यवस्था बनाने का प्रयत्न होता रहे, उसकी स्मृति हर रोज ताजी होती रहे, इसके लिए पाँच आहुतियाँ देकर पाँच आदर्शों की प्रतीक- पूजा को महत्त्वपूर्ण माना गया है। यज्ञकर्त्ता बलिवैश्व कर्म करते हुए इन पाँचों के अनुग्रहवरदान - की अपेक्षा करता है। यह आशा तब निस्संदेह पूरी हो सकती है, जब आहुतियों के पीछे जो उद्देश्य सन्निहित है, उन्हें व्यवहार में उतारा जाय। इन्हीं उत्कृष्टताओं का व्यापक प्रचलनअवलम्बन - इस पंच महायज्ञ प्रक्रिया का मूलभूत प्रयोजन है। बलिवैश्व को इन्हीं देवप्रेरणाओं - का प्रतीकप्रतिनिधि - माना जा सकता है। कहना न होगा कि यह आदर्श जिस अनुपात से अपनाये जायेंगे, उसी के अनुरूप व्यक्ति में देवत्व की मनःस्थिति और संसार में स्वर्गीय परिस्थिति का मंगलमय वातावरण दृष्टिगोचर होगा। युग परिवर्तन यही है। बलि- वैश्व की प्रेरणाएँ प्रकारान्तर से नवयुग की सुखद सम्भावनाओं का बीजारोपण करती हैं।

3.5 सारांश -

इस इकाई का अध्ययन करने के बाद आप कर्मकाण्ड में उद्धृत पंचमहायज्ञ से अवगत हो जायेंगे। सनातन परम्परा के आचार्यों ने गृहस्थ जीवन सुखमय एवं उत्तरोत्तर विकासशील हो इसके

लिये पंचमहायज्ञ का विधान बताया है । जिस गृहस्थ के द्वारा उसके दैनन्दिनी जीवन में पंचमहायज्ञ कर्म किया जाता है, उसका सर्वदा ही कल्याण होता है । ऐसा पूर्वाचार्यों ने प्रतिपादित किया है । हमारे प्राचीन ऋषि मुनियों ने दैनिक जीवन में कृत्य जिन कर्मों का शास्त्रों में उल्लेख किया है । उसे मानव यदि अपने जीवन में अपना ले तो उसका सर्वतोमुखी विकास हो सकेगा । अत: इस इकाई के अध्ययन के पश्चात् आप प्रात:कालीन नित्यकर्मविधि का विधिवत अध्ययन करेंगे ।

3.6 शब्दावली

पंचमहायज्ञ – पंचमहायज्ञ से तात्पर्य पॉच प्रकार के यज्ञों से है । यथा – ब्रह्म यज्ञ, देव यज्ञ, भूत यज्ञ, आदि ।

सर्वतोमुखी – सम्पूर्ण

यज्ञकर्ता – यज्ञ करने वाला

दृष्टिगोचर – चक्षुसन्निकर्ष ज्ञान

दैनन्दिनी – प्रतिदिन

3.7 बोध प्रश्नों के उत्तर –

1. घ
2. क
3. क
4. ख
5. ख

3.8 सन्दर्भ ग्रन्थ सूची

ग्रन्थ नाम	प्रकाशन
नित्यकर्म पूजाप्रकाश	गीताप्रेस गोरखपुर

भारतीय संस्कृति के आधारभूत तत्व – चौखम्भा प्रकाशन

कर्मकाण्ड प्रदीप – चौखम्भा प्रकाशन

3.9 निबन्धात्मक प्रश्न

1- पंच महायज्ञ से आप क्या समझते है । विस्तार से वर्णन कीजिये ?

2- गृहस्थों के पंच महायज्ञ कौन – कौन है । व्यावहारिक रूप में उनका क्या महत्व है, स्पष्ट कीजिये

इकाई – 4 वेदों का संक्षिप्त परिचय

इकाई की संरचना

4.1 प्रस्तावना

प्रस्तुत इकाई बी0ए0 कर्मकाण्ड के प्रथम पत्र के प्रथम खण्ड का चतुर्थ अध्याय **'वेदों का संक्षिप्त परिचय'** से सम्बन्धित है । इस इकाई में आप वेद सम्बन्धित जानकारी प्राप्त करेगें । "विद्" का अर्थ है: जानना, ज्ञान शब्द संस्कृत भाषा के "विद्" धातु से बना है। 'वेद' हिन्दू धर्म के प्राचीन पवित्र ग्रंथों का नाम है, इससे वैदिक संस्कृति प्रचलित हुई। ऐसी मान्यता है कि इनके मन्त्रों को परमेश्वर ने प्राचीन ऋषियों को अप्रत्यक्ष रूप से सुनाया था। इसलिए वेदों को श्रुति भी कहा जाता है। वेद प्राचीन भारत के वैदिककाल की वाचिक परम्परा की अनुपम कृति है जो पीढी दर पीढी पिछले चार-पाँच हज़ार वर्षों से चली आ रही है। वेद ही हिन्दू धर्म के सर्वोच्च और सर्वोपरि धर्मग्रन्थ हैं। वेद के मन्त्र भाग को संहिता कहते हैं।
इस इकाई में वेद सम्बन्धित विषयों का सम्यक् अध्ययन करेगें।

4.2 उद्देश्य

इस इकाई के अध्ययन के पश्चात् आप बता सकेंगे कि –

1. वेद क्या है तथा उनके कितने प्रकार है।
2. वेद के क्या महत्व है और इसे अपौरूषेय क्यों कहा जाता है।
3. उपवेद किसे कहते है।
4. वेद के कितने विभाग है तथा वेद ईश्वरीय देन है या मानव निर्मित।
5. उपनिषद् किसे कहते है।

4.3 वेदवाड्मय- परिचय एवं अपौरुषेयवाद

'सनातन धर्म' एवं 'भारतीय संस्कृति' का मूल आधार स्तम्भ विश्व का अतिप्राचीन और सर्वप्रथम वाड्मय **'वेद'** माना गया है। मानव जाति के लौकिक (सांसारिक) तथा पारमार्थिक अभ्युदय-हेतु प्राकट्य होने से वेद को अनादि एवं नित्य कहा गया है। अति प्राचीनकालीन महा तपा, पुण्यपुञ्ज ऋषियों के पवित्रतम अन्त:करण में वेद के दर्शन हुए थे, अत: उसका नाम 'वेद' प्राप्त हुआ। ब्रह्म का स्वरूप 'सत-चित-आनन्द' होने से ब्रह्म को वेद का पर्यायवाची शब्द कहा गया है। इसीलिये वेद लौकिक एवं अलौकिक ज्ञान का साधन है। 'तेने ब्रह्म हृदा य आदिकवये0'- तात्पर्य यह कि कल्प के प्रारम्भ में आदि कवि ब्रह्मा के हृदय में वेद का प्राकट्य हुआ।

- सुप्रसिद्ध वेदभाष्यकार महान पण्डित सायणाचार्य अपने वेदभाष्य में लिखते हैं कि 'इष्टप्राप्त्यनिष्टपरिहारयोरलौकिकमुपायं यो ग्रन्थो वेदयति स वेद:'
- निरूक्त कहता है कि 'विदन्ति जानन्ति विद्यन्ते भवन्ति'
- 'आर्यविद्यासुधाकर-' नामक ग्रन्थ में कहा गया है कि— वेदो नाम वेद्यन्ते ज्ञाप्यन्ते धर्मार्थकाममोक्षा अनेनेति व्युत्पत्त्या चतुर्वर्गज्ञानसाधनभूतो ग्रन्थविशेष॥:

- 'कामन्दकीय नीति' भी कहती है -'आत्मानमन्विच्छ।' 'यस्तं वेद स वेदवित्॥' कहने का तात्पर्य यह है कि आत्मज्ञान का ही पर्याय वेद है।
- रुति भगवती बतलाती है कि 'अनन्ता वै वेदा॥:' वेद का अर्थ है ज्ञान। ज्ञान अनन्त है, अत : भी अनन्त हैं। तथापि मुण्डकोपनिषद की मान्यता है वेद कि वेद चार हैं -'ऋग्वेदो यजुर्वेद : ॥:सामवेदो ऽथर्ववेद' इन वेदों के चार उपवेद इस प्रकार हैं—

आयुर्वेदो धनुर्वेदो गान्धर्वश्चेति ते त्रय:। स्थापत्यवेदमपरमुपवेदश्चतुर्विध:॥ उपवेदों के कर्ताओं में

1. **आयुर्वेद** के कर्ता धन्वन्तरि,
2. **धनुर्वेद** के कर्ता विश्वामित्र,
3. **गान्धर्ववेद** के कर्ता नारद मुनि और
4. **स्थापत्यवेद** के कर्ता विश्वकर्मा हैं।

मनुस्मृति में वेद ही श्रुति

मनुस्मृति कहती है- 'श्रुतिस्तु वेदो विज्ञेय:' 'आदिसृष्टिमारभ्याद्यपर्यन्तं ब्रह्मादिभि: सर्वा: सत्यविद्या: श्रूयन्ते सा श्रुति:॥' वेदकालीन महातपा सत्पुरुषों ने समाधि में जो महाज्ञान प्राप्त किया और जिसे जगत के आध्यात्मिक अभ्युदय के लिये प्रकट भी किया, उस महाज्ञान को 'श्रुति' कहते हैं।

श्रुति के दो विभाग हैं-

1. वैदिक और
2. तान्त्रिक -'श्रुतिश्च द्विविधा वैदिकी तान्त्रिकी च।'

तन्त्र मुख्य रूप से तीन प्रकार के माने गये है -

1. महानिर्वाणतन्त्र-,
2. नारदपाञ्चरात्रतन्त्र और-
3. कुलार्णवतन्त्र।-

वेद के दो विभाग हैं-

1. मन्त्र विभाग और
2. ब्राह्मण विभाग -'वेदो हि मन्त्रब्राह्मणभेदेन द्विविधा:'

वेद के मन्त्र विभाग को संहिता भी कहते हैं। संहितापरक विवेचन को 'आरण्यक' एवं संहितापरक भाष्य को 'ब्राह्मणग्रन्थ' कहते हैं। वेदों के ब्राह्मणविभाग में' आरण्यक' और 'उपनिषद'- का भी समावेश है। ब्राह्मणविभाग में 'आरण्यक' और 'उपनिषद'- का भी समावेश है। ब्राह्मणग्रन्थों की संख्या 13 है, जैसे ऋग्वेद के 2, यजुर्वेद के 2, सामवेद के 8 और अथर्ववेद के एक।

मुख्य ब्राह्मणग्रन्थ पाँच है -

1. ऐतरेय ब्राह्मण,
2. तैत्तिरीय ब्राह्मण,
3. तलवकार ब्राह्मण,

4. शतपथ ब्राह्मण और
5. ताण्डय ब्राह्मण।

उपनिषदों की संख्या 108 हैं, परन्तु मुख्य 12 माने गये हैं, जैसे-

1. ईश,
2. केन,
3. कठ,
4. प्रश्न,
5. मुण्डक,
6. माण्डूक्य,
7. तैत्तिरीय,
8. ऐतरेय,
9. छान्दोग्य,
10. बृहदारण्यक,
11. कौषीतकि और
12. श्वेताश्वतर।

वेद ईश्वरीय है या मानवनिर्मित -

वेद पौरुषेय ।(ईश्वरप्रणीत) है या अपौरुषेय (मानवनिर्मित) वेद का स्वरूप क्या है? इस महत्त्वपूर्ण प्रश्न का स्पष्ट उत्तर ऋग्वेद में इस प्रकार है-'वेद' परमेश्वर के मुख से निकला हुआ 'परावाक' है, वह 'अनादि' एवं 'नित्य' कहा गया है। वह अपौरुषेय ही है। इस विषय में मनुस्मृति कहती है कि अति प्राचीन काल के ऋषियों ने उत्कट तपस्या द्वारा अपने तप पूत हृदय में:'परावाक' वेदवाङ्मय का साक्षात्कार किया था, अत: वे मन्त्र द्रष्टा ऋषि कहलाये -'ऋषयो मन्त्रद्रष्टार।:'

बृहदारण्यकोपनिषद में उल्लेख है -'अस्य महतो भूतस्य निश्वसितमेतद्यदृग्वेदो यजुर्वेद: सामवेदोऽथर्वाग्डिरस।' अर्थात उन महान परमेश्वर के द्वारा -सृष्टि) प्राकट्य होने के साथ ही(–ऋग्वेद, यजुर्वेद, सामवेद और अथर्ववेद निश्वास: की तरह सहज ही बाहर प्रकट हुए। तात्पर्य यह है कि परमात्मा का निश्वास ही वेद है:। इसके विषय में वेद के महापण्डित सायणाचार्य अपने वेद भाष्य में लिखते हैं-

यस्य नि:श्वसितं वेदा यो वेदेभ्योऽखिलं जगत्।निर्ममे तमहं वन्दे विद्यातीर्थं महेश्वरम्।। सारांश यह कि वेद परमेश्वर का नि:श्वास है, अत: परमेश्वर द्वारा ही निर्मित है। वेद से ही समस्त जगत का निर्माण हुआ है। इसीलिये वेद को अपौरुषेय कहा गया है। सायणाचार्य के इन विचारों का समर्थन पाश्चात्य वेद विद्वान प्रो0 विल्सन, प्रो0 मैक्समूलर आदि ने अपने पुस्तकों में किया है।

प्रो0 विल्सन लिखते हैं कि 'सायणाचार्य का वेद विषयक ज्ञान अति विशाल और अति गहन है, जिसकी समकक्षता का दावा कोई भी यूरोपीय विद्वान नहीं कर सकता।'

प्रो0 मैक्समूलर लिखते हैं कि 'यदि मुझे सायणाचार्यरहित बृहद वेदभाष्य पढ़ने को नहीं मिलता तो मैं वेदार्थों के दुर्भेद्य क्रिला में प्रवेश ही नहीं पा सका होता।' इसी प्रकार पाश्चात्त्य वेद विद्वान वेबर, बेनफी, राथ, ग्राम्सन, लुडविग, ग्रिफिथ, कीथ तथा विंटरनित्ज आदि ने सायणाचार्य के वेद विचारों का ही प्रतिपादन किया है।

निरूक्तकार 'यास्काचार्य' भाषाशास्त्र के आद्यपण्डित माने गये हैं। उन्होंने अपने महाग्रन्थ वेदभाष्य में स्पष्ट लिखा है कि 'वेद अनादि, नित्य एवं अपौरुषेय ही है।(ईश्वरप्रणीत)' उनका कहना है कि 'वेद का अर्थ समझे बिना केवल वेदपाठ करना पशु की तरह पीठ पर बोझा ढोना ही है; क्योंकि अर्थज्ञानरहित शब्द नहीं दे सकता। जिसे (ज्ञान) प्रकाश (मन्त्र) वेदज्ञान हुआ है-मन्त्रों का अर्थ-, उसी का लौकिक एवं पारलौकिक कल्याण होता है।' ऐसे वेदार्थ ज्ञान का मार्ग दर्शक निरूक्त है।

जर्मनी के वेद विद्वान प्रो0 मैक्समूलर कहते हैं कि 'विश्व का प्राचीनतम वाङ्मय वेद ही है, जो दैविक एवं आध्यात्मिक विचारों को काव्यमय भाषा में अद्भुत रीति से प्रकट करने वाला कल्याणप्रदायक है। वेद परावाक है।' निऐसा -का निर्माण किया है (वेदवाणी) संदेह परमेश्वर ने ही परावाक: महाभारत में स्पष्ट कहा गया है-'अनादिनिधना विद्या वागुत्सृष्टा स्वयम्भुवा॥' अर्थात जिसमें से सर्वजगत उत्पन्न हुआ, ऐसी अनादि वेदरूप दिव्य वाणी का निर्माण जगन्निर्माता ने सर्वप्रथम किया।विद्या- ऋषि वेद मन्त्रों के कर्ता नहीं अपितु द्रष्टा ही थे -'ऋषयो मन्त्रद्रष्टार।:' निरूक्तकार ने भी कहा हैवेद मन्त्रों के - साक्षात्कार होने पर साक्षात्कारी को ऋषि कहा जाता है -'ऋषिर्दर्शनात्।' इससे स्पष्ट होता है कि वेद का कर्तृत्व अन्य किसी के पास नहीं होने से वेद ईश्वरप्रणीत ही है, अपौरुषेय ही है।

भारतीय दर्शन शास्त्र के मतानुसार शब्द को नित्य कहा गया है। वेद ने शब्द को नित्य माना है, अत: वेद अपौरुषेय है यह निश्चित होता है। निरूक्तकार कहते हैं कि 'नियतानुपूर्व्या नियतवाचो युक्तय।:' अर्थात शब्द नित्य है, उसका अनुक्रम नित्य है और उसकी उच्चारणपद्धति भी नित्य है-, इसीलिये वेद के अर्थ नित्य हैं। ऐसी वेदवाणी का निर्माण स्वयं परमेश्वर ने ही किया है।

शब्द की चार अवस्थाएँ मानी गयी हैं-

1. परा,
2. पश्यन्ती,
3. मध्यमा और
4. वैखरी।

ऋग्वेद-में इनके विषय में इस प्रकार कहा गया है -

चत्वारि वाक् परिमिता पदानि तानि विदुर्ब्राह्मणा ये मनीषिण:। गुहा त्रीणि निहिता नेग्डयन्ति तुरीयं वाचो मनुष्य वदन्ति॥ अर्थात वाणी के चार रूप होने से उन्हें ब्रह्मज्ञानी ही जानते हैं। वाणी के तीन रूप गुप्त हैं, चौथा रूप शब्दमय वेद के रूप में लोगों में प्रचारित होता है।

सूक्ष्मातिसूक्ष्मज्ञान को परावाक कहते हैं। उसे ही वेद कहा गया- है। इस वेदवाणी का साक्षात्कार महा तपस्वी ऋषियों को होने से इसे 'पश्यन्तीवाक' कहते हैं। ज्ञानस्वरूप वेद का आविष्कार शब्दमय है।

इस वाणी का स्थूल स्वरूप ही 'मध्यमावाक' है। वेदवाणी के ये तीनों स्वरूप अत्यन्त रहस्यमय हैं। चौथी 'वैखरीवाक' ही सामान्य लोगों की बोलचाल की है। शतपथ ब्राह्मण तथा माण्डूक्योपनिषद में कहा गया है कि वेद मन्त्र के प्रत्येक पद में, शब्द के प्रत्येक अक्षर में एक प्रकार का अद्भुत सामर्थ्य भरा हुआ है। इस प्रकार की वेद वाणी स्वयं परमेश्वर द्वारा ही निर्मित है, यह निशंक है।:
शिव पुराण में आया है कि ॐ के 'अ' कार, 'उ' कार, 'म' कार और सूक्ष्मनाद; इनमें से

1. ऋग्वेद,
2. यजुर्वेद,
3. सामवेद तथा
4. अथर्ववेद नि से ही निर्मित हुआ। -(ॐ) सृत हुए। समस्त वाङ्मय ओंकार:'ओंकारं बिंदुसंयुक्तम्' तो ईश्वररूप ही है।

श्रीमद् भगवद्गीता में भी ऐसा ही उल्लेख हैमयि सर्वमिदं प्रोतं सूत्रे मणिगणा इव॥-
श्रीमद्भागवत में तो स्पष्ट कहा गया है ।:ह्यधर्मस्तद्विपर्यय वेदप्रणिहितो धर्मो -वेदो नारायणसाक्षात् : स्वयम्भूरिति शुश्रुम॥ अर्थात वेद भगवान ने जिन कार्यों को करने की आज्ञा दी है वह धर्म है और उससे विपरीत करना अधर्म है। वेद नारायण रूप में स्वयं प्रकट हुआ है, ऐसा श्रुति में कहा गया है।
श्रीमद्भागवत में ऐसा भी वर्णित है। श्रद्धा दया तितिक्षा च :शम :सत्यं दम :विप्रा गावश्च वेदाश्च तप - ॥:क्रतवश्च हरेस्तनू अर्थात वेदज्ञ ब्राह्मण (सदाचारी भी), दुधारू गाय, **वेद**, तप, सत्य, दम, शम, श्रद्धा, दया, सहनशीलता और यज्ञ- ये श्रीहरि के स्वरूप है ।
मनुस्मृति वेद को धर्म का मूल बताते हुए कहती है वेदोऽखिलो धर्ममूलं स्मृतिशीले च तद्विदाम्। - आचारश्चैव साधूनामात्मनस्तुष्टिरेव च ॥अर्थात समग्र वेद एवं वेदज्ञ मनु, पराशर, याज्ञवल्क्य आदि - की स्मृति, शील, आचार, साधु ये सभी धर्मो के मूल हैं।-के आत्मा का संतोष -(धार्मिक) याज्ञवल्क्यस्मृति में भी कहा गया है :। स्म्यक्संकल्पज:स्वस्य च प्रियमात्मन :सदाचार :स्मृति :श्रुति - कामो धर्ममूलमिदं स्मृतम्॥अर्थात श्रुति, स्मृति, सत्पुरुषों का आचार, अपने आत्मा की प्रीति और उत्तम संकल्प से हुआ ये पाँच धर्म के मूल हैं। इसीलिये -काम (धर्माविरूद्ध) भारतीय संस्कृति में वेद सर्वश्रेष्ठ स्थान पर है। वेद का प्रामाण्य त्रिकालाबाधित है।

वेद के प्रकार -

ऋग्वेद :वेदों में सर्वप्रथम ऋग्वेद का निर्माण हुआ । यह पद्यात्मक है । यजुर्वेद गद्यमय है और सामवेद गीतात्मक है। ऋग्वेद में मण्डल 10 हैं,1028 सूक्त हैं और 11 हज़ार मन्त्र हैं । इसमें 5 शाखायें हैं - शाकल्प, वास्कल, अश्वलायन, शांखायन, मंडूकायन । ऋग्वेद के दशम मण्डल में औषधि सूक्त हैं। इसके प्रणेता अर्थशास्त्र ऋषि है। इसमें औषधियों की संख्या 125 के लगभग निर्दिष्ट की गई है जो कि 107 स्थानों पर पायी जाती है। औषधि में सोम का विशेष वर्णन है। ऋग्वेद में च्यवनऋषि को पुनः युवा करने का कथानक भी उद्धृत है और औषधियों से रोगों का नाश करना भी

समाविष्ट है। इसमें जल चिकित्सा, वायु चिकित्सा, सौर चिकित्सा, मानस चिकित्सा एवं हवन द्वारा चिकित्सा का समावेश है

सामवेद : चार वेदों में सामवेद का नाम तीसरे क्रम में आता है। पर ऋग्वेद के एक मन्त्र में ऋग्वेद से भी पहले सामवेद का नाम आने से कुछ विद्वान वेदों को एक के बाद एक रचना न मानकर प्रत्येक का स्वतंत्र रचना मानते हैं। सामवेद में गेय छंदों की अधिकता है जिनका गान यज्ञों के समय होता था। 1824 मन्त्रों कें इस वेद में 75 मन्त्रों को छोड़कर शेष सब मन्त्र ऋग्वेद से ही संकलित हैं। इस वेद को संगीत शास्त्र का मूल माना जाता है। इसमें सविता, अग्नि और इन्द्र देवताओं का प्राधान्य है। इसमें यज्ञ में गाने के लिये संगीतमय मन्त्र हैं, यह वेद मुख्यतः गन्धर्व लोगो के लिये होता है। इसमें मुख्य 3 शाखायें हैं, 75 ऋचायें हैं और विशेषकर संगीतशास्त्र का समावेश किया गया है।

यजुर्वेद : इसमें यज्ञ की असल प्रक्रिया के लिये गद्य मन्त्र हैं, यह वेद मुख्यतः क्षत्रियो के लिये होता है। यजुर्वेद के दो भाग हैं –

1. कृष्ण : वैशम्पायन ऋषि का सम्बन्ध कृष्ण से है। कृष्ण की चार शाखायें है।
2. शुक्ल : याज्ञवल्क्य ऋषि का सम्बन्ध शुक्ल से है। शुक्ल की दो शाखायें हैं। इसमें 40 अध्याय हैं। यजुर्वेद के एक मन्त्र में 'ब्रीहिधान्यों' का वर्णन प्राप्त होता है। इसके अलावा, दिव्य वैद्य एवं कृषि विज्ञान का भी विषय समाहित है।

अथर्ववेद : इसमें जादू, चमत्कार, आरोग्य, यज्ञ के लिये मन्त्र हैं, यह वेद मुख्यतः व्यापारियों के लिये होता है। इसमें 20 काण्ड हैं। अथर्ववेद में आठ खण्ड आते हैं जिनमें भेषज वेद एवं धातु वेद ये दो नाम स्पष्ट प्राप्त हैं। वेद मानव सभ्यता के लगभग सबसे पुराने लिखित दस्तावेज हैं! वेद ही हिन्दू धर्म के सर्वोच्च और सर्वोपरि धर्मग्रन्थ हैं! सामान्य भाषा में वेद का अर्थ है "ज्ञानज्ञान :वस्तुत ! " रूपी-मन के अज्ञान-वह प्रकाश है जो मनुष्य अन्धकार को नष्ट कर देता है वेदों को इतिहास का ! ऐसा स्रोत कहा गया है जो पोराणिक ज्ञानवेद शब्द संस्कृत के विद ! विज्ञानं का अथाह भंडार है-शब्द से निर्मित है अर्थात इस एक मात्र शब्द में ही सभी प्रकार का ज्ञान समाहित है प्राचीन भारतीय ! ऋषि जिन्हें मंत्रद्रिष्ट कहा गया है, उन्हें मंत्रो के गूढ़ रहस्यों को ज्ञान कर, समझ कर, मनन कर उनकी अनुभूति कर उस ज्ञान को जिन ग्रंथो में संकलित कर संसार के समक्ष प्रस्तुत किया वो प्राचीन ग्रन्थ "वेदकहलाये "। एक ऐसी भी मान्यता है कि इनके मन्त्रों को परमेश्वर ने प्राचीन ऋषियों को अप्रत्यक्ष रूप से सुनाया थाइसलिए वेदों को श्रुति भी ! कहा जाता है। इस जगत, जीवन एवं परमपिता परमेश्वर इन सभी का वास्तविक ज्ञान "वेद"में ही प्राप्त होता है।

बोध प्रश्न

1. वेद शब्द किस धातु से बना है ।

क. दा ख. विद् ग. भू घ. दृश

2. सम्पूर्ण वैदिक धर्म कितने भागों में विभक्त है।

क. 3 ख. 4 ग. 5 घ. 6

3. वेद शब्द में कौन सा प्रत्यय है।

क. गर ख. घञ् प्रत्यय ग. ल्युट घ. कोई नहीं

4. वेदों की संख्या कितनी है ।

क. 3 ख. 4 ग. 5 घ. 6

5. आर्य समाज की स्थापना किसने की थी।

क. राजा राम मोहन राय ख. महर्षि दयानन्द ग. विवेकानन्द घ. रामकृष्ण परमहंस

वेद क्या हैं ?

वेद भारतीय संस्कृति के वे ग्रन्थ हैं, जिनमें ज्योतिष, गणित, विज्ञान, धर्म, औषधि, प्रकृति, खगोलशास्त्र आदि लगभग सभी विषयों से सम्बंधित ज्ञान का भंडार भरा पड़ा है। वेद हमारी भारतीय संस्कृति की रीढ़ हैं। इनमे अनिष्ट से सम्बन्धित उपाय तथा जो इच्छा हो उसके अनुसार उसे प्राप्त करने के उपाय संग्रहीत है। लेकिन जिस प्रकार किसी भी कार्य में मेहनत लगती है, उसी प्रकार इन रत्न रूपी वेदों का श्रमपूर्वक अध्यन करके ही इनमे संकलित ज्ञान को मनुष्य प्राप्त कर सकता है।

वेद मंत्रो का संकलन और वेदों की संख्या

ऐसी मान्यता है की वेद प्रारंभ में एक ही था और उसे पढने के लिए सुविधानुसार चार भागो में विभग्त कर दिया गया ! ऐसा श्रीमदभागवत में उल्लेखित एक श्लोक द्वारा ही स्पष्ट होता है ! इन वेदों में हजारों मन्त्र और रचनाएँ हैं जो एक ही समय में संभवत: नहीं रची गयी होंगी और न ही एक ऋषि द्वारा ! इनकी रचना समय-समय पर ऋषियों द्वारा होती रही और वे एकत्रित होते गए।

शतपथ ब्राह्मण के श्लोक के अनुसार अग्नि, वायु और सूर्य ने तपस्या की और ऋग्वेद, यजुर्वेद, सामवेद और अथर्ववेद को प्राप्त किया।

प्रथम तीन वेदों को अग्नि, वायु और सूर्य से जोड़ा गया है। इन तीनो नामों के ऋषियों से इनका सम्बन्ध बताया गया है, क्योंकि इसका कारण यह है की अग्नि उस अंधकार को समाप्त करती है जो अज्ञान का अँधेरा है। इस कारण यह ज्ञान का प्रतीक मन गया है। वायु प्राय: चलायमान है। उसका कम चलना (बहना) है। इसका तात्पर्य है की कर्म अथवा कार्य करते रहना। इसलिए यह कर्म से सम्बंधित है। सूर्य सबसे तेजयुक्त है जिसे सभी प्रणाम करते हैं ! नतमस्तक होकर उसे पूजते हैं। इसलिए कहा गया है की वह पूजनीय अर्थात उपासना के योग्य है ! एक ग्रन्थ के अनुसार ब्रम्हाजी के चार मुखो से चारो वेदों की उत्पत्ति हुई।

१. ऋग्वेद

ऋग्वेद सबसे पहला वेद है। इसमें धरती की भौगोलिक स्थिति, देवताओं के आवाहन के मन्त्र है। इस वेद में 1028 ऋचायें (मंत्र) और 10 मंडल (अध्याय) है। ऋग्वेद की ऋचाओं में देवताओं की प्रार्थना, स्तुतियाँ और देवलोक में उनकी स्थिति का वर्णन है।

२. यजुर्वेद

यजुर्वेद में यज्ञ की विधियाँ और यज्ञों में प्रयोग किए जाने वाले मंत्र हैं। यज्ञ के अलावा तत्वज्ञान का वर्णन है। इस वेद की दो शाखाएँ हैं शुक्ल और कृष्ण। 40 अध्यायों में 1975 मंत्र हैं।

३. सामवेद

साम अर्थात रूपांतरण और संगीत। सौम्यता और उपासना। इस वेद में ऋग्वेद की ऋचाओं (मंत्रों) का संगीतमय रूप है। इसमें मूलत: संगीत की उपासना है। इसमें 1875 मंत्र है।

४. अथर्ववेद

इस वेद में रहस्यमय विद्याओं के मंत्र हैं, जैसे जादू, चमत्कार, आयुर्वेद आदि। यह वेद सबसे बड़ा है, इसमें 20 अध्यायों में 5687 मंत्र है।

वेद प्राचीन भारत में रचित साहित्य हैं जो हिन्दुओं के प्राचीनतम और आधारभूत धर्मग्रन्थ भी हैं। भारतीय संस्कृति में सनातन धर्म के मूल और सब से प्राचीन ग्रन्थ हैं जिन्हें ईश्वर की वाणी समझा जाता है। वेदों को अपौरुषेय (जिसे कोई व्यक्ति न कर सकता हो, यानि ईश्वर कृत) माना जाता है तथा ब्रह्मा को इनका रचयिता माना जाता है। इन्हें श्रुति भी कहते हैं जिसका अर्थ है 'सुना हुआ'। अन्य हिन्दू ग्रंथों को स्मृति कहते हैं यानि मनुष्यों की बुद्धि या स्मृति पर आधारित। ये विश्व के उन प्राचीनतम धार्मिक ग्रंथों में हैं जिनके मन्त्र आज भी इस्तेमाल किये जाते हैं। 'वेद' शब्द संस्कृत भाषा के "विद्" धातु से बना है, इस तरह वेद का शाब्दिक अर्थ विदित यानि ज्ञान के ग्रंथ हैं। आज चतुर्वेदों के रूप में ज्ञात इन ग्रंथों का विवरण इस प्रकार है –

ऋग्वेद -इसमें देवताओं का आह्वान करने के लिये मन्त्र हैं।

सामवेद -इसमें यज्ञ में गाने के लिये संगीतमय मन्त्र हैं।

यजुर्वेद - इसमें यज्ञ की असल प्रक्रिया के लिये गद्य मन्त्र हैं।

अथर्ववेद -इसमें जादू, चमत्कार, आरोग्य, यज्ञ के लिये मन्त्र हैं।

वेद के असल मन्त्र भाग को संहिता कहते हैं। वैदिक साहित्य के अन्तर्गत उपर लिखे सभी वेदों के कई उपनिषद, आरण्यक तथा उपवेद आदि भी आते जिनका विवरण नीचे दिया गया है। इनकी भाषा संस्कृत है जिसे अपनी अलग पहचान के अनुसार **वैदिक संस्कृत** कहा जाता है - इन संस्कृत शब्दों के प्रयोग और अर्थ कालान्तर में बदल गए या लुप्त हो गए माने जाते हैं। ऐतिहासिक रूप से प्राचीन भारत और हिन्द-आर्य जाति के बारे में इनको एक अच्छा संदर्भ माना जाता है। संस्कृत भाषा के प्राचीन रूप को लेकर भी इनका साहित्यिक महत्व बना हुआ है।

वेदों को समझना प्राचीन काल में भारतीय और बाद में विश्व भर में एक विवाद का विषय रहा है। प्राचीन काल में, भारत में ही, इसी विवेचना के अंतर के कारण कई मत बन गए थे। मध्ययुग में भी इसके भाष्य (अनुवाद और व्याख्या) को लेकर कई शास्त्रार्थ हुए। कई लोग इसमें वर्णित चरित्रों देव को पूज्य और मूर्ति रूपक आराध्य समझते हैं जबकि दयानन्द सरस्वती सहित अन्य कईयों का मत है कि इनमें वर्णित चरित्र (जैसे अग्नि, इंद्र आदि) एकमात्र ईश्वर के ही रूप और नाम हैं। इनके अनुसार

देव शब्द का अर्थ है ईश्वर की शक्ति (और नाम) ना कि मूर्ति-पूजनीय आराध्य रूप । मध्यकाल में रचित व्याख्याओं में सायण का रचा भाष्य बहुत मान्य है । प्राचीन काल के जैमिनी, व्यास इत्यादि ऋषियों को वेदों का अच्छा ज्ञाता माना जाता है । यूरोप के विद्वानों का वेदों के बारे में मत हिन्द-आर्य जाति के इतिहास की जिज्ञासा से प्रेरित रही है । ईरान और भारत में *आर्य* शब्द के अर्थ में थोड़ी भिन्नता पाई जाती है । जहाँ ये ईरान में ईरानी जाति का द्योतक है वहीं भारत में ये कुशल, शिक्षित और संपूर्ण पुरुष को जताता है । अठारहवीं सदी उपरांत यूरोपियनों के वेदों और उपनिषदों में रूचि आने के बाद भी इनके अर्थों पर विद्वानों में असहमति बनी रही है । प्राचीन काल से भारत में वेदों के अध्ययन और व्याख्या की परम्परा रही है । हिन्दू धर्म अनुसार आर्षयुग में ब्रह्माऋषि से लेकर जैमिनि तक के ऋषि-मुनियोंने शब्दप्रमाण के रूप में इन्हीं को माने हैं और इनके आधार पर अपने ग्रन्थों का निर्माण भी किये हैं । व्यास, पाणिनी आदि को प्राचीन काल के वेदवेत्ता कहते हैं । वेदों के विदित होने यानि सात ऋषियों के ध्यान में आने के बाद इनकी व्याख्या करने की परम्परा रही है । इसी के फलस्वरूप ब्राह्मण, आरण्यक, उपनिषद्, इतिहास आदि महाग्रन्थ वेदों का व्याख्यान स्वरूप रचे गए । प्राचीन काल और मध्ययुग में शास्त्रार्थ इसी व्याख्या और अर्थांतर के कारण हुए हैं । मुख्य विषय - देव, अग्नि, रूद्र, विष्णु, मरुत, सरस्वती इत्यादि जैसे शब्दों को लेकर हुए । वेदवेत्ता महर्षि स्वामी दयानन्द सरस्वती के विचार में ज्ञान, कर्म, उपासना और विज्ञान वेदों के विषय हैं। जीव, ईश्वर, प्रकृति इन तीन अनादि नित्य सत्ताओं का निज स्वरूप का ज्ञान केवल वेद से ही उपलब्ध होता है ।

ऋषिदेव:कोटी कणाद "तद्वचनादाम्नायस्य प्राणाण्यम्" और "बुद्धिपूर्वा वाक्यकृतिर्वेदे" कहकर वेद को दर्शन और विज्ञान का भी स्रोत माना है। हिन्दू धर्म अनुसार सबसे प्राचीन नियमविधाता महर्षि मनु ने कहा वेदोऽखिलो धर्ममूलम् - खिलरहित वेद अर्थात् मूल संहिता रूप वेद धर्मशास्त्र का आधार है ।

न केवल धार्मिक किन्तु ऐतिहासिक दृष्टि से भी वेदों का असाधारण महत्त्व है। वैदिक युग के आर्यों की संस्कृति और सभ्यता जानने का एक साधन है । मानव-जाति और विशेषतः आर्यों ने अपने शैशव में धर्म और समाज का किस प्रकार विकास किया इसका ज्ञान वेदों से मिलता है। विश्व के वाङ्मय में इनसे प्राचीनतम कोई पुस्तक नहीं है ।आर्य-भाषाओं का मूलस्वरूप निर्धारित करने में वैदिक भाषा अत्यधिक सहायक सिद्ध हुई है। यूरोप के कई विद्वानों ने संस्कृत और आर्यभाषाओं और जाति के बारे में जानने के लिए वेदों का अध्ययान किया है । मैक्समूलर जैसे विद्वानों ने इनके अध्ययन के बाद संस्कृत भाषा और यूरोपीय शब्दों और व्याकरण का विश्लेषण किया था । इनके अनुसार लैटिन, ग्रीक, जर्मन आदि सहित कई यूरोपीय, फ़ारसी और संस्कृत का मूल एक रहा होगा । इस सिद्धांत के प्रमाण लिए कई शब्दों का उल्लेख किया जाता है।

इसी प्रकार पिता, माता, भाई, पानी इत्यादि जैसे शब्दों के लिए भी समान शब्द मिलते हैं । लेकिन कई शब्दों के बिल्कुल मेल नहीं खाने जैसे कारणों से इस सिद्धांत को संपूर्ण मान्यता नहीं मिली है । सिंधु घाटी सभ्यता के विनाश का एक कारण आर्य जाति का आक्रमण माना जाता है । लगभग इसी

समय 1900 ईसापूर्व में यूनान और ईरान में एक नई मानव जाति के आगमन के चिह्न मिलते हैं। लेकिन पक्के प्रमाणों की कमी की वजह से ये नहीं सिद्ध हो पाया है कि ये वास्तव में एक ही मूल से निकली मानव जाति के समूह थे या नहीं।

वैदिक वाङ्मय और विभाजन

वर्तमान काल में वेद चार माने जाते हैं। परन्तु इन चारों को मिलाकर एक ही 'वेद ग्रंथ' समझा जाता था।

एक एव पुरा वेदसर्ववाङ्मय :प्रणव : - महाभारत

बाद में वेद को पढ़ना बहुत कठिन प्रतीत होने लगा, इसलिए उसी एक वेद के तीन या चार विभाग किए गए। तब उनको 'वेदत्रयी' अथवा 'चतुर्वेद' कहने लगे।

द्वापरयुग की समाप्ति के पूर्व वेदों के उक्त चार विभाग अलग-अलग नहीं थे। उस समय तो ऋक्, यजुः और साम - इन तीन शब्द-शैलियों की संग्रहात्मक एक विशिष्ट अध्ययनीय शब्द-राशि ही वेद कहलाती थी। वेद के पठन-पाठन के क्रम में गुरुमुख से श्रवण एवं याद करने का वेद के संरक्षण एवं सफलता की दृष्टि से अत्यन्त महत्त्व है। इसी कारण वेद को ''श्रुति'' भी कहते हैं। वेद परिश्रमपूर्वक अभ्यास द्वारा संरक्षणीय है, इस कारण इसका नाम ''आम्नाय'' भी है।

द्वापरयुग की समाप्ति के समय श्रीकृष्णद्वैपायन वेदव्यास जी ने यज्ञानुष्ठान के उपयोग को दृष्टिगत उस एक वेद के चार विभाग कर दिये और इन चारों विभागों की शिक्षा चार शिष्यों को दी। ये ही चार विभाग ऋग्वेद, यजुर्वेद, सामवेद और अथर्ववेद के नाम से प्रसिद्ध है। पैल, वैशम्पायन, जैमिनि और सुमन्तु नामक -चार शिष्यों को क्रमशः ऋग्वेद, यजुर्वेद, सामवेद और अथर्ववेद की शिक्षा दी। इन चार शिष्यों ने शाकल आदि अपने भिन्न-भिन्न शिष्यों को पढ़ाया। इन शिष्यों के द्वारा अपने-अपने अधीत वेदों के प्रचार व संरक्षण के कारण वे शाखाएँ उन्हीं के नाम से प्रसिद्ध हैं। **वेदों को तीन भागों में बांटा जा सकता है - ज्ञानकाण्ड, उपासनाकाण्ड और कर्मकाण्ड।**

वेदत्रयी

विश्व में शब्द-प्रयोग की तीन शैलियाँ होती है; जो पद्य (कविता), गद्य और गानरुप से प्रसिद्ध हैं। पद्य में अक्षर-संख्या तथा पाद एवं विराम का निश्चित नियम होता है। अतः निश्चित अक्षर-संख्या तथा पाद एवं विराम वाले वेद-मन्त्रों की संज्ञा 'ऋक्' है। जिन मन्त्रों में छन्द के नियमानुसार अक्षर-संख्या तथा पाद एवं विराम ऋषिदृष्ट नहीं है, वे गद्यात्मक मन्त्र 'यजुः' कहलाते हैं और जितने मन्त्र गानात्मक हैं, वे मन्त्र ''साम'' कहलाते हैं। इन तीन प्रकार की शब्द-प्रकाशन-शैलियों के आधार पर ही शास्त्र एवं लोक में वेद के लिये 'त्रयी' शब्द का भी व्यवहार किया जाता है। वेदों के मंत्रों के 'पद्य, गद्य और गान' ऐसे तीन विभाग होते हैं। हर एक भाषा के ग्रंथों में पद्य, गद्य और गान ऐसे तीन भाग होते ही हैं। वैसे ही ये वैदिक वाङ्मय के तीन भाग है-

१- वेद का पद्य भाग (**ऋग्वेद, अथर्ववेद)**

२- वेद का गद्य भाग (**यजुर्वेद)**

३- वेद का गायन भाग (**सामवेद)**

इनको 'वेदत्रयी' कहते हैं, अर्थात् ये वेद के तीन विभाग हैं। ऋग्वेद, यजुर्वेद और सामवेद यह 'त्रयी विद्या' है। इसका भाव यह है कि ऋग्वेद पद्यसंग्रह है, यजुर्वेद गद्यसंग्रह है और सामवेद गानसंग्रह है। इस ऋक्संग्रह में अथर्ववेद सम्मिलित है, ऐसा समझना चाहिए। इसका कारण यह है कि अथर्ववेद भी पद्यसंग्रह ही है ।

यजुर्वेद गद्यसंग्रह है, अत: इस यजुर्वेद में जो ऋग्वेद के छंदोबद्ध मंत्र हैं, उनको भी यजुर्वेद पढ़ने के समय गद्य जैसा ही पढ़ा जाता है।

चतुर्वेद

वेद चार हैं- ऋग्वेद, यजुर्वेद, सामवेद एवं अथर्ववेद। प्रत्येक वेद की अनेक शाखाएं बतायी गयी हैं। यथा ऋग्वेद की 21, यजुर्वेद की 101, सामवेद की 1001, अर्थववेद की 91 इस प्रकार 1131 शाखाएं हैं परन्तु 12 शाखाएं ही मूल ग्रन्थों में उपलब्ध हैं। वेद की प्रत्येक शाखा की वैदिक शब्द राशि चार भागों में उपलब्ध है। 1. संहिता 2. ब्राह्मण 3. आरण्यक 4. उपनिषद्। इनमें संहिता को ही वेद माना जाता है। शेष वेदों के व्याख्या ग्रन्थ हैं (नीचे विवरण दिया गया है) ।

ऋग्वेद

ऋग्वेद को चारों वेदों में सबसे प्राचीन माना जाता है। इसको दो प्रकार से बाँटा गया है। प्रथम प्रकार में इसे 10 मण्डलों में विभाजित किया गया है। मण्डलों को सूक्तों में, सूक्त में कुछ ऋचाएं होती हैं। कुल ऋचाएं 1052 हैं। दूसरे प्रकार से ऋग्वेद में 64 अध्याय हैं। आठ-आठ अध्यायों को मिलाकर एक अष्टक बनाया गया है। ऐसे कुल आठ अष्टक हैं। फिर प्रत्येक अध्याय को वर्गों में विभाजित किया गया है। वर्गों की संख्या भिन्न-भिन्न अध्यायों में भिन्न भिन्न ही है। कुल वर्ग संख्या 2024 है। प्रत्येक वर्ग में कुछ मंत्र होते हैं। सृष्टि के अनेक रहस्यों का इनमें उद्घाटन किया गया है। पहले इसकी 21 शाखाएं थी, परन्तु वर्तमान में इसकी शाकल शाखा का ही प्रचार है।

यजुर्वेद

इसमें गद्य और पद्य दोनों ही हैं। इसमें यज्ञ कर्म की प्रधानता है। प्राचीन काल में इसकी 101 शाखाएं थीं परन्तु वर्तमान में केवल पांच शाखाएं हैं - काठक, कपिष्ठल, मैत्रायणी, तैत्तिरीय, वाजसनेयी। इस वेद के दो भेद हैं - कृष्ण यजुर्वेद और शुक्ल यजुर्वेद। कृष्ण यजुर्वेद का संकलन महर्षि वेद व्यास ने किया है। इसका दूसरा नाम तैत्तिरीय संहिता भी है। इसमें मंत्र और ब्राह्मण भाग मिश्रित हैं। शुक्ल यजुर्वेद - इसे सूर्य ने याज्ञवल्क्य को उपदेश के रूप में दिया था। इसमें 15 शाखाएं थीं परन्तु वर्तमान में माध्यन्दिन को जिसे वाजसनेयी भी कहते हैं प्राप्त हैं। इसमें 40 अध्याय, 303 अनुवाक एवं 1975 मंत्र हैं। अन्तिम चालीसवां अध्याय ईशावास्योपनिषद है।

सामवेद

यह गेय ग्रन्थ है। इसमें गान विद्या का भण्डार है, यह भारतीय संगीत का मूल है। ऋचाओं के गायन

को ही साम कहते हैं। इसकी 1001 शाखाएं थीं। परन्तु आजकल तीन ही प्रचलित हैं - कोथुमीय, जैमिनीय और राणायनीय। इसको पूर्वार्चिक और उत्तरार्चिक में बांटा गया है। पूर्वार्चिक में चार काण्ड हैं - आग्नेय काण्ड, ऐन्द्र काण्ड, पवमान काण्ड और आरण्य काण्ड। चारों काण्डों में कुल 640 मंत्र हैं। फिर महानाम्न्यार्चिक के 10 मंत्र हैं। इस प्रकार पूर्वार्चिक में कुल 650 मंत्र हैं। छः प्रपाठक हैं। उत्तरार्चिक को 21 अध्यायों में बांटा गया। नौ प्रपाठक हैं। इसमें कुल 1225 मंत्र हैं। इस प्रकार सामवेद में कुल 1875 मंत्र हैं। इसमें अधिकतर मंत्र ऋग्वेद से लिए गए हैं। इसे उपासना का प्रवर्तक भी कहा जा सकता है।

अथर्ववेद

इसमें गणित, विज्ञान, आयुर्वेद, समाज शास्त्र, कृषि विज्ञान, आदि अनेक विषय वर्णित हैं। कुछ लोग इसमें मंत्र-तंत्र भी खोजते हैं। यह वेद जहां ब्रह्म ज्ञान का उपदेश करता है, वहीं मोक्ष का उपाय भी बताता है। इसे ब्रह्म वेद भी कहते हैं। इसमें मुख्य रूप में अथर्वण और आंगिरस ऋषियों के मंत्र होने के कारण अथर्व आंगिरस भी कहते हैं। यह 20 काण्डों में विभक्त है। प्रत्येक काण्ड में कई-कई सूत्र हैं और सूत्रों में मंत्र हैं। इस वेद में कुल 5977 मंत्र हैं। इसकी आजकल दो शाखाएं शौणिक एवं पिप्पलाद ही उपलब्ध हैं। अथर्ववेद का विद्वान् चारों वेदों का ज्ञाता होता है। यज्ञ में ऋग्वेद का होता देवों का आह्वान करता है, सामवेद का उद्गाता सामगान करता है, यजुर्वेद का अध्वर्यु देव:कोटीकर्म का वितान करता है तथा अथर्ववेद का ब्रह्म पूरे यज्ञ कर्म पर नियंत्रण रखता है।

चार उपवेद

1. स्थापत्यवेद इसमे स्थापत्यकला के विष्य मे जिसे वास्तु शास्त्र या वास्तुकला भी कहा जाता है। इसके अन्तर्गेत आता है।
2. धनुर्वेद
3. गन्धर्वेद
4. आयुर्वेद

वैदिक साहित्य के चार भाग

उपर वर्णित प्रत्येक वेद के चार भाग होते हैं। पहले भाग (संहिता) के अलावा हरेक में टीका अथवा भाष्य के तीन स्तर होते हैं। वे है -

- संहिता (मन्त्र भाग
- ब्राह्मणग्रन्थ- (गद्य में कर्मकाण्ड की विवेचना
- आरण्यक (कर्मकाण्ड के पीछे के उद्देश्य की विवेचना
- उपनिषद (परमेश्वर, परमात्मा-ब्रह्म और आत्मा के स्वभाव और सम्बन्ध का बहुत ही दार्शनिक और ज्ञानपूर्वक वर्णन

वेद की संहिताओं में मंत्राक्षरों में खड़ी तथा आड़ी रेखायें लगाकर उनके उच्च, मध्यम, या मन्द

संगीतमय स्वर उच्चारण करने के संकेत किये गये हैं। इनको **उदात्त**, **अनुदात्त** ओर **स्वारित** के नाम से अभिगित किया गया हैं। ये स्वर बहुत प्राचीन समय से प्रचलित हैं और महामुनि पतंजलि ने अपने महाभाष्य में इनके मुख्य मुख्य नियमों का समावेश किया है।

स्वरों को अधिक या न्यून रूप से बोले जाने के कारण इनके भी दो-दो भेद हो जाते हैं। जैसे उदात्त-उदात्ततर, अनुदात्त-अनुदात्ततर, स्वरित-स्वरितोदात्त। इनके अलावे एक और स्वर माना गया है - एक श्रुति - इसमें तीनों स्वरों का मिलन हो जाता है। इस प्रकार कुल स्वरों की संख्या ७ हो जाती है। इन सात स्वरों में भी आपस में मिलने से स्वरों में भेद हो जाता है जिसके लिए स्वर चिह्नों में कुछ परिवर्तन हो जाता है। यद्यपि इन स्वरों के अंकण और टंकण में कई विधियाँ प्रयोग की जाती हैं और प्रकाशक-भाष्यकारों में कोई एक विधा सामान्य नहीं है, अधिकांश स्थानों पर अनुदात्त के लिए अक्षर के नीचे एक आड़ी लकीर तथा स्वरित के लिए अक्षर के ऊपर एक खड़ी रेखा बनाने का नियम है। उदात्त का अपना कोई चिह्न नहीं है। इससे अंकण में समस्या आने से कई लेखक-प्रकाशक स्वर चिह्नों का प्रयोग ही नहीं करते।

वेदों का विभाजन

आधुनिक विचारधारा के अनुसार चारों वेदों की शब्द-राशि के विस्तार में तीन दृष्टियाँ पायी जाती है-

- याज्ञिक,
- प्रायोगिक और
- साहित्यिक दृष्टि

याज्ञिक दृष्टि

इसके अनुसार वेदोक्त यज्ञों का अनुष्ठान ही वेद के शब्दों का मुख्य उपयोग माना गया है। सृष्टि के आरम्भ से ही यज्ञ करने में साधारणतया मन्त्रोच्चारण की शैली, मन्त्राक्षर एवं कर्म-विधि में विविधता रही है। इस विविधता के कारण ही वेदों की शाखाओं का विस्तार हुआ है। यथा-ऋग्वेद की २१ शाखा, यजुर्वेद की १०१ शाखा, सामवेद की १००० शाखा और अथर्ववेद की ९ शाखा- इस प्रकार कुल १,१३१ शाखाएँ हैं। इस संख्या का उल्लेख महर्षि पतञ्जलि ने अपने महाभाष्य में भी किया है। उपर्युक्त १,१३१ शाखाओं में से वर्तमान में केवल १२ शाखाएँ ही मूल ग्रन्थों में उपलब्ध हैः-

1. ऋग्वेद की २१ शाखाओं में से केवल २ शाखाओं के ही ग्रन्थ प्राप्त हैं-
    1. शाकलशाखा और-
    2. शांखायन शाखा।
2. यजुर्वेद में कृष्णयजुर्वेद की ८६ शाखाओं में से केवल ४ शाखाओं के ग्रन्थ ही प्राप्त है-
    1. तैत्तिरीयशाखा-,
    2. मैत्रायणीय शाखा,

3. कठशाखा और-
    4. कपिष्ठलशाखा-
3. शुक्लयजुर्वेद की १५ शाखाओं में से केवल २ शाखाओं के ग्रन्थ ही प्राप्त है-
    1. माध्यन्दिनीयशाखा और-
    2. काण्वशाखा।-
4. सामवेद की १,००० शाखाओं में से केवल २ शाखाओं के ही ग्रन्थ प्राप्त है-
    1. कौथुमशाखा और-
    2. जैमिनीयशाखा।-
5. अथर्ववेद की ९ शाखाओं में से केवल २ शाखाओं के ही ग्रन्थ प्राप्त है-
    1. शौनकशाखा और-
    2. पैप्पलादशाखा।-

उपर्युक्त १२ शाखाओं में से केवल ६ शाखाओं की अध्ययनशैली प्राप्त- हैशाकल-, तैत्तरीय, माध्यन्दिनी, काण्व, कौथुम तथा शौनक शाखा। यह कहना भी अनुपयुक्त नहीं होगा कि अन्य शाखाओं के कुछ और भी ग्रन्थ उपलब्ध हैं, किन्तु उनसे शाखा का पूरा परिचय नहीं मिल सकता एवं बहुतसी शाखाओं के तो- नाम भी उपलब्ध नहीं है।

प्रायोगिक दृष्टि

इसके अनुसार प्रत्येक शाखा के दो भाग बताये गये है।

1. मन्त्र भाग रुप से-यज्ञ में साक्षात् -प्रयोग आती है।
2. ब्राह्मण भाग(आज्ञाबोधक शब्द) जिसमें विधि -, कथा, आख्यायिका एवं स्तुति द्वारा यज्ञ कराने की प्रवृत्ति उत्पन्न कराना, यज्ञानुष्ठान करने की पद्धति बताना, उसकी उपपत्ति और विवेचन के साथ उसके रहस्य का निरुपण करना है।

साहित्यिक दृष्टि

इसके अनुसार प्रत्येक शाखा की वैदिक शब्द-राशि का वर्गीकरण-

1. संहिता,
2. ब्राह्मण,
3. आरण्यक और
4. उपनिषद् इन चार भागों में है।

वेद के अंग, उपांग एवं उपवेद

वेदों के सर्वांगीण अनुशीलन के लिये शिक्षा, कल्प, व्याकरण, निरुक्त, छन्द और ज्योतिष- इन ६ अंगों के ग्रन्थ हैं। प्रतिपदसूत्र, अनुपद, छन्दोभाषा (प्रातिशाख्य), धर्मशास्त्र, न्याय तथा वैशेषिक- ये ६ उपांग ग्रन्थ भी उपलब्ध है। आयुर्वेद, धनुर्वेद, गान्धर्ववेद तथा स्थापत्यवेद- ये क्रमशः चारों वेदों के उपवेद कात्यायन ने बतलाये हैं।

वेद-भाष्यकार

प्राचीन काल में व्यास, जैमिनी, पातंञ्जलि आदि मुनियों को वेदों का अच्छा ज्ञान था। व्यास ऋषि ने गीता में कई बार वेदों का ज़िक्र किया है। कई बार कृष्ण, अर्जुन से ये कहते हैं कि वेदों की अलंकारमयी भाषा के बदले उनके वचन आसान लगेंगे।

राजा राममोहन राय का ब्रह्म समाज और दयानन्द सरस्वती का आर्य समाज लगभग एक ही समय में (1860) वेदों के सबसे बड़े प्रचारक बने। इनके अतिरिक्त शंकर पाण्डुरंग ने सायण भाष्य के अलावे अथर्ववेद का चार जिल्दों में प्रकाशन किया। लोकमान्य तिलक ने **ओरायन और द आर्कटिक होम इन वेदाज़** नामक दो ग्रंथ वैदिक साहित्य की समीक्षा के रूप में लिखे। बालकृष्ण दीक्षित ने सन् १८७७ में कलकत्ते से सामवेद पर अपने ज्ञान का प्रकाशन कराया। श्रीपाद दामोदर सातवलेकर ने सतारा में चारों वेदों की संहिता का श्रमपूर्वक प्रकाशन कराया। तिलक विद्यापीठ, पुणे से पाँच जिल्दों में प्रकाशित ऋग्वेद के सायण भाष्य के प्रकाशन को प्रामाणिक माना जाता है। वैदिक संहिताओं के अनुवाद में रमेशचंद्र दत्त बंगाल से, रामगोविन्द त्रिवेदी एवम् जयदेव विद्यालंकार के हिन्दी में एवम् श्रीधर पाठक का मराठी में कार्य भी लोगों को वेदों के बारे में जानकारी प्रदान करता रहा है। इसके बाद गायत्री तपोभूमि के श्रीराम शर्मा आचार्य ने भी वेदों के भाष्य प्रकाशित किये हैं।

विदेशी प्रयास

सत्रहवीं सदी में मुग़ल बादशाह औरंगज़ेब के भाई दारा शिकोह ने कुछ उपनिषदों का फ़ारसी में अनुवाद किया जो पहले फ्रांसिसी और बाद में अन्य भाषाओं में अनूदित हुईं। यूरोप में इसके बाद वैदिक और संस्कृत साहित्य की ओर ध्यान गया। मैक्स मूलर जैसे यूरोपीय विद्वान ने भी संस्कृत और वैदिक साहित्य पर बहुत अध्ययन किया है। लेकिन यूरोप के विद्वानों का ध्यान हिन्द आर्य भाषा परिवार के सिद्धांत को बनाने और उसको सिद्ध करने में ही लगी हुई है। शब्दों की समानता को लेकर बने इस सिद्धांत में ऐतिहासिक तथ्य और काल निर्धारण को तोड़-मरोड़ करना ही पड़ता है। इस कारण से वेदों की रचना का समय १८००-१००० इस्वी ईसा पूर्व माना जाता है जो संस्कृत साहित्य और हिन्दू सिद्धांतों पर खरा नहीं उतरता। लेकिन आर्य जातियों के प्रयाण के सिद्धांत के तहत और भाषागत दृष्टि से यही काल इन ग्रंथों की रचना का मान लिया जाता है।

अन्य मतों की दृष्टि

जैसा कि उपर लिखा है, वेदों के कई शब्दों का समझना उतना सरल नहीं रहा है। इसकी वजह से इनमें वर्णित श्लोंकों को अलग-अलग अर्थों में व्यक्ति किया गया है। सबसे अधिक विवाद-वार्ता ईश्वर के स्वरूप, यानि एकमात्र या अनेक देवों के सदृश्य को लेकर हुआ है। यूरोप के संस्कृत विद्वानों की व्याख्या भी हिन्द-आर्य जाति के सिद्धांत से प्रेरित रही है। प्राचीन काल में ही इनकी सत्ता को चुनौती देकर कई ऐसे मत प्रकट हुए जो आज भी धार्मिक मत कहलाते हैं लेकिन कई रूपों में भिन्न हैं। इनका मुख्य अन्तर नीचे स्पष्ट किया गया है।

जैन - इनको मूर्ति पूजा के प्रवर्तक माना जाता है। ये अहिंसा के मार्ग पर ज़ोर देते हैं पर वेदों

को श्रेष्ठ नहीं मानते ।

- बौद्ध - इस मत में महात्मा बुद्ध के प्रवर्तित ध्यान और तृष्णा को दुःखों का कारण बताया है । वेदों में लिखे ध्यान के महत्व को ये तो मानते हैं पर ईश्वर की सत्ता से नास्तिक हैं।
- शैव - वेदों में वर्णित रूद्र के रूप शिव को सर्वोपरि समझने वाले । सनातन (यानि वैदिक) धर्म के मानने वाले *शिव* को एकमात्र ईश्वर का कल्याणकारी रूप मानते हैं, लेकिन शैव लोग शंकर देव के रूप जिसमें नंदी बैल), जटा, बाघंबर इत्यादि हैंको विश्व का कर्ता मानते (हैं ।
- वैष्णव - विष्णु और उनके अवतारों को ईश्वर मानने वाले । वैदिक मत विष्णु को एक ईश्वर का ही वो नाम बताते हैं जिसके अनुसार सर्वत्र फैला हुआ ईश्वर विष्णु कहलाता है ।
- सिख - मुख्यतः उपनिषदों एवम मुस्लिम ग्रंथों पर श्रद्धा रखने वाले । इनका विश्वास एकमात्र ईश्वर में तो है, लेकिन वेदों को ईश्वर की वाणी नहीं समझते हैं ।

यज्ञ

यज्ञ के वर्तमान रूप के महत्व को लेकर कई विद्वानों, मतों और भाष्कारों में विरोधाभाष है । यज्ञ में आग के प्रयोग को प्राचीन पारसी पूजन विधि के इतना समान होना और हवन की अत्यधिक महत्ता के प्रति विद्वानों में रूचि रही है ।

देवता

देव शब्द का लेकर ही कई विद्वानों में असहमति रही है । कई मतों में (जैसे - शैव, वैष्णव और शाक्त) इसे महामनुष्य के रूप में विशिष्ट शक्ति प्राप्त साकार चरित्र मसझते हैं और उनका मूर्ति रूप में पूजन करते हैं तो अन्य कई इन्हें ईश्वर (ब्रह्म, सत्य) के ही नाम बताते हैं । उदाहरणार्थ अग्नि शब्द का अर्थ आग न समझकर सबसे आगे अर्थात् प्रथम यानि परमेश्वर समझते हैं । देवता शव्द का अर्थ दिव्य, यानि परमेश्वर (निराकार, ब्रह्म) की शक्ति से पूर्ण माना जाता है - जैसे पृथ्वी आदि । इसी मत में महादेव, देवों के अधिपति होने के कारण ईश्वर को कहते हैं । इसी तरह सर्वत्र व्यापक ईश्वर विष्णु, और सत्य होने के कारण ब्रह्मा कहलाता है । इस प्रकार ब्रह्मा, विष्णु और महादेव किसी चरित्र के नाम नहीं बल्कि ईश्वर के ही नाम हैं । इसी प्राकर गणेश (गणपति), प्रजापति, देवी, बुद्ध, लक्ष्मी इत्यादि परमेश्वर के ही नाम हैं । ऐसे लोग मूर्तिपूजा के विरूद्ध हैं और ईश्वर को एकमात्र सत्य, सर्वोपरि समझते हैं ।

अश्वमेध

अस्वमेध से हिंसा और बलि का विचार आता है । यह कई हिन्दुओं को भी आश्चर्यजनक लगता है क्योंकि कई स्थानों पर शुद्धतावादी हिंसा (और मांस भक्षण) से परहेज करते रहे हैं । कईयों का मानना है कि मेध शब्द में अध्वरं का भी प्रयोग हुआ है जिसका अर्थ है अहिंसा । अतः मेध का भी अर्थ कुछ और रहा होगा । इसी प्रकार अश्व शब्द का अर्थ घोड़ा न रहकर शक्ति रहा होगा । श्रीराम शर्मा आचार्य कृत भाष्यों के अनुसार अश्व शब्द का अर्थ शक्ति, गौ शब्द का अर्थ पोषण है । इससे

अश्वमेध का अर्थ घोड़े का बलि से इतर होती प्रतीत होती है।

4.4 सारांश -

इस इकाई का अध्ययन करने के बाद आप **सर्वविद्या का मूल वेद** को समझ लेंगे। वेदों में समस्त ज्ञानराशि का भण्डार है। वेद एवं उपवेद सर्वविधकल्याणार्थ मानवों के लिये जगत में प्रतिपाद्य है। इसके मूल परम्परा एवं महत्व को आप इस इकाई के माध्यम से समझ पायेंगे। वेदों में प्रतिपाद्य अनेक विषयों का वर्णन इस इकाई में किया गया है। जिसका अध्ययन कर आप ततसम्बन्धित ज्ञान प्राप्त करनें में समर्थ हो सकेंगे।

4.5 शब्दावली

वेद – विद् धातु से ज्ञानार्थे वेद शब्द की उत्पत्ति हुई है।

उपवेद – वेदस्य समीपं उपवेदम्। प्रत्येक वेदों के उपवेद है।

सर्वविद्यामूल – सर्वविद्यामूल वेद को कहा गया है, जिससे समस्त ज्ञान एवं विज्ञान का उद्भव होता है।

शुद्धतावादी – जो शुद्धता को मानता हो।

सर्वविधकल्याण – सभी लोगों के लिये कल्याण

उदाहरणार्थ – उदाहरण के लिये।

उपवेद – वेद के समीप

अनुदात्त – स्वर का भेद

अश्व – घोड़ा

4.6 बोध प्रश्नों के उत्तर –

1. ख
2. क
3. ख
4. ख
5. ख

4.7 सन्दर्भ ग्रन्थ सूची

ग्रन्थ नाम	**प्रकाशन**
नित्यकर्म पूजाप्रकाश	गीताप्रेस गोरखपुर
भारतीय संस्कृति के आधारभूत तत्व	
कर्मकाण्ड प्रदीप	

4.8 निबन्धात्मक प्रश्न

1- वेद शब्द से क्या तात्पर्य है। विस्तार से वर्णन कीजिये ?

2- वेद के प्रकारों का विस्तार से वर्णन कीजिये।

इकाई – 5 पुराणों का परिचय

इकाई की रूपरेखा

5.1 प्रस्तावना

5.2 उद्देश्य

5.3. पुराण परिचय

पुराणों के प्रकार एवं महत्व

5.4 अभ्यास प्रश्न

5.4 सारांश

5.5 शब्दावली

5.6 अभ्यास प्रश्नों के उत्तर

5.7 सन्दर्भ ग्रन्थ सूची

5.8 निबन्धात्मक प्रश्न

5.1 प्रस्तावना

प्रस्तुत इकाई प्रथम खण्ड के पचंम इकाई ''पुराणों का परिचय'' नामक शीर्षक से उद्धृत है। इससे पूर्व की इकाईयों में आपने वेदों का अध्ययन कर लिया है। सनातन परम्परा में पुराणों की संख्या 18 है। वस्तुत: पुराण धर्मसम्बन्धित आख्यान ग्रन्थ है, जिसमें कि विभिन्न कालखण्डों में भगवान की अनेक कथाओं का वर्णन किया गया है। पुरा नवं पुराणम्। पुरा का अर्थ होता है – अतीत तथा अण का अर्थ होता है कहना। अतीत का वर्णन जिसमें कहा गया हो उसे पुराण कहते है। कर्मकाण्ड जगत में जब आप वेदों का अध्ययन करते है, तो पाते हैं कि उसमें जगत् के समस्त ज्ञान राशि समाहित है। वेद से इतर कोई शेष ज्ञान नहीं है। वर्तमान कालखण्ड में यह दृष्टिगोचर नहीं हो पाता है, क्योंकि इसका कारण है कि मूल रूप से वेद का ज्ञान अब किंचित लोगों के पास रह गया है। पुराण वेद एवं उपनिषद के पश्चात् धर्म का बोध कराने वाला एक वृहत् ज्ञान राशि का भण्डार है। इस इकाई के अध्ययन के पश्चात् आप पुराण एवं पुराण से जुड़े अनेक विषयों का अध्ययन करेंगे। आशा है कि पाठक इस इकाई का अध्ययन करके पुराणों को सम्यक् तरीके से समझ पायेंगे।

5.2 उद्देश्य

इस इकाई के अध्ययन के पश्चात् आप जान पायेंगे कि –

1.पुराण किसे कहते है।

2.पुराण के कितने प्रकार है।

3. वेद एवं उपनिषद के पश्चात् पुराण एक विशाल ज्ञान राशि का भण्डार है।

4. पुराण का महत्व क्या है।

5. पुराण धर्म का आख्यान ग्रन्थ है।

5.3 पुराण परिचय

पुराण सनातन परम्परा के धर्मसम्बन्धित आख्यानग्रन्थ है जिसमें स्वायम्भु मनु से लेकर वर्तमान प्रचलित मन्वतन्तर तक का वर्णन, सृष्टियोत्पत्ति, लय, प्राचीन ऋषियों, मुनियों और राजाओं के वृत्तान्त आदि निहित है। वेदों के पश्चात् जगत् में धर्म संस्थापनार्थ महर्षि वेदव्यास जी के द्वारा अष्टादश पुराणों की रचना की गई है। भागवतमहापुराण में उद्धृत है –

अष्टादश पुराणेषु व्यासेषु वचनद्वयम्।

जो स्मृति विभाग में आते हैं। भारतीय जीवन-धारा में जिन ग्रन्थों का महत्वपूर्ण स्थान है उनमें पुराण भक्ति-ग्रंथों के रूप में अत्यन्त महत्वपूर्ण माने जाते हैं। अठारह पुराणों में अलग-अलग देवी-देवताओं को केन्द्र मानकर पाप और पुण्य, धर्म और अधर्म, कर्म, और अकर्म की गाथाएँ कही गई हैं। कुछ

पुराणों में सृष्टि के आरम्भ से अन्त तक का विवरण किया गया है। इनमें हिन्दू देवी-देवताओं का और पौराणिक मिथकों का बहुत अच्छा वर्णन है।

कर्मकाण्ड (वेद) से ज्ञान (उपनिषद्) की ओर आते हुए भारतीय मानस में पुराणों के माध्यम से भक्ति की अविरल धारा प्रवाहित हुई है। विकास की इसी प्रक्रिया में बहुदेववाद और निर्गुण ब्रह्म की स्वरूपात्मक व्याख्या से धीरे-धीरे मानस अवतारवाद या सगुण भक्ति की ओर प्रेरित हुआ।

पुराणों में वैदिक काल से चले आते हुए सृष्टि आदि संबंधी विचारों, प्राचीन राजाओं और ऋषियों के परंपरागत वृत्तांतों तथा कहानियों आदि के संग्रह के साथ साथ कल्पित कथाओं की विचित्रता और रोचक वर्णनों द्वारा सांप्रदायिक या साधारण उपदेश भी मिलते हैं। पुराण उस प्रकार प्रमाण ग्रंथ नहीं हैं जिस प्रकार श्रुति, स्मृति आदि हैं।

पुराणों में विष्णु, वायु, मत्स्य और भागवत में ऐतिहासिक वृत्त— राजाओं की वंशावली आदि के रूप में बहुत कुछ मिलते हैं। ये वंशावलियाँ यद्यपि बहुत संक्षिप्त हैं और इनमें परस्पर कहीं कहीं विरोध भी हैं पर हैं बड़े काम की। पुराणों की ओर ऐतिहासिकों ने इधर विशेष रूप से ध्यान दिया है और वे इन वंशावलियों की छानबीन में लगे हैं।

शाब्दिक अर्थ एवं महिमा

पुराण वर्तमान, भुतकाल और भविष्यकाल का देखा हुआ युग है जिसे बहुत ही सुन्दर ढ़ग से लिखा गया है जिसे धर्मं में आस्था रखने वाले लोग धर्मं ग्रन्थ मानते है और जो लोग बुद्धिजीवी होते है वह इसे विज्ञान के रूप में देखते है जिसको उदाहरण द्वारा आप समझ सकते है पुराण में १४ मन्वन्तर के बारे में बताया गया है साथ ही पृथवी के आयु बताया गया है, कौन से युग में कितने ग्रह का आकाश मंडल था वह बताया गया है उस समय कौन-२ से देवता हुए वह बताया गया है , पृथवी के कौन से शत्रु हुए उसका विनाश कैसे हुआ यहाँ समस्त विषय उल्लेखित है लेकिन वह इतने सुंन्दर ढ़ग से लिखे गये है की सभी चीजे धर्मं और पुरानी कथा मालुम जान पड़ती है जिसे आज तक नासा जैसे वैज्ञानिक तक नहीं समझ पाये। शायद इसीलिये कहा गया कि - **जहॉं विज्ञान का अन्त होता है वहॉं अध्यात्म का आरम्भ होता है।** सनातन परम्परा के समस्त विषय विज्ञान पर आधारित है यही पुराण है - पुराण में बताया गया है पृथवी ६ बार नष्ट हो चुकी है यह उसकी सातवीं उत्पत्ति है और आने वाले ७ युग की व्याख्या भी उसमें उद्धृत है, पुराण सभी प्रमाणों के साथ आपको बताता है की मैं जो भी इसमे लिखा हूँ वह सभी सत्य और प्रमाणिक है आप जो इस समय पृथ्वी पर निवास कर रहे है वह पुराण के अनुसार वैवस्त मन्वन्तर (युग) है।

विषयवस्तु

प्राचीनकाल से पुराण देवताओं, ऋषियों, मनुष्यों - सभी का मार्गदर्शन करते रहे हैं।पुराण मनुष्य को धर्म एवं नीति के अनुसार जीवन व्यतीत करने की शिक्षा देते हैं। पुराण मनुष्य के कर्मो का विश्लेषण कर उन्हें दुष्कर्म करने से रोकते हैं। पुराण वस्तुतः वेदों का विस्तार हैं। वेद बहुत ही जटिल तथा शुष्क भाषा-शैली में लिखे गए हैं। वेदव्यास जी ने पुराणों की रचना और पुनर्रचना की। कहा जाता है,

''पूर्णात पुराण '' जिसका अर्थ है, जो वेदों का पूरक हो, अर्थात् पुराण (जो वेदों की टीका हैं)। वेदों की जटिल भाषा में कही गई बातों को पुराणों में सरल भाषा में समझाया गया हैं। पुराण-साहित्य में अवतारवाद को प्रतिष्ठित किया गया है। निर्गुण निराकार की सत्ता को मानते हुए सगुण साकार की उपासना करना इन ग्रंथों का विषय है। पुराणों में अलग-अलग देवी-देवताओं को केन्द्र में रखकर पाप-पुण्य, धर्म-अधर्म और कर्म-अकर्म की कहानियाँ हैं। प्रेम, भक्ति, त्याग, सेवा, सहनशीलता ऐसे मानवीय गुण हैं, जिनके अभाव में उन्नत समाज की कल्पना नहीं की जा सकती। पुराणों में देवी-देवताओं के अनेक स्वरूपों को लेकर एक विस्तृत विवरण मिलता है। पुराणों में सत्य को प्रतिष्ठित में दुष्कर्म का विस्तृत चित्रण पुराणकारों ने किया है। पुराणकारों ने देवताओं की दुष्प्रवृत्तियों का व्यापक विवरण किया है लेकिन मूल उद्देश्य सद्भावना का विकास और सत्य की प्रतिष्ठा ही है।

अट्ठारह पुराण

पुराणों की संख्या अठारह हैं । विष्णु पुराण के अनुसार उनके नाम हैं—विष्णु, पद्म, ब्रह्म, शिव, भागवत, नारद, मार्कंडेय, अग्नि, ब्रह्मवैवर्त, लिंग, वाराह, स्कंद, वामन, कूर्म, मत्स्य, गरुड, ब्रह्मांड और भविष्य ।

1. ब्रह्म पुराण
2. पद्म पुराण
3. विष्णु पुराण
4. शिव पुराण -- (वायु पुराण)
5. भागवत पुराण -- (देवीभागवत पुराण)
6. नारद पुराण
7. मार्कण्डेय पुराण
8. अग्नि पुराण
9. भविष्य पुराण
10. ब्रह्म वैवर्त पुराण
11. लिङ्ग पुराण
12. वाराह पुराण
13. स्कन्द पुराण
14. वामन पुराण
15. कूर्म पुराण
16. मत्स्य पुराण
17. गरुड़ पुराण
18. ब्रह्माण्ड पुराण

पुराणों में एक विचित्रता यह है कि प्रत्येक पुराण में अठारहों पुराणों के नाम और उनकी श्लोक संख्या है। नाम और श्लोकसंख्या प्रायः सबकी मिलती है, कहीं - कहीं भेद है। जैसे कूर्म पुराण में अग्नि के स्थान में वायुपुराण; मार्कंडेय पुराण में लिंगपुराण के स्थान में नृसिंहपुराण; देवीभागवत में शिव पुराण के स्थान में नारद पुराण और मत्स्य में वायुपुराण है। भागवत के नाम से आजकल दो पुराण मिलते हैं—एक श्रीमदभागवत, दूसरा देवीभागवत। कौन वास्तव में पुराण है इसपर झगड़ा रहा है। रामाश्रम स्वामी ने 'दुर्जनमुखचपेटिका' में सिद्ध किया है कि श्रीमदभागवत ही पुराण है इसपर काशीनाथ भट्ट ने 'दुर्जनमुखमहाचपेटिका' तथा एक और पंडित ने 'दुर्जनमुखपद्यपादुका' देवीभागवत के पक्ष में लिखी थी।

प्रमुख पुराणों का परिचय

पुराणों में सबसे पुराना विष्णुपुराण ही प्रतीत होता है। उसमें सांप्रदायिक खींचतान और रागद्वेष नहीं है। पुराण के पाँचो लक्षण भी उसपर ठीक ठीक घटते हैं। उसमें सृष्टि की उत्पत्ति और लय, मन्वंतरों, भरतादि खंडों और सूर्यादि लोकों, वेदों की शाखाओं तथा वेदव्यास द्वारा उनके विभाग, सूर्य वंश, चंद्र वंश आदि का वर्णन है। कलि के राजाओं में मगध के मौर्य राजाओं तथा गुप्तवंश के राजाओं तक का उल्लेख है। श्रीकृष्ण की लीलाओं का भी वर्णन है पर बिलकुल उस रूप में नहीं जिस रूप में भागवत में है।

कुछ लोगों का कहना है कि वायुपुराण ही शिवपुराण है क्योंकि आजकल जो शिवपुराण नामक पुराण या उपपुराण है उसकी श्लोक संख्या २४,००० नहीं है, केवल ७,००० ही है। वायुपुराण के चार पाद है जिनमें सृष्टि की उत्पत्ति, कल्पों ओर मन्वंतरों, वैदिक ऋषियों की गाथाओं, दक्ष प्रजापति की कन्याओं से भिन्न भिन्न जीवोत्पति, सूर्यवंशी और चंद्रवंशी राजाओं की वंशावली तथा कलि के राजाओं का प्रायः विष्णुपुराण के अनुसार वर्णन है।

मत्स्यपुराण में मन्वंतरों और राजवंशावलियों के अतिरिक्त वर्णश्रम धर्म का बड़े विस्तार के साथ वर्णन है और मत्सायवतार की पूरी कथा है। इसमें मय आदिक असुरों के संहार, मातृलोक, पितृलोक, मूर्ति और मंदिर बनाने की विधि का वर्णन विशेष ढंग का है। श्रीमदभागवत का प्रचार सबसे अधिक है क्योंकि उसमें भक्ति के माहात्म्य और श्रीकृष्ण की लीलाओं का विस्तृत वर्णन है। नौ स्कंधों के भीतर तो जीवब्रह्म की एकता, भक्ति का महत्व, सृष्टिलीला, कपिलदेव का जन्म और अपनी माता के प्रति वैष्णव भावानुसार सांख्यशास्त्र का उपदेश, मन्वंतर और ऋषिवंशावली, अवतार जिसमें ऋषभदेव का भी प्रसंग है, ध्रुव, वेणु, पृथु, प्रह्लाद इत्यादि की कथा, समुद्रमथन आदि अनेक विषय हैं। पर सबसे बड़ा दशम स्कंध है जिसमें कृष्ण की लीला का विस्तार से वर्णन है। इसी स्कंध के आधार पर शृंगार और भक्तिरस से पूर्ण कृष्णचरित् संबंधी संस्कृत और भाषा के अनेक ग्रंथ बने हैं। एकादश स्कंध में यादवों के नाश और बारहवें में कलियुग के राचाओं के राजत्व का वर्णन है। भागवत की लेखनशैली और पुराणों से भिन्न है। इसकी भाषा पांडित्यपूर्ण और साहित्य संबंधी चमत्कारों से भरी हुई है, इससे इसकी रचना कुछ पीछे की मानी जाती है।

अग्निपुराण एक विलक्षण पुराण है जिसमें राजवंशावलियों तथा संक्षिप्त कथाओं के अतिरिक्त धर्मशास्त्र, राजनीति, राज- धर्म, प्रजाधर्म, आयुर्वेद, व्याकरण, रस, अलंकार, शस्त्र- विद्या आदि अनेक विषय हैं। इसमें तंत्रदीक्षा का भी विस्तृत प्रकरण है। कलि के राजाओं की वंशावली विक्रम तक आई है, अवतार प्रसंग भी है। इसी प्रकार और पुराणों में भी कथाएँ हैं।

अभ्यास प्रश्न

1. पुरा नवं में पुरा का अर्थ है -

क. अर्वाचीन ख. प्राचीन ग. नवीन घ. कोई नहीं

2. पुराणों की कुल संख्या है ।

क. 13 ख. 16 ग. 17 घ. 18

3. सबसे बड़ा पुराण है।

क. मार्कण्डेय पुराण ख. ब्रह्मवैवर्त पुराण ग. लिंग पुराण घ. स्कन्द पुराण

4. उपपुराण का अर्थ है ।

क. महापुराण ख. पुराण के समीप ग. स्कन्द पुराण घ. कोई नहीं

5. आख्यान का अर्थ होता है ।

क. कथा ख. कहानी ग. कविता घ. विवरण

विष्णुपुराण के अतिरिक्त और पुराण जो आजकल मिलते हैं उनके विषय में संदेह होता है कि वे असल पुराणों के न मिलने पर पीछे से न बनाए गए हों। कई एक पुराण तो मत मतांतरों और संप्रदायों के राग द्वेष से भरे हैं। कोई किसी देवता की प्रधानता स्थापित करता है, कोई किसी देवता की प्रधानता स्थापित करता है, कोई किसी की। ब्रह्मवैवर्त पुराण का जो परिचय मत्स्यपुराण में दिया गया है उसके अनुसार उसमें रथंतर कल्प और वराह अवतार की कथा होनी चाहिए पर जो ब्रह्मवैवर्त आजकल मिलता है उसमें यह कथा नहीं है। कृष्ण के वृंदावन के रास से जिन भक्तों की तृप्ति नहीं हुई थी उनके लिये गोलोक में सदा होनेवाले रास का उसमें वर्णन है। आजकल का यह ब्रह्मवैवर्त मुसलमानों के आने के कई सौ वर्ष पीछे का है क्योंकि इसमें 'जुलाहा' जाति की उत्पत्ति का भी उल्लेख है—'म्लेच्छात् कुविंदकन्यायां' जोला जातिर्बभूव ह' (१०, १२१)। ब्रह्मपुराण में तीर्थों और उनके माहात्म्य का वर्णन बहुत अदिक हैं, अनंत वासुदेव और पुरुषोत्तम (जगन्नाथ) माहात्म्य तथा और बहुत से ऐसे तीर्थों के माहात्म्य लिखे गए हैं जो प्राचीन नहीं कहे जा सकते। 'पुरुषोत्तमप्रासाद' से अवश्य जगन्नाथ जी के विशाल मंदिर की ओर ही इशारा है जिसे गांगेय वंश के रिजा चोड़गंगा (सन् १०७७ ई०) ने बनवाया था। मत्स्यपुराण में दिए हुए लक्षण आजकल के पद्मपुराण में भी पूरे नहीं मिलते हैं। वैष्णव सांप्रदायिकों के द्वेष की इसमें बहुत सी बातें हैं। जैसे, पाषडिलक्षण,

मायावादनिंदा, तामसशास्त्र, पुराणवर्णनइत्यादि। वैशेषिक, न्याय, सांख्य और चार्वाक तामस शास्त्र कहे गए हैं और यह भी बताया गया है कि दैत्यों के विनाश के लिये बुद्ध रूपी विष्णु ने असत् बौद्ध शास्त्र कहा। इसी प्रकार मत्स्य, कूर्म, लिंग, शिव, स्कंद और अग्नि तामस पुराण कहे गए हैं। सारंश यह कि अधिकांश पुराणों का वर्तमान रूप हजार वर्ष के भीतर का है। सबके सब पुराण सांप्रदायिक है, इसमें भी कोई संदेह नहीं है। कई पुराण (जैसे, विष्णु) बहुत कुछ अपने प्राचीन रूप में मिलते हैं पर उनमें भी सांप्रदायिकों ने बहुत सी बातें बढ़ा दी हैं।

पुराणों का काल एवं रचयिता

यद्यपि आजकल जो पुराण मिलते हैं उनमें से अधिकतर पीछे से बने हुए या प्रक्षिप्त विषयों से भरे हुए हैं तथापि पुराण बहुत प्राचीन काल से प्रचलित थे। बृहदारण्यक और शतपथ ब्राह्मण में लिखा है कि गीली लकड़ी से जैसे धुआँ अलग अलग निकलता है बैसे ही महान् भूत के निःश्वास से ऋग्वेद, यजुर्वेद सामवेद, अथर्वांगिरस, इतिहास, पुराणविद्या, उपनिषद, श्लोक, सूत्र, व्याख्यान और अनुव्याख्यान हुए। छांदोग्य उपनिषद् में भी लिखा है कि इतिहास पुराण वेदों में पाँचवाँ वेद है। अत्यंत प्राचीन काल में वेदों के साथ पुराण भी प्रचलित थे जो यज्ञ आदि के अवसरों पर कहे जाते थे। कई बातें जो पुराण केलक्षणों में हैं, वेदों में भी हैं। जैसे, पहले असत् था और कुछ नहीं था यह सर्ग या सृष्टितत्व है; देवासुर संग्राम, उर्वशी पुरूरवा संवाद इतिहास है। महाभारत के आदि पर्व में (१। २३३) भी अनेक राजाओं के नाम और कुछ विषय गिनाकर कहा गया है कि इनके वृत्तांत विद्वान सत्कवियों द्वारा पुराण में कहे गए हैं। इससे कहा जा सकता है कि महाभारत के रचनाकाल में भी पुराण थे। मनुस्मृति में भी लिखा है कि पितृकार्यों में वेद, धर्मशास्त्र, इतिहास, पुराण आदि सुनाने चाहिए।

अब प्रश्न यह होता है कि पुराण हैं किसके बनाए। शिवपुराण के अंतर्गत रेवा माहात्म्य में लिखा है कि अठारहों पुराणों के वक्ता सत्यवती सुत व्यास हैं। यही बात जन साधारण में प्रचलित है। पर मत्स्य पुराण में स्पष्ट लिखा है कि पहले पुराण एक ही था, उसी से १८ पुराण हुये। ब्रह्माण्ड पुराण में लिखा है कि वेदव्यास ने एक पुराण संहिता का संकलन किया था। इसके आगे की बात का पता विष्णु पुराण से लगता है। उसमें लिखा है कि व्यास का एक लोमहर्षण नाम का शिष्य था जो सुत जाति का था। व्यास जी ने अपनी पुराण संहिता उसी के हाथ में दी। लोमहर्षण के छह शिष्य थे— सुमति, अग्निवर्चा, मित्रयु, शांशपायन, अकृतव्रण और सावर्णी। इनमें से अकृत- व्रण, सावर्णी और शांशपायन ने लोमहर्षण से पढ़ी हुई पुराणसंहिता के आधार पर और एक एक संहिता बनाई। वेदव्यास ने जिस प्रकार मंत्रों का संग्रहकर उन का संहिताओं में विभाग किया उसी प्रकार पुराण के नाम से चले आते हुए वृत्तों का संग्रह कर पुराणसंहिता का संकलन किया। उसी एक संहिता को लेकर सुत के चेलों के तीन और संहीतायें बनाई। इन्हीं संहिताओं के आधार पर अठारह पुराण बने होंगे। मत्स्य, विष्णु, ब्रह्मांड आदि सब पुराणों में ब्रह्मपुराण पहला कहा गया है। पर जो ब्रह्मपुराण आजकल प्रचलित है वह कैसा है यह पहले कहा जा चुका है। जो कुछ हो, यह तो ऊपर लिखे

प्रमाण से सिद्ध है कि अठारह पुराण वेदव्यास के बनाए नहीं हैं। जो पुराण आजकल मिलते हैं उनमें विष्णुपुराण और ब्रह्मांडपुराण की रचना औरों से प्राचीन जान पड़ती है। विष्णुपुराण में 'भविष्य राजवंश' के अंतर्गत गुप्तवंश के राजाओं तक का उल्लेख है इससे वह प्रकरण ईसा की छठी शताब्दी के पहले का नहीं हो सकता। जावा के आगे जो बाली टापू है वहाँ के हिंदुओं के पास ब्रह्मांडपुराण मिला है। इन हिंदुओं के पूर्वज ईसा की पाँचवी शताब्दी में भारतवर्ष में पूर्व के द्वीपों में जाकर बसे थे। बालीवाले ब्रह्माण्डपुराण में 'भविष्य राजवंश प्रकरण' नहीं है उसमें जनमेजय के प्रपौत्र अधिसीमकृष्ण तक का नाम पाया जाता है। यह बात ध्यान देने की है। इससे प्रकट होता है कि पुराणों में जो भविष्य राजवंश है वह पीछे से जोड़ा हुआ है। यहाँ पर ब्रह्मांडपुराण की जो प्राचीन प्रतियाँ मिलती हैं देखना चाहिए कि उनमें भूत और वर्तमानकालिक क्रिया का प्रयोग कहाँ तक है। 'भविष्यराजवंश वर्णन' के पूर्व उनमें ये श्लोक मिलते हैं— तस्य पुत्रः शतानीको बलबान् सत्यविक्रमः। ततः सुर्त शतानीकं विप्रास्तमभ्यषेचयन्। पुत्रोश्वमेधदत्तो ? भूत् शतानीकस्य वीर्यवान्। पुत्रो ? श्वमेधदत्ताद्वै जातः परपुरजयः। अधिसीमकृष्णो धर्मात्मा साम्पतोयं महायशाः। यस्मिन् प्रशासति महीं युष्माभिरिदमाहृतम्।। दुरापं दीर्घसत्रं वै त्रीणि दर्षाणि पुष्करम् वर्षद्वयं कुरुक्षेत्रे दृषद्वत्यां द्विजोत्तमाः।। अर्थात्— उनके पुत्र बलवान् और सत्यविक्रम शतानीक हुए। पीछे शतानीक के पुत्र को ब्राह्मणों ने अभिषिक्त किया। शतानीक के अश्वमेधदत्त नाम का एक वीर्यवान् पुत्र उत्पन्न हुआ। अश्वमेधदत्त के पुत्र परपुरंजय धर्मात्मा अधिसीम कृष्ण हैं। ये ही महायशा आजकल पृथ्वी का शासन करते हैं। इन्हीं के समय में आप लोगों ने पुष्कर में तीन वर्ष का और दृषद्वती के किनारे कुरुक्षेत्र में दो वर्ष तक का यज्ञ किया है। उक्त अंश से प्रकट है कि आदि ब्रह्मांडपुराण अधिसीमकृष्ण के समय में बना। इसी प्रकार विष्णुपुराण, मत्स्यपुराण आदि की परीक्षा करने से पता चलता है कि आदि विष्णुपुराण परीक्षित के समय में और आदि मत्स्यपुराण जनमेजय के प्रपौत्र अधिसीमकृष्ण के समय में संकलित हुआ।

पुराण संहिताओं से अठारह पुराण बहुत प्राचीन काल में ही बन गए थे इसका पता लगता है। आपस्तंबधर्मसूत्र(२।२४।५) में भविष्यपुराण का प्रमाण इस प्रकार उदधृत है— आभूत संप्लवात्ते स्वर्गजितः। पुनः सर्गे बीजीर्था भवतीति भविष्यत्पुराणे। यह अवश्य है कि आजकल पुराण अपने आदिम रूप में नहीं मिलते हैं। बहुत से पुराण तो असल पुराणों के न मिलने पर फिर से नए रचे गए हैं, कुछ में बहुत सी बातें जोड़ दी गई हैं। प्रायः सब पुराण शैव, वैष्णव और सौर संप्रदायों में से किसी न किसी के पोषक हैं, इसमें भी कोई संदेह नहीं। विष्णु, रुद्र, सूर्य आदि की उपासना वैदिक काल से ही चली आती थी, फिर धीरे धीरे कुछ लोग किसी एक देवता को प्रधानता देने लगे, कुछ लोग दूसरे को। इस प्रकार महाभारत के पीछे ही संप्रदायों का सूत्रपात हो चला। पुराणसंहिताएँ उसी समय में बनीं। फिर आगे चलकर आदिपुराण बने जिनका बहुत कुछ अंश आजकल पाए जानेवाले कुछ पुराणों के भीतर है। पुराणों का उद्देश्य पुराने वृत्तों का संग्रह करना, कुछ प्राचीन और कुछ कल्पित कथाओं द्वारा उपदेश देना, देवमहिमा तथा तीर्थमहिमा के वर्णन द्वारा जनसाधारण में

धर्मबुद्धि स्थिर रखना था। इसी से व्यास ने सूत (भाट या कथक्केड़) जाति के एक पुरुष को अपनी संकलित आदिपुराण संहिता प्रचार करने के लिये दी।

पुराणों की रचना वैदिक काल के काफ़ी बाद की है,ये स्मृति विभाग में रखे जाते हैं। पुराणों में सृष्टि के आरम्भ से अन्त तक का विशद विवरण दिया गया है। पुराणों को मनुष्य के भूत, भविष्य, वर्तमान का दर्पण भी कहा जा सकता है। इस दर्पण में मनुष्य अपने प्रत्येक युग का चेहरा देख सकता है। इस दर्पण में अपने अतीत को देखकर वह अपना वर्तमान संवार सकता है और भविष्य को उज्ज्वल बना सकता है। अतीत में जो हुआ, वर्तमान में जो हो रहा है और भविष्य में जो होगा, यही कहते हैं पुराण। इनमें हिन्दू देवीदेवताओं का और- पौराणिक मिथकों का बहुत अच्छा वर्णन है। इनकी भाषा सरल और कथा कहानी की तरह है। पुराणों को वेदों और उपनिषदों जैसी प्रतिष्ठा प्राप्त नहीं है।

पुराण महिमा

पुराण शब्द 'पुरा' एवं 'अण' शब्दों की संधि से बना है, जिसका शाब्दिक अर्थ -'पुराना' अथवा 'प्राचीन' होता है 'पुरा' शब्द का अर्थ है अनागत एवं - अतीत।

'अण' शब्द का अर्थ होता है - कहना या बतलाना अर्थात् जो पुरातन अथवा अतीत के तथ्यों, सिद्धांतों, शिक्षाओं, नीतियों, नियमों और घटनाओं का विवरण प्रस्तुत करे। माना जाता है कि सृष्टि के रचनाकर्ता ब्रह्माजी ने सर्वप्रथम जिस प्राचीनतम धर्मग्रंथ की रचना की, उसे पुराण के नाम से जाना जाता है। हिन्दू सनातन धर्म में, पुराण सृष्टि के प्रारम्भ से माने गये हैं, इसलिए इन्हें सृष्टि का प्राचीनतम ग्रंथ मान लिया जाता है किन्तु ये बहुत बाद की रचना है। सूर्य के प्रकाश की भाँति पुराण को ज्ञान का स्रोत माना जाता है। जैसे सूर्य अपनी किरणों से अंधकार हटाकर उजाला कर देता है, उसी प्रकार पुराण अपनी ज्ञानरूपी किरणों से मानव के मन का अंधकार दूर करके सत्य के प्रकाश का ज्ञान देते हैं। सनातनकाल से ही जगत पुराणों की शिक्षाओं और नीतियों पर ही आधारित है।प्राचीनकाल से पुराण देवताओं, ऋषियों, मनुष्यों - सभी का मार्गदर्शन करते रहे हैं। पुराण मनुष्य को धर्म एवं नीति के अनुसार जीवन व्यतीत करने की शिक्षा देते हैं। पुराण मनुष्य के कर्मों का विश्लेषण कर उन्हें दुष्कर्म करने से रोकते हैं। पुराण वस्तुतः वेदों का विस्तार हैं। वेद बहुत ही जटिल तथा शुष्क भाषा - शैली में लिखे गए हैं। वेदव्यास जी ने पुराणों की रचना और पुनर्रचना की। कहा जाता है, "पूर्णात पुराण।" जिसका अर्थ है, जो वेदों का पूरक हो, अर्थात् पुराण। वेदों की जटिल भाषा में कही गई बातों को पुराणों में सरल भाषा में समझाया गया हैं। पुराण-साहित्य में अवतारवाद को प्रतिष्ठित किया गया है। निर्गुण निराकार की सत्ता को मानते हुए सगुण साकार की उपासना करना इन ग्रंथों का विषय है। पुराणों में अलग-अलग देवी-देवताओं को केन्द्र में रखकर पाप-पुण्य, धर्म-अधर्म और कर्म-अकर्म की कहानियाँ हैं। प्रेम, भक्ति, त्याग, सेवा, सहनशीलता ऐसे मानवीय गुण हैं, जिनके अभाव में उन्नत समाज की कल्पना नहीं की जा सकती। पुराणों में देवी-देवताओं के अनेक स्वरूपों को लेकर एक विस्तृत विवरण मिलता है। पुराणकारों ने देवताओं की दुष्प्रवृत्तियों का व्यापक विवरण किया है लेकिन मूल उद्देश्य सद्भावना का विकास और सत्य की प्रतिष्ठा ही है।

पुराणों की संख्या

18 पुराणों को इस प्रकार भी समझ सकते हैं -

विष्णु पुराण	ब्रह्म पुराण	शिव पुराण
भागवत पुराण	ब्रह्माण्ड पुराण	लिङ्ग पुराण
नारद पुराण	ब्रह्म वैवर्त पुराण	स्कन्द पुराण
गरुड़ पुराण	मार्कण्डेय पुराण	अग्नि पुराण
पद्म पुराण	भविष्य पुराण	मत्स्य पुराण
वराह पुराण	वामन पुराण	कूर्म पुराण

यह सूची विष्णु पुराण पर आधारित है। मत्स्य पुराण की सूची में शिव पुराण के स्थान पर वायु पुराण है।

पुराणों में श्लोक संख्या

संसार की रचना करते समय ब्रह्मा ने एक ही पुराण की रचना की थी। जिसमें एक अरब श्लोक थे। यह पुराण बहुत ही विशाल और कठिन था। पुराणों का ज्ञान और उपदेश देवताओं के अलावा साधारण जनों को भी सरल ढंग से मिले ये सोचकर महर्षि वेद व्यास ने पुराण को अठारह भागों में बाँट दिया था। इन पुराणों में श्लोकों की संख्या चार लाख है। महर्षि वेदव्यास द्वारा रचे गये अठारह पुराणों और उनके श्लोकों की संख्या इस प्रकार है।

सुखसागर के अनुसार

पुराण	श्लोकों की संख्या
ब्रह्मपुराण	दस हज़ार
पद्मपुराण	पचपनहजार
विष्णुपुराण	तेइस हज़ार
शिवपुराण	चौबीसहज़ार
श्रीमद्भावतपुराण	अठारहहज़ार
नारदपुराण	पच्चीसहज़ार
मार्कण्डेयपुराण	नौ हज़ार
अग्निपुराण	पन्द्रह हज़ार
भविष्यपुराण	पाँच सौ

ब्रह्मवैवर्तपुराण	अठारहहज़ार
लिंगपुराण	ग्यारह हज़ार
वाराहपुराण	चौबीसहज़ार
स्कन्धपुराण	181 हजार
कूर्मपुराण	सत्रह हज़ार
मत्सयपुराण	चौदह हज़ार
गरुड़पुराण	उन्नीस हज़ार
ब्रह्माण्डपुराण	बारह हज़ार
मनपुराण	दस हज़ार

पुराणों की संख्या अठारह क्यों ?

- अणिमा, लघिमा, प्राप्ति, प्राकाम्य, महिमा, सिद्धि, ईशित्व या वशित्व, सर्वकामावसायिता, सर्वज्ञत्व, दूरश्रवण, सृष्टि, पराकायप्रवेश, वाकसिद्धि, कल्पवृक्षत्व, संहारकरणसामर्थ्य, भावना, अमरता, सर्वन्याय ये - अट्ठारह सिद्धियाँ मानी जाती हैं।
- सांख्य दर्शन में पुरुष, प्रकृति, मन, पाँच महाभूत) पृथ्वी, जल, वायु, अग्नि और आकाश (, पाँच ज्ञानेद्री) कान, त्वचा, चक्षु, नासिका और जिह्वा) और पाँच कर्मेंद्री वाक), पाणि, पाद, पायु और उपस्थ हैं। ये अठारह तत्त्व वर्णित (
- छः वेदांग, चार वेद, मीमांसा, न्यायशास्त्र, पुराण, धर्मशास्त्र, अर्थशास्त्र, आयुर्वेद, धनुर्वेद और गंधर्व वेद ये अठारह प्रकार की विद्याएँ मानी जाती हैं।
- एक संवत्सर, पाँच ऋतुएँ और बारह महीने ये सब मिलकर काल के अठारह भेदों को - बताते हैं।
- श्रीमद् भगवतगीता के अध्यायों की संख्या भी अठारह है।
- श्रीमद्भगवतगीता में कुल श्लोकों की संख्या अठारह सौ है।
- श्रीराधा, कात्यायनी, काली, तारा, कूष्मांडा, लक्ष्मी, सरस्वती, गायत्री, छिन्नमस्ता, षोडशी, त्रिपुरभैरवी, धूमावती, बगलामुखी, मातंगी, पार्वती, सिद्धिदात्री, भगवती, जगदम्बा के ये अठारह स्वरूप माने जाते हैं।
- श्रीविष्णु, शिव, ब्रह्मा, इन्द्र आदि देवताओं के अंश से प्रकट हुई भगवती दुर्गा अठारह भुजाओं से सुशोभित हैं

उप पुराण

महर्षि वेदव्यास ने अठारह पुराणों के अतिरिक्त कुछ उप-पुराणों की भी रचना की है। उप-पुराणों को पुराणों का ही साररूप कहा जा सकता है। उप-पुराण इस प्रकार हैं:

1. सनत्कुमार पुराण
2. कपिल पुराण
3. साम्ब पुराण
4. आदित्य पुराण
5. नृसिंह पुराण
6. उशनः पुराण
7. नंदी पुराण
8. माहेश्वर पुराण
9. दुर्वासा पुराण
10. वरुण पुराण
11. सौर पुराण
12. भागवत पुराण
13. मनु पुराण
14. कालिकापुराण
15. पराशर पुराण
16. वसिष्ठ पुराण

5.4 सारांश -

इस इकाई के अध्ययन करने के पश्चात् आप पुराणों के आधारभूत तथ्यों को जान लेंगे। पुराण हमारे अतीत का धरोहर है, जो हमारी विरासत को आख्यान रूप में प्रकट करता है। इसमें सृष्टि की उत्पत्ति – विनाश, भगवान के विभिन्न रूप का अवतार वर्णन, धर्मसंस्थापनार्थ अनेकों आख्यान, राजाओं – महाराजाओं का वर्णन आदि प्राप्त होता है। आशा है आप इकाई के अध्ययन के पश्चात् पुराण एवं उससे जुड़े कई विषयों का ज्ञान प्राप्त करनें में सक्षम होंगे।

5.5 शब्दावली

पुराण – पुरा नवं पुराणम्

उपपुराण – पुराण के समीप

संस्थापना – स्थापना के साथ

उत्पत्ति - प्राकट्य,

लय – विनाश

धर्मसंस्थापनार्थ – धर्म की स्थापना के लिये

पुरातन – पुराना

जनसाधारण – आम लोग

दैवीकृपा – देवताओं की कृपा

5.6 अभ्यास प्रश्नों के उत्तर –

1. ख
2. घ
3. घ
4. ख
5. क

5.7 सन्दर्भ ग्रन्थ सूची

ग्रन्थ नाम	प्रकाशन
नित्यकर्म पूजाप्रकाश	गीताप्रेस गोरखपुर
भारतीय संस्कृति के आधारभूत तत्व –	चौखम्भा प्रकाशन
कर्मकाण्ड प्रदीप –	चौखम्भा प्रकाशन

5.8 निबन्धात्मक प्रश्न

1- पुराण किसे कहते है ? विस्तार से उसका वर्णन कीजिये।

2- पुराणों के कितने प्रकार है। विस्तृत वर्णन कीजिये।

खण्ड – 2
पंचांग परिचय एवं मुहूर्त्त ज्ञान

इकाई – 1 तिथि, वार, नक्षत्र, योग एवं करण विचार

इकाई की संरचना

1.1 प्रस्तावना

1.2 उद्देश्य

1.3 तिथि, वार, नक्षत्र, योग एवं करण का परिचय

1.3.1 तिथियों का परिचय

1.3.2 नक्षत्रों का परिचय

1.3.3 वारों का परिचय

1.3.4 योगों का परिचय

1.3.5 करण परिचय

1.4 तिथि, वार, नक्षत्र, योग एवं करण का वैशिष्ट्य

1.4.1 प्रतिपदा इत्यादि तिथियों का निर्णय

1.4.2 नक्षत्रों का वैशिष्ट्य

1.5 सारांश

1.6 पारिभाषिक शब्दावली

1.7 अभ्यास प्रश्नों के उत्तर

1.8 सन्दर्भ ग्रन्थ सूची

1.9 सहायक पाठ्यसामग्री

1.10 निबन्धात्मक प्रश्न

1.1 प्रस्तावना

इस इकाई में तिथि, वार, नक्षत्र, योग एवं करण विचार संबंधी प्रविधियों का अध्ययन आप करने जा रहे हैं। इससे पूर्व की प्रविधियों का अध्ययन आपने कर लिया होगा। प्रत्येक दिन तिथि, वार, नक्षत्र, योग एवं करण प्रायः पृथक- पृथक होता है। बिना इसके विचार किये वह दिन शुभ है या अशुभ है इसका विचार आप नही कर सकते हैं। अतः ये तिथि, वार, नक्षत्रादि क्या होते हैं इसका ज्ञान आपको इस इकाई के अध्ययन से हो जायेगा।

तिथि, वार, नक्षत्र, योग एवं करण विचार के अभाव में किसी व्रत, किसी मुहूर्त्त, किसी उत्सव एवं किसी पर्व का ज्ञान किसी भी व्यक्ति को नही हो सकता है। क्योकि कोई भी व्रत करते हैं तो उसका आधार तिथि, वार, नक्षत्र, योग एवं करण ही होता है, साधारण रूप से एकादशी का विचार करना हो तो आपको यह कौन सी तिथि है? महीने में कितनी बार आती है ? इत्यादि-इत्यादि बिना जाने आप एकादशी का विचार नही कर सकते हैं। इसी प्रकार वार का व्रत, जैसे मंगलवार का व्रत करना हो तो यह जानना आवश्यक होगा कि मंगलवार कब आता है ? इसमें किसका पूजन करना चाहिय? आदि-आदि।

इस इकाई के अध्ययन से आप तिथि, वार, नक्षत्र, योग एवं करण इत्यादि के विचार करने की विधि का सम्यक् ज्ञान प्राप्त कर सकेगें। इससे तिथि, वार, नक्षत्र, योग एवं करण आदि विषय के अज्ञान संबंधी दोषों का निवारण हो सकेगा जिससे सामान्य जन भी अपने कार्य क्षमता का भरपूर उपयोग कर समाज एवं राष्ट्र के निर्माण में महत्वपूर्ण योगदान दे सकेगें। आपके तत्संबंधी ज्ञान के कारण ऋषियों एवं महर्षियों का यह ज्ञान संरक्षित एवं सवंर्धित हो सकेगा। इसके अलावा आप अन्य योगदान दें सकेगें, जैसे - कल्पसूत्रीय विधि के अनुपालन का सार्थक प्रयास करना, भारत वर्ष के गौरव की अभिवृद्धि में सहायक होना, सामाजिक सहभागिता का विकास, इस विषय को वर्तमान समस्याओं के समाधान हेतु उपयोगी बनाना आदि।

1.2 उद्देश्य-

अब तिथि, वार, नक्षत्र, योग एवं करण विचार की आवश्यकता को आप समझ रहे होगें। इसका उद्देश्य भी इस प्रकार आप जान सकते हैं।

1. कर्मकाण्ड को लोकोपकारक बनाना।
2. व्रत, पर्व, उत्सवों के निर्णयार्थ शास्त्रीय विधि का प्रतिपादन।
3. कर्मकाण्ड में व्याप्त अन्धविश्वास एवं भ्रान्तियों को दूर करना।

4. प्राच्य विद्या की रक्षा करना।

5. लोगों के कार्यक्षमता का विकास करना।

6. समाज में व्याप्त कुरीतियों को दूर करना।

1.3 तिथि, वार, नक्षत्र, योग एवं करण का परिचय -

इसमें तिथि, वार, नक्षत्र, योग एवं करणों का परिचय आपको कराया जायेगा क्योकि बिना इसके परिचय के तिथि, वार, नक्षत्र, योग एवं करण का आधारभूत ज्ञान नही हो सकेगा। आधारभूत ज्ञान हो जाने पर किसी भी विषय के महत्त्व एवं उपयोगिता को आसानी से समझा जा सकता है

1.3.1 तिथियों का परिचय

तिथि क्या है ? इस पर विचार करते हुये आचार्यों ने कहा है **एक-चन्द्रकलावृद्धिक्षयान्यतरावच्छिन्नः कालः तिथिः।** अर्थात् चन्द्रमा के एक-एक कला वृद्धि के अवच्छिन्न काल को तिथि कहा जाता है। तिथियों को दो प्रकारों में बांटा गया है जिन्हें शुक्ला तिथि एवं कृष्णा तिथि के रूप में जाना जाता है। चन्द्रमा के एक-एक कला की वृद्धि के अवच्छिन्न काल को शुक्ल तिथि एवं चन्द्रमा के क्षयावच्छिन्न काल को कृष्णा तिथि कहते हैं।

चन्द्रमा के एक कला वृद्धि या एक कला क्षय के काल को प्रतिपदा तिथि कहते हैं। चन्द्रमा के दो कला वृद्धि या दो कला क्षय के काल को द्वितीया तिथि कहते हैं। चन्द्रमा के तीन कला वृद्धि या क्षय के काल को तृतीया तिथि कहते हैं। चन्द्रमा के चार कला वृद्धि या क्षय के काल को चतुर्थी तिथि कहते हैं। चन्द्रमा के पांच कला वृद्धि या क्षय के काल को पंचमी तिथि कहते हैं। चन्द्रमा के छः कला वृद्धि या क्षय के काल को षष्ठी तिथि कहते हैं। चन्द्रमा के सात कला वृद्धि या क्षय के काल को सप्तमी तिथि कहते हैं। चन्द्रमा के आठ कला वृद्धि या क्षय के काल को अष्टमी तिथि कहते हैं। चन्द्रमा के नव कला वृद्धि या क्षय के काल को नवमी तिथि कहते हैं। चन्द्रमा के दश कला वृद्धि या क्षय के काल को दशमी तिथि कहते हैं। चन्द्रमा के ग्यारह कला वृद्धि या क्षय के काल को एकादशी तिथि कहते हैं। चन्द्रमा के बारह कला वृद्धि या क्षय के काल को द्वादशी तिथि कहते हैं। चन्द्रमा के तेरह कला वृद्धि या क्षय के काल को त्रयोदशी तिथि कहते हैं। चन्द्रमा के चौदह कला वृद्धि या क्षय के काल को चतुर्दशी तिथि कहते हैं। चन्द्रमा के पन्द्रह कला वृद्धि या क्षय के काल को पूर्णिमा या अमावास्या तिथि कहते हैं। इसी प्रकार समस्त तिथियों का विचार किया जाता है।

सभी तिथियां दो प्रकार की होती है जिन्हे पूर्णा एवं खण्डा के नाम से जाना जाता है। पूर्णा तिथि की व्याख्या करते हुये नारदीय पुराण में कहा गया है कि आदित्योदयबेलायामारभ्य

षष्टिनाडिका सम्पूर्णा इति विज्ञेया। अर्थात् सूर्योदय से आरम्भ कर साठ नाडी तक जो तिथि भोग करती है उसे पूर्णा तिथि कहते हैं। अतो अन्या खण्डा यानी इसके अतिरिक्त अन्य सभी प्रकार की तिथियों को खण्डा कहा जाता है। तिथियों के लक्षण का प्रतिपादन करते हुये बतलाया गया है कि खर्वो दर्पस्तथा हिंसा त्रिविधं तिथि लक्षणम् अर्थात् खर्व, दर्प एवं हिंसा तिथियों के तीन लक्षण बतलाये गये हैं। इनकी व्याख्या करते हुये कहा गया- खर्वो साम्यं अर्थात् तिथियों में जो साम्यता पाई जाती है उसे खर्व के अन्तर्गत रखा गया है। साम्यता का अर्थ सामान्यता से है जैसे प्रतिपदा, द्वितीया , तृतीया इत्यादि। दर्पो वृद्धिः यानी तिथियों में वृद्धि जो होती है उसे दर्प में रखा गया है जैसे प्रतिपदा, द्वितीया, द्वितीया, तृतीया इत्यादि। हिंसा क्षयः अर्थात् तिथियों का क्षय हो जाना जैसे प्रतिपदा , तृतीया इत्यादि। यहॉ द्वितीया की हानि हो गयी है। इससे ऊपर वाले में द्वितीया तिथि की वृद्धि हो गयी है। इस प्रकार से खर्व, दर्प एवं हिंसा इन तीन प्रकार की तिथियों को बराबर अनुभूत करते हैं।

इस प्रकरण में आपने प्रतिपदा से पूर्णिमा तक की तिथियों का ज्ञान क्या है? इसको आपने जाना। आशा है आपको तिथियों का सामान्य ज्ञान हो गया होगा।

अभ्यास प्रश्न-

उपरोक्त विषय को पढ़कर आप अधोलिखित प्रश्नों का उत्तर दे सकते हैं। अधोलिखित प्रश्न बहु विकल्पीय है। प्रत्येक प्रश्नों में दिये गये चार विकल्पों में से कोई एक ही सही है, जिसका चयन आपको करना है-

प्रश्न 1- तिथियों को कितने प्रकारों में बांटा गया है?

क- 2, ख- 3, ग-4, घ- 5।

प्रश्न 2- चन्द्रमा के एक-एक कला वृद्धि को कहा जाता है-

क-शुक्ल, ख- कृष्ण, ग- पीत , घ- हरित।

प्रश्न 3- चन्द्रमा के एक - एक कला ह्रास को कहा गया है-

क-शुक्ल, ख- कृष्ण, ग- पीत , घ- हरित।

प्रश्न 4- प्रतिपदा में कितने कला की वृद्धि या क्षय होता है?

क- एक, ख- दो, ग- तीन, घ- आठ।

प्रश्न 5- द्वितीया में कितने कला की वृद्धि या क्षय होता है?

क- एक, ख- दो, ग- तीन, घ- आठ।

प्रश्न 6- तृतीया में कितने कला की वृद्धि या क्षय होता है?

क- एक, ख- दो, ग- तीन, घ- आठ।

प्रश्न 7- चतुर्थी में कितने कला की वृद्धि या क्षय होता है?

क- चार, ख- तीन, ग- दो, घ- एक।

प्रश्न 8- पंचमी में कितने कला की वृद्धि या क्षय होता है?

क- एक, ख- दो, ग- तीन, घ- पॉंच।

प्रश्न 9- खर्व तिथि का लक्षण क्या है ?

क-साम्यता, ख- वृद्धि, ग- क्षय , घ- अनिश्चित।

प्रश्न 10- दर्प तिथि का लक्षण क्या है ?

क-साम्यता, ख- वृद्धि, ग- क्षय , घ- अनिश्चित।

प्रश्न 11- हिंसा तिथि का लक्षण क्या है ?

क-साम्यता, ख- वृद्धि, ग- क्षय , घ- अनिश्चित।

1.3.2 नक्षत्रों का परिचय-

ज्योतिषीय ज्ञान का मुख्य आधार नक्षत्र हैं।जिस भी काल खण्ड में व्यक्ति का जन्म होता है उस समय कोई न कोई नक्षत्र अवश्य होती है। इन नक्षत्रों के आधार पर ही राशि नाम का निर्धारण किया जाता है।प्रत्येक नक्षत्र के चार पाद बतलाये गये है। जिस पाद में जातक का जन्म होता है उस पाद में निश्चित वर्ण को आधार मानकर राशि नाम का निर्धारण किया जाता है। अभिजित सहित कुल नक्षत्रों की संख्या अठ्ठाईस मानी जाती है। अभिजित को छोड़कर कुल नक्षत्रों की संख्या सत्ताईस बतलायी गयी है। अश्विनी, भरणी, कृत्तिका, रोहिणी, मृगशिरा, आर्द्रा, पुनर्वसु, पुष्य, आश्लेषा, मघा, पूर्वा फाल्गुनी, उत्तरा फाल्गुनी, हस्त, चित्रा, स्वाती, विशाखा, अनुराधा, ज्येष्ठा, मूल, पूर्वाषाढ़ा, उत्तराषाढ़ा, श्रवण, धनिष्ठा, शतभिषा, पूर्वाभाद्रपदा, उत्तराभाद्रपदा एवं रेवती के नाम से जाना जाता है।

अब नक्षत्रों के बारे में अब आप जान गये होगे। इन नक्षत्रों के आधार पर वर्णो का निर्धारण कर किस प्रकार नक्षत्र नाम का निर्धारण किया जाता है इसके बारे में जानना अति आवश्यक है। इसलिये अग्रिम जानकारी दी जा रही है इसे ध्यान पूर्वक समझना चाहिये।

अश्विनी नक्षत्र के चारो पादों को **चू, चे, चो, ला** के रूप में जाना जाता है**। भरणी नक्षत्र** के चारो पादों को **ली, लू, ले, लो** के रूप में जाना जाता है। **कृत्तिका नक्षत्र** के चारो पादों को **अ, ई, उ, ए** के रूप में जाना जाता है। **रोहिणी नक्षत्र** के चारो पादों को **ओ, वा, वी, वू** के रूप में जाना जाता है। **मृगशिरा नक्षत्र** के चारो पादों को वे, वो, का, की के रूप में जाना जाता है। आर्द्रा नक्षत्र के चारो पादों को कू, घ, ङ., छ के रूप में जाना जाता है। पुनर्वसु के चारो पादों को के, को, हा, ही के रूप में

जाना जाता है। पुष्य नक्षत्र के चारो पादों को हू, हे, हो, डा के रूप में जाना जाता है। आश्लेषा नक्षत्र के चारो पादों को डी, डू, डे, डो के रूप में जाना जाता है। मघा
नक्षत्र के चारो पादों को मा, मी, मू, मे के रूप में जाना जाता है। पूर्वा फाल्गुनी नक्षत्र के चारो पादों को मो, टा, टी, टू के रूप में जाना जाता है। उत्तरा फाल्गुनी नक्षत्र के चारो पादों को टे, टो, पा, पी के रूप में जाना जाता है। हस्त नक्षत्र के चारो पादों को पू, ष, ण, ठ के रूप में जाना जाता है। चित्रा नक्षत्र के चारो पादों को पे, पो, रा, री के रूप में जाना जाता है। स्वाती नक्षत्र के चारो पादों को रू, रे, रो, ता के रूप में जाना जाता है। विशाखा नक्षत्र के चारो पादों को ती, तू, ते, तो के रूप में जाना जाता है। अनुराधा नक्षत्र के चारो पादों को ना, नी, नू, ने के रूप में जाना जाता है। ज्येष्ठा नक्षत्र के चारो पादों को नो, या, यी, यू के रूप में जाना जाता है। मूल नक्षत्र के चारो पादों को ये, यो, भा, भी के रूप में जाना जाता है। पूर्वाषाढ़ा नक्षत्र के चारो पादों को भू, ध, फ, ढ के रूप में जाना जाता है। उत्तराषाढ़ा नक्षत्र के चारो पादों को भे, भो, जा, जी के रूप में जाना जाता है। श्रवण नक्षत्र के चारो पादों को खी, खू, खे, खो के रूप में जाना जाता है। धनिष्ठा नक्षत्र के चारो पादों को गा, गी, गू, गे के रूप में जाना जाता है। शतभिषा नक्षत्र के चारो पादों को गो, सा, सी, सू के रूप में जाना जाता है। पूर्वाभाद्रपदा नक्षत्र के चारो पादों को से, सो, दा, दी के रूप में जाना जाता है। उत्तराभाद्रपदा नक्षत्र के चारो पादों को दू, थ, झ, यं के रूप में जाना जाता है। रेवती नक्षत्र के चारो पादों को दे, दो, चा, ची के रूप में जाना जाता है।

इन पादों का निर्धारण भयात् एवं भभोग के आधार पर होता है। भ का अर्थ नक्षत्र होता है। यात् का गत हुआ होता है यानी जितनी घटी नक्षत्र गत हो गयी उसे भयात् के रूप में एवं जितनी घटी नक्षत्र सम्पूर्ण भोग करेगी उसे भभोग के रूप में जाना जाता है। इसके निर्धारण हेतु बतलाया गया है कि-

गतर्क्ष नाडी खरशेषु शुद्धा, सूर्योदयादिष्ट भवेद् युक्ता।
भयात् संज्ञा भवतीह तस्य, निजर्क्ष्य नाड़ी सहितो भभोगः।।

इसका अर्थ यह हुआ कि गत नक्षत्र को साठ में से घटाकर सूर्योदयादिष्ट को जोड़ देने से भयात् संज्ञा हो जाती है। और वर्तमान नक्षत्र में उस घटाये हुये मान को जोड़ने से भभोग संज्ञा हो जाती है। जिसके आधार पर पाद भेद का निर्धारण हो जाता है। इस प्रकार से इसमें आपने नक्षत्रों के नाम एवं पाद भेद की दृष्टि से उनके वर्णाक्षरों को जाना। इसके ज्ञान से नक्षत्र ज्ञान आपका प्रौढ़ होगा तथा आसानी से आप राशि का निर्माण भी करने में समर्थ हो सकेगें।

अभ्यास प्रश्न-

उपरोक्त विषय को पढ़कर आप अधोलिखित प्रश्नों का उत्तर दे सकते हैं। अधोलिखित प्रश्न बहु

विकल्पीय है। प्रत्येक प्रश्नों में दिये गये चार विकल्पों में से कोई एक ही सही है, जिसका चयन आपको करना है-

प्रश्न 1- अभिजित् नक्षत्र को छोड़कर कुल नक्षत्रों की संख्या कितनी है?

क- 27, ख- 28, ग- 29, घ- 30 ।

प्रश्न 2- इन नक्षत्रों में से किसको चे वर्ण वाली नक्षत्र के रूप में जाना जाता है?

क-रेवती को, ख- अश्विनी को, ग- आश्लेषा को , घ- हस्त को।

प्रश्न 3- लू वर्ण वाली नक्षत्र किसे कहा गया है?

क- भरणी को, ख- कृत्तिका को, ग-रोहिणी को, घ- मूल को।

प्रश्न 4- अ वर्ण किस नक्षत्र में आता है?

क- अश्विनी, ख- भरणी, ग- कृत्तिका, घ- रोहिणी।

प्रश्न 5- ओ वर्ण किस नक्षत्र में आता है?

क- अश्विनी, ख- भरणी, ग- कृत्तिका, घ- रोहिणी।

प्रश्न 6- ला वर्ण किस नक्षत्र में आता है?

क- अश्विनी, ख- भरणी, ग- कृत्तिका, घ- रोहिणी।

प्रश्न 7- ली वर्ण किस नक्षत्र में आता है?

क- अश्विनी, ख- भरणी, ग- कृत्तिका, घ- रोहिणी।

प्रश्न 8- ए वर्ण किस नक्षत्र में आता है?

क- अश्विनी, ख- भरणी, ग- कृत्तिका, घ- रोहिणी।

प्रश्न 9- मा वर्ण किस नक्षत्र में आता है?

क- अश्विनी, ख- भरणी, ग- कृत्तिका, घ- मघा।

प्रश्न 10- खी वर्ण किस नक्षत्र में आता है?

क- अश्विनी, ख- भरणी, ग-श्रवण, घ- रोहिणी।

1.3.3 वारों का परिचय-

आप सभी जानते है कि एक वर्ष में बारह महीनें होते हैं। एक महीने मे तीस या इकतिस दिन होते हैं फरवरी मास को छोड़कर। सात दिनों का एक सप्ताह होता है। दिनों को ही वारों के रूप में जाना जाता है जिन्हे क्रमशः सूर्यवार, सोमवार, भौमवार, बुधवार, बृहस्पतिवार, शुक्रवार एवं शनिवार के रूप में जाना जाता है। ज्योतिष में इन सात वारों के नामों को ग्रहों से जोड़कर मुख्य ग्रह के रूप में सूर्यवार को रवि, सोमवार को चन्द्र, भौमवार को मंगल, बुधवार को बुध, बृहस्पतिवार को गुरु, शुक्रवार को

वार – सूर्य, मंगल एवं गुरू।

नक्षत्र – अश्विनी, रोहिणी, मृगशिरा, उत्तरात्रय, हस्त, स्वाती, अनुराधा एवं रेवती।

लग्न - 2,3,4,6,7,9,12 लग्न राशि। लग्न सौम्य ग्रह से युत व दृष्ट हो तथा पंचम में ग्रह – राहित्य हो।

अक्षरारम्भ व विद्यारम्भ मुहूर्त्त – बालक पॉच वर्ष की अवस्था में सम्प्राप्त हो जाने पर अधोवर्णित विशुद्ध दिन को विघ्नविनायक, शारदा, लक्ष्मीनारायण, गुरू एवं कुलदेवता की पूजा के साथ उसे लिखने पढ़ने का श्रीगणेश करवाना चाहिये। अर्थात् अक्षराम्भ संस्कार करवाना चाहिये।

मास – कुम्भ संक्रान्ति वर्जित तथा उत्तरायण मास।

तिथि – शुक्लपक्ष की 2,3,5,7,10,11,12।

वार – सोमवार, बुधवार, गुरूवार एवं शुक्रवार।

नक्षत्र – अश्विनी, आर्द्रा, पुनर्वसु, पुष्य, हस्त, चित्रा, स्वाती, अनुराधा, ज्येष्ठा, अभिजित्, श्रवण एवं रेवती।

लग्न – 2,3,6,9,12 लग्नराशि। अष्टम भाव ग्रहरहित होना चाहिये।

वर्णमाला गणितादि में बालक परिपक्व हो जाने पर भविष्यत आजीविका प्रदात्री कोई विशेष या सर्वसामान्य विद्या का शुभारम्भ करना चाहिये। अप्रधान रूप से विद्यारम्भ मुहूर्त्त –

मास – फाल्गुन के अतिरिक्त उत्तरायणमास।

तिथि – 2,3,5,7,10,11,13 आदि शुक्लपक्ष की तिथियॉ।

वार – रविवार, गुरूवार एवं शुक्रवार।

नक्षत्र – अश्विनी, मृगशिरा, आर्द्रा, पुनर्वसु, आश्लेषा, तीनों पूर्वा, हस्त, चित्रा, स्वाती, श्रवण, धनिष्ठा एवं शतभिषा।

लग्न - 2,5,8 राशि लग्न जब केन्द्र त्रिकोण में शुभ ग्रह तथा 3,6,11 वें क्रूर ग्रह हों।

आचार्य रामदैवज्ञ ने मुहूर्त्तचिन्तामणि में प्रतिपादित किया है -

प्रसूता – स्नान का मुहूर्त्त –

पौष्णध्रुवेन्दुकरवातहयेषु सूती –
स्नानं समित्रभरवीज्यकुजेषु शस्तम्।
नार्द्रात्रयश्रुतिमघान्तकमिश्रमूल
त्वाष्ट्रे ज्ञसौरिवसुषड्विरिक्ततिथ्याम्॥

रेवती, तीनों उत्तरा, रोहिणी, मृगशिरा , हस्त, स्वाती, अश्विनी, अनुराधा ये नक्षत्र तथा रवि, गुरू और भौमवार प्रसूता के स्नान में शुभ है। आर्द्रा, पुनर्वसु, पुष्य, श्रवण, मघा, भरणी, विशाखा, कृत्तिका, मूल और चित्रा ये नक्षत्र बुध, शनिवार तथा 8/6/12/4/9/14 इन तिथियों में प्रसुति का स्नान शुभ नहीं है।

प्रसूतिका स्त्री के जलपूजन का मुहूर्त्त –

कवीज्यास्तचैत्राधिमासे न पौषे जलं पूजयेत्सूतिकामासपूर्तौ।
बुधेन्द्वीज्यवारे विरिक्ते तिथौ हि श्रुतीज्यादितीन्द्वर्कनैर्ऋत्यमैत्रै:॥

शुक्र और वृहस्पति के अस्त, चैत्रमास, अधिकमास, पौष इनमें जल – पूजा का त्याग करना चाहियें। बुध, सोम, वृहस्पतिवार, 4।9।14 तिथि तथा श्रवण, पुष्य, पुनर्वसु, मृगशिरा, हस्त, मूल, अनुराधा नक्षत्रों में जल पूजा शुभ है।

अक्षराम्भ मुहूर्त्त –

गणेश विष्णु वाग्रमा: प्रपूज्य पंचमाब्दके।
तिथौ शिवार्कदिग्द्विषट्शरत्रिके रवावुदक्॥
लघुश्रवोऽनिलान्त्यभादितीशतक्षमित्रभे।
चरोनसत्तनौ शिशोर्लिपिग्रह: सतां दिने॥

गणेश, विष्णु, सरस्वती और लक्ष्मी का पूजन करके पंचम वर्ष में 11।12।10।2।6।5।3 तिथि में, उत्तरायण सूर्य हो और हस्त, अश्विनी, पुष्य, अभिजित्, श्रवण, स्वाती, रेवती, पुनर्वसु, आर्द्रा, चित्रा, अनुराधा इन नक्षत्रों में चर 1,4,7,10 लग्न रहित अन्य लग्नों तथा शुभग्रह के वारों में बालक को अक्षराम्भ करना शुभ है।

विद्यारम्भ मुहूर्त्त –

मृगात्कराच्छ्रुतेस्त्रयेऽश्विमूलपूर्विकात्रये
गुरूद्वयेऽर्कजीवविित्सितेऽह्नि षट्शरत्रिके।
शिवार्कदिग्द्विके तिथौ ध्रुवान्त्यमित्रभे परै:
शुभैरधीतिरूत्तमा त्रिकोणकेन्द्रगै: स्मृता॥

मृगशिरा, आर्द्रा, पुनर्वसु हस्त, चित्रा, स्वाती, श्रवण, धनिष्ठा, शततारा, अश्विनी, मूल, तीनों पूर्वा, पुष्य, आश्लेषा, तीनों उत्तरा, रोहिणी, अनुराधा और रेवती इन नक्षत्रों में – रवि, बुध, गुरू, शुक्रवारों में 6,5,3,11,12,10,2 तिथियों में तथा शुभग्रह 9,5,1,4,7,10 वे स्थान में हो तब बालक को विद्यारम्भ करना शुभ है।

वास्तुपुरूष स्वरूपम् –

पुरा कृतयुगे ह्यासीन्महद्भुतं समुत्थिम्।
व्याप्यमानं शरीरेण सकलं भुवनं तत्त:।।
तद्दृष्टवा विस्मयं देवा गता: सेन्द्रा भयावृता:।
ततस्तै: क्रोधसन्तप्तैर्गृहीत्वा तमथासुरम्।।
विनिक्षिप्तमधोवक्त्रं स्थितास्तत्रैव ते सुरा:।
तमेव वास्तुपुरूषं ब्रह्मा कल्पितवान् स्वयम्।।

सत्ययुग के आरम्भ में एक महान प्राणी उत्पन्न हुआ, जो अपने विशाल शरीर से समस्त भुवनों में व्याप्त था, इसको देखकर देवराज इन्द्र सहित सभी देवता भय एवं आश्चर्य चकित थे, तदनन्तर उन्होंने क्रुद्ध होकर उस असुर को पकड़कर उसका शिर नीचे करके भूमि में गाड़ दिया और स्वयं वहॉं खड़े रहे। इसी का नाम ब्रह्मा ने वास्तुपुरूष रखा।

मनुष्य जब अपना गृह निर्माण करता है, तो उसे गृहनिर्माण प्रक्रिया में वास्तुशान्ति का ध्यान रखना चाहिये अर्थात् जब वास्तुशान्ति करवाकर वह गृह में प्रवेश करता है, तो निश्चय ही गृह में बाहरी आवरण से उसकी रक्षा होती है।

अभ्यास प्रश्न –

1.वास्तु शान्ति किन वारों में अशुभ होता है

क. सोम ख. बुध ग. गुरू घ. शनि

2. सूतिका से तात्पर्य है।

क. सूत ख. प्रसुता स्त्री ग. सही घ. कोई नहीं

3. अक्षराम्भ किन वारों में प्रशस्त होता है।

क. शनि ख. मंगल ग. रवि घ. शुक्र

4. अर्क किसका पर्याय है।

क. मंगल ख. सूर्य ग. गुरू घ. कोई नहीं

5. त्रिकोण होता है।

क. 4,7 ख. 2,5 ग. 5,9 घ. 1,2

1.4 सारांश

इस इकाई में पाठकों के ज्ञानार्थ वास्तु शान्ति मुहूर्त, सूतिका स्नान एवं अक्षरारम्भ मुहूर्त की चर्चा की गयी है। वास्तु शान्ति का सम्बन्ध गृहनिर्माण से है तथा सूतिका स्नान का जिस स्त्री का प्रसव हुआ हो उससे है तथा अक्षराम्भ का सम्बन्ध शिशु को प्रथम बार अक्षर बोध कराने वाला संस्कार से है। इन तीनों की आवश्यकता मनुष्य को अपने जीवन में पड़ती है। वस्तुत: आचार्यों द्वारा संस्कारों का निर्माण ही मानवों के सर्वतोमुखी विकासार्थ किया गया है।

1.5 शब्दावली

वास्तु = गृह के रक्षा करने वाले देवता।

सूतिका = जिस स्त्री का पुत्र उत्पन्न हुआ हो, और उससे लगने वाला अशौच।

अक्षराम्भ संस्कार = शिशु को प्रथम बार अक्षर का ज्ञान कराने हेतु किया जाने वाला संस्कार।

षोडश संस्कार = मानव जीवन में जीवन से मृत्यु पर्यन्त किये गये विभिन्न (16 प्रकार के) संस्कार

1.6 अभ्यास प्रश्नों के उत्तर

1. घ
2. ख
3. घ
4. ख
5. ग

1.7 सन्दर्भ ग्रन्थसूची

1. संस्कारदीपक - महामहोपाध्याय श्रीनित्यानन्द पर्वतीय
2. पारस्करगृह्यसूत्र - आचार्य पारस्कर (गदाधर भाष्य)
3. हिन्दूसंस्कारविधिः - डा. राजबली पाण्डेय

1.8 निबन्धात्मक प्रश्न

1. वास्तु शान्ति मुहूर्त संस्कार का परिचय प्रस्तुत करें।
2. सूतिका एवं अक्षराम्भ से आप क्या समझते है। विस्तार से वर्णन कीजिये।

इकाई – 2 वरवरण एवं विवाह मुहूर्त्त

इकाई संरचना

2.1 प्रस्तावना

प्रस्तुत इकाई तृतीय खण्ड के द्वितीय इकाई '**वरवरण एवं विवाह मुहूर्त्त**' नामक शीर्षक इकाई से सम्बन्धित है । इससे पूर्व की इकाई में आपने वास्तु शान्ति, सूतिका एवं अक्षाराम्भ मुहूर्त का अध्ययन कर लिया है । यहॉं पर इस इकाई में आप '**वरवरण एवं विवाह मुहूर्त्त**' का ज्ञान प्राप्त करेंगे।

भारतीय सनातन परम्परा में हमारे प्राचीन आचार्यो ने मनुष्य जीवन को उत्तरोत्तर विकास के पथ पर अग्रसर करने हेतु निश्चित अवधि में उनके जन्म से लेकर समय – समय पर विभिन्न संस्कार करने के लिये कहा है । यदि आचार्योक्त उन संस्कारों को मनुष्य अपने जीवन में यदि करें तो निश्चय ही सर्वदा उसका कल्याण होगा। '**वरवरण एवं विवाह मुहूर्त्त**' उन मुहूर्त्तों में से है।

इस इकाई में आप '**वरवरण एवं विवाह मुहूर्त्त**' से सम्बन्धित विषयों का विस्तारपूर्वक अध्ययन करेंगे।

2.2 उद्देश्य

इस इकाई के अध्ययन के पश्चात् आप जान पायेंगे कि –

1. वरवरण किसे कहते है तथा उसको करने का शुभ मुहूर्त्त कब होता है।
2. विवाह से क्या तात्पर्य है ।
3. वरवरण एवं विवाह का महत्व क्या है।
4. '**वरवरण एवं विवाह मुहूर्त्त**' का वर्तमान स्वरूप क्या है।
5. उपर्युक्त संस्कार को करने की विधि क्या है।

2.3 वरवरण एवं विवाह मुहूर्त्त' परिचय

विवाह मुहूर्त्त -

भारतीय आश्रमिक समाज वयवस्था के अन्तर्गत गृहस्थाश्रम ही सर्वोत्कृष्ट माना गया है। इसका कारण हैं कि स्वरूप सृष्टि का प्रादुर्भाव ही स्त्रीधारा और पुरूषधारा के पुनीत संगम से हुआ है । यह निर्विवाद सत्य हैं कि परमपिता परमात्मा ने स्वयं को ही, विश्व सृजन के उद्देश्य से नर और नारी स्वरूप दो लम्बरूप खण्डों में मूर्तिमान किया । वामांग को स्त्रीरूप एवं दक्षिणांग को पुरूष रूप में प्रचलित किया । शनै: शनै: इन धाराद्वय ने एक विशाल जन- समूह को खड़ा किया । इस प्रकार, आविर्भूत असंख्य नर नारियों ने संस्कृति के क्रमिक विकास के साथ अपने समकक्ष प्रतिद्वन्दी के प्रवरण की आवश्यकता का अनुभव किया । अन्ततोगत्वा, विवाह प्रथा का जन्म हुआ जो आने

वाली पीढियों के लिये अत्युपयोगी सिद्ध हुआ। विवाह ही गृहस्थाश्रम की आधारशिला है, और उसी माध्यम से मानव, देवर्षिपित्र्यादि ऋण त्रय से उऋण होकर पुरूषार्थ को प्राप्त करता है।

विवाह मास – मिथुनकुम्भमृगालि वृषाजगे मिथुनगेऽपि रवौ त्रिलवे शुचे।

अलीमृगाजगते करपीडनं भवति कार्तिक पौष मधुष्वपि ॥

सूर्य जब मिथुन, कुम्भ, वृश्चिक, वृष, मेष राशि में हो तथा आषाढ़ मास के प्रथम तृतीयांश तक विवाह करना शुभ होता है। माघ, फाल्गुन, वैशाख, ज्येष्ठ, आषाढ़ व मार्गशीर्ष ये माह विवाह के लिए शुभ होता है।

विवाह नक्षत्र – रेवती, तीनों उत्तरा, रोहिणी, मृगशिरा, मघा, मूला, अनुराधा, हस्त, स्वाती आदि नक्षत्रों में विवाह कार्य शुभ कहा गया है।

पक्ष व तिथि शुद्धि – शुक्ल पक्ष के प्रति आचार्यों का सभी शुभ कार्यों के सन्दर्भ में विशेष झुकाव है। कृष्ण पक्ष की भी अष्टमी तक मतान्तर से दशमी तक लिया जा सकता है। तिथियों के विषय में महत्व नहीं दिया जाता है तथापि जहॉ तक सम्भव हो रिक्ता तिथि को छोड़ना चाहिये। लेकिन प्रचलन ऐसा है कि चतुर्दशी, अमावस्या व शुक्ल प्रतिपदा को ही प्राय: छोड़ा जाता है।

वर वरण मुहूर्त्त – तीनों उत्तरा, तीनों पूर्वा, कृत्तिका, रोहिणी में शुभ वार व शुभ तिथि में उत्तम शकुनादि देखकर, चन्द्रबल वर व वरण कर्ता दोनों को शुभ होने पर वर का वरण करना चाहिये। इसे टीका, रोकना या ठाका आदि भी कहा जाता है। कन्या का पिता तिलक करके उक्त मुहूर्त्त में लड़के को वचन या वाग्दान देता है।

कन्या वरण मुहूर्त्त – तीनों पूर्वा, श्रवण, अनुराधा, उ.षा., कृत्तिका, धनिष्ठा, स्वाती नक्षत्रों में या विवाह के नक्षत्रों में पूर्ववत् शुभ तिथि, शुभ वार, व लग्न में पूर्वाभिमुख या उत्तराभिमुख होकर कन्या को उत्तम वस्त्र, खजूर, फल, मिष्ठान्न व आभूषणादि से वर की माता व बहनें वरण करें। वर के द्वारा कन्या को अंगूठी पहनाते समय भी उक्त मुहूर्त्त व विधि का अनुसरण करना चाहिये।

गृहस्थाश्रम को चारों आश्रमों का मूलाधार बताया गया है। लेकिन कहा गया है कि भली प्रकार से अपनी विद्या को समाप्त कर अर्थात् युवावस्था में ही विवाह कर गृहस्थाश्रम में प्रवेश करना चाहिये।

विवाह का समय –

विवाहो जन्मत: स्त्रीणां युग्मेऽब्दे पुत्रपौत्रद:।

अयुग्मे श्रीप्रद: पुंसां विपरीते तु मृत्युद: ॥

जन्म से सम संख्यक वर्षों में कन्या का और विषम वर्षों में पुरूष का विवाह करना शुभप्रद है, इससे विपरीत होने पर अशुभ होता है।

विवाह के आठ भेद - ब्राह्म, प्राजापत्य,दैव, आर्ष, गान्धर्व, आसुर, राक्षस व पैशाच ये आठ प्रकार के विवाह होते है। इनमें पहले चार प्रकार को श्रेष्ठ माना गया है। गान्धर्व विवाह प्रेम विवाह हैं , जो मध्यम श्रेणी का माना गया है तथा शेष तीन प्रकार अधम या निकृष्ट है।

विवाह के मास – माघ, फाल्गुन, वैशाख, ज्येष्ठ, आषाढ़ व मार्गशीर्ष ये सभी मास विवाह के लिये शुभ माने गये है।

पक्ष व तिथि शुद्धि – शुक्ल पक्ष के प्रति आचार्यों का सभी शुभ कार्यों के सन्दर्भ में विशेष झुकाव होता है। कृष्ण पक्ष की भी अष्टमी तक मतान्तर से दशमी तक लिया जा सकता है। तिथयों के विषय में विशेष महत्व नहीं दिया जाता है। तथापि जहॉं तक सम्भव हो रिक्ता तिथि को छोड़ना चाहिये। लेकिन प्रचलन ऐसा है कि चतुर्दशी, अमावस्या व शुक्ल प्रतिपदा को ही प्राय: छोड़ा जाता है।

अभ्यास प्रश्न –

1.निम्नलिखित में विवाह का नक्षत्र नहीं है

क. रेवती ख. तीनों उत्तरा ग. रोहिणी घ. **अश्विनी**

2. वर वरण हेतु उपयुक्त नक्षत्र है ।

क. भरणी ख. मृगशिरा ग. **तीनों उत्तरा** घ. श्रवण

3. जन्म से सम संख्यक वर्षों में विवाह करना किनके लिये शुभ होता है ।

क. कन्या का ख. वर का ग. कन्या एवं वर दोनों का घ. कोई नहीं

4. कुज दोष से तात्पर्य है।

क. मंगल दोष ख. सूर्य दोष ग. गुरू दोष घ. कोई नहीं

5. तारा का गुण कितना होता है।

क. 3 ख. 4 ग. 5 घ. 6

विवाह लग्न प्रशंसा –

भार्या त्रिवर्गकरणं शुभशीलयुक्ता
शीलं शुभं भवति लग्नवशेन तस्या: ।
तस्माद्विवाहसमय: परिचिन्त्यते हि
तन्निघ्नतामुपगता: सुतशीलधर्मा: ।।

सुशील स्वभाव की स्त्री त्रिवर्ग (धर्म, अर्थ, काम) को देने वाली होती है, परं च उसका शील और सच्चरित्र लग्न के वश से शुभ होता है, क्योंकि पुत्र, शील, और धर्म विवाहलग्न के अधीन है, अत:

विवाह समय का विचार किया जाता है।

वर के गुण –

कुलं च शीलं च सनाथतां च विद्यां च वित्तं च वपुर्वयश्च।

वरे गुणान्सप्त परीक्ष्य देया कन्या बुधै: शेषमचिन्तनीयम् ।।

कन्या दान से पूर्व वर का कुल, स्वभाव, सनाथता, विद्वत्ता, धन, शरीर तथा आयु इन सात गुणों की परीक्षा कर लेनी चाहिये।

कन्या के गुण –

अनन्यपूर्विका कन्यामसपिण्डां यवीयसीम्।

अरोगिणीं भ्रातृमतीमसमानार्षगोत्रजाम्।।

जिस कन्या का अन्य किसी ने दान अथवा उपभोग न किया हो, सापिण्डय न हो, वर से उम्र तथा शरीर में कम हो, निरोगिणी, सोदर बन्धुयुक्त एवं भिन्न गोत्र की कन्या देखकर विवाह निश्चित करना चाहिये।

विवाह के लिये मेलापक विचार –

वर्णो वश्यं तथा तारा योनिश्च ग्रहमैत्रकम्।

गणमैत्रं भकूटं च नाडी चैते गुणाधिका:।।

वर्ण, वश्य, तारा, योनि, ग्रहमैत्री, गणमैत्री, भकूट एवं नाडी ये आठ प्रकार के कूट क्रमश: उत्तरोत्तर एक – एक अंक की वृद्धि के साथ होते है। अर्थात् वर्ण में 1 गुण, वश्य में 2 गुण, तारा में 3 गुण आदि।

अनिष्ट मंगल का विचार -

लग्ने व्यये च पाताले जामित्रे चाऽष्टमे कुजे।

पत्नी हन्ति स्वभर्तारं भर्तुर्भार्या न जीवति।।

एवं विधे कुजे संस्थे विवाहो न कदाचन।

कार्यो वा गुणबाहुल्ये कुजे वा तादृशे द्वयो:।।

1,4,7,8,12 स्थानों में यदि मंगल कन्या की जन्मकुण्डली में हो तो पति का और यदि वर की जन्मकुण्डली में हो तो स्त्री घातक होता है। इसीलिये इस प्रकार के योग वाली कन्या को मंगली और लड़के को मंगला कहते है। यदि वर या कन्या किसी एक की कुण्डली में यह योग हो तो हानिकारक है और यदि दोनों की कुण्डली में समान योग हो अथवा अधिक गुण मिलते हों तभी विवाह करना चाहिये।

मंगल का परिहार –

शनिभौमोऽथवा कश्चित् पापो वा तादृशो भवेत्।

तेष्वेव भवनेष्वेव कुजदोष विनाशकृत्॥

वर और कन्या किसी एक की कुण्डली में उपर्युक्त अनिष्टकर्त्ता मंगल हो और दूसरे को उन्हीं स्थानों में शनि अथवा कोई भी पापग्रह हो तो उक्त अनिष्ट का नाश होता है। इस प्रकार चन्द्र कुण्डली से भी विचार करना चाहिये। यदि वर – कन्या दोनों की कुण्डली में परस्पर दोषों का परिहार हो तभी विवाह सम्बन्ध श्रेष्ठ कहा गया है।

विशेष - लग्न में मेष का, द्वादश में धनु का, चतुर्थ में वृश्चिक का, सप्तम में मकर का तथा अष्टम स्थान में कर्क राशि का मंगल हो तो अनिष्टकारक नहीं होता है।

विवाह में ज्येष्ठमास का निषेध तथा परिहार –

ज्येष्ठद्वन्द्वं मध्यमं संप्रदिष्ट त्रिज्येष्ठं स्यान्नैव युक्तं कदापि।

केचित्सूर्यं वह्निगं प्रोज्झ्यमाहुर्नैवाऽन्योन्यं ज्येष्ठयो: स्याद्विवाह:॥

दो ज्येष्ठ मध्यम अर्थात् दोनों (वर – कन्या) में से एक प्रथम गर्भोत्पन्न और ज्येष्ठ मास भी हो तो है। तीन ज्येष्ठ (ज्येष्ठ वर, ज्येष्ठ कन्या तथा ज्येष्ठ मास) विवाह में कदापि शुभ नहीं है। कुछ आचार्य का यह भी मानना है कि यदि कृत्तिका में सूर्य हो तो विवाह का त्याग करना चाहिये तथा आदि गर्भ अर्थात् प्रथम सन्तान का परस्पर विवाह सम्बन्ध अशुभ है।

2.4 सारांश

इस इकाई में पाठकों के ज्ञानार्थ वर वरण एवं विवाह मुहूर्त्त की चर्चा की गयी है। इससे पूर्व की इकाईयों में आपने वास्तु शान्ति मुहूर्त्त, सूतिका स्नान एवं अक्षरारम्भ मुहूर्त्त का अध्ययन कर लिया है। अब इस इकाई में आप वरवरण एवं विवाह को जानेंगे। वर वरण से तात्पर्य वर को कन्या के पिता के द्वारा विवाहार्थ वरण करने से है। इस संस्कार में वर को स्वशक्ति के अनुसार कन्या का पिता वर को वस्त्र, अलंकार, फल, मिष्ठान द्रव्यादि से सुशोभित कर विवाह के लिये वरण करता है। वर वरण के पश्चात् वैसे ही कन्या का वरण होता है पश्चात फिर उनका विवाह संस्कार किया जाता है।

2.5 शब्दावली

वरण = छेका, तिलक, टीका ।

विवाह = कन्या एवं वर को जीवन भर के लिये रिश्ते में बॉधने वाला बन्धन ।

त्रिज्येष्ठ = क्रम में ज्येष्ठ सन्तान, ज्येष्ठ मास, ज्येष्ठा नक्षत्र ।

गर्भोत्पन्न = गर्भ से उत्पन्न ।

2.6 अभ्यास प्रश्नों के उत्तर

1. घ
2. ग
3. क
4. क
5. क

2.7 सन्दर्भ ग्रन्थसूची

1. संस्कारदीपक - महामहोपाध्याय श्रीनित्यानन्द पर्वतीय
2. पारस्करगृह्यसूत्र - आचार्य पारस्कर (गदाधर भाष्य)
3. हिन्दूसंस्कारविधिः - डा. राजबली पाण्डेय

2.8 निबन्धात्मक प्रश्न

1. वरण से क्या तात्पर्य है। वर वरण को स्पष्ट कीजिये।
2. विवाह से आप क्या समझते है। विस्तार से वर्णन कीजिये।

इकाई – 3 गृहारम्भ एवं गृहप्रवेश मुहूर्त्त

इकाई की संरचना

3.1 प्रस्तावना

3.2 उद्देश्य

3.3 गृहारम्भ एवं गृहप्रवेश मुहूर्त्त

अभ्यास प्रश्न

3.4 सारांश

3.5 पारिभाषिक शब्दावली

3.6 अभ्यास प्रश्नों के उत्तर

3.7 सन्दर्भ ग्रन्थ सूची

3.8 निबन्धात्मक प्रश्न

3.1 प्रस्तावना

प्रस्तुत इकाई तृतीय खण्ड की तृतीय इकाई **‘गृहारम्भ एवं गृहप्रवेश मुहूर्त्त’** नामक शीर्षक इकाई से सम्बन्धित है। इससे पूर्व की इकाई में आपने वरवरण एवं विवाह का अध्ययन कर लिया है। यहाँ पर इस इकाई में आप **‘गृहारम्भ एवं गृहप्रवेश मुहूर्त्त’** का ज्ञान प्राप्त करेंगे।

इस संसार में मानव को अपना जीवनयापन करने के लिये उनकी कुछ मूलभुत आवश्यकतायें होती है – जिनमें प्रमुख है – भोजन, वस्त्र एवं आवास। प्रस्तुत इकाई का सम्बन्ध आवास से है। मानव जहॉ अपने परिवार के साथ निवास करता है उसे गृह कहते है एवं उसके निर्माण की क्रिया को गृहनिर्माण एवं निर्माण के पश्चात् उसमें प्रथम बार प्रवेश करने की क्रिया गृहप्रवेश कहलाता है।

गृहारम्भ एवं गृहप्रवेश करना कब शुभ होता है और कब अशुभ इसका ज्ञान आप प्रस्तुत इकाई में करेंगे।

3.2 उद्देश्य

इस इकाई के अध्ययन के पश्चात् आप जान पायेंगे कि –

1. गृहारम्भ क्या है ।
2. गृहप्रवेश से क्या तात्पर्य है ।
3. गृहारम्भ एवं गृहप्रवेश का महत्व क्या है।
4. ‘गृहारम्भ एवं गृहप्रवेश’ का वर्तमान स्वरूप क्या है।
5. उपर्युक्त संस्कार को करने की विधि क्या है।

3.3 गृहारम्भ एवं गृहप्रवेश मुहूर्त्त परिचय

गृहारम्भ मुहूर्त्त –

मानवीय जीवन काल को ऋषि मुनियों ने चार आश्रमों में विभाजित किया है – ब्रह्मचर्य, गृहस्थ, वानप्रस्थ एवं सन्यास इनमें गृहस्थाश्रम को सर्वोत्कृष्ट माना गया है। गृहस्थाश्रम की सुखसम्पन्नता के लिये स्वीय – निकेतन का होना परमाश्वयक हैं। क्योंकि स्वातिरिक्त अधिकार प्राप्त गृह में करिष्यमाण कर्म अपना यथेष्ट फल नहीं देते।

जैसा कि भविष्यपुराण में लिखा है –

गृहस्थस्य क्रिया: सर्वा न सिद्धयन्ति गृहं विना।

परगेहे कृता: सर्वा: श्रौत: स्मार्त्तक्रिया: शुभा: ।।

निष्फला: स्युर्य तस्तासां भूमीश: फलमश्नुते।

अत: स्वाधिकार प्राप्त निवास स्थान का निर्माणारम्भ मुहूर्त्त का यहाँ उल्लेख किया गया है।

गोचर शुद्धि – गृहारम्भ मुहूर्त्त निर्णय में सर्वप्रथम गृहस्वामी की जन्मराशि से गोचरस्थ सूर्य, चन्द्र, गुरू और शुक्र का प्रबल होना अनिवार्य है।

मास –

चैत्र – मेषार्क, वैशाख – सर्वदा, ज्येष्ठ वृषार्क, आषाढ़ – कर्कमास, श्रावण सर्वदा, भाद्रपद सिंहार्क, आश्विन तुला का सूर्य, कार्तिक वृश्चिक राशिस्थ सूर्य, मार्गशीर्ष सर्वदा, पौष सौर मकर परन्तु सम्पूर्ण मास पर्यन्त धन्वर्क न हो तो पौष अशुभ है।

गृहारम्भ के योग -

1. रोहिणी, मृगशिरा, पुनर्वसु , श्लेषा, तीनों उत्तरा, पूषा, श्रवण आदि नक्षत्र हो तथा गुरूवार दिन हो तो गृह आरम्भ कराने से गृह में धन – सम्पत्ति तथा संतति का पूर्णसुख प्राप्त होता है।
2. अश्विनी, रोहिणी, मृगशिरा, उ. फा., हस्त, चित्रा, नक्षत्र यदि बुधवार को हो तो उस दिन बनाया हुआ गृह में सुख – पुत्रार्थ सिद्धिदायक होता है।
3. अश्विनी, आर्द्रा, चित्रा, विशाखा, धनिष्ठा, शतभिषा, आदि नक्षत्र शुक्रवार युत हो तो उस दिन गृहारम्भ धन – धान्यदायक होता है।
4. भरणी, स्वाती, अनुराधा, ज्येष्ठा, पू.भा., उ . भा. , तथा शनिवार के संगम में शुरू किया हुआ गृहारम्भ भूत – प्रेतों से अधिकृत रहता है।

   गुरू – शुक्रास्त, कृष्ण पक्ष, निषिद्ध मास, रिक्तादि वर्ज्यतिथियाँ, तारा अशुद्धि, भूशयन, अग्निबाण, अग्नि पंचक, भद्रा, पूर्वाभाद्रपद, नक्षत्र तथा वृश्चिक कुम्भ लग्नादि गृहारम्भ में गर्हित है। विवाहोक्त इक्कीस दोषों की भी विद्यमानता गृहारम्भ में वर्ज्य है।

शिलान्यास मुहूर्त्त - गृहारम्भ की शुभ वेला में खनित नींव को प्रस्तुत शिलान्यास मुहूर्त्त के दिन विधिवत् पत्थरों से पूरित कर देना चाहिये। तदर्थ ग्राह्य तिथ्यादि शुद्धि इस प्रकार है –

तिथि – 1 कृ., 2,3,5,7,10,11,12,13 शु.

वार – सोमवार, बुधवार, गुरूवार, शुक्रवार एवं शनिवार

नक्षत्र – अश्विनी, रोहिणी, मृगशिरा, पुष्य, तीनों उत्तरा, हस्त, श्रवण एवं रेवती।

विशेष – सम्यक् समय में ब्रह्मा, वास्तुपुरूष, पंचलोकपाल, कूर्म, गणेश तथा स्थान – देवताओं का शिष्टाचार पूर्वक पूजन एवं स्वस्ति पुण्याहवाचनादि के साथ तथा स्वर्ण एवं गंगादि पुण्य स्थानों की रेणु सहित मुख्य शिला का उचित कोण में स्थापना करें। तदनन्तर, प्रदक्षिण क्रम से अन्य पत्थरों को

जमाना चाहिये।

जलाशय खनन दिशा एवं मुहूर्त्त –

ग्राम अथवा शहर से पूर्व और पश्चिम में खुदा हुआ जलाशय स्वादु और उच्च कोटि का जल प्रदान करता है – ऐसा कवि कालिदास का मत है। परन्तु गॉव के आग्नेय, नैऋत्य और वायव्य कोण में जलाशय निर्माण सर्वथा अशुभ है। तथा च –

आग्नेये यदि कोणे ग्रामस्य पुरस्य वा भवति कूपः।
नित्यं स करोति भयं दाहं वा मानसं प्रायः।
नैऋतकोणे बालक्षयं वनिताक्षयश्च वायव्ये॥

विभिन्न दिशाओं में स्थित जलाशय का फल –

दिशा	पूर्व	आग्नेय	दक्षिण	नैऋत्य	पश्चिम	वायव्य	उत्तर	ईशान
फल	ऐश्वर्य	पुत्र हानि	स्त्री भंग	निधन	संपत्ति	शत्रु भय	सौख्य	पुष्टि

जलाशय खनन मुहूर्त्त -

सामान्य रूप से कुॅआ, तालाब, बावड़ी, आदि समस्त जलस्थानों का शुभारंभ निम्न मुहूर्त्त में शास्त्र सम्मत है।

मास – वैशाख, ज्येष्ठ, आषाढ़ (मिथुनार्क), माघ, फाल्गुन

तिथि – शुक्ल 2,3,5,7,10,11,12,13।

वार – सोमवार, बुधवार, गुरूवार, शुक्रवार

नक्षत्र – अश्विनी, रोहिणी, मृगशिरा, पुनर्वसु, तीनों उत्तरा, हस्त, चित्रा, स्वाती, अनुराधा, मूल, श्रवण, धनिष्ठा, शतभिषा, रेवती।

लग्न – 2,4,7,9,10,11,12 आदि राशि लग्न

तथा शुभ ग्रहों के नवांश। लग्न में बुध, गुरू दसवें शुक्र, पापग्रह निर्बल तथा शुभ ग्रह सबल हों।

विशेष – गुरू, शुक्रास्त, गुर्वादित्य, दक्षिणायन, गुरू – शुक्र का शैशव एवं वार्द्धक्य, त्रयोदशात्मक पक्ष, भूशयन, क्षयाधिमास तिथि, भद्रा, कुयोगादि त्याज्य।

वास्तु शान्ति मुहूर्त्त -

गृहप्रवेश के पूर्व दिन पंचांग शुद्धि उपलब्ध होने पर अथवा तत्पूर्व ही शुभ दिन में वास्तु पूजा – बलिक्रियादि का आचरण करना चाहिये।

तिथि – 1 कृष्णपक्ष, 2,3,5,7,10,11,12,13 शुक्लपक्ष।

वार – सोमवार, बुधवार, गुरू, शुक्रवार।

नक्षत्र – अश्विनी, रोहिणी, मृगशिरा, पुनर्वसु, पुष्य, उत्तरात्रय, हस्त,चित्रा, स्वाती, अनुराधा, मूल, श्रवण, धनिष्ठा, शतभिषा एवं रेवती।

लग्न – कोई भी राशि लग्न जब 1,2,4,5,7,9, 10,11 वें भावों में शुभग्रह और 3,6,11 वें पापग्रह हों तथा 8,12 वें सूर्य, मंगल, शनि राहु, केतु न हो।

नूतन गृहप्रवेश मुहूर्त्त –

मास – ज्येष्ठ, वैशाख, माघ, फाल्गुन - (उत्तम) , कार्तिक, मार्गशीर्ष – (मध्यम), परन्तु कुम्भ संक्रान्ति में माघ फाल्गुन भी हो तो भी गृहप्रवेश न करें। कदाचित् अत्यावश्यक होने पर मकर, मीन, मेष, वृष और मिथुन संक्रान्तियों में त्याज्य चान्द्र मास (चैत्र, पौष) भी गृहप्रवेशार्थ ग्राह्य है।

तिथि – 1 कृ., 2,3,5,7,10,11,13 शु.।

दिग्द्वार के अनुरूप गृहप्रवेशोपयोगी तिथियॉं -

द्वार दिशा	पूर्व	पश्चिम	उत्तर	दक्षिण
शुभ तिथियॉं	5,10,15	2,7,12	3,8,13	1,6,11

जीर्णादि गृह प्रवेश मुहूर्त्त -

पुरातन, दूसरे के द्वारा निर्मित, अग्नि बहु वृष्टि, बाढ़ादि देवी अथवा राजप्रकोप से विनष्ट, जीर्णोद्धृत, नवीनीकृत एवं उत्थापित गृह में प्रवेश करने के लिये प्रस्तुत मुहूर्त्त विचारणीय है।

मास – श्रावण, कार्तिक, मार्गशीर्ष तथा नूतन गृहप्रवेशोक्त मास।

वार – सोमवार, बुधवार गुरूवार, शुक्रवार एवं शनिवार

तिथि – 1 कृ. 2,3,5,6,7,8,10,11,12,13 शु.

नक्षत्र – रोहिणी, मृगशिरा, पुष्य, उत्तरात्रय, चित्रा, स्वाती, अनुराधा, श्रवण, धनिष्ठा, शतभिषा एवं रेवती

विशेष – प्रस्तुत कर्म में दक्षिणायन सूर्य, गुरू, शुक्र का अस्त बाल्य वार्द्धक्य , सिंह मकरस्य गुरू एवं लुप्त संवत्सरादि दोषों का चिन्तन न करके उपरोक्त विशुद्ध काल तथा नूतन गृहप्रवेशोदित लग्न बल का ही विचार करें। तथापि भद्रा, व्यतीपात, वैधृति, मासान्त, त्रयोदश दिनात्मक पक्ष, क्षयद्धि तिथि एवं नाम राशि से निर्बल चन्द्र तो परिवर्ज्य ही हैं।

अभ्यास प्रश्न

1. आश्रमों की संख्या कितनी है।

क. 3 ख. 4 ग. 5 घ. 6

2. आश्रमों में श्रेष्ठ माना गया है ।

क. ब्रह्मचर्य ख. वानप्रस्थ ग. गृहस्थाश्रम घ. वानप्रस्थ

3. निम्नलिखित में वास्तु शान्ति के लिये शुभ वार है ।

क. मंगल ख. शनि ग. रविवार घ. शुक्र

4. जीर्ण से तात्पर्य है ।

क. पुराना ख. नवीन ग. अर्वाचीन घ. कोई नहीं

5. गृहप्रवेश कितने प्रकार का होता है ।

क. 3 ख. 4 ग. 5 घ. 6

नवदुर्ग प्रवेश मुहूर्त्त –

मास – वैशाख, ज्येष्ठ, माघ एवं फाल्गुन।

तिथि – शुक्ल 2,3,5,7,10,11,13

वार – सोमवार, बुधवार, गुरूवार, शनिवार एवं शुक्रवार

नक्षत्र – रो. पु. तीनो उत्तरा, हस्त, चित्रा, स्वाती, अनुराधा, श्रवण, धनिष्ठा, शतभिष, रेवती।

लग्न – 2,5,8,11 आदि लग्न।

विशेष – गुरू – शुक्रास्त, भद्रा, निर्बल चन्द्र तथा अनिष्ट वर्ग परिवर्जनीय।

गृहप्रवेश विचार – गृहप्रवेश तीन प्रकार का होता है। अपूर्व, सपूर्व व द्वन्द प्रवेश, ये तीन भेद है। नूतन गृह में प्रवेश करना अपूर्व प्रवेश होता है। यात्रादि के पश्चात् गृह में प्रवेश करना सपूर्व कहलाता है। जीर्णोद्धार किये गये मकान में प्रवेश का नाम द्वन्द प्रवेश है। इनमें मुख्यत: अपूर्व प्रवेश का विचार यहॉं विशेष रूप से करते है।

माघ, फाल्गुन, वैशाख, ज्येष्ठ मास में प्रवेश उत्तम व कार्तिक, मार्गशीर्ष में मध्यम होता है।

माघफाल्गुनवैशाखज्येष्ठमासेषु शोभन:।

प्रवेशो मध्यमो ज्ञेय: सौम्यकार्तिकमासयो:॥

कृष्ण पक्ष में दशमी तिथि तक एवं शुक्ल पक्ष में चन्द्रोदयानन्तर ही प्रवेश करना चाहिये। जीर्णोद्धार वाले गृहप्रवेश में दक्षिणायन मास शुभ है। सामान्यत: गुरू शुक्रास्त का विचार जीर्णोद्धार किये या पुराने या किराये के मकान को छोड़कर सर्वत्र करना चाहिये।

तीनों उत्तरा, अनुराधा, रोहिणी, मृगशिरा, चित्रा, रेवती, धनिष्ठा, शतभिषा, पुष्य, अश्विनी, हस्त में प्रवेश शुभ है। तिथि व वार शुभ होने पर स्थिर लग्न में शुद्धि देखकर चन्द्रमा व तारा की अनुकूलता रहने पर गृहप्रवेश शुभ होता है।

प्रवेश के समय शुक्र पीछे व सूर्य वाम रहे तो शुभ होता है। शुक्र के विषय में यात्रा विचार के प्रसंग में बतायेंगे। वाम रवि का ज्ञान आप इस प्रकार कर सकते है –

प्रवेश लग्न से 5,6,7,8,9 भावों में सूर्य रहने से दक्षिणाभिमुख मकान में प्रवेश करते समय वाम सूर्य होता है । इसी प्रकार 8,9,10,11,12 भावों में प्रवेश समय सूर्य हो तो पूर्वाभिमुख मकान में 2,3,4,5,6 भावों में सूर्य हो तो पश्चिमाभिमुख मकान में एवं 11,12,1,2,3 स्थानों में सूर्य रहने से उत्तराभिमुख मकान में प्रवेश करने पर वाम सूर्य रहता है जैसा कि कहा है -

अष्टमात् पंचमात् वित्ताल्लाभात् पंचस्थिते रवौ ।

पूर्वद्वारादिके गेहे सूर्यो वामः प्रकीर्तितः ॥

देव प्रतिष्ठा मुहूर्त्त - उत्तरायण सूर्य में, शुक्र गुरू व चन्द्रमा के उदित रहने पर जलाशय, बाग – बागीचा या देवता क प्रतिष्ठा करनी चाहिये । प्रतिपदा रहित शुक्ल पक्ष सर्वत्र ग्राह्य है, लेकिन कृष्ण पक्ष में भी पंचमी तक प्रतिष्ठा हो सकती है । लेकिन अपने मास, तिथि आदि में दक्षिणायन में भी प्रतिष्ठा का विधान है । जैसे आश्विन मास नवरात्र में दुर्गा की, चतुर्थी में गणेश की, भाद्रपद में श्री कृष्ण की, चतुर्दशी तिथि में सर्वदा शिवजी की स्थापना सुखद है । इसी प्रकार उग्र प्रकृति देवता यथा भैरव, मातृका, वराह, नृसिंह, वामन, महिषासुरमर्दिनी आदि की प्रतिष्ठा दक्षिणायन में भी होती है ।

मातृभैरववाराहनारसिंहत्रिविक्रमाः ।

महिषासुरहन्त्री च स्थाप्या वै दक्षिणायने ॥ (वैखानस संहिता)

यद्यपि मलमास सर्वत्र प्रतिष्ठा में वर्जित है, लेकिन कुछ विद्वान पौष में भी सभी देवताओं की प्रतिष्ठा शुभ मानते है -

श्रावणे स्थापयेल्लिंगमाश्विने जगदम्बिकाम् ।

मार्गशीर्षे हरिश्चैव सर्वान्पौषेऽपि केचन ॥ (मुहूर्त्तगणपति)

आचार्य वृहस्पति पौष मास में सभी देवों की प्रतिष्ठा को राज्यप्रद मानते है –

सर्वेषां पौषमाघौ द्वौ विबुधस्थाने शुभौ । (वृहस्पति)

तिथियों के विषय में ध्यान रखना चाहिये कि रिक्ता व अमावस्या तथा शुक्ल प्रतिपदा को छोड़कर सभी तिथियों एवं देवताओं की अपनी तिथियॉ विशेष शुभ हैं ।

यद्दिनं यस्य देवस्य तद्दिने तस्य संस्थितिः । (वशिष्ठ संहिता)

मंगलवार को छोड़कर शेष वारों में यजमान को चन्द्र व सूर्य बल शुद्ध होने पर प्रतिष्ठा, स्थिर या द्विस्वभाव लग्न में स्थिर नवमांश में लग्न शुद्धि करके विहित प्रकार से विधानपूर्वक स्थापित करें । प्रतिष्ठा में अशुद्धि कष्टों को जन्म देती है – श्रियं लक्षाहीना तु न प्रतिष्ठा समो रिपु: । इस प्रकार मध्यान्ह तक हस्त, चित्रा, स्वाती, अनुराधा, ज्येष्ठा, मूल, श्रवण, धनिष्ठा, शतभिषा, रेवती, अश्विनी, पुनर्वसु, पुष्य, तीनों उत्तरा, रोहिणी, मृगशिरा, नक्षत्रों में बलवान् लग्न में, अष्टम राशि, लग्न को छोड़कर प्रतिष्ठा का मुहूर्त्त कहना चाहिये ।

3.4 सारांश

इस इकाई में पाठकों के ज्ञानार्थ गृहारम्भ एवं गृहमुहूर्त्त प्रवेश मुहूर्त्त की चर्चा की गयी है। इससे पूर्व की इकाईयों में आपने वर वरण एवं विवाह का सम्यक् अध्ययन कर लिया है। यहॉं इस इकाई में अब आप गृहारम्भ एवं गृहप्रवेश को समझेंगे। मानव के मुलभूत आवश्यकताओं में आवास एक महत्वपूर्ण आवश्यकता है और आवासार्थ वह गृहनिर्माण करता है जहॉं वह अपने परिवार के साथ निवास करता है। गृहनिर्माण आरम्भ करने की क्रिया गृहारम्भ तथा गृहनिर्माण कर उसमें प्रवेश करने की विधि गृहप्रवेश कहलाती है।

इस इकाई में आप गृहारम्भ एवं गृहप्रवेश से सम्बन्धित अनेक विषयों का अध्ययन करेंगे।

3.5 शब्दावली

वास्तु = गृह सम्बन्धी देवता।

गृहारम्भ = गृहनिर्माण हेतु कार्य आरम्भ करने वाली क्रिया।

गृहप्रवेश = नूतन गृहनिर्माण के पश्चात् उसमें प्रवेश करनें की क्रिया ।

पूर्वाभिमुख = पूर्व दिशा की ओर मुख।

3.6 अभ्यास प्रश्नों के उत्तर

1.ख

2.ग

3. घ

4. क

5. क

3.7 सन्दर्भ ग्रन्थसूची

1. संस्कारदीपक - महामहोपाध्याय श्रीनित्यानन्द पर्वतीय
2. पारस्करगृह्यसूत्र - आचार्य पारस्कर (गदाधर भाष्य)
3. हिन्दूसंस्कारविधिः - डा. राजबली पाण्डेय

3.8 निबन्धात्मक प्रश्न

1. गृहारम्भ से आप क्या समझते है। स्पष्ट कीजिये।
2. गृहप्रवेश का विस्तार से वर्णन कीजिये।

इकाई – 4 यात्रा, दिक्शूल विचार

इकाई की संरचना

4.1 प्रस्तावना

प्रस्तुत इकाई तृतीय खण्ड की चतुर्थ इकाई '**यात्रा एवं दिक्शूल**' नामक शीर्षक इकाई से सम्बन्धित है। इससे पूर्व की इकाई में आपने गृहारम्भ एवं गृहप्रवेश का अध्ययन कर लिया है। यहॉ पर इस इकाई में आप '**यात्रा एवं दिक्शूल**' का ज्ञान प्राप्त करेंगे।

मानव अपने कार्य सिद्ध करने के लिये विभिन्न स्थलों पर यात्रा करता है। उसे यात्रा कब करनी चाहिये तथा वह कब यात्रा करें कि उसका लक्षित कार्य पूर्ण हो जाये। इसके लिये उसे यात्रा एवं दिक्शूल का ज्ञान होना परमावश्यक है। यात्रा एवं दिक्शूल से सम्बन्धित विषयों का ज्ञान आप विस्तारपूर्वक प्रस्तुत इकाई में करेंगे।

4.2 उद्देश्य

इस इकाई के अध्ययन के पश्चात् आप जान पायेंगे कि –

1. यात्रा से आप क्या समझते है ।
2. विभिन्न स्थलों पर यात्रा का शुभाशुभ समय क्या है ।
3. यात्रा का महत्व क्या है।
4. यात्रा में दिक्शूल विचार क्यों आवश्यक है।
5. यात्रा प्रशस्त हो इसका मार्ग क्या है।

4.3 यात्रा एवं दिक्शूल परिचय

यात्रा मुहूर्त्त विचार - षष्ठी, अष्टमी, द्वादशी, अमावस्या, पूर्णिमा, शुक्ल प्रतिपदा तथा रिक्ता तिथियों को छोड़कर शेष तिथियॉं यात्रा में ग्राह्य है। अमृतसिद्धि या सर्वार्थसिद्धि योगों में तिथ्यादि विचार के बिना भी यात्रा की जा सकती है

तीनों पूर्वा, तीनों उत्तरा, शतभिषा, मूल, ज्येष्ठा, रोहिणी ये नक्षत्र यात्रा में मध्यम हैं। कृत्तिका, स्वाती, आर्द्रा, विशाखा, चित्रा, आश्लेषा, मघा, भरणी ये नक्षत्र यात्रा में अशुभ हैं। अश्विनी, मृगशिरा, पुनर्वसु, पुष्य, हस्त, अनुराधा, श्रवण, धनिष्ठा, रेवती ये नक्षत्र यात्रा में श्रेष्ठ है।

जन्म लग्न व राशि से अष्टम राशि लग्न में तथा राशीश के शत्रु ग्रह के लग्न में होने पर कदापि यात्रा न करें। कुम्भ लग्न व कुम्भ नवमांश सर्वथा यात्रा में त्याज्य है। मृत्युयोग, दग्धा तिथि, संक्रान्ति आदि अशुभ समय में यात्रा त्याज्य है।

आवश्यक होने पर कृष्ण पक्ष की प्रतिपदा तथा दिग्द्वार लग्नों में यात्रा करना श्रेष्ठ होता है। जब अपनी जन्मराशि शुभयुक्त हो अथवा सूर्य की राशि से द्वितीय राशि वेशि लग्न हो तो यात्रा जयप्रद है

जब केन्द्र त्रिकोण में शुभ व 3,6,10,11 में पापग्रह हों तब यात्रा करें। चन्द्रमा 1,6,8,12 में अशुभ होता है। इसी प्रकार दशम शनि, सप्तम शुक्र तथा लग्नेश 6,7,8,12 में अशुभ होता है।

चन्द्रमा विचार – यात्रा में चन्द्र बल शुद्धि अनिवार्य है। 1,4,8,12 राशियों में चन्द्रमा का गोचर यात्रा में अशुभ है। यथा – ऋते: चन्द्रबलं पुंसां यात्रा शस्ताऽप्यनर्थदा (यात्रा शिरोमणि)

यात्रा में चन्द्रमा का वास भी प्रयत्नपूर्वक देखना चाहिये। जिस दिशा की राशि में चन्द्रमा हो उसी दिशा में चन्द्रमा का वास होता है। जैसे 1,5,9 राशियों का चन्द्रमा पूर्व में 2,6,10 राशिगत चन्द्रमा दक्षिण में 3,7,11 राशि का चन्द्रमा पश्चिम में व 4,8,12 राशि का चन्द्रमा उत्तर में रहता है। चन्द्रमा को सदैव यात्रा में सामने या दाहिनें होना चाहिये। वाम व पृष्ठगत चन्द्रमा हानिप्रद है। यथा –

सम्मुखे सोर्थलाभाय दक्षिणे सुखसम्पद: ।
पश्चिमे प्राणसन्देहो वामे चन्द्रे धनक्षय: ॥

सम्मुख चन्द्रमा प्राय: सभी दोषों को शान्त करने में सक्षम होता है। माण्डव्य ने तो यहॉं तक कहा है कि –

करणभगणदोषं वारसंक्रान्तिदोषं कुलिकतिथिजदोषं यामयामार्धदोषम् ।
शनिकुजरविदोषं राहुकेत्वादि दोषं हरति सकलदोषं चन्द्रमासम्मुखस्थ: ॥

घात चन्द्रमा – मेषादि द्वादश राशियों के लिये क्रमश: 1,5,9,2,6,10,3,7,4,8,11,12 भावों में चन्द्रमा घात चन्द्रमा कहलाता है। यात्रा, शास्त्रार्थ, मुकदमा दायर करना एवं वाद – विवाद आदि में घात चन्द्र का त्याग करना चाहिये।

योगिनी विचार – योगिनी का भी यात्रा में विचार मुख्य है। तिथि विशेष के आधार पर दिशाओं में योगिनियों का वास माना जाता है। योगिनी सदैव पीछे या बायें होनी चाहिये। योगिनी वास को सारिणी के माध्यम से समझा जा सकता है –

योगिनी वास चक्रम्

दिशा	पूर्व	अग्नि	दक्षिण	नैऋत्य	पश्चिम	वायव्य	उत्तर	ईशान
तिथि	1,9	3,11	5,13	4,12	6,14	7,15	2,10	8,30

इन तिथियों में योगिनी का वास कही गई दिशाओं में होता है। युद्धादि की यात्रा में बायें योगिनी भी त्याज्य है। पीछे रहना सदैव शुभ है।

राहु विचार – राहु व योगिनी सदैव पीठ पीछे रहने पर यात्रा विशेष सफल होती है। सम्मुख राहु में विशेषतया गृहारम्भ व गृहप्रवेश नहीं करना चाहिये। राहु वास का चक्र यहॉं दिया जा रहा है –

राहु वास चक्र

सूर्य संक्रान्ति मास	वृश्चिक, धनु एवं मकर	मेष, कुम्भ व मीन	वृष, मिथुन एवं कर्क	सिंह, कन्या एवं तुला
राहु वास की दिशा	पूर्व दिशा	दक्षिण दिशा	पश्चिम दिशा	उत्तर दिशा

सर्वार्थ सिद्धि योग – विशेष वार व नक्षत्रों के योग से सर्वार्थ सिद्धि योग बनते हैं। इनमें वार गणना प्राचीन प्रचलनानुसार सूर्योदय से सूर्योदय तक मानते है। इन वार व नक्षत्रों के योग में सर्वार्थसिद्धि योग बनते है।

1. रविवार – मूल, तीनों उत्तरा, अश्विनी, हस्त, पुष्य
2. सोमवार - श्रवण, अनुराधा, रोहिणी, पुष्य व मृगशिरा
3. मंगलवार – उत्तरा भाद्रपद, कृत्तिका, अश्विनी व श्लेषा
4. बुधवार – हस्त, अनुराधा, कृत्तिका, रोहिणी, मृगशिरा
5. शुक्रवार – पुनर्वसु, अनुराधा, रेवती, अश्विनी, श्रवण
6. शनिवार – रोहिणी, श्रवण, स्वाती।

इन योगों में प्राय: सभी शुभ कार्य सफल होते है ।

अमृतसिद्धि योग - सर्वार्थसिद्धि योगों में से कुछ को बहुत शक्तिशाली देखकर उनका नाम अमृतसिद्धि योग रखा गया है। रविवार व हस्त नक्षत्र, सोमवार में मृगशिरा, मंगल में अश्विनी, बुधवार में अनुराधा, गुरूवार में पुष्य, शुक्रवार में रेवती, शनिवार में रोहिणी रहने पर अमृतसिद्धि योग बनते है।

भद्रा विचार – विष्टि करण का ही दूसरा नाम भद्रा है। भद्रा नाम की राक्षसी थी, जिसके काल में किये गये कार्य का नाश हो जाता है।

शुक्ल पक्ष में 8,15 तिथियों के पूर्वार्ध में तथा 4,11 के उत्तरार्ध में भद्रा रहती है। कृष्ण पक्ष में 3,10 के उत्तरार्ध में व 7,14 के पूर्वार्ध में भद्रा होती है।

अभ्यास प्रश्न -

1. रिक्ता संज्ञक तिथि है।

क. 3,8,13 ख. 1,11,6 ग. 9,4,14 घ. 5,10,15

2. सर्वार्थ सिद्ध योग बनते है ।

क. वारों एवं राशियों के संयोग से ख. वारों एवं नक्षत्रों के संयोग से ग. नक्षत्रों एवं करण के संयोग से घ.कोई नहीं

3. रविवार का दिक्शूल दोष निम्नलिखित में किससे दूर होता है ।

क. दूध से ख. दही से ग. घृत से घ. तिल से

4. शनि - सोम को किस दिशा में दिक्शूल होता है ।

क. दक्षिण ख. पश्चिम ग. पूर्व घ. उत्तर

5. विष्टि करण को हम किस नाम नाम से जानते है ।

क. जया ख. भद्रा ग. रिक्ता घ. कोई नहीं

भद्रा वास विचार – भद्रा का फल उसके भूमि लोक वास में ही होता है। जब भद्रा स्वर्ग या पाताल में हो तो शुभ मानी जाती है। अन्यथा वह सभी शुभ कार्यों में त्याज्य है।

जब मेष,वृष, मिथुन व वृश्चिक का चन्द्रमा हो तो भद्रा स्वर्ग लोक में रहती है। शुक्ल पक्ष में विष्टि की सर्पिणी संज्ञा व कृष्ण पक्ष में वृश्चिकी संज्ञा है । सॉप का अग्रभाग जहरीला होने से शुक्लपक्ष में प्रारम्भ की 5 घड़ियॉं तथा कृष्ण पक्ष में अन्तिम पॉंच घडियॉं भद्रा का मुख होता है। क्योंकि बिच्छू के पिछले भाग में डंक होता है। पीयूष धारा में मुख या पुच्छ के निर्णय के विषय में अनेक मत बताये है । हमारे विचार से तो सामान्यत: भद्रा अशुभ ही होती है । तथा लोकवासानुसार यदि भूमि पर उसका वास आये तो सदैव त्याज्य है। अत: खण्ड के अनुसार मुॅंह या पूॅंछ का भेद समन्वयपरक विद्वानों ने नही माना है।

भूर्लोकस्था सदा त्याज्या स्वर्गपातालगा शुभा। (मुहूर्त्त गणपति)

सामान्यत: भद्रा की पूॅंछ का काल सदैव जयप्रद होता है, ऐसा कहा गया है। लेकिन इस विषय में विभिन्नता है। चतुर्दशी में पूर्व को, अष्टमी में अग्नि कोण की ओर, सप्तमी में दक्षिण की ओर, पूर्णिमा में नैऋत्य की ओर, चतुर्थी में पश्चिम की तरफ, दशमी में वायव्य की ओर, एकादशी में उत्तर व तृतीया में ईशान कोण की ओर भद्रा के मुख की दिशा में नहीं जाना चाहिये। पूॅंछ की दिशा में जाने से सदा सफलता मिलती है। भीषण कार्यों में भद्रा शुभ होती है, अर्थात् वध, बन्धनादि कार्यो में मारणादि तान्त्रिक क्रियाओं में यह सफलता देती है।

यात्रा में सौर समय –

यात्राजसिंहतुरगोपगते वरिष्ठा
मध्या शनैश्चर बुधोशनसां गृहेषु।
भानौ कुलीरझषवृश्चिकगेऽतिदीर्घा
शस्तस्तु देवलमतेऽध्वनि पृष्ठगोऽर्क: ।।

मेष, सिंह, धनु के सूर्य में यात्रा श्रेष्ठ होता है। मकर, कुम्भ , मिथुन , कन्या,वृष, तुला के सूर्य में मध्यम है। तथा कर्क, मीन, वृश्चिक के सूर्य हों तो दीर्घयात्रा होती है। यात्रा के समय सूर्य का पृष्ठ भाग में रहना उत्तम है।

विशेष – यात्रा के समय तात्कालिक लग्न, 12 या 2 में सूर्य हो तो पश्चिम दिशा की 4,3,5 में हो तो दक्षिण दिशा की, 7,6,8 में हो तो पूर्व दिशा की 10,9 अथवा 11 वें स्थान में सूर्य हो तो उत्तर दिशा की यात्रा श्रेष्ठ है।

सर्वकाल और सर्वदिग्गमन नक्षत्र –

पुष्ये मैत्रे करेऽश्विन्यां सर्वाशागमनं शुभम्।

सर्वकाले हिता यात्रा हस्ते पुष्ये मृगे श्रुतौ ।।

पुष्य, अनुराधा, हस्त और अश्विनी में सभी दिशा में, तथा हस्त, पुष्य, मृगशिरा, श्रवण इनमें सभी समय यात्रा शुभ मानी है।

दिक्शूल विचार –

शनौ चन्द्रे त्यजेत्पूर्वां दक्षिणां च दिशं गुरौ।

सूर्ये शुक्रे पश्चिमां च बुधे भौमे तथोत्तरम्।।

आग्नेय्यां च गुरौ चन्द्रे नैर्ऋत्यांरविशुक्रयोः।

ऐशान्यां चन्द्रजे वायौ मंगले गमनं त्यजेत्।।

न व्रजेच्छक्रभे प्राच्यां याम्ये चाजपदे त्वथ।

उदीच्यामयमर्क्षे च प्रतीच्यां धातृभे तथा।।

शनि – सोम को पूर्व दिशा में, वृहस्पति को दक्षिण में, रवि – शुक्र को पश्चिम में, बुध मंगल को उत्तर दिशा में दिशा शूल होता है। तथा वृहस्पति सोम को अग्निकोण में, रवि – शुक्र को नैर्ऋत्य कोण में, बुध – शनि को ईशान कोण और मंगल को वायव्यकोण में दिक्शूल होता है। एवं ज्येष्ठा नक्षत्र में पूर्व, पूर्वाभाद्रपद में दक्षिण, रोहिणी में पश्चिम और उत्तराफाल्गुनी नक्षत्र में उत्तर दिशा में शूल है, अत: इनमें यात्रा करना शुभ नहीं है।

विशेष – 1।9 तिथि में पूर्व, 5।13 में दक्षिण, 6।14 में पश्चिम और 2।10 तिथि में उत्तर दिशा में शूल है। इन तिथियों में पूर्व आदि दिशाओं की यात्रा वर्जित है।

दिशाओं में तिथि – वार नक्षत्र शूल बोधक चक्र –

दिशा	**पूर्व**	**दक्षिण**	**पश्चिम**	**उत्तर**
तिथि	1।9	5।13	6।14	2।10
वार	शनि, सोम	गुरू	रवि, शुक्र	बुध, मंगल

नक्षत्र	ज्येष्ठा	पू0भा0	रोहिणी	उत्तराफाल्गुनी

दिक्शूल दोष का परिहार –

सूर्यवारे घृतं पीत्वा गच्छेत्सोमे पयस्तथा।

गुडमंगारके वारे बुधवारे तिलानपि ।।

गुरूवारे दधि ज्ञेयं शुक्रवारे यवानपि।

माषान्भुक्त्वा शनौ गच्छेच्छूलदोषोपशान्तये ।।

ताम्बूल चन्दनं मृच्च पुष्पं दधि घृतं तिला: ।

वारशूलहराण्यर्काद् दानाद्धारणतोऽशनात् ।।

रविवार को घृत, सोम को दूध, मंगल को गुड़, बुध को तिल, वृहस्पति को दही, शुक्र को जौ और शनिवार को उड़द खाकर यात्रा करे तो शूल दोष शान्त हो जाता है। तथा रविवारादि वारों में क्रम से पान, चन्दन, मिट्टी, पुष्प, दही, घृत, तिल इनके दान देने से वा प्राशन करने से अथवा धारण करने पर भी शूल दोष नहीं लगता है।

4.4 सारांश

इस इकाई में पाठकों के ज्ञानार्थ यात्रा एवं दिक्शूल विचार की चर्चा की गयी है। इससे पूर्व की इकाईयों में आपनें

गृहारम्भ एवं गृहप्रवेश का अध्ययन कर लिया है। अब यहॉ आप यात्रा व दिक्शूल सम्बन्धित ज्ञान प्राप्त करेंगे। मानव अपने जीवन में कई बार यात्रा करता है। उसे कब किस दिशा में यात्रा करनी चाहिये, तथा कब यात्रा करने से लाभ होगा, हानि होगा आदि इत्यादि का विचार इस इकाई में हम करेंगे। दिक्शूल से तात्पर्य है – किसी दिशा विशेष में निश्चित तिथि में यात्रा करना।

4.5 शब्दावली

यात्रा = भ्रमण करना ।

दिक्शूल = दिशा विशेष में निश्चित तिथि में यात्रा सम्बन्धि शुभाशुभ विचार ।

परिहार = निवारण ।

सर्वकाल = सभी कालों में

सर्वदिग्गमन – सभी दिशाओं में गमन

4.6 अभ्यास प्रश्नों के उत्तर

1. ग

2.ख

3. ग

4.ग

5. ख

4.7 सन्दर्भ ग्रन्थसूची

1. संस्कारदीपक - महामहोपाध्याय श्रीनित्यानन्द पर्वतीय
2. पारस्करगृह्यसूत्र - आचार्य पारस्कर (गदाधर भाष्य)
3. हिन्दूसंस्कारविधिः - डा. राजबली पाण्डेय

4.8 निबन्धात्मक प्रश्न

1. यात्रा से आप क्या समझते है। स्पष्ट कीजिये।
2. यात्रा एवं दिक्शूल का विस्तार से वर्णन कीजिये।

इकाई – 5 चन्द्रवास, शिववास एवं अग्निवास

इकाई की संरचना

5.1 प्रस्तावना

प्रस्तुत इकाई तृतीय खण्ड के पंचम इकाई ''चन्द्रवास, शिववास एवं अग्निवास'' नामक शीर्षक से सम्बन्धित है । मनुष्य अपने जीवन में महत्वपूर्ण कार्य करने हेतु शुभ समय की आंकाक्षा रखता है । तद्दृष्ट्या कर्मकाण्ड सम्बन्धित चन्द्रवास , शिववास अग्निवास का विधान बताया गया है ।

चन्द्रमा का किसी राशि में स्थित होना चन्द्रवास का बोध कराता है। भगवान शिव सम्बन्धित पूजन अर्चन के लिये कर्मकाण्ड में शिववास का ज्ञान कहा गया है तथा यज्ञादि कर्मों के साफल्यता हेतु अग्निवास का ज्ञान कहा गया है ।

इस इकाई में आप चन्द्रवास, शिववास एवं अग्निवास का अध्ययन करेगें।

5.2 उद्देश्य

इस इकाई के अध्ययन के पश्चात् आप जान सकेगें कि –

- चन्द्रवास क्या है
- शिववास कहॉ - कहॉ होता है।
- कर्मकाण्डोक्त अग्निवास क्या है ।
- पूजन आदि कर्म में चन्द्रवास, शिववास एवं अग्निवास का क्या महत्व है।

5.3 चन्द्र वास, शिव वास एवं अग्नि वास

भारतीय सनातन परम्परा में ऋषियों की यह विशेषता रही है कि वह निरन्तर चिन्तन पथ पर अग्रसर होते हुये लोकोपकार की दृष्टि से नवीन - नवीन ज्ञान एवं विज्ञान से आम जनमानस को लाभान्वित करते रहे है। यह अत्यन्त गौरवपूर्ण विषय है कि ऋषियों ने भूसापेक्ष आकाशस्थ चन्द्रमा का वास स्थान ज्योतिष शास्त्र के माध्यम से ज्ञात किया , उसी क्रम में भगवान शिव और अग्नि का वास स्थान सूत्रात्मक रूप में ज्ञात किया। यह अपने आप में अलौकिक है।

चन्द्रमा वास ज्ञान -

मेषे च सिंहे धनुरिन्द्रभागे।
वृषे च कन्या मकरे च याम्ये ।।
युग्मे तुलायां च घटी प्रतीच्यां।
कर्काऽलि मीने दिशिचोत्तरस्यां ।।

अर्थ – मेष , सिंह और धनु राशि का चन्द्रमा पूर्व दिशा में, वृष, कन्या और मकर राशि का चन्द्रमा दक्षिण दिशा में , मिथुन, तुला और कुम्भ राशि का चन्द्रमा पश्चिम दिशा में तथा कर्क, वृश्चिक और

मीन राशि का चन्द्रमा उत्तर दिशा में रहता है।

चन्द्रमा का वास फल -

सम्मुखे त्वर्थलाभः स्याद्दक्षिणे सुखसम्पदः।

पृष्ठतो मरणं चैव वामे चन्द्रे धनक्षयः।।

यात्रा करते समय (गृह से प्रस्थान करते समय) सन्मुख चन्द्रमा हो तो अर्थ लाभ, दाहिने हो तो सुख सम्पदा, पीछे हो तो शोक सन्ताप, बाँये हो तो धन का नाश होता है। चन्द्र विचार, योगिनी विचार और दिक्शूल विचार प्रत्येक महत्वपूर्ण यात्रा में अनिवार्य माना जाता है।

विशेष - ज्योतिष शास्त्र के अनुसार चन्द्रमा सर्वाधिक तीव्र गति वाला ग्रह माना जाता है। वह ग्रहों में सूर्य के समान ही राजा माना जाता है। एक राशि का भोग करने में चन्द्रमा को सवा दो दिन से ढ़ाई दिन का समय लगता है। जन्मकाल में चन्द्रमा जिस राशि पर होता है, वही जातक का भी राशि माना जाता है। चन्द्रमा मन का प्रतीक है। चन्द्रवास जानकर यात्रादि कार्य में इनका प्रयोग करते है। मुख्य रूप से यह यात्रा में ही उपयोगी होता है।

शिव वास –

तिथिं द्विगुणीकृत्य बाणैः संयोजयेत्ततः।

सप्तभिश्च हरेद्शेषे शिववासं समुद्दिशेत्।।

एकेन वासः कैलाशे द्वितीय गौरीसन्निधौ।

तृतीये वृषभारूढः सभायां च चतुष्टये।।

पंचमे भोजने चैव क्रीडायां च रसात्मके।

श्मशाने सप्तशेषे चशिववासः उदीरितः।।

कैलाशे लभते सौख्यं गौर्यां च सुख सम्पदः।

वृषभेऽभीष्ट सिद्धिः स्यात् सभायां सन्ताप कारिणी।।

भोजने च भवेत् पीडा क्रीडायां कष्टमेव।

चाश्मशाने मरणं ज्ञेयं फलमेवं विचारयेत्।।

अर्थ – जिस तिथि में शिववास ज्ञात करना हो, उस तिथि का द्विगुणित कर उसमें 5 जोड़े तथा प्राप्त योग फल में सात संख्या से भाग दे। प्राप्त शेषानुसार शिववास समझना चाहिये। यदि 1 शेष हो तो शिव का वास स्थान कैलाश में, 2 शेष हो तो गौरी के सान्निध्य में, 3 शेष हो तो वृष (बैल) पर आरूढ़, 4 शेष हो तो सभा में, 5 शेष हो तो भोजन में, 6 शेष हो तो क्रीडा में तथा 7 शेष हो तो श्मशान में शिव का वास स्थान समझना चाहिये।

शिववास फल –

कैलाश में – सुख की प्राप्ति

गौरी के सान्निध्य में – सुख प्राप्ति
वृषारूढ़ होने पर – अभीष्ट सिद्धि
सभा में होने पर – सन्ताप कारिणी
भोजन में होने पर – पीडा
क्रीड़ा में होने पर – कष्ट
श्मशान में होने पर - मरण

उपर्युक्तानुसार शिव का वास तथा वास स्थान पर होने वाले फल समझना चाहिये। विशेषकर भगवान शिव से सम्बन्धित पूजन – अर्चन में शिव वास का महत्व है। रूद्राभिषेक, रूद्रयाग, महामृत्युंजय आदि कर्मकाण्ड सम्बन्धित कार्यों में शिव वास का ज्ञान आवश्यक है, तभी तत् सम्बन्धित पूजन का शुभ फल प्राप्त होता है।

अग्नि वास -

सैका तिथिर्वारयुता कृताप्ता शेषे गुणेऽभ्रे भुवि वह्निवासः।
सौख्याय होमो शशियुग्मशेषे प्राणार्थनाशौ दिवि भूतले च ॥

अर्थ - जिस तिथि में अग्निवास ज्ञात करना हो, उस तिथि में एक जोड़कर उसमें रव्यादि से दिन गणना कर जोड़े और प्राप्त योगफल में चार से भाग देने पर तीन और शून्य शेष बचे तो अग्नि का वास पृथ्वी पर जानना चाहिए, उसमें हवन करें तो सौख्य होता है। एक और दो शेष बचे तो अग्नि का वास आकाश या पाताल में जानना चाहिये , उसमें यदि हवन करे तो प्राण और अर्थ (धन) का नाश होता है। तिथि की गणना प्राय: तिथिकार्य में शुक्ल पक्ष से होती है। जैसा कि लिखा है –
शुक्लादिगणना कार्या तिथीनां गणिते सदा ॥

उदाहरण –

जैसे कार्तिक शुक्ल पंचमी , वृहस्पतिवार का हवन करना अभीष्ट है। तिथि 5, वार 5, दोनों को योग करने पर 10 प्राप्त हुआ और योग में सूत्रानुसार 1 जोड़ा तो 11 हुआ। इसमें चार का भाग देने से लब्धि 3, इस कारण अग्नि का वास पृथ्वी पर हुआ, इसमें हवन करने से सौख्य और लाभ होगा। यह विचार हवनात्मक काम्य हवन के लिए है। जप, यज्ञादि हवन में इसका विचार नहीं होता है।

विशेष – कर्मकाण्ड प्रायोगिक होने के कारण उसमें दिये गये विधान भी प्रायोगिक होते है। चन्द्रवास, शिववास एवं अग्नि के वास स्थान का ज्ञान कर्मकाण्ड की अलौकिकता को प्रदर्शित करता है। सम्प्रति कर्मकाण्ड व्यवसायपरक हो चुका है, इसीलिये इसके मूल तत्वों को आम जनता और न ही इसके अध्येता समझ पा रहे है। आज बौद्धिक वर्गों में इसका उपहास होता रहता है। इसका एकमात्र करना अध्येताओं का मूल से कटना है। आज भी नियमबद्ध होकर कर्मकाण्ड किया जाये तो फल शत प्रतिशत प्राप्त होगा, इसमें संशय नहीं है ऐसा मेरा मत है।

अभ्यास प्रश्न –

1. वृष राशि का चन्द्रमा किस दिशा में होता है।
   क. पूर्व ख. दक्षिण ग. पश्चिम घ. उत्तर
2. यात्रा करते समय चन्द्रमा सम्मुख हो तो –
   क. धन लाभ होता है ख. धन का क्षय होता है ग. अचल धन की प्राप्ति होती है घ. कोई नहीं
3. शिव के वृषारूढ़ होने पर क्या फल मिलता है –
   क. लाभ ख. अभीष्ट सिद्धि ग. हानि घ. धन प्राप्ति
4. कैलाशे लभते सौख्यं गौर्यां च **....................।**
   क. सुख सम्पद: ख. रसात्मक: ग. सन्तापकारिणी घ. धनप्राप्ति
5. सर्वाधिक तीव्र गति वाला ग्रह है।
   क. सूर्य ख. चन्द्रमा ग. शुक्र घ. मंगल

5.4 सारांश

इस इकाई का अध्ययन कर आपने जाना कि मेष , सिंह और धनु राशि का चन्द्रमा पूर्व दिशा में, वृष, कन्या और मकर राशि का चन्द्रमा दक्षिण दिशा में , मिथुन, तुला और कुम्भ राशि का चन्द्रमा पश्चिम दिशा में तथा कर्क, वृश्चिक और मीन राशि का चन्द्रमा उत्तर दिशा में रहता है तथा जिस तिथि में शिववास ज्ञात करना हो, उस तिथि का द्विगुणित कर उसमें 5 जोड़े तथा प्राप्त योग फल में सात संख्या से भाग दे। प्राप्त शेषानुसार शिववास समझना चाहिये। जिस तिथि में अग्निवास ज्ञात करना हो, उस तिथि में एक जोड़कर उसमें रव्यादि से दिन गणना कर जोड़े और प्राप्त योगफल में चार से भाग देने पर तीन और शून्य शेष बचे तो अग्नि का वास पृथ्वी पर जानना चाहिए, उसमें हवन करें तो सौख्य होता है। एक और दो शेष बचे तो अग्नि का वास आकाश या पाताल में जानना चाहिये , उसमें यदि हवन करे तो प्राण और अर्थ (धन) का नाश होता है।

5.5 शब्दावली

लोकोपकार = जन कल्याण ।

नवीन = नया ।

जनमानस = मानवों के लिये ।

सन्मुख = सामने

सर्वदिग्गमन – सभी दिशाओं में गमन

वृषारूढ – वृष पर बैठे होना

अभीष्ट - चाह

5.6 अभ्यास प्रश्नों के उत्तर

1. ख
2. क
3. ख
4. क
5. ख

5.7 सन्दर्भ ग्रन्थसूची

1. वृहदवकहड़ाचक्रम् - महामहोपाध्याय श्रीनित्यानन्द पर्वतीय
2. मुहूर्त्तचिन्तामणि - आचार्य पारस्कर (गदाधर भाष्य)
3. हिन्दूसंस्कारविधिः - डा. राजबली पाण्डेय

5.8 निबन्धात्मक प्रश्न

1. चन्द्र वास क्या है ? स्पष्ट कीजिये।
2. अग्निवास एवं शिववास का विस्तार से वर्णन कीजिये।

बी0 ए0 कर्मकाण्ड

प्रथम वर्ष

द्वितीय पत्र

खण्ड – 1

नित्यकर्म एवं देव पूजन परिचय

इकाई – 1 नित्यकर्म

इकाई की संरचना

1.1 प्रस्तावनाः-

प्रस्तुत इकाई बी0ए0के0के – 102 की द्वितीय प्रश्न पत्र के प्रथम खण्ड की पहली इकाई '**नित्यकर्म**' नामक शीर्षक से सम्बन्धित है। मानव अपने नित्य जीवन में प्रात: काल जगकर क्या - क्या कार्य करें जिससे उसका प्रतिदिन उत्तरोत्तर विकास हो इसके लिये नित्यकर्म, प्रात:कालीन भगवत स्मरणादि से पाठकों को परिचित कराया जा रहा है।

नित्य का अर्थ होता है – प्रतिदिन, दिनानुदिन। अर्थात् प्रतिदिन किये जाने वाले कर्मों से सम्बन्धित तथ्य को नित्यकर्म कहते है। शास्त्रीय दृष्ट्या नित्यकर्म के अन्तर्गत क्या - क्या आता है ? इसका विवेचन आप हम प्रस्तुत इकाई में करने जा रहे है।

प्रत्येक मनुष्य के जीवन में कुछ समय ऐसे होते है जब उसकी बुद्धि निर्मल और सात्विक रहती हैं तथा उस समय में किये गये क्रियाकलाप शुभ कामनाओं से समन्वित एवं पुण्यवर्धन करने वाले होते है। इन विचारों को ध्यान में रखते हुये इस इकाई में मनुष्य के दैनन्दिनी जीवन में कृत्य सुकर्मों का शास्त्रीय विधान को बतलाया जा रहा है।

1.2 उद्देश्य -

1. इस इकाई के अध्ययन के पश्चात् आप नित्यकर्म की विधाओं को जान पायेगें।
2. सन्ध्या के बारे में जान पायेगें।
3. गायत्री कवच एवं गायत्री के माहात्म्य को समझ पायेगें।
4. दैनन्दिनी जीवन में शास्त्रोक्त कृत्य कार्यों को भली – भॉंति समझ पायेंगे।

1.3 नित्य कर्म प्रातःकालीन भगवत स्मरण

शास्त्रविधि से गृहस्थ के लिए नित्यकर्म का निरूपण किया जाता है, **'जायमानो वै ब्रह्मणोस्त्रिभिर्ऋणवा जायते'** के अनुसार मनुष्य देवऋण, मनुष्य ऋण, पितृऋण से युक्त होकर जन्म लेता है। इन ऋणों से मुक्ति मिले इसलिये नित्यकर्म का विधान किया जाता है। नित्यकर्म में मुख्य छः कर्म बताये गये है -

संध्या स्नानं जपश्चैव देवतानां च पूजनम।
वैश्वदेवं तथाऽऽतिथ्यं षट् कर्माणि दिने दिने।।

मनुष्य को शारीरिक शुद्धि के लिए स्नान, संध्या, जप, देवपूजन, बलिवैश्वदेव और अतिथि सत्कार – ये छः कर्म प्रतिदिन करने चाहिए। हमारी दिनचर्या नियमित है। प्रातः काल जागरण से लेकर शयन

तक की समस्त क्रियाओं के लिए शास्त्रकारों ने अपने दीर्घकालीन अनुभव से ऐसे नियमों का निर्माण किया है जिनका अनुसरण करके मनुष्य अपने जीवन को सफल कर सकता है। नियमित क्रियाओं के ठीक रहने पर ही स्वास्थ एवं मन स्वस्थ रहता है।

आचारो परमो धर्मः -

उपर्युक्त पंक्ति के अनुसार आचार ही मनुष्य का परम धर्म है। आचार - विचार के पवित्र होने पर ही मनुष्य चरित्रवान बनता है, मनुष्य के चरित्रवान होने से राष्ट्र का भी सर्वांगीण विकास होता है।

प्रातःकालीन कर्मों में सर्वप्रथम ब्रह्ममुहूर्त में जगना चाहिये, ब्रह्ममुहूर्त में नहीं जगने से क्या हानि होती है आचार्यों ने इस प्रकार प्रतिपादित किया है –

ब्राह्मे मुहूर्ते या निद्रा सा पुण्यक्षयकारिणी।
तां करोति द्विजो मोहात् पादकृच्छ्रेण शुद्धयति ।।

ब्रह्ममुहूर्त में जो मुनष्य सोता है, उस समय की निद्रा उसके पुण्यों को समाप्त करती है। उस समय जो शयन करता है उसे इस पाप से बचने के लिए पादकृच्छ्र नामक (व्रत) प्रायश्चित्त करना होता है। हमारी दैनिक चर्या का आरम्भ प्रातः ब्रह्ममुहूर्त में जागरण से होता है। शास्त्रों में ब्रह्ममुहूर्त की व्याख्या इस प्रकार से है -

रात्रेः पश्चिमयामस्य मुहूर्तो यस्तृतीयकः।
स ब्राह्म इति विज्ञेयो विहितः स प्रबोधने ।।

अर्थात् - रात्रि के अन्तिम प्रहर का जो तीसरा भाग है उसको ब्रह्म मुहूर्त कहते है। निद्रा त्याग के लिए यही समय शास्त्र विहित है।

ब्राह्ममुहूर्त सूर्योदय से चार घड़ी (डेढ़ घंटे) पूर्व को कहते है। मनुष्य प्रातःकालीन जागरण के पश्चात् ऑखों के खुलते ही दोनों हाथों की हथेलियों को देखें और निम्न मन्त्र को बोले -

कराग्रे वसते लक्ष्मीः करमध्ये सरस्वती।
करभूले स्थिलो ब्रह्मा प्रभाते करदर्शनम् ।।

भाषा - हाथ के अग्रभाग में लक्ष्मी हाथ के मध्य में सरस्वती का निवास है, हाथ के मूल भाग में ब्रह्माजी का निवास है, अतः प्रातः काल कर (हाथ) का दर्शन करना चाहिए।

उपयुक्त श्लोक बोलते हुए अपने हाथो को देखना चाहिए। यह शास्त्रीय विधान बड़ा ही अर्थपूर्ण है। इससे मनुष्य के हृदय में आत्म-निर्भरता और स्वावलम्ब की भावना उदय होती है। वह जीवन के प्रत्येक कार्य में दूसरों की तरफ न देखकर अन्य लोगों के भरोसे न रहकर-अपने हाथों की तरफ देखने का अभ्यासी बन जाता है।

भूमि की वन्दना - शय्या से उठकर पृथ्वी पर पैर रखने से पूर्व पृथ्वी की प्रार्थना करें -

समुद्रवसने देवि पर्वतस्तनमण्डिते।
विष्णुपत्नि नमस्तुभ्यं पादस्पर्शं क्षमस्व मे ।।

समुद्ररूपी वस्त्रो को धारण करने वाली पर्वत रूपी स्तनो से मण्डित भगवान विष्णु की पत्नी पृथ्वी देवी आप-मेरे पाद स्पर्श को क्षमा करें।

प्रातः स्मरण -

धर्म शास्त्रों ने निद्रा त्याग के उपरान्त मनुष्य मात्र का प्रथम कर्तव्य उस कोटि-कोटि ब्रह्माण्ड-नायक, सच्चिदानन्द-स्वरूप प्यारे प्रभु का स्मरण बताया है - जिस की असीम कृपा से अत्यन्त दुर्लभ मानव देह प्राप्त हुई है, जो समस्त सृष्टि के कण-कण में ओत-प्रोत है, और सत्य, शिव, व सुन्दर है। जिसकी कृपा से मनुष्य सब प्रकार के भयों से मुक्त होकर 'अहं ब्रह्मास्मि'' के उच्च लक्ष्य पर पहुंच कर तन्मय हो जाता है। दैनिक जीवन के प्रारम्भ में उस के स्मरण से हमारे हृदय में आत्मविश्वास और दृढता की भावना ही उत्पन्न नहीं होगी अपितु सम्पूर्ण दिन मंगलमय वातावरण में व्यतीत होगा। मानसिक शुद्धि के लिए मन्त्र बोलें -

ॐ अपवित्र पवित्रो वा सर्वावस्थां गतोऽपि वा।
यः स्मरेत् पुण्डरीकाक्षं स बाह्यभ्यन्तरः शुचि ।।

प्रातः स्मरणीय श्लोकः-

निम्नलिखित श्लोकों का प्रातः काल पाठ करने से अत्यधिक कल्याण होता है। जैसे- दिन अच्छा बीतता है, धर्म की वृद्धि होती है भगवत् प्रीत्यर्थ इसका पाठ करना चाहिए।

गणेशस्मरणः-

प्रातः स्मरामि गणनाथमनाथबन्धुं
सिन्दूरपूरपरिशोभित गण्डयुग्मम्।
उद्दण्डविघ्नपरिखण्डनचण्डदण्ड
माखण्डलादिसुरनायकवृन्दवन्द्यम् ।।

अर्थ- अनाथों के बन्धु सिन्दूर से शोभायमान दोनो गण्डस्थलवाले प्रबल विघ्न का नाश करने में समर्थ एवं इन्द्रादि देवों से नमस्कृत श्रीगणेश का मैं प्रातः काल स्मरण करता हूँ।

विष्णुस्मरणः-

प्रातः स्मरामि भवभीतिमहार्तिनाशं
नारायणं गरूडवाहनमब्जनाभम्।

ग्राहाभिभूतवरवारणमुक्तिहेतुं
चक्रायुधं तरूणवारिजपत्रनेत्रम् ।।

अर्थ- संसारके भय रूपी महान् दुःख को नष्ट करने वाले ग्राह से गजराज को मुक्त करने वाले चक्रधारी एवं नवीन कमल दलके समान नेत्रवाले पद्मनाभ गरूडवाहन भगवान् श्रीनारायण का मैं ध्यान करता हूँ।

शिवस्मरण:-

प्रातः स्मरामि भगभीतिहरं सुरेश
गङ्गाधरं वृषभवाहनमम्बिकेशम् ।
खट्वाङ्गशूलवरदाभयहस्तमीशं
संसाररोगहरमौषधमद्वितीयम् ।।

ॐ विष्णःविष्णुःविष्णुः श्रीमद्भगवतो महापुरूषस्य विष्णो राज्ञया प्रवर्तमानस्य अद्य श्रीब्रह्मणोऽह्नि द्वितीये परार्द्धे विष्णुपदे श्रीश्वेतवाराहकल्पे वैवस्वतमन्वन्तरे अष्टाविंशतितमे युगे कलियुगे कलिप्रथमचरणे भूर्लोके जम्बूद्वीपे भारतवर्षे भरतखण्डे आर्यावर्तैकदेशे विक्रमशके बौद्धावतारे

अमुकनामसंवत्सरे श्रीसूये अमुकायने अमुकऋतौ महामांगल्यप्रदमासोत्तमे मासे अमुकमासे अमुकपक्षे अमुकतिथौ अमुकवासरे एवं ग्रहगुण - विशेषण विशिष्टायां शुभपुण्यतिथौ अमुकगोत्रः अमुकशर्मा सपत्निकोऽहं मम इह जन्मनि जन्मान्तरे वा सर्वपापक्षयपूर्वक- दीर्घायुर्विपुल - धन-धान्य- पुत्र-पौत्राद्यनवच्छिन्न- सन्ततिवृद्धि-स्थिरलक्ष्मी-कीर्तिलाभ शत्रु पराजय सदभीष्टसिद्ध्यर्थं .... गणेशपूजनं करिष्ये।

षोडश मातृका चक्र

स्थापना -

षोडशमातृकाओं की स्थापना के लिये पूजक दाहिनी ओर पॉच खड़ी पाइयों और पॉच पड़ी पाइयों का चौकोर मण्डल बनायें। इस प्रकार सोलह कोष्ठक बन जायेंगे। पश्चिम से पूर्व की ओर मातृकाओं का आवाहन और स्थापन करें। कोष्ठकों में रक्त चावल, गेहूँ या जौ रख दे। पहले कोष्ठक में गौरी का आवाहन होता है, अत: गौरी के आवाहन के पूर्व गणेश का भी आवाहन पुष्पाक्षतों द्वारा कोष्ठक में करे । इसी प्रकार अन्य कोष्ठकों में भी निम्नांकित मन्त्र पढ़ते हुए आवाहन करे -

आवाहन एवं स्थापन मन्त्र –

ऊँ गणपतये नम:, गणपतिमावाहयामि, स्थापयामि।

ऊँ गौर्ये नम:, गौरीमावाहयामि, स्थापयामि।

ऊँ पद्मायै नम:, पद्मावाहयामि, स्थापयामि।

ऊँ शच्यै नम:, शचीमावाहयामि, स्थापयामि।

ऊँ मेधायै नम: मेधामावाहयामि, स्थापयामि।

ऊँ सावित्र्यै नम:, सावित्रीमावाहयामि, स्थापयामि।

ऊँ विजयायै नम:, विजयामावाहयामि, स्थापयामि।

ऊँ जयायै नम: , जयामावाहयामि, स्थापयामि।

ऊँ देवसेनायै नम:, देवसेनामावाहयामि, स्थापयामि।

ऊँ स्वधायै नम:, स्वधामावाहयामि, स्थापयामि।

ऊँ स्वाहायै नम:, स्वाहामावाहयामि, स्थापयामि।

ऊँ मातृभ्यों नम:, मातृ: आवाहयामि, स्थापयामि।

ऊँ लोकमातृभ्यो नम: लोकमातृ: आवाहयामि स्थापयामि।

ऊँ धृत्यै नम:, धृतिमावाहयामि, स्थापयामि।

ऊँ पुष्टयै नम: पुष्टिमावाहयामि, स्थापयामि

ऊँ तुष्टयै नम: तुष्टिमावाहयामि, स्थापयामि

ऊँ आत्मन: कुलदेवतायै नम:, आत्मन: कुलदेवतामावाहयामि, स्थापयामि।

षोडशमातृका - चक्र

आत्मन: कुलदेवता १६	लोकमातर: १२	देवसेना ८	मेधा ४
तुष्टि: १५	मातर: ११	जया ७	शची ३
पुष्टि १४	स्वाहा १०	विजया ६	पद्मा २
धृति १३	स्वधा ९	सावित्री ५	गौरी गणेश १

इस प्रकार षोडशमातृकाओं का आवाहन, स्थापना कर **ऊँ मनोर्जूति जुषतामा... 0 ,** मंत्र से अक्षत छोड़ते हुए मातृका मण्डल की प्रतिष्ठा करनी चाहिये। तत्पश्चात् निम्नलिखित नाम मन्त्र से गन्धादि उपचारों द्वारा पूजन करनी चाहिये –

ऊँ गणेशसहितगौर्यादिषोडशमातृकाभ्यो नम: ।

विशेष : - मातृकाओं को यज्ञोपवीत नही चढ़ाना चाहिये।

नैवेद्य के साथ - साथ घृत और गुड़ का भी नैवेद्य लगाना चाहिये।

विशेष अर्घ्य दे।

फल का अर्पण - नारियल आदि फल अंजलि में लेकर प्रार्थना करे –

ऊँ आयुरारोग्यमैश्वर्यं ददध्वं मातरो मम।
निर्विघ्नं सर्वकार्येषु कुरूध्वं सगणाधिपा: ।।

इस तरह प्रार्थना करने के पश्चात् नारियल आदि फल चढ़ाकर हाथ जोड़कर बोले –

गेहे वृद्धिशतानि भवन्तु, उत्तरे कर्मण्यविघ्नमस्तु ।

इसके बाद –

अनया पूजया गणेशसहितगौर्यादिषोडशमातर: प्रीयन्ताम् न मम।

इस वाक्य का उच्चारण कर मण्डल पर अक्षत छोड़कर प्रणाम करना चाहिये -

गौरी पद्मा शची मेधा सावित्री विजया जया।

देवसेना स्वधा स्वाहा मातरो लोकमातरः ।।

धृतिः पुष्टिस्तथा तुष्टिरात्मनः कुलदेवता।

गणेशेनाधिका ह्येता वृद्धौ पूज्याश्च षोडश।।

3.4 सारांश -

प्रस्तुत इकाई के अध्ययन से आपने जाना कि भारतीय सनातन परम्परा में यह निर्विवाद है कि सभी पूजन कर्मो में सर्वप्रथम गणेश जी की पूजा होती है, साथ में गौरी माता की पूजा भी होती है। पूजन की प्रक्रिया में क्या क्या होता है इसका अध्ययन आप पूर्व के इकाई में कर चुके हैं। प्राचीन काल में पूजन कर्म केवल वैदिक मन्त्रों से किये जाते थे, क्योंकि वह वेदप्रधान युग था। कालांतर में स्थितियॉ बदली, तो अब संस्कृतज्ञों एवं वेदज्ञों की संख्या भी घटती चली गई है। ऐसी परिस्थिति में आचार्यों ने लौकिक मन्त्र का निर्माण किया। इस प्रकार अब लौकिक और वेद मन्त्र से पूजन की जाती है। गणपति – गौरी पूजन के साथ – साथ मातृका पूजन में षोडशमातृका पूजन (जिसमें 16 कोष्ठक बने होते है) का भी ज्ञान प्राप्त किया है।

3.5 शब्दावली-

वेदप्रधान – जहॉ वेद की प्रधानता हो ।

लौकिक - सांसारिक।

वैदिक – वेद से सम्बन्धित ।

विघ्नेश्वर - विघ्न को हरने वाले ईश्वर ।

आवाहयामि – आवाहन करता हूॅ

पूजयामि – पूजन करता हूॅ

च – और

घृत – घी

मधु – शहद

शर्करा – चीनी

पंचामृत – दूध, दही, घी, शहद, गंगाजल का मिश्रण

3.6 अभ्यास प्रश्नों के उत्तर

1. ग
2. ख
3. क
4. ख
5. क

3.7 सन्दर्भ ग्रन्थ सूची

1- कर्मकाण्ड प्रदीप

2- संस्कार दीपक

3. नित्यकर्मपूजाप्रकाश

3.8 निबन्धात्मक प्रश्न

1. गणपति - गौरी पूजन का विस्तार से वर्णन कीजिये।
2. षोडशमातृका से आप क्या समझते है ? स्पष्ट कीजिये।

इकाई – 4 पंचदेव पूजन विधि

इकाई की संरचना

4.1 प्रस्तावनाः-

प्रस्तुत इकाई बी0ए0के0के – 102 की द्वितीय प्रश्न पत्र के प्रथम खण्ड की चौथी इकाई **'पंचदेवपूजन विधि'** नामक शीर्षक से सम्बन्धित है। इससे पूर्व की इकाई में आपने गणेश – गौरी एवं षोडशमातृका पूजन का अध्ययन कर लिया है। इस इकाई में आप पंचदेवपूजन का अध्ययन करने जा रहे है।

पंचदेव के अन्तर्गत गणेश, विष्णु, शिव, दुर्गा एवं सूर्य भगवान आते है। इनका पूजन किस प्रकार होता है, पूजन विधि क्या है आदि का विवरण प्रस्तुत इकाई में किया जा रहा है।

कर्मकाण्ड में कथित पंचदेव पूजन का ज्ञान होने से आरम्भिक रूप में पूजन का ज्ञान हो जाता है। प्रधान रूप से इन्हीं पॉच देवताओं का पूजन किया जाता है। अत: आपके अध्ययनार्थ व ज्ञानार्थ पंचदेव पूजन विधि दी जा रही है।

4.2 उद्देश्य -

इस इकाई के अध्ययन के पश्चात् आप -

1. पंचदेव पूजन क्या है, जान लेंगे ।
2. पंचदेव पूजन की विधि क्या है, समझा सकेंगे।
3. कर्मकाण्ड में पंचदेव पूजन का क्या महत्व है, इसका निरूपण कर सकेंगे।
4. पंचदेव पूजन की शास्त्रीय रीति को बता सकेंगे।
5. पंचदेव पूजन से होने वाले लाभ बता सकेंगे।

4.3 पंचदेव पूजन विधि

जैसा कि आपको विदित हो चुका है कि सभी पूजन में प्रथम गणेश जी का पूजन होता है। अत: पंचदेव पूजन में भी सर्वप्रथम गणेश जी का ही पूजन करते है। पंच का अर्थ पॉच होता है, इसलिये पंचदेव पूजन में पॉच देवताओं का पूजन होता है। पॉच देवता है – विष्णु, गणेश, शिव, दुर्गा एवं सूर्य पूजन में गणेश जी का स्मरण करते हैं तत्पश्चात् पूजन का निष्काम या सकाम संकल्प किया जाता है। उसी क्रम में घण्टादि पूजन, शंखपूजन एवं कलश पूजन करते है। पश्चात् सभी पंचदेवों का ध्यान करते है। पूजन क्रम एक ही है, अत: उसी क्रम से मन्त्रसहित उनका उपलब्ध सामग्री से पूजन – अर्चन किया जाता है। चूँकि गणेश पूजन, संकल्पादि से आप पूर्व में परिचित हो चुके है। अत: यहॉ अब कलश पूजन, एवं पंचदेव पूजन को बताया जा रहा है।

उदकुम्भ (कलश) की पूजा - सुवासित जल से भरे हुए उदकुम्भ (कलश) की उदकुम्भाय नम: इस मन्त्र से चन्दन, फूल आदि से पूजा कर इसमें तीर्थों का आवाहन करते हैं –

ऊँ कलशस्य मुखे विष्णु: कण्ठे रूद्र: समाश्रित: ।
मूले त्वस्य स्थितो ब्रह्मा मध्ये मातृगणा: स्मृता: ॥
कुक्षौ तु सागरा: सर्वे सप्तद्वीपा वसुन्धरा ।
ऋग्वेदोऽथ यजुर्वेद: सामवेदो ह्यथर्वण: ॥
अंगैश्च सहिता: सर्वे कलशं तु समाश्रिता: ।
अत्र गायत्री सावित्री शान्ति: पुष्टिकरी तथा ।।
सर्वे समुद्रा: सरितस्तीर्थानि जलदा नदा: ।
आयान्तु देवपूजार्थं दुरितक्षयकारका: ॥
गंगे च यमुने चैव गोदावरि सरस्वती ।
नर्मदे सिन्धु कावेरि जलेऽस्मिन् संनिधिं कुरू ॥

इसके पश्चात् निम्नलिखित मन्त्र से उदकुम्भ की प्रार्थना करे -

देवदानवसंवादे मथ्यमाने महोदधौ ।
उत्पन्नोऽसि तदा कुम्भ विधृतो विष्णुना स्वयम् ।
त्वत्तोये सर्वतीर्थानि देवा: सर्वे त्वयि स्थिता: ॥
त्वयि तिष्ठन्ति भूतानि त्वयि प्राणा: प्रतिष्ठिता: ।
शिव: स्वयं त्वमेवासि विष्णुस्त्वं च प्रजापति: ॥
आदित्या वसवो रूद्रा विश्वेदेवा: सपैतृका: ।
त्वयि तिष्ठन्ति सर्वेऽपि यत: कामफलप्रदा: ॥
त्वत्प्रसादादिमं यज्ञं कर्तुमीहे जलोद्भव ।
सांनिध्यं कुरू मे देव प्रसन्नो भव सर्वदा ॥

अब पंचदेवों की पूजन के लिये सर्वप्रथम सभी का ध्यान करें -

विष्णु का ध्यान –

उद्यत्कोटिदिवाकराभमनिशं शखं गदां पंकजम् ।
चक्र विभ्रतमिन्दिरावसुमतीसंशोभिपार्श्वद्वयम् ॥
कोटीरांगदहारकुण्डलधरं पीताम्बरं कौस्तुभै -
दीप्तं विश्वधरं स्ववक्षसि लसच्छ्रीवत्सचिह्नं भजे

अर्थ - उदीयमान करोड़ों सूर्य के समान प्रभातुल्य, अपने चारों हाथों में शंख, गदा, पद्म तथा चक्र धारण किये हुए एवं दोनों भागों में भगवती लक्ष्मी और पृथ्वी देवी से सुशोभित, किरीट, मुकुट, केयूर हार और कुण्डलों से समलंकृत, कौस्तुभमणि तथा पीताम्बर से देदीप्यमान विग्रहयुक्त एवं वक्ष:स्थलपर श्रीवत्सचिह्न धारण किये हुए भगवान विष्णु का मैं निरन्तर स्मरण ध्यान करता हूॅ ।

ध्यानार्थे अक्षतपुष्पाणि समर्पयामि ऊँ विष्णवे नम: ।

शिव का ध्यान -

ध्यायेन्नित्यं महेशं रजतगिरिनिभं चारूचन्द्रावतंसं
रत्नाकल्पोज्ज्वलांगं परशुमृगवराभीतिहस्तं प्रसन्नम् ।
पद्मासीनं समन्तात् स्तुतममरगणैर्व्याघ्रकृत्तिं वसानं
विश्वाद्यं विश्वबीजं निखिलभयहरं पंचवक्त्रं त्रिनेत्रम् ।।

चॉदी के पर्वत के समान जिनकी श्वेत कान्ति है, जो सुन्दर चन्द्रमा को आभूषण रूप से धारण करते हैं, रत्नमय अलंकारों से जिनका शरीर उज्जवल है, जिनके हाथों में परशु, मृग, वर और अभय मुद्रा है, जो प्रसन्न हैं, पद्म के आसन पर विराजमान हैं, देवतागण जिनके चारों ओर खड़े होकर स्तुति करते हैं, जो बाघ की खाल पहनते हैं, जो विश्व के आदि जगत् के उत्पत्ति के बीज और समस्त भयों को हरनेवाले हैं, जिनके पॉच मुख और तीन नेत्र हैं, उन महेश्वर का प्रतिदिन ध्यान करें।

ध्यानार्थे अक्षतपुष्पाणि समर्पयामि ऊँ शिवाय नम: ।

गणेश का ध्यान –

सर्वं स्थूलतनुं गजेन्द्रवदनं लम्बोदरं सुन्दरं
प्रस्यन्दन्मदगन्धलुब्धमधुपव्यालोलगण्डस्थलम् ।
दन्ताघातविदारितारिरूधिरै: सिन्दूरशोभाकरं
वन्दे शैलसुतासुतं गणपतिं सिद्धिप्रदं कामदम् ।।

जो नाटे और मोटे शरीरवाले हैं, जिनका गजराज के समान मुख और लम्बा उदर है, जो सुन्दर हैं तथा बहते हुए मद की सुगन्ध के लोभी भौरों के चाटने से जिनका गण्डस्थल चपल हो रहा है, दॉतों की चोट से विदीर्ण हुए शत्रुओं के खून से जो सिन्दूर की सी शोभा धारण करते हैं, कामनाओं के दाता और सिद्धि देनेवाले उन पार्वती के पुत्र गणेश जी की मैं वन्दना करता हूॅं।

ध्यानार्थे अक्षतपुष्पाणि समर्पयामि ऊँ गणेशाय नम: ।

सूर्य का ध्यान –

रक्ताम्बुजासनमशेषगुणैकसिन्धुं
भानुं समस्तजगतामधिपं भजामि।
पद्मद्वयाभयवरान् दधतं कराब्जै -
र्माणिक्यमौलिमरूणांगरूचिं त्रिनेत्रम् ॥

लाल कमल के आसन पर समासीन, सम्पूर्ण गुणों के रत्नाकर, अपने दोनों हाथों में कमल और अभयमुद्रा धारण किये हुए , पद्मराग तथा मुक्ताफल के समान सुशोभित शरीरवाले, अखिल जगत् के स्वामी, तीन नेत्रों से युक्त भगवान सूर्य का मैं ध्यान करता हूँ।

ध्यानार्थे अक्षतपुष्पाणि समर्पयामि ॐ सूर्याय नम: ।

दुर्गा का ध्यान -

सिंहस्था शशिशेखरा मरकतप्रख्यैश्चतुर्भिर्भुजै:
शंखं चक्रधनु:शरांश्च दधती नेत्रैस्त्रिभि: शोभिता।
आमुक्ताङ्गदहारकंकणरणत्कांचीरणन्नूपुरा
दुर्गा दुर्गतिहारिणी भवतु नो रत्नोल्लसत्कुण्डला ॥

जो सिंह की पीठ पर विराजमान हैं, जिनके मस्तक पर चन्द्रमा का मुकुट है, जो मरकतमणि के समान कान्तिवाली अपनी चार भुजाओं में शंख, चक्र, धनुष और बाण करती हैं, तीन नेत्रों से सुशोभित होती हैं, जिनके भिन्न - भिन्न अंग बॉधे हुए बाजूबंद, हार, कंकण, खनखनाती हुई करधनी और रूनझुन करते हुए नूपुरों से विभूषित हैं तथा जिनके कानों में रत्नजटित कुण्डल झिलमिलाते रहते हैं, वे भगवती दुर्गा हमारी दुर्गति दूर करनेवाली हों ।

अब हाथ में फूल लेकर आवाहन के लिये पुष्पांजलि दे।

पुष्पांजलि - ॐ विष्णुशिवगणेशसूर्यदुर्गाभ्यो नम:, पुष्पांजलिं समर्पयामि ।

यदि पंचदेव की मूर्तियॉ न हों तो अक्षत से इनका आवाहन करे। मन्त्र नीचे दिया जा रहा है। निम्न कोष्ठक के अनुसार देवताओं को स्थापित करे -

विष्णु पंचायतन -

शिव		गणेश
	विष्णु	
देवी		सूर्य

आवाहन का मन्त्र -

आगच्छन्तु सुरश्रेष्ठा भवन्त्वत्र स्थिरा: समे।
यावत् पूजां करिष्यामि तावत् तिष्ठन्तु संनिधौ ॥

ॐ विष्णुशिवगणेशसूर्यदुर्गाभ्यो नम:, आवाहनार्थे पुष्पं समर्पयामि।

आसन का मन्त्र –

अनेकरत्नसंयुक्तं नानामणिगणान्वितम्।
कार्तस्वरमयं दिव्यमासनं परिगृह्यताम्॥

ॐ विष्णुपंचायतनदेवताभ्यो नम:, आसनार्थे तुलसीदलं समर्पयामि।

पाद्य का मन्त्र –

गंगादिसर्वतीर्थेभ्य आनीतं तोयमुत्तमम्।
पाद्यार्थं सम्प्रदास्यामि गृह्णनतु परमेश्वरा: ॥

ॐ विष्णुपंचायतनदेवताभ्यो नम:, पादयो: पाद्यं समर्पयामि।

अर्घ्य का मन्त्र –

गन्धपुष्पाक्षतैर्युक्तमर्घ्यं सम्पादितं मया।
गृह्णन्त्वर्घ्यं महादेवा: प्रसन्नाश्च भवन्तु मे॥

ॐ विष्णुपंचायतनदेवताभ्यो नम:, हस्तयोरर्घ्यं समर्पयामि।

आचमन –

कर्पूरेण सुगन्धेन वासितं स्वादु शीतलम्।
तोयमाचमनीयार्थं गृह्णन्तु परमेश्वरा: ॥

ॐ विष्णुपंचायतनदेवताभ्यो नम:, आचमनीयं जलं समर्पयामि।

स्नान –

मन्दाकिन्या: समानीतै:कर्पूरागुरूवासितै: ।
स्नानं कुर्वन्तु देवेशा जलैरेभि: सुगन्धिभि: ॥

ॐ विष्णुपंचायतनदेवताभ्यो नम:, स्नानीयं जलं समर्पयामि।

पंचामृत स्नान –

पयो दधि घृतं चैव मधु च शर्करान्वितम्।
पञ्चामृतं मयाऽऽनीतंस्नानार्थं प्रतिगृह्यातम्॥

ॐ विष्णुपंचायतनदेवताभ्यो नम:, पंचामृतस्नानं समर्पयामि।

शुद्धोद्धक स्नान –

मलयाचलसम्भूतचन्दनेन विमिश्रतम्।
इदं गन्धोदकं स्नानं कुकुमाक्तं नु गृह्यताम्॥

ॐ विष्णुपंचायतनदेवताभ्यो नम:, शुद्धोद्धकस्नानं समर्पयामि।

वस्त्र – उपवस्त्र का मन्त्र –

शीतवातोष्णसंत्राणे लोकलज्जानिवारणे।
देहालंकरणे वस्त्रे भवदभ्यो वाससी शुभे ।।

ऊँ विष्णुपंचायतनदेवताभ्यो नम:, वस्त्रमुपवस्त्रं च समर्पयामि।

यज्ञोपवीत –

नवभिस्तन्तुभिर्युक्तं त्रिगुणं देवतामयम्।
उपवीतं मया दत्तं गृह्णन्तु परमेश्वरा: ।।

ऊँ विष्णुपंचायतनदेवताभ्यो नम:, यज्ञोपवीतं समर्पयामि।

चन्दन –

श्रीखण्डं चन्दनं दिव्यं गन्धाढयं सुमनोहरम्।
विलेपनं सुरश्रेष्ठ चन्दनं प्रतिगृह्यताम् ।।

ऊँ विष्णुपंचायतनदेवताभ्यो नम:, चन्दनानुलेपनं समर्पयामि।

पुष्प, पुष्पमाला –

माल्यादीनि सुगन्धीनि मालत्यादीनि भक्तित: ।
मयाऽऽहृतानि पुष्पाणि पूजार्थं प्रतिगृह्यताम् ।।

ऊँ विष्णुपंचायतनदेवताभ्यो नम:, पुष्पाणि समर्पयामि।

तुलसी दल और मंजरी -

तुलसीं हेमरूपां च रत्नरूपां च मंजरीम्।
भवमोक्षप्रदां रम्यामर्पयामि हरिप्रियाम् ।।

ऊँ विष्णुपंचायतनदेवताभ्यो नम:, तुलसीदलं मंजरीं च समर्पयामि।

धूप –

वनस्पतिरसोद्भूतो गन्धाढयो गन्ध उत्तम: ।
आघ्रेय: सर्वदेवानां धूपोऽयं प्रतिगृह्यातम् ।।

ऊँ विष्णुपंचायतनदेवताभ्यो नम:, धूपमाघ्रापयामि।

दीप –

साज्यं च वर्तिसंयुक्तं वह्निा योजितं मया ।
दीपं गृह्णन्तु देवेशास्त्रैलोक्यतिमिरापहम् ।।

ऊँ विष्णुपंचायतनदेवताभ्यो नम:, दीपं दर्शयामि।

नैवेद्य -

शर्कराखण्डखाद्यानि दधिक्षीरघृतानि च।
आहारं भक्ष्यभोज्यं च नैवेद्यं प्रतिगृह्यताम् ।।

ऊँ विष्णुपंचायतनदेवताभ्यो नम:, नैवेद्यं समर्पयामि ।

ऋतुफल –

इदं फलं मया देव स्थापितं पुरतस्तव।
तेन मे सफलावाप्तिर्भवेज्जन्मनि जन्मनि॥

ॐ विष्णुपंचायतनदेवताभ्यो नमः, ऋतुफलं समर्पयामि।

ताम्बूल –

पूगीफलं महद् दिव्यं नागवल्लीदलैर्युतम् ।
एलालवंगसंयुक्तं ताम्बूलं प्रतिगृहय्ताम्॥

ॐ विष्णुपंचायतनदेवताभ्यो नमः, ताम्बूलं समर्पयामि।

दक्षिणा –

हिरण्यगर्भगर्भस्थं हेमबीजं विभावसो :।
अनन्तपुण्यफलदमत: शान्तिं प्रयच्छ मे॥

ॐ विष्णुपंचायतनदेवताभ्यो नमः, द्रव्य दक्षिणां च समर्पयामि।

आरती –

कदलीगर्भसम्भूतं कर्पूरं तु प्रदीपितम्।
आरार्तिकमहं कुर्वे पश्य मां वरदो भव॥

ॐ विष्णुपंचायतनदेवताभ्यो नमः, आरार्तिकं समर्पयामि।

पुष्पांजलि –

श्रद्धया सिक्तया भक्तया हार्दप्रेम्णा समर्पित:।
मन्त्रपुष्पांजलिश्चायं कृपया प्रतिगृह्यताम्॥

ॐ विष्णुपंचायतनदेवताभ्यो नमः, मन्त्रपुष्पांजलि समर्पयामि।

प्रार्थना –

नमोऽस्वनन्ताय सहस्रमूर्तये सहस्रपादाक्षिशिरोरूबाहवे।
सहस्रनाम्ने पुरूषाय शाश्वते सहस्रकोटीयुगधारिणे नम:॥

ॐ विष्णुपंचायतनदेवताभ्यो नमः, प्रार्थनापूर्वकं नमस्कारान् समर्पयामि ।

अन्य पंचायतनों के नाम मन्त्र

गणेश पंचायतन – ॐ गणेशविष्णुशिवदुर्गासूर्येभ्यो नम: ।

शिव पंचायतन – ॐ शिवविष्णुसूर्यदुर्गागणेशेभ्यो नम: ।

देवी पंचायतन – ॐ दुर्गाविष्णुशिवसूर्यगणेशेभ्यो नम: ।

सूर्य पंचायतन - ॐ सूर्यशिवगणेशदुर्गाविष्णुभयो नम: ।

चरणामृत पान –

अकालमृत्युहरणं सर्वव्याधिविनाशनम् ।

विष्णुपादोदकं पीत्वा पुनर्जन्म न विद्यते ॥

क्षमा याचना -

मन्त्रहीनं क्रियाहीनं भक्तिहीनं जनार्दन।
यत्पूजितं मया देव परिपूर्णं तदस्तु मे ॥
आवाहनं न जानामि न जानामि विसर्जनम्।
पूजां चैव न जानामि क्षमस्व परमेश्वर ॥
अन्यथा शरणं नास्ति त्वमेव शरणं मम।
तस्मात् कारूण्यभावेन रक्ष मां परमेश्वर ॥

इन मन्त्रों का श्रद्धापूर्वक उच्चारण कर अपनी विवशता एवं त्रुटियोंके लिये क्षमा याचना करे ।

बोध प्रश्न –

१. पंचदेव पूजन में कौन – कौन से देवता होते है –

क. विष्णु, शिव, गणेश, दुर्गा एवं सूर्य ख. लक्ष्मी, काली, सरस्वती, दुर्गा, भैरवी

ग. ब्रह्मा, विष्णु, महेश, सुरेश, सूर्य घ. विष्णु, लक्ष्मी, शिव, पार्वती, दुर्गा

२. कलश के मुख में किस देवता का वास होता है –

क. ब्रह्मा ख. विष्णु ग. रूद्र घ. इन्द्र

३. द्वीपों की संख्या होती है –

क. ५ ख. ६ ग. ७ घ. ८

४. लम्बोदर किसे कहते है –

क. शिव ख. विष्णु ग. गणेश घ. ब्रह्मा

५. विष्णु पंचायतन में विष्णु का स्थान है –

क. दायें ख. बायें ग. मध्य में घ. कोई नहीं

4.4 सारांश -

प्रस्तुत इकाई के अध्ययन से आपने जाना कि भारतीय सनातन परम्परा में यह निर्विवाद है कि सभी पूजन कर्मो में सर्वप्रथम गणेश जी की पूजा होती है, साथ में गौरी माता की पूजा भी होती है। पूजन की प्रक्रिया में क्या क्या होता है इसका अध्ययन आप पूर्व के इकाई में कर चुके हैं। प्राचीन काल में पूजन कर्म केवल वैदिक मन्त्रों से किये जाते थे, क्योंकि वह वेदप्रधान युग था। कालांतर में

स्थितियॉ बदली, तो अब संस्कृतज्ञों एवं वेदज्ञों की संख्या भी घटती चली गई है। ऐसी परिस्थिति में आचार्यों ने लौकिक मन्त्र का निर्माण किया। इस प्रकार अब लौकिक और वेद मन्त्र से पूजन की जाती है। गणपति – गौरी पूजन के साथ – साथ मातृका पूजन में षोडशमातृका पूजन (जिसमें 16 कोष्ठक बने होते है) का भी ज्ञान प्राप्त किया है।

4.5 शब्दावली-

उद्कुम्भ – कलश

सर्वे - सभी में

सप्तद्वीप – सात द्वीप

दिवाकर - सूर्य

पीताम्बर – पीला हो वस्र जिसका, विष्णु

विश्वधर – विश्व को धारण करने वाले

महेश – शिव

लम्बोदर – लम्बा हो उदर जिसका, गणेश

सिद्धिप्रद – सिद्धि को प्रदान करने वाले

अम्बुज – कमल

भानु – सूर्य

करिष्यामि - करूगॉ

आवाहनार्थे – आवाहन के लिये

4.6 अभ्यास प्रश्नों के उत्तर

1. क
2. ख
3. ग
4. ग
5. ग

4.7 सन्दर्भ ग्रन्थ सूची

1- कर्मकाण्ड प्रदीप

2- संस्कार दीपक

3. नित्यकर्मपूजाप्रकाश

4.8 निबन्धात्मक प्रश्न

1. पंचदेव पूजन विधि का विस्तारपूर्वक उल्लेख कीजिये।
2. विष्णुपंचायतन को समझाते हुए वर्णन कीजिये ।

इकाई – 5 श्रीमहालक्ष्मी पूजन

इकाई की संरचना

5.1 प्रस्तावनाः-

प्रस्तुत इकाई बी0ए0के0के – 102 की द्वितीय प्रश्न पत्र के प्रथम खण्ड की पॉचवी इकाई '**श्रीमहालक्ष्मीपूजन**' नामक शीर्षक से सम्बन्धित है। इससे पूर्व की इकाई में आपने पंचदेव पूजन विधि को जान लिया है। यहॉ अब श्रीमहालक्ष्मीपूजन का अध्ययन करने जा रहा है।
माता लक्ष्मी भगवान विष्णु की पत्नी है। देवासुर संग्राम के पश्चात् समुद्रमन्थन के समय सागर से इनकी उत्पत्ति हुई थी। श्रीमहालक्ष्मी पूजन का विधान कर्मकाण्ड में बतलाया गया है।
महालक्ष्मी के प्रसन्नार्थ कर्मकाण्ड में उनके पूजन पद्धति को कहा गया है। भौतिक जीवन में द्रव्य की आवश्यकता तो सभी को होती है। अत: महालक्ष्मी के प्रसन्नार्थ उनका पूजन विधि आपके अवलोकनार्थ प्रस्तुत है।

5.2 उद्देश्य -

इस इकाई के अध्ययन के पश्चात् आप -

1. महालक्ष्मी कौन है। जान जायेंगे।
2. महालक्ष्मी पूजन कैसे किया जाता है, इसे बता सकेंगे।
3. महालक्ष्मी के महत्व को समझा सकेंगे।
4. महालक्ष्मी के पूजन क्रम को बता सकेंगे।
5. पूजन विधि के मन्त्र को जान जायेंगे।

5.3 श्रीमहालक्ष्मी पूजन विधि

भगवती महालक्ष्मी चल एवं अचल, दृश्य एवं अदृश्य सभी सम्पत्तियों, सिद्धियों एवं निधियों की अधिष्ठात्री साक्षात् नारायणी हैं। कर्मकाण्ड में धन की आदि शक्ति के रूप में पराम्बा भगवती लक्ष्मी को जाना गया है। धन की प्राप्ति के लिये लक्ष्मी जी की वन्दना या पूजन किया जाता है। यह प्रकल्प शक्ति प्राप्ति हेतु एवं विविध मनोकामनाओं की प्रपूर्ति हेतु किया जाता है। अतः श्री लक्ष्मी जी क्या हैं ? तथा कैसे उनकी पूजा की जाती है ? इसका ज्ञान आपको इस इकाई के अध्ययन से हो जायेगा।
श्री लक्ष्मी जी की आरती एवं स्तुति विचार के अभाव में दीपावली आदि के अवसर पर या अन्य लक्ष्मी जी के व्रतादि या पूजनादि का सम्पादन किसी भी व्यक्ति द्वारा ठीक ढंग से नही हो सकता है। क्योकि इसमें लक्ष्मी माता की ही उपासना की जाती है। सभी सुख, सुविधा, शक्ति, भुक्ति, मुक्ति की दाता एवं ज्ञान पुंज रूपा आह्लादिनी महालक्ष्मी जी की पूजा अवश्य करनी चाहिये। मां लक्ष्मी भाव

से की गयी समस्त प्रकार के पूजन या स्तोत्र पाठ से परम प्रसन्न होती हैं। इसलिये मां लक्ष्मी की पूजा अवश्य करनी चाहिये। इसके लिये यथा उपलब्ध उपचारों से मां की श्रद्धा भक्ति एवं शुचिता से दीपावली या अन्य पर्व इत्यादि के समय महालक्ष्मी पूजन करना चाहिये। ताकि हमारा जीवन सुखमय, आनन्दमय, सात्विक विचारों से परिपूर्ण एवं वर्ष पर्यन्त पुत्र पौत्र सुख, हर्ष उल्लास, ग्रहों की शान्ति, कायिक, वाचिक एवं मानसिक पीड़ा की निवृत्ति के लिये, भूत, प्रेत, डाकिनी, शाकिनी, बेतालादि की शान्ति के लिये, अखण्ड लक्ष्मी की प्राप्ति और कोष को आगे बढ़ाने के लिये, निरोगी काया के लिये, व्यापार को बढ़ाने के लिये, लोक कल्याण के लिये, अपने आश्रितों का पोषण करने के लिये महालक्ष्मी पूजन करना चाहिये।

महालक्ष्मी पूजन का विशेष समय –

कार्तिक कृष्ण पक्ष के अमावस्या को भगवती श्रीमहालक्ष्मी एवं भगवान् गणेश की नूतन प्रतिमाओं का प्रतिष्ठापूर्वक विशेष पूजन किया जाता है।

पूजन की तैयारी –

पूजन के लिये किसी चौकी अथवा कपड़े के पवित्र आसन पर गणेश जी के दाहिने भाग में माता महालक्ष्मी को स्थापित करना चाहिये। पूजन के दिन गृह को स्वच्छ कर पूजन स्थान को भी पवित्र कर लेना चाहिये और स्वयं भी पवित्र होकर श्रद्धा भक्तिपूर्वक सायंकाल में इनका पूजन करना चाहिये। मूर्तिमयी श्रीमहालक्ष्मी जी के पास ही किसी पवित्र पात्र में केसरयुक्त चन्दन से अष्टदल कमल बनाकर उस पर द्रव्य लक्ष्मी को भी स्थापित करके एक साथ ही दोनों की पूजा करनी चाहिये। पूजन सामग्री को यथास्थान रख ले।

सर्वप्रथम पूर्वाभिमुख अथवा उत्तराभिमुखा हो आचमन, पवित्रीधारण, मार्जन प्राणायाम कर अपने उपर तथा पूजा सामग्री पर निम्न मन्त्र पढ़कर जल छिड़के -

ऊँ अपवित्रः पवित्रो वा सर्वावस्थां गतोऽपि वा।
यः स्मरेत् पुण्डरीकाक्षं स बाह्याभ्यन्तरः शुचिः ॥

आसन - शुद्धि और स्वस्ति पाठ कर हाथ में जल – अक्षतादि लेकर पूजन संकल्प करें।

तत्पश्चात् प्रतिष्ठा कर ध्यान करें –

या सा पद्मासनस्था विपुलकटितटी पद्मपत्रायताक्षी
गम्भीरावर्तनाभिस्तनभरनमिता शुभ्रवस्त्रोत्तरीया ।
या लक्ष्मीर्दिव्यरूपैर्मणिगणखचितैः स्नापिता हेमकुम्भैः
सा नित्यं पद्महस्ता मम वसतु गृहे सर्वमांगल्ययुक्ता ॥
ऊँ हिरण्यवर्णां हरिणीं सुवर्णरजतस्रजाम् ।

चन्द्रां हिरण्मयीं लक्ष्मीं जातवेदो म आ वह ॥

ऊँ महालक्ष्म्यै नम: । ध्यानार्थे पुष्पाणि समर्पयामि। ध्यान के लिए पुष्प अर्पित करे ।

आवाहन –

सर्वलोकस्य जननीं सर्वसौख्यप्रदायिनीम्।
सर्वदेवमयीमीशां देवीमावाहयाम्यहम्॥
ऊँ तां म आवह जातवेदो लक्ष्मीमनपगामिनीम्।
यस्यां हिरण्यं विन्देयं गामश्वं पुरूषानहम् ॥

ऊँ महालक्ष्म्यै नम: । महालक्ष्मीमावाहयामि, आवाहनार्थे, पुष्पाणि समर्पयामि।

आसन -

तत्पकाञ्चनवर्णाभं मुक्तामणिविराजितम्।
अमलं कमलं दिव्यमासनं प्रतिगृह्यताम्॥
ऊँ अश्वपूर्वां रथमध्यां हस्तिनादप्रमोदिनीम्।
श्रियं देवीमुपह्वये श्रीर्मा देवी जुषताम्॥

ऊँ महालक्ष्म्यै नम: । आसनं समर्पयामि।

पाद्य –

गंगादितीर्थसम्भूतं गन्धपुष्पादिभिर्युतम्।
पाद्यं ददाम्यहं देवि गृहाणाशु नमोऽस्तुते॥
ऊँ कां सोस्मितां हिरण्यप्राकारामार्द्रां ज्वलन्तीं तृप्तां तर्पयन्तीम् ।
पद्मेस्थितां पद्मवर्णां तामिहोप ह्वये श्रियम् ॥

ऊँ महालक्ष्म्यै नम: । पादयो: पाद्यं समर्पयामि।

अर्घ्य -

अष्ट गन्धसमायुक्तं स्वर्णपात्रप्रपूरिताम् ।
अर्घ्यं गृहाण मद्दतं महालक्ष्मी नमोऽस्तु ते।
ऊँ चन्द्रां प्रभासां यशसा ज्वलन्तीं श्रियं लोके देवजुष्टामुदाराम् ।
तां पद्मनीमीं शरणं प्रपद्येऽलक्ष्मीर्मे नश्यतां त्वां वृणे॥

ऊँ महालक्ष्म्यै नम: । हस्तयोरर्घ्यं समर्पयामि।

आचमन –

सर्वलोकस्य या शक्तिर्ब्रह्मविष्णवादिभि: स्तुता।

ददाम्याचमनं तस्यै महालक्ष्म्यै मनोहरम् ॥

ऊँ आदित्यवर्णे तपसोऽधि जातो वनस्पतिस्तव वृक्षोऽथ बिल्व: ।

तस्य फलानि तपसा नुदन्तु या अन्तरा याश्च बाह्या अलक्ष्मी: ॥

ऊँ महालक्ष्म्यै नम: । आचमीनीयं जलं समर्पयामि ।

इसके पश्चात् पूर्व के पूजनानुसार स्नान, आचमन, वस्त्र, उपवस्त्रादि चढ़ायें ।

आभूषण –

रत्नकंकणवैदूर्यमुक्ताहारादिकानि च ।

सुप्रसन्नेन मनसादत्तानि स्वीकुरूष्व भो: ॥

ऊँ क्षुत्पिपासामलां ज्येष्ठामलक्ष्मीं नाशयाम्यहम् ।

अभूतिमसमृद्धिं च सर्वां निर्णुद मे गृहात् ॥

ऊँ महालक्ष्म्यै नम: । नानाविधानि कुण्डलकटकादीनि आभूषणानि समर्पयामि ।

पुन: गन्ध, सिन्दूर, कुंकुम, अक्षत, पुष्प एवं पुष्पमाला दुर्वादि पूर्व के पूजन मन्त्रानुसार चढ़ायें ।

महालक्ष्मी अंग पूजा -

रोली, कुंकुममिश्रित अक्षत- पुष्पों से निम्नांकित एक – एक नाम मन्त्र पढ़ते हुए अंग पूजा करें-

ऊँ चपलायै नम:, पादौ पूजयामि ।

ऊँ चंचलायै नम:, जानुनी पूजयामि ।

ऊँ कमलायै नम:, कटिं पूजयामि ।

ऊँ कात्यायन्यै नम:, नाभिं पूजयामि ।

ऊँ जगन्मात्रे नम:, जठरं पूजयामि ।

ऊँ विश्ववल्लभायै नम: वक्ष: स्थलं पूजयामि ।

ऊँ कमलवासिन्यै नम:, हस्तौ पूजयामि ।

ऊँ पद्माननायै नम:, मुखं पूजयामि ।

ऊँ कमलपत्राक्ष्यै नम:, नेत्रत्रयं पूजयामि ।

ऊँ श्रियै नम:, शिर: पूजयामि ।

ऊँ महालक्ष्म्यै नम:, सर्वांगं पूजयामि ।

अष्टसिद्धि पूजन -

इस प्रकार अंगपूजा के अनन्तर पूर्वादि क्रम से आठों दिशाओं में आठों सिद्धियों की पूजा कुंकुमाक्त अक्षतों से देवी महालक्ष्मी के पास निम्नांकित मन्त्रों से करे –

ऊँ अणिम्ने नम: (पूर्व में) , ऊँ महिम्ने नम: (अग्निकोण में) , ऊँ गरिम्णे नम: (दक्षिणे) , ऊँ लघिम्ने नम: (नैर्ऋत्य में) , ऊँ प्राप्त्यै नम: (पश्चिमे) , ऊँ प्राकाम्यै नम: (वायव्ये), ऊँ ईशितायै नम: (उत्तर में) , ऊँ वशितायै नम: (ऐशान्याम्) ।

अष्टलक्ष्मी पूजन –

तदनन्तर पूर्वादि क्रम से आठों दिशाओं में महालक्ष्मी के पास कुंकुमाक्त अक्षत तथा पुष्पों से एक – एक नाम मन्त्र पढ़ते हुए आठ लक्ष्मीयों का पूजन करे –

ऊँ आद्यलक्ष्म्यै नम:, ऊँ विद्यालक्ष्म्यै नम: , ऊँ सौभाग्यलक्ष्म्यै नम: , ऊँ अमृतलक्ष्म्यै नम:, ऊँ कामलक्ष्म्यै नम: , ऊँ सत्यलक्ष्म्यै नम: , ऊँ भोगलक्ष्म्यै नम: , ऊँ योगलक्ष्म्यै नम: ।

पुन: धूप, दीप, नैवेद्य, आचमन, ऋतुफल, ताम्बूल, दक्षिणा, नीराजन, प्रदक्षिणा पूर्वानुसार करें।

महालक्ष्मी की प्रसन्नता हेतु महालक्ष्म्यष्टक स्तोत्र का पाठ –

इन्द्र उवाच-

नमस्तेस्तु महामाये श्रीपीठे सुरपूजिते।
शंखचक्रगदाहस्ते महालक्ष्मी नमोस्तुते।
नमस्ते गरुडारूढे कोलासुरभयंकरी।
सर्वपापहरे देवि महालक्ष्मी नमोस्तुते।
सर्वज्ञे सर्ववरदे सर्वदुष्टभयंकरी।
सर्वदुखहरे देवि महालक्ष्मी नमोस्तुते।
सिद्धिबुद्धिप्रदे देवि भुक्तिमुक्तिप्रदायिनी।
मन्त्रपूते सदादेवि महालक्ष्मीनमोस्तुते।
आद्यन्तरहिते देवि आद्यशक्तिमहेश्वरी।
योगजे योगसम्भूते महालक्ष्मी नमोस्तुते।
स्थूलसूक्ष्ममहारौद्रे महाशक्ति महोदरे।
महापापहरे देवि महालक्ष्मी नमोस्तुते।
पद्मासनस्थिते देवि परब्रह्मस्वरूपिणी।
परमेशि जगन्मातर्महालक्ष्मी नमोस्तुते।
श्वेताम्बरधरे देवि नानालंकारभूषिते।
जगत्स्थिते जगन्मातर्महालक्ष्मी नमोस्तुते।
महालक्ष्म्यष्टकं स्तोत्रं यः पठेत् भक्तिमान्नरः।

सर्वसिद्धिमवाप्नोति राज्यं प्राप्नोति सर्वदा।
एककाले पठेन्नित्यं महापापविनाशनम्।
द्विकालं यः पठेन्नित्यं धनधान्यसमन्वितः।
त्रिकालं यः पठेन्नित्यं महाशत्रु विनाशनम्।
महालक्ष्मीर्भवेन्नित्यं प्रसन्ना वरदा शुभा।।
इतीन्द्रकृतं महालक्ष्म्यष्टकम्।

इस महालक्ष्म्यष्टक का निर्माण इन्द्र जी के द्वारा किया गया है। इसका महत्व बतलाते हुये कहा गया है कि जो भी भक्तिमान होकर मनुष्य इस महालक्ष्म्यष्टक का पाठ करता है वह सभी प्रकार की सिद्धियों को प्राप्त करता है। राज्य की भी प्राप्ति इस स्तोत्र के पाठ से होती है। एक समय में पाठ करने से महापाप का विनाश होता है, दो काल यानी दो समय पढ़ने से धन एवं धान्य से व्यक्ति समन्वित होता है। तीन काल यानी तीनों समयों में पढ़ने से व्यक्ति महा शत्रुओं का विनाश होता है तथा महालक्ष्मी प्रसन्न होकर वर देने वाली होती है।

प्रार्थना -

सुरासुरेन्द्रादिकिरीटमौक्तिके -
र्युक्तं सदा यत्तव पादपंकजम् ।
परावरं पातु वरं सुमंगलं ।
नमामि भक्त्याखिलकामसिद्धये।।
भवानि त्वं महालक्ष्मी: सर्वकामप्रदायिनी।
सुपूजिता प्रसन्ना स्यान्महालक्ष्मी नमोऽस्तुते।।
नमस्ते सर्वदेवानां वरदासि हरिप्रिये ।
या गतिस्त्वत्प्रपन्नानां सा मे भूयात् त्वदर्चनात् ।।

ॐ महालक्ष्म्यै: नम:, प्रार्थनापूर्वकं नमस्कारान् समर्पयामि।

समर्पण -

पूजन के अन्त में कृतेनानेन पूजनेन भगवती महालक्ष्मीदेवी प्रीयताम् न मम्।।

यह वाक्य उच्चारण कर समस्त पूजन कर्म भगवती महालक्ष्मी को समर्पित करे तथा जल गिराकर प्रणाम करे।

बोध प्रश्न -

१. सिद्धियों की संख्या है –

क. ८ ख. ९ ग. १० घ. ११

२. महालक्ष्मी का विशेष पूजन कब होता है –

क. कार्तिक शुक्ल पूर्णिमा ख. कार्तिक कृष्ण अमावस्या ग. मार्गशीर्ष

घ. कार्तिक सप्तमी

३. सर्वलोकस्य जननीं का क्या अर्थ है –

क. सर्वजन ख. सभी लोगों की माता ग.सभी लोक घ. कोई नहीं

४. चन्द्रां प्रभासां .... लोके देवजुष्टामुदाराम् ।।

क. यशसा ज्वलन्तीं सर्व ख. अलक्ष्मीर्मे नश्यतां ग. तपसोऽधि जातो

घ.तपसा नुदन्तु

५. निधियॉ है –

क. ८ ख. ९ ग. १० घ. ११

5.4 सारांश -

प्रस्तुत इकाई के अध्ययन से आपने जाना कि भगवती महालक्ष्मी चल एवं अचल, दृश्य एवं अदृश्य सभी सम्पत्तियों, सिद्धियों एवं निधियों की अधिष्ठात्री साक्षात् नारायणी हैं। कर्मकाण्ड में धन की आदि शक्ति के रूप में पराम्बा भगवती लक्ष्मी को जाना गया है। धन की प्राप्ति के लिये लक्ष्मी जी की वन्दना या पूजन किया जाता है। यह प्रकल्प शक्ति प्राप्ति हेतु एवं विविध मनोकामनाओं की प्रपूर्ति हेतु किया जाता है । अतः श्री लक्ष्मी जी क्या हैं ? तथा कैसे उनकी पूजा की जाती है ? इसका ज्ञान आपको इस इकाई के अध्ययन से हो जायेगा ।

श्री लक्ष्मी जी की आरती एवं स्तुति विचार के अभाव में दीपावली आदि के अवसर पर या अन्य लक्ष्मी जी के व्रतादि या पूजनादि का सम्पादन किसी भी व्यक्ति द्वारा ठीक ढंग से नही हो सकता है। क्योकि इसमें लक्ष्मी माता की ही उपासना की जाती है। सभी सुख, सुविधा, शक्ति, भुक्ति, मुक्ति की दाता एवं ज्ञान पुंज रूपा आह्लादिनी महालक्ष्मी जी की पूजा अवश्य करनी चाहिये। मां लक्ष्मी भाव से की गयी समस्त प्रकार के पूजन या स्तोत्र पाठ से परम प्रसन्न होती हैं। इसलिये मां लक्ष्मी की पूजा अवश्य करनी चाहिये। इसके लिये यथा उपलब्ध उपचारों से मां की श्रद्धा भक्ति एवं शुचिता से दीपावली या अन्य पर्व इत्यादि के समय महालक्ष्मी पूजन करना चाहिये। ताकि हमारा जीवन सुखमय, आनन्दमय, सात्विक विचारों से परिपूर्ण एवं वर्ष पर्यन्त पुत्र पौत्र सुख, हर्ष उल्लास, ग्रहों की शान्ति, कायिक, वाचिक एवं मानसिक पीड़ा की निवृत्ति के लिये, भूत, प्रेत, डाकिनी, शाकिनी, बेतालादि की शान्ति के लिये, अखण्ड लक्ष्मी की प्राप्ति और कोष को आगे बढ़ाने के लिये, निरोगी

काया के लिये, व्यापार को बढ़ाने के लिये, लोक कल्याण के लिये, अपने आश्रितों का पोषण करने के लिये महालक्ष्मी पूजन करना चाहिये।

5.5 शब्दावली-

चल – जिसमें गति हो।

अचल - स्थिर।

दृश्य – जो दिखलाई देता हो ।

अदृश्य - जो दिखाई न देता हो ।

पद्मासन - कमल का आसन।

पूर्वाभिमुख – पूर्व दिशा की ओर मुख

केसरयुक्त – केसर मिला हुआ

जननी – माता

नानाविध – अनेक प्रकार के

पादौ – दोनों पैर

कटि – कमर

हस्तौ - दोनों हाथ

5.6 बोध प्रश्नों के उत्तर

1. ख
2. ख
3. ख
4. क
5. ख

5.7 सन्दर्भ ग्रन्थ सूची

1- कर्मकाण्ड प्रदीप

2- संस्कार दीपक

3. नित्यकर्मपूजाप्रकाश

5.8 निबन्धात्मक प्रश्न

1. महालक्ष्मी पूजन विधि का विस्तारपूर्वक उल्लेख कीजिये।

2. महालक्ष्मी के अंगपूजन एवं अष्टसिद्धि पूजन का वर्णन कीजिये ।

3. महालक्ष्म्यष्टक स्तोत्र का लेखन कीजिये।

खण्ड – 2

कथा एवं जप प्रकरण

इकाई – 1 सत्यनारायण व्रत कथा

इकाई संरचना

1.1 प्रस्तावना

प्रस्तुत इकाई बी0ए0 कर्मकाण्ड के द्वितीय खण्ड की प्रथम इकाई **'श्रीसत्यनारायण व्रत कथा'** से सम्बन्धित है। इस इकाई के अध्ययन से आप बता सकते है कि कर्मकाण्ड की उत्पति किस प्रकार से हुई है? कर्मकाण्ड की उत्पति अनादि काल से हुई है तथा इन्हीं कर्मकाण्डों के माध्यम से आज सनातन धर्म की रक्षा हो रही है।

कर्मकाण्ड को जानते हुए आप सत्यनारायण व्रत कथा के विषय में परिचित होंगे कि सत्यनारायण व्रत कथा के पूजन का प्रयोजन क्या है एवं उसका महत्त्व क्या है इन सबका वर्णन इस इकाई में किया गया है।

इससे पूर्व की इकाईयों में आपने नित्यकर्म एवं आरम्भिक पूजन का अध्ययन कर लिया है। यहॉ आप सत्यनारायण व्रत कथा से सम्बन्धित ज्ञान प्राप्त करेंगे।

1.2 उद्देश्य

इस इकाई के अध्ययन के पश्चात आप -

1. सत्यनारायण व्रत कथा के विषय में आप परिचित होंगे -
2. सत्यनारायण व्रत कथा में कितने अध्याय है, इसके विषय में आप परिचित होंगे।
3. सत्यनारायण व्रत कथा के प्रथम से लेकर अन्तिम अध्याय तक के अध्यायों की कथा को समझ सकेगें।
4. सत्यनारायण व्रत कथा के प्रत्येक अध्यायों के अर्थ को समझ सकेगें।
5. सत्यनारायण व्रत कथा के महत्व को समझ सकेगें।

1.3 सत्यनारायण पूजन विधि

एक लकड़ी की चौकी के ऊपर गणेश, षोडशमातृका, सप्तमातृका स्थापित करे। दूसरी चौकी पर नवग्रह, पञ्चलोकपाल आदि स्थापति करे। ईशान कोण में घी का दीपक रखे और अपने दायें हाथ में पूजा सामग्री रख लेवे। शुद्ध नवीन वस्त्र पहनकर पूर्वाभिमुख बैठे। कुंकुमका तिलक (रोली) करके अपने दायें हाथ की अनामिका में सुवर्ण की अंगुठी पहनकर आचमन प्राणायाम कर पूजन आरम्भ करे।

पवित्रीकरण –

सर्वप्रथम अधोलिखित मन्त्र को पढ़ते हुये पूजन सामग्रियों को पवित्र करें –

ऊँ अपवित्र: पवित्रो वा सर्वावस्थां गतोऽपि वा।

यः स्मरेत् पुण्डरीकाक्ष स बाह्याभ्यन्तरः शुचि ।।

ॐ पुण्डरीकाक्षः पुनातु, ॐ पुण्डरीकाक्षः पुनातु , ॐ पुण्डरीकाक्षः पुनातु ।

आचमन-:(तीन बार आचमन करे)

ॐ केशवाय नमः। ॐ नारायणाय नमः। ॐ माधवाय नमः।

प्राणायाम-:

गोविन्दाय नमः बोलकर हाथ धोवे और यदि ज्यादा ही कर सके तो तीन बार पूरक (दायें हाथ के अंगूठे से नाक का दायाँ छेद बन्द करके बायें छेद से श्वास अन्दर लेवे), कुम्भक (दायें हाथ की छोटी अंगुली से दूसरी अंगुली द्वारा बाया छेद भी बन्द करके श्वास को अन्दर रोके), रेचक (दायें अंगूठे को धीरे–धीरे हटाकर श्वास बाहर निकाले) करें।

पवित्रीधारणम् -

ॐ पवित्रेस्त्थो व्वैष्णव्यौसवितुर्व्वः प्रसव उत्पन्नुनाम्यच्छिद्रेण पवित्रेण सूर्यस्य रश्मिभिः ।

तस्य ते पवित्रपते पवित्रपूतस्य यत्कामः पुनेतच्छकेयम् ।।

सपत्नीक यजमान के ललाट में स्वस्तितिलक लगाते हुए मन्त्र को बोले-

व्वृद्धश्रवाः स्वस्ति नः पूषा व्विश्ववेदाः।स्वस्तिन इन्द्रो

स्वस्ति नस्ताक्ष्र्योऽअरिष्टनेमिः स्वस्तिनो बृहस्पतिर्दधातु।।

उँ श्रीश्चते लक्ष्मीश्चपत्क्न्या वहोरात्रे पार्श्वे नक्षत्राणि रूपमश्वि नौव्व्यात्तम्।

इष्णन्निषाणामुम्मऽइषाण सर्व्वलोकं म ऽइषाण।।

ग्रन्थिबन्धन-:(लोकाचार से यजमान का सपत्नीक ग्रन्थिबन्धन करे) -

ॐ तम्पत्नीभिरनुगच्छेम देवाः पुत्रैर्भ्रातृभिरुतवा हिरण्यैः।

नाकङ्गृभ्ण्णानाः सुकृतस्यलोके तृतीयपृष्ठेऽअधिरोचने दिवः।।

आसनपूजन -:(आसन की पूजा करे)

ॐ पृथ्वि त्वया धृता लोका देवि त्वं विष्णुना धृता ।
त्वं च धारय मां देवि! पवित्रं कुरु चासनम् ।।

ॐ कूर्मासनाय नमः।

ॐ अनन्तासनाय नमः।

(सर्वोपचारार्थे गन्धाक्षतपुष्पाणि समर्पयामि)

भूतापसारण - (बायें हाथ में सरसों लेकर उसे दाहिने हाथ से ढककर निम्न मन्त्र पढ़े)

रक्षोहणं व्वलगहनं व्वैष्णवीमिदमहन्तं व्वलगमुत्किरामि म्मे निष्ट्यो ममात्यो निचखानेदमहन्तं व्वलगमुत्किरामि म्मे समानोमसमानो निचखानेदमहन्तं व्वलगमुत्किरामि म्मे सबर्न्धुम सबन्धुर्न्निचखानेदमहन्तं व्वलगमुत्किरामि म्मे सजातो मसजातो निचखानोत्कृत्याङ्क्रिरामि।

ॐ अपसर्पन्तु ते भूता ये भूता भूमिसंस्थिताः।

रस्ते नश्यन्तु शिवाज्ञया।।ये भूता विघ्नकर्ता
अपक्रामन्तु भूतानि पिशाचाः सर्वतो दिशम्।
सर्वेषामवरोधेन पूजाकर्म समारभे।।

निम्न मन्त्रों को पढते हुए सरसों का सभी दिशाओं में विकिरण करे-:

प्राच्यैदिशे स्वाहार्व्वाच्यै दिशेस्वाहा दक्षिणायै दिशेस्वाहार्व्वाच्यै दिशेस्वाहा प्रतीच्यै दिशे स्वाहार्व्वाच्यै दिशे स्वाहोदीच्यै दिशे स्वाहा र्व्वाच्यै दिशे स्वाहोद्र्ध्वायै दिशेस्वाहा र्व्वाच्यै दिशे स्वाहा व्वाच्यै दिशे स्वाहार्व्वाच्यै दिशे स्वाहा।

पूर्वे रक्षतु गोविन्द आग्नेय्यां गरुड़ध्वजः। दक्षिणे रक्षतु वाराहो नारसिंहस्तु नैर्ऋते।।
पश्चिमे वारुणो रक्षेद्वायव्यां मधुसूदनः। उत्तरे श्रीधरो रक्षेद् ऐशान्ये तु गदाधरः।।
ऊर्ध्वं गोवर्धनो रक्षेद्अधस्ताद्त्रिविक्रमः। एवं दश दिशो रक्षेद्वासुदेवो जनार्दनः।।

कर्मपात्र पूजन -:(ताँबे के पात्र में जलभरकर कलश को अक्षतपुञ्ज पर स्थापित करते हुए पूजन करे)

ऊँ तत्वामि ब्ब्रह्मणा व्वन्दमानस्तदाशास्ते जमानो हविर्ब्भिः।

अहेडमानो व्वरुणे हबोद्ध्युरुश समानऽ आयुः प्प्रमोषीः।। ऊँ वरुणाय नमः।

पूर्वे ऋग्वेदाय नमः।दक्षिणे यजुर्वेदाय नमः।

पश्चिमे सामवेदाय नमः। उत्तरे अथर्ववेदाय नमः।

मध्ये साङ्गवरुणाय नमः। सर्वोपचारार्थे चन्दन अक्षतपुष्पाणि समर्पयामि।

अंकुशमुद्रया सूर्यमण्डलात्सर्वाणि तीर्थानि आवाहयेत् (दायें हाथ की मध्यमा अङ्गुली से जलपात्र में सभी तीर्थों का आवाहन करे) :–

गङ्गे च यमुने चैव गोदावरी सरस्वति।

नर्मदा सिन्धु कावेरि जलेऽस्मिनसन्निधे कुरू।।

कलशस्य मुखे विष्णु कण्ठे रुद्रः समाश्रितः।
मूले तत्र स्थितो ब्रह्मा मध्ये मातृगणाः स्मृताः।।
कुक्षौ तु सागराः सर्वे सप्तद्वीपा वसुन्धरा।
ऋग्वेदोऽथ यजुर्वेदः सामवेदो ह्यथर्वणः।।
अश्च सहिताः सर्वे कलशाम्बु समाश्रिताः।
गायत्री चात्र सावित्री शान्तिः पुष्टिकरा तथा।
आयान्तु मम शान्त्यर्थं दुरितक्षयकारकाः।।

उदकेन पूजासामग्रीं स्वात्मानं च सम्प्रोक्षयेत् (पात्र के जल से पूजन सामग्री एवं स्वयं का प्रोक्षण करे) :–

ऊँ आपो हिष्ठामयोभुवस्तानऽऊर्ज्जेदधातन। महेरणायचक्षसे।।
योवः शिवतमोरसस्तस्यभाजयते हनः। उशतीरिवमातरः।।

तस्म्माऽअरङ्गमामवोयस्यक्षयायजिन्वथ आपोजनयथाचनः।।

दीपपूजनम् (देवताओं के दाहिने तरफ घी एवं विशेष कर्मों में बायें हाथ की तरफ तेल का दीपक जलाकर पूजन करना चाहिए) :–

अग्निर्द्देवता व्वातो देवता सूर्य्यो देवता चन्द्रमा देवता व्वसवो देवता रुद्रा देवतादित्त्या देवता मरुतो देवता विश्श्वे देवा देवता बृहस्प्पतिर्द्देवतेन्द्रो देवता व्वरुणो देवता।

ऊँ दीपनाथाय नमः। सर्वोपचारार्थे गन्धाक्षतपुष्पाणि समर्पयामि (गन्ध अक्षत पुष्प दीपक के सामने छोडे।)

प्रार्थनाः–(हाथ में अक्षत–पुष्प लेकर अधोलिखित श्लोक को पढते हुए दीपक के सामने छोड़े

ऊँ भो दीप देवस्त्वं कर्मसाक्षी ह्यविघ्नकृत।
यावत्कर्मसमाप्तिः स्यात्तावदत्र स्थिरो भव।।

सर्वप्रथम सत्यनारायण व्रत कथा की अधिकार प्राप्ति के लिये प्रायश्चित्तरूप में गोदान का संकल्प करना चाहिये

प्रायश्चित संकल्प हाथ में जल अक्षत–पुष्प कुश तथा द्रव्य लेकर प्रायश्चित संकल्प करे–

हरिः ऊँ विष्णुर्विष्णुर्विष्णुः ऊँ तत्सद। ै तस्य श्रीमद्भगवतो महापुरुषस्य विष्णोराज्ञया

प्रवर्त्तमानस्य अ। श्रीब्रह्मणोऽह्नि द्वितीये परार्द्धे तदादौ श्रीश्वेतवाराहकल्पे सप्तमे वैवस्वतमन्वतरे अष्टाविंशतितमे कलियुगे कलिप्रथमचरणे जम्बूद्वीपे भरतखण्डे तत्रापि परमपवित्रे भारतवर्षे आर्यावर्त अन्तर्गते अमुकदेशे (अपने देश का नाम) अमुकक्षेत्रे (अपने राज्य का नाम) अमुकनगरे (अपने नगर का नाम) श्री गङ्गायमुनयोः अमुकभागे (अपने स्थान की दिशा) नर्मदाया अमुक भागे (अपने स्थान की दिशा) चान्द्रसंज्ञकानां प्रभवादिषष्टिसम्वत्सराणां मध्ये अमुक नाम्नि सम्वत्सरे (सम्वत्सर का नाम) श्रीमन्नृपति विक्रमार्कसमयादमुकसंख्यापरिमिते विक्रमाब्दे (वर्तमान विक्रम सम्वत्) अमुकायने (वर्तमान सम्वत्) अमुकर्तौ (वर्तमान ऋतु) अमुकमासे (वर्तमान मास) अमुकपक्षे (वर्तमान पक्ष) अमुकतिथौ (वर्तमान तिथि) अमुकवासरे अमुकगोत्रः (यजमान का गौत्र) अमुकशर्मा अहं सत्यनारायण व्रत कथा अधिकार प्राप्त्यर्थं कायिकवाचिकमानसिकसांसर्गिकचतुर्विधपापशमनार्थं शरीरशुद्ध्यर्थं गोनिष्क्रयद्रव्यं ''''''''''गोत्राय''''''''''शर्मणे आचार्याय भवते सम्प्रददे (ऐसा कहकर हाथ का संकल्प जल तथा द्रव्य ब्राह्मण के हाथ में दे दे।

मंगल पाठ –हस्ते अक्षतपुष्पाणि गृहीत्वा (हाथ में अक्षत–पुष्प लेकर गणेश जी की प्रार्थना करें) : –

ऊँ आनो भद्राः क्रतवो यन्तु व्विश्वतो दब्धासोऽअपरीतासऽउद्भिदः। देवानो यथा सदमिद्वृधेऽअसन्नप्रायुवोरक्षितारो दिवेदिवे।।१।। देवानां भद्रा सुमतिर्ऋजूयतान्देवाना रातिरभिनोनिवर्त्तताम्। देवाना सक्ख्यमुपसेदिमा व्वयं देवानऽआयुः प्र्रतिरन्तुजीवसे।।२।। तान्पूर्वया निविदाहूमहे व्वयं भगम्मित्रमदितिं दक्षमस्रिधम्। अर्यमणं व्वरुण सोममश्विना सरस्वती नः सुभगामयस्करत्।।३।। तन्नोव्वातो मयो भुव्वातु भेषजं तन्माता पृथिवी तत्पिता । ीः।

तद्ग्रावाणः सोमसुतो मयो भुवस्तदश्विना शृणुतं धिष्ण्या युवम्।।४।। तामीशानञ्जगतस्तस्थुषस्पति–न्धियञ्जिन्वमवसे हूमहे व्वयम्। पूषा नो यथा व्वेदसामद्वृधे रक्षिता पायुरदब्धः स्वस्तये।।५।। स्वस्ति न ऽइन्द्रो वृद्धश्रवाः स्वस्ति नः पूषाव्विश्ववेदाः। स्वस्तिनस्ताक्ष्यों ऽ अरिष्टनेमिः स्वस्तिनोबृहस्पतिर्दधातु।।६।। पृषदश्वा मरुतः पृश्निमातरः शुभं यावानो व्विदथेषु जग्मयः। अग्निजिह्वामनवः सूरचक्षसो व्विश्वेनोदेवाऽअवसा गमन्निह।।७।। भद्रङ्कर्णेभिः शृणुयाम देवा भद्रं पश्येमाक्षभिर्यजत्राः। स्थिरैरङ्गैस्तुष्टुवा œ सस्तनूभिर्व्यशेमहि देवहितं य्यदायुः।।८।। शतमिन्नुशरदो ऽ अन्ति देवा त्रा नश्चक्रा जरसंतनूनाम्। पुत्रासो यत्र पितरो भवन्ति मानो मद्ध्या रीरिषतायुर्गन्तोः।।६।। अदिति। ौरदितिरन्तरिक्षमदितिर्माता स पिता स पुत्रः। विश्वेदेवा ऽ अदितिः पञ्चजना ऽ अदितिर्ज्जातमदितिर्ज्जनित्वम्।।१०।। । ौः शान्तिरन्तरिक्ष œ शान्तिः पृथिवी शान्तिरापः शान्तिरोषधयः शान्तिः। व्वनस्पतयः शान्ति व्विश्वेदेवाः शान्तिर्ब्रह्म शान्तिः सर्व œ शान्तिः शान्तिरेव शान्तिः सामाशान्तिरेधि।।११।। यतो यतः समीहसे ततो नो ऽ अभयं कुरु। शन्नः कुरु प्रजाब्भ्योभयन्नः पशुभ्यः।।१२।। सुशान्तिर्भवतु।। **(अक्षत–पुष्प को सिर से लगाकर गणपति मण्ड़ल पर गणेशजी को समर्पित करे)**

गणपत्यादि देवानां स्मरणम्– (हाथ में अक्षत–पुष्प लेकर गणेश जी की प्रार्थना करे)

सुमुखश्चैकदन्तश्च कपिलो गजगर्णकः। लम्बोदरश्च विकटोविघ्ननाशो विनायकः। धूम्रकेतुर्गणाध्यक्षो भालचन्द्रो गजाननः। द्वादशैतानि नामानि यः पठेच्छृणुयादपि। वि। ारम्भे विवाहे च प्रवेशे निर्गमे तथा। संग्रामे संकटे चौव विघ्नस्तस्य न जायते। शुक्लाम्बरधरं देवं शशिवर्णं चतुर्भुजम्। प्रसन्नवदनं ध्यायेत् सर्वविघ्नोपशान्तये। अभीप्सितार्थ सिध्यर्थं पूजितो यः सुरासुरैः। सर्वविघ्नहरस्तस्मै गणाधिपतये नमः। सर्वमङ्ग्ल माङ्ग्ल्ये शिवे सर्वार्थसाधिके। शरण्ये त्र्यम्बके गौरि नारायणि नमोऽस्तुते। सर्वदा सर्व कार्येषु नास्ति तेषाममङ्ग्गलम्। येषां हृदिस्थो भगवान् मंगलायतनं हरिः। तदेव लग्नं सुदिनं तदेव ताराबलं चन्द्रबलं तदेव। वि। ाबलं दैवबलं तदेव लक्ष्मीपते तेऽङ्घ्रियुगं स्मरामि। लाभस्तेषां जयस्तेषां कुतस्तेषां पराजयः। येषामिन्दीवरश्यामो हृदयस्थो जनार्दनः। यत्र योगेश्वरः कृष्णो यत्र पार्थो धनुर्धरः। तत्र श्रीर्विजयो भूतिर्ध्रुवा नीतिर्मतिर्मम। सर्वेष्वारब्धकार्येषु त्रयस्त्रि भुवनेश्वराः। देवा दिशन्तु नः सिद्धिं ब्रह्मेशानजनार्दनाः। विश्वेशं माधवं ढुण्ढिं दण्डपाणिं च भैरवम्। वन्दे काशीं गुहां गङ्गां भवानी मणिकर्णिकाम्। विनायकं गुरुभानुं ब्रह्मविष्णुमहेश्वरान्। सरस्वतीं प्रणौम्यादौ सर्वकार्यार्थ सिद्धये।ऊँ श्रीमन्महागणाधिपतये नमः। ऊँ लक्ष्मीनारायणाभ्यां नमः। ऊँ उमामहेश्वराभ्यां नमः। ऊँ वाणीहिरण्यगर्भाभ्यां नमः। ऊँ शचीपुरन्दराभ्यां नमः। ऊँ मातृपितृचरणकमलेभ्यो नमः। ऊँ सर्वपितृदेवताभ्यो नमः। ऊँ इष्टदेवताभ्यो नमः। ऊँ कुलदेवताभ्यो नमः। ऊँ ग्रामदेवताभ्यो नमः। ऊँ स्थानदेवताभ्यो नमः। ऊँ सर्वेभ्यो देवेभ्यो नमः। ऊँ सर्वेभ्यो ब्राह्मणेभ्यो नमः। ऊँ

गुरवे नमः। ऊँ परमगुरवे नमः। ऊँ परात्परगुरवे नमः। ऊँ परमेष्ठिगुरवे नमः।(अक्षत–पुष्प को सिर से लगाकर गणपति मण्ड़ल पर गणेशजी को समर्पित करे)
संकल्प–हाथ में जल अक्षत–पुष्प कुश तथा द्रव्य लेकर संकल्प करे–

हरिः ऊँ विष्णुर्विष्णुर्विष्णुः ऊँ तत्सद। ैतस्य श्रीमद्भगवतो महापुरुषस्य विष्णोराज्ञया प्रवर्त्तमानस्य अ। श्रीब्रह्मणोऽह्नि द्वितीये परार्द्धे तदादौ श्रीश्वेतवाराहकल्पे सप्तमे वैवस्वतमन्वतरे अष्टाविंशतितमे कलियुगे कलिप्रथमचरणे जम्बूद्वीपे भरतखण्डे तत्रापि परमपवित्रे भारतवर्षे आर्यावर्त अन्तर्गते अमुकदेशे (अपने देश का नाम) अमुकक्षेत्रे (अपने राज्य का नाम) अमुकनगरे (अपने नगर का नाम) श्री गङ्गायमुनयोः अमुकभागे (अपने स्थान की दिशा) नर्मदाया अमुक भागे (अपने स्थान की दिशा) चान्द्रसंज्ञकानां प्रभवादिषष्टिसम्वत्सराणां मध्ये अमुक नाम्नि सम्वत्सरे (सम्वत्सर का नाम) श्रीमन्नृपति विक्रमार्कसमयादमुकसंख्यापरिमिते विक्रमाब्दे (वर्तमान विक्रम सम्वत्) अमुकायने (वर्तमान सम्वत्) अमुकर्तौ (वर्तमान ऋतु) अमुकमासे (वर्तमान मास) अमुकपक्षे (वर्तमान पक्ष) अमुकतिथौ (वर्तमान तिथि) अमुकवासरे अमुकगोत्रः (यजमान का गौत्र) अमुकशर्मा अहं (ब्राह्मण के लिए शर्मा, क्षत्रिय के लिए वैश्य, वैश्य के लिए गुप्ता, शूद्र के लिए दासान्त) सपुत्रस्त्रीबान्धवो अहं मम जन्मलग्नाच्चन्द्रलग्नाद् वर्ष मास दिन गोचराष्टक वर्गदशान्तर्दशादिषु चतुर्थाष्टं द्वादशस्थान् स्थित क्रूरग्रहास्तेषां अनिष्टफल शान्ति पूर्वकं द्वितीयसप्तम् एकादशस्थानस्थित सकल शुभफल प्राप्त्यर्थं श्री सत्यनारायण व्रत कथा अहं करिष्ये (वा ब्राह्मण द्वारा कारयिष्ये) । ऐसा कहकर हाथ का संकल्प जल तथा द्रव्य गणेश जी के सामने छोड़ दे।
पुनः हाथ में जल अक्षत–पुष्प कुश तथा द्रव्य लेकर बोले –
तदंगत्वेन कार्यस्य सिद्धयर्थं आदौ गणेशाम्बिकयोः पूजनं करिष्ये। ऐसा कहकर हाथ का संकल्प जल तथा द्रव्य गणेश जी के सामने छोड़ दे।

पूजा में जो वस्तु वि। मान न हो उसके लिये 'मनसा परिकल्प्य समर्पयामि' कहे। जैसे, आभूषणके लिये 'आभूषणं मनसा परिकल्प्य समर्पयामि'।)
सर्वप्रथम गणपति का पूजन आप कर ले।
भगवान् विष्णु का पूजन

१. विष्णु :– (बाये हाथ में अक्षत लेकर अधोलिखित मन्त्र पढते हुए भगवान् विष्णु के उपर छोड़े)

क्रमात्कौमोदकी पद्मशङ्कचक्रधरं विभुम्।

भक्तकल्पद्रुमं शान्तं विष्णुमावाहयाम्यहम्।।

ऊँ इदं विष्णुर्विचक्रमे त्रेधानिदधेपदम्। समूढमस्यपा œ सुरे स्वाहा।।

ऊँ भूर्भुवः स्वः विष्णवे नमः, विष्णुमावाहयामि स्थापयामि।

प्रतिष्ठापनम्ः– (हाथ में अक्षत लेकर अधोलिखित मन्त्र पढते हुए भगवान् विष्णु के उपर छोड़े)

ऊँ मनोजूतिर्ज्जुषतामाज्यस्य बृहस्पर्तिज्ञमिमन्तनोत्त्वरिष्टं ज्ञ गूं समिमन्दधातु।
विश्वेदवा स ऽ इह मादयन्तामोम्प्रतिष्ठ।।

ऊँ भूर्भुवः स्वः विष्णवे नमः। सुप्रतिष्ठिते वरदे भवेत्

आसनम् –(हाथ में पुष्प लेकर अधोलिखित मन्त्र पढ़ते हुए भगवान् विष्णु के उपर छोड़े)

ऊँ पुरुष ऽ एवेद œ सर्व्वंद्भूतँच्च भाव्व्यम्। उतामृतत्वस्येशानो यदन्नेनातिरोहति।।

ऊँ भूर्भुवः स्वः विष्णवे नमः आसनार्थे पुष्पं समर्पयामि।

पा। म् ––(हाथ में जल लेकर अधोलिखित मन्त्र पढते हुए भगवान् विष्णु के उपर छोड़े)

ऊँ एतावानस्य महिमातोज्ज्याँश्चपूरुषः।

पादोस्य व्विश्श्वा भूतानि त्रिपादस्यामृतन्दिवि।।

ऊँ भूर्भुवः स्वः विष्णवे नमः पादप्रक्षालनार्थं पा। ˙ समर्पयामि।

अर्घ्यम् ––(हाथ में जल लेकर अधोलिखित मन्त्र पढते हुए भगवान् विष्णु के उपर छोड़े)

ऊँ धामन्तेव्विश्वम्भुवनमधिश्रितमन्तः समुद्रेह्न। न्त रायुषि।

अपामनीकेसमिथेय ऽ आभृतस्तमश्याम मधुमन्तन्त ऽ ऊर्मिम्।।

ऊँ भूर्भुवः स्वः विष्णवे नमः हस्तयोः अर्घ्यं समर्पयामि।

आचमनीयम् ––(हाथ में जल लेकर अधोलिखित मन्त्र पढते हुए भगवान् विष्णु के उपर छोड़े)

सर्वतीर्थ समायुक्तं सुगन्धिनिर्मलं जलम्।

आचम्यार्थं मया दत्तं गृहाण गणनायक।।

ऊँ इमम्मेव्वरुणत्त्शुधीहवमद्दया च मृडय। त्वामवस्युराचके।।

ऊँ भूर्भुवः स्वः विष्णवे नमः मुखे आचमनीयं समर्पयामि।

जलस्नानम् –(अधोलिखित मन्त्र पढते हुए भगवान् विष्णु के उपर जल छोड़े)

ऊँ व्वरुणस्योत्तम्भनमसि व्वरुणस्यस्कम्भसर्ज्जनीस्त्थो व्वरुणस्य ऽ ऋतसदन्न्यसि

वरुणस्य ऽ ऋतसदनमसि व्वरुणस्य ऽ ऋतसदनमासीद।।

ऊँ भूर्भुवः स्वः विष्णवे नमः स्नानार्थे जलं समर्पयामि।।

पञ्चामृत स्नानम् –(अधोलिखित मन्त्र पढते हुए भगवान् विष्णु के उपर पंचामृत से स्नान करावे)

पयो दधिघृतं चैव मधुं च शर्करायुतम्।

सरस्वती तु पञ्चधासो देशेभवत्सरित्।

ऊँ भूर्भुवः स्वः विष्णवे नमः मिलितपञ्चामृतस्नानं समर्पयामि।

शुद्धोदक स्नानम् –(अधोलिखित मन्त्र पढते हुए भगवान् विष्णु के उपर शुद्ध जल से स्नान करावे)

ऊँ शुद्धवालः सर्व शुद्धवालो मणिवालस्त ऽ आश्विनः श्येतः

श्येताक्षो रुणस्तेरुद्रायपशुपतये कर्णायामा अवलिप्ता रौद्रानभोःरूपाः पार्ज्जन्न्याः।।

ऊँ भूर्भुवः स्वः विष्णवे नमः शुद्धोदक स्नानं समर्पयामि।

वस्त्रोपवस्त्रम्–(अधोलिखित मन्त्र पढते हुए भगवान् विष्णु के उपर रक्त सूत्र चढ़ावे)

ऊँ सुजातोज्ज्योतिषा सहशर्म्म व्वरुथमासदत्स्वः।

व्वासो ऽ अग्ने विश्वःप गूं सँव्ययस्वव्विभावसो।।

ऊँ भूर्भुवः स्वः विष्णवे नमः वस्त्रोपवस्त्रार्थे रक्तसूत्रं समर्पयामि।

यज्ञोपवीतम् –(अधोलिखित मन्त्र पढते हुए भगवान् विष्णु के उपर यज्ञोपवीत चढ़ावे)

ऊँ ब्रह्मज्ञानं प्रथमं पुरस्ताद्विसीमतः सुरुचोव्वेनऽआवः।
सबुद्धन्याऽउपमा अस्यविष्ठाः सतश्च्चयोनिमसतश्चव्विवः।
ऊँ भूर्भुवः स्वः विष्णवे नमः गणेशाम्बिकाभ्यां नमः यज्ञोपवीतं समर्पयामि।

चन्दनम् ––(अधोलिखित मन्त्र पढते हुए भगवान् विष्णु के उपर चन्दन चढ़ावे)

ऊँ अ गूं शुना ते अ गूं शुः पृच्यतां परुषा परुः।
गन्धस्ते सोममवतु मदायरसोऽअच्युतः।

ॐ भूर्भुवः स्वः विष्णवे नमः चन्दनकुंकुमञ्च समर्पयामि।

अक्षताः ——(अधोलिखित मन्त्र पढते हुए भगवान् विष्णु के उपर अक्षत चढ़ावे)

ॐ अक्षन्नमीमदन्त ह्यवप्रियाऽ अधूषत।

अस्तोषत स्वभानवो विप्रा नविष्ठ्ठयामती योजान्विन्द्रते हरी।।

ॐ भूर्भुवः स्वः विष्णवे नमः अलङ्करणार्थम् अक्षतान् समपर्यामि।

पुष्पाणि (पुष्पमाला) ——(अधोलिखित मन्त्र पढते हुए भगवान् विष्णु के उपर पुष्पमाला अथवा पुष्प चढ़ावे)

ॐ ओषधिः प्रतिमोदद्ध्वं पुष्पवतीः प्रसूवरीः।

अश्श्वाऽ इव सजित्वरीर्व्वीरुधः पारयिष्ण्वः।।

ॐ भूर्भुवः स्वः विष्णवे नमः पुष्पाणि समर्पयामि।

दुर्वाङ्कुरम् ——(अधोलिखित मन्त्र पढते हुए भगवान् विष्णु के उपर दूर्वा चढ़ावे)

ॐ काण्डात्काण्डात्प्ररोहन्ती परुषः परुषस्परि।

एवा नो दूर्व्वे प्रतनु सहस्रेण शतेन च।।

ॐ भूर्भुवः स्वः विष्णवे नमः दूर्वाङ्कुराणि समर्पयामि।

बिल्वपत्रम् ——(अधोलिखित मन्त्र पढते हुए भगवान् विष्णु के उपर बिल्वपत्र चढ़ावे)

ॐ नमो बिल्मिने च कवचिने च नमो व्वर्मिणे च वरुथिने च नमः

श्रुताय च श्रुतसेनाय च नमो दुन्दुब्भ्याय चाहनन्याय च।।

ॐ भूर्भुवः स्वः विष्णवे नमः बिल्वपत्राणि समर्पयामि।

सुगन्धितद्रव्यम् ——(अधोलिखित मन्त्र पढते हुए भगवान् विष्णु के उपर इत्र चढ़ावे)

ॐ त्र्यम्बकं यजामहे सुगन्धिम्पुष्टिवर्द्धनम्।

उर्व्वारुकमिव बन्धनान्मृत्योर्म्मुक्षीयमामृतात्।।

ॐ भूर्भुवः स्वः विष्णवे नमः सुगन्धितद्रव्यं समर्पयामि।

सिन्दूरम् ——(अधोलिखित मन्त्र पढते हुए भगवान् विष्णु के उपर सिन्दूर चढ़ावे)

ऊँ सिन्धोरिव प्राद्ध्वने शूघनासो व्वातप्रमियः पतयन्ति ह्यवाः।

घृतस्य धारा ऽ अरुषो न व्वाजी काष्ठाभिन्दन्नूर्मिभिः पिन्वमानः।।

ऊँ भूर्भुवः स्वः विष्णवे नमः सिन्दूरं समर्पयामि।

नानापरिमलद्रव्याणि ——(अधोलिखित मन्त्र पढते हुए भगवान् विष्णु के उपर अवीर चढ़ावे)

ऊँ अहिरिव भोगैः पर्येति बाहुञ्ज्याया हेतिं परिबाधमानः।

हस्तघ्नो व्विश्वाव्वयुनानि व्विद्वान्पुमान्पुमा œ सम्परिपातुव्विश्वतः।।

ऊँ भूर्भुवः स्वः विष्णवे नमः परिमलद्रव्याणि समर्पयामि।

धूपम् —(अधोलिखित मन्त्र पढते हुए भगवान् विष्णु को धूप दिखावे)

धूरसि धूर्व्वधूर्व्वन्तं धूर्व्व तोस्म्मान् धूर्वतितन्धूर्व्वयं व्वयं धूर्व्वामः।

देवानामसि व्वह्नितम œ सस्न्नितमं पप्रितमं जुष्टतमं देवहूतम्।

ऊँ भूर्भुवः स्वः विष्णवे नमः धूपम् आघ्रापयामि।

दीपम् —(अधोलिखित मन्त्र पढते हुए भगवान् विष्णु को दीप दिखावे)

ऊँ अग्निर्ज्योतिर्ज्योतिरग्निः स्वाहा सूर्योज्योतिज्ज्योतिः सूर्यः स्वाहा।

अग्निर्व्वर्चोज्ज्योतिर्व्वर्च्चः स्वाहा सूर्यो वर्च्चोज्योतिर्वर्च्चः स्वाहा।

ज्योतिः सूर्यः सूर्यो ज्योतिः स्वाहा।

ऊँ भूर्भुवः स्वः विष्णवे नमः दीपकं दर्शयामि।

हस्तौ प्रक्षाल्य। (इसके बाद हाथ धोये)

नैवे। म् —(अधोलिखित मन्त्र पढते हुए भगवान् विष्णु को भोग लगावे)

ऊँ नाभ्या आसीदन्तरिक्ष œ शीर्ष्णो । ौः समवर्तत।

पद्भ्यां भूमिर्दिशः श्रोत्रात्तथा लोकाँ २ अकल्पयन्।।

ऊँ भूर्भुवः स्वः विष्णवे नमः नैवे। ं निवेदयामि। मध्ये जलं निवेदयामि। (इसके बाद पॉच बार जल चढावे)

ऋतुफलम् —(अधोलिखित मन्त्र पढते हुए भगवान् विष्णु के उपर फल चढ़ावे)

ऊँ याः फलनीर्या ऽ अफला ऽ अपुष्पायाश्च पुष्पिणीः।

बृहस्पतिप्रसूतास्तानो मुञ्चन्त्व œ हसः।।

ऊँ भूर्भुवः स्वः विष्णवे नमः फलं निवेदयामि। पुनः आचमनीयं निवेदयामि।(इसके बाद पुनः जल चढावे)

ताम्बूल–मन्त्र बोलते हुए लवंग,इलायची, सोपारी सहित पान का पत्ता भगवान् विष्णु के उपर चढावे।

ॐयत्पुरुषेण हविषा देवा यज्ञमतन्वत।

वसन्तोस्यासीदाज्यं ग्रीष्म इध्मःशरद्धविः।।

ॐ भूभुर्वः स्वः विष्णवे नमः मुखवासार्थं एलालवंगपूगीफलसहितं ताम्बूलं समर्पयामि।

(इलायची,लौंग–सुपारी सहित ताम्बूल को चढ़ाये)

दक्षिणा–(अधोलिखित मन्त्र पढ़ते हुए भगवान् विष्णु के उपर दक्षिणा चढ़ावे)

ॐ हिरण्यगर्भः समवर्तताग्रे भूतस्य जातःपतिरेक आसीत्।

स दाधार पृथिवीं । ामुते मां कस्मै देवाय हविषा विधेम।।

ॐ भूभुर्वः स्वः विष्णवे नमः,कृतायाः पूजायाः साद्गुण्यार्थे द्रव्यदक्षिणां समर्पयामि।(द्रव्य दक्षिणा समर्पित करें।)

आरती–(अधोलिखित मन्त्र पढते हुए भगवान् विष्णु को कर्पूर की आरती करे)

कदलीगर्भसम्भूतं कर्पूरं तु प्रदीपितम् ।

आरार्तिकमहं कुर्वे पश्य में वरदो भव।।

प्रदक्षिणा–(अधोलिखित मन्त्र पढते हुए भगवान् विष्णु की प्रदक्षिणा करे)

यानि कानि च पापानि जन्मान्तरकृतानि च।

तानि सर्वाणि नश्यन्तु प्रदक्षिणा पदे पदे।।

ॐ भूभुर्वः स्वः विष्णवे नमः , प्रदक्षिणा समर्पयामि।(प्रदक्षिणा करे।)

प्रार्थना– मन्त्र बोलते हाथ में फूल लेकर पुष्पांजलि अर्थात् प्रार्थना करना।

विघ्नेश्वराय वरदाय सुरप्रियाय
लम्बोदराय सकलाय जगद्धिताय।
नागाननाय श्रुतियज्ञविभूषिताय
गौरीसुताय गणनाथ नमो नमस्ते।।
भक्तार्ति नाशनपराय गणेश्वराय
सर्वेश्वराय शुभदाय सुरेश्वराय।
पि। ाधराय विकटाय च वामनाय
भक्तप्रसन्नवरदाय नमो नमस्ते।।

ॐ भूभुर्वः स्वः विष्णवे नमः, प्रार्थना पूर्वक नमस्कारान् समर्पयामि।(साष्टांग नमस्कार करे।)

समर्पण–(अधोलिखित मन्त्र पढते हुए हाथ में पुष्प लेकर भगवान् विष्णु को समस्त पूजन कर्म समर्पित करे)

विष्णुपूजने कर्म यन्न्यूनमधिकं कृतम्।

तेन सर्वेण सर्वात्मा प्रशन्नोस्तु सदा मम।।

ॐ भूभुर्वः स्वः विष्णवे नमः, अनया पूजया विष्णवे प्रीयेताम् न मम । पुष्प को भगवान् विष्णु के उपर चढ़ावे)
इसके बाद भगवान् सत्यनारायण व्रत कथा को प्रारम्भ करे ।

1.4 श्री सत्यनारायण व्रत कथा

प्रथमोऽध्यायः

व्यास उवाच–एकदा नैमिषारण्ये ऋषयः शौनकादयः। प्रपच्छुर्मुनयः सर्वे सूतं पौराणिकं खलु।।1।। ऋषय उवाच– व्रतेन तपनसा किं वा प्राप्यते वांछित फलम्। तत्सर्वं श्रोतुमिच्छामः कथयस्व महामुने।।2।। सूत उवाच–नारदेनैव संपृष्टो भगवान्कमलापतिः। सुरर्षये यथैवाह तच्छृणुध्वं समाहिताः।।3।।

व्यासजी ने कहा – एक समय शौनकादि सभी मुनिगण नैमिषारण में एकत्र हुए और उन्होंने कलियुग में लोगों के हित के लिए वेदों व पुराणों के ज्ञाता श्री सूत जी से पूछा–''हे सूत जी! हे वेद–वेदांग के ज्ञाता! इस कलियुग में वह कौन–सा व्रत–तप है जिसके करने से मनवांछित फल मिलता है? हे महामुने! कृपा करके हमें कलियुग में पापों से छुटकारे और धन–धान्य देने वाला कोई उपाय बताएं। हम सब ऋषि–मुनि आपके श्री मुख से वह उपाय सुनना चाहते हैं।''

श्री सूत जी बोले–''हे मुनिश्रेष्ठ ! तुम धन्य हो जिसने प्राणियों के हित के लिए ऐसा उत्तम प्रश्न किया है। एक बार ऐसा ही प्रश्न नारद जी ने भगवान कमलापति से किया था, वही मैं आपको सुनाता हूं–

एकदा नारदो योगी परानुग्रहकांक्षया। पर्यटन्विविधांल्लोकान्मर्त्य– लोकमुपागतः।। 4।। ततो दृष्टाव् जनान्सर्वान्नानाक्लेशसमन्वितान्। नानायोनि समुत्पान्नान् क्लिश्यमानान्स्वकर्मभिः।।5।। केनोपायेन चैतेषां दुःखनाशो भवेद्ध्रुवम्। इति संचिन्त्य मनसा विष्णुलोकं गतस्तदा।।6।। तत्र नारायणं देवं शुक्लवर्णचतुर्भुजम्। शंख चक्र गदा पद्म् वनमाला विभूषितम्।। 7।।

एक बार नारदजी भ्रमण करते–करते पृथ्वी लोक में जा पहुंचे। उनका यह भ्रमण तीनों लोकों के प्राणियों के परोपकार की भावना को लेकर था। पृथ्वी लोक में जाकर उन्होंने देखा कि वहां लोग तरह–तरह के कष्ट भोग रहे हैं। वे बार–बार मृत्यु को प्राप्त होते हैं और हर बार विभिन्न योनियों में जन्म लेकर अपने कर्मो (पापों) का फल भोगते हैं। उन सभी दुःखी प्राणियों को देखकर नारद सोचने लगे कि इनका कष्ट किस प्रकार दूर हो, किस प्रकार इन्हें इन दुःखों से मुक्ति मिले? यही सब सोचते–सोचते वह विष्णु लोक में आ गए। वहां चार भुजा भगवान विष्णु शेष शय्या पर विराजे हुए थे। वे शंख, चक्र, गदा व कमल अपने हाथों में धारण किए हुए थे। गले में वनमाला पड़ी थी।

दृष्ट्वा तं देवदेवेशं स्तोतुं समुपचक्रमे। नारद उवाच–नमोवङ्मनसातीत–रूपायानंतशक्तये।।8।। आदिमध्यांतहीनाय निर्गुणाय गुणात्मने। सर्वेषामादिभूताय भक्तानामार्तिनाशिने।।9।। श्रुत्वा स्तोत्रं ततो विष्णुर्नारदं प्रत्यभाषत्।। श्रीभगवानुवाच–किमर्थमागतोऽसि त्वं किं ते मनसि वर्तते। कथायस्व महाभाग तत्सर्वं कथयामिते।।10।। नारद उवाच–मर्त्यलोके जनाः सर्वे नानाक्लेशसमन्विताः। नानायोनिसमुत्पन्नाः पच्यन्ते पापकर्मभिः ।।11।।

इस इकाई में श्री दुर्गा जी की आरती एवं स्तुति विचार संबंधी प्रविधियों का अध्ययन आप करने जा रहे हैं। इससे पूर्व की प्रविधियों का अध्ययन आपने कर लिया होगा। कर्मकाण्ड के पक्ष आदि शक्ति के रूप में पराम्बा भगवती जगत जननि जगदम्बिका को जाना गया है। श्राद्धादि विषय को छोड़कर अन्यत्र सर्वत्र दुर्गा जी की वन्दना या पूजन किया जाता है। यह प्रकल्प शक्ति प्राप्ति हेतु एवं विधि मनोकामनाओं की प्रपूर्ति हेतु किया जाता है। अतः श्री दुर्गा जी क्या हैं ? तथा कैसे उनकी आरती पूजा की जाती है ? इसका ज्ञान आपको इस इकाई के अध्ययन से हो जायेगा।

श्री दुर्गा जी की आरती एवं स्तुति विचार के अभाव में किसी नवरात्रादि के अवसर पर व्रतादि या पूजनादि का सम्पादन किसी भी व्यक्ति द्वारा ठीक ढंग से नही हो सकता है। क्योकि इसमें दुर्गा माता की ही उपासना की जाती है। जब असुरों का अत्याचार इतना बढ़ गया था जिसमें सामान्य जन का जीना दुभर हो गया था तब समस्त देवमण्डल में यह विचार किया जाने लगा कि किस प्रकार से इन दैत्यों से मुक्त हुआ जा सकता है। उस समय ब्रह्मा, विष्णु एवं महेश को छोड़कर अन्य कोई शक्ति ऐसी नही थी जिससे दैत्य पराजित हो सके। ये तीनों महाशक्तियों का दैत्यों के साथ युद्ध में आना उचित नही था इसलिये विकल्प पर विचार किया जाने लगा। समस्त देवगणों ने ध्यान से अपनी - अपनी शक्तियों का थोड़ा अंश निकालकर एक जगह एकत्रित करने का प्रयास किया। वह प्रयास सफल हुआ तथा उस एकत्रित शक्तियों से महादेवी का प्राकट्य हुआ जिसे दुर्गा देवि के रूप में जाना जाता है। दुर्गा जी की सवारी का नाम सिंह है। इस प्रकार माता दुर्गा की उपासना उपासक गण विविध रीति से करके अपने मनोकामनाओं को पूरा करते हैं।

इस इकाई के अध्ययन से आप श्री दुर्गा जी की आरती एवं स्तुति इत्यादि के विचार करने की विधि का सम्यक् ज्ञान प्राप्त कर सकेगें। इससे श्री दुर्गा जी की आरती एवं स्तुति आदि विषय के अज्ञान संबंधी दोषों का निवारण हो सकेगा जिससे सामान्य जन भी अपने कार्य क्षमता का भरपूर उपयोग कर समाज एवं राष्ट्र के निर्माण में महत्वपूर्ण योगदान दे सकेगें। आपके तत्संबंधी ज्ञान के कारण ऋषियों एवं महर्षियों का यह ज्ञान संरक्षित एवं सर्वर्धित हो सकेगा। इसके अलावा आप अन्य योगदान दें सकेगें, जैसे - कल्पसूत्रीय विधि के अनुपालन का सार्थक प्रयास करना, भारत वर्ष के गौरव की अभिवृद्धि में सहायक होना, सामाजिक सहभागिता का विकास, इस विषय को वर्तमान समस्याओं के समाधान हेतु उपयोगी बनाना आदि।

2.2 उद्देश्य-

अब श्री दुर्गा जी की आरती एवं स्तुति विचार की आवश्यकता को आप समझ रहे होगें। इसका उद्देश्य भी इस प्रकार आप जान सकते हैं -

- ❖ कर्मकाण्ड को लोकोपकारक बनाना।

- ❖ श्री दुर्गा जी की आरती एवं स्तुति सम्पादनार्थ शास्त्रीय विधि का प्रतिपादन।
- ❖ कर्मकाण्ड में व्याप्त अन्धविश्वास एवं भ्रान्तियों को दूर करना।
- ❖ प्राच्य विद्या की रक्षा करना।
- ❖ लोगों के कार्यक्षमता का विकास करना।
- ❖ समाज में व्याप्त कुरीतियों को दूर करना।

2.3. श्री दुर्गा जी का स्वरूप विचार एवं माहात्म्य -

इसमें श्री दुर्गा जी का स्वरूप विचार एवं माहात्म्य का ज्ञान आपको कराया जायेगा क्योंकि बिना इसके परिचय के श्री दुर्गा जी का आधारभूत ज्ञान नही हो सकेगा। आधारभूत ज्ञान हो जाने पर श्रद्धा एवं समर्पण की भावना का उद्भव होता है। भावो हि विद्ते देवः के अनुसार भावना होने पर देवत्व को प्राप्त किया जा सकता है। इसलिये श्री दुर्गा जी का स्वरूप विचार एवं महत्त्व इस प्रकार है-

2.3.1 श्री दुर्गा जी का स्वरूप विचार-

माता दुर्गा का ध्यान हम विविध रूपों में करते हैं। देवि पुराण में अनेकों श्लोकों में मातेश्वरी के विविध स्वरूपों को दर्शाया गया है। भगवती दुर्गा की उपासना में एक ग्रन्थ अत्यन्त प्रचलित है जिसे दुर्गा सप्तशती के रूप में जाना जाता है। इसमें दुर्गा जी की उपासना के लिये तेरह अध्यायों में सात सौ श्लोकों को दिया गया है। इसी में से प्रथम अध्याय का यह श्लोक ध्यान हेतु प्रदत्त है जिसका वर्णन इस प्रकार है-

खड्गं चक्रगदेषुचापपरिघांछूलं भुशुण्डीं शिरः।
शंखंसंन्दधतिं करैस्त्रिनयनयनां सर्वांगभूषावृताम्।।
नीलाश्मद्युतिमास्यपाददशकां सेवे महाकालिकां।
यामस्तौत्स्वपिते हरौ कमलजो हन्तुं मधुं कैटभम्।।

इसकी व्याख्या करते हुये बतलाया गया है कि माता दुर्गा के दश हाथ हैं। उन दशों हाथों में माता अस्त्र धारण की हुयी है जिनके नाम खड्ग यानी तलवार, चक्र, गदा, बाण, धनुष, परिघ, शूल, भुशुण्डि, मस्तक और शंख हैं। माता दुर्गा के तीन नेत्र है। माता दुर्गा के समस्त अंग आभूषणों से सुशोभित है। इनके शरीर की कान्ति नील मणि के समान है। दुर्गा जी दस मुख और दस पैरों से युक्त है। माता दुर्गा के स्वरूपों पर विचार करते हुये सप्तशती के तीसरे अध्याय में कहा गया है कि-

उद्यद्भानुसहस्रकान्तिमरुणक्षौमां शिरो मालिकां।
रक्तालिप्तपयोधरां जपवटीं विद्यामभीतिं वरम्।।
हस्ताब्जैर्दधतीं त्रिनेत्रविलसद्वक्त्रारविन्दश्रियं।
देवीं बद्धहिमांशुरत्नमुकूटां वन्दे अरविन्दस्थिताम्।।

अर्थात् जगदम्बा के श्री अंगों की कान्ति उदयकाल के सहस्रों सूर्यों के समान है। माताजी लाल रंग

की रेशमी साड़ी पहनी हुयी है। दुर्गा जी के गले में मुण्डमाला शोभा पा रही है। अपने कर कमलों में जपमालिका, विद्या और अभय तथा वर नामक मुद्रायें धारण की हुई है। तीन नेत्रों से सुशोभित मुखारविन्दों की अत्यन्त उत्कृष्ट शोभा हो रही है। माताजी के मस्तक पर चन्द्रमा के साथ ही रत्नमय मुकुट बधा हुआ है। माताजी कमल के आसन पर विराजमान है। ऐसी देवि दुर्गा को मै प्रणाम करता हॅू।

सिद्धि की इच्छा रखने वाले पुरुष जिनकी सेवा करते हैं, उनका जया नाम दुर्गा के रूप में ही जाना जाता है। माता दुर्गा का एक स्वरूप पद्मावती देवि का है जो सर्वेश्वर भैरव के अंक में निवास करती हैं। यह देवी नागराज के आसन पर विराजमान है। नागों के फणों में पायी जाने वाली मणियों की माला से माता दुर्गा का शरीर सुशोभित हो रहा है।

इस प्रकार विविध शब्दों से माता दुर्गा के स्वरूपों का वर्णन किया गया है परन्तु एक कवि ने तो कह दिया मातेश्वरी मैं आपकी वन्दना हेतु ऐसा कोई शब्द नही है जिसे नही पाता हूॅं। उन्होने कहा हे जगदम्बिके संसार में कौन ऐसा वांग्मय है जिसमें तुम्हारी स्तुति नही है। क्योकि तुम्हारा शरीर तो शब्दमय है। संकल्पविकल्पात्मक रूप से उदित होने वाली एवं संसार में दृश्यरूप से सामने आने वाली सम्पूर्ण आकृतियों में आपके स्वरूप का दर्शन होने लगा है। हे समस्त अमंगलध्वंसकारिणी कल्याण स्वरूपे शिवे इस बात को सोचकर अब बिना किसी प्रयत्न के ही सम्पूर्ण चराचर जगत् में मेरी यह स्थिति हो गयी है कि मेरे समय का क्षूद्रतम अंश भी तुम्हारी स्तुति, जप, पूजा अथवा ध्यान से रहित नही है। अर्थात् मेरे सम्पूर्ण जागतिक आचार व्यवहार तुम्हारे ही भिन्न- भिन्न रूपों के प्रति यथोचित रूप से व्यवहृत होने के कारण तुम्हारी पूजा के रूप में परिणत हो गये है। संबंधित श्लोक इस प्रकार है-

तव च का किलन स्तुतिरम्बिके।
सकलशब्दमयी किल ते तनुः ।
निखिलमूर्तिषु मे भवदन्वयो।
मनसि जासु बहिः प्रसरासु च ।
इति विचिन्त्य शिवे शमिता शिवे ।
जगति जातमयत्नवशादिदम् ।
स्तुतिजपार्चनचिन्तनवर्जिता ।
न खलु काचन काल कलास्ति मे ।

इस प्रकार भगवती दुर्गा जी के स्वरूप के विषय में आपने इस प्रकरण में विस्तार से जाना । आशा है इसके बारे में जानकारी हो गयी होगी। अब हम इसको आधार बनाकर कुछ प्रश्न बनाने जा रहे हैं जिससे आपका ज्ञान इस विषय में और प्रौढ़ हो जायेगा। इसमें प्रश्नों या संबंधित शब्दों को दिया गया है जिसके आगे दिये गये रिक्त स्थान को दिये गये विकल्पों से प्रपूरित करना है। प्रश्न अधोलिखित है-

अभ्यास प्रश्न-

उपरोक्त विषय को पढ़कर आप अधोलिखित प्रश्नों का उत्तर दे सकते हैं । अधोलिखित प्रश्न बहु विकल्पीय है । प्रत्येक प्रश्नों में दिये गये चार विकल्पों में से कोई एक ही सही है, जिसका चयन आपको करना है -

प्रश्न 1- माता दुर्गा जी को ....नेत्र है।

क- तीन, ख- चार, ग- पांच, घ-छः।

प्रश्न 2- माता दुर्गा जी का आसन ....का है।

क- विल्व पत्र का, ख- कमल का, ग- कुशे का, घ- कम्बल का।

प्रश्न 3- माता दुर्गा जी का ....वाहन है।

क- मूसे का, ख- मयूर का, ग- सिंह का, घ- बत्तक का।

प्रश्न 4- माता दुर्गा जी के शरीर की कान्ति ....मणि जैसी है।

क- कृष्ण मणि, ख- रक्तमणि, ग- पीतमणि, घ- नीलमणि।

प्रश्न 5- माता दुर्गा जी के ....हाथ हैं।

क- दस, ख- बारह, ग- पांच, घ-छः।

प्रश्न 6- माता दुर्गा जी के सप्तशती में ....अध्याय हैं।

क- तीन, ख- तेरह, ग- पांच, घ-छः।

प्रश्न 7- माता दुर्गा जी के सप्तशती में ....श्लोक हैं।

क- तीन सौ, ख- चार सौ, ग- सात सौ, घ- एक सौ।

प्रश्न 8- माता दुर्गा जी के ....पैर हैं।

क- तीन, ख- चार, ग- पांच, घ-दस।

प्रश्न 9- माता दुर्गा जी के ....मुख हैं।

क- तीन, ख- चार, ग- दस, घ-छः।

प्रश्न 10 - माता दुर्गा जी के गले में ....मुण्डमाला है।

क- तीन, ख- चार, ग- पांच, घ-एक।

2.3.2 दुर्गा जी का माहात्म्य-

कलौ चण्डी विनायकौ के अनुसार कलियुग में चण्डी एवं विनायक दो ही साक्षात् देवता बतलाये गये हैं। कलियुग के समस्त प्राणी अपनी मनोकामना को पूर्ण करने के लिये देवी दुर्गा की उपासना करते हैं। शक्ति अर्जन की प्रमुख स्रोत मातेश्वरी दुर्गा हैं। दुर्गा जी के माहात्म्य का वर्णन करते हुये शंकराचार्य जी आनन्द लहरी में इस प्रकार लिखते है-

भवानि स्तोतुं त्वां प्रभवति चतुर्भिर्न वदनैः ।

प्र्रजानामीशानस्त्रिपुरमथनः पंचभिरपि ।।

न षड्भिः सेनानीर्दशशतमुखैरप्यहिपति-

स्तदान्येषां केषां कथय कथमस्मिन्नवसरः ।।

अर्थात् हे भवानी प्रजापति ब्रह्मा जी अपने चारो मुखों से भी तुम्हारी स्तुति करने में समर्थ नही है। त्रिपुर विनाशक भगवान शंकर पांचों मुखों से तुम्हारा स्तवन नही कर सकते, कार्तिकेय जी तो छः मुख रहते हुये भी आपकी स्तुति करने में असमर्थ है। इन गणना में आनेवालों की बात तो छोड़ो , नागराज शेष हजारों मुखों से भी तुम्हारा गुणगान नही कर पाते है। जब इनकी यह दशा है तो किसी को और किस प्रकार स्तुति का अवसर प्राप्त हो सकता है।

घृतक्षीरद्राक्षामधुमधुरिमा कैरपि पदै,

र्विशिष्यानाख्येयो भवति रसना मात्रविषयः ।।

तथा ते सौन्दर्यं परमशिवदृंमात्रविषयः,

कथंकारं ब्रूमः सकलनिगमागोचरगुणगणैः ।।

अर्थात् घी, दूध, दाख और मधु की मधुरता को किसी भी शब्द से विशेष रूप से नही बताया जा सकता। उसे तो केवल रसना यानी जिह्वा ही जानती है। उसी प्रकार तुम्हारा सौन्दर्य केवल महादेव जी के नेत्रों का विषय है उसे हम कैसे बता सकते है।

मुखे ते ताम्बूलं नयनयुगले कज्जलकला,

ललाटे काश्मीरं विलसति गले मौक्तिकलता ।

स्फुरत्कांची शाटी पृथुकटितटे हाटकमयी,

भजामि त्वां गौरीं नगपतिकिशोरीमविरतम् ।।

अर्थात् हे महादेवी दुर्गा तुम्हारे मुख में पान है। नयनों में कज्जल की पतली रेखा है। ललाट में केशर की बिंदी है। गले में मोती का हार सुशोभित हो रहा है। कटि तट में सुनहली साड़ी है, जिसपर रत्नमयी मेखला चमक रही है। ऐसी वेषभूषा से सजी हुयी गिरिराज हिमालय की गौरवर्णीया कन्या आपको मैं सदा भजता हूँ।

विराजन्मन्दारदु्रमकुसुमहारस्तनतटी,

नदद्वीणानादश्रवणविलसत्कुण्डलगुणा ।
नतांगी मातंगीरुचिरगतिभंगी भगवती,
सती शम्भो रम्भोरुहचटुलचक्षुविजयते ।।

अर्थात् जहां पारिजात पुष्प की माला सुशोभित हो रही है, उन उरोंजों के समीप बजती हुयी बीड़ा का मधुर नाद श्रवण करते हुये जिनके कानों में कुण्डल शोभा पा रहे है। जिनका अंग झुका हुआ है, हथिनी की भाति मन्द मनोहर चाल है। जिनके नेत्र कमल के समान सुन्दर और चंचल है, वे शम्भू की सती भार्या भगवती उमा सर्वत्र विजयिनी हो रही है।

इस प्रकार के अनेकों श्लोकों से शंकराचार्य जी ने भगवती दुर्गा की वन्दना की है। महादैत्यपति शुम्भ के मारे जाने पर इन्द्र देवता अग्नि को आगे करके उन कात्यायनी देवि की स्तुति करने लगे। उस समय अभीष्ट की प्राप्ति होने से उनके मुख कमल दमक उठे थे और उनके प्रकाश से दिशायंे भी जगमगा उठी थी। देवताओं ने कहा-

देवि प्रपन्नार्तिहरे प्रसीद,
प्रसीदमातर्जगतोखिलस्य।
प्रसीद विश्वेश्वरि पाहि विश्वं,
त्वमीश्वरी देवि चराचरस्य।।
आधारभूता जगतस्त्वमेका,
महीस्वरूपेण यतः स्थितासि।
अपां स्वरूपस्थितया त्वयैतद्-
आप्यायते कृत्स्नमलंघ्यवीर्ये।।
त्वं वैष्णवी शक्तिरनन्तवीर्या,
विश्वस्य बींज परमासि माया।
सम्मोहितं देवि समस्तमेतत्,
त्वं वै प्रसन्ना भुवि मुक्ति हेतुः।

अर्थात् हे देवि आप शरणागत की पीड़ा दूर करने वाली हैं। सम्पूर्ण जगत् की आप माता है। विश्व की ईश्वरी है। आप चराचर जगत् की अधिष्ठात्री देवि है। आप इस जगत् की आधारभूता है क्योकि पृथ्वी रूप में आपकी स्थिति है। आपका पराक्रम अलंधनीय है। आप बल सम्पन्न वैष्णवी शक्ति है। इस विश्व की कारणभूता परा माया है। आप ने इस समस्त जगत् को मोहित कर रखा है। आप ही प्रसन्न होने पर इस पृथ्वी पर मोक्ष की प्राप्ति कराती है।

विद्याः समस्ता तव देवि भेदाः,
स्त्रियः समस्ताः सकला जगत्सु ।
त्वयैकया पूरितमम्बयैतत् ,

का ते स्तुतिः स्तव्यपरा परोक्तिः ।।

इस संसार की समस्त विद्यायें आपकी भिन्न- भिन्न स्वरूप है। जगत की सारी स्त्रियां आपकी ही मूर्तियां है। एकमात्र तुमने ही इस विश्व को व्याप्त कर रखा है। तुम्हारी स्तुति क्या हो सकती है? आप तो स्तवन योग्य पदार्थों से परे है अर्थात् आप परा वाणी हैं।

इस प्रकार भगवती दुर्गा जी के माहात्म्य के विषय में आपने इस प्रकरण में विस्तार से जाना । आशा है इसके बारे में जानकारी हो गयी होगी। अब हम इसको आधार बनाकर कुछ प्रश्न बनाने जा रहे हैं जिससे आपका ज्ञान इस विषय में और प्रौढ़ हो जायेगा। इसमें प्रश्नों को दिये गये विकल्पों से उत्तरित करना है । प्रश्न अधोलिखित है-

अभ्यास प्रश्न-

उपरोक्त विषय को पढ़कर आप अधोलिखित प्रश्नों का उत्तर दे सकते हैं । अधोलिखित प्रश्न बहु विकल्पीय है। प्रत्येक प्रश्नों में दिये गये चार विकल्पों में से कोई एक ही सही है, जिसका चयन आपको करना है-

प्रश्न 1- चार मुख से कौन माता दुर्गा जी की स्तुति नही कर पाते है?

क- ब्रह्मा जी, ख- शंकर जी, ग- कार्तिकेय जी, घ- नागराज शेष जी।

प्रश्न 2- पांच मुख से कौन माता दुर्गा जी की स्तुति नही कर पाते है?

क- ब्रह्मा जी, ख- शंकर जी, ग- कार्तिकेय जी, घ- नागराज शेष जी।

प्रश्न 3- छः मुख से कौन माता दुर्गा जी की स्तुति नही कर पाते है?

क- ब्रह्मा जी, ख- शंकर जी, ग- कार्तिकेय जी, घ- नागराज शेष जी।

प्रश्न 4- हजार मुख से कौन माता दुर्गा जी की स्तुति नही कर पाते है?

क- ब्रह्मा जी, ख- शंकर जी, ग- कार्तिकेय जी, घ- नागराज शेष जी।

प्रश्न 5- द्राक्षा शब्द का अर्थ है-

क- दाख, ख- जिह्वा, ग- पान, घ- माला।

प्रश्न 6- रसना शब्द का अर्थ है-

क- दाख, ख- जिह्वा, ग- पान, घ- माला।

प्रश्न 7- ताम्बूल शब्द का अर्थ है-

क- दाख, ख- जिह्वा, ग- पान, घ- माला।

प्रश्न 8- हार शब्द का अर्थ है-

क- दाख, ख- जिह्वा, ग- पान, घ- माला।

प्रश्न 9- प्रसीद शब्द का अर्थ है-

क- प्रसन्न होना, ख- जिह्वा, ग- पान, घ- माला।

प्रश्न 10- युगल शब्द का अर्थ है-

क- दाख, ख- जिह्वा, ग- दो, घ- माला।

2.4.श्री दुर्गा जी की स्तुति एवं आरती -

इसमें श्री दुर्गा जी की स्तुति एवं आरती का ज्ञान आपको कराया जायेगा क्योकि बिना इसके परिचय के श्री दुर्गा जी का आधारभूत ज्ञान नही हो सकेगा। आधारभूत ज्ञान हो जाने पर श्रद्धा एवं समर्पण की भावना का उद्भव होता है। भावो हि विद्ते देवः के अनुसार भावना होने पर देवत्व को प्राप्त किया जा सकता है। इसलिये श्री दुर्गा जी की स्तुति एवं आरती इस प्रकार है-

2.4.1 श्री दुर्गा जी की स्तुति हेतु भगवती स्तोत्रम्-

माता दुर्गा का स्तवन हम विविध स्तोत्रों से करते हैं। भगवान व्यासकृत श्री भगवतिस्तोत्रम् इस प्रकार दिया गया है-

जय भगवति देवि नमो वरदे, जय पापविनाशिनि बहुफलदे।
जय शुम्भ निशुम्भ कपालधरे, प्रणमामि तु देवि नरार्ति हरे।।
जय चन्द्रदिवाकरनेत्रधरे, जय पावकभूषितवक्त्रवरे।
जय भैरवदेहनिलीनपरे, जय अन्धकदैत्यविशोषकरे।।
जय महिषविमर्दिनी शूलकरे, जय लोकसमस्तकपापहरे।
जय देविपितामह विष्णुनते, जय भास्करशक्रशिरोवनते।
जय षण्मुख सायुधईशनुते, जयसागरगामिनि शम्भुनुते।
जय दुखदरिद्रविनाशकरे, जयपुत्रकलत्रविवृद्धिकरे।
जय देवि समस्तशरीरधरे, जय नाकविदर्शिनि दुखहरे।
जय व्याधि विनाशिनि मोक्ष करे, जय वांछितदायिनि सिद्धिवरे।
एतद् व्यासकृतं स्तोत्रं यः पठेन्नियतः शुचिः।
गृहे वा शुद्धभावेन प्रीता भगवती सदा।।
इति श्री व्यासकृत् भगवती स्तोत्रं सम्पूर्णम्।।

इस श्री व्यासकृत् भगवती स्तोत्र में पराम्बा भगवती मां दुर्गा को प्रणाम किया गया है। मां दुर्गा कैसी है? कवि कहते हैं पापों का विनाश करने वाली तथा बहुत से फलों को देने वाली है। शुम्भ एवं निशुम्भ के कपाल को धारण करने वाली है। ऐसे मनुष्यों के संकट को हरने वाली देवी को नमस्कार है। चन्द्र और दिवाकर यानी सूर्य को अपने नेत्रों में धारण करने वाली, पावक या अग्नि के समान देदिप्यमान मुख से सुशोभित होने वाली, भैरव जी के शरीर में लीन रहने वाली तथा अन्धक दैत्य का शोषण करने वाली हे देवि तुम्हारी जय हो।

हे महिषासुर का विमर्दन यानी मर्दन करने वाली, त्रिशूल को हाथों में धारण करने वाली, समस्त

लोकों के पापों को हरण करने वाली, पितामह ब्रह्मा, विष्णु, सूर्य, और इन्द्र से नमस्कृत् होने वाली, हे देवी तुम्हारी जय हो। सशस्त्र शंकर और कार्तिकेय जी के द्वारा वन्दित होने वाली, शिव के द्वारा प्रशंसित होने वाली, सागर में मिलने वाली गंगा के स्वरूप में विराजमान हे देवि आपकी जय हो।
दुख एवं दरिद्रता का नाश करने वाली, पुत्र एवं कलत्र यानी स्त्री सुख की वृद्धि करने वाली देवी आपकी जय हो।
समस्त शरीर को धारण करने वाली, नाक यानी स्वर्ग का दर्शन कराने वाली, व्याधि यानी रोगों का विनाश कर मुक्ति प्रदान करने वाली, वांछित फलों को प्रदान करने वाली, श्रेष्ठ सिद्धियों को प्रदान करने वाली आपकी जय हो।

यह श्री व्यास कृत् स्तोत्र जो शुद्ध होकर नित्य पठता है, उसके ऊपर भगवती प्रसन्न होती है।

इस प्रकार भगवती दुर्गा जी के भगवती स्तोत्र के विषय में आपने इस प्रकरण में विस्तार से जाना। आशा है इसके बारे में जानकारी हो गयी होगी। अब हम इसको आधार बनाकर कुछ प्रश्न बनाने जा रहे हैं जिससे आपका ज्ञान इस विषय में और प्रौढ़ हो जायेगा। इसमें प्रश्नों को दिये गये विकल्पों से उत्तरित करना है। प्रश्न अधोलिखित है-

अभ्यास प्रश्न-

उपरोक्त विषय को पढ़कर आप अधोलिखित प्रश्नों का उत्तर दे सकते हैं। अधोलिखित प्रश्न बहु विकल्पीय है। प्रत्येक प्रश्नों में दिये गये चार विकल्पों में से कोई एक ही सही है, जिसका चयन आपको करना है-

प्रश्न 1- दिवाकर शब्द का अर्थ है-

क-सूर्य , ख- अग्नि, ग- पान, घ- माला।

प्रश्न 2- पावक शब्द का अर्थ है-

क-सूर्य , ख- अग्नि, ग- पान, घ- माला।

प्रश्न 3- नाक शब्द का अर्थ है-

क-सूर्य , ख- अग्नि, ग- स्वर्ग, घ- माला।

प्रश्न 4- व्याधि शब्द का अर्थ है-

क-सूर्य , ख- अग्नि, ग- पान, घ- रोग।

प्रश्न 5- कलत्र शब्द का अर्थ है-

क-स्त्री , ख- अग्नि, ग- पान, घ- माला।

प्रश्न 6- विमर्दन शब्द का अर्थ है-

क-सूर्य , ख- मर्दन, ग- पान, घ- माला।

प्रश्न 7- पितामह शब्द का अर्थ है-

क-सूर्य , ख- मर्दन, ग- ब्रह्मा, घ- माला।

प्रश्न 8- शक्र शब्द का अर्थ है-

क-सूर्य , ख- मर्दन, ग- पान, घ- इन्द्र ।

प्रश्न 9- षण्मुख शब्द का अर्थ है-

क-सूर्य , ख-कार्तिकेय, ग- पान, घ- माला ।

प्रश्न 10- ईश शब्द का अर्थ है-

क-सूर्य , ख- शंकर भगवान, ग- पान, घ- माला ।

2.4.2 श्री दुर्गा जी की आरती

इस प्रकरण में आप माता दुर्गा के आरती के विषय में जानेगें। बिना आरती के पूजन पूरा नही होता है। इसलिये आरती का ज्ञान अनिवार्य है। आरती इस प्रकार दी जा रही है-

ओं जग जननी जय जय, मां जग जननी जय जय ।

भयहारिणी भवतारिणि भवभामिनि जय जय ।। मां जग जननी जय जय ।।

तू ही सत् चित् सुखमय, शुद्ध ब्रह्मरूपा । मैया शुद्ध ब्रह्म रूपा ।

सत्य सनातन सुन्दर, पर शिव सुर भूपा ।। मां जगजननी जय जय ।

आदि अनादि अनामय अविचल अविनाशी । मैया अविचल अविनाशी ।

अमल अनन्त अगोचर अज आनन्द राशी । मां जग जननी जय जय ।

अविकारी अघहारी, अकल कलाधारी । मैया अकल कला धारी ।

कर्त्ता विधि भर्त्ता हरि हर संहार कारी । मां जग जननी जय जय ।

तू विधि वधू रमा तू उमा महामाया । मैया उमा महामाया ।

मूल प्रकृति विद्या तू तू जननी जाया । मां जगजननी जय जय ।

रामकृष्ण तू सीता व्रजरानी राधा । मैया व्रज रानी राधा ।

तू वांछाकल्पद्रुम , हारिणि सब बाधा । मां जगजननी जय जय ।

दश विद्या नव दुर्गा नाना शास्त्रकरा । मैया नाना शास्त्रकरा ।

अष्टमातृका योगिनि नव नव रूप धरा । मां जग जननी जय जय ।

तू परधामनिवासिनि महाविलासिनि तू । मैया महा विलासिनि तू ।

तू ही श्मशान विहारिणि , ताण्डवलासिनि तू । मां जग जननी जय जय ।

सुर मुनि मोहिनि सौम्या तू शोभा धारा । मैया तू शोभा धारा ।

विवसन विकट सरूपा प्रलयमयी धारा। मां जगजननी जय जय।

तू ही स्नेह सुधामयि, तू अति गरलमना। मैया तू अति गरलमना।

रत्नविभूषित तू ही, तू ही अस्थितना। मां जग जननी जय जय।

मूलाधार निवासिनि, इह पर सिद्धि प्रदे। मैया इह पर सिद्धि प्रदे।

कालातीता काली कमला तू वर दे। मां जग जननी जय जय।

शक्ति शक्तिधर तू ही नित्य अभोद मयी। मैया नित्य अभेदमयी।

भेद प्रदर्शिनि वाणी विमले वेदत्रयी। मां जग जननी जय जय।

हम अति दीन दुखी मां विपत् जाल घेरे। मैया विपत् जाल घेरे।

है कपूत अति कपटी पर बालक तेरे। मां जग जननी जय जय।

निज स्वभाव वश जननी दया दृष्टि कीजै। मैया दया दृष्टि कीजै।

करुणा कर करुणामयि चरण शरण दीजै।। मां जग जननी जय जय।

ओं जग जननी जय जय, मां जग जननी जय जय।

भयहारिणी भवतारिणि भवभामिनि जय जय।। मां जग जननी जय जय।।

इस प्रकार भगवती दुर्गा जी की आरती के विषय में आपने इस प्रकरण में विस्तार से जाना। आशा है इसके बारे में जानकारी हो गयी होगी। अब हम इसको आधार बनाकर कुछ प्रश्न बनाने जा रहे हैं जिससे आपका ज्ञान इस विषय में और प्रौढ़ हो जायेगा। इसमें प्रश्नों को दिये गये विकल्पों से पूरित करना है। प्रश्न अधोलिखित है-

अभ्यास प्रश्न-

उपरोक्त विषय को पढ़कर आप अधोलिखित प्रश्नों का उत्तर दे सकते हैं। अधोलिखित प्रश्न बहु विकल्पीय है। प्रत्येक प्रश्नों में दिये गये चार विकल्पों में से कोई एक ही सही है, जिसका चयन आपको करना है-

प्रश्न 1- भयहारिणी .... भवभामिनि जय जय।। मां जग जननी जय जय।।

क- भवतारिणि, ख- सुखमय, ग- सुन्दर, घ- अविचल।

प्रश्न 2- तू ही सत् चित् ...., शुद्ध ब्रह्मरूपा। मैया शुद्ध ब्रह्म रूपा।

क- भवतारिणि, ख- सुखमय, ग- सुन्दर, घ- अविचल।

प्रश्न 3- सत्य सनातन ...., पर शिव सुर भूपा।। मां जगजननी जय जय।

क- भवतारिणि, ख- सुखमय, ग- सुन्दर, घ- अविचल।

प्रश्न 4- आदि अनादि अनामय .... अविनाशी। मैया अविचल अविनाशी।

क- भवतारिणि, ख- सुखमय, ग- सुन्दर, घ- अविचल।

प्रश्न 5- अमल अनन्त .... अज आनन्द राशी। मां जग जननी जय जय।

क-अगोचर, ख- अकल, ग- हरि हर, घ- उमा।

प्रश्न 6- अविकारी अघहारी, ... कलाधारी। मैया अकल कला धारी।

क-अगोचर, ख- अकल, ग- हरि हर, घ- उमा।

प्रश्न 7-कर्त्ता विधि भर्त्ता .... संहार कारी। मां जग जननी जय जय।

क-अगोचर, ख- अकल, ग- हरि हर, घ- उमा।

प्रश्न 8-तू विधि वधू रमा तू .... महामाया। मैया उमा महामाया।

मूल प्रकृति विद्या तू तू जननी जाया। मां जगजननी जय जय।

क-अगोचर, ख- अकल, ग- हरि हर, घ- उमा।

प्रश्न 9-रामकृष्ण तू सीता .... राधा। मैया व्रज रानी राधा।

क-अगोचर, ख- ब्रजरानी, ग- हरि हर, घ- उमा।

प्रश्न 10- तू वांछाकल्पद्रुम , ... सब बाधा। मां जगजननी जय जय।

क-अगोचर, ख- अकल, ग- हारिणि, घ- उमा।

2.4.3 मॉं दुर्गा जी की द्वितीय आरती-

माता दुर्गा जी के एक आरती को आपने जाना। अब हम आपको दूसरी आरती से भी परिचय कराना चाहते है। क्योंकि समय-समय पर भक्तों द्वारा इस आरती का भी प्रयोग किया जाता रहा है। दोनों आरतियों का ज्ञान कर्मकाण्ड के लिये अत्यन्त आवश्यक है। अतः यह आरती इस प्रकार है-

ओं जय अम्बे गौरी मैया जै श्यामा गौरी।

तुमको निशिदिन ध्यावत, हरि ब्रह्मा शिव री। ओं जय अम्बे गौरी।

मांग सिन्दूर विराजत, टीको मृग मदको। मैया टीको मृगमदको।

उज्ज्वल से दोउ नयना, चन्द्रवदन नीको। मां जै अम्बे गौरी।

कनक समान कलेवर, रक्ताम्बर राजे। मैया रक्ताम्बर राजे।

रक्त पुष्प गले माला, कण्ठन पर साजे। मां जै अम्बे गौरी।

केहरि वाहन राजत , खड्ग खप्पर धारी। मैया खड्ग खप्पर धारी।

सुर नर मुनि जन सेवत, तिनके दुख हारी। ओं जै अम्बे गौरी।

कानन कुण्डल शोभित, नासाग्रे मोती। मैया नासाग्रे मोती।

कोटिक चन्द्र दिवाकर , राजत सम ज्येति। ओं जै अम्बे गौरी।

शुम्भ निशुम्भ विदारे, महिषासुर घाती। मैया महिषासुरघाती।

धूम्र विलोचन नयना, निशि दिन मदमाती। ओं जै अम्बे गौरी।

चण्ड मुण्ड संहारे, शोणित बीज हरे। मैया शोणित बीज हरे।

मधु कैटभ दोउ मारे, सुर भय हीन करे। ओं जै अम्बे गौरी ।

ब्रह्माणी रुद्राणी, तुम कमला रानी। मैया तुम कमला रानी ।

आगम निगम बखानी, तुम शिव पटरानी । ओं जै अम्बे गौरी ।

चौसठ योगिनि गावत, नृत्य करत भैरो । मैया नृत्य करत भैरो ।

बाजत तालमृदंगा , और बाजत डमरू । ओं जै अम्बे गौरी ।

तू ही जग की माता, तुम ही हो भरता । मैया तुम ही हों भरता ।

भक्तन की दुख हरता, सुख सम्पत्ति करता । ओ जै अम्बे गौरी ।

भुजा चार अति शोभित, वर मुद्रा धारी । मैया वर मुद्रा धारी ।

मन वांछित फल पावत, सेवत नर नारी । ओ जै अम्बे गौरी ।

कंचन थाल विराजत, अगर कपुर बाती। मैया अगर कपुर बाती ।

श्री मालकेतु में रजत, विन्ध्याचल में विराजत, कोटि रतन ज्योती। ओं जै अम्बे गौरी ।

श्री अम्बे जी कि आरति, जो कोइ नर गावे। मैया जो कोइ नर गावे ।

कहत शिवानन्द स्वामी , सुख सम्पति पावे। ओं जै अम्बे गौरी ।।

इस प्रकार भगवती दुर्गा जी की आरती के विषय में आपने इस प्रकरण में विस्तार से जाना । आशा है इसके बारे में जानकारी हो गयी होगी। अब हम इसको आधार बनाकर कुछ प्रश्न बनाने जा रहे हैं जिससे आपका ज्ञान इस विषय में और प्रौढ़ हो जायेगा। इसमें प्रश्नों को दिये गये विकल्पों से पूरित करना है। प्रश्न अधोलिखित है-

अभ्यास प्रश्न-

उपरोक्त विषय को पढ़कर आप अधोलिखित प्रश्नों का उत्तर दे सकते हैं। अधोलिखित प्रश्न बहु विकल्पीय है। प्रत्येक प्रश्नों में दिये गये चार विकल्पों में से कोई एक ही सही है, जिसका चयन आपको करना है-

प्रश्न 1- मांग सिन्दूर विराजत, ... मृग मदको। मैया टीको मृगमदको।

क- टीको, ख- चन्द्रवदन, ग-कलेवर, घ-कण्ठन।

प्रश्न 2-उज्ज्वल से दोउ नयना, ... नीको। मां जै अम्बे गौरी।

क- टीको, ख- चन्द्रवदन, ग-कलेवर, घ-कण्ठन।

प्रश्न 3- कनक समान ...., रक्ताम्बर राजे। मैया रक्ताम्बर राजे।

क- टीको, ख- चन्द्रवदन, ग-कलेवर, घ-कण्ठन।

प्रश्न 4- रक्त पुष्प गले माला, ... पर साजे । मां जै अम्बे गौरी।

क- टीको, ख- चन्द्रवदन, ग-कलेवर, घ-कण्ठन।

प्रश्न 5- केहरि वाहन राजत , ... खप्पर धारी। मैया खड्ग खप्पर धारी।

क- खड्ग , ख- तिनके, ग-नासाग्रे, घ- राजत।

प्रश्न 6- सुर नर मुनि जन सेवत, ... दुख हारी। ओं जै अम्बे गौरी।

क- खड्ग , ख- तिनके, ग-नासाग्रे, घ- राजत।

प्रश्न 7-कानन कुण्डल शोभित, ... मोती। मैया नासाग्रे मोती।

क- खड्ग , ख- तिनके, ग-नासाग्रे, घ- राजत।

प्रश्न 8-कोटिक चन्द्र दिवाकर , ... सम ज्येति। ओं जै अम्बे गौरी।

क- खड्ग , ख- तिनके, ग-नासाग्रे, घ- राजत।

प्रश्न 9-शुम्भ निशुम्भ विदारे, ... घाती। मैया महिषासुरघाती।

क- खड्ग , ख- महिषासुर, ग-नासाग्रे, घ- राजत।

प्रश्न 10-धूम्र विलोचन ....,निशि दिन मदमाती । ओं जै अम्बे गौरी।

क- खड्ग , ख- तिनके, ग-नयना, घ- राजत।

2.4.4 मॉ दुर्गा जी की द्वितीय आरती-

इस प्रकार माता दुर्गा जी के दो आरतियों को आपने जाना। अब हम आपको तीसरी आरती से भी परिचय कराना चाहते हैं। क्योंकि समय-समय पर भक्तों द्वारा इस आरती का भी प्रयोग किया जाता रहा है। तीनों आरतियों का ज्ञान कर्मकाण्ड के लिये अत्यन्त आवश्यक है। अतः यह आरती इस प्रकार है-

ओ अम्बे तू है जगदम्बे काली , जै दुर्गे खप्पर वाली ।

तेरे ही गुण गायें भारती, ओ मैया हम सब उतारे तेरी आरती ।

तेरे भक्तजनों पे माता भीर पड़ी है भारी ।

दानव दल पर टूट पडों मां करके सिंह सवारी ।

सौ सौ सिंहो सी बलशाली , अष्ट भुजाओं वाली,

दुखियों के दुख को निवारती, ओ मैया हम सब उतारे तेरी आरती ।

मां बेटे का है इस जग में बड़ा हि निर्मल नाता ।

पूत कपूत सुने हैं पर ना माता सुनी कुमाता ।

सब पर करुणा दरसाने, अमृत बरसाने वाली ।

नैया भंवर से उबारती। ओ मैया हम सब उतारे तेरी आरती ।

नहीं मांगते धन औ दौलत ना चांदी ना सोना।

हम तो मांगे मा तेरे चरणों में छोटा कोना।

सबकी बिगड़ी बनाने वाली, लज्जा बचाने वाली,

सतियों के सत को सवांरती। ओ मैया हम सब उतारे तेरी आरती।

अम्बे तू है जगदम्बे काली, जै दुर्गे खप्पर वाली,

तेरे हि गुण गावों भारती। हो मैया हम सब उतारे तेरी आरती।

इस प्रकार भगवती दुर्गा जी की इस आरती के विषय में आपने इस प्रकरण में विस्तार से जाना। आशा है इसके बारे में जानकारी हो गयी होगी। अब हम इसको आधार बनाकर कुछ प्रश्न बनाने जा रहे हैं जिससे आपका ज्ञान इस विषय में और प्रौढ़ हो जायेगा। इसमें प्रश्नों को दिये गये विकल्पों से पूरित करना है। प्रश्न अधोलिखित है-

अभ्यास प्रश्न-

उपरोक्त विषय को पढ़कर आप अधोलिखित प्रश्नों का उत्तर दे सकते हैं। अधोलिखित प्रश्न बहु विकल्पीय है। प्रत्येक प्रश्नों में दिये गये चार विकल्पों में से कोई एक ही सही है, जिसका चयन आपको करना है-

प्रश्न 1- तेरे ही गुण गायें ...., ओ मैया हम सब उतारे तेरी आरती।

क- भारती, ख- भीर, ग-टूट, घ-बलशाली।

प्रश्न 2- तेरे भक्तजनों पे माता .... पड़ी है भारी।

क- भारती, ख- भीर, ग-टूट, घ-बलशाली।

प्रश्न 3-दानव दल पर .... पडों मां करके सिंह सवारी।

क- भारती, ख- भीर, ग-टूट, घ-बलशाली।

प्रश्न 4-सौ सौ सिंहो सी .... , अष्ट भुजाओं वाली,

क- भारती, ख- भीर, ग-टूट, घ-बलशाली।

प्रश्न 5-दुखियों के दुख को ...., ओ मैया हम सब उतारे तेरी आरती।

क- निवारती, ख- जग में, ग- कुमाता, घ- बरसाने।

प्रश्न 6-मां बेटे का है इस .... में बड़ा हि निर्मल नाता।

क- निवारती, ख- जग में, ग- कुमाता, घ- बरसाने।

प्रश्न 7-पूत कपूत सुने हैं पर ना माता सुनी ....।

क- निवारती, ख- जग में, ग- कुमाता, घ- बरसाने।

प्रश्न 8- सब पर करुणा दरसाने, अमृत .... वाली।

क- निवारती, ख- जग में, ग- कुमाता, घ- बरसाने।

प्रश्न 9-नैया भंवर से ....। ओ मैया हम सब उतारे तेरी आरती।

क- उबारती, ख- जग में, ग- कुमाता, घ- बरसाने।

प्रश्न 10- नहीं मांगते धन औ .... ना चांदी ना सोना।

क- निवारती, ख- दौलत, ग- कुमाता, घ- बरसाने ।

2.5 सारांश-

इस इकाई में श्री दुर्गा जी की आरती एवं स्तुति विचार संबंधी प्रविधियों का अध्ययन आपने किया । श्री दुर्गा जी की आरती एवं स्तुति विचार के अभाव में किसी नवरात्रादि के अवसर पर व्रतादि या पूजनादि का सम्पादन किसी भी व्यक्ति द्वारा ठीक ढंग से नही हो सकता है। क्योकि इसमें दुर्गा माता की ही उपासना की जाती है। जब असुरां◌े का अत्याचार इतना बढ़ गया था जिसमें सामान्य जन का जीना दुभर हो गया था तब समस्त देवमण्डल में यह विचार किया जाने लगा कि किस प्रकार से इन दैत्यों से मुक्त हुआ जा सकता है। उस समय ब्रह्मा, विष्णु एवं महेश को छोड़कर अन्य कोई शक्ति ऐसी नही थी जिससे दैत्य पराजित हो सके। ये तीनों महाशक्तियों का दैत्यों के साथ युद्ध में आना उचित नही था इसलिये विकल्प पर विचार किया जाने लगा। समस्त देवगणों ने ध्यान से अपनी अपनी शक्तियों का थोड़ा थोड़ा अंश निकालकर एक जगह एकत्रित करने का प्रयास किया। वह प्रयास सफल हुआ तथा उस एकत्रित शक्तियों से महादेवी का प्राकट्य हुआ जिसे दुर्गा देवि के रूप में जाना जाता है। दुर्गा जी की सवारी का नाम सिंह है।

देवि पुराण में अनेकों श्लोकों में मातेश्वरी के विविध स्वरूपों को दर्शाया गया है। भगवती दुर्गा की उपासना में एक ग्रन्थ अत्यन्त प्रचलित है जिसे दुर्गा सप्तशती के रूप में जाना जाता है। इसमें दुर्गा जी के उपासना के लिये तेरह अध्यायों में सात सौ श्लोकों को दिया गया है। इसी में से प्रथम अध्याय में यह बतलाया गया है कि माता दुर्गा के दश हाथ हैं। उन दशों हाथों में माता अस्त्र धारण की हुयी है जिनके नाम खड्ग यानी तलवार, चक्र, गदा, बाण, धनुष, परिघ, शूल, भुशुण्डि, मस्तक और शंख हैं। माता दुर्गा के तीन नेत्र है। माता दुर्गा के समस्त अंग आभूषणों से सुशोभित है। इनके शरीर की कान्ति नील मणि के समान है। दुर्गा जी दस मुख और दस पैरों से युक्त है।

श्री व्यासकृत् भगवती स्तोत्र में पराम्बा भगवती मां दुर्गा को प्रणाम किया गया है। मां दुर्गा कैसी है? कवि कहते हैं पापों का विनाश करने वाली तथा बहुत से फलों को देने वाली है। शुम्भ एवं निशुम्भ के कपाल को धारण करने वाली है। ऐसे मनुष्यों के संकट को हरने वाली देवी को नमस्कार है। चन्द्र और दिवाकर यानी सूर्य को अपने नेत्रों में धारण करने वाली, पावक या अग्नि के समान देदिप्यमान मुख से सुशोभित होने वाली, भैरव जी के शरीर में लीन रहने वाली तथा अन्धक दैत्य का शोषण करने वाली हे देवि तुम्हारी जय हो ।

2.6 पारिभाषिक शब्दावलियां-

खड्गं - तलवार, चक्र- चक्र, गद- गदा, इषु- बाण, चाप- धनुष, परिघ- एक प्रकार का अस्त्र, छूलं - त्रिशूल, शंखं- मुख से बजाने वाला वाद्य, संन्दधतिं- सम्यक् प्रकार से धारण करना, कर-हाथ, त्रिनयनां - तीन आखों वाली, सर्वांग- सभी अंग, भूषा- आभूषण, आवृताम्- आच्छादित, द्युति- प्रकाश, आस्य- मुख, पाददशकां- दस पैरों वाली, उद्यद्- उगते हुये, भानु- सूर्य, सहस्र- हजार, कान्ति- तेज, अरुण-लाल, क्षौमां-रेशमी वस्त्र, शिरो मालिकां- मुण्डमाला, पयोधरा- स्तन, अभीतिं - अभय, वरम्- श्रेष्ठ, हस्त- हाथ, अब्ज- कमल, दधतीं- धारण, त्रिनेत्र- तीनों नेत्र, विलसत्- सुशोभित, वक्त्र -मुख, अरविन्द- कमल, हिमांशु- चन्द्रमा, रत्नमुकुटां-रत्नों के मुकुट, वन्दे- वन्दना, अरविन्दस्थिताम्- कमल पर स्थित देवि, कान्ति-तेज, उदयकाल- उगने का समय, उत्कृष्ट- उच्च, सर्वेश्वर- सभी के ईश्वर, कल्पात्मक- कला के रूप में, दृश्यरूप- देखने का स्वरूप, सम्पूर्ण- सारा, अमंगलध्वंसकारिणी- अमंगल को विनाश करने वाली, क्षूद्रतम अंश- छोटा से छोटा अंश, जागतिक- जगत के, आचार- आचरण, यथोचित- जैसा उचित, परिणत- बदल जाना, तव- तुम्हारा, च- और, का- क्या, सकल- सम्पूर्ण, शब्दमयी- शब्दमय, तनुः- शरीर, मूर्तिषु - मूर्तियों में, मनसि- मन में, बहिः- बाहर, प्रसरासु- विस्तार, इति - ऐसा, विचिन्त्य- चिन्तन, शिवे - पार्वती, शमिता- शान्ति करने वाली, शिवे- कल्याण करने वाली, जगति- जगत में, स्तुति- प्रार्थना, जप - जप, अर्चन- पूजा, चिन्तनवर्जिता- चिन्तन मुक्त, न- नही, काल- समय, अस्ति- है, प्रौढ़- पुष्ट, सप्तशती- सात सौ, मुण्डमाला- मुण्डों की माला, साक्षात् - प्रत्यक्ष, अर्जन - प्राप्त, भवानि- दुर्गा, स्तोतुं - स्तुति करने के लिये, प्रभवति - तैयार होते हैं, वदनैः- मुखों से, प्र्रजानां - प्रजाओं, ईशान- शंकर भगवान, स्त्रिपुरमथनः- त्रिपुरासुर को मारने वाले, पंचभिः- पांचों मुखों से, अपि- भी, षड्भिः- छ से, सेनानी- कार्तिकेय जी, दशशतमुखैः- हजार मुखों से, अहिपति- नागराज, तदा- तो, अन्येषां- अन्य, केषां- किसी का, कथय- कहिये, कथम्- कैसे, अस्मिन्- यह, अवसरः- अवसर, स्तवन- स्तुति, गुणों का गायन, घृत- धी, क्षीर- दुग्ध, द्राक्षा- दाख, मधु- शहद, नाख्येयो - जिसकी व्याख्या न की जा सके, रसना- जिह्वा, ताम्बूलं - पान, नयनयुगले - दोनों आंखें, कज्जल- काजल, विलसति - सुशोभित होता है, गले - गर्दन में, मौक्तिकलता- मोती की लता, शाटी- साड़ी, कटि- कमर, तटे - किनारा, नगपति - पर्वतराज, विराजन्- विराजमान, मन्दार- मदार, दुरम- लता, कुसुम- पुष्प, हार- माला, स्तनतटी- स्तन के तट तक, द्वीणानाद- वीणा का स्वर, श्रवण- कान, नतांगी- नत अंग वाली, रुचिर- सुन्दर, विजयते- जय हो, भार्या - पत्नी, अभीष्ट- इच्छा के अनुसार, प्रसीद- प्रसन्न होवें, विश्वेश्वरि- विश्व की ईश्वरी, पाहि - रक्षा करें, आधारभूता- आधार, मही- पृथ्वी, अपां- जल, अनन्तवीर्या- अनन्त बलशाली, विश्वस्य बींज- बीज शक्ति, परमासि- श्रेष्ठतमा, शरणागत- शरण में आये हुये।

2.7अभ्यास प्रश्नों के उत्तर-

पूर्व में दिये गये सभी अभ्यास प्रश्नों के उत्तर यहां दिये जा रहे हैं। आप अपने से उन प्रश्नों को हल कर लिये होगें। अब आप इन उत्तरों से अपने उत्तरों का मिलान कर लीजिये। यदि गलत हो तो उसको सही करके पुनः तैयार कर लीजिये। इससे आप इस प्रकार के समस्त प्रश्नों का उत्तर सही तरीके से दे पायेगें।

2.3.1 के अभ्यास प्रश्नों के उत्तर-

1-क, 2-ख, 3-ग, 4-घ, 5-क, 6-ख, 7-ग, 8-घ, 9-ग, 10-घ।

2.3.2 के अभ्यास प्रश्नों के उत्तर-

1-क, 2-ख, 3-ग, 4-घ, 5-क, 6-ख, 7-ग, 8-घ, 9-क, 10-ग।

2.4.1 के अभ्यास प्रश्नों के उत्तर-

1-क, 2-ख, 3-ग, 4-घ, 5-क, 6-ख, 7-ग, 8-घ, 9-ख, 10-ख।

2.4.2 के अभ्यास प्रश्नों के उत्तर-

1-क, 2-ख, 3-ग, 4-घ, 5-क, 6-ख, 7-ग, 8-घ, 9-ख, 10-ग।

2.4.3 के अभ्यास प्रश्नों के उत्तर-

1-क, 2-ख, 3-ग, 4-घ, 5-क, 6-ख, 7-ग, 8-घ, 9-ख, 10-ग।

2.4.4 के अभ्यास प्रश्नों के उत्तर-

1-क, 2-ख, 3-ग, 4-घ, 5-क, 6-ख, 7-ग, 8-घ, 9-क, 10-ख।

2.8 सन्दर्भ ग्रन्थ सूची-

1-आरती संग्रह।
2-क्यों-भाग-1
3-क्यों- भाग-2।
4-शब्दकल्पद्रुमः।
5-आह्निक सूत्रावलिः।
6-प्रतिष्ठा मयूख।
7-पूजन- विधान।
8-संस्कार एवं शान्ति का रहस्य।

2.9- सहायक उपयोगी पाठ्य सामग्री-

1- दैनिक आरती स्तुति एवं स्तोत्र।
2- स्तोत्ररत्नावलिः।
3- श्रीदुर्गासप्तशती।

2.10 निबंधात्मक प्रश्न-

1- श्री दुर्गा जी का परिचय बतलाइये।

2- श्री दुर्गा जी का स्वरूप बतलाइये।

3- श्री दुर्गा जी का माहात्म्य लिखिये।

4- भगवती स्तोत्रम् नामक सूक्त लिखिये।

5- भगवती स्तोत्रम् का हिन्दी अनुवाद दीजिये।

6- दुर्गा जी की प्रथम आरती लिखिये।

7- दुर्गा जी की द्वितीय आरती लिखिये।

8- दुर्गा जी की तृतीय आरती लिखिये।

9- गंगालहरी के कुछ श्लोकों को लिखिये।

10- गंगालहरी के कुछ श्लोकों का हिन्दी अनुवाद लिखिये।

इकाई 3 - श्री लक्ष्मी जी की आरती एवं स्तुति

इकाई की संरचना

3.1 प्रस्तावना

इस इकाई में श्री लक्ष्मी जी की आरती एवं स्तुति विचार संबंधी प्रविधियों का अध्ययन आप करने जा रहे हैं। इससे पूर्व की प्रविधियों का अध्ययन आपने कर लिया होगा। कर्मकाण्ड में धन की आदि शक्ति के रूप में पराम्बा भगवती लक्ष्मी को जाना गया है। धन की प्राप्ति के लिये लक्ष्मी जी की वन्दना या पूजन किया जाता है। यह प्रकल्प शक्ति प्राप्ति हेतु एवं विविध मनोकामनाओं की प्रपूर्ति हेतु किया जाता है। अतः श्री लक्ष्मी जी क्या हैं ? तथा कैसे उनकी आरती पूजा की जाती है ? इसका ज्ञान आपको इस इकाई के अध्ययन से हो जायेगा।

श्री लक्ष्मी जी की आरती एवं स्तुति विचार के अभाव में दीपावली आदि के अवसर पर या अन्य लक्ष्मी जी के व्रतादि या पूजनादि का सम्पादन किसी भी व्यक्ति द्वारा ठीक ढंग से नही हो सकता है। क्योकि इसमें लक्ष्मी माता की ही उपासना की जाती है। सभी सुख, सुविधा, शक्ति, भुक्ति, मुक्ति की दाता एवं ज्ञान पुंज रूपा आह्लादिनी महालक्ष्मी जी की पूजा अवश्य करनी चाहिये। मां लक्ष्मी भाव से की गयी समस्त प्रकार के पूजन या स्तोत्र पाठ से परम प्रसन्न होती हैं। इसलिये मां लक्ष्मी की पूजा अवश्य करनी चाहिये। इसके लिये यथा उपलब्ध उपचारों से मां की श्रद्धा भक्ति एवं शुचिता से दीपावली या अन्य पर्व इत्यादि के समय महालक्ष्मी पूजन करना चाहिये। ताकि हमारा जीवन सुखमय, आनन्दमय, सात्विक विचारों से परिपूर्ण एवं वर्ष पर्यन्त पुत्र पौत्र सुख, हर्ष उल्लास, ग्रहों की शान्ति, कायिक, वाचिक एवं मानसिक पीड़ा की निवृत्ति के लिये, भूत, प्रेत, डाकिनी, शाकिनी, बेतालादि की शान्ति के लिये, अखण्ड लक्ष्मी की प्राप्ति और कोष को आगे बढ़ाने के लिये, निरोगी काया के लिये, व्यापार को बढ़ाने के लिये, लोक कल्याण के लिये, अपने आश्रितों का पोषण करने के लिये महालक्ष्मी पूजन करना चाहिये।

इस इकाई के अध्ययन से आप श्री लक्ष्मी जी की आरती एवं स्तुति इत्यादि के विचार करने की विधि का सम्यक् ज्ञान प्राप्त कर सकेगें। इससे श्री लक्ष्मी जी की आरती एवं स्तुति आदि विषय के अज्ञान संबंधी दोषों का निवारण हो सकेगा जिससे सामान्य जन भी अपने कार्य क्षमता का भरपूर उपयोग कर समाज एवं राष्ट्र के निर्माण में महत्वपूर्ण योगदान दे सकेगें। आपके तत्संबंधी ज्ञान के कारण ऋषियों एवं महर्षियों का यह ज्ञान संरक्षित एवं सवंर्धित हो सकेगा। इसके अलावा आप अन्य योगदान दें सकेगें, जैसे - कल्पसूत्रीय विधि के अनुपालन का सार्थक प्रयास करना, भारत वर्ष के गौरव की अभिवृद्धि में सहायक होना, सामाजिक सहभागिता का विकास, इस विषय को वर्तमान समस्याओं के समाधान हेतु उपयोगी बनाना आदि।

3.2 उद्देश्य-

अब श्री लक्ष्मी जी की आरती एवं स्तुति विचार की आवश्यकता को आप समझ रहे होगें। इसका उद्देश्य भी इस प्रकार आप जान सकते हैं -

- ❖ कर्मकाण्ड को लोकोपकारक बनाना।
- ❖ श्री लक्ष्मी जी की आरती एवं स्तुति सम्पादनार्थ शास्त्रीय विधि का प्रतिपादन।
- ❖ लक्ष्मी पूजन के कर्मकाण्ड में व्याप्त अन्धविश्वास एवं भ्रान्तियों को दूर करना।
- ❖ प्राच्य विद्या की रक्षा करना।
- ❖ लोगों के कार्यक्षमता का विकास करना।
- ❖ समाज में व्याप्त कुरीतियों को दूर करना।

3.3.श्री लक्ष्मी जी का स्वरूप विचार एवं श्रीसूक्त पाठ -

इसमें श्री लक्ष्मी जी का स्वरूप विचार एवं श्रीसूक्त पाठ का ज्ञान आपको कराया जायेगा क्योकि बिना इसके परिचय के श्री लक्ष्मी जी का आधारभूत ज्ञान नही हो सकेगा। आधारभूत ज्ञान हो जाने पर श्रद्धा एवं समर्पण की भावना का उद्भव होता है। भावो हि विद्ते देवः के अनुसार भावना होने पर देवत्व को प्राप्त किया जा सकता है। इसलिये श्री लक्ष्मी जी का स्वरूप विचार एवं श्रीसूक्त पाठ इस प्रकार है-

3.3.1 श्री लक्ष्मी जी का स्वरूप विचार-

माता लक्ष्मी का ध्यान हम विविध रूपों में करते हैं। पुराणों के अनेकों श्लोकों में मातेश्वरी के विविध स्वरूपों को दर्शाया गया है। भगवती लक्ष्मी के स्वरूप का वर्णन इस प्रकार है-

या सा पद्मासनसस्था, विपुलकटितटी पद्मपत्रायताक्षी।
गम्भीरावर्तनाभिस्तनभरनमिता शुभ्रवस्त्रोत्तरीया ।।
या लक्ष्मीर्दिव्यरूपैर्मणिगणखचितैः स्नापिता हेमकुम्भैः।
सा नित्यं पद्महस्ता मम वसतु गृहे सर्वमांगल्ययुक्ता ।।

इस श्लोक में महालक्ष्मी जी के स्वरूप का वर्णन करते हुये कहा गया है कि वह देवि जो पद्म यानी कमल के आसन पर स्थित है। दस महादेवि का कटि तट यानी कमर का तट विपुल अर्थात् विशद् है। माताजी की आखें कमल के पत्र के समान है। महालक्ष्मी जी की गम्भीर आवर्तन वाली नाभि है। शुभ्र उत्तरीय वस्त्रों से सुशोभित हो रही है। हे लक्ष्मी माता आपका रूप दिव्य है। यानी माता लक्ष्मी के रूप से तेज प्रकट हो रहा है। मणि गणों से माता लक्ष्मी का रूप विभूषित हो रहा है। हेम कुम्भ यानी सोने के घड़े से आपको स्नान कराया जाता है। इस मातेश्वरी के हाथ में कमल सर्वदा सुशोभित हो रहा है। ऐसी माता लक्ष्मी जो सभी प्रकार के मंगल कार्यों से युक्त होती है वह लक्ष्मी मेरे घर में वास करें।
लक्ष्मी की व्याख्या करते हुये शब्दकल्पद्रुम में कहा गया है कि लक्ष्यति पश्यति उद्योगिनमिति लक्ष्मी अर्थात् जो उद्योगियों को देखे उसे लक्ष्मी कहते है। लक्ष्मी की प्राप्ति के लिये उद्योग का करना अत्यन्त आवश्यक है क्योकि कहा गया है उद्योगिनं पुरुष सिंहमुपैतिलक्ष्मीः यानी उद्योग करने वाले

पुरुष सिंहों के पास ही लक्ष्मी जाती है। वैसे तो लक्ष्मी के विविध नाम दिये गये हैं उनमें से कुछ नाम इस प्रकार दिया गया है- विष्णुपत्नी, पद्मालया, पद्मा, कमला, श्रीः, हरिप्रिया, इन्दिरा, लोकमाता, मां, क्षीराब्धितनया, रमा, जलधिजा, भार्गवी, हरिवल्लभा, दुग्धाब्धितनया, क्षीरसागरसुता इत्यादि। अथर्व वेद के 7.115.4 में दो प्रकार की लक्ष्मीयों का वर्णन मिलता है। वहां कहा गया है कि- रमन्तां पुण्या लक्ष्मीर्या पापीस्ता अनीनशम् यानी पुण्या लक्ष्मी हमारे घर में निवास करे तथा जो अनर्थमूला लक्ष्मी है वह विनष्ट हो जावे। इसकी चर्चा श्री सूक्तम् में भी करते हुये बतलाया गया है कि क्षुत्पिपासामलां ज्येष्ठामलक्ष्मीं नाशयाम्यहम्। अभूतिमसमृद्धिं च सर्वान्निर्णुद मे गृहात् यानी क्षुधा यानी भूखे रहना, पिपासा यानी प्यासे रहना, मलां यानी मलयुक्ता लक्ष्मी तथा ज्येष्ठा अलक्ष्मी नष्ट हों, अभूति, असमृद्धि ये सभी मेरे घर से निकल जायं। लक्ष्मी जी की उत्पत्ति समुद्र मन्थन से हुयी है ऐसा मिलता है। समुद्र मन्थन से चौदह रत्न निकले थे, जिनमें से एक लक्ष्मी जी को बतलाया गया है। इनका विवाह श्रीमन्नारायण भगवान से हुआ है इसलिये लक्ष्मी जी सदैव नारायण भगवान के साथ रहती है इसलिये प्रायः सुना जाता है कि लक्ष्मी नारायण भगवान की जै।

श्रीदुर्गा सप्तशती में तीन चरित्र दिये गये हैं जिन्हें प्रथम चरित्र, मध्यम चरित्र एवं उत्तम चरित्र के रूप में जाना जाता है। इनमें प्रथम चरित्र में महाकाली का ध्यान एवं चरित्र दिया है, मध्यम चरित्र में मां लक्ष्मी का चरित्र दिया है और उत्तम चरित्र में सरस्वती का चरित्र दिया गया है। मध्यम चरित्र में महालक्ष्मी का ध्यान इस प्रकार दिया गया है-

अक्षस्रक्परशुं गदेषु कुलिशं पद्मं धनुष्कुण्डिकां ।
दण्डं शक्तिमसिं च चर्म जलजं धण्टां सुराभाजनम् ।।
शूलं पाशसुदर्शने च दधतीं हस्तैः प्रसन्ननां ।
सेवे सैरिभमर्दिनीमिह महालक्ष्मीं सरोजस्थिताम् ।।

इसकी व्याख्या करते हुये कहा गया है कि मैं कमल के आसन पर बैठी हुयी प्रसन्न मुख वाली महिषासुरमर्दिनी भगवती महालक्ष्मी का भजन करता हूॅ जो अपने हाथों में अक्ष यानी अक्षमाला, स्रक् यानी माला, परशु यानी फरसा, गद यानी गदा, इषु यानी बाण, कुलिश यानी वज्र, पद्म यानी कमल, धनुष, कुण्डिका, दण्ड, शक्ति, असि यानी खड्ग, चर्म यानी ढाल, जलज यानी शंख, घण्टा, सुराभाजन यानी मधु पात्र, शूल, पाश और सुदर्शन चक्र धारण करती हैं।

इस प्रकार भगवती लक्ष्मी जी के स्वरूप के विषय में आपने इस प्रकरण में विस्तार से जाना । आशा है इसके बारे में जानकारी हो गयी होगी। अब हम इसको आधार बनाकर कुछ प्रश्न बनाने जा रहे हैं जिससे आपका ज्ञान इस विषय में और प्रौढ़ हो जायेगा। इसमें प्रश्नों या संबंधित शब्दों को दिया गया है जिसके आगे दिये गये रिक्त स्थान को दिये गये विकल्पों से प्रपूरित करना है। प्रश्न अधोलिखित है-

अभ्यास प्रश्न-

उपरोक्त विषय को पढ़कर आप अधोलिखित प्रश्नों का उत्तर दे सकते हैं। अधोलिखित प्रश्न बहु

विकल्पीय है। प्रत्येक प्रश्नों में दिये गये चार विकल्पों में से कोई एक ही सही है, जिसका चयन आपको करना है-

प्रश्न 1- अक्ष शब्द का अर्थ है-

क- अक्षमाला, ख- माला, ग- फरसा, घ-बाण।

प्रश्न 2- स्रक् शब्द का अर्थ है-

क- अक्षमाला, ख- माला, ग- फरसा, घ-बाण।

प्रश्न 3- परशु शब्द का अर्थ क्या है?

क- अक्षमाला, ख- माला, ग- फरसा, घ-बाण।

प्रश्न 4- इषु शब्द का अर्थ है-

क- अक्षमाला, ख- माला, ग- फरसा, घ-बाण।

प्रश्न 5- कुलिश शब्द का अर्थ क्या है ?

क- वज्र, ख- कमल, ग- खड्ग, घ-ढाल।

प्रश्न 6- असि शब्द का अर्थ क्या है ?

क- वज्र, ख- कमल, ग- खड्ग, घ-ढाल।

प्रश्न 7- पद्म शब्द का अर्थ क्या है ?

क- वज्र, ख- कमल, ग- खड्ग, घ-ढाल।

प्रश्न 8- चर्म शब्द का अर्थ क्या है?

क- वज्र, ख- कमल, ग- खड्ग, घ-ढाल।

प्रश्न 9- जलज शब्द का अर्थ क्या है?

क- वज्र, ख- शंख, ग- खड्ग, घ-ढाल।

प्रश्न 10- सुराभाजन शब्द का अर्थ क्या है ?

क- वज्र, ख- कमल, ग- मधुपात्र, घ-ढाल।

इस प्रकार आपने महालक्ष्मी जी के स्वरूप के बारे में आपने जाना। अब हम श्री सूक्त का वर्णन करने जा रहे हैं जो इस प्रकार है-

3.3.2 लक्ष्मी जी की प्रसन्नता हेतु श्री सूक्त पाठ -

लक्ष्मी जी की प्रसन्नता हेतु श्री सूक्त का पाठ अत्यन्त प्रभावशाली माना गया है। कहा गया है शुद्धता पूर्वक श्री सूक्त का पाठ करने वाले या कराने वाले लोगों के यहां लक्ष्मी का कभी अभाव नही होता है। आज के समय में तो लक्ष्मी के सन्दर्भ में यस्यास्ति वित्तं स नर कुलीनः यह श्लोक उपयुक्त

प्रतीत होता है। इसलिये लक्ष्मी प्राप्ति हेतु श्री सूक्त का पाठ भी एक उपाय है। इसके पाठ से सद् लक्ष्मी का आगमन होता है-

हिरण्यवर्णां हरिणीं सुवर्णरजतस्रजाम्।
चन्द्रां हिरण्यमयीं लक्ष्मीं जातवेदो म आवह।
तां म आवह जातवेदो लक्ष्मी मनपगामिनीम्।
यस्यां हिरण्यं विन्देयं गामश्वं पुरुषानहम्।
अश्वपूर्वां रथमध्यां हस्तिनाद प्रबोधिनीम्।
श्रियं देवीमुपह्वये श्रीर्मा देवी जुषताम्।
कांसोस्मितां हिरण्यप्राकारामार्द्रां ज्वलन्तीं तृप्ता तर्पयन्तीम्।
पद्मे स्थिता पद्मवर्णा तामिहोपह्वयेश्रियम्।
चन्द्रां प्रभासां यशसा ज्वलन्तीं श्रियं लोके देवजुष्टामुदाराम्।
तां पद्मिनीमीं शरणं प्रपद्ये अलक्ष्मीर्मे नश्यतां त्वां वृणे।
आदित्य वर्णे तपसो अधिजातो वनस्पतिस्तव वृक्षोथविल्वः।
तस्य फलानि तपसा नुदन्तु मायान्तरायाश्च वाह्या अलक्ष्मीः ।।
उपैतु मां देवसखः कीर्तिश्च मणिना सह।
प्रदुर्भूतोस्मि राष्ट्रे स्मिन् कीर्तिमृद्धिं ददातु मे।
क्षुत्पिपासामलां ज्येष्ठामलक्ष्मीं नाश्याम्यहम्।
अभूतिमसमृद्धिं च सर्वां निर्णुद मे गृहात्।
गन्धद्वारां दुराधर्षां नित्यपुष्टां करीषिणीम्।
ईश्वरीं सर्वभूतानां तामिहोपह्वये श्रियम्।
मनसः काममाकूतिं वाचः सत्यमशीमहि।
पशूनां रूपमन्यस्य मयि श्रीः श्रयतां यशः।
कर्दमेन प्रजा भूता मयि सम्भव कर्दम।
श्रियं वासय मे कुले मातरं पद्ममालिनीम्।
आपः सृजन्तु स्निग्धानि चिक्लीत वस मे गृहे।
नि च देविं मातरं श्रियं वासय मे कुले।
आर्द्रां पुष्करिणीं पुष्टिं पिंगलां पद्ममालिनीम्।
चन्द्रां हिरण्मयीं लक्ष्मीं जातवेदो म आवह।
आर्द्रां यः करिणीं यष्टिं सुवर्णां हेममालिनीम्।

सूर्यां हिरण्यमयीं लक्ष्मीं जातवेदो म आवह ।

तां म आवह जातवेदो लक्ष्मीमनपगामिनीम् ।

यस्यां हिरण्यं प्रभूतं गावो दास्यो अश्वान्विन्देयं पुरुषानहम् ।।

यः शुचिः प्रयतो भूत्वा जुहुयादाज्यमन्वहम् ।

सूक्तं पंचदशर्चं च श्रीकामः सततं जपेत् ।

इस प्रकार भगवती लक्ष्मी जी की प्रसन्नता के लिये उनके परम प्रिय सूक्त श्री सूक्त के विषय में आपने इस प्रकरण में विस्तार से जाना । आशा है इसके बारे में जानकारी हो गयी होगी। अब हम इसको आधार बनाकर कुछ प्रश्न बनाने जा रहे हैं जिससे आपका ज्ञान इस विषय में और प्रौढ़ हो जायेगा। इसमें प्रश्नों या संबंधित शब्दों को दिया गया है जिसके आगे दिये गये रिक्त स्थान को दिये गये विकल्पों से प्रपूरित करना है। प्रश्न अधोलिखित है-

अभ्यास प्रश्न-

उपरोक्त विषय को पढ़कर आप अधोलिखित प्रश्नों का उत्तर दे सकते हैं। अधोलिखित प्रश्न बहु विकल्पीय है। प्रत्येक प्रश्नों में दिये गये चार विकल्पों में से कोई एक ही सही है, जिसका चयन आपको करना है-

प्रश्न 1- हिरण्यवर्णां .... सुवर्णरजतस्रजाम्।

चन्द्रां हिरण्यमयीं लक्ष्मीं जातवेदो म आवह।

क- हरिणीं, ख-जातवेदो, ग- हस्तिनाद, घ- हिरण्यप्राकारा।

प्रश्न 2- तां म आवह .... लक्ष्मी मनपगामिनीम्।

यस्यां हिरण्यं विन्देयं गामश्वं पुरुषानहम्।

क- हरिणीं, ख-जातवेदो, ग- हस्तिनाद, घ- हिरण्यप्राकारा।

प्रश्न 3- अश्वपूर्वां रथमध्यां .... प्रमोदिनीम्।

श्रियं देवीमुपह्वये श्रीर्मा देवी जुषताम्।।

क- हरिणीं, ख-जातवेदो, ग- हस्तिनाद, घ- हिरण्यप्राकारा।

प्रश्न 4- कांसोस्मितां ....मार्द्रां ज्वलन्तीं तृप्ता तर्पयन्तीम्।

पद्मे स्थिता पद्मवर्णा तामिहोपह्वयेश्रियम्।

क- हरिणीं, ख-जातवेदो, ग- हसितनाद, घ- हिरण्यप्राकारा।

प्रश्न 5- चन्द्रां प्रभासां .... ज्वलन्तीं श्रियं लोके देवजुष्टामुदाराम्।

तां पद्मिनीमीं शरणं प्रपद्ये अलक्ष्मीर्मे नश्यतां त्वां वृणे।

क- यशसा, ख-वनस्पतिस्तव, ग- देवसखः घ- अभूतिमसमृद्धिं।

प्रश्न 6- आदित्य वर्णे तपसो अधिजातो .... वृक्षोथविल्वः।

तस्य फलानि तपसा नुदन्तु मायान्तरायाश्च वाह्या अलक्ष्मीः।।

क- यशसा, ख-वनस्पतिस्तव, ग- देवसखः घ- अभूतिमसमृद्धिं।

प्रश्न 7- उपैतु मां .... कीर्तिश्च मणिना सह।

प्रदुर्भूतोस्मि राष्ट्रे स्मिन् कीर्तिमृद्धिं ददातु मे।

क- यशसा, ख-वनस्पतिस्तव, ग- देवसखः घ- अभूतिमसमृद्धिं।

प्रश्न 8- क्षुत्पिपासामलां ज्येष्ठामलक्ष्मीं नाश्याम्यहम्।

.... च सर्वां निर्णुद मे गृहात्।

क- यशसा, ख-वनस्पतिस्तव, ग- देवसखः घ- अभूतिमसमृद्धिं।

प्रश्न 9- गन्धद्वारां .... नित्यपुष्टां करीषिणीम्।

ईश्वरीं सर्वभूतानां तामिहोपह्वये श्रियम्।

क- दुराधर्षां, ख-वनस्पतिस्तव, ग- देवसखः घ- अभूतिमसमृद्धिं।

प्रश्न 10- मनसः काममाकूतिं वाचः सत्यमशीमहि।

.... रूपमन्यस्य मयि श्रीः श्रयतां यशः।

क- यशसा, ख-वनस्पतिस्तव, ग-पशूनां घ- अभूतिमसमृद्धिं।

3.4 श्री लक्ष्मी जी की स्तुति एवं आरती-

इससे पूर्व में आपने श्रीसूक्तम् के बारे में जान लिया है। अब हम इस प्रकरण में माता लक्ष्मी की स्तुति एवं आरती के बारे में वर्णन करने जा रहे है जो इस प्रकार है-

3.4.1- श्री लक्ष्मी जी की प्रसन्नता हेतु लक्ष्मी सूक्त का पाठ -

पद्मानने पद्मविपद्मपत्रे पद्मप्रिये पद्मदलायताक्षि।
विश्वप्रिये विष्णु मनोनुकूले त्वत्पादपद्मं मयि सन्निधत्स्वः।।
पद्मानने पद्मऊरू पद्माक्षि पद्मसम्भवे।
तन्मे भजसि पद्माक्षि येन सौख्यं लभाम्यहम्।
अश्वदायी गोदायि धनदायी महाधने।
धनं मे जुषतां देवि सर्वकांमाश्च देहि मे।
पुत्रपौत्रधनं धान्यं हस्तश्वादिगवेरथम्।
प्रजानां भवसि माता आयुष्मन्तं करोतु मे।
धनमग्निर्धनं वायुर्धनं सूर्यो धनं वसुः।
धनमिन्द्रो वृहस्पतिर्वरुणो धनमश्विना।।
वैनतेय सोमं पिब सोम पिबतु वृत्रहा।
सोमं धनस्य सोमिनो मह्यं ददातु सोमिनः।
न क्रोधो न च मात्सर्यं ना लोभो नाशुभा मतिः।
भवन्तिकृत्पुण्यानां भक्त्या श्रीसूक्तजापिनाम्।
सरसिजनिलये सरोजहस्ते धवलतरांशुक गन्धमाल्यशोभे।
भगवति हरि वल्लभे मनोज्ञे त्रिभुवनभूतकरी प्रसीद मह्यम्।।
विष्णुपत्नीं क्षमां देवीं माधवीं माधवप्रियाम्।
लक्ष्मीं प्रियसखीं देवीं नमामच्युतवल्लभाम्।
महालक्ष्मीं च विद्महे विष्णुपत्न्यै च धीमहि।
तन्नो लक्ष्मीः प्रचोदयात्।।
आनन्दः कर्दमः श्रीदश्चिक्लीत इति विश्रुताः।
ऋषयः श्रियः पुत्राश्च श्रीर्देवीदेवता मताः।।
ऋणरोगादिदारिद्र्यपापक्षुदपमृत्यवः।
भयशोकमनस्तापा नश्यन्तु मम सर्वदा।
श्रीवर्चस्वमायुष्यमारोग्यमाविधाच्छोभमानं महीयते।
धान्यं धनं पशुं बहुपुत्रलाभं शतसंवत्सरं दीर्घमायुः।।

इस प्रकार भगवती लक्ष्मी जी की प्रसन्नता के लिये उनके परम प्रिय सूक्त लक्ष्मी सूक्त के विषय में आपने इस प्रकरण में विस्तार से जाना । आशा है इसके बारे में जानकारी हो गयी होगी। अब हम इसको आधार बनाकर कुछ प्रश्न बनाने जा रहे हैं जिससे आपका ज्ञान इस विषय में और प्रौढ़ हो जायेगा। इसमें प्रश्नों या संबंधित शब्दों को दिया गया है जिसके आगे दिये गये रिक्त स्थान को दिये गये विकल्पों से प्रपूरित करना है। प्रश्न अधोलिखित है-

अभ्यास प्रश्न-

उपरोक्त विषय को पढ़कर आप अधोलिखित प्रश्नों का उत्तर दे सकते हैं। अधोलिखित प्रश्न बहु विकल्पीय है। प्रत्येक प्रश्नों में दिये गये चार विकल्पों में से कोई एक ही सही है, जिसका चयन आपको करना है-

प्रश्न 1- पद्मानने पद्मविपद्मपत्रे .... पद्मदलायताक्षि।

विश्वप्रिये विष्णु मनोनुकूले त्वत्पादपद्मं मयि सन्निधत्स्वः।।

क- पद्मप्रिये, ख- पद्माक्षि, ग- धनदायी, घ- धान्यं।

प्रश्न 2- पद्मानने पद्मऊरू .... पद्मसम्भवे।

तन्मे भजसि पद्माक्षि येन सौख्यं लभाम्यहम्।

क- पद्मप्रिये, ख- पद्माक्षि, ग- धनदायी, घ- धान्यं।

प्रश्न 3- अश्वदायी गोदायि .... महाधने।

धनं मे जुषतां देवि सर्वकांमाश्च देहि मे।

क- पद्मप्रिये, ख- पद्माक्षि, ग- धनदायी, घ- धान्यं।

प्रश्न 4- पुत्रपौत्रधनं .... हस्तश्वादिगवेरथम्।

प्रजानां भवसि माता आयुष्मन्तं करोतु मे।

क- पद्मप्रिये, ख- पद्माक्षि, ग- धनदायी, घ- धान्यं।

प्रश्न 5- धनमग्निर्धनं .... सूर्यो धनं वसुः।

धनमिन्द्रो वृहस्पतिर्वरुणो धनमश्विना।।

क- वायुर्धनं, ख- वृत्रहा, ग- नाशुभामतिः, घ- सरोजहस्ते।

प्रश्न 6- वैनतेय सोमं पिब सोम पिबतु ....।

सोमं धनस्य सोमिनो मह्यं ददातु सोमिनः।

क- वायुर्धनं, ख- वृत्रहा, ग- नाशुभामतिः, घ- सरोजहस्ते।

प्रश्न 7- न क्रोधो न च मात्सर्यं ना लोभो ....।

भवन्तिकृत्पुण्यानां भक्त्या श्रीसूक्तजापिनाम्।

क- वायुर्धनं, ख- वृत्रहा, ग- नाशुभामतिः, घ- सरोजहस्ते।

प्रश्न 8- सरसिजनिलये .... धवलतरांशुक गन्धमाल्यशोभे।
भगवति हरि वल्लभे मनोज्ञे त्रिभुवनभूतकरी प्रसीद मह्यम्।।

क- वायुर्धनं, ख- वृत्रहा, ग- नाशुभामतिः, घ- सरोजहस्ते।

प्रश्न 9- विष्णुपत्नीं क्षमां देवीं .... माधवप्रियाम्।
लक्ष्मीं प्रियसखीं देवीं नमामच्युतवल्लभाम्।

क- वायुर्धनं, ख- वृत्रहा, ग- नाशुभामतिः, घ- माधवीं।

प्रश्न 10- महालक्ष्मीं च विद्महे विष्णुपत्न्यै च धीमहि।
तन्नो .... प्रचोदयात्।।

क- वायुर्धनं, ख- लक्ष्मीः, ग- नाशुभामतिः, घ- सरोजहस्ते।

इस प्रकार आपने अभी लक्ष्मी सूक्त को जाना। इसके पाठ से लक्ष्मी जी प्रसन्न होती है।

3.4.2 श्री लक्ष्मी जी की प्रसन्नता हेतु महालक्ष्म्यष्टक स्तोत्र का पाठ –

इस प्रकरण में आप महालक्ष्म्यष्टक स्तोत्र का पाठ एवं उसका महत्व जानेगें। इसके ज्ञान से आपको महालक्ष्म्यष्टक स्तोत्र के पाठ का ज्ञान आपको जायेगा।

इन्द्र उवाच-

नमस्तेस्तु महामाये श्रीपीठे सुरपूजिते ।
शंखचक्रगदाहस्ते महालक्ष्मी नमोस्तुते ।
नमस्ते गरुडारूढे कोलासुरभयंकरी ।
सर्वपापहरे देवि महालक्ष्मी नमोस्तुते ।
सर्वज्ञे सर्ववरदे सर्वदुष्टभयंकरी ।
सर्वदुखहरे देवि महालक्ष्मी नमोस्तुते ।
सिद्धिबुद्धिप्रदे देवि भुक्तिमुक्तिप्रदायिनी ।
मन्त्रपूते सदादेवि महालक्ष्मीनमोस्तुते ।
आद्यन्तरहिते देवि आद्यशक्तिमहेश्वरी ।
योगजे योगसम्भूते महालक्ष्मी नमोस्तुते ।
स्थूलसूक्ष्ममहारौद्रे महाशक्ति महोदरे ।
महापापहरे देवि महालक्ष्मी नमोस्तुते ।
पद्मासनस्थिते देवि परब्रह्मस्वरूपिणी ।

परमेशि जगन्मातर्महालक्ष्मी नमोस्तुते ।
श्वेताम्बरधरे देवि नानालंकारभूषिते ।
जगत्स्थिते जगन्मातर्महालक्ष्मी नमोस्तुते ।
महालक्ष्म्यष्टकं स्तोत्रं यः पठेत् भक्तिमान्नरः ।
सर्वसिद्धिमवाप्नोति राज्यं प्राप्नोति सर्वदा ।
एककाले पठेन्नित्यं महापाविनाशनम् ।
द्विकालं यः पठेन्नित्यं धनधान्यसमन्वितः ।
त्रिकालं यः पठेन्नित्यं महाशत्रु विनाशनम् ।
महालक्ष्मीर्भवेन्नित्यं प्रसन्ना वरदा शुभा ।।
इतीन्द्रकृतं महालक्ष्म्यष्टकम्।

इस महालक्ष्म्यष्टक का निर्माण इन्द्र जी के द्वारा किया गया है। इसका महत्व बतलाते हुये कहा गया है कि जो भी भक्तिमान होकर मनुष्य इस महालक्ष्म्यष्टक का पाठ करता है वह सभी प्रकार की सिद्धियों को प्राप्त करता है। राज्य की भी प्राप्ति इस स्तोत्र के पाठ से होती है। एक समय में पाठ करने से महापाप का विनाश होता है, दो काल यानी दो समय पढ़ने से धन एवं धान्य से व्यक्ति समन्वित होता है। तीन काल यानी तीनों समयों में पढ़ने से व्यक्ति महा शत्रुओं का विनाश होता है तथा महालक्ष्मी प्रसन्न होकर वर देने वाली होती है।

इस प्रकार भगवती लक्ष्मी जी की प्रसन्नता के लिये उनके परम प्रिय स्तोत्र महालक्ष्म्यष्टक स्तोत्र के विषय में आपने इस प्रकरण में विस्तार से जाना । आशा है इसके बारे में जानकारी हो गयी होगी। अब हम इसको आधार बनाकर कुछ प्रश्न बनाने जा रहे हैं जिससे आपका ज्ञान इस विषय में और प्रौढ़ हो जायेगा। इसमें प्रश्नों या संबंधित शब्दों को दिया गया है जिसके आगे दिये गये रिक्त स्थान को दिये गये विकल्पों से प्रपूरित करना है। प्रश्न अधोलिखित है-

अभ्यास प्रश्न-

उपरोक्त विषय को पढ़कर आप अधोलिखित प्रश्नों का उत्तर दे सकते हैं। अधोलिखित
प्रश्न बहु विकल्पीय है। प्रत्येक प्रश्नों में दिये गये चार विकल्पों में से कोई एक ही सही है, जिसका चयन आपको करना है-

प्रश्न 1- नमस्तेस्तु महामाये श्रीपीठे ....।
शंखचक्रगदाहस्ते महालक्ष्मी नमोस्तुते।

क- सुरपूजिते, ख- कोलासुरभयंकरी, ग- सर्ववरदे, घ- सिद्धिबुद्धिप्रदे।

प्रश्न 2- नमस्ते गरुडारूढे ....।

सर्वपापहरे देवि महालक्ष्मी नमोस्तुते।

क- सुरपूजिते, ख- कोलासुरभयंकरी, ग- सर्ववरदे, घ- सिद्धिबुद्धिप्रदे।

प्रश्न 3- सर्वज्ञे .... सर्वदुष्टभयंकरी।

सर्वदुखहरे देवि महालक्ष्मी नमोस्तुते।

क- सुरपूजिते, ख- कोलासुरभयंकरी, ग- सर्ववरदे, घ- सिद्धिबुद्धिप्रदे।

प्रश्न 4- .... देवि भुक्तिमुक्तिप्रदायिनी।

मन्त्रपूते सदादेवि महालक्ष्मीनमोस्तुते।

क- सुरपूजिते, ख- कोलासुरभयंकरी, ग- सर्ववरदे, घ- सिद्धिबुद्धिप्रदे।

प्रश्न 5- आद्यन्तरहिते देवि आद्यशक्तिमहेश्वरी।

योगजे .... महालक्ष्मी नमोस्तुते।

क- योगसम्भूते, ख- महोदरे, ग- परमेशि, घ- श्वेताम्बरधरे।

प्रश्न 6- स्थूलसूक्ष्ममहारौद्रे महाशक्ति ....।

महापापहरे देवि महालक्ष्मी नमोस्तुते।

क- योगसम्भूते, ख- महोदरे, ग- परमेशि, घ- श्वेताम्बरधरे।

प्रश्न 7- पद्मासनस्थिते देवि परब्रह्मस्वरूपिणी।

.... जगन्मातर्महालक्ष्मी नमोस्तुते।

क- योगसम्भूते, ख- महोदरे, ग- परमेशि, घ- श्वेताम्बरधरे।

प्रश्न 8- .... देवि नानालंकारभूषिते।

जगत्स्थिते जगन्मातर्महालक्ष्मी नमोस्तुते।

क- योगसम्भूते, ख- महोदरे, ग- परमेशि, घ- श्वेताम्बरधरे।

प्रश्न 9- महालक्ष्म्यष्टकं स्तोत्रं यः पठेत् भक्तिमान्नरः।

सर्वसिद्धिमवाप्नोति .... प्राप्नोति सर्वदा।

क- योगसम्भूते, ख- राज्यं, ग- परमेशि, घ- श्वेताम्बरधरे।

प्रश्न 10- एककाले पठेन्नित्यं महापाविनाशनम्।

द्विकालं यः पठेन्नित्यं ....।

क- योगसम्भूते, ख- महोदरे, ग- धनधान्यसमन्वितः, घ- श्वेताम्बरधरे।

3.4.3 महालक्ष्मी जी की आरती-

आरती के बिना कोई भी पूजन कार्य पूर्णतया सम्पन्न नही माना जाता है। इसलिये महालक्ष्मी जी आरती इस प्रकार दी जा रही है। इसके सम्यक् प्रकार से गायन से लक्ष्मी जी की आरती उत्तम रीति से की जा सकती है।

ओं जय लक्ष्मी माता मैया जै लक्ष्मी माता
तुमको निसिदिन सेवत, हर विष्णु धाता। ओ जय लक्ष्मी माता।
उमा, रमा, ब्रह्माणि, तुम ही जगमाता।
सूर्य चन्द्रमा ध्यावत, नारद ऋषि गाता। ओं जय लक्ष्मी माता।
दुर्गा रूप निरंजनि, सुख सम्पत्ति दाता।
जो कोई तुमको ध्यावत, नारद ऋषि गाता। ओं जय लक्ष्मी माता।
तुम पाताल निवासिनि, तुम ही शुभ दाता।
कर्म प्रभाव प्रकाशिनि, भवनिधि की त्राता। ओं जय लक्ष्मी माता।
जिस घर में तुम रहती, तहँ सब सद्गुण आता।
सब सम्भव हो जाता, मन नहि घबराता। ओं जय लक्ष्मी माता।
तुम बिन यज्ञ न होते, व्रत भी न हो पाता।
खान पान का वैभव, सब तुमसे आता। ओं जय लक्ष्मी माता।
शुभ गुण मंदिर सुन्दर, क्षीरोदधि जाता।
रत्न चतुर्दश तुम बिन, कोइ नही पाता। ओं जय लक्ष्मी माता।
महालक्ष्मी जी की आरती, जो कोई जन गाता।
उर आनन्द समाता, पाप उतर जाता। ओं जय लक्ष्मी माता।

इस प्रकार भगवती लक्ष्मी जी की प्रसन्नता के लिये उनकी आरती के विषय में आपने इस प्रकरण में विस्तार से जाना । आशा है इसके बारे में जानकारी हो गयी होगी। अब हम इसको आधार बनाकर कुछ प्रश्न बनाने जा रहे हैं जिससे आपका ज्ञान इस विषय में और प्रौढ़ हो जायेगा। इसमें प्रश्नों या संबंधित शब्दों को दिया गया है जिसके आगे दिये गये रिक्त स्थान को दिये गये विकल्पों से प्रपूरित करना है। प्रश्न अधोलिखित है-

अभ्यास प्रश्न-

उपरोक्त विषय को पढ़कर आप अधोलिखित प्रश्नों का उत्तर दे सकते हैं। अधोलिखित प्रश्न बहु विकल्पीय है। प्रत्येक प्रश्नों में दिये गये चार विकल्पों में से कोई एक ही सही है, जिसका चयन आपको करना है-

प्रश्न 1- ओं जय लक्ष्मी माता मैया जै लक्ष्मी माता

तुमको .... सेवत, हर विष्णु धाता। ओ जय लक्ष्मी माता।

क- निसिदिन, ख- चन्द्रमा, ग- निरंजनि, ध- पाताल।

प्रश्न 2- उमा, रमा, ब्रह्माणि, तुम ही जगमाता।

सूर्य .... ध्यावत, नारद ऋषि गाता। ओं जय लक्ष्मी माता।

क- निसिदिन, ख- चन्द्रमा, ग- निरंजनि, ध- पाताल।

प्रश्न 3- दुर्गा रूप ...., सुख सम्पत्ति दाता।

जो कोई तुमको ध्यावत, नारद ऋषि गाता। ओं जय लक्ष्मी माता।

क- निसिदिन, ख- चन्द्रमा, ग- निरंजनि, ध- पाताल।

प्रश्न 4- तुम .... निवासिनि, तुम ही शुभ दाता।

कर्म प्रभाव प्रकाशिनि, भवनिधि की त्राता। ओं जय लक्ष्मी माता।

क- निसिदिन, ख- चन्द्रमा, ग- निरंजनि, ध- पाताल।

प्रश्न 5- जिस घर में तुम रहती, तहँ सब .... आता।

सब सम्भव हो जाता, मन नहि घबराता। ओं जय लक्ष्मी माता।

क- सद्गुण, ख- वैभव, ग- क्षीरोदधि, ध- रत्न चतुर्दश।

प्रश्न 6- तुम बिन ....होते, वरत न हो पाता।

क- निसिदिन, ख- यज्ञ न , ग- निरंजनि, ध- पाताल।

प्रश्न 7- खान पान का ...., सब तुमसे आता । ओं जय लक्ष्मी माता।

क- सद्गुण, ख- वैभव, ग- क्षीरोदधि, ध- रत्न चतुर्दश।

प्रश्न 8- शुभ गुण मंदिर सुन्दर, ... जाता।

क- सद्गुण, ख- वैभव, ग- क्षीरोदधि, ध- रत्न चतुर्दश।

प्रश्न 9-.............. तुम बिन, कोइ नही पाता। ओं जय लक्ष्मी माता।

क- सद्गुण, ख- वैभव, ग- क्षीरोदधि, ध- रत्न चतुर्दश।

प्रश्न 10- महालक्ष्मी जी की आरती, जो कोई जन गाता।

उर .... समाता, पाप उतर जाता। ओं जय लक्ष्मी माता।

क- आनन्द, ख- वैभव, ग- क्षीरोदधि, ध- रत्न चतुर्दश।

3.5 सारांश-

इस इकाई में श्री लक्ष्मी जी की आरती एवं स्तुति विचार संबंधी प्रविधियों का अध्ययन आपने किया। श्री लक्ष्मी जी की आरती एवं स्तुति विचार के अभाव में दीपावली आदि के अवसर पर, लक्ष्मी यज्ञादि अनुष्ठानों के अवसर पर पूजनादि का सम्पादन किसी भी व्यक्ति द्वारा ठीक ढंग से नही हो सकता है। क्योकि इसमें लक्ष्मी माता की ही उपासना की जाती है। सभी सुख, सुविधा, शक्ति, भुक्ति, मुक्ति की दाता एवं ज्ञान पुंज रूपा आह्लादिनी महालक्ष्मी जी की पूजा अवश्य करनी चाहिये। मां लक्ष्मी जी भाव से की गयी समस्त प्रकार के पूजन या स्तोत्र पाठ से परम प्रसन्न होती हैं। इसलिये मां लक्ष्मी की पूजा अवश्य करनी चाहिये। इसके लिये यथा उपलब्ध उपचारों से मां की श्रद्धा भक्ति एवं शुचिता से दीपावली या अन्य पर्व इत्यादि के समय महालक्ष्मी पूजन करना चाहिये। ताकि हमारा जीवन सुखमय, आनन्दमय, सात्विक विचारों से परिपूर्ण एवं वर्ष पर्यन्त पुत्र पौत्र सुख, हर्ष उल्लास, ग्रहों की शान्ति, कायिक, वाचिक एवं मानसिक पीड़ा की निवृत्ति के लिये, भूत, प्रेत, डाकिनी, शाकिनी, बेतालादि की शान्ति के लिये, अखण्ड लक्ष्मी की प्राप्ति और कोष को आगे बढ़ाने के लिये, निरोगी काया के लिये, व्यापार को बढ़ाने के लिये, लोक कल्याण के लिये, अपने आश्रितों का पोषण करने के लिये महालक्ष्मी पूजन करना चाहिये।

महालक्ष्मी जी के स्वरूप का वर्णन करते हुये कहा गया है कि वह देवि जो पद्म यानी कमल के आसन पर स्थित है। दस महादेवि का कटि तट यानी कमर का तट विपुल अर्थात् विशद है। माताजी की आखें कमल के पत्र के समान है। महालक्ष्मी जी की गम्भीर आवर्तन वाली नाभि है। शुभ्र उत्तरीय वस्त्रों से सुशोभित हो रही है। हे लक्ष्मी माता आपका रूप दिव्य है। यानी माता लक्ष्मी के रूप से तेज प्रकट हो रहा है। मणि गणों से माता लक्ष्मी का रूप विभूषित हो रहा है। हेम कुम्भ यानी सोने के घड़े से आपको स्नान कराया जाता है। इस मातेश्वरी के हाथ में कमल सर्वदा सुशोभित हो रहा है। ऐसी माता लक्ष्मी जो सभी प्रकार के मंगल कार्यों से युक्त होती है वह लक्ष्मी मेरे घर मे वास करें।

अथर्व वेद के 7.115.4 में दो प्रकार की लक्ष्मीयों का वर्णन मिलता है। वहां कहा गया है कि- रमन्तां पुण्या लक्ष्मीर्या पापीस्ता अनीनशम् यानी पुण्या लक्ष्मी हमारे घर में निवास करे तथा जो अनर्थमूला लक्ष्मी है वह विनष्ट हो जावे। इसकी चर्चा श्री सूक्तम् में भी करते हुये बतलाया गया है कि

क्षुत्पिपासामलां ज्येष्ठामलक्ष्मीं नाशयाम्यहम्। अभूतिमसमृद्धिं च सर्वान्निर्णुद मे गृहात् यानी क्षुधा यानी भूखे रहना, पिपासा यानी प्यासे रहना, मलां यानी मलयुक्ता लक्ष्मी तथा ज्येष्ठा अलक्ष्मी नष्ट हों, अभूति, असमृद्धि ये सभी मेरे घर से निकल जायं। लक्ष्मी जी की उत्पत्ति समुद्र मन्थन से हुयी है ऐसा मिलता है। समुद्र मन्थन से चौदह रत्न निकले थें जिनमें से एक लक्ष्मी जी को बतलाया गया है। इनका विवाह श्रीमन्नारायण भगवान से हुआ है इसलिये लक्ष्मी जी सदैव नारायण भगवान के साथ रहती है इसलिये प्रायः सुना जाता है कि लक्ष्मी नारायण भगवान की जै।

3.6 पारिभाषिक शब्दावलियां-

हिरण्यवर्णां - सोने के रंग वाली, हरिणीं- दुख हरण करने वाली, सुवर्णरजतस्रजाम्- सोने एवं चांदी की माला वाली, हिरण्यमयीं- स्वर्ण से समन्वित, लक्ष्मीं- लक्ष्मी जी, जातवेद- अग्नि, म- मेरे लिये, आवह- आमन्त्रित करिये, मनपगामिनीम्- चंचला, यस्यां - जिसका, हिरण्य- स्वर्ण, विन्देयं - जाना जाता है, गामश्वं - गाय धोड़ा, अश्व- धोड़ा, हस्ति- हाथी, नाद - ध्वनि, श्रियं देवीं- लक्ष्मी देवी, उपह्वये - समीप में आवे, स्मितां- स्मित हास करने वाली, हिरण्यप्राकारा- हिरण्य के आकार की, आर्द्रां- द्रवित हृदय वाली, ज्वलन्तीं- जाज्वल्यमान होती हुयी, तृप्ता- तृप्त रहने वाली, तर्पयन्तीम्- तर्पित की जाने वाली, पद्म- कमल, स्थिता- स्थित रहने वाली, पद्मवर्णा - कमल के रंग की, इह- यहां, उप- समीप, ह्वये- आवाहन करता हूँ , श्रियम्- लक्ष्मी के लिये, चन्द्रां प्रभासां- चनद्र के समान आभा वाली, यशसा- यश से, ज्वलन्तीं - प्रकाशमान, शरणं प्रपद्ये- शरण में अपने को समर्पित करता हूँ, अलक्ष्मीर्मे - मेरी अलक्ष्मी, नश्यतां - नष्ट करने के लिये, त्वां- आपका, वृणे- वरण करता हूँ, आदित्य वर्णे- सूर्य के समान वर्ण वाली, तपसो - ताप से, अधिजातो - उत्पन्न, वनस्पति- पौधा, तव - आपका, वृक्षोथविल्वः- विल्ववृक्ष, उसका- उसका, तपसा- गर्मी से, नुदन्तु- उत्पन्न होता है,
उपैतु - समीप, मां- मुझे, देवसख- देवताओं के सखा, कीर्ति- कीर्तियॉ, मणिना- मणियों, सह- साथ, प्रदुर्भूतोस्मि -उत्पन्न होती हो, राष्ट्रे स्मिन् - इस राष्ट्र में , कीर्ति- कीर्ति, ऋद्धि - धन, ददातु- दें, मे- मुझे, क्षुत्पिपासा - क्षुधा, प्यास, मलां - मल युक्ता, ज्येष्ठामलक्ष्मीं: अलक्ष्मी, नाश्याम्यहम्- उसका मैं नाश करता हूँ , अभूति- नही होना, असमृद्धिं - समृद्धि का अभाव, सर्वां - सभी, निर्णुद- निकल जांय, मे- मेरे, गृहात्- घर से, गन्धद्वारां - गन्ध द्वार यूक्त, दुराधर्षां - कठिन, नित्यपुष्टां- प्रतिदिन पुष्ट, करीषिणीम्- करने की इच्छा रखने वाली, ईश्वरीं सर्वभूतानां- सभी प्रणियों की ईश्वरी, तामिहोपह्वये श्रियम्- उस लक्ष्मी का यहां आवाहन करता हूँ। कर्दमेन - कींचड़ से उत्पन्न, श्रियं - लक्ष्मी का, वासय- वास हो, मे - मेरे, कुले -कुल में, मातरं - माता, पद्ममालिनीम्- कमल की माला धारण की हुयी, आपः- जल, सृजन्तु- निर्माण करें, स्निग्धानि- पंचदशर्चं - पन्द्रह ऋचाओं वाला सततं - हमेशा, जपेत्- जप करना चाहिये।

3.7अभ्यास प्रश्नों के उत्तर-

पूर्व में दिये गये सभी अभ्यास प्रश्नों के उत्तर यहां दिये जा रहे हैं। आप अपने से उन प्रश्नों को हल कर लिये होगें। अब आप इन उत्तरों से अपने उत्तरों का मिलान कर लीजिये। यदि गलत हो तो उसको सही करके पुनः तैयार कर लीजिये। इससे आप इस प्रकार के समस्त प्रश्नों का उत्तर सही तरीके से दे पायेगें।

3.3.1 के अभ्यास प्रश्नों के उत्तर-

1-क, 2-ख, 3-ग, 4-घ, 5-क, 6-ग, 7-ख, 8-घ, 9-ख, 10-ग।

3.3.2 के अभ्यास प्रश्नों के उत्तर-

1-क, 2-ख, 3-ग, 4-घ, 5-क, 6-ख, 7-ग, 8-घ, 9-क, 10-ग।

3.4.1 के अभ्यास प्रश्नों के उत्तर-

1-क, 2-ख, 3-ग, 4-घ, 5-क, 6-ख, 7-ग, 8-घ, 9-घ, 10-ख।

3.4.2 के अभ्यास प्रश्नों के उत्तर-

1-क, 2-ख, 3-ग, 4-घ, 5-क, 6-ख, 7-ग, 8-घ, 9-ख, 10-ग ।

3.4.3 के अभ्यास प्रश्नों के उत्तर-

1-क, 2-ख, 3-ग, 4-घ, 5-क, 6-ख, 7-ख, 8-ग, 9-घ, 10-क।

3.8 सन्दर्भ ग्रन्थ सूची-

1-आरती संग्रह।

2-क्यों-भाग-1

3-क्यों- भाग-2।

4-शब्दकल्पद्रुमः।

5-आह्निक सूत्रावलिः।

6-प्रतिष्ठा मयूख।

7-पूजन- विधान।

8-संस्कार एवं शान्ति का रहस्य।

3.9- सहायक उपयोगी पाठ्य सामग्री-

1- दैनिक आरती स्तुति एवं स्तोत्र।

2- स्तोत्ररत्नावलिः।

3- श्री लक्ष्मी उपासना।

3.10 निबंधात्मक प्रश्न-

1- श्री लक्ष्मी जी का परिचय बतलाइये।

2- श्री लक्ष्मी जी का स्वरूप बतलाइये।

3- श्री सूक्त का परिचय लिखिये।

4- लक्ष्मी सूक्त नामक सूक्त लिखिये।

5- महालक्ष्म्यष्टक स्तोत्र लिखिये।

6- श्रीसूक्तम् लिखिये।

7- महालक्ष्म्यष्टक स्तोत्र पाठ का फल लिखिये।

8- लक्ष्मी जी की आरती लिखिये।

9- दुर्गा सप्तशती के अनुसार महालक्ष्मी का ध्यान लिखिये।

10- लक्ष्मी सूक्त पाठ का फल लिखिये।

इकाई 4 - श्री सत्यनारायण जी की आरती एवं स्तुति

इकाई की संरचना

4.1 प्रस्तावना

इस इकाई में श्री सत्यनारायण जी की आरती एवं स्तुति विचार संबंधी प्रविधियों का अध्ययन आप करने जा रहे हैं। इससे पूर्व की प्रविधियों का अध्ययन आपने कर लिया होगा। कर्मकाण्ड में धन की आदि शक्ति के रूप में पराम्बा भगवती लक्ष्मी को जाना गया है। लक्ष्मी जी सदैव भगवान श्री नारायण के पास रहती है इसलिये सत्य नारायण भगवान की उपासना से चारो पुरुषार्थ धर्म, अर्थ, काम एवं मोक्ष की प्राप्ति होती है।

सत्यं परं धीमहि कहते हुये श्री व्यास जी ने श्रीमद्भागवत महापुराण के प्रथम स्कन्ध के प्रथम अध्याय में सत्य नारायण भगवान की वन्दना की है। वहॉ प्रश्न उठता है कि मंगलाचरण में तो किसी देवता का नाम व्यास जी ने लिया ही नही। परन्तु ध्यान से देखने पर मिलता है कि सत्य की वन्दना व्यास जी के द्वारा की गयी है। वर्तमान में पूजा अर्चन में सबसे प्रसिद्ध है श्री सत्यनारायण व्रत कथा। क्योंकि एक बार नारद जी कलिकाल के जीवों के दुख को देखकर दुख मुक्ति का उपाय स्वयं श्री नारायण भगवान से ही पूछा था। भगवान बतलाया था कि श्री सत्यनारायण भगवान की कथा कलिकाल के दुखों से मुक्ति प्रदान करने वाली है। इसकी विशेषता यह है न्यून व्यय साध्य है। पत्रं पुष्पं फलं तोयं यानी जो उपलब्ध हो उसी से श्री सत्यनाराण की उपासना अत्यन्त आनन्द प्रदान करने वाली है।

इस इकाई के अध्ययन से आप श्री सत्यनारायण जी की आरती एवं स्तुति इत्यादि के विचार करने की विधि का सम्यक् ज्ञान प्राप्त कर सकेगें। इससे श्री सत्यनारायण जी की आरती एवं स्तुति आदि विषय के अज्ञान संबंधी दोषों का निवारण हो सकेगा जिससे सामान्य जन भी अपने कार्य क्षमता का भरपूर उपयोग कर समाज एवं राष्ट्र के निर्माण में महत्वपूर्ण योगदान दे सकेगें। आपके तत्संबंधी ज्ञान के कारण ऋषियों एवं महर्षियों का यह ज्ञान संरक्षित एवं सवंर्धित हो सकेगा। इसके अलावा आप अन्य योगदान दें सकेगें, जैसे - कल्पसूत्रीय विधि के अनुपालन का सार्थक प्रयास करना, भारत वर्ष के गौरव की अभिवृद्धि में सहायक होना, सामाजिक सहभागिता का विकास, इस विषय को वर्तमान समस्याओं के समाधान हेतु उपयोगी बनाना आदि।

4.2 उद्देश्य-

अब श्री सत्यनारायण जी की आरती एवं स्तुति विचार की आवश्यकता को आप समझ रहे होगें। इसका उद्देश्य भी इस प्रकार आप जान सकते हैं -

- ❖ कर्मकाण्ड को लोकोपकारक बनाना।
- ❖ श्री सत्यनारायण जी की आरती एवं स्तुति सम्पादनार्थ शास्त्रीय विधि का प्रतिपादन।
- ❖ सत्यनारायण पूजन के कर्मकाण्ड में व्याप्त अन्धविश्वास एवं भ्रान्तियों को दूर करना।
- ❖ प्राच्य विद्या की रक्षा करना।
- ❖ लोगों के कार्यक्षमता का विकास करना।

❖ समाज में व्याप्त कुरीतियों को दूर करना।

4.3. श्री सत्यनारायण जी का स्वरूप विचार एवं पुरुषसूक्त पाठ -

इसमें श्री सत्यनारायण जी का स्वरूप विचार एवं पुरुषसूक्त पाठ का ज्ञान आपको कराया जायेगा क्योकि बिना इसके परिचय के श्री सत्यनारायण जी का आधारभूत ज्ञान नही हो सकेगा। आधारभूत ज्ञान हो जाने पर श्रद्धा एवं समर्पण की भावना का उद्भव होता है। भावो हि विद्‌ते देवः के अनुसार भावना होने पर देवत्व को प्राप्त किया जा सकता है। इसलिये श्री सत्यनारायण जी का स्वरूप विचार एवं पुरुषसूक्त पाठ इस प्रकार है-

4.3.1 श्री सत्यनारायण जी का स्वरूप विचार-

व्यास जी महाराज ने कहा कि एक समय नैमिषारण्य नाम स्थान में शौनकादि ऋषियों ने परम पौराणिक श्री सूत जी से प्रश्न किया। ऋषियों ने कहा कि किस व्रत या तपस्या से वांच्छित फल की प्राप्ति हो सकती है? उन सारी चीजों की सुनने की इच्छा है। कृपाकर आप कहें। श्री सूत जी ने कहा कि नारद जी ने भी भगवान कमलापति नारायण भगवान से इस प्रकार का प्रश्न किया था। हे ऋषिगणों उस समय भगवान ने जो कहा था उसी को यदि आपलोग भी सुन लेगें तो आपके भी प्रश्नों का उत्तर उसी से मिल जायेगा।

एक बार नारद ऋषि लोगों के ऊपर कृपा की आकांक्षा से विविध लोकों में भ्रमण करते हुये मृत्यु लोक में आये। वहां उन्होने सभी जनों को विभिन्न प्रकार के कष्टों से समन्वित पाया। विभिन्न प्रकार के योनियों में उत्पन्न होकर पापकर्मों के फलों को भोगते हुये भी देखा। उन्होनें सोचा कि कौन सा ऐसा उपाय किया जाय जिससे इन लोगों के दुख दूर हो जाय। बार - बार चिन्तन करने पर भी कोई उपाय न पाकर भगवान श्री विष्णु के लोक में गये। वहॉ पर भगवान के स्वरूप का इस प्रकार दर्शन किया। भगवान श्री नारायण शुक्ल वर्ण के वस्त्रों को धारण किये हुये हैं। इनको चार भुजायें हैं, जिनमें शंख, चक्र, गदा, और पद्म धारण किये हुये है। कण्ठ में भगवान वनमाला धारण किये हुये है। वनमाला की व्याख्या में लिखा गया है कि- तुलसी, कुन्द, मन्दार पारिजातश्चचम्पकैः, पंचभिर्ग्रथिता माला वनमाला विभूषिता। तुलसी, कुन्द, मन्दार, पारिजात एवं चम्पक के पुष्प से निर्मित माला को वनमाला कहा जाता है। ऐसा दिव्य स्वरूप देखकर नारद भगवान श्री नारायण की स्तुति करने लगे। नारद जी ने कहा-

नमो वांग्मनसातीत रूपायानन्तशक्तये। आदि मध्यान्तहीनाय निर्गुणाय गुणात्मने ।।

अर्थात् वाणी एवं मनस से परे स्वरूप वाले, अनन्त स्वरूप एवं शक्ति वाले, आदि, मध्य एवं अन्त से हीन, निर्गुण रूप सकल गुणों के धाम आपको प्रणाम है। भगवान के स्वरूप का वर्णन करते हुये कहा गया है कि-

सशंखचक्रं सकिरीटकुण्डलं सपीतवस्त्रं सरसीरुहेक्षणं।
सहारवक्षस्थलकौस्तुभश्रियं नमामि विष्णुं शिरसा चतुर्भुजम्।

अर्थात् भगवान श्री नारायण शंख एवं चक्र धारण किये रहते हैं। किरीट यानी मुकुट और कण्डल तो कान में धारण किया जाता है उसको धारण किये रहते हैं। पीताम्बर वाला वस्त्र धारण किये हुये हैं। कमल के समान भगवान की आंखें हैं। हार यानी माला सहित वक्षस्थल सुशोभित हो रहा है। कौस्तुभ मणि सहित भगवान लक्ष्मी जी के साथ विराजमान है ऐसे चार भुजा धारी भगवान श्री विष्णु को शिर से प्रणाम करता हूँ। श्री लक्ष्मीनृसिंह स्तोत्र में भगवान श्री नारायण के स्वरूप का वर्णन करते हुये कहा गया है कि-

हे अति शोभायमान क्षीरसमुद्र में निवास करने वाले, हाथ में चक्र धारण करने वाले, नागनाथ के फणों की मणियों से देदीप्यमान मनोहर मूर्ति वाले, हे योगीश संसार सागर के लिये नौका स्वरूप आप अपने चरण कमल का सहारा दीजिये। आपके अमल चरण कमल ब्रह्मा, इन्द्र, रुद्र, आदि के किरीटों की कोटियों के समूह से अति देदीप्यमान हो रहे है। हे लक्ष्मी के कुच कमल के राजहंस श्री लक्ष्मी नृसिंह मुझे अपने कर कमल का सहारा दीजिये।

ध्येयः सदा सवितृ मण्डल मध्यवर्ति
नारायणः सरसिजासन सन्निविष्टः।
केयूरवान् मकर कुण्डलवान् किरीटी,
हारी हिरण्मय वपुर्धृत शंखचक्रः॥

इस श्लोक में भगवान के सूर्य समान स्वरूप की वन्दना की गयी है। भगवान नारायण कमल के आसन पर सन्निविष्ट है। केयूर एवं कुण्डल धारण किये हुये मुकुट वाले तथा स्वर्ण के समान देदीप्यमान शरीर वाले शंख एवं चक्र को धारण करने वाले, सदैव हार धारण करने वाले आपका मैं सदा ध्यान करता हूँ।

इस प्रकार अनेक स्तोत्रों में भगवान नारायण के स्वरूप का वर्णन किया गया है। वेद तो कहता है नारायण रूपी जो पुरुष है वह सहस्रों यानी हजारों शिरों वाला है, सहस्रों आंखों वाला, सहस्रों पैरों वाला, भूमि पर सम्पूर्ण रूप से व्याप्त है, परन्तु दस अंगुल मे बैठा हुआ है। वह सब कुछ जानता है यानी भूतं जो हो चुका और जो होने वाला है। अमृत का भी स्वामी है और अन्नों में भी वास करता है।

इस प्रकार भगवान श्री सत्यनारायण जी के स्वरूप के विषय में आपने इस प्रकरण में विस्तार से जाना। आशा है इसके बारे में जानकारी हो गयी होगी। अब हम इसको आधार बनाकर कुछ प्रश्न बनाने जा रहे हैं जिससे आपका ज्ञान इस विषय में और प्रौढ़ हो जायेगा। इसमें प्रश्नों या संबंधित

शब्दों को दिया गया है जिसके आगे दिये गये रिक्त स्थान को दिये गये विकल्पों से प्रपूरित करना है। प्रश्न अधोलिखित है-

अभ्यास प्रश्न-

उपरोक्त विषय को पढ़कर आप अधोलिखित प्रश्नों का उत्तर दे सकते हैं। अधोलिखित प्रश्न बहु विकल्पीय है। प्रत्येक प्रश्नों में दिये गये चार विकल्पों में से कोई एक ही सही है, जिसका चयन आपको करना है-

प्रश्न 1- नमो वांग्............तीत रूपायानन्तशक्तये।

क- वांग्, ख- मनसा, ग- रूपा, घ- आदि।

प्रश्न 2- .... मध्यान्तहीनाय निर्गुणाय गुणात्मने।।

क- वांग्, ख- मनसा, ग- रूपा, घ- आदि।

प्रश्न 3- सशंखचक्रं .... सपीतवस्त्रं सरसीरुहेक्षणं।

क- सशंखचक्रं, ख- सकिरीटकुण्डलं, ग- सपीतवस्त्रं, घ- सरसीरुहेक्षणं।

प्रश्न 4- सहारवक्षस्थलकौस्तुभश्रियं नमामि .... शिरसा चतुर्भुजम्।

क-सहारवक्षस्थलकौस्तुभश्रियं, ख- नमामि, ग- विष्णुं, घ- शिरसा ।

प्रश्न 5- ध्येयः सदा सवितृ .... मध्यवर्ति।

क- मण्डल, ख- सरसिजासन्, ग- मकर, घ- हिरण्मय।

प्रश्न 6- नारायणः .... सन्निविष्टः।

क- मण्डल, ख- सरसिजासन्, ग- मकर, घ- हिरण्मय।

प्रश्न 7- केयूरवान् ....कुण्डलवान् किरीटी।

क- मण्डल, ख- सरसिजासन्, ग- मकर, घ- हिरण्मय।

प्रश्न 8- हारी .... वपुर्धृत शंखचक्रः।।

क- मण्डल, ख- सरसिजासन्, ग- मकर, घ- हिरण्मय।

प्रश्न 9- भगवान का नेत्र किस पुष्प के समान है?

क- कमल, ख- गेंदा, ग- चमेली, ध-चम्पा।

प्रश्न 10- किरीट शब्द का अर्थ क्या है?

क- कीट, ख- कुण्डल, ग- मुकुट, ध- कूट।

4.3.2 श्री सत्यनारायण भगवान की प्रसन्नता हेतु पुरुष सूक्त पाठ-

ओं सहस्रशीर्षा पुरुषः सहस्राक्षः सहस्रपात्।
स भूमि गुं सर्वतस्पृत्वात्यतिष्ठद्दशांगुलम्।।
पुरुष एवेद गुं सर्वं यद्भूतं यच्च भाव्यम्।
उतामृतत्वस्येशानो यदन्नेनातिरोहति।।
एतावानस्य महिमातो ज्यायांश्च पूरुषः।
पादोस्य व्विश्वा भूतानि त्रिपादस्यामृतं दिवि।।
त्रिपादूर्ध्व उदैत्पुरुषः पादो स्येहा भवत्पुनः।
ततो विष्वंग् व्यक्रामत्साशनानशने अभि।
ततो व्विराडजायतव्विराजो अधिपूरुषः।
सजातो अत्यरिच्यतपश्चाद् भूमिमथोपुरः।
तस्माद्यज्ञात्सर्वहुतः सम्भृतं पृषदाज्यम्।
पशूस्तांश्चक्रे व्वायव्यानारण्या ग्राम्याश्च ये।
तस्माद्यज्ञात्सर्वहुत ऋचः सामानि जज्ञिरे।
छन्दा गुं सि जज्ञिरे तस्माद्यजुस्तस्मादजायत।
तस्मादश्वा अजायन्त ये के चोभयादतः।
गावो ह जज्ञिरे तस्मात्तस्माज्जाता अजावयः।
तं यज्ञं बर्हिषि प्रौक्षन्पुरुषं जातमग्रतः।
तेन देवा अयजन्त साद्ध्या ऋषयश्च ये।
यत्पुरुषं व्यदधुः कतिधा व्यकल्पयन्।
मुखं किमस्या सीत्किं बाहू किमूरु पादा उच्येते।
ब्राह्मणोस्य मुखमासीद् बाहू राजन्यः कृतः।

उूरु तदस्य यद्वैश्यः पद्भ्यां गुं शूद्रो अजायत।

चन्द्रमा मनसो जातश्चक्षोः सूर्यो अजायत।

श्रोत्राद्वायुश्च प्राणश्चमुखादग्निरजायत।

नाभ्या आसीदन्तरिक्ष गुं शीष्णोद्यौः समवर्तत।

पद्भ्यां भूमिर्दिशः श्रोत्रात्तथा लोकान् अकल्पयन्।

यत्पुरुषेण हविषा देवा यज्ञमतन्वत।

व्वसन्तो अस्यासीदाज्ज्यं ग्रीष्म इध्मः शरद्धविः।

सप्तास्यासन्परिधयस्त्रिः सप्तसमिधः कृताः।

देवा यद्यज्ञं तन्वाना अबध्नन्पुरुषं पशुम्।

यज्ञेन यज्ञमयजन्त देवास्तानि धर्म्माणि प्रथमान्यासन्।

ते ह नाकं महिमानः सचन्त यत्र पूर्वे साद्ध्याः सन्ति देवाः ।।

इस प्रकार भगवान श्री सत्यनारायण जी की प्रसन्नता के लिये पुरुष सूक्त के विषय में आपने इस प्रकरण में विस्तार से जाना। आशा है इसके बारे में जानकारी हो गयी होगी। अब हम इसको आधार बनाकर कुछ प्रश्न बनाने जा रहे हैं जिससे आपका ज्ञान इस विषय में और प्रौढ़ हो जायेगा। इसमें प्रश्नों या संबंधित शब्दों को दिया गया है जिसके आगे दिये गये रिक्त स्थान को दिये गये विकल्पों से प्रपूरित करना है। प्रश्न अधोलिखित है-

अभ्यास प्रश्न-

उपरोक्त विषय को पढ़कर आप अधोलिखित प्रश्नों का उत्तर दे सकते हैं। अधोलिखित प्रश्न बहु विकल्पीय है। प्रत्येक प्रश्नों में दिये गये चार विकल्पों में से कोई एक ही सही है, जिसका चयन आपको करना है-

प्रश्न 1- ओं सहस्रशीर्षा पुरुषः .... सहस्रपात्।

स भूमि गुं सर्वतस्पृत्वात्यतिष्ठद्दशांगुलम्।।

क- सहस्राक्षः, ख- यद्भूतं, ग- महिमातो, घ- उदैत्पुरुषः।

प्रश्न 2- पुरुष एवेद गुं सर्वं .... यच्च भाव्यम्।

उतामृतत्वस्येशानो यदन्नेनातिरोहति।।

क- सहस्राक्षः, ख- यद्भूतं, ग- महिमातो, घ- उदैत्पुरुषः।

प्रश्न 3- एतावानस्य .... ज्यायांश्च पूरुषः।

पादोस्य व्विश्वा भूतानि त्रिपादस्यामृतं दिवि।।

क- सहस्राक्षः, ख- यद्भूतं, ग- महिमातो, घ- उदैत्पुरुषः।

प्रश्न 4- त्रिपादूर्ध्व .... पादो स्येहा भवत्पुनः।

ततो विष्वंग् व्यक्रामत्साशनानशने अभि।।

क- सहस्राक्षः, ख- यद्भूतं, ग- महिमातो, घ- उदैत्पुरुषः।

प्रश्न 5- ततो व्विराडजायतव्विराजो ....।

सजातो अत्यरिच्यतपश्चाद् भूमिमथोपुरः।।

क- अधिपूरुषः, ख- सम्भृतं, ग- सामानि, घ- अजायन्त।

प्रश्न 6- तस्माद्यज्ञात्सर्वहुतः .... पृषदाज्यम्।

पशूस्तांश्चक्रे व्वायव्यानारण्या ग्राम्याश्च ये।

क- अधिपूरुषः, ख- सम्भृतं, ग- सामानि, घ- अजायन्त।

प्रश्न 7- तस्माद्यज्ञात्सर्वहुत ऋचः ....जज्ञिरे।

छन्दा गुं सि जज्ञिरे तस्माद्यजुस्तस्मादजायत।

क- अधिपूरुषः, ख- सम्भृतं, ग- सामानि, घ- अजायन्त।

प्रश्न 8- तस्मादश्वा .... ये के चोभयादतः।

गावो ह जज्ञिरे तस्मात्तस्माज्जाता अजावयः।

क- अधिपूरुषः, ख- सम्भृतं, ग- सामानि, घ- अजायन्त।

प्रश्न 9- तं यज्ञं .... प्रौक्षन्पुरुषं जातमग्रतः।

तेन देवा अयजन्त साद्ध्या ऋषयश्च ये।

क- अधिपूरुषः, ख- बर्हिषि ग- सामानि, घ- अजायन्त।

प्रश्न 10- यत्पुरुषं व्यदधुः .... व्यकल्पयन्।

मुखं किमस्या सीत्किं बाहू किमूरु पादा उच्येते।

क- अधिपूरुषः, ख- कतिधा, ग- सामानि, घ- अजायन्त।

इस प्रकार आपने श्री सत्यनारायण भगवान के स्वरूप एवं पुरुषसूक्त के बारे में जाना। अब हम श्री सत्यनारायण भगवान के स्तोत्र पाठ एवं आरती के विषय में अगले प्रकरण में चर्चा करने जा रहे हैं जो इस प्रकार है-

4.4.- श्री सत्यनारायण स्तोत्र एवं आरती

इस प्रकरण में श्री सत्यनारायण स्तोत्रों के बारे में एवं आरती के बारे में चर्चा करेगें। सर्व प्रथम श्री सत्यनारायणाष्टक इस प्रकार दिया जा रहा है-

4.4.1 श्रीसत्यनारायणाष्टकस्तोत्रम्-

आदिदेवं जगत्कारणं श्रीधरं, लोकनाथं विभुं व्यापकं शंकरम्।

सर्वभक्तेष्टदं मुक्तिदं माधवं, सत्यनारायणं विष्णुमीशं भजे।।
सर्वदा लोककल्याणपारायणं , देवगोविप्ररक्षार्थसद्विग्रहम्।
दीनहीनात्मभक्ताश्रयं सुन्दरम् , सत्यनारायणं विष्णुमीशं भजे।।
दक्षिणे यस्य गंगा शुभा शोभते, राजते सा रमा यस्य वामे सदा।
यः प्रसन्नाननो भाति भव्यश्च तं, सत्यनारायणं विष्णुमीशं भजे।।
संकटे संगरे यं जनः सर्वदा, स्वात्मभीनाशनाय स्मरेत् पीडितः।
पूर्णकृत्यो भवेत् यत्प्रसादच्च तम्, सत्यनारायणं विष्णुमीशं भजे।।
वांछितं दुर्लभं यो ददाति प्रभुः, साधवे स्वात्मभक्ताय भक्तिप्रियः।
सर्वभूताश्रयं तं हि विश्वम्भरं , सत्यनारायणं विष्णुमीशं भजे।।
ब्राह्मणः साधुवैश्यश्च तुंगध्वजो, ये भवन् विश्रुता यस्य भक्त्यामराः।
लीलया यस्य विश्वं ततं तं विभुं, सत्यनारायणं विष्णुमीशं भजे।
येनचा ब्रह्मबालतृणं धार्यते , सृज्यते पाल्यते सर्वमेतज्जगत्।
भक्तभावप्रियं श्रीदयासागरं, सत्यनारायणं विष्णुमीशं भजे।
सर्वकामप्रदं सर्वदा सत्प्रियं, वन्दितं देववृन्दैर्मुनीन्द्रार्चितम्।
पुत्रपौत्रादिसर्वेष्टदं शास्वतं , सत्यनारायणं विष्णुमीशं भजे।।
अष्टकं सत्यदेवस्य भक्त्या नरः, भावयुक्तो मुदा यस्त्रिसन्ध्यं पठेत्।
तस्य नश्यन्ति पापानि तेनाग्निना, इन्धनानीव शुष्काणि सर्वाणि वै।।

।। इति श्री सत्यनारायणाष्टकम्।।

इस प्रकार भगवान श्री सत्यनारायण जी की प्रसन्नता के लिये सत्यनारायणाष्टक के विषय में आपने इस प्रकरण में विस्तार से जाना । आशा है इसके बारे में जानकारी हो गयी होगी। अब हम इसको आधार बनाकर कुछ प्रश्न बनाने जा रहे हैं जिससे आपका ज्ञान इस विषय में और प्रौढ़ हो जायेगा। इसमें प्रश्नों या संबंधित शब्दों को दिया गया है जिसके आगे दिये गये रिक्त स्थान को दिये गये विकल्पों से प्रपूरित करना है। प्रश्न अधोलिखित है-

अभ्यास प्रश्न-

उपरोक्त विषय को पढ़कर आप अधोलिखित प्रश्नों का उत्तर दे सकते हैं। अधोलिखित प्रश्न बहु विकल्पीय है। प्रत्येक प्रश्नों में दिये गये चार विकल्पों में से कोई एक ही सही है, जिसका चयन आपको करना है-

प्रश्न 1- आदिदेवं जगत्कारणं ...., लोकनाथं विभुं व्यापकं शंकरम्।

सर्वभक्तेष्टदं मुक्तिदं माधवं, सत्यनारायणं विष्णुमीशं भजे।।

क- श्रीधरं, ख- सुन्दरम्, ग- शुभा, ध- संगरे।

प्रश्न 2- सर्वदा लोककल्याणपारायणं , देवगोविप्ररक्षार्थसद्विग्रहम्।

दीनहीनात्मभक्ताश्रयं .... , सत्यनारायणं विष्णुमीशं भजे।।

क- श्रीधरं, ख- सुन्दरम्, ग- शुभा, ध- संगरे।

प्रश्न 3- दक्षिणे यस्य गंगा .... शोभते, राजते सा रमा यस्य वामे सदा।

यः प्रसन्नाननो भाति भव्यश्च तं, सत्यनारायणं विष्णुमीशं भजे।।

क- श्रीधरं, ख- सुन्दरम्, ग- शुभा, ध- संगरे।

प्रश्न 4- संकटे ....यं जनः सर्वदा, स्वात्मभीनाशनाय स्मरेत् पीडितः।

पूर्णकृत्यो भवेत् यत्प्रसादच्च तम्, सत्यनारायणं विष्णुमीशं भजे।।

क- श्रीधरं, ख- सुन्दरम्, ग- शुभा, ध- संगरे।

प्रश्न 5- वांछितं दुर्लभं यो ददाति प्रभुः, साधवे .... भक्तिप्रियः।

सर्वभूताश्रयं तं हि विश्वम्भरं , सत्यनारायणं विष्णुमीशं भजे।।

क- स्वात्मभक्ताय, ख- तुंगध्वजो, ग-पाल्यते, घ- सर्वकामप्रदं।

प्रश्न 6- ब्राह्मणः साधुवैश्यश्च ...., ये भवन् विश्रुता यस्य भक्त्यामराः।

लीलया यस्य विश्वं ततं तं विभुं, सत्यनारायणं विष्णुमीशं भजे।

क- स्वात्मभक्ताय, ख- तुंगध्वजो, ग-पाल्यते, घ- सर्वकामप्रदं।

प्रश्न 7- येनचा ब्रह्मबालतृणं धार्यते , सृज्यते .... सर्वमेतज्जगत्।

भक्तभावप्रियं श्रीदयासागरं, सत्यनारायणं विष्णुमीशं भजे।

क- स्वात्मभक्ताय, ख- तुंगध्वजो, ग-पाल्यते, घ- सर्वकामप्रदं।

प्रश्न 8- .. .. सर्वदा सत्प्रियं, वन्दितं देववृन्दैर्मुनीन्द्रार्चितम्।

पुत्रपौत्रादिसर्वेष्टदं शास्वतं , सत्यनारायणं विष्णुमीशं भजे।।

क- स्वात्मभक्ताय, ख- तुंगध्वजो, ग-पाल्यते, घ- सर्वकामप्रदं।

प्रश्न 9- अष्टकं सत्यदेवस्य भक्त्या नरः, ... मुदा यस्त्रिसन्ध्यं पठेत्।

क- स्वात्मभक्ताय, ख- भावयुक्तो, ग-पाल्यते, घ- सर्वकामप्रदं।

प्रश्न 10- तस्य नश्यन्ति पापानि ...., इन्धनानीव शुष्काणि सर्वाणि वै।।

क- स्वात्मभक्ताय, ख- तुंगध्वजो, ग-तेनाग्निना, घ- सर्वकामप्रदं।

इस प्रकार आपने श्री सत्यनारायणाष्टक को जाना। अब श्रीनारायणाष्टक स्तोत्र को लिखा जा रहा है।

4.4.1 श्रीनारायणाष्टकम्-

वात्सल्यादभयप्रदानसमयादार्तार्तिनिर्वापणा-

दौदार्यादघशोषणादगणित श्रेयः पदप्रापणात्।

सेव्यः श्रीपतिरेक एव जगतामेते भवन्साक्षिणः।

प्रह्लादश्च विभीषणश्च करिराट् पांचाल्यहल्या ध्रुवः।

प्रह्लादास्ति यदीश्वरो वद हरिः सर्वत्र मे दर्शय।

स्तम्भे चैवमिति ब्रुवन्तमसुरं तत्राविरासीद्धरिः।

वक्षस्तस्य विदारयन्निजनखैर्वात्सल्यमापादय-

न्नार्तत्राणपरायणः स भगवान्नारायणो मे गतिः।।

श्रीरामात्रविभीषणो अयमनघो रक्षोभयादागतः।

सुग्रीवानय पालयैनमधुना पौलस्त्यमेवागतम्।

इत्युक्त्वाभयमस्य सर्वविदितं यो राघवो दत्तवान्।

आर्तत्राणपरायणः स भगवान्नारायणो मे गतिः।।

नक्रग्रस्तपदं समुद्धतकरं ब्रह्मादयो भो सुराः।

पाल्यन्तामिति दीनवाक्यकरिणं देवेष्वशक्तेषु यः।

मा भैषीरिति यस्य नक्रहनने चक्रायुधः श्रीधरः।

आर्तत्राणपरायणः स भगवान्नारायणो मे गतिः।।

भो कृष्णाच्युत भो कृपालय हरे भो पाण्डवानां सखे।

क्वासि क्वासि सुयोधनादपहृतां भो रक्ष मामातुराम्।

इत्युक्तोक्षयवस्त्रसंभृततनुं यो अपालयद्द्रोपदीम्।

आर्तत्राणपरायणः स भगवान्नारायणो मे गतिः।।

यत्पादाब्जनखोदकं त्रिजगतां पापौघविध्वंसनं।

यन्नामामृतपूरकं च पिबतां संसारसंतारकम्।

पाषाणोपि यदंघ्रिपद्मरजसा शापान्मुनेर्मोचित।

आर्तत्राणपरायणः स भगवान्नारायणो मे गतिः।।

पित्राभ्रातरमुत्तमासनगतं चौत्तानपादि ध्रुवो।

दृष्ट्वा तत्सममारुरुक्षुरधृतो मात्रावमानं गतः।

यं गत्वा शरणं यदाप तपसा हेमाद्रि सिंहासनम्।

आर्तत्राणपरायणः स भगवान्नारायणो मे गतिः।।

आर्ता विष्ण्णाः शिथिलाश्चभीता

घोरेषु च व्याधिषु वर्त्तमानाः।

संकीर्त्य नारायणशब्दमात्रं,

विमुक्तदुःखाः सुखिनो भवन्ति।।

।। इति श्रीनारायणाष्टकम् ।।

इस प्रकार भगवान श्री सत्यनारायण जी की प्रसन्नता के लिये श्रीनारायणाष्टक के विषय में आपने इस प्रकरण में विस्तार से जाना । आशा है इसके बारे में जानकारी हो गयी होगी। अब हम इसको आधार बनाकर कुछ प्रश्न बनाने जा रहे हैं जिससे आपका ज्ञान इस विषय में और प्रौढ़ हो जायेगा। इसमें प्रश्नों या संबंधित शब्दों को दिया गया है जिसके आगे दिये गये रिक्त स्थान को दिये गये विकल्पों से प्रपूरित करना है। प्रश्न अधोलिखित है-

अभ्यास प्रश्न-

उपरोक्त विषय को पढ़कर आप अधोलिखित प्रश्नों का उत्तर दे सकते हैं। अधोलिखित प्रश्न बहु विकल्पीय है। प्रत्येक प्रश्नों में दिये गये चार विकल्पों में से कोई एक ही सही है, जिसका चयन आपको करना है-

प्रश्न 1- वात्सल्यादभयप्रदानसमयादार्तार्तिनिर्वापणा-

दौदार्यादघशोषणादगणित ....पदप्रापणात्।

क- श्रेयः, ख- सेव्यः, ग- वद हरिः, घ- वक्षस्तस्य

प्रश्न 2- .... श्रीपतिरेक एव जगतामेते भवन्साक्षिणः।

प्रह्लादश्च विभीषणश्च करिराट् पांचाल्यहल्या ध्रुवः।

क- श्रेयः, ख- सेव्यः, ग- वद हरिः, घ- वक्षस्तस्य

प्रश्न 3- प्रह्लादास्ति यदीश्वरो .... सर्वत्र मे दर्शय।

स्तम्भे चैवमिति बुरवन्तमसुरं तत्राविरासीद्धरिः।

क- श्रेयः, ख- सेव्यः, ग- वद हरिः, घ- वक्षस्तस्य।

प्रश्न 4- .... विदारयन्निजनखैर्वात्सल्यमापादय-

न्नार्तत्राणपरायणः स भगवान्नारायणो मे गतिः।।

क- श्रेयः, ख- सेव्यः, ग- वद हरिः, घ- वक्षस्तस्य।

प्रश्न 5- श्रीरामात्रविभीषणो अयमनघो रक्षोभयादागतः।

.... पालयैनमधुना पौलस्त्यमेवागतम्।

क- सुग्रीवानय, ख- राघवो, ग- गतिः, घ- ब्रह्मादयो।

प्रश्न 6- इत्युक्त्वाभयमस्य सर्वविदितं यो .... दत्तवान्।

क- सुग्रीवानय, ख- राघवो, ग- गतिः, घ- ब्रह्मादयो।

प्रश्न 7- आर्तत्राणपरायणः स भगवान्नारायणो मे ....।।

क- सुग्रीवानय, ख- राघवो, ग- गतिः, घ- ब्रह्मादयो।

प्रश्न 8- नक्रग्रस्तपदं समुद्धतकरं .... भो सुराः।

क- सुग्रीवानय, ख- राघवो, ग- गतिः, घ- ब्रह्मादयो।

प्रश्न 9-पाल्यन्तामिति .... देवेष्वशक्तेषु यः।

क- सुग्रीवानय, ख-दीनवाक्यकरिणं, ग- गतिः, घ- ब्रह्मादयो।

प्रश्न 10-यं गत्वा शरणं यदाप तपसा हेमाद्रि सिंहासनम्।

आर्तत्राणपरायणः स भगवान्नारायणो मे ....।।

क- सुग्रीवानय, ख-दीनवाक्यकरिणं, ग- गतिः, घ- ब्रह्मादयो।

4.4.2- श्री सत्यनारायण जी की आरती-

आरती में सर्व प्रथम चरणों की चार बार, नाभि की दो बार, मुख की एक बार एवं समस्त अंगों की सात बार आरती उतारना चाहिये। तत्पश्चात् शंख का जल छिड़कना चाहिये।

ओं जय लक्ष्मी रमणा, स्वामी जय लक्ष्मी रमणा।
सत्यनारायण स्वामी, जनपातक हरणा।। ओं जय लक्ष्मी रमणा।
रत्नजड़ित सिंहासन, अद्भुत छवि राजे।
नारद करत निराजन, धंटाधुनि बाजे।। ओ जय लक्ष्मी रमणा।
प्रकट भये कलिकारण, द्विज को दरश दियो।

बूढ़ो ब्राह्मण बनके, कंचन महल कियो। ओ जय लक्ष्मी रमणा

दुर्बल भील कठारो, श्रद्धा तज दीन्ही ।

सो फल भोग्यो प्रभु जी, पुनि स्तुति कीन्ही। ओं जय लक्ष्मी रमणा ।

भाव भक्ति के कारण, छिन-छिन रूप धर्यो ।

श्रद्धा धारण कीनी, जिनको काज सर्यो। ओं जय लक्ष्मी रमणा ।

ग्वाल बाल संग राजा, वन में भक्ति करी ।

मनवांछित फल दीनों, दीन दयाल हरी। ओं जय लक्ष्मी रमणा ।

चढ़त प्रसाद सवायो कदली फल मेवा ।

धूप दीप तुलसी से, राजी सत्यदेवा।। ओं जय लक्ष्मी रमणा ।

श्री सत्यनारायण जी की आरती, जो कोइ नर गावे ।

भणत शिवानन्द स्वामी, सुख सम्पति पावे। ओं जय लक्ष्मी रमणा ।।

इस प्रकार भगवान श्री सत्यनारायण जी की प्रसन्नता के लिये श्रीसत्यनारायणजी की आरती के विषय में आपने इस प्रकरण में विस्तार से जाना । आशा है इसके बारे में जानकारी हो गयी होगी। अब हम इसको आधार बनाकर कुछ प्रश्न बनाने जा रहे हैं जिससे आपका ज्ञान इस विषय में और प्रौढ़ हो जायेगा। इसमें प्रश्नों या संबंधित शब्दों को दिया गया है जिसके आगे दिये गये रिक्त स्थान को दिये गये विकल्पों से प्रपूरित करना है। प्रश्न अधोलिखित है-

अभ्यास प्रश्न-

उपरोक्त विषय को पढ़कर आप अधोलिखित प्रश्नों का उत्तर दे सकते हैं। अधोलिखित प्रश्न बहु विकल्पीय है। प्रत्येक प्रश्नों में दिये गये चार विकल्पों में से कोई एक ही सही है, जिसका चयन आपको करना है-

प्रश्न 1- ओं जय लक्ष्मी रमणा, स्वामी जय लक्ष्मी रमणा।

सत्यनारायण स्वामी, ... हरणा।। ओं जय लक्ष्मी रमणा।

क- जनपातक, ख- निराजन, ग- कलिकारण, घ-भोग्यो।

प्रश्न 2- रत्नजड़ित सिंहासन, अद्भुत छवि राजे।

नारद करत ...., धंटाधुनि बाजे।। ओ जय लक्ष्मी रमणा।

क- जनपातक, ख- निराजन, ग- कलिकारण, घ-भोग्यो।

प्रश्न 3- प्रकट भये ...., द्विज को दरश दियो।

बूढ़ो ब्राह्मण बनके, कंचन महल कियो। ओ जय लक्ष्मी रमणा

क- जनपातक, ख- निराजन, ग- कलिकारण, घ-भोग्यो।

प्रश्न 4- दुर्बल भील कठारो, श्रद्धा तज दीन्ही।

सो फल .... प्रभु जी, पुनि स्तुति कीन्ही। ओं जय लक्ष्मी रमणा।

क- जनपातक, ख- निराजन, ग- कलिकारण, घ-भोग्यो।

प्रश्न 5- भाव भक्ति के कारण, ... रूप धर्यो।

क- धारण, ख- छिन छिन, ग- भक्ति, घ-मनवांछित।

प्रश्न 6 -श्रद्धा .... कीनी, जिनको काज सर्यो। ओं जय लक्ष्मी रमणा।

क- धारण, ख- छिन छिन, ग- भक्ति, घ-मनवांछित।

प्रश्न 7- ग्वाल बाल संग राजा, वन में ....करी।

क- धारण, ख- छिन छिन, ग- भक्ति, घ-मनवांछित।

प्रश्न 8-................ फल दीनों, दीन दयाल हरी। ओं जय लक्ष्मी रमणा।

क- धारण, ख- छिन छिन, ग- भक्ति, घ-मनवांछित।

प्रश्न 9- चढ़त प्रसाद .... कदली फल मेवा।

क- सवायो, ख- छिन छिन, ग- भक्ति, घ-मनवांछित।

प्रश्न 10- धूप दीप तुलसी से, राजी ....।। ओं जय लक्ष्मी रमणा।

क- धारण, ख- छिन छिन, ग- सत्यदेवा, घ-मनवांछित।

4.5 सारांश-

इस इकाई में श्री सत्यनारायण जी की आरती एवं स्तुति विचार संबंधी प्रविधियों का अध्ययन आपने किया । श्री सत्यनारायण जी की आरती एवं स्तुति विचार के अभाव में पूर्णिमा आदि के

अवसर पर श्री सत्य नारायण व्रत कथा का आयोजन, विष्णु यज्ञादि अनुष्ठानों के अवसर पर पूजनादि का सम्पादन किसी भी व्यक्ति द्वारा ठीक ढंग से नही हो सकता है। क्योकि इसमें सत्यनारायण रूप श्री विष्णु जी की ही उपासना की जाती है।

सत्य नारायण भगवान की उपासना से चारो पुरुषार्थ धर्म, अर्थ, काम एवं मोक्ष की प्राप्ति होती है। सत्यं परं धीमहि कहते हुये श्री व्यास जी ने श्रीमद्भागवत महापुराण के प्रथम स्कन्ध के प्रथम अध्याय में सत्य नारायण भगवान की वन्दना की है। वहॉ प्रश्न उठता है कि मंगलाचरण में तो किसी देवता का नाम व्यास जी ने लिया ही नही। परन्तु ध्यान से देखने पर मिलता है कि सत्य की वन्दना व्यास जी के द्वारा की गयी है। वर्तमान में पूजा अर्चन में सबसे प्रसिद्ध है श्री सत्यनारायण व्रत कथा। क्योंकि एक बार नारद जी कलिकाल के जीवों के दुख को देखकर दुख मुक्ति का उपाय स्वयं श्री नारायण भगवान से ही पूछा था। भगवान बतलाया था कि श्री सत्यनारायण भगवान की कथा कलिकाल के दुखों से मुक्ति प्रदान करने वाली है। इसकी विशेषता यह है न्यून व्यय साध्य है। पत्रं पुष्पं फलं तोयं यानी जो उपलब्ध हो उसी से श्री सत्यनाराण की उपासना अत्यन्त आनन्द प्रदान करने वाली है।

भगवान श्री सत्यनारायण के स्वरूप का वर्णन करते हुये कहा गया है कि भगवान श्री नारायण शुक्ल वर्ण के वस्त्रों को धारण किये हुये हैं। इनको चार भुजायें हैं, जिनमें शंख, चक्र, गदा, और पद्म धारण किये हुये है। कण्ठ में भगवान वनमाला धारण किये हुये है। वनमाला की व्याख्या में लिखा गया है कि- तुलसी, कुन्द, मन्दार पारिजातश्चचम्पकैः, पंचभिर्ग्रथिता माला वनमाला विभूषिता। तुलसी, कुन्द, मन्दार, पारिजात एवं चम्पक के पुष्प से निर्मित माला को वनमाला कहा जाता है। ऐसा दिव्य स्वरूप देखकर नारद भगवान श्री नारायण की स्तुति करने लगे। नारद जी ने कहा- वाणी एवं मनस से परे स्वरूप वाले, अनन्त स्वरूप एवं शक्ति वाले, आदि, मध्य एवं अन्त से हीन, निर्गुण रूप सकल गुणों के धाम आपको प्रणाम है। भगवान के स्वरूप का वर्णन करते हुये कहा गया है कि- भगवान श्री नारायण शंख एवं चक्र धारण किये रहते है। किरीट यानी मुकुट और कुण्डल जो कान में धारण किया जाता है उसको धारण किये रहते है। पीताम्बर वाला वस्त्र धारण किये हुये है। कमल के समान भगवान की आंखें हैं। हार यानी माला सहित वक्षस्थल सुशोभित हो रहा है। कौस्तुभ मणि सहित भगवान लक्ष्मी जी के साथ विराजमान है ऐसे चार भुजा धारी भगवान श्री विष्णु को शिर से प्रणाम करता हूॅ।

4.6 पारिभाषिक शब्दावलियां-

सशंखचक्रं - शंख और चक्र सहित, सकिरीटकुण्डलं- मुकुट एवं कुण्डल सहित, सपीतवस्त्रं - पीला वस्त्र सहित, सरसीरुह- कमल, इक्षणं- आंखें, सहार- हार सहित, वक्षस्थल- हृदय स्थल, कौस्तुभ- कौस्तुभ नामक मणि, श्रियं - लक्ष्मी, नमामि - नमस्कार करता हूॅ, विष्णुं- श्री विष्णु भगवान को, शिरसा- शिर से, चतुर्भुजम्- चार भुजा वाले, नमो - नमस्कार, वांग्मनसातीत- वाणी एवं मन से परे, रूपाय- रूप के लिये, अनन्तशक्तये- अनन्त शक्ति के लिये, आदि- प्रारम्भ, मध्य- बीच, अन्तहीनाय-

अन्त न हो , निर्गुणाय- निगुण के लिये, गुणात्मने- गुण स्वरूप के लिये, आदिदेवं - सबसे प्रारम्भ के देव, जगत्कारणं - जगत् यानी संसार के कारण, श्रीधरं- श्री को धारण करने वाले, लोकनाथं- लोकों के स्वामी, व्यापकं - विस्तृत, शंकरम्- शान्ति करने वाले, सर्वभक्तेष्टदं - सभी प्रकार के भक्तों को इष्ट प्रदान करने वाले, मुक्तिदं - मुक्ति देने वाले, माधवं- मेरे स्वामी, लोककल्याणपारायणं- लो कल्याण में रत वाले, , देवगोविप्रक्षार्थसद्विग्रहम्- देवता, गौ, विप्र की रक्षा हेतु सद् विग्रह स्वरूप, दीनहीनात्मभक्ताश्रयं- दीन एव हीन भक्तों के आश्रय देने वाले, सुन्दरम्- सुन्दर स्वरूप वाले, राजते - विराजित है, सा- वह, रमा- लक्ष्मी, यस्य- जिसके, वामे- वाम भाग में, सदा- हमेशा, प्रसन्नाननो - प्रसन्न मुख वाला, भव्य- दिव्य, स्वात्मभीनाशनाय- अपने भय को विनष्ट करने के लिये, स्मरेत् - स्मरण करते है, पीडितः- पीड़ित लोग,पूर्णकृत्यो - कार्य पूर्ण हो जाता है, यत्- जिसके, प्रसादात्- प्रसाद से, वांछितं- इच्छानुसार, दुर्लभं - अप्राप्य, यो - जो, ददाति- देता है, साधवे - साधु जनों के लिये, स्वात्मभक्ताय- अपने भक्तों के लिये, भक्तिप्रियः- भक्ति प्रिय है जिसको, सर्वभूताश्रयं - सभी प्राणियों का आश्रय, विश्वम्भरं- विश्व का भरण पोषण करने वाला, लीलया- खेल से, यस्य -जिसका, विश्वं - विश्व को, विभुं- जानने वाला, येन- जिसके द्वारा, ब्रह्मबाल - ब्रह्म से बालक पर्यन्त, तृणं- तिनका के समान, धार्यते- धारण करता है, सृज्यते - सृजन करता है, पाल्यते- पालन करता है, भक्तभावप्रियं- भक्त का भाव प्रिय हो जिसको, श्रीदयासागरं- दया के श्रेष्ठ सागर, सर्वकामप्रदं - सभी कामनाओं को देने वाले, सर्वदा सत्प्रियं- हमेशा सत्य ही प्रिय हो जिसको, वन्दितं - वन्दना किये जाने वाले, देववृन्दैर्मुनीन्द्रार्चितम्- देव वृन्द एवं मुनीन्द्रों से पूजित, पुत्रपौत्रादिसर्वेष्टदं - पुत्र पौत्र सहित सभी प्रकार के अभीष्ट को प्रदान करने वाले, शास्वतं - सनातन, मुदा- प्रसन्न, यस्त्रिसन्ध्यं - तीनों सन्ध्याओं में, पठेत्- पढ़ना चाहिये, तस्य- उसके, नश्यन्ति- नष्ट होते हैं, पापानि- पाप, तेन- उसी प्रकार, अग्निना- अग्नि से, इन्धनानीव शुष्काणि सर्वाणि - सभी सूखा इन्धन जल जाता है।

4.7अभ्यास प्रश्नों के उत्तर-

पूर्व में दिये गये सभी अभ्यास प्रश्नों के उत्तर यहां दिये जा रहे हैं। आप अपने से उन प्रश्नों को हल कर लिये होगें। अब आप इन उत्तरों से अपने उत्तरों का मिलान कर लीजिये। यदि गलत हो तो उसको सही करके पुनः तैयार कर लीजिये। इससे आप इस प्रकार के समस्त प्रश्नों का उत्तर सही तरीके से दे पायेगें।

4.3.1 के अभ्यास प्रश्नों के उत्तर-

1-ख, 2-घ, 3-ख, 4-ग, 5-क, 6-ख, 7-ग, 8-घ, 9-क, 10-ग।

4.3.2 के अभ्यास प्रश्नों के उत्तर-

1-क, 2-ख, 3-ग, 4-घ, 5-क, 6-ख, 7-ग, 8-घ, 9-ख, 10-ख।

4.4.1 के अभ्यास प्रश्नों के उत्तर-

1-क, 2-ख, 3-ग, 4-घ, 5-क, 6-ख, 7-ग, 8-घ, 9-ख, 10-ग।

4.4.2 के अभ्यास प्रश्नों के उत्तर-

1-क, 2-ख, 3-ग, 4-घ, 5-क, 6-ख, 7-ग, 8-घ, 9-ख, 10-ग।

4.4.3 के अभ्यास प्रश्नों के उत्तर-

1-क, 2-ख, 3-ग, 4-घ, 5-ख, 6-क, 7-ग, 8-घ, 9-क, 10-ग।

4.8 सन्दर्भ ग्रन्थ सूची-

1-आरती संग्रह।
2-वृह्द स्तोत्र रत्नावलिः।
3-सत्यनारायण व्रत कथा।
4-शब्दकल्पद्रुमः।
5-आह्निक सूत्रावलिः।
6-नित्य कर्म पूजा प्रकाश।
7-पूजन- विधान।
8-संस्कार एवं शान्ति का रहस्य।

4.9- सहायक उपयोगी पाठ्य सामग्री-

1- दैनिक आरती स्तुति एवं स्तोत्र।
2- स्तोत्ररत्नावलिः।
3- श्री शुक्लयजुर्वेदरुद्राष्टाध्यायी।

4.10 निबंधात्मक प्रश्न-

1- श्री सत्यनारायण व्रत का परिचय बतलाइये।
2- श्री सत्यनारायण जी का स्वरूप बतलाइये।
3- पुरुष सूक्त का परिचय लिखिये।
4- नारायणाष्टक स्तोत्र लिखिये।
5- सत्यनारायणाष्टक स्तोत्र लिखिये।
6- पुरुषसूक्तम् लिखिये।
7- सत्यनारायणाष्टक स्तोत्र पाठ का फल लिखिये।
8- श्री सत्यनारायण जी की आरती लिखिये।
9- श्री नारायण भगवान का ध्यान लिखिये।
10- श्रीनारायणाष्टकस्तोत्र पाठ का फल लिखिये।

खण्ड - 4

कर्मकाण्ड प्रक्रियाओं की वैज्ञानिकता

इकाई – 1 पूजन में मांगलिक द्रव्यों की वैज्ञानिकता

इकाई की रूपरेखा

1.1 प्रस्तावना

प्रस्तुत इकाई बी0ए0के0के – 102 के चतुर्थ खण्ड की प्रथ इकाई 'पूजन में मांगलिक द्रव्यों की वैज्ञानिकता' शीर्षक से सम्बन्धित है। यद्यपि देखा जाए तो सम्पूर्ण कर्मकाण्ड ही वैज्ञानिक रूप में है, तथा उसमें उपयोग की जाने वाली सामग्रीयों का भी विज्ञान की दृष्टि से अपना महत्व है।

इससे पूर्व की इकाईयों में आपने विविध प्रकार के पूजन से सम्बन्धित इकाईयों का अध्ययन कर लिया है। यहॉ इस इकाई में पूजन में मांगलिक द्रव्य की सार्थकता का अध्ययन करेंगे।

मांगलिक शब्द का अर्थ ही होता है मंगल करने वाला या कल्याण करने वाला। इसी प्रकार पूजन में प्रयोग किये जाने वाले मांगलिक द्रव्य मंगलकारी के साथ अपनी वैज्ञानिकता को सिद्ध करते हैं। इस इकाई में हम तत्सम्बन्धित तथ्यों का अध्ययन करेंगे।

1.2 उद्देश्य

इस इकाई के अध्ययन के पश्चात् आप –

- ❖ पूजन विधि को समझा सकेंगे।
- ❖ पूजन में प्रयोगार्थ मांगलिक द्रव्य को बता सकेंगे।
- ❖ मांगलिक द्रव्य की वैज्ञानिकता को बता सकेंगे।
- ❖ पूजन से जुड़ी विधियों को समझा सकेंगे।
- ❖ मांगलिक द्रव्य की महत्ता को निरूपित कर सकेंगे।

1.3 पूजन परिचय

पूजा अथवा पूजन किसी भगवान को प्रसन्न करने हेतु हमारे द्वारा उनका अभिवादन होता है। पूजा दैनिक जीवन का शांतिपूर्ण तथा महत्वपूर्ण कार्य है। पूजन कर्म में आस्था प्रधान होता है। यहाँ भगवान को पुष्प आदि समर्पित किये जाते हैं जिनके लिये कई पुराणों से लिये गए श्लोकों का उपयोग किया जाता है। वैदिक श्लोकों का उपयोग किसी बड़े कार्य जैसे यज्ञ आदि की पूजा में ब्राह्मण द्वारा होता है। पूजन में प्रधान रूप से वेद के मन्त्रों का उपयोग किया जाता है, बाद में ऋषियों द्वारा लौकिक मन्त्रों का भी निर्माण किया गया। इस प्रकार वैदिक और लौकिक मन्त्रों से देवताओं का पूजन किया जाता है। सभी पूजन में सर्वप्रथम गणेश की पूजा की जाती है। आइये सर्वप्रथम पूजन के प्रकार को भी समझते है।

पूजन के मुख्य रूप से छ: प्रकार है—

पंचोपचार (5 प्रकार)

दशोपचार (10 प्रकार)

षोडशोपचार (16 प्रकार)

द्वात्रिंशोपचार (32 प्रकार)

चतु:षष्टि प्रकार (64 प्रकार)

एकोद्वात्रिंशोपचार (132 प्रकार)

पूजन योनिज पिण्डों का होता है। अत: दैनिक जीवन में जो मनुष्य अपने साथ उपयोग करता है, ठीक वैसे ही देवताओं को भी पूजन प्रक्रिया में अर्पित करता है, उसमें कहीं – कहीं भेद होता है। यथा मनुष्य आसन पर बैठता है, तो देवता को भी पूजन में आसन दिया जाता है। आसन का अर्थ बैठने वाले स्थान पर तत्सम्बन्धित तत्व से है। उसी क्रम में मनुष्य स्नान करता है, तो देवताओं को भी स्नानार्थ जल अर्पित करता है। स्नान का वैज्ञानिक कारण आप सभी जानते हैं। इसी प्रकार प्रत्येक कर्मों में समतुल्यता दिखलाई पड़ती है। यहॉ पूजन क्रम को समझिये -

स्नान - सर्वप्रथम स्वयं स्वच्छ जल से स्नान करें तथा एक काँस के पात्र में जल लावें ध्यान रहे बिना स्नान किये व्यक्तियों से स्पर्श न हो तथा पानी लाते समय चप्पल आदि न पहनें। और उसे भगवान के समक्ष रख दें।

पूजा की थाल - आचमनी पंचपात्र आदि एक थाली काँस अथवा ताँबे की हो उसमें रखें तथा साथ में पुष्प, अक्षत, बिल्वपत्र, धूप, दीप, नैवेद्य, चंदन आदि पूजा में उपयोगी वस्तुएँ रखें।

पवित्रीकरण - आसन में बैठ कर पवित्रीकरण करें, अपने तथा पूजन के थाल पर जल सिंचन करें तथा पवित्रीकरण श्लोक बोलें।

ध्यान - भगवान का ध्यान करें।

दैनिक पूजा उपक्रम - क्रम निम्नांकित हैं—

ध्यान

आवाहन

आसन

पाद्य

अर्घ्य

आचमनी

स्नान जल, दुग्ध, घृत, शर्करा, मधु, दधि, उष्ण जल या शीत जल (ऋतु अनुसार)

पंचामृत स्नान दुग्ध, दधि, घृत (घी), मधु, शर्करा एवं गंगाजल को एक साथ मिलाकर उससे स्नान करावें।

शुद्धोदकस्नान शुद्ध जल से स्नान।

वस्त्र

चंदन

यज्ञोपवीत (जनेऊ)

पुष्प

दुर्वा गणेश जी में दूबी अर्पित करें।

तुलसी विष्णु में तुलसी।

शमी शमीपत्र।

अक्षत शिव में श्वेत अक्षत, देवी में रक्त (लाल) अक्षत, अन्य में पीत (पीला) अक्षत।

सुगंधिद्रव्य इत्र।

धूप

दीप

नैवेद्य प्रसाद।

ताम्बूल पान।

पुष्पाञ्जलि।

मंत्र पुष्पांजलि।

प्रार्थना।

1.4 पूजन में प्रयुक्त मांगलिक द्रव्यों की वैज्ञानिकता –

वस्तुत: पूजन में प्रयुक्त समस्त द्रव्य मांगलिक ही है अर्थात् मंगल को देने वाले है। उनकी वैज्ञानिकता स्वयंसिद्ध है। मांगलिक द्रव्यों के अन्तर्गत स्वस्तिक, तिलक, अभिषेक, अक्षत, हरिद्रा, गंगाजल, पंचामृत (दूध, दही, घी, शहद, गंगाजल) यज्ञोपवीत, चंदन, सुगंधित द्रव्य, दीप, नैवेद्य, धूप, ताम्बूल आदि।

भारतीय संस्कृति में वैदिक काल से ही स्वस्तिक को विशेष महत्त्व प्रदान किया गया है। यद्यपि बहुत से लोग इसे हिन्दू धर्म का एक प्रतीक चिह्न ही मानते हैं किन्तु वे लोग ये नहीं जानते कि इसके पीछे कितना गहरा अर्थ छिपा हुआ है। सामान्यतय: स्वस्तिक शब्द को "सु" एवं "अस्ति" का मिश्रण योग माना जाता है। यहाँ "सु" का अर्थ है- शुभ और "अस्ति" का- होना। संस्कृत व्याकरण अनुसार

"सु" एवं "अस्ति" को जब संयुक्त किया जाता है तो जो नया शब्द बनता है- वो है "स्वस्ति" अर्थात "शुभ हो", "कल्याण हो" । स्वस्तिक शब्द का विच्छेद करने पर **सु+अस+क** होता है । 'सु' का अर्थ अच्छा, 'अस' का अर्थ सत्ता 'या' अस्तित्व और 'क' का अर्थ है कर्ता या करने वाला । इस प्रकार स्वस्तिक शब्द का अर्थ हुआ **अच्छा या मंगल करने वाला** । इसलिए देवता का तेज़ शुभ करनेवाला - स्वस्तिक करने वाला है और उसकी गति सिद्ध चिह्न 'स्वस्तिक' कहा गया है।

स्वस्तिक अर्थात कुशल एवं कल्याण । कल्याण शब्द का उपयोग अनेक प्रश्नों का एक उत्तर के रूप में किया जाता है । शायद इसलिए भी यह निशान मानव जीवन में इतना महत्त्वपूर्ण स्थान रखता है। संस्कृत में सु-अस धातु से स्वस्तिक शब्द बनता है । सु अर्थात् सुन्दर, श्रेयस्कर, अस् अर्थात् उपस्थिति, अस्तित्व । जिसमें सौन्दर्य एवं श्रेयस का समावेश हो, वह स्वस्तिक है।

स्वस्तिक का सामान्य अर्थ शुभ, मंगल एवं कल्याण करने वाला है । स्वस्तिक शब्द मूलभूत सु+अस धातु से बना हुआ है। सु का अर्थ है अच्छा, कल्याणकारी, मंगलमय और अस का अर्थ है अस्तित्व, सत्ता अर्थात कल्याण की सत्ता और उसका प्रतीक है स्वस्तिक। यह पूर्णतः कल्याणकारी भावना को दर्शाता है । देवताओं के चहुं ओर घूमने वाले आभामंडल का चिह्न ही स्वस्तिक होने के कारण वे देवताओं की शक्ति का प्रतीक होने के कारण इसे शास्त्रों में शुभ एवं कल्याणकारी माना गया है । अमरकोश में स्वस्तिक का अर्थ आशीर्वाद, मंगल या पुण्यकार्य करना लिखा है, अर्थात सभी दिशाओं में सबका कल्याण हो । इस प्रकार स्वस्तिक में किसी व्यक्ति या जाति विशेष का नहीं, अपितु सम्पूर्ण विश्व के कल्याण या **वसुधैव कुटुम्बकम्** की भावना निहित है । प्राचीनकाल में हमारे यहाँ कोई भी श्रेष्ठ कार्य करने से पूर्व मंगलाचरण लिखने की परंपरा थी, लेकिन आम आदमी के लिए मंगलाचरण लिखना सम्भव नहीं था, इसलिए ऋषियों ने स्वस्तिक चिह्न की परिकल्पना की, ताकि सभी के कार्य सानन्द सम्पन्न हों।

स्वस्तिक के प्रयोग से धनवृद्धि, गृहशान्ति, रोग निवारण, वास्तुदोष निवारण, भौतिक कामनाओं की पूर्ति, तनाव, अनिद्रा, चिन्ता रोग, क्लेश, निर्धनता एवं शत्रुता से मुक्ति भी दिलाता है । ऊं एवं स्वस्तिक का सामूहिक प्रयोग नकारात्मक ऊर्जा को शीघ्रता से दूर करता है। हल्दी से अंकित स्वास्तिक शत्रु शमन करता है । स्वस्तिक 27 नक्षत्रों का सन्तुलित करके सकारात्मक ऊर्जा प्रदान करता है।

स्वस्तिक की ऊर्जा

स्वस्तिक का आकृति सदैव कुमकुम (कुंकुम), सिन्दूर व अष्टगंध से ही अंकित करना चाहिए । यदि आधुनिक दृष्टिकोण से देखा जाए तो अब तो विज्ञान भी स्वस्तिक, इत्यादि माँगलिक चिह्नों की

महता स्वीकार करने लगा है। मृत मानव शरीर का बोविस शून्य माना गया है और मानव में औसत ऊर्जा क्षेत्र 6,500 बोविस पाया गया है। वैज्ञानिक हार्टमेण्ट अनसर्ट ने आवेएंटिना नामक यन्त्र द्वारा विधिवत पूर्ण लाल कुंकुम से अंकित स्वस्तिक की सकारात्मक ऊर्जा को 100000 बोविस यूनिट में नापा है। यदि इसे उल्टा बना दिया जाए तो यह प्रतिकूल ऊर्जा को इसी अनुपात में बढ़ाता है। इसी स्वस्तिक को थोड़ा टेड़ा बना देने पर इसकी ऊर्जा मात्र 1,000 बोविस रह जाती है। ऊं (70000 बोविचिह्न से भी अधिक सकारात्मक ऊर्जा स्वस्तिक में है (।

हरिद्रा – पूजन में हरिद्रा अर्थात् हल्दी अत्यन्त शुभकारी माना गया है। इसका वैज्ञानिक उपयोग भी सर्वविदित है। सभी शुभ कार्यो में हल्दी का उपयोग किया जाता है। दूध के साथ हल्दी का मिश्रण कर सेवन करने से बड़ा – से बड़ा घाव भर जाता है। प्राचीन समय में या वर्तमान समय में भी विभिन्न प्रकार के रोगों में चिकित्सक ये परामर्श देते हैं - कि दुग्ध के साथ हल्दी का मिश्रण करके सेवन कीजिये। अत: स्पष्ट है कि व्यावहारिक रूप में भी हरिद्रा उपयोगी है।

पूजन में भी हरिद्रा शुभकारी, गुणकारी एवं लाभकारी है।

अभिषेक - राजतिलक का स्नान जो राज्यारोहण को वैध करता था। पुराने काल में जब किसी को राजा बनाया जाता था तो उस के सिर पर अभिमन्त्रित जल और औषधियों की वर्षा की जाती थी। इस क्रिया को ही 'अभिषेक' कहते है। अभि उपसर्ग और सिञ्च् धातु कि सन्धि से अभिषेक शब्द बना है। कालांतर में राज्याभिषेक राजतिलक का पर्याय बन गया।

प्राचीन साहित्य में अभिषेक -

अथर्ववेद में 'अभिषेक' शब्द कई स्थलों पर आया है और इसका संस्कारगत विवरण भी वहाँ उपलब्ध है। कृष्ण यजुर्वेद तथा श्रौत सूत्रों में हम प्राय: सर्वत्र "अभिषेचनीय" संज्ञा का प्रयोग पाते हैं जो वस्तुत: राजसूय का ही अंग था, यद्यपि ऐतरेय ब्राह्मण को यह मत संभवत: स्वीकार नहीं। उसके अनुसार अभिषेक ही प्रधान विषय है।

ऐतरेय ब्राह्मण ने अभिषेक के दो प्रकार बतलाए हैं: -

(1) पुनरभिषेक ।

(2) ऐंद्र महाभिषेक।

दूध – पूजन कार्यो में प्रयोग में आने वाले द्रव्यों में दूध का नाम भी आता है। दूध सर्वौषधी है। कहा जाता है कि दूध में समस्त विटामीन का मिश्रण होता है। पूजन में दूध से स्नान कराया जाता है। शुद्ध दूध का सेवन करने वाला दीर्घायु एवं तेजस्वी होता है। यहीं कारण है कि ऋषि – महर्षि अपने चिरकाल की साधना में केवल दूध का उपयोग करते थे। गाय का दूध जिस समय में निकाला गया

हो, उसी क्षण का दूध सर्वाधिक लाभकारी होता है। दही, मट्ठा, पनीर, घी आदि दूध के विकृत रूप हैं।

घी – पूजन कार्य में घी का मुख्य रूप से दो स्थलों पर उपयोग होता है एक तो स्नान कराने में, दूसरा दीपक जलाने में। वैज्ञानिक दृष्टि से देखा जाए तो घी का सेवन करने से स्मरण शक्ति तेज होता है तथा व्यक्ति तेजस्वी, दीर्घायु एवं वीर्यवान होता है ।

गंगाजल -

गंगाजल पूजन कार्य का प्रमुख द्रव्य है। पूजन में इसका महत्व अत्यन्त उपयोगी है। वैज्ञानिक दृष्टिकोण से भी गंगाजल का महत्व सर्वविदित है। गंगाजल की सबसे बड़ी विशेषता है कि वह कभी अशुद्ध नहीं होता, उसमें कभी भी जीवाणु प्रकट नहीं होते। चिरकाल तक उसका जल यथावत स्थिति में रहता है। पौराणिक मान्यता के अनुसार गंगा पतितपावन हैं। कहा जाता है कि मरते समय यदि गंगाजल मिल जाये तो मोक्ष की प्राप्ति हो जाता है। कई आधुनिक वैज्ञानिकों द्वारा भी गंगाजल को प्रमाणित किया जा चुका है। गंगा अत्यन्त पवित्र होने के साथ ही भारतीय सनातन परम्परा का एक अमूल्य धरोहर है। कई ऋषि, महर्षि इसके तट पर बैठकर साधना करते रहते हैं। यह भी कहा जाता है कि इसके समीप कोई धार्मिक कृत्य करने से सहस्र गुणा फल मिलता हैं।

चन्दन –

चन्दन भी पूजन कर्म का एक मांगलिक द्रव्य है। चन्दन देवता के साथ – साथ स्वयं को भी लगाया जाता है। सभी देवता इसको धारण करते हैं । कहा गया है –

> चन्दनस्य महत्पुण्यं पवित्रं पापनाशनम्।
> आपदं हरते नित्यं लक्ष्मी वसति सर्वदा ॥

यह तो चन्दन का पौराणिक गुण है। इसका वैज्ञानिक गुण यह है कि यह सुवासित होता है। इसके अन्दर से सदैव सुगन्धित महक प्रखरित होते रहता है। यह शीतल होता है। इसलिए जब इसको मस्तक पर लगाते हैं, तो मन सदैव प्रसन्न एवं शान्त रहता है। इसकी शीतलता के कारण ही भुजंग सदैव इससे लिपटा होता है। यह एक दिव्य औषधी है।

पुष्प -

पुष्प भी गुणकारी एवं लाभकारी है। पूजन में पुष्प एक अभिन्न अंग है। पुष्प की आवश्यकता पूजन में सर्वाधिक है। पुष्प के कई प्रकार हैं । सभी पुष्पों का अलग – अलग महत्व है। कई पुष्प जीवनदायिनी होती है । वैज्ञानिक निरन्तर अनुसन्धान करते रहते हैं कि कौन सा पुष्प ज्यादा लाभकारी एवं गुणकारी है। आयुर्वेद में तो कई जड़ी –बुटियों को बनाने में पुष्पों का उपयोग किया

जाता है। दिव्य पुष्पों में – ब्रह्मकमल, गेंदा, जूही, कमल, गुलाब, चम्पा , चमेली, मदार, कुमुदिनी आदि हैं।

तुलसीपत्र -

तुलसी को हरिप्रिया भी कहते हैं । पूजन में विशेष रूप से यह भगवान नारायण को चढ़ाया जाता है यह एक अद्वितीय औषधी है। तुलसीपत्र को आयुर्वेद में औषधी निर्माण में सर्वाधिक उपयोग किया जाता है। सामान्य रूप में भी इसका सेवन गुणकारी व लाभकारी है। पौराणिक मतों के अनुसार मृत्यु के समीप व्यक्ति को तुलसी और गंगाजल देने का विधान है। यह एक इसका विशिष्ट गुण है। वैज्ञानिक प्रामाणिकता पर भी यह विशुद्ध है।

मधु –

पूजन कार्य में मधु या शहद का उपयोग किया जाता है। साथ ही इसका उपयोग औषधियों के निर्माण में तथा सेवन में किया जाता है। मधु के सेवन से तीव्र बुद्धि होती है तथा स्मरण शक्ति तेज होती है। वैज्ञानिक दृष्टिकोण से भी यह उत्तम है क्योंकि इसमें कई विटामीन पाये जाते हैं, जो स्वास्थ्यवर्धक होते हैं।

ताम्बुल –

ताम्बुल का उपयोग पूजन में मुखवासार्थ के रूप में दिया जाता है। ऐसी मान्यता है कि यह शुभकारी होता है। इसके भक्षण से कार्य सिद्ध हो जाते है। वैज्ञानिक रूप में भी इसका उपयोग कई चिजों के निर्माण में किया जाता है। इसके सेवन से गर्मी पैदा हो जाती है यह एक इसका विशेष गुण है।

यज्ञोपवीत -

यज्ञोपवीत धारण करना भारतीय सनातन का एक महत्वपूर्ण संस्कार है। पूजन में भी इसका उपयोग देवताओं को धारणार्थे किया जाता है। स्वयं भी मनुष्य जब इसको धारण करता है तो उसकी बल, तेज, आयु एवं बुद्धि का विकास होता है। यज्ञोपवीत में ब्रह्मा, विष्णु एवं शिव का वास होता है। इससे उनका आशीर्वाद प्राप्त होते रहता है।

यहाँ स्पष्ट है कि जातकर्म संस्कार करने से पुत्र की आयु एवं श्री की वृद्धि होती है, ग्रहदोषों का विनाश होता है। तथा सूतिका स्त्री के लिए यह शुभ फल प्रदान करता है।

वस्तुतः जातकर्म संस्कार जच्चा-बच्चा को सुखी रखने का संस्कार है। महर्षि भृगु का विचार यही है कि पुत्र के आयु की वृद्धि इसी संस्कार से होती है। बात भी सही है क्योंकि प्रत्येक माता-पिता का ध्येय यही होता है कि अपने पुत्र की आयु एवं श्री बढ़े। अस्तु!

2.3.2 जातकर्म में होने वाले मुख्य कर्म -

मेधाजनन

जातकर्म संस्कार का यह प्रथम कृत्य है जिसमें घी एवं षहद बच्चे को खिलाने की परम्परा गृह्यसूत्रों में देखी जाती है। यह अत्यन्त प्राचीन परम्परा है। वस्तुतः कारण यह है कि जब बच्चा माँ के पेट में रहता है तो उसकी आँखों में एक प्रकार का मल जमा रहता है जिसे मैकोनियम कहते हैं। डाक्टर लोग उसको निकालने के लिए एरण्ड का तेल प्रयोग में लाते हैं लेकिन वह स्वाद में तीखा होने के कारण बच्चे द्वारा सुगमता से ग्रहण नहीं किया जाता वहाँ पर घी एवं मधु स्वाद में भी ग्राह्य होता है। चरकसंहिता में लिखा है कि घी एवं षहद के (विषम भाग) सेवन से मैकोनियम बाहर आ

जाता है। तथा बच्चा देखने लगता है। घी एवं षहद का सुवर्ण षलाका से भक्षण कराने का विधान षास्त्रों में आता है। आचार्य सुश्रुत इसके साथ सुवर्णभस्म भी मिलाकर खिलाने की बात करते हैं। जैसे-

'जातकर्मणि कृते मधुसर्पिः अनन्तचूर्णम् अंगुल्या अनामिकया लेहयेत्'

अर्थात् अनामिका अंगुली से मधु, घृत तथा सुवर्णभस्म बालक को मन्त्र पाठपूर्वक चटायें। वैसे ही सुवर्ण में बहुत सारे औषधीय गुण है फिर भी सुवर्णभस्म खाने से षरीर के समस्त विष अपने आप दूर हो जाते हैं। घी में भी निम्नलिखित गुण पाये जाते हैं। मेधावृद्धि, मधुर, षिरोवेदना को दूर करनेवाला, ज्वरनाषक बुद्धि, प्रज्ञा, तेज, वीर्य एवं आयु का वर्धक होता है।

जातकर्म का दूसरा प्रधान कर्म आयुष्यवर्द्धन करना -

इस कर्म में पिता, जातक के आयुष्य (आयु) की वृद्धि के लिए यह कर्म करता है, जिसका विधान पारस्करगृह्यसूत्र में प्रथम काण्ड के 16वीं कण्डिका में है। 'अथाऽस्यायुष्यं करोति' इसकी विधि यह है कि पिता शिशु की नाभि या दाहिने कान के समीप जाकर मन्त्रपाठ करता हुआ आयुष्यवर्धन करता है। अग्नि दीर्घजीवी है, वह वृक्षों में दीर्घजीवी है। मैं इसकी दीर्घायु से तुम्हें दीर्घायु करता हूँ। इसी प्रकार सोम, ब्रह्मा, ऋषि आदि 8 मन्त्रों से शिशु की आयुवृद्धि करता है। यह बात आपको प्रयोग में बताया जायेगा। यह मेधाजनन संस्कार एवं आयुष्यवर्द्धन कर्म नालछेदन के पहले पिता को करना चाहिए। जैसा कि लिखा है - 'जातस्य कुमारस्याच्छिन्नायां नाड्यां मेधाजननायुष्ये करोति'।

यहाँ एक दूसरी बात यह है कि बालक का पिता यदि चाहे कि सम्पूर्ण आयु का उपभोग बालक करे या अत्यन्त दीर्घायु हो मेरा बालक तो 'वात्सप्र' संज्ञक (मंत्र) अनुवाक से (पढ़ते हुए) इस बालक का स्पर्श करना चाहिए। वात्सप्र अनुवाक के मंत्रों को आगे बताया जायेगा। यहाँ मात्र अत्यन्त संक्षेप में एक परिचय दिया जा रहा है।

एक बात और यहाँ ध्यान देना चाहिए कि सामान्यतः सूतक दो प्रकार के होते हैं (क) जननाशौच एवं (ख) मरणाशौच। जननाशौच में भी दस दिन तक अशौच (सूतक) रहता है। फिर शास्त्रों में जन्म के समय गणेशपूजन पुण्याहवाचन आदि का विधान कैसे किया गया है ? उसके समाधान में कहा गया है कि जातकर्म संस्कार में सूतक या अशौच, नालछेदन के बाद ही लगता है अतः नालछेदन से पहले ही गणेशपूजन आदि कर लेना चाहिए।

जैसा कि महर्षि जैमिनि कहते हैं -

यावन्न छिद्यते नालं तावन्नाप्नोति सूतकम्।

छिन्ने नाले ततः पश्चात् सूतकं तु विधीयते ।।

अब इस सामान्य परिचय के बाद आपको प्रयोग विधि बताया जा रहा है। जब तक प्रयोग अच्छी तरह नहीं जान पायेंगे तब तक केवल परिचय से या पारस्करगृह्य सूत्रों में वर्णित सूत्र एवं व्याख्यानों से अनुष्ठान संभव नहीं हो सकता है। अनुष्ठान के लिए शास्त्रीय समन्त्रक प्रयोग की आवश्यकता है। अब आप प्रयोगविधि देखें, जिसे अक्षरश: जानकर जातकर्म करा सकते हैं। कुछ बातें परिचय में जो शेष रह गई है वे भी इस प्रयोग में आ जायेगी। अस्तु

स्तनपान कराना

बच्चे की रक्षा हेतु उसके प्रथम आहार का संचार उसकी माँ से ही होता है। माँ के पहले दूध को कोलोस्ट्राम कहते हैं। यह बच्चे के पोषण के लिए अमृत के समान है। पारस्करगृह्यसूत्र में भी स्तनपान का विधान मन्त्र के साथ दिया गया है, जिसे अवश्य करना चाहिए। सर्वप्रथम स्तन को शुद्ध जल से धोकर माता शिशु को पहले दाहिने स्तन को बाद में बायें स्तन का दूध 'इमं स्तनं' मंत्र पढ़कर पिलायें। शास्त्रों में स्तनपान के लिए कुछ मुहूर्त भी बताये हैं जिनका संकेत आपसे प्रसंगतः कर देता हूँ।

तीनों उत्तरा, रोहिणी, रेवती, पुष्य, पुनर्वसु, अनुराधा, हस्त, चित्रा, मृगषिरा, धनिष्ठा, श्रवणा, शतभिषा इन नक्षत्रों में तथा शुभवारों में स्तनपान कराना चाहिए। विशेष स्तनपान की विधि आगे प्रयोग विधि में बताया जायेगा।

जातकर्म संस्कार प्रयोग

सर्वप्रथम सुखपूर्वक प्रसव (बच्चा उत्पन्न होने के लिए) सोष्यन्ती कर्म (प्रसववेदना से युक्त स्त्री के लिए) का विधान पारस्करगृह्यसूत्र में किया गया है। जिसमें अधोलिखित दोनों मन्त्रों को पढ़कर (होने वाले शिशु का) पिता अपनी पत्नी को जल से अभ्युक्षण करता है।

ऊँ एजतु दशमास्योगर्ब्भोजरायुणा सह । यथाऽयंव्वायुरेजतियथासमुद्रऽएजति । एवाऽयन्दषमास्योऽअस्त्रज्जरायुणा सह।

ऊँ अवैतु पृष्नि शेवलँषुने जरायत्तवे। नैव मांसेन पीवरि। न कस्मिष्चनायतयव जरायुपद्यताम्। (इति मन्त्रं पठेत्)

पुत्र के उत्पन्न होने के बाद शीघ्र ही पिता सचैल (वस्त्र के साथ) नदी आदि में स्नान करें। जैसा कि आचार्य वसिष्ठ ने कहा है-

श्रुत्वा जातं पिता पुत्रं सचैलं स्नानमाचरेत्।

यह स्नान नैमित्तिक है। अतः रात में भी पुत्र के जन्म लेने पर स्नान, दान करना चाहिए।

लेकिन नालछेदन से पहले जैसा कि व्यास ने कहा है -

'रात्रौ स्नानं न कुर्वीत दानं चैव विशेषतः।

नैमित्तिके तु कुर्वीत स्नानं दानं च रात्रिषु।।

अतः पिता को पुत्र जन्म सुनकर वस्त्रसहित स्नान करके ब्राह्मणों को दान देना चाहिए। क्योंकि-

अच्छिन्ननाड्यां यद्दत्तं पुत्रे जाते द्विजोत्तमाः।

संस्कारेषु च पुत्रस्य त्वदक्षय्यं प्रकीर्तितम्।।

अर्थात् नालछेदन के पहले पुत्रजन्म (जातकर्म) के निमित्त दिया गया दान अक्षय्य (कभी भी नष्ट न होने वाला) होता है। लेने वाले को भी दोष नहीं होता है । श्रीरामचरितमानस में भी भगवान् श्रीराम के जन्म पर जातकर्म की झाँकी गोस्वामी तुलसीदास जी रखते हैं और उसमें अन्न, दान, पूजन आदि की चर्चा है-

नंदीमुख सराध करि जातकरम सब कीन्ह ।

हाटक धेनु वसन मनि नृप विप्रन्ह कह दीन्ह ।।

यहाँ दशरथ जी स्वर्ण से नान्दीश्राद्ध करते हैं तथा विप्रों को दान देते हैं।

दान देने के बाद संकल्प करें-

यहाँ संकल्प में विशेष सम्बद्धवाक्य ही कहा जायेगा, क्योंकि संकल्प आप अच्छी तरह जानते हैं । संकल्प - **पूर्वोच्चारित एवं ग्रहगुणविशेषण विषिष्टायाम् शुभपुण्यतिथौ गोत्रः अमुकोऽहं पुत्रजननिमित्तकं सचैलं स्नानं करिष्ये इति संकल्प्य स्नात्वा षुभे नवेधौतेवाससी परिधाय प्राङ्मुखोपविष्य दीपं प्रज्वलय्य स्वस्तिवाचनं षान्तिपाठं वा कृत्वा इष्टदेवेभ्यः पुष्पांजलिं समर्प्य नालच्छेदनात्पूर्वं गणेशाम्बिकयो पूजनं कुर्यात् । तत्रादौ पूजनसंकल्पः - अद्येहामुकोऽहं जातस्य दीर्घायुरारोग्यावाप्तये करिष्यमाण जातकर्मणि निर्विघ्नता सिद्धये पूर्वाङ्गत्वेन गणेशपूजनं करिष्ये ।**

गणेशपूजन, कलशपूजन, पुण्याहवाचन, षोडशमातृका, सप्तघृतमातृका, नान्दीश्राद्ध आदि करके प्रधान संकल्प करना चाहिये ।

एक बात अवश्य यहाँ ध्यान देना चाहिए कि नान्दीश्राद्ध स्वर्ण से ही करना चाहिए कच्चे अन्न से या पके अन्न से नहीं । जैसा कि कहा गया है-

पुत्रजन्मनि कुर्वीत श्राद्धं हेम्नैव बुद्धिमान ।

न पक्वेन न चामेन कल्याणान्यभिकामयन् ।।

आमान्नस्याप्यभावे तु श्राद्धं कुर्वीत बुद्धिमान् ।

धान्याच्चतुर्गुणेनैव हिरण्येन सुरोचिषा ।।

प्रधानसंकल्प

अद्येहेत्यादि संकीर्त्य अमुकोऽहं अस्य कुमारस्य गर्भाम्बुपानजनितसकलदोष-निबर्हणायुर्मेधाभिवृद्धिद्वारा बीजगर्भसमुद्भवैनोनिबर्हणद्वारा च श्रीपरमेश्वरप्रीत्यर्थं जातकर्माख्यं संस्कारं करिष्ये ।

मेधाजननसंस्कार

पूर्वांग के रूप में कलशस्थापन, पुण्याहवाचन, मातृकापूजन सम्पन्न करके आभ्युदयिक श्राद्ध करें । उसके बाद चार ब्राह्मणों का पूजन करके स्वस्तिवाचन करावें । नवग्रहों का आवाहन पूजन करके स्वर्ण या चाँदी के पात्र में मधु, घृत (विषम मात्रा में लेकर) या केवल घृत लेकर अनामिका अंगुलि से एक बार बालक को प्राषन करायें । यह मेधाजनन संस्कार है । मन्त्र - ॐ भूस्त्वयि दधामि, ॐ भुवस्त्वयि दधामि, ॐ स्वस्त्वयि दधामि । ॐ भूर्भुवस्वः सर्वंस्त्वयि दधामि । इस मंत्र का उच्चारण करके प्राषन कराना चाहिए। इति मेधाजननकृत्यम् ।

आयुष्यवर्द्धन

अथास्यायुष्करणम् - जातस्य कुमारस्य नाभिसमीपे दक्षिणकर्णसमीपे वा पिता जपति । अग्निरायुष्मानित्यादीनामष्टानां मंत्राणां प्रजापतिर्ऋषिः गायत्रीच्छन्दः लिंगोक्ता देवताः आयुष्करणे विनियोगः । ऐसा कहकर जल भूमि पर छोड़े ।

इसका अर्थ आपको इसके पहले (परिचय) में बताया गया है। अब आयुष्करण के आठ मंत्रों को बताया जा रहा है। ये मंत्र पिता कहता है।

1. **ॐ अग्निरायुष्मान्तसव्वनसपतीभिरायुष्माँस्तेन त्वाऽयुषाऽयुष्मन्तं करोमि।**
2. **ॐ सोमऽआयुष्मान्त्सौषधीभिरायुष्माँस्तेन त्वाऽयुषाऽस्युष्मन्तं करोमि।**
3. **ॐ ब्रह्मायुष्मत्तद्ब्राह्मणैरायुष्मत्तस्तेन त्वाऽयुषाऽऽयुष्मन्तं करोमि।**
4. **ॐ देवाऽआयुष्मन्तस्तेऽअमृतेनायुष्मन्तस्तेनत्वाऽयुषाऽयुष्मन्तं करोमि।**
5. **ॐ ऋषयऽआयुष्मन्तस्ते व्रतैरायुष्मन्तस्तेनत्वाऽयुषाऽऽयुष्मन्तं करोमि।**
6. **ॐ पितरऽ आयुष्मन्तस्ते स्वधामिरायुष्मन्तस्तेन त्वाऽयुषाऽऽयुष्मन्तं करोमि।**
7. **ॐ यज्ञऽआयुष्मान्त्सदक्षिणाभिरायुष्माँस्तेन त्वाऽयुषाऽऽयुष्मन्तं करोमि।**
8. **ॐ समुद्रऽआयुष्मान्त्सस्रवन्तीभिरायुष्माँस्तेन त्वाऽयुषाऽऽयुष्मन्तं करोमि।**

(इति त्रिर्वा सकृद् वा जपति) इन मंत्रों को तीन बार या एक बार पढ़कर -

ॐ त्र्यायुषं जमदग्नेः कस्यपस्य त्र्यायुषम् । यद्देवेषु त्र्यायुषन्तन्नोऽअस्तु त्र्यायुषम् । इस मन्त्र का

पाठ करें।

यदि पिता बालक की सम्पूर्ण आयु (सौ वर्ष की) प्राप्ति की कामना करता है, तो इन अधोलिखित मंत्रों से शिशु के सभी अंगों का स्पर्ष करे। इन मंत्रों को 'वात्सप्रअनुवाक' से भी जाना जाता है। ये मंत्र है-

ॐ दिवस्परि प्रथमं यज्ञेऽग्निरस्मद्द्वितीयं परिजातवेदाः।
तृतीयमप्सुनृमणांऽअजस्रमिन्धानऽएनंजरते स्वाधीः॥
विद्मातेऽअग्ने त्रेधात्रयाणिव्विद्माते धामव्विभृतापुरुत्रा।
व्विद्माते नामपरमं गुहायद्विद्मातमुत्संयतऽआजगन्थ॥
समुद्रेत्वानृमणाऽअप्स्वन्तर्नृचक्षाऽईधेदिवोऽअग्नऽऊधन।
तृतीयेत्वारजसितस्थितवां समपामुपस्थेमहिषा अवर्द्धन॥
अक्रन्ददग्निस्तनयन्निवद्यौः क्षामारेरिहद्वीरुधः समंजन्।
सद्यो जद्यानो व्विहीमिद्धोऽअख्यदारोदसी भानुना भात्यन्तः॥
श्रीणामुदारो धरणी रयीणां मनीषाणां प्रार्पणः सोमगोपाः।
व्वसुः सूनुः सहसोऽअप्सुराजाव्विभात्यग्रऽउषसामिधानः॥
व्विष्वस्य केतुर्भुवनस्यगर्भऽआरोदसीऽअपृणाजायमानः।
व्वीडुंचिदद्रिमभिनत्परायंजनाष्वदग्निमयजन्तपंच॥
उषिक्पावकोऽरतिः सुमेधामर्त्येष्वग्निरमृतो निधायि।
इयर्तिधूममरुषम्भरिभ्रदुच्छुक्रेण षोचिषाद्यामिनक्षन्॥
दृषानोरुक्मउर्व्याव्यद्यौद्दुर्म्मर्षमायुः श्रियेरुचानः।
अग्निरमृतोऽअभवद्वयोभिर्यदेनन्द्यौरजनयत्सुरेताः॥
यस्तेऽअद्यकृणवद्भद्रषोचेऽपूपन्देवधृतवन्तमग्ने।
प्रतन्नयप्रतरम्व्वस्यो अच्छाभिसुम्नन्देवभक्तं यविष्ठ॥
आतम्भजसौश्रवसेष्वग्नऽउक्थऽउक्थऽआभजषस्यमाने।
प्रियः सूर्य्येप्रियोऽअग्नाभवात्युज्जातेनभिनददुज्जनित्वैः॥
त्वामग्ने यजमानाऽअनुद्यून्विष्वाव्वसुदधिरे वार्य्याणि।
त्वया सहद्रविणमिच्छमाना व्रजंगेमन्तमुषिजोव्विवब्रुः॥

इन एकादश ऋचाओं के पाठ करने के बाद पूर्व, पश्चिम आदि चारों दिशाओं में एवं मध्य में पाँच ब्राह्मणों को आसन देकर बिठावे तथा शिशु को अनुप्राणित करे। अनुप्राणित का मतलब यह है

कि पंच प्राण मनुष्य के शरीर में होते हैं उसी प्राणों को पाँचों ब्राह्मण उद्दीप्त करते हैं। पूर्व की ओर बैठे ब्राह्मण, बालक को लक्ष्य करके 'प्राण' ऐसा उच्च स्वर से बोले । अर्थात् हे कुमार तुम्हारा प्राण तुम्हारे हृदय में स्थित हो । उसी प्रकार दक्षिण में स्थित ब्राह्मण, शिशु को देखकर 'अपान' शब्द का उच्चारण, पश्चिम में स्थित ब्राह्मण 'व्यान' का उच्चारण, उत्तर में स्थित ब्राह्मण 'उदान' का तथा मध्य वाले ब्राह्मण 'समान' शब्द का उच्च स्वर से उच्चारण करे ।

इसका रहस्य यह भी है कि प्राणवायु हृदय में, व्यानवायु सभी शरीर में, अपानवायु गुदा में, उदान वायु कण्ठ में एवं नाभि में समानवायु का निवास रहता है । इसीलिए यहाँ पाँचों ब्राह्मण शिशु को अनुप्राणित अर्थात् पंचप्राणयुक्त करते हैं । जैसा कि पारस्करगृह्यसूत्र में कहा है - पूर्वो ब्रूयात् प्राणेति, व्यानेति दक्षिणः, अपानेत्यपरः, उदानेत्युत्तरः, समानेतिपंचमः, उपरिष्टादवेक्षमाणा ब्रूयात्। यदि ब्राह्मण न हो तो पिता स्वयं ही इन सभी वाक्यों को सभी दिशाओं में जाकर उच्चारित करें ।

इसके बाद बालक का जहाँ जन्म हुआ है वहाँ की भूमि का अनामिका अंगुली से स्पर्श करते हुए अधोलिखित मंत्र को पढ़ें -

ऊँ व्वेद ते भूमि हृदयं दिवि चन्द्रमसि श्रितम् ।

वेदाहं तन्मां तद्विद्यात्पष्येम शरदः शतं जीवेम शरदः शतं शृणयाम शरदः शतम् ।

इति भूमिमभिमन्त्र्य कुमारस्य सर्वषरीरं स्पृषति। इसके बाद शिशु को देखते हुए अधोलिखित मंत्र का पाठ करें ।

ऊँ अष्मा भव परशुर्भव हिरण्यमस्तुतं भव ।

आत्मा वै पुत्र नामासि स जीव शरदः शतम् ।।

अर्थात् हे कुमार! तुम पाषाण की तरह दृढ और स्थिर हो जाओ, वज्र की तरह विपत्तिनाशक हो जाओ, शुद्ध सुवर्ण के समान तेजयुक्त रोगादिरहित हो जाओ, क्योंकि पुत्ररूप में तुम हमारी आत्मा हो। अतः तुम निश्चय ही सौ वर्ष तक जीओ (शरीर को स्थिर रखो)

इसके बाद बालक का पिता अपनी पत्नी की ओर देखकर इस मंत्र का पाठ करता है-

ऊँ इडासि मैत्रावरुणी व्वीरे व्वीरमजीजनपाः ।

सा त्वं व्वीरवती भव याऽस्मान् वीरवतोऽकरत् ।।

अर्थात् हे वीरपुत्रवती तुम ईडा (मनु की पुत्री) हो मित्र और वरुण के अंश से उत्पन्न तुमने वीर बच्चे को जन्म दिया । जिस प्रकार ईडा ने पुरुरवा को उत्पन्न किया था । उसी प्रकार तुमने हमें वीरपुत्रों वाला बनाया है, वह तुम जीवित पति एवं पुत्रों वाली होओ ।

इसके बाद माता सबसे पहले दाहिने स्तन को धोकर बालक को अधोलिखित मंत्र से

पिलाती है- (अथमातुर्दक्षिणं स्तनं प्रक्षाल्य कुमाराय प्रयच्छति)

ॐ इमंस्तनमूर्ज्जस्वन्तन्धयापांप्रपीनमग्नेसरिरस्य मध्ये।

उत्संजुषस्व मधुमन्तमर्व्वन्त्समुद्रियंसदनमाविषस्व।।

ततो वामहस्तं प्रक्षाल्य प्रयच्छति-

ॐ यस्तेस्तनः षषयो यो मयोभूर्य्योरत्नधाव्वसुविद्यः सुदत्रः।

येन व्विष्वा पुष्यसि वार्य्याणि सरस्वतितमिह धातवेऽकः।।

उपर्युक्त दोनों मंत्रों को पढ़ते हुए बालक को दूध पान कराना चाहिए।

इसके बाद सूतिका घर में बालक के माता के शिरःप्रदेश (सिरहाने) में भूमि पर जल से पूर्णकलश या घड़ा उसकी रक्षा के लिए रखा जाता है। वह दस दिन तक सूतिका घर में रहता है।

ॐ आपो देवेषु जाग्रथ यथा देवेषु जाग्रथ।

एवमस्यां सूतिकायां सुपुत्रिकायां जाग्रथ।।

ततः सूतिकाद्वारदेषे वेदी कृत्वा पंचभूसंस्कारपूर्वकम् अग्निं स्थापयेत्। अत्र प्रणीता प्रणयनादयो न भवन्ति। परिसमूहनादयस्तु भवन्त्येव।

यहाँ सुतिकागृह के द्वार पर स्थण्डिल पर पंचभूसंस्कार करके 'प्रगल्भ' नामक अग्नि की स्थापना करे। (प्रगल्भो जातकर्मणि) प्रगल्भनामाग्नये नमः, पाद्यादिभिः सम्पूज्य होमं कुर्यात्। तण्डुलकणमिश्रान्सर्षपान्गृहीत्वेति।

अर्थात् अक्षत (चावल) मिले सरसों से सायं प्रातः हवन करे। दो दो आहुतियाँ देने का विधान है। मंत्र इस प्रकार है।

ॐ शण्डामर्काऽउपवीरः शौण्डिकेय उलूखलः।

मलिम्लुचो द्रोणासष्च्यवनो नश्यता दितः स्वाहा।।

इदमग्नेय न मम।

ॐ आलिखन्ननिमिषः किम्वदन्तऽउपश्रुतिः। हर्यक्षः कुम्भी शत्रुः पात्रपाणिर्नृमणिः। हन्त्रीमुखः सर्शपारुणश्च्यवनो नश्यतादितः स्वाहा। इदमग्नये न मम।

यह अग्नि दस दिन तक बुझने न पावे। बराबर प्रज्वलित रहे। इसमें दो आहुति सायं एवं दो आहुति प्रातः होने से कुल आहुतिसंख्या 40 हो जायेगी 10 दिन में।

इसके बाद यदि शिशु ग्रहों से या रोग से अत्यन्त पीडित हो तो, पिता अपनी चादर से उसे ढककर शिशु को अपनी गोद में रखकर इन मंत्रों का पाठ करे।

ॐ कूर्क्कुरः सुकूर्क्कुरः कूर्क्कुरो बालबन्धनः।

चेचेच्छुनक सृज नमस्तेऽअस्तु सीसर लपेताह्वरः।।

ऊँ तत्सत्यं यत्ते देवाव्वरमददुः स त्वं कुमारमेव वाऽवृणीथाः।

चेच्चेच्छुनक सृज नमस्तेऽअस्तु सीसरो लपेतापह्वरः।।

तत्सत्यं यत्ते सरमा माता सीसरः पिता श्यामसबलौ भ्रातरौ।

चेच्चेच्छुनकसृजनमस्तेऽअस्तु सीसरो लपेतापह्वरः।।

(जपान्ते पिता बालकमभिमृषति)

न नामयति न रुदति न हृष्यति न ग्लायति।

यत्र व्वयं व्वदामो यत्र चाभिमृषामसि।।

इति मन्त्रेणाभिमृष्य दक्षिणासंकल्पं कुर्यात्।

संकल्पः - अद्येहामुकोऽहं जातस्य पुत्रस्य कृतैतत् जातकर्माख्यसंस्कारकर्मणाः सांगतासिध्यर्थं तत्सम्पूर्णफलप्राप्त्यर्थं च इमां दक्षिणां नामानामगोत्रेभ्यो ब्राह्मणेभ्यो विभज्य दातुमहमुत्सृजे। ततो भूयसी संकल्प्य ब्राह्मणेभ्यो दद्यात्। दषब्राह्मणान् वा यथाषक्तिब्राह्मणान् भोजयिष्ये इति संकल्प्य सूतकान्ते ब्राह्मणान् भोजयेत्।

इति जातकर्मप्रयोगविधिः

इसके बाद नालच्छेदन कराना चाहिए।

इसमें बहुत संस्कृत के शब्द आपको ज्ञात है इसलिए छोटे छोटे वाक्यों को संस्कृत में ही रख दिया है। आप स्वयं समझ जायेंगे।

इस प्रकार यहाँ जातकर्म संस्कार का संक्षिप्त परिचय एवं शास्त्रीय प्रयोग विधि आपको ज्ञात हो गया है। अब आप कुछ बताने के लिए उत्सुक दिखाई पड़ रहे हैं तो लीजिए आपके लिए कुछ प्रश्न नीचे दिये जा रहे जिनका उत्तर आपको देना है।

बोधप्रश्न

1. जन्म के पहले होने वाले संस्कार का एक नाम बतायें।
2. जन्मोत्तर संस्कारों में सर्वप्रथम संस्कार कौन सा है?
3. जातकर्म संस्कार का प्रयोजन क्या है?
4. मेधाजनन किस संस्कार से सम्बद्ध है?
5. जातकर्म का दूसरा प्रधान कर्म कौन सा है?
6. सम्पूर्ण आयु प्राप्ति के किस अनुवाक (मंत्र) का पाठ किया जाता है?
7. जननाशौच में कितने दिन तक सूतक रहता है?

8. सोष्यन्ती कर्म का तात्पर्य क्या है?

2.4 नामकरण संस्कार

यहाँ जातकर्म संस्कार के बाद नामकरण संस्कार के विषय में आपको बताया जा रहा है। सबसे पहले एक सामान्य परिचय, इसके बाद प्रयोगविधि।

संक्षिप्तपरिचय

नामाखिलस्य जगत व्यवहारहेतुः शुभावहं कर्मसु भाग्यहेतुः।
नाम्नैव कीर्तिं लभते मनुष्यस्ततः प्रशस्तं खलुनामकर्म ।।

अर्थात् नाम समस्त व्यवहार का कारण है। मंगल प्रदान करने वाला कर्मों में भाग्य का हेतु है। नाम से ही मनुष्य कीर्ति को प्राप्त करता है। इसलिए नामकरण अत्यन्त प्रशस्त (श्रेष्ठ) कर्म है।

हम जानते हैं कि जिस समय मनुष्य ने भाषा का विकास किया उसी समय से वह अपने जीवन में दैनिक व्यवहार की वस्तुओं के नामकरण के लिए प्रयत्नशील रहा है। सामाजिक चेतना के विकास के साथ मनुष्यों का नामकरण किया जाने लगा। क्योंकि व्यक्तियों के विशिष्ट तथा निश्चित नामों के बिना संस्कृत समाज के व्यवहार का संचालन असंभव था। लोगों ने अतिप्राचीन काल में ही व्यक्तिगत नामों के महत्त्व का अनुभव किया तथा नामकरण की प्रथा को धार्मिक संस्कार में परिणत कर दिया गया।

हमारे यहाँ शास्त्रों में दार्शनिकों ने ज्ञान को दो भागों में बाँटा है, (क) निर्विकल्पक ज्ञान एवं (ख) सविकल्पक ज्ञान। बिना नाम या बिना संज्ञा का ज्ञान निर्विकल्पक ज्ञान है, तथा नाम सहित एवं ससंज्ञ ज्ञान सविकल्पक ज्ञान है। अर्थात् निर्विकल्पक ज्ञान का आधार सविकल्पक ज्ञान है। समाधि में भी यही दशा है। सविकल्पक समाधि की अवस्था को प्राप्त कर ही योगी निर्विकल्पक अवस्था को प्राप्त करता है। जिससे आगे जाकर इसे मोक्ष होता है। उसी तरह संसार में रहने के लिए सविकल्पक ज्ञान का होना अत्यन्त अनिवार्य है। ताकि किसी के उस नाम के उच्चारण से तत्स्थानीय सभी लोगों को अधिगम हो सके। संज्ञा देने की इस प्रक्रिया को हम नामकरण कहते हैं। शास्त्रों में भी भगवान् की प्राप्ति में चार कारण माने गये हैं। नाम, रूप, लीला, धाम जिनमें नाम प्रथम है। भगवान् की प्राप्ति भी नाम जप के प्रभाव से ही संभव है। हम पहले परमात्मा के नाम का ही स्मरण करते हैं। तब जाकर रूप लीला धाम आदि का दर्शन होता है। संभवतः आज भी इसीलिए देवी-देवताओं की सहस्र नामावली प्रसिद्ध है। जैसे विष्णुसहस्रनाम, ललितासहस्रनाम आदि।

इसीलिए गोस्वामी तुलसीदास जी कहते हैं-

रुप विषेष नाम बिनु जाने। करतलगत न परहि पहिचाने ।।

राम एक तापस तिय तारी। नाम कोटि खल कुमति सुधारी।।

सुमिरि पवनसुत पावन नामू। अपने बस करि राखे रामू।।

नहि कलि कल न भगति बिबेकू। रामनाम अवलम्बन एकू।।

अजामिल, गणिका, गजराज आदि भक्तों ने नाम के प्रभाव से ही भगवान् को प्राप्त किया। यह बात नाम प्रसंगों के कारण आपको बतायी गयी। अब हम विषय पर आते हैं।

इस प्रकार दैनिक जीवन में भी नाम का महत्त्व अधिक है नाम ज्ञात न होने के कारण कोई भी किसी से बात तक नहीं करेगा। इसीलिए लोगों का नामकरण संस्कार किया जाता है।

नामकरण की परम्परा की यदि बात करें तो यह अत्यन्त प्राचीन है जैसा कि मैं पूर्व में बता आया हूँ। शतपथब्राह्मण के अनुसार दो नामग्रहण (रखने) की परम्परा मिलती है। जिसमें एक नाम व्यवहार में (घर में) प्रयुक्त होता था, द्वितीय नाम मातृक या पैतृक होता था। आज भी आप देखेंगे एक घर में पुकारने का नाम, दूसरा राशि के अनुरूप नाम, जिसका प्रयोग विवाह आदि में करते हैं। पारस्करगृह्यसूत्र में नामग्रहण का स्पष्ट संकेत प्राप्त होता है।

2.4.1 नाम ग्रहण संस्कार के काल विचार

नामग्रहण काल पर अनेक ऋषियों ने अनेक मत प्रकट किये हैं, परन्तु यहाँ जो हमें ग्राह्य है वहीं बताने जा रहा हूँ। पारस्करगृह्यसूत्र में आचार्य कहते हैं-

'दशम्यामुत्थाप्य ब्राह्मणान्भोजयित्वा पिता नाम करोति'।

अर्थात् प्रसव दिन से लेकर 10 दिन तक तो सूतक ही रहता है, जिसे आपको इसके पहले बताया जा चुका है। अतः दसरात्रि के बाद एकादश वें दिन बालक का नामकरण संस्कार करना चाहिए। इसी बात को आचार्य गदाधर स्पष्ट शब्दों में लिखते हैं - **'प्रसवाद्दषम्यां रात्र्यामतीतायामेकादषेऽहनि सूतिकागृहात् सूतिकामुत्थाप्य नामकरणांगतया त्रीन् ब्राह्मणान् भोजयित्वा पिता कुमारस्य नाम (संज्ञा) सम्व्यवहारार्थं करोति।'**

मदनरत्ननामक ग्रन्थ में भी 'सूतकान्ते नाम कर्मविधेयं स्वकुलोचितम्' इस वचन से 11वें दिन ही नामकरण करना चाहिए। महर्षि याज्ञवल्क्य भी कहते हैं -

'अहन्येकादशे नाम'

यहाँ एक बात और ध्यान देना है कि अमावस्या, भद्रा, संक्रान्ति आदि उस दिन होने पर नामकरण नहीं करना चाहिए। जैसा कि लिखा है-

'अमा संक्रान्ति विष्ट्यादौ प्राप्तकालेऽपि नाचरेत्'

इसीलिए सारसंग्रह नामक ग्रन्थ में यह भी लिखा है कि -

एकादशेह्निविप्राणां क्षत्रियाणां त्रयोदषे।

वैश्यानां षोडशे नाम मासान्ते शूद्रजन्मनाम् ।।

अर्थात् ग्यारहवें दिन ब्राह्मणों का, तेरहवें दिन क्षत्रियों का, सोलहवें दिन वैश्यों का एवं एक मास में शूद्रों का नामकरण संस्कार करना चाहिए।

हमें शास्त्रों के विकल्प पक्षों को ध्यान नहीं देना है। अन्ततः निष्कर्ष यही है कि स्वकुलगोत्र परम्परा के अनुसार 11 वें दिन ब्राह्मण बालक का नामकरण संस्कार अवश्य कर देना चाहिए। ब्राह्मण का ही नहीं अपितु सभी वर्णों का, क्योंकि -

सूतिका सर्ववर्णानां दशाहेन विशुद्धयति।

ऋतौ च न पृथग्धर्मः सर्ववर्णेष्वयं विधिः ।।

इस वचन से प्रतीत होता है।

नामकरण किस समय करें -

इस पर विचार करते हुए शास्त्रों में कहा गया है कि-

पूर्वाह्ने श्रेष्ठ इत्युक्तो मध्याह्ने मध्यमः स्मृतः।

अपराह्नं च रात्रिं च वर्जयेन्नामकर्मणि ।।

अर्थात् पूर्वाह्न (प्रातःकाल) में नामकरण श्रेष्ठ होता है, मध्याह्न में मध्यम होता है। अपराह्न एवं रात्रि में नामकरण नहीं करना चाहिए।

किस दिन नामकरण करें -

भास्करार्कजभौमानां वर्जयेदर्षकोदयौ।

धनकर्मसुतभ्रातृनवमस्थः शुभः शशी ।।

अर्थात् रवि, शनि, भौमवार एवं अमावस्या को छोड़कर धन, कर्म, सुत, भाई एवं नवमस्थ चन्द्रमा के रहने पर शुभ होता है।

2.4.2 नाम का स्वरूप

कर्मकाण्ड में चार प्रकार के नामों का उल्लेख मिलता है - (क) कुलदेवता के अनुरूप नाम, (ख) मासदेवतानुरूपनाम (ग) नक्षत्रानुरूपनाम, (घ) व्यवहारनाम।

कुलदेवता के अनुरूप नाम का तात्पर्य यह है कि अपने कुल देवता के अनुसार दास आदि नाम रखना। जैसे किसी के कुलदेवता हनुमान जी है, तो हनुमानदास या हनुमत्प्रसाद आदि नाम, बालक का रखना चाहिए।

वीरमित्रोदय नामक ग्रन्थ में भी इस बात का समर्थन मिलता है। कुलदेवता के आधार पर नाम रखने के पीछे माता-पिता की यह धारणा थी कि बालक को उन कुल देवताओं का संरक्षण प्राप्त हो।

दूसरा नाम मासदेवता का है। इसमें प्रत्येक महीनों के देवता बताये गये है। जातक का जन्म जिस मास में होगा उस मास के देवता उस जातक के मासदेवता कहलायेंगे, तथा उन्हीं के नाम पर जातक का नाम निर्धारण करना, मासदेवता के आधार पर नाम निर्धारण करना कहा जाता है। तथा कुछ मास के नाम भी भगवन्नाम के समान है अतः उसी आधार पर नामकरण होता था। महर्षि गर्ग के अनुसार मार्गशीर्ष से क्रमश: बारह मासों के नाम है-

कृष्णोऽनन्तोऽच्युतष्चक्री वैकुण्ठोऽथ जनार्दनः।

उपेन्द्रो यज्ञपुरुषो वासुदेवस्तथा हरिः

योगीशः पुण्डरीकाक्षो मासनामान्यनुक्रमात्॥

अर्थात् कृष्ण, अनन्त, अच्युत, चक्री, वैकुण्ठ, जनार्दन, उपेन्द्र, यज्ञपुरुष, वासुदेव, हरि, योगीष तथा पुण्डरीकाक्ष।

आप देखे! ये कितने अच्छे नाम है, परन्तु आजकल जो लोग अपने बच्चों का नाम रखते हैं उनसे भी आप परिचित ही है।

नक्षत्र नाम -

जिस नक्षत्र में बालक का जन्म होता है, उस नक्षत्र के जो देवता होते हैं, वही नाम उस बालक का रखा जा जाता है। जैसे पुनर्वसु के देवता अदिति है। तो उस बच्चे का नाम आदित्य होगा। श्रवण नक्षत्र में उत्पन्न बच्चे का विष्णु, अष्विनी नक्षत्र में उत्पन्न बच्चे का नाम अश्विनी कुमार आदि।

सभी देवताओं के नाम लिखना यहाँ ठीक नही है विस्तार होगा उसके लिए आप दूसरे सम्बद्ध ग्रन्थों को भी देख सकते हैं।

ज्योतिष की दृष्टि में प्रत्येक नक्षत्र में चार चरण बताये गये हैं। उसमें जिन चरणों में जन्म हुआ हो उसके आधार पर रखा गया नाम राशिनाम कहलाता है। जिसे आप जानते ही हैं।

व्यवहारिक नाम -

चौथा नाम व्यवहार नाम होता है। इसी नाम का प्रायः लोगों के द्वारा व्यवहार किया जाता है। इसमें यह ध्यान रखा जाना चाहिए कि उच्चारण में नाम सरल तथा सुनने में अच्छा होना चाहिए।

पुरुष प्रकृति से ही कठोर तथा सबाल होते हैं और नारी कोमल तथा सुन्दर होती है। अतः इसीके अनुरूप व्यवहार नाम रखा जाना चाहिए।

नाम में अक्षर विचार -

यहाँ नाम में कौन-कौन से अक्षर होने चाहिए यह भी शास्त्रों में विचार किया गया है। और शास्त्रानुकूल नाम रखने पर अवश्य ही उसका फल मिलता है। सर्वप्रथम पारस्करगृह्यसूत्र के अनुसार -

द्वयक्षरं चतुरक्षरं वा घोषवदाद्यन्तरन्तस्थं दीर्घाभिनिष्ठानं कृतं कुर्यात् न तद्धितम्। अयुजाक्षरमाकारान्तं स्त्रियै तद्धितम्।

बालक का नाम दो या चार अक्षर का होना चाहिए। उसका पहला अक्षर घोषवर्ण वाला होना चाहिए। घोषवर्ण (ह य व र ल य म ङ ण न झ भ घ ढ ध ज ब ग ड द) है। नाम के बीच में कोई एक अन्तस्थ वर्ण (य र ल व) होना चाहिए। अन्त में दीर्घ या विसर्ग होना चाहिए। कृदन्त होना चाहिए तथा तद्धित भिन्न होना चाहिए। बालिकाओं का नाम विषम अक्षर (3,5,7) वर्ण वाले होना चाहिए। अन्त में आकार एवं तद्धितान्त होना चाहिए।

इस प्रकार नामकरण में होने वाले कुछ विशेष बातों का परिचय कराने के बाद अब इस संस्कार की शास्त्रीय प्रयोगविधि बताया जा रहा है।

अथ प्रयोगविधिः

नामकरण के दिन माता पिता बालक के साथ स्नान कर पूजन स्थल पर आकर दीप जलाकर स्वस्तिवाचनपूर्वक संकल्प करें।

संकल्प - देषकालौ संकीर्त्य अमुकगोत्रः अमुकराषिः अमुकशर्माऽहं अमुकराशेः अस्य पुत्रस्य अस्याः कन्यायाः वा करिष्यमाणनामकर्मणि गणेशाम्बिकयोः पूजन कलशस्थापनं, मातृकापूजनं, नान्दीश्राद्धम् आचार्यवरणानि च करिष्ये।

इसके बाद गणेश पूजन से लेकर आचार्यवरण कर्म करने के बाद प्रधान संकल्प करें - पूर्वोच्चारित एवं ग्रहगुणविषेषणविषिष्टायां अमुकतिथौ गोत्रः षर्माऽहं अमुकराषेः अस्य बालकस्य आयुर्वृद्धिव्यवहारसिद्धि बीजगर्भसमुद्भवैनोनिर्बहणद्वाराश्रीपरमेष्वरप्रीतये नामकर्म संस्कारमहं करिष्ये।

तत्र वेदीं कृत्वा पंचसंस्कारपूर्वकमग्निं संस्थाप्य वेद्याः ईशानदिग्भागे कलशविधिना कलशं संस्थाप्य तत्र ब्रह्मवरुणसहितादित्यादिनवग्रहानावाह्य सम्पूज्य च रक्षासूत्रं स्वयमभिमन्त्र्य स्वयं होमकर्तृत्वे ब्रह्मणो वरणं कुर्यात्।

(नामकरणसंस्कार के निमित्त 3 ब्राह्मणों को भोजन एवं दक्षिणा से संतुष्ट कर कुशकण्डिका करें। इसके बाद होम, पान (पीने के लिए) एवं भू प्रोक्षण के लिए पंचगव्य का निर्माण करें।)

पंचगव्यनिर्माण विधि

पंचगव्य में गोमूत्र, गोमय, गौ का दूध, गौ की दधि, गौ घृत एवं कुशोदक रहता है। जिसमें मन्त्रपाठ पूर्वक तत् तत् पदार्थों को एक पात्र में बनाते हैं, जिससे प्रोक्षण आदि करते हैं। जैसा कि कहा गया है-

गोमूत्रं गोमयं क्षीरं दधि सर्पिः कुषोदकम् ।
निर्दिष्टं पंचगव्यं च पवित्रं कायषोधनम् ।।

मंत्र से निर्मित यह पंचगव्य षरीर में त्वचा एवं अस्थिगत समस्त पापों को षरीर से हटाकर पवित्र करता है। क्योंकि गोमूत्र में वरुण देवता, गोमय में हव्यवाट (अग्नि) गोदूध में चन्द्रमा, गोदधि में वायु, गोधृत में भानु एवं कुषा के जल में भगवान् हरि निवास करते हैं। जैसा कि कहा गया है-

गोमूत्रे वरुणो देवो हव्यवाहस्तु गोमये ।
क्षीरे चन्द्रष्च भगवान् वायुर्दध्नि समाश्रितः ।।
भानुराज्ये स्थितस्तद्वत् जले हरिरुदाहृतः ।
दर्भे देवाः स्थिताः सर्वे पवित्रं तेन नित्यषः ।।

'ॐ भूर्भुवः स्वतत्सवितुवरेण्यं भर्गो देवस्य धीमहि धियो योनः प्रचोदयात्' इति मन्त्रेण गोमुत्रं गृहीत्वा वरुणं ध्यायन् एकस्मिन् पात्रे स्थापयेत् ।

ॐ गन्धद्वारां दुराधर्षां नित्यपुष्टां करीषिणीम् ।
ईष्वरीं सर्वभूतानां तामिहोपह्वये श्रियम् ।। इति मंत्रेण गोमयं संगृह्य अग्निं ध्यायन् पात्रे क्षिपेत्।

ॐ आप्यायस्व समेतु ते व्विष्वतः सोमव्वृष्ण्यम् । भवाब्वाजस्य संगथे ।
मन्त्रेणानेन दुग्धं संगृह्य सोमं ध्यायन् पात्रे क्षिपेत् ।

ॐ दधिक्राव्णोऽअकारिषंजिष्णोरष्वस्यव्वाजिनः। सुरभि नो मुखा करत्प्रणऽआयूँषितारिषत।
इति मन्त्रेण दधि संगृह्य वायुं ध्यायन् पात्रे क्षिपेत् ।

ॐ तेजोऽसि षुक्रमस्यमृतमसिधामनामासिप्रियन्देवानामनापृष्टन्देव यजमनसि। इति घृतं संगृह्य रविं ध्यायन् पात्रे क्षिपेत् ।

ॐ देवस्यत्वा सवितुः प्रसवेऽष्विनोर्बाहुभ्याम्पूष्णोहस्ताब्भ्याम्। इति कुषोदकं संगृह्य हरिं ध्यायन् पात्रे क्षिपेत् ।

ऊँ आपो हिष्ठामयोभुवस्तानऽऊर्ज्जे दधातन। महेरणाय चक्षसे ।

यो वः शिवतमोरसस्तस्यभाजयते हनः । उशतीरिवमातरः। तस्माऽअरंगमामवो यस्य क्षयाय जिन्वथ। आपो जनयथा चनः । इति मंत्रेण आलोड्य

इस प्रकार से निर्मित पंचगव्य के द्वारा पवित्र (समूल साग्र तीनों कुषों के द्वारा) हवन करना चाहिए। तत्रादौ **संकल्पः** - अद्येह पंचगव्यपानांगहोमकर्मणा अहं यक्ष्ये ।

ततः विधिनामानमग्निमावाहयेत। तत्र मन्त्रः - एतन्ते देवसवितर्यज्ञं प्राहुर्बृहस्पतये ब्रह्मणे। तेन यज्ञमवतेन यज्ञपतिन्तेनमामव।

ऊँ भूर्भुवः स्वः विधिनामाग्ने इहागच्छेहतिष्ठ सुप्रतिष्ठितो वरदो भव। ऊँ तदेवाग्निस्तदादित्यस्तद्वायुस्तदुचन्द्रमाः। तदेव शुक्रं तद् ब्रह्म ताऽआपः स प्रजापतिः। इति मंत्रेण अग्निं ध्यात्वा। पंचोपचारैः सम्पूज्य दक्षिणं जान्वाच्य ब्रह्मणान्वारब्धो जुहुयात्। (मनसा) प्रजापतये स्वाहा। इदं प्रजापतये न मम। ऊँ इन्द्राय स्वाहा। इदमिन्द्राय न मम। ऊँ अग्नये स्वाहा। इदमग्नये न मम। ऊँ सोमाय स्वाहा। इदं सोमाय न मम। इत्याधारावाज्यभागौ च हुत्वा अन्वारम्भं त्यक्त्वा सप्तभिहरितदर्भतरुणैः पंचगव्य होमं कुर्यात्।

पंचगव्यहोममंत्राः

ऊँ इरावती धेनुमतीहिभूतं सूयवसिनी मनवेदषस्या। व्यस्कम्नारोदसीव्विष्णवेते दाधर्थपृथिवीमभितोमयूखैः स्वाहा।

इदं विष्णवे न मम।

ऊँ इदं विष्णुर्व्विचक्रमे त्रेधा निदधे पदम्। समूढमस्यपांसुरे स्वाहा।

इदं विष्णवे न मम।

ऊँ मानस्तोकेतनयेमानऽआयुषिमानो गोषु मा नोऽअष्वेषु रीरिषः।

मानोव्वीरात्रुद्द्रभामिनोव्वधीर्हविष्मन्तः सदमित्वा हवामहे स्वाहा।

इदं रुद्राय न मम। उदकस्पर्षः।

ऊँ शन्नो देवीरभिष्टयऽआपो भवन्तु पीतये। षंय्योरभिस्रवन्तु नः स्वाहा।

इदमद्भ्यो नमः।

ऊँ भूर्भुवः स्वः तत् सवितुर्वरेण्यं भर्गो देवस्य धीमहि धियो योनः प्रचोदयात् स्वाहा। इदं सवित्रे न मम।

ऊँ प्रजापतये न त्वदेतान्यन्योव्विष्वारुपाणि परिता बभूव। यत्कामास्ते जुहुमस्तन्नोऽअस्तुव्वयं स्याम पतयोरयीणां स्वाहा।

इदं प्रजापतये न मम।

इति पंचगव्यहोमं विधाय ब्रह्मणान्वारब्धः आज्येन भूराद्यानवाहुतिर्हुत्वा पंचगव्यमिश्राज्येन स्विष्टकृद्होमं च कृत्वा संस्रवप्राषनादिपूर्णपात्रद्वनान्तं कर्म समापयेत् ।

ततः अद्येह पंचगव्यपानांगहोमकर्मणः सांगतासिध्यर्थं इमां दक्षिणां पुरोहिताय ब्राह्मणाय दास्ये। ॐ तत्सन्न मम । इति संकल्प्य दक्षिणां दद्यात् ।

ततः हुतशेषं पंचगव्यं सूतिकायै दद्यात्। प्रसवगृहं च प्रोक्षेत् । सा च ब्रह्मतीर्थेन त्रिः प्राश्नाति अत्र आचारात् स्रुवं गन्धाक्षतपुष्पाद्रव्यादिभिः सम्पूज्य ब्रह्मा स्रुवेणान्वारम्भं कृत्वा सूतिकां भर्तुः समीपमानयति। सा च बालकमंके गृहीत्वा अग्निं प्रदक्षिणीकृत्य 'भतुर्वामतः उपविशेत् । आवाहित देवेभ्यः पुष्पांजलिं समर्पयेत् ।

2.4.3 नामकरण प्रक्रिया

उपरोक्त कर्म को समाप्त कर नामकरण की विधि अब आपको बताया जायेगा । ऊपर की प्रक्रिया आप अच्छी तरह जानते हैं । इसीलिए इसकी हिन्दी मैंने नहीं दी । अस्तु

दैवज्ञ (ज्योतिषी) के द्वारा बताये गये सुन्दर लग्न में नवीत वस्त्र पर कुंकुम आदि से शिशु का नाम लिखकर प्रतिष्ठा मंत्र पढ़ें । 'एतन्ते' यह प्रतिष्ठा मंत्र है । इसे इसके पहले प्रकरण में लिख दिया गया है । अतः यहाँ पूरा मंत्र नहीं दिया गया है । ॐ भूर्भुवः स्वः बालकनाम सुप्रतिष्ठितो भवतु इति प्रतिष्ठाप्य कहकर लग्नदान का संकल्प करें - अद्येहेत्यादि संकीर्त्य अमुकराशेरस्य बालकस्य नामकर्मलग्नाद्यकुत्रस्थाने स्थितानाम् आदित्यादिनवग्रहाणां शुभानां शुभफलाधिक्यप्राप्तये दुष्टानां दुष्टफलोपषान्त्यर्थं इमां सुवर्णनिष्क्रयिणीं दक्षिणां दैवज्ञाय तुभ्यमहं सम्प्रददे ।

इस प्रकार संकल्प कर दक्षिणा देकर सुनवांश आने पर नये वस्त्र पर लिखे गये नामवाले कपड़े को शंख से आवेष्टित कर बालक के दक्षिण (दाहिने) कान में उसका नाम पाँच बार बोले । तथा च सुनवांसे समागते लिखित नामकमन्नव्यवस्त्रं सद्रव्यषंखे वेष्टयित्वा तेन बालस्य दक्षिणकर्णे पंचघोषपुरस्सरं अमुक शर्माऽसि दीर्घायुर्भव इति कथयेत्।

यहाँ एक बात ध्यान देने योग्य है ब्राह्मण बालक के लिए अन्त में शर्मा का उच्चारण करने चाहिए जैसे उपेन्द्र शर्मा । क्षत्रिय के लिए अन्त में वर्मा, वैश्य के लिए गुप्ता शूद्र के लिए दास कहना चाहिए ।

जैसा कि कहा गया षर्मान्तं ब्राह्मणस्य, वर्मान्तं क्षत्रियस्य गुप्तान्तं वैष्यस्य, दासान्तं 'शूद्रस्य नाम कुर्यात् ।

ततो नामकरणदक्षिणा संकल्प - अद्येहेत्यादि संकीर्त्य अमुकराशेर्बालकस्यास्य

नामकर्माख्यसंस्कारकर्मणः सांगतासिध्यर्थं तत्सम्पूर्णफलप्राप्त्यर्थं इमां सुवर्णदक्षिणाम् आचार्याय तुभ्यमहं सम्प्रददे। इति संकल्प्य नामकर्मदक्षिणां दद्यात्।

पुनः संकल्पः - अद्येहेत्यादि संकीर्त्य अमुकराशिरस्य बालकस्य बैजिकगार्भिकदुरितोपषान्तये व्यवहारसिद्धये च कृतस्य नामकरणकर्मणः न्यूनातिरिक्तदोष परिहारार्थं इमां भूयसीं दक्षिणां ब्राह्मणेभ्यो दास्ये । तथा कृतस्य नामकर्माख्यसंस्कारकर्मणः साद्गुण्यार्थं दश वा यथासंख्यकान् ब्राह्मणान् भोजयिष्ये। इति संकल्प्य अग्निं सम्पूज्य त्र्यायुषादि कृत्वा अग्निं विसर्जयेत्।

प्रमादात् कुर्वतां कर्म प्रच्यतेताध्वरेषु यत्।

स्मरणादेव तद्विष्णोः सम्पूर्णं स्याद्यथाश्रुतिः ।।

ॐ विष्णवे नमः ॐ विष्णवे नमः ॐ विष्णवे नमः।

इति नामकरणसंस्कारप्रयोगः

बोधप्रश्न

यहाँ अब आपसे कुछ प्रश्न पूछे जायेंगे जिनका उत्तर आपको देना है।

1. पंचगव्य में कौन-कौन से पदार्थ रहते हैं?
2. दूध में कौन देवता निवास करते हैं?
3. सर्पिः किसे कहते हैं?
4. संस्कार में अद्येहेत्यादि का क्या तात्पर्य है?
5. प्रजापति को स्वाहाकार कैसे दिया जाता है?
6. बिना नाम के ज्ञान को क्या कहते हैं?
7. बालक का नामकरण किस दिन होता है?

2.5 सारांश

इस इकाई में आपके सामने जातकर्म एवं नामकरण संस्कार की चर्चा की गयी है। सर्वप्रथम जातकर्म संस्कार का परिचय एवं उसके बाद शास्त्रीय प्रयोग विधि प्रयोग उसमें है। आज इन दोनों संस्कारों का अत्यन्त अभाव होता चला जाता है। दूसरी स्थिति अच्छे ग्रन्थों से खोजकर परिश्रमपूर्वक इसका सामान्य परिचय एवं सम्पन्न कराने की विधि को उसमें रखा गया है। जातकर्म संस्कार को उद्देष्य करके इसका उद्भव, सूतिकागृह का स्थान इस संस्कार का प्रयोजन, सोष्यन्तीकर्म, मेधाजनन, आयुष्यवर्धन, स्तनपान एवं सूतक की अवधि आदि के विषय में मतान्तरों को देते हुए निर्णीत एवं उचित पक्ष पर भी विचार किया गया है। इसी तरह नामकरण संस्कार में इसका संक्षिप्त

परिचय, नामकरणकाल, मुहूर्त, नाम रखने के प्रकार एवं प्रयोगविधि आदि की चर्चा की गई है जिसे आप स्वयं पढ़कर अनुभव करेंगे।

इस प्रकार ये दोनों संस्कार संक्षेप में सम्पन्न हुए। हाँ इसमें कहीं त्रुटि आदि समझ में आवे तो अवश्य ही हमें संकेत करेंगे यह मेरा आपसे निवदेन है।

2.6 पारिभाषिक शब्दावली

प्राशयति = खिलाता है

अवर = जरायु (झिल्ली युक्त गर्भ)

अवेतु = नीचे की ओर गिरे

नाभ्याम् = नाभि के समीप

ब्रह्म = वेद

प्रतिदिशं = प्रत्येक दिशा में

शण्डग्रह = मारकग्रह

अपह्वर = टेढ़ा करने वाले

2.7 अभ्यास प्रश्नों के उत्तर

प्रथम अभ्यास प्रश्नों के उत्तर

1. गर्भाधान
2. जातकर्म
3. पुत्र की आयु एवं श्री की वृद्धि ही जातकर्म संस्कार का मुख्य प्रयोजन है।
4. मेधाजन जातकर्म संस्कार से सम्बद्ध है।
5. बालक के सम्पूर्ण आयु प्राप्ति के लिए वात्सप्रसंज्ञकमंत्र (अनुवाक) का पाठ किया जाता है।
6. जननाशौच में 10 दिन का सूतक रहता है।
7. प्रसव की पीडा से विकल स्त्री को, जिसे सुखपूर्वक प्रसव कराने की प्रक्रिया को सोष्यन्ती कर्म कहते हैं।

द्वितीय अभ्यास प्रश्नों के उत्तर

1. पंचगव्य में गो दूध, गो दधि, गो घृत, गो मूत्र, गोमय एवं कुषोदक होते हैं।
2. गो के दूध में चन्द्रमा निवास करते हैं।

3. सर्पिः घी (गोघृत) को कहते हैं।

4. संकल्प में अद्येहेत्यादि का तात्पर्य यह है कि प्रत्येक संकल्प का पूर्वार्द्ध ऊँ विष्णुः से लेकर गोत्रः तक बोलना है।

5. प्रजापति को बोलकर (वाणी से) स्वाहाकार नहीं किया जाता है, अपितु मन से (मन में ध्यान कर) इसीलिए मनसा कहा गया है।

6. बिना नाम के ज्ञान को निर्विकल्पक ज्ञान कहते हैं।

7. बालक का नामकरण 11वें दिन होता है।

2.8 सन्दर्भ ग्रन्थसूची

1. संस्कारदीपक - महामहोपाध्याय श्रीनित्यानन्द पर्वतीय

2. पारस्करगृह्यसूत्र - आचार्य पारस्कर (गदाधर भाष्य)

3. हिन्दूसंस्कारविधिः - डा. राजबली पाण्डेय

2.9 निबन्धात्मक प्रश्न

1. जातकर्म संस्कार का परिचय प्रस्तुत करें।

2. नामकरण संस्कार के महत्त्व पर प्रकाश डालें।

3. पंचगव्य होम की विधि लिखें।

4. पंचगव्य निर्माण मंत्रों को लिखें।

इकाई 3 – अन्नप्राशन संस्कार

इकाई की रूपरेखा

3.1 प्रस्तावना

झेइससे पूर्व की इकाई में आप जन्मोत्सव की विधि को अच्छी तरह से सम, जिसमें कि एक संक्षेप विधि भी आपको अवगत कराई गई है, जिसे कम समय में ही इसे आप सम्पन्न करा सकते-हैं। तथा अन्नप्राशनसंस्कार का रहस्य समझ सकते हैं। अब आपको इस प्रस्तुत इकाई में अन्नप्राशन - सर्वाधिक प्रचलित है। संस्कार के विषय में कुछ और भी रहस्य बताया जायेगा जो वर्तमान समाज में एवं विज्ञलोग प्रायः इसे अपने घर में सविधि सम्पन्न करते हैं।

यह एक ऐसा संस्कार है, जिसे प्रायः घर के बड़े बुजुर्ग लोग इसे सम्पन्न करते हैं तथा जिन्हें विधि भी मालूम रहती है, परन्तु आजश विधि के अनुसार अन्नप्राशन में कुछ अं-कल शास्त्रीय- अवश्य ही छूट जाते हैं, जिन्हें हम जानते नहीं हैं, जैसे होम आदि। इन अंशों को भी आपके सामने रखा जा रहा है जिससे यह विधि पूर्ण हो जाय तथा इसे समाज के समक्ष प्रस्तुत कर भारतीय संस्कृति के अभ्युदय में आप की भी सहभागिता सिद्ध होगी।

3. 2उद्देश्य

अध्ययन के बाद आपको अन्नप्राशन संस्कार की विधि या अनुष्ठान को इस संस्कार के, जानने में सुगमता होगी, तथा ऋषि – महर्षियों द्वारा निर्मित संस्कारों का जीवन में उपयोग एवं महत्व को समझ पायेंगे।विशेषताया संस्कारों में अन्नप्राशन संस्कार का ज्ञान आप इस इकाई से कर लेंगे।

3.3 अन्नप्राशन संस्कार का परिचय एवं महत्व

महर्षि सुश्रुत के अनुसार''षण्मासं चैनमन्नं प्राशयेल्लघुहितं च'' शिशु को छठे महीने में माँ के दूध से अलग कर देना चाहिए। और उसे सुपाच्य, मुलायम, पेय आदि अन्न पर निर्भर कराना चाहिए। जन्म से सर्वप्रथम मनुष्य को अन्न खिलाने की विधि ही अन्नप्राशन संस्कार है। अन्न का अर्थ तो आप समझते ही हैं। प्राशन में प्र उपसर्ग है अशन का अर्थ भोजन है, जिसे संस्कृत में अश्नाति भी बोलते हैं। आशन या अशन का साधन ही संक्षिप्त रूप से अन्न है। उपनिषदों में अन्न को ब्रह्म माना गया है। ''अन्नं वै ब्रह्म''। इसी अन्न का प्राशन अर्थात् प्रथमबार खिलाने को अन्नप्राशन कहते हैं। इसको भारतीय संस्कृति में-'अन्नप्राशन संस्कार' नाम से विभूषित किया गया है। महर्षिपारस्कर द्वारा विरचित पारस्करगृह्यसूत्र है (कल्पसूत्र का अंग), जो सम्पूर्ण उत्तरभारत की की (शुक्लयजुर्वेद)

शाखा का गृह्यसूत्र है, इसमें भी आचार्यपारस्कर कहते हैं कि ‘षष्ठे मासि अन्नप्राशनम्’ इसका तात्पर्य है छठे महीने में अन्न का प्राशन अन्नप्राशनसंस्कार का सामान्य अर्थ है-, जन्म से पहली बार अन्न बालक को खिलाना। बात यह है कि शिशु का जब जन्म होता है, तब उसे दाँत नहीं होते हैं। दाँतों का प्रादुर्भाव बाद में होता है। तथा वे दाँत कुछ समय के बाद निकल जाते हैं तथा फिर से नये दाँत उत्पन्न होते हैं जो चिरस्थायी होते हैं। यह प्रभु की ही लीला है। इसे दूध का दाँत भी लोग गाँवों में कहते हैं। शिशु के जन्म के पहले ही माँ के स्तनों में दूध आ जाता है जन्म बाद में होता है, यह प्रकृति की लीला है। जन्म के समय शिशु के अंग प्रत्यंग अत्यन्त छोटे छोटे होते हैं उसी के अनुरूप पाचनव्यवस्था भी होती है। अतः उसे जन्म से कुछ काल के बाद शरीर पुष्ट होने के लिए आहार की आवश्यकता होती है। आप देखेंजन्म के समय शिशु को पेय एवं पुष्ट तथा मुलायम पदार्थ की ! आवश्यकता होती है, जिसे प्रकृति या ईश्वर स्वयं माँ के दूध के रूप में उसको प्रकट करते हैं। जन्म के समय से ही बच्चे की आहार की व्यवस्था प्रभु कर देते हैं। उसे आगे की चिन्ता करने की जरुरत नहीं होती है। जब जन्म के समय में ही प्रभु ने आहार की व्यवस्था की तो आगे भी अवश्य करेंगे ऐसा विश्वास करना चाहिए। परन्तु ऐसे प्रभु पर पर आज लोग विश्वास नहीं करते इसीलिए दुःखी रहते हैं। बच्चे के लिए माँ का दूध अमृत के समान होता है। आजभी इसे अच्छी तरह कल के वैज्ञानिक- स्वीकार करते हैं। बालक के शरीर के समस्त आवश्यक आवश्यकताओं की पूर्ति माँ के दूध से हो जाती है। उसे किसी दूसरे आहार की आवश्यकता नहीं होती है।

प्रारम्भिक काल में बच्चे को दूध पिलाना माता के लिए अनिवार्य है परन्तु जब शिशु को दाँत आ जाते हैं, एवं शिशु जब चलने का प्रयास करने लगे, तो उसे दूध के अलावा परिश्रम के अनुकूल अन्य तत्त्वों की भी आवश्यकता होती है। दूध में मुख्यरूप से कैल्सियम नामक तत्त्व पाया जाता है। अधिक काल तक दूध पिलाने से माता का शरीर भी कमजोर होने लगता है, तथा कैल्सियम की कमी होने लगती है, जिसका दुष्परिणाम शरीर में होने लगता है। अंग प्रत्यंग स्वयं प्रभावित होने लगते हैं परिणाम स्वरूप माता का शरीर क्षीण होने लगता है। जिसके लिए प्रत्येक माता अपने बच्चे को तभी तक दूध पिलाती है जब तक कि उस बच्चे का अन्नप्राशन संस्कार नहीं हो जाता है। यह संस्कार होते ही बालक अन्न के प्रति धीरेधीरे अनुरक्त होने लगता है। तथा माँ का - दूध उससे छूट जाता है। तथा अन्य आहार लेकर वह सबल एवं पुष्ट होने लगता है।

अन्नप्राशन का शिशु पर प्रभाव

प्रायः शिशु का शरीर पूर्णतया जन्म के समय अविकसित ही रहता है। उसके पास दाँत नहीं होते हैं। इसलिए गरिष्ठभोजन उसके लिए अनुकूल नहीं पड़ता है। किसी तरह ग्रहण भी कर लेता है - तो वह पच नहीं सकता। जिससे उसको लाभ कम, हानि ज्यादा ही होती है। शिशु के शरीर को विकसित करने के लिए माता का दूध अमृत के समान है। यह हम पहले भी आपको बता चुके हैं। परन्तु जैसे जैसे बालक के शरीर का विकास होता है उसको और पोषक तत्त्वों की आवश्यकता होती है। इसीलिए की शिशु के दाँत भी उत्पन्न हो जाते हैं जिससे यह लक्षित होता है कि अब उसे न केवल दूध की आवश्यकता है अपितु उसे अब अन्न भी चाहिए । इस प्रकार अन्नप्राशन संस्कार जन्म से छठे महीने में कर देना चाहिए। यही शास्त्र की विधि है। इसमें कारण यह भी है कि बच्चे की पाचन शक्ति तब तक विकसित हो जाती है एवं आहार लेने के लिए दाँत भी निकल आते हैं।

यहाँ प्रसंगतः दाँत निकलने के प्रभाव एवंदुष्प्रभाव की भी चर्चा आपसे थोड़ी हो जाय।

दन्तजनन प्रभाव दुष्प्रभाव एवं शान्ति के उपाय

मुहूर्त्तचिन्तामणि ग्रन्थ के अनुसार यदि प्रथम मास में ही शिशु के दॉत निकल आवे तो शिशु स्वयं नष्ट हो जाता है । द्वितीय मास में अनुज की हानि की आशंका रहती है, तृतीय मास में भगिनी

की हानि, चौथे महीने में माता के लिए कष्टकारी होता है। पॉचवें में अग्रज की हानि होती है। छठवें महीने में अत्यन्त सुख, सातवें महीने में पिता से सुख, आठवें में पुष्टि, नवें महीने में धनवान, दसवें महीने में अत्यन्त सुखी होता है। दॉत सहित जो बालक का जन्म होता है वह अपने माता – पिता के लिए हानिकारक होता है। यथा गोस्वामी तुलसीदास जी का जन्म के साथ ही दॉत निकलने के कारण उनके जन्मोपरान्त ही उनके माता – पिता का निधन हो चुका था। इसके लिए श्री चण्डेश्वर आचार्य के निम्नश्लोकों का अवलोकन करना चाहिए।

प्रथमे दन्तजननात् स्वयमेव विनश्यति।
द्वितीये भ्रातरं हन्ति तृतीये भगिनीं तथा ।।
चतुर्थे मातरं हन्ति पंचमे स्वात्मनोग्रजम्।
षष्ठे च मन्त्रजीवी स्यात् सप्तमे पितृसौख्यद ।।
अष्टमे पुष्टिजनको नवमे लभते धनम्।
लभते दशमे मासि सौख्यमेकादशेऽपि वा ।।
द्वादशे धनसम्पत्तिः दन्तानां जनने फलम्।

पद्मपुराण विष्णुधर्मोत्तर में परशुराम के प्रति पुष्कर ने भी कहा है-

दन्तजन्मनि बालानां लक्षणं तन्निबोध मे।
उपरि प्रथमं यस्य जायन्ते च शिशोर्द्विजा ।।
तैर्वा सह च यस्य स्यात् जन्मभार्गव सत्तम।
मातरं पितरं चाथ खादेतात्मानमेव वा ।।

इस प्रकार यहाँ दन्तजनन का फल विशेष बतलाया है। इसके शान्ति को दन्तजनन शान्ति के नाम से जाना जाता है। अवसर आने पर इस शान्ति को कराना चाहिए।

अन्नप्राशन संस्कार का समय -

अब यहॉ अन्नप्राशन संस्कार की चर्चा करते हैं , क्योंकि अन्नप्राश्न समय का ज्ञान होना भी अत्यावश्यक है।

गृह्यसूत्रों के अनुसार यह संस्कार शिशु के जन्म के पश्चात् छठे मास में किया जाता है। मनु एवं याज्ञवल्क्य स्मृतियों का भी यही मत है। किन्तु आचार्य लौगाक्षि संस्कार की गणितीय गणना के आधार पर निश्चित काल से सहमत नहीं है, तथा ये व्यक्तिगत परीक्षा निर्धारित करते हैं। इनके अनुसार पाचनशक्ति के विकसित हो जाने पर अथवा दाँतों के निकलने पर ही अन्नप्राशन संस्कार करना चाहिए। जैसे -''**षष्ठे अन्नप्राशनं जातदन्तेषु वा**''। अर्थात् दाँत उत्पन्न होने पर ही यह संस्कार

करना चाहिए। कभी कभी दाँत एक वर्ष तक भी नहीं आते हैं अतः यह पक्ष लौगाक्षि का सर्वसम्मत नहीं मालूम पड़ता है। दाँत, शिशु में ठोस अन्नग्रहण करने की क्षमता के विकसित होने के प्रत्यक्ष चिह्न थे। पहले चार मास के पूर्व शिशु को अन्न देना कठोरतापूर्वक निषिद्ध था। दुर्बल शिशु के लिए यह अवधि बढ़ायी जा सकती है। यह भी वचन प्राप्त होता है जो भी हो, इन सभी विकल्पों में गृह्यसूत्र ही स्पष्ट रूप से प्रमाण है। इसी के अनुसार कार्य करना चाहिए।

अन्नप्राशन संस्कार जन्म से छठे सौर मास में अथवा किसी कारणवश स्थगित होने पर आठवें, नवें, दसवें मास में भी करना चाहिए। किन्तु कुछ आचार्यों के मत में बारहवें मास में अथवा एक वर्ष पूर्ण हो जाने पर भी करना चाहिए। जैसा कि -

जन्मतो मासि षष्ठे वा सौरेणोत्तममन्नदम् ।
तदभावेऽष्टमे मासे नवमे दशमेऽपि वा ।।

इस प्रकार इसकी अन्तिम सीमा एक वर्ष थी जिसके आगे यह संस्कार स्थगित नहीं हो सकता था क्योंकि इसका और भी अधिक रुकना माता के स्वास्थ्य एवं शिशु की पाचनशक्ति के विकास के लिए हानिकारक होगा।

भिन्न है-इन सभी बातों पर समीक्षा करते हुए निष्कर्ष यही है कि मतान्तर अवश्य भिन्न, परन्तु लोकाचार एवं शास्त्रीय विधि को देखते हुए आचार्यपारस्कर एवं मनु का मत अवश्य ही ग्राह्य है। अर्थात् बच्चे का अन्नप्राशन छठे मास में ही करना श्रेयस्कर होगा। यह मत प्रत्येक दृष्टि से अच्छा है।

3.4 अन्नप्राशन मुहूर्त विचार

अन्नप्राशन संस्कार के समय ज्ञान के पश्चात् उसके शुभाशुभ मुहूर्त्त का ज्ञान भी आवश्यक है । अत: यहॉ अब सम्बन्धित मुहूर्त्त की चर्चा करते हैं -

सर्वप्रथम आचार्यों ने दुर्बल शिशुओं के लिये छ: मास के भीतर ही अन्नप्राशन करने की सलाह दी हैं। सबल बच्चों का अन्नप्राशन छ: मास के पश्चात् ही करना चाहिए ।

भारतीय मुहूर्त्त ग्रन्थों में चन्द्रमा, पूर्ण चन्द्रमा, गुरु बुध भौम सूर्य शनि शुक्र ये यदि लग्न से स्थानों में से किसी स्थान में हो तो शिशु क्रम से भिक्षाटन करने वाला यज्ञ करने 9,5,12,1,5,7,8 वाला, दीर्घजीवी, ज्ञानी, पित्तरोगी, कुष्ठी, अन्नाभाव से दुःखी वातरोगी एवं भोगों को भोगने वाला होता है। अर्थात् उक्त स्थानों में से किसी स्थान में क्षीण चन्द्रमा हो तो भिक्षा माँगकर खाने वाला,

पूर्णचन्द्र हो तो यज्ञ करने वाला होता है। इसी प्रकार रिक्ता, नन्दा, अष्टमी, अमावश्या, द्वादशी इन तिथियों को शनि, भौम, रवि इन दिवसों में, छठे मास में, सम मासों में बालकों का और पाँचवें से विषम मासों में कन्याओं का मृदु, लघु, चर और स्थिर संज्ञक नक्षत्रों में अन्नप्राशन करना उत्तम होता है।

अन्नप्राशन के विशेष मुहूर्त

संस्कार में इस प्रकार लग्नों का विचार करना -आचार्य कश्यप के अनुसार अन्नप्राशन चाहिए।

गोश्वकुम्भतुलाकन्यासिंहकर्कनृयुग्मकाः।
शुभदा राशयः चैते न मेषझषवृश्चिकाः।।

अर्थात् वृष, धनु, कुंभ, तुला, कन्या, सिंह, कर्क एवं मिथनु लग्न में अन्नप्राशन करना अत्यन्त उत्तम माना जाता है। मेष मीन एवं वृश्चिक लग्नों का निषेध है।

जैसा कि वसिष्ठ जी ने कहा-

युग्मेषु मासेषु च षष्ठमासात् संवत्सरे वा नियतं शिशूनाम्।
अयुग्ममासेषु च कन्यकानां नवान्नसम्प्राशनमिष्टमेतत्।।

अर्थात् बालकों को छठे मास से युग्म मासों में तथा कन्याओं का पाँचवें मास से विषम मास में अन्नप्राशन कराना चाहिए।

एक बात और यहाँ ध्यान देनेयोग्य है कि प्रायः जन्मनक्षत्र अन्य कर्मो में अशुभ मानी गई है परन्तु कुछ ऐसे भी कर्म है जिन्हें जन्मनक्षत्र में करने का आदेश शास्त्र से प्राप्त होता है। जैसे नारद जी का वचन है-

पट्टबन्धनचौलान्नप्राशने चोपनायते।
शुभदं जन्मनक्षत्रमशुभं त्वन्यकर्मणि।।

अर्थात् पट्टबन्धन पट्टाभिषेक या राज्याभिषेक में, मुण्डन में, अन्नप्राशन में एवं उपनयन में जन्म की नक्षत्र उत्तम मानी गई है। तथा अन्य कर्मो में वह अशुभ मानी जाती है। इस प्रकार अन्नप्राशन जन्मनक्षत्र में भी किया जा सकता है।

भोजन के प्रकार

अन्नप्राशन में सर्वप्रथम बच्चे को क्या खिलावे यह सबसे बड़ा प्रश्न है। इस पर अवश्य ही हमें विचार करना चाहिए। प्राचीनकाल में भोजन के प्रकार भी धर्मशास्त्रों द्वारा निर्णीत थे। साधारण नियम यह था कि शिशु को समस्त प्रकार का भोजन और विभिन्न स्वादों का मिश्रण कर खिलाना

चाहिए। जैसा कि पारस्करगृह्यसूत्र में कहा गया है -'प्राशनान्ते सर्वान् सर्वमन्नमेकत उद्धृत्याथैनं प्राशयेत्' अर्थात् संस्रव प्राशन के पश्चात् मधुर आदि सभी रसों और भक्ष्य, भोज्य, लेह्य चोष्य प्रभृति सभी अन्नों को एक पात्र से उठाकर मुलायम करके शिशु को चटाना चाहिए। या जो लोकाचार पक्ष हो पहले उसे करना चाहिए। अर्थात् जिससे शिशु को जिसे खाने में कष्ट न हो। उसे खिलाना चाहिए। कतिपय धर्मशास्त्री दही, मधु और घी के मिश्रण का विधान करते हैं।

विविध गृह्यसूत्रों में कामना भेद से मांस खाने का विधान भी दिया गया है। परन्तु यह क्षत्रिय इत्यादि वर्णो के लिये है, जो इसका सेवन करते हैं, ब्राह्मणों के लिए नहीं है। उदाहरण के लिए एक दो नाम आपके सामने रखता हूँ।

'भारद्वाज्यामांसेन वाक्प्रसादकामस्य' अर्थात् पिता अपने पुत्र को उत्तम वक्ता बनाना चाहता हो तो भारद्वाजी पक्षिणी का माँस शिशु को चटावे। शीघ्रगामी होने की कामना से मछली का रस उसे चटाया जाना चाहिए। इस प्रकार बहुत सारी कामनाओं के लिए भिन्नभिन्न प्रकार के भोजन - है लेकिन ये समर्थ व्यक्तियों अर्थात् खाने में समर्थ लोगों के लिए ही है न कि सभी के लिए। जो इसका सेवन नहीं करतेहैं उनके लिए यह नहीं है। उनके लिए तो देवताओं की आराधना या गायत्री का जप ही सर्वश्रेष्ठ उपाय है जिससे कि सारी कामनायें पूर्ण हो जाती है।

उसी प्रकार तीक्ष्णबुद्धि के लिए घी, भात, दृढ इन्द्रियों के लिए दही, भात और पितायदि शिशु में उक्त सभी गुणों को चाहता है तो सभी पदार्थों से उसे भोजन कराना चाहिए।

मार्कण्डेयपुराण के अनुसार शिशु को मधु और घी के साथ खीर खिलाने का विधान है। यही पक्ष सर्वमान्य भी है। आजकल लोग खीर या हलवा ही खिलाते हैं जो उत्तम है तथा खाने लायक भी शिशु के लिए है।'मध्वाज्यकनकोपेतं प्राशयेत् पायसन्तुतम्'

भोजन किसी भी प्रकार का क्योंकि न हो यह बात सदा ध्यान में रहे कि भोजन लघु तथा शिशु के लिए स्वास्थ्यवर्धक हो। इसीलिए आचार्य सुश्रुत कहते हैं कि अन्नप्राशन में शिशु को लघु एवं हितकर अन्न खिलाना चाहिए।

'षण्मासं चैतमन्नं प्राशयेल्लघु हितं च'

इस संस्कार के कर्मकाण्ड तथा उसका महत्त्व

भोजन के पदार्थ अवसरोचित -वैदिककाल में अन्नप्राशन संस्कार के दिन सर्वप्रथम यज्ञीय मन्त्रों के साथ स्वच्छ-वैदिक किये और पकाये जाते थे। भोजन तैयार हो जाने पर वाग्देवता को इन शब्दों के साथ एक आहुति दी जाती थी। देवताओं ने वाग् देवी को उत्पन्न किया है। यह मधुर ध्वनि

वाली, अति प्रशंसित वाणी हमारे पास आये। द्वितीयआहुति उर्ज्जा प्राप्ति के निमित्त दी जाती है। - आज हम उर्ज्जा को प्राप्त करें। उपर्युक्त यज्ञों की समापन पर निम्नलिखित शब्दों के साथ चार आहुतियाँ और दी जाती है। जो आगे प्रयोग में आपको अवगत कराया जायेगा।

शु की समस्तशि इन्द्रियों की सन्तुष्टि पुष्टि के लिए प्रार्थना की जाती थी, जिससे वह सुखी एवं सन्तुष्ट जीवन व्यतीत कर सके, किन्तु एक बात ध्यान में अवश्य रखी जानी चाहिए कि सन्तुष्टि एवं तृप्ति की खोज में स्वास्थ्य एवं नैतिकता के नियमों का उल्लंघन नही करना चाहिए उससे मनुष्य के यश का क्षय होता है। आहुति के अन्त में पिता बालक को खिलाने के लिए सभी प्रकार के भोजन तथा स्वाद को पृथक् पृथक् रखता है और मौनपूर्वक अथवा हन्त शब्द का उच्चारण करके शिशु को भोजन कराता है।

3.4 अन्नप्राशन प्रयोग

क्रियः शुचिःअथान्नप्राशनदिने कर्ता कृतनित्य, शुक्लवासाः बद्धशिखः कृतचन्दनः स्वासने उपविश्य दीपं प्रज्ज्वलय्य आचम्य प्राणानायम्य स्वस्तिवाचनं पूजा संकल्पं कृत्वा विष्णुर्विष्णुः अमुकगोत्रः अमुकराशिः अमुकशर्माऽहं .... श्रीमद्भगवतो महापुरुषस्य पुत्रस्य करिष्यमाण अन्नप्राशनसंस्कारकर्मणि निर्विघ्नतासिद्धये गणेशाम्बिकयोः अमुकराशेः ममास्य यथालब्धोपचारैः पूजनं अहं करिष्ये। ततः षोडशोपचारैः गणेशाम्बिकयोः पूजनं कुर्यात्।

अन्नप्राशन संस्कार करने के पश्चात् यजमान अपनी नित्यक्रिया पूर्ण करके पवित्र (कर्ता) स्त्र को धारण करहोकर नये व, सुन्दर कम्बल के आसन पर बैठकर शिखा में ग्रन्थि लगाकर, माथे पर तिलक करके, आचमन, प्राणायाम करने के बाद उसे संकल्प करना चाहिए। संकल्प के बाद षोडशोपचार से गणेशाम्बिका का पूजन करें। इसके बाद प्रधान संकल्प करे।

प्रधानसंकल्पः ग्रहगुणगणविशेषणविशिष्टायां शुभपुण्यतिथौ अमुकवासरे पूर्वोच्चारित एवं - अमुकशर्माऽहं मम अमुकराशेः अस्य बालकस्य मातृगर्भसमुद्भवैनोनिबर्हणद्वारा श्रीपरमेश्वरप्रीत्यर्थम् अन्नप्राशनाख्यं कर्म करिष्ये। तत्पूर्वाङ्गत्वेन गणपतिसहितगौर्यादि षोडशमातृकाणां पूजनं नान्दीश्राद्धं पुण्याहवाचनं च करिष्ये।

यहाँ प्रधान संकल्प करने के बाद कलशपूजन, पुण्याहवाचन, षोडशमातृका एवं सप्तमातृकाओं का पूजन करके नान्दीश्राद्ध करना चाहिए। कहीं कहीं लोकाचारवश स्थान भिन्न होने के कारण पूजन के क्रम में आगे पीछे भी देखा जाता है, जैसे नान्दीश्राद्ध करने के बाद कहीं पर पुण्याहवाचन होता है, जो ठीक नहीं है। क्रम जिस प्रकार आपको बताया गया है ठीक उसी प्रकार

यहाँ भी पंचांग पूजन करने के बाद पंचभूसंस्कार करे एवं इसके बाद अग्नि स्थापन करके आचार्य का वरण करें।

यहाँ यह ध्यान अवश्य रखना चाहिए कि अन्नप्राशन के अग्नि का नाम शुचि है। क्योंकि प्रत्येक संस्कारों की अग्नियाँ भिन्नभिन्न होती है। अतः शुचि नामक अग्नि की स्थापना करें। अग्नि - स्थापना के पहले ही कुश कंडिका कर लेना चाहिए। आज अच्छे अच्छे विद्वानों को भी अच्छी तरह कुशकंडिका नहीं आती। अतः कुशकंडिका यहाँ संक्षेप में आपको बताया जा रहा है। ''अग्नेर्दक्षिणतः त्रिभिः कुशैः ब्रह्मणे आसनं दत्वा तत्राग्नेः पूर्वमार्गेण ब्रह्माणमुपवेश्य अग्नेरुत्तरतः आसनद्वयं कल्पयित्वा प्रणीतापात्रं वामहस्ते कृत्वा उदकेन पूरयित्वा दर्भैराच्छाद्य ब्रह्मणोमुखमवलोक्य पश्चिमासने निधाय आलभ्य पूर्वासने निदध्यात्। ततः पूर्वपश्चिमयोरुत्तराग्रैः दक्षिणोत्तरयोः पूर्वाग्रैः कुशैः परिस्तरणं कृत्वा त्रीणिकुशतरुणानि द्वे पवित्रे प्रोक्षणीपात्रम्, आज्यस्थालीम्, चरुस्थालीम्, सम्मार्जनकुशान् उपयमनकुशान्, समिधः स्रुवम्, आज्यम्, तण्डुलान्, पूर्णपात्रम्, दक्षिणाम् एतानि वस्तूनि प्राक्संस्थानि उदगग्राणि अग्नेरुत्तरतः संस्थापयेत्।

द्वयोरुपरि त्रीणि निधाय ततस्त्रिभिः कुशैः द्वे प्रविच्छिद्य प्रोक्षणीपात्रं प्रणीतातः उत्तरतो निधाय तत्र प्रणीतोदकमासिच्यपवित्राभ्यामुत्पूय पवित्रे प्रोक्षण्यां निधाय, तत्पात्रं वामे कृत्वा तदुदकं दक्षिणेनोच्छाल्य प्रणीतोदकेन प्रोक्ष्य प्रोक्षण्युदकेन आज्यस्थाल्यादीनि दक्षिणान्तानि प्रत्येकं प्रोक्षेत्। ततः आज्यस्थाल्याम् आज्यं प्रक्षिप्य चरुस्थाल्यां प्रणीतोदकमासिच्य त्रिः प्रक्षालितांस्तण्डुलांस्तत्र प्रक्षिप्य युगपदवाग्नौ आरोपयेत् आज्यं, ब्रह्मा, चरुं, स्वयमाचार्यो वा आज्योत्तरतः ज्वलदुल्मुकं उभयोः समन्तात् भ्रामयेत् उदकस्पर्शः। स्रुवमधोमुखं प्रतप्य उदकं स्पृष्ट्वा कुशाग्रैर्मूलतोऽग्रपर्यन्तं कुशमूलैरग्रतो मूलपर्यन्तं सम्माज्र्य अभ्युक्ष्य पुनः प्रतप्य उदकं स्पृष्ट्वा दक्षिणतः कुशेषु निदध्यात्। आज्यमुत्थाप्य चरोः पूर्वेण नीत्वा उत्तरतः संस्थाप्य आज्यमग्नेः पश्चादानीय चरुं चानीय आज्यस्योत्तरतो निधाय पवित्राभ्यामाज्यमुत्पूय प्रोक्षणीं च उत्पूय उपयमनकुशान् वामकरे कृत्वा तिष्ठन् घृताक्ताः समिधः तूष्णीमग्नौ प्रक्षिप्य प्रोक्षण्युदकेन ईशानाद्युत्तरपर्यन्तं पर्युक्ष्य पवित्रे प्रणीतायां निधाय प्रोक्षणीपात्रं संस्रवधारणार्थं प्रणीताग्न्योर्मध्ये द्रव्यदेवताभिध्यानं कुर्यात्।

आपको हिन्दी में संक्षेपपूर्व आपकी सरलता के लिए यहाँविधि भी बतायी जा रही है, क्योंकि संस्कृत के पारिभाषिक शब्दों का यह प्रयोग कुछ कठिन सा प्रतीत होता है, अतः उसे समझकर हिन्दी में आपके सामने संक्षेप में प्रस्तुत किया जा रहा है।

ब्रह्मा के आसन पर ब्रह्मा को बिठाये। यजमान कहें जब तक कर्म की समाप्ति न हो तब - आज्ञा से प्रणीता पात्र को जल से मैं रहूँगा। इसके बाद ब्रह्मा की - तक आप ब्रह्मा बने रहें। ब्रह्मा कहें

भर दें, तथा प्रथमरख आसन पर- ब्रह्मा के मुख को देखकर दूसरे आसन पर उस प्रणीता को रखें। इसके बाद अग्निकोण से ईशानकोण पर्यन्त परिस्तरण करें। बर्हि इक्यासी कुशा या मुट्ठी (कुश समूह) तुर्थभाग को अपने बायें हाथ में लेकर अग्रभाग भर कुशा को बर्हि संज्ञा से हम जानते हैं। इसके च वाली कुशाओं से दाहिने हाथ से उत्तर की ओर अग्निकोण से ईशानकोण तक पूर्व की ओर अग्रभाग वाली कुशाओं से अग्निकुण्ड से प्रणीतापात्र तक कुशा बिछावे। पुनः हाथ में जल लेकर उलटा घुमावें। इसके बाद पात्रासादन करे। एक जगह तीन कुशा, दो कुशा, प्रोक्षणीपात्र, आज्यस्थाली, चरुस्थाली, सम्मार्जनकुशा पाँच, उपयमनकुशा सात तीन समिधा स्रुव, घी, चावल पूर्णपात्र वृषमूल्य दक्षिणा आदि रखें।

पवित्र निर्माण के लिए दो कुशाओं के ऊपर तीन कुशा को रखे और दो कुश के मूलभाग से दो बार अनामिका अंगूठे से पकड़कर तीन कुशाओं को तोड़ दे। अर्था प्रदक्षिण घुमाकर सभी कोत् इनमें दो का ग्रहण करके तीन का त्याग करना है। हाथ में उन कुशाओं को लेकर प्रणीता के जल को तीन बार प्रोक्षणी के जल को प्रादेशमात्र उछालें। पुनः प्रोक्षणीपात्र को बायें हाथ में लेकर दाहिने हाथ से प्रोक्षणी जल को ऊँचा उठावे। प्रणीता पात्र के जल से प्रोक्षणी के जल का प्रोक्षण करें प्रोक्षणी के जल को ऊँचा उठावे। प्रणीता पात्र के जल से प्रोक्षणी के जल का प्रोक्षण करे प्रोक्षणी के जल से आज्यस्थाली, चरुस्थाली, सम्मार्जनकुशा-, उपयमनकुशा-, समिधा, स्रुवा, आज्य, तण्डुल, पूर्णपात्र तथा वहाँ रखे हुए सभी पदार्थों का प्रोक्षण करें। पुनः अग्नि और प्रणीता के मध्य में उस प्रोक्षणीपात्र को रखें। इसके बाद घृतपात्र में घी को भरें। अग्नि के पश्चिम पवित्र सहित चरुपात्र में प्रणीता जल से आसेचन पूर्वक चावल छोड़ें। ब्रह्मा के दक्षिणभाग में उस घृतपात्र को रखें। घृतपात्र के उत्तर से चरुपात्र अग्नि पर रखें। जलती हुई लकड़ी लेकर उसे घी के कटोरे के चारों तरफ सीधा घुमावें। पुनः उसी तरह उसे उल्टा घुमायें। इसके बाद जल का स्पर्श करें। इसे ही इतरथावृत्ति कहते हैं। चरु के आधे पक जाने पर स्रुवा के अग्रभाग से स्रुवा के अर्धमुख का सम्मार्जन एव (झाड़ना)ः अन्दर तथा मूल एवं स्रुवा के बाहरी भाग का सम्मार्जन कर प्रणीता के जल से स्रुवा का अभ्युक्षण करें। सम्मार्जन कुशाओं को अग्नि में छोड़ दें। स्रुवा को अग्नि में तपाकर अपने दाहिनी ओर रखे। घृतपात्र को अग्नि से उतारकर चरु के पूर्वदिशा से ले आकर अग्नि के उत्तर तरफ स्थापित कर दें। पुनः चरु को अग्नि पर से उतारकर अग्नि के उत्तर तरफ से ही घृतपात्र की प्रदक्षिणा कर घी के उत्तर भाग की ओर चरु को रखें। पुनः कुशा से घृत को ऊपर की ओर उछाले। घी को अच्छी तरह देखे तथा उसमें पड़े अपद्रव्य आदि को बाहर कर दें। पुनः प्रोक्षणी (तृण) का जल छिड़के। उपयमनसंज्ञक सात कुशाओं को बायें हाथ में लेकर खड़े होकर दाहिने हाथ में घृताक्त तीन समिधाओं को लेकर अग्नि में छोड़ दें। इसके

बाद पवित्र धरण किये हुए हाथ से प्रोक्षणी के जल से ईशानकोण से लेकर ईशान कोण, पर्यन्त अग्नि का प्रदक्षिण क्रम से पर्युक्षण करें। पुनः अप्रदक्षिण क्रम से ईशान कोण पर्यन्त अपने दाहिने हाथ को घुमा दें। इसीको इतरथावृत्ति कहते हैं। इसके बाद उन दोनों कुशाओं को प्रोक्षणीपात्र में रखकर अपने दाहिने घुटने को मोड़कर ब्रह्मा से कुशाओं द्वारा अन्वारब्ध करें अर्थात् कुशा से ब्रह्मा का स्पर्श करते हुए प्रदीप्त अग्नि में घी की आहुति करें।

अग्नि के उत्तरभाग में‘ऊँ प्रजापतये स्वाहा’ कहकर आहुति दें। ‘इदं प्रजापतये न मम’ से आहुति से शेष इसी तरह अग्नि के दक्षिणभाग में हुए स्रुवा के घी को प्रोक्षणी पात्र में छोड़ें। (बचे)‘ऊँ इन्द्राय स्वाहा’ से आहुति दें। तथा ‘इदमिन्द्राय न मम’ कहकर प्रोक्षणी पात्र में छोड़ दें। इसके बाद सूर्यादिग्रह, अधिदेवता, प्रत्यधिदेवता, गणपत्यादि पंचलोकपाल, वास्तोष्पति, क्षेत्रपाल एवं इन्द्रादि दशदिक्पाल देवताओं को भी समिधा, तिल, चावल, यवादि के मिश्रित हवनीय द्रव्य से आठ या 28 बार आहुति प्रदान करें। फिर हाथ में जल लेकर‘या या यक्ष्यमयाणदेवताः ताभ्यस्ताभ्यः मया परित्यक्तं न मम यथा दैवतानि सन्तु’ कहे। इसके साथ ही यहाँ कुशकण्डिका प्रयोग पूर्ण हो गया।

(इति कुशकण्डिकाप्रयोगः)

अन्नप्राशन संस्कार की प्रधान आहुतियाँ

इसके बाद दो आहुति अधोलिखित मंत्र से घी की दें।

ऊँ देवीं वाचमजनयन्त देवास्तां विश्वरूपाः पशवो वदन्ति।

सा नो मन्द्रेषमूर्ज्जं दुहाना धेनुर्वागस्मानुपसुष्टुतै तु स्वाहा।।

इदं वाचे न मम।

ऊँ देवीं वाचमजनयन्त देवास्तां विश्वरूपाः पशवो वदन्ति।

सा नो मन्द्रेषमूर्ज्जं दुहाना धेनुर्वागस्मानुपसुष्टुतै तु स्वाहा।।

इदं वाचे न मम।

ऊँ वाजो नो अद्य प्रसुवाति दानं वाजो देवाँऽऋतुभिः कल्पयति।

वाजो हिमा सर्व्ववीरं जजानव्विश्वाऽआशाव्वाजपतिर्जयेयम्।।

(इदं वाचे वाजाय च न मम)

रुमभिधार्य आज्युततः स्रुवेण चप्लुतेन स्थालीपाकेन चतस्रः आहुतयो जुहोति(

ऊँ प्राणेनान्नमशीय स्वाहा। इदं प्राणाय न मम।

ऊँ अपानेन गन्धानशीय स्वाहा। इदमपानाय न मम।

ऊँ चक्षुषा रूपाण्यशीय स्वाहा। इदं चक्षुषे न मम।

ऊँ श्रोत्रेण यशोऽशीय स्वाहा। इदं श्रोत्राय न मम।

चरुशेषेण स्विष्टकृत्। ततः आज्यचरुभ्यां ब्रह्मणान्वारब्धो जुहुयात्।

ऊँ अग्नये स्विष्टकृते स्वाहा। इदमग्नये स्विष्टकृते न मम।

ततः आज्येन अन्वारब्ध एव भूराद्यानवाहुतीर्जुहुयात्।

ऊँ भूः स्वाहा। इदमग्नये न मम।

ऊँ भुवः स्वाहा। इदं वायवे न मम।

ऊँ स्वः स्वाहा। इदं सूर्याय न मम।

ऊँ त्वन्नोअग्ने वरुणाय विद्वान् देवस्य हेडोऽअवसासिसीष्ठाः।

यजिष्ठो वह्नितमः शोशुचानो व्विश्वाद्वेषासि प्रमुमुग्ध्यस्मत् स्वाहा।

कहकर आहुति शेष घृत को प्रोक्षणी पात्र में छोड़ें। (इदमग्नीवरुणाभ्यां न मम)

ऊँ सत्वन्नोऽअग्नेऽवमो भवोतीनेदिष्ठोऽअस्याऽउषसो व्युष्ठौ।

अवयवक्ष्वनो वरुणं रराणो व्वीहिमृडीकं सुहवोनऽएधि स्वाहा।

(इदमग्नीवरुणाभ्यां न मम)

ऊँ अयाश्चाग्नेऽस्यनभिशस्तिपाश्चसत्यमित्वमयाऽअसि।

अयानो यज्ञं वहास्ययानो धेहि भेषजं स्वाहा।

(इदमग्नये न मम)

ऊँ ये ते शतं वरुण ये सहस्रं यज्ञियाः पाशा वितता महान्तः

तेभिर्न्नोऽअद्य सवितोतविष्णुर्विश्वे मुंचन्तु मरुतः स्वर्काः स्वाहा।

(इदं वरुणाय सवित्रे विष्णवे विश्वेभ्यो देवेभ्यो मरुद्भ्यः स्वर्केभ्यश्च न मम)

ऊँ उदुत्तमं वरुणपाशमस्मदवाधमं व्विमध्यमं श्रथाय।

अथा व्वयमादित्य व्रतेतवानागसो आदितये स्याम स्वाहा।

(मम इदं वरुणाय न)

ऊँ प्रजापतये स्वाहा। इदं प्रजापतये न मम। ततः संस्रवप्राशनम्। पवित्रप्रतिपत्तिः, प्रणीता विमोकः। ब्रह्मणे पूर्णपात्रदानम्। तत्र संकल्पः पूर्वोच्चरित एवं ग्रहगुणगणविशेषेण विशिष्टायां शुभपुण्यतिथौ - णः सगोत्रः शर्माऽहं अमुकराशेः मम पुत्रस्य अन्नप्राशनांगहोमकर्म ादगुण्यार्थं तत्सम्पूर्णफलं प्राप्त्यर्थं च इदं पूर्णपात्रं सद्रव्यं ब्रह्मणे तुभ्यं अहं सम्प्रददे। ब्रह्मा गृहीत्वा अक्रन्कर्मेति मन्त्राशिषं दद्यात्। पूरा मन्त्र अधोलिखित है।

अक्रन्कर्म कर्मकृतः सहव्वाचा मयो भुवा।

देवेभ्यः कर्मकृत्वास्तम्प्रेतसचाभुवः॥

ततः सुलग्ने समागते लग्नदानसंकल्पः अद्य पूर्वोच्चारित एवं ग्रहगुणगणविशेषेण विशिष्टायां - शुभपुण्यतिथौ गोत्रः शर्माऽहं अमुकराशेः मम पुत्रस्यान्नप्राशनलग्नात् यत्र कुत्रस्थितानाम् प्राप आदित्यादिनवग्रहाणां दुष्टानां दुष्टफलोपशान्त्यर्थं शुभानां शुभफलाधिक्य्तये इदं सुवर्ण तन्निष्क्रयदक्षिणां वा ज्योतिर्विदे ब्राह्मणाय दास्ये। दक्षिणान्दत्वा सर्वान् रसान् सर्वमन्नं मध्वाज्यसहितम् एकस्मिन् सुवर्णादिपात्रे कृत्वा सुवर्णान्तर्हितयाऽनामिकया मातुः स्वस्य वा उत्संगे स्थितं स्वलंकृतं प्राङ्मुखं बालकं देवतापुरतो हन्तेति मन्त्रेण प्राशयेत्। ''हन्तकारं मनुष्येति श्रुतेः। ततस्तूष्णीं पंचवारं प्राशयेत्। समन्त्रकं प्राशनं विधाय पंचकृत्वः तूष्णीं प्राशयेत् इति जयन्तस्मरणात्। कन्यां तु तूष्णीमेव प्राशयेत्। ततो मत्स्याधारजलाशयोद्धृतजलेन त्रिवारं मुखं शोधयेत्। ततो माता बालकं पुस्तकादिवस्तुमध्ये स्वांकादुत्सृजेत्। तदा स बालको वस्त्रशस्त्र, लेखनी, पुस्तकादिषु यत् प्रथमं गृह्णाति तेन तस्य जीविका भवेदिति ज्ञातव्यम्। ततो दक्षिणा संकल्पः अद्य पूर्वोच्चरित - स्य ग्रहगुणगणविशेषणविशिष्टायां शुभपुण्यतिथौ अमुकशर्माऽहं अमुकराशेः मम पुत्र अनन्नप्राशनकर्मणः सांगतासिध्यर्थं तत्सम्पूर्णफलप्राप्त्यर्थं च इमां दक्षिणाम् आचार्याय अन्येभ्यो ब्राह्मणेभ्यः अन्येभ्यो नटनर्तकगायकादीनानाथेभ्यश्च विभज्य दास्ये। तथा च यशोपपन्नेनान्नेन दश- दीन्यथासंख्यकान् वा ब्राह्मणाँश्च तर्पयिष्ये। दक्षिणां दत्वा अग्न्यासम्पूज्य विसृज्य रक्षाबन्धनं तिलकाशीर्वादं दिकं च कारयित्वा कर्मेदम् ईश्वरार्पणं कुर्यात्। हस्ते जलमादाय अनेन कर्मांगदेवताः प्रीयन्तां न मम। इस प्रकार यहाँ अन्नप्राशन की विधि पूर्ण हो रही है।

3.5 बोधप्रश्न

क . जन्म से कितने महीने पश्चात् शिशु का अन्नप्राशन होना चाहिए।

ख . स्तन्य शब्द का क्या अर्थ है ?

ग . आचार्य स श्रुत के अनुसार शिशु का आहार कैसा होना चाहिए।

घ. किस शब्द का उच्चारण कर शिशु को भोजन कराया जाता है ?

ङ . तीक्ष्णबुद्धि के लिए शिशु को क्या खिलाया जाता है ?

च. शिशु की वाणी में प्रवाह के लिए गृह्यसूत्र में किस पक्षी का मांस खिलाने का विधान है।

छ. दही चावल किस कामना विशेष के लिए खिलाया जाता है।

ज . उपयमन कुशाओं की संख्यकितनी है ?

3.6 सारांश

कराया इस प्रकरण में यहाँ अन्नप्राशन संस्कार का परिचय एवं प्रयोगविधि का ज्ञान आपको गया। प्राचीन काल में अन्नप्राशन संस्कार का महत्त्व यह था कि शिशु उचित समय पर अपनी से पृथक् कर दिये जाते थे। वे माता पिता के स्वेच्छा (दूध) माता के स्तनचारिता पर नहीं छोड़ दिये गये थे जो प्रायः उनकी पाचन की क्षमता पर बिना ध्यान दिये अतिभोजन द्वारा उनके शरीर विकास में बाधा पहुँचाती है। अन्नप्राशन संस्कार माता को भी यह चेतावनी देता है कि एक निश्चित समय पर शिशु को दूध पिलाना बन्द कर देना चाहिए। अनाड़ी शिशु के प्रति स्नेह के कारण उसे एक वर्ष या उससे भी अधिक समय तक अपना दूध पिलाना बच्चे के एवं माता के स्वास्थ्य के प्रति घोर अन्याय है। माता अपने भी स्वास्थ्य की तथा बच्चे के स्वास्थ्य की भी रक्षा नहीं कर पाती। जिससे शिशु का यथार्थ कल्याण न कर अपनी शक्ति का निरर्थक क्षय करती है। शिशु और माता दोनों के हित के लिए इस संस्कार द्वारा सामयिक चेतावनी दी जाती थी, जो नितान्त उपयोगी थी। इस संस्कार में अन्नप्राशन संस्कार के महत्त्व, काल दन्तजन्म मुहूर्त (मुहूर्त्त), भोजन, कुशकण्डिका एवं उसकी हिन्दी व्याख्या आदि का विधान शास्त्रीय रीति से कराया गया है। इसे मनोयोग पूर्वक देखें।

3.7 शब्दावली

स्थालीपाक - पके हुए चरुरूप द्रव्य

पूर्वाधार संज्ञक आहुति - प्रजापतये स्वाहा , इन्द्राय स्वाहा

आज्य संज्ञक आहुति - अग्नये स्वाहा , सोमाय स्वाहा

मन्द्रा - (हर्षकरी) माधुर्यपूर्ण

प्राशनान्ते - संस्रव प्राशन के अन्त में

प्राशयेत् - खिलाना चाहिए

उर्ज्जम् - रस

अशीय - प्राप्त करें

उपैतु - हमें प्राप्त हो

श्रोत्रेण यशोऽशीय - कानों से यश का आनन्द प्राप्त करूँ

वाक्प्रसारकामस्य - वाणी के प्रसार की कामना वाला

कपिंजल - तीतर या चातक

जवकामः - शीघ्र चलने की इच्छा करने वाला

बोध प्रश्नों के उत्तर

क . शन होना चाहिए।जन्म से छठे महीने में प्रायः शिशु का अन्नप्रा

ख. स्तन्य शब्द का अर्थ मॉ का दूध है ।

ग. आचार्य सुश्रुत के अनुसार शिशु का आहार लघु एवं सुपाच्य होना चाहिए।

घ .'हन्त' शब्द का उच्चारण करके शिशु को अन्नप्राशन कराना चाहिए ।

ङ. ए।तीक्ष्णबुद्धि के लिए शिशु को घी एवं चावल मिलाकर खिलाना चाहि

च. शिशु की वाणी प्रवाह की कामना से भारद्वाजी पक्षी के मांस खा ने का विधान गृह्यसूत्रों में है।

छ. शिशु के दृढ इन्द्रियों की कामना से दही भात खिलाना चाहिए।

ज. उपयमन कुशाओं की संख्या सात है।

3.8 सन्दर्भग्रन्थसूची

ग्रन्थनाम	लेखक	प्रकाशन
हिन्दू संस्कार	डा रामबली पाण्डेय .	चौखम्बा विद्या भवन, वाराणसी
पारस्करगृह्यसूत्र	आचार्य पारस्कर	चौखम्बा विद्या भवन, वाराणसी
वीरमित्रोदय	आचार्य मित्र	चौखम्बा विद्या भवन, वाराणसी
मनुस्मृति	आचार्य मनु	श्रीकृष्णदास मुम्बई
भगवन्त भास्कर	श्रीनीलकण्ठ	श्रीलालबहादुरशास्त्रीराष्ट्रियसंस्कृतविद्यापीठ, नई दिल्ली
मुहूर्तचिन्तामणि	श्रीरामदैवज्ञ	
संस्कारदीपक भाग 2-	श्रीनित्यानन्द पर्वतीय	चौखम्बा वाराणसी

3.9 दीर्घोत्तरीय प्रश्न

क. कुशकण्डिका विधि का परिचय दीजिये ।

ख . शन संस्कार के प्रयोग को लिखें।अन्नप्रा

इकाई 4 – चूड़ाकरण संस्कार

इकाई की रूपरेखा

4.1 प्रस्तावना

इस इकाई से पूर्व आपकोअन्नप्राशन संस्कार के विषय में जानकारी दी गई है, प्रस्तुत इकाई में आप चूड़ाकरण संस्कार की जानकारी प्राप्त करेंगे।

चूड़ाकरण को ही मुण्डन संस्कार भी कहते है। इस संस्कार के अन्तर्गत प्रथम बार शिशु के सिर से केशों को मुण्डन कर हटाया जाता है, इसलिए इसका नाम मुण्डन संस्कार हैं।

प्रमुख षोडश संस्कारों में चूडाकरण संस्कार का भी स्थान आता है। सम्प्रति इस संस्कार को किया जाता हैं। आइए इस इकाई में चूड़ाकरण के विविध रूपों से हम रू – बरू होते हैं।

4.2 उद्देश्य

इस इकाई के अध्ययन के पश्चात् आप चूड़ाकरण संस्कार के विविध रूपों को समझेंगे, एवं आवश्यकतानुरूप दूसरों को भी समझायेंगे। इसके साथ ही अनुष्ठान की विधि भी आपको बताई जायेगी, जिससे इस संस्कार को आप कहीं भी करने एवं कराने में पूर्णरूप से प्रवीण हो जायेंगे।

4.3 चूडाकरण संस्कार : परिचय एवं प्रयोजन

चूडाकरण संस्कारको प्रायः लोक में मुण्डन संस्कार के रूप में हम जानते हैं। गृह्यसूत्रों तथा धर्मशास्त्रों के ''अनुसार आयुषे वपामि स्वस्तये'' अर्थात् व्यक्ति के दीर्घायु सौन्दर्य एवं सर्वविध कल्याण प्राप्ति के लिये ही चूडाकरण संस्कार करने का विधान बताया गया है। जैसा कि आपस्तम्बगृह्यसूत्र में भी लिखा है-

तेन ते आयुषे वपामि सुश्लोकाय स्वस्तये।

अर्थात् इस संस्कार से दीर्घायु की प्राप्ति होती है, साथ ही न करने से आयु का ह्रास होता है। अतः प्रत्येक दशा में यह संस्कार करना ही चाहिए। आयुर्वेदिक ग्रन्थों से भी चूडाकरण के इस धर्मशास्त्रोक्त प्रयोजन की पुष्टि होती है। आचार्य सुश्रुत के अनुसार केश नख तथा रोम के अपमार्जन या छेदन से हर्ष, लाघव, सौभाग्य, उत्साह की वृद्धि एवं पाप का उपशमन होता है। जैसा कि -

पापोपशमनं केशनखरोमापमार्जनम्।
हर्षलाघवसौभाग्यकरमुत्साहवर्धनम्।।

आचार्य चरक का मतहै कि केश, श्मश्रु, नख आदि काटने से पौष्टिकता, बल, आयुष्य, शुचिता एवं सौन्दर्य की वृद्धि होती है। जैसा कि-

पौष्टिकं वृष्यमायुष्यं शुचिरूपं विराजनम्।
केशश्मश्रुनखादीनां कर्तनं सम्प्रसाधनम्।।

इस प्रकार चूडाकरण संस्कार के मूल में स्वास्थ्य तथा सौन्दर्य कीभावना ही मुख्य थी। किन्तु कतिपय मानवशास्त्रियों के मत में, मूलतः इस संस्कार का प्रयोजन बलि था, अर्थात् केश काटकर किसी देवता को अर्पित कर दिये जाते थे। परन्तु चूडाकरण संस्कार सम्बन्धित यह अनुमान असत्य है। उपरोक्त बलिरूप प्रयोजन गृह्यसूत्रों एवं स्मृतिग्रन्थों में नहीं देखा जाता है। निःसन्देह आजकल यदा कदा चूडाकरण संस्कार किसी देवता के मन्दिर में सम्पन्न किया जाता है, किन्तु यह बात केवल चूडाकरण संस्कार के ही विषय में नहीं है, अपितु उपनयन आदि संस्कार भी कभी कभी देवालयों में या प्रसिद्ध तीर्थों में सम्पन्न होते हैं। फिर भी केवल उन्हीं शिशुओं का संस्कार किसी देवायतन में किया जाता है, जिनका जन्म दीर्घनिराशा अथवा पूर्वसन्तान की मृत्यु के पश्चात् होता है। - अतिरिक्त यह प्रथा अधिक व्यापक भी नहीं है। इसके

संस्कार तथा उसका किसी देवता के लिए अर्पण-इस प्रकार यह चूडाकरण, इन दोनों में कोई सहज सम्बन्ध नहीं है। ना ही इस प्रकार के कोई वचन गृह्यसूत्रों में उपलब्ध होते हैं।

मन्त्र इस संस्कार के अवसर पर गृह्यसूत्रों में व्यवहृत सभी, वैदिकसाहित्य में उपलब्ध होते - हैं। तथा उनसे यह सूचित होता है कि उनका प्रयोजन केशच्छेदन के लिए ही है। मुण्डन के लिए शिर के भिगोने का उल्लेख अथर्ववेद में भी है मुण्डन में व्यवहृत छूरे की स्तुति भी वहाँ की गई है -, जैसे -

शिवोनामासिस्वधितिस्ते पिता नमस्ते अस्तु मामाहिं सीः।

निवर्तयाम्यायुषेऽन्नाद्यायप्रजननाय रापस्पोषाय सुप्रजास्त्वाय सुवीर्याय।।

अर्थात् हे असि क्षुरतुम्हारा नाम शिव है। स्वधिति तेरे पिता है। मैं तुम्हें नमस्कार करता हूँ। ! त करना। आयुतुम इस शिशु की हिंसा मत करना। अर्थात् इसकी कोई भी क्षति म, प्रजनन, ऐश्वर्य, धन, पुष्टि, सुसन्तति तथा बलवीर्य की प्राप्ति के लिए इसका चूडाकरण कराया जा रहा (केशच्छेदन) है। केशच्छेदन विषयक अन्य अनेक पौराणिक संकेत भी वेदों में मिलते हैं। इस प्रकार यह पूर्णतः क संस्कार थास्पष्ट है कि वैदिक काल में भी चूडाकरण एक धार्मि, जिसमें शिर का भिगोना छूरे की स्तुति, नापित को निमन्त्रण, वैदिक मन्त्रों के साथ केशच्छेदन तथा दीर्घायुष्य के लिए भी कामना की जाती थी।

चूडाकरण संस्कार का समय

वर्ष की-हमारे वैदिकगृह्यसूत्रों के अनुसार जन्म के बाद प्रथमवर्ष के अन्त में अथवा तृतीय -समाप्ति के पूर्व यह संस्कार सम्पन्न होता था। जैसा कि पारस्करगृह्यसूत्र में इसका उल्लेख है सांवत्सरिकस्य चूडाकरणम्। तृतीये वा अप्रतिहते।

प्राचीनतम स्मृतिकार मनु भी यही विधान करते हैं। वे लिखते हैं कि वेदों के नियमानुसार चूडाकर्म प्रथम या तृतीयवर्ष में सम्पन्न करना चाहिए। धर्मपूर्वक समस्त द्विजातियों का

चूडाकर्म द्विजातीनां सर्वेषामेव धर्मतः।
प्रथमेब्दे तृतीये वा कर्तव्यं श्रुतिचोदनात्।।

परवर्ती लेखक इस काल को पंचम तथा सप्तम वर्ष तक बढ़ा देते हैं। कतिपय आचार्यों का यथाकुलं च - किया जा सकता है। जैसा कि मत है कि यह उपनयन संस्कार के साथ भी तृ - केषांचिदुपनीत्या सहेष्यते। आचार्य आश्वलायन के मत मेंतीये वर्षे चौलं यथाकुलधर्मं वा। इसी प्रकार आश्वलायन स्मृति में भी -

तृतीये वत्सरे चौलं कुर्वीतास्योत्तरायणे।
शुक्लपक्षे शुभर्क्षे तु कृत्वाभ्युदयिकं तथा ।।

कुछ आचार्यों के मत में तीन वर्ष, पाँच वर्ष या सात वर्ष के बाद भी यह संस्कार सम्पन्न हो सकता है।

तृतीये पंचमे वाब्दे चौलकर्म प्रशस्यते।
प्राग्वा समे सप्तमे वा सहोपनयनेन वा ।।

संस्कार को सम्पन्न करने के लिए अधिक आयु के विधान की प्रवृत्ति का कारण यह था कि त्रकाल के पश्चात् उसका प्रयोजन वास्तविक की जगह केवल औपचारिक ही रह गया। व्यवहार में सू बहुत पूर्व ही शिशु के केश काट दिये जाते थे, किन्तु इसका सांस्कारिक अनुष्ठान उपनयन तक स्थगित कर दिया जाता था, जबकि यह धर्मशास्त्रों में विहित विधि के अनुसार उपनयन के कुछ क्षण पूर्व सम्पन्न होता था। आजकल साधारणतः इसी प्रथा का अनुसरण किया जाता है। किन्तु धर्मशास्त्र इसकी अपेक्षा कम आयु को प्राथमिकता देते हैं। तथा उसे अधिक पुण्यदायी मानते हैं। महर्षि अत्रि के अनुसार प्रथमवर्ष में चौल संस्कार करने से दीर्घायुष्य तथा ब्रह्मवर्चस् की प्राप्ति होती है। (ब्रह्मतेज) तृतीय वर्ष में करने से समस्त कामनाओं की पूर्ति होती है। पशु की क कामना करने वालो को पॉचवें वर्ष में यह संस्कार करना चाहिए। किन्तु युग्म अथवा सम वर्षों में नहीं करना चाहिए।

तृतीये वर्षे चौले सर्वकामार्थसाधनम्।
संवत्सरे तु चौलेन, आयुष्यं ब्रह्मवर्चसम्।
पंचमे पशुकामस्य युग्मे वर्षे तु गर्हितम्।।

तृतीयवर्ष में सम्पन्न चूडाकरण को सर्वोत्तम कहा गया है। छठे, सातवें में, यह साधारण है। किन्तु दशवें, ग्यारहवें वर्ष में निकृष्टतम रद का पारिजात में ना-माना गया है। जैसा कि प्रयोग (खराब) - वचन है

जन्मतस्तु तृतीयेब्दे श्रेष्ठमिच्छन्ति पण्डिताः।
पंचमे सप्तमे वाऽपि जन्मतो मध्यमं भवेत्।
अधमं गर्भतः स्यात्तु नवमैकादशेपि वा।।

- इस प्रकार भिन्न भिन्न आचार्यों के मत को ध्यान में रखते हुए निर्णय यही होता है कि पूर्ण होने स मत ही सर्वश्रेष्ठ है। अर्थात् जन्म से एक वर्ष या तीन वर्ष के आचार्य पारस्कर एवं मनु का भीतर चूडकरण कर लेनी चाहिए।

चूडाकरण संस्कार का मुहूर्त

संस्कार विधि को सम्पन्न करने या कराने के पहले मुहूर्त का भी ज्ञान होना -चूडाकरण न न हो तो कहीं अन्यत्र दूसरे आचार्य के पास मुहूर्त अत्यावश्यक होता है। यदि आचार्य का मुहूर्तज्ञा पूछने के लिए जाना पड़ सकता है। अतः आपकी इससुविधा के लिए मुहूर्त का बोध भी अत्यन्त संक्षेप में हम यहाँ लिख रहे हैं जिससे आप मुहूर्त बता सकते हैं।

संस्कार-चूडाकरण, गर्भाधान या जन्म से प्रथम वर्ष या तीसरे वर्ष के पूर्ण होने से पहले विषम वर्ष में दिन को छोड़कर शेष ति-तिथियों को तथा पर्व 16/15/9/4/12/8थियों में चैत्रमास को छोड़कर उत्तरायण के महीनों में बुध, चन्द्र, शुक्र और गुरु इत्यादि दिनों में लग्न एवं नवमांश (वारों में)

ग्न को छोड़कर शेष लग्नों में मृदुसंज्ञकमें अपनी जन्मराशि से या लग्न से अष्टमल, चर संज्ञक, लघुसंज्ञक नक्षत्रों में, लग्न से स 3/6/11 में पापग्रह न हो, तो मुण्डन कराना उत्तम होता है। लग्न से केन्द्र में क्षीण चन्द्रमा हो तो मृत्यु, मंगल हो तो शस्त्र से चोट, शनि हो तो पंगु, सूर्य हो तो ज्वर होता है। यदि बुध गुरु और शुक्र केन्द्र में हो तो शुभ होता है।

गर्भवतीमाता के पुत्र का मुण्डन संस्कार

-यदि बालक की माता को पाँच मास से अधिक का गर्भ, हो तो बालक का मुण्डन शुभ नहीं होता है। यदि बालक पाँच वर्ष से अधिक का हो तो माता के गर्भिणी होने पर भी मुण्डन हो-सकता है।

धर्मशास्त्रीय मत

स्त्री के पुत्र का मुण्डन तथा उपनयन न-रजस्वला स्त्री एवं सूतिका करें। ज्येष्ठ लड़के का ज्येष्ठ मास में मुण्डन नहीं करना चाहिए। शनि, भौम, रविवारों को तथा जिस दिन क्षौर कर्म कराये हो उस दिन से नवाँ दिन, सन्ध्या के समय, पर्व तिथि, इन सब में छोड़कर शुभ मुहूर्त में क्षौर संस्कार (मुण्डन) करायें।

शिखा का विधान

चूडाकरण का सर्वाधिक महत्त्वपूर्ण अंग शिखा रखना है। जैसा कि स्वयं संस्कार के नाम से सूचित होता है। कुछ आचार्यों के मत में कुल की परम्परा के अनुसार शिखा रखने की व्यवस्था शास्त्रों में विहित है। जैसा कि यथामंगलं वा सर्वेषाम्। यह आचार्य पारस्कर का वचन है। वहीं - आपस्तम्बगृह्यसूत्र में 'यथा कुलधर्मं केशवेशान् कारयेत्'।

कुछ शास्त्रों में शिखाओं की संख्या प्रवरों की संख्या पर निर्धारित है। जो तीन या पाँच हो सकती है। जैसे वसिष्ठ के वंशज शिर के मध्यभाग में, केवल एक ही शिखा रखते हैं। अत्रि तथा कश्यप के वंशज, दोनों ओर दो शिखाओं को रखते थे। भृगु के वंशज मुण्डित रहते हैं। अंगिरा के वंशज पाँच शिखाओं को रखते हैं। जैसा कि दक्षिणतः कम्बुजानां वशिष्ठानाम्। उभयतः - अत्रिकश्यपानां, मुंडा भृगवः। पंचचूडा अंगिरसो। वाजसनेयिनामेके मंगलार्थं शिखिनोऽन्ये यथाकुलधर्मम्।

इस प्रकार इन सभी सिद्धान्तों से एक निर्णय अवश्य ग्रहण करना चाहिए कि मुण्डन संस्कार में शिखा अवश्य रखनी चाहिए। (चूडाकरण)

यज्ञोपवीत शिखा अपने विकास के क्रम में हिन्दूओं का एक अनिवार्य चिह्न है। शिखा तथा द्विजों के अनिवार्य चिन्ह हैं। शिखा तथा यज्ञोपवीत न ध (जनेऊ)ारण करने वाला व्यक्ति धार्मिक

संस्कारों का पुण्य प्राप्त नहीं कर पाता है अर्थात् उसे धार्मिक कृत्य करने का अधिकार नहीं है। अज्ञातरूप में भी शिखा काटने वाले व्यक्ति को प्रायश्चित का विधान शास्त्रों में बताया गया है।

शिखां छिन्दन्ति यो मोहात् द्वेषादज्ञानतोऽपि वा।

तप्त कृच्छ्रेण शुध्यन्ति त्रयोवर्णा द्विजातयः ।।

आधुनिक काल में शिखा रखने की प्रथा महान् संकट काल से गुजर रही है। अंग्रेजी शिक्षा त्याग कर चुकी है। कुछ ही ऐसे धार्मिक लोग है जो में दीक्षित युवकों की एक विशाल संख्या इसका आज भी अपने शिखा, सूत्र के प्रति जागरूक है एवं निष्ठापूर्वक शास्त्रीय आज्ञाओं का पालन करते हैं।

दीर्घायुष्य के साथ शिखा का सम्बन्ध

कामना की इस संस्कार के अवसर पर उच्चारित वैदिक प्रार्थनाओं में प्रायः दीर्घायुष्य की ही गई है। यहाँ प्रश्न यह उठता है कि क्या? दीर्घ जीवन और चूडाकरण के मध्य कोई सम्बन्ध है? इस पर आचार्य सुश्रुत इन दोनों के सम्बन्ध को बताने में हमारी सहायता करते हैं। इनके मत में मस्तक के भीतर ऊपर की ओर शिरा तथा सन्धि का सन्निपात है। वही रोमावर्त के अधिपति है। इस अंग को किसी भी प्रकार का आघात लगने पर तत्काल ही मृत्यु हो जाती है। अतः इस महत्त्वपूर्ण अंग की सुरक्षा आवश्यक मानी जाती थी तथा उसी अंग पर शिखा रखने से इस प्रयोजन की पूर्ति होती है। 'मस्तकाभ्यन्तरोपरिष्टात् शिरा सम्बन्ध सन्निपातो रोमावर्तोऽधिपतिस्तत्रापि ताडनेन सद्योमरणम्, गर्भस्थानत्वात्' । चीनी तथा तिब्बती लोग इस समय भी अपने शिर पर केशों के गुच्छे रखते हैं।

संस्कार की संक्षिप्त विधि

यहाँ संक्षेप में एक विधि दी जा रही है, इसके बाद शास्त्रीय प्रयोग दिया जायेगा। यह विधि मात्र सामान्य ज्ञान की दृष्टि से यहाँ प्रस्तुत है।

चूडाकरण संस्कार के लिए एक शुभ दिन एवं मुहूर्त, आचार्य से निश्चित कराने के बाद प्रारम्भ में स्वस्तिवाचन पूर्वक संकल्प करके पंचांग पूजन करना चाहिए। इसके बाद ब्राह्मणों को भोजन कराना चाहिए। इसके पश्चात् शिशु को लेकर माता उसे स्नान कराती है। उसे एक ऐसे वस्त्र से ढकती है जो अहत हो अर्थात् कभी प्रयोग में न लिया गया हो। इसके साथ ही उसे अपनी गोद में बिठाकर यज्ञीय अग्नि के पश्चिम की ओर बैठ जाती है। उसे पकड़ते हुए पिता घी की आहुतियाँ प्रदान करता है। दो प्रकार के जल गर्म एवं ठण्ढा, जिसमें उष्ण जल को ठंढे जल में छोड़ता है। यहाँ (गर्म) का पाठ होता है। मन्त मन्त्रोंर का भावार्थ यह है कि हे वायुहे अदिति !, उष्ण जल के साथ यहाँ आओ तथा केशों का छेदन करो। वह मक्खन या दही का कुछ भाग पानी के साथ मिलाकर (पिता)

के साथ भिगोता है। सविता की प्रेरणा से यह शिशु के दाहिने कान की ओर के केशों को इन शब्दों दिव्य जल तेरी देह को शुद्धकरें, जिससे तू दीर्घायुष्य तथा तेज को प्राप्त करो। शाही के उस काँटे से जिस पर दो सफेद बिन्दू होते हैं, केशों को विकीर्ण करके उसमें तीन कुशपंक्तियों को रखकर कहता है। हे कुश करोशिशु की रक्षा !, उसे पीड़ा न पहुचाओ। इस वचन के साथ कुशाओं को रखता है। इसके बाद पिता क्षुर की प्रार्थना करता है तुम नाम से शिव हो -, स्वधिति तेरा पिता है, तुम्हे मैं नमस्कार करता हूँ। तू इस शिशु की हिंसा न करो। इस मन्त्र के साथ अपने हाथ में एक लोहे का उस्तरा उठाता है और मैं आयुष्य प्रजनन धन एवं पुष्टि के लिए केशों को काटता (संततिवृद्धि)हूँ। इस मन्त्र के साथ केशों का छेदन करता है। वह क्षुर जिससे विद्वान्सोम तथा वरुण का -सविता ने राजा- क्षौर किया था, हे ब्रह्मन्का मुण्डन करो।दीर्घायुष्य तथा वृद्धावस्था की प्राप्ति के लिए छुरे से इस !

केशों के साथ ही कुश की पत्तियों का भी छेदन कर वह उन्हेंबैल के गोबर के पिण्ड पर छोड़ देता है, जो अग्नि के उत्तर में रखा रहता है। इसी प्रकार केशों की दो अन्य लटें भी मौनपूर्वक काट दी जाती है। इसके पश्चात् प्रार्थना के मन्त्र बोले जाते हैं जिसमें कि तू बलवान हो, स्वर्ग को प्राप्त करो, दीर्घकाल तक सूर्य का दर्शन करो। आयुष्य, सत्ता, दीप्ति, कल्याण के लिए मैं तेरा मुण्डन करता हूँ। इस मन्त्र के साथ बायीं ओर के केशों का छेदन करता है।

उस समय जब नापित सुन्दर आकृति वाले छुरे से शिशु के शिर का मुण्डन करता है, कहता है कि इसके शिर को शुद्ध करो, किन्तु इसके जीवन को नष्ट मत करो, इस मंत्र के साथ पिता बायीं से दाहिनी ओर तक तीन बार बिना आघात पहुँचाये उसका मुण्डन कर, इन शब्दों के साथ क्षुर (छुरा) के अनुसार कहीं कहीं नापित को दे देता है। शिर के ऊपर केशों के अवशिष्ट गुच्छे कुलपरम्परा व्यवस्थित किया जाता है। अन्त में केशों के साथ ही वह गोमय पिण्ड भी गोशाला में मिट्टी खोदकर जमीन के नीचे स्थापित कर दिया जाता है या किसी छोटे तालाब आदि में बहा दिया जाता है। आचार्य एवं नापित को दक्षिणा आदि देकर यह संस्कार पूर्ण किया जाता है।

चूडाकरण प्रयोगविधि में कुछ आवश्यक नियम

चूडाकर्म के दिन बालक का पिता प्रातःकाल उठकर अपना नित्यकर्म समाप्त कर गीतवाद्य सहित पश्चिम द्वार के मण्डप में प्रवेश करें। वहाँ नवग्रहयाग की सिद्धि के लिए आसन पर बैठकर - संकल्प करें। यहाँ यह अवश्य ध्यान देना चाहिए आचमन तथा प्राणायाम करें। इसके बाद प्रधान इसके पहले ही पंचांग पूजन आदि कर लेना चाहिए । दूसरी बात, यह है कि यह कर्म उपनयन के समय में भी होता है। अतः जहाँ जैसी व्यवस्था या कुलधर्म हो वहाँ उस तरह से आचार्य को सम्पन्न कराना चाहिए । एक उदाहरण के लिए किसी स्थान विशेष में कुलाचार के अनुसार दो पोटली

बनाकर एक छूरे में तथा एक शाहिल के काँटे में बाँध दे। फिर बोले ऊँ भूर्भुवः स्वः चूडाकर्मजूटिकाः सुप्रतिष्ठिताः वरदाः भवन्तु। इस मन्त्र को पढकर ताम्रपात्र या कांस्यपात्र में स्थापित करें। बैल का गोमय नवनीत घृत, दधि ताम्रपात्र, छुरा, तीन वेणी वाला शाही का काँटा, तीन कुशाओं की पवित्री, त्रिगुणित कच्चा सूत, नव कुशा। यह पहले दिन का कृत्य है। यदि आचार्य उचित समझे तो करें अन्यथा एकदिवसीय ही करें।

- अव संकल्प के अवसर पर मुख्यरूप से यही अंश जोड़ा जायेगा''करिष्यमाण चूडाकरण कर्मणि निर्विघ्नता प्राप्तये पूर्वांगत्वेन पंचांग पूजनं करिष्ये''। पंचांग पूजन का तात्पर्य गणेशपूजन से लेकर आचार्यवरण तक का कृत्य। इसके बाद तीन ब्राह्मणों को भोजन कराकर दक्षिणा देना चाहिए। उसके बाद आचार्य चूडाकरण वेदी के ऊपर पंचभूसंस्कार पूर्वक अग्निस्थापन करें। इस अवसर पर माता कुमार को मंगल द्रव्यों से स्नान कराकर, वस्त्र पहनाकर स्वयं नवीन वस्त्र धारणकर कुमार को गोद में लेकर मंगलगीत पूर्वक पश्चिमद्वार से मण्डप में प्रवेश करें। अग्नि के पश्चिम में पति के वाम भाग में बैठे। पिता कुशकण्डिका सम्पन्न कर चूडाकरण के लिए आवश्यक सामग्रियों का आसादन करें। एक पात्र में शीतल जल, एक पात्र में उष्णजल, नवनीत पिण्ड, घृत पिण्ड दधि पिण्ड, शाहिल के काँटे, कुशाओं को तीन तीन सूत्रों में आवेष्टित करें। छुर ताम्रमय 27, बैल का गोबर, और नापित सभ्य नामक अग्नि का पूजन कर आधाराज्यभाग का हवन करें। आवश्यक होम के बाद स्विष्टकृत् होम करें। शीतल जल में गर्म जल मिलाकर 'उष्णेन वाय उदकेनेह्यदिते केशान् वप' इस मंत्र को पढ़कर उस जल में नवनीत या दधिपिण्ड डाले। इसके बाद दाहिने भाग के बालों को सर्वप्रथम सिंचित कर -''ऊँ प्रसूता दैत्या आप उन्दन्तु ते तनुम्। दीर्घायुत्वाय बलाय वर्चसे' इसका उच्चारण कर शाहिल के काँटों से केशों को अलग कर दें। उन केशों में कुशों को लगावें। 'स्वधिते मैनं हिंसीः' इस मन्त्र से तरुणकुशसहित केशों को पकड़कर दाहिने हाथ से छुरा लेकर ''ऊँ शिवोनामासिस्वधितिस्ते पिता नमस्ते ऽ अस्तु मामाहिंसीः'' इस मंत्र से केशों को काटे एवं एक जगह काटकर रखें। 'निवर्तयाम्यायुषेऽन्नाद्याय प्रजननायरायस्पोषाय सप्रजास्त्वायसुवीर्याय' इस मन्त्र से केशों का छेदन करे। छेदन कर उत्तर की ओर रखे हुए बैल के गोबर पर रखते हैं। कहीं कहीं लोकाचार बस बुआ आदि में अपने आँचल में रखती है। पिता पहले माता को देता है, फिर माता गोबर पर रख देती है। उसी प्रकार 'त्र्यायुषं जमदग्नेः कश्यपश्य' इत्यादि मंत्र को पढ़कर दो बार और छुरे से केशवपन करते हैं। तीन बार छुरे से शिर की प्रदक्षिणा करते हैं। एक बार मंत्र से दो बार मौन होकर 'ऊँ यत्क्षुरेण मज्जयता सुपेशसा .....'। शेष जल से समस्त शिर को गीला कर अच्छी तरह केशों का वपन करते हैं। 'ऊँ अक्षुण्णं परिवप'- ऐसा कहने पर नापित बोलता है परिवपामि। शिखा रहित ही

वपन करना चाहिए। केशों को नदी के तट पर या गौशाला में भूमि के नीचे गाड़ देना चाहिए। बालक को स्नान कराकर पुष्पमाला से अलंकृत करके आचार्य के समीप लाते हैं। अग्नि के पश्चिम तरफ उसे बिठाकर आचार्य होने के लिए वचन देता है।

इस प्रकार चूडाकरण संस्कार सम्पन्न करना चाहिए। यहाँ पर कुछ हिन्दी एवं संस्कृत होने तथा पूरे मन्त्र न होने से कुछ असुविधा आपको हो रही है इसे देखते हुए शुद्ध संस्कृत में प्रयोग विधि आपकी सुविधा के लिए यहाँ प्रस्तुत है। जिसमें हिन्दी नहीं है साथ ही सारे मन्त्र एवं विधि एक ही जगह है जिसे करने कराने में आपको सहायता मिलेगी।

आचम्य प्राणानायम्य मंगलमन्त्रादि पठित्वा हस्ते जलमादाय संकल्पं कुर्यात् आचमन प्राणायाम) - (करके मंगल मन्त्रों का पाठ कर हाथ में जल लेकर संकल्प करें

संकल्पः जल) -, अक्षत, सोपाड़ी, द्रव्य लेकर संकल्प करें(-

ऊँ विष्णुर्विष्णुर्विष्णुः श्रीमद्भगवतो महापुरुषस्य विष्णोराज्ञया प्रवर्तमानस्य अद्य श्रीब्रह्मणोह्नि द्वितीये परार्द्धे श्रीश्वेतवराहकल्पे वैवश्वतमन्वन्तरे अष्टाविंशतितमे कलियुगे कलिप्रथमचरणे जम्बूद्वीपे भारतवर्षे भरतखण्डे आर्यावर्तैकदेशान्तरगते अविमुक्तवाराणसीक्षेत्रो आनन्दवने गौरीमुखे त्रिकण्टकः) विराजिते भागीरथ्याः उत्तरे पश्चिमे तीरेद्याः तटे विक्रमशके इन्द्रप्रस्थ क्षेत्रे देहलीनगरे यमुनान (बौद्धावतारे अमुकनामसंवत्सरे श्रीसूर्ये अमुकायने अमुकऋतौ महामांगल्यप्रदमासोत्तमे मासे अमुकमासे अमुकपक्षे अमुकतिथौ अमुकवासरे अमुकनक्षत्रे अमुकयोगे अमुककरणे अमुकराशिस्थिते श्रीचन्द्रे अम ुकराशिस्थिते श्रीसूर्ये अमुकराशिस्थिते देवगुरौ शेषेषु ग्रहेषु यथायथा - राशिस्थानस्थितेषु सत्सु एवं ग्रहगुणगण विशेषणविशिष्टायां शुभपुण्यतिथौ अमुकगोत्रः अमुकशर्माहं मम अमुकशर्मणः सुतस्य चौलसंस्कारस्य नियतकालातिक्रमदोषप्रत्यवायपरिहारार्थं अर्धकृच्छरूपं प्रायश्चित्तं रजतप्रत्याम्नायद्वाराऽहमाचरिष्ये।

च्छरूपप्रायश्चित्तकृतेन ममअनेन अर्धकृ, अमुकशर्मणः सुतस्य चौलकर्मनियतकालातिक्रमदोषनिवृत्तिपूर्वकं चौलसंस्कारकर्मण्यधिकारसिद्धिरस्तु।

मम अस्य शिशोः चौलसंस्कार कर्मण्यधिकारार्थे सूत्रोक्तान् ......अद्येत्यादि त्रिभ्य ोऽधिकान् ब्राह्मणान् यथाकाले यथासम्पन्नेनाहं भोजयिष्ये।

मम सुतस्य बीजगर्भसमु ....अद्येत्यादिद्भवैनोनिबर्हणेन बलायुर्वर्च्चाभिवृद्धिद्वारा श्रीपरमेश्वर प्रीत्यर्थं चौलसंस्काराख्यं कर्म करिष्ये।

तदंगत्वेन पंचांगपूजनं करिष्ये। महागणपतये नमः इति मंत्रेण षोडशोपचारैः पूजनं कुर्यात्।

ण सर्वोपचारार्थे गन्धाक्षतपुष्पाणि समर्पयामि इति पूजनम्। ततः ॐ गणानान्त्वा इति मन्त्रे स्थण्डिले पंचभूसंस्कारपूर्वकं सभ्यनामाग्नेः स्थापनं कुर्यात्। माता कुमारं आदाय वाससी परिधाप्यांके माता कुमार को नवीन) आधाय पश्चादग्नेरुपविशति। वस्त्र पहनाकर अपने गोद में लेकर अग्नि के पश्चिम में बैठे(

ततो दक्षिणतो ब्रह्मासनादि चरुवर्जं पात्रासादनान्तं कुर्यात्। उपकल्पनीयानि द्रव्याणि शीतोदकम्। - उष्णोदकम्। नवनीतपिण्डो घृतपिण्डो दधिपिण्डो वा। त्र्येणी शलली। साग्राणिसप्तविंशतिकुशतरुणानि। ताम्रपरिष्कृतवित्रीकरणादि पवित्रयोः आयसः क्षुरः। आनडुहगोमयपिण्डः। नापितः। वरश्चेति। प- ॐ) प्रणीतासु निधानम्। दक्षिणं जान्वाच्यं ब्रह्मान्वारब्धः आघारावाज्यभागौ स्रुवेण होमं कुर्यात्। तूष्णीं त्यागः। इदं प्रजापतये न मम। ॐ इन्द्राय स्वाहा। इदमिन्द्र (प्रजापतये स्वाहााय न मम। ॐ अग्नये स्वाहा। इदमग्नये न मम। ॐ सोमाय स्वाहा। इदं सोमाय न मम। हस्ते अक्षतान् गृहीत्वा अग्ने नय सुपथा रायेइति मंत्रं पठित्वा। ॐ सभ्य नामाग्नये वैश्वानराय नमः सर्वोपचारार्थे गंधाक्षतपुष्पाणि . समर्पयामि। ॐ भूः स्वाहा। इदमग्नये मम। ॐ भुवः स्वाहा। इदं वायवे न मम।। ॐ स्वः स्वाहा। इदं सूर्याय न मम। ॐ त्वन्नो ऽ अग्ने व्वरुणस्यव्विद्वान् देवस्य हेडोऽअवयासिसीष्ठाः। यजिष्ठोव्वन्हितमः शोशुचानोविश्वाद्वेषां सि प्रमुमुग्ध्यस्मत् स्वाहा। इदमग्नीवरुणाभ्यां न मम। ॐ अयाश्चाग्नेस्यनभिशस्तिपाश्च सत्यमित्वमया ऽअसि। अयानो यज्ञं वहास्ययानोधेहि भेषजं स्वाहा। इदमग्नये अयसे न मम। ॐ ये ते शतं वरुणं ये सहस्रं यज्ञियाः पाशा वितता महान्तः। ते भिर्न्नोऽअद्य सवितोत विष्णुर्विश्वेमुंचन्तु मरुतः स्वर्काः स्वाहा। इदं वरुणाय सवित्रे विष्णवे विश्वेभ्यो देवेभ्यो मरुद्भ्यः स्वर्केभ्यश्च न मम। ॐ उदुत्तमं व्वरुणपाशमस्मदवाधमं व्विमध्यंश्रथाय। अथाव्वयमादित्यव्रते त्वानागसोऽअदितये स्याम स्वाहा। इदं वरुणायादित्यायादितये न मम। ॐ प्रजापतये स्वाहा। इदं प्रजापतये न मम। अग्नये स्विष्टकृते स्वाहा। इदमग्नये स्विष्टकृते न मम। संस्रवप्राशनम्। आचमनम्। पवित्राभ्यां मार्जनम्। ॐ सुमित्रिया नऽआप ओषधयः सन्तु। इति मन्त्रेण पवित्रे गृहीत्वा प्रणीताजलेन शिरः सम्मृज्य। अग्नौ पवित्रप्रतिपत्तिः। ब्रह्मणे पूर्णपात्रदानम्।

ब्रह्मन् अयं ते वरः। प्रतिगृह्यताम्। पश्चिमे प्रणीता विमोकः। आपः शिवाः। ततो अद्येत्यादि . णगोदानं मुण्डनं च करिष्ये। ततो एकस्मिन् पात्रे अस्य कुमारस्य चूडाकर्मकर्तुमधिकारार्थं दक्षि ॐ उष्णेन वाय (एक पात्र में शीतल एवं उष्ण जल मिलावें) शीतास्वप्सूष्णाऽअप आसिंचति। उदकेनेह्यदिते केशान्वप।

पिण्डं घृतपिण्डं दधिपिण्डं वा प्राश्य-अथात्र नवीतति। ततः उदकमादाय दक्षिणगोदानमुदन्ति तादेव्या ऽआपऽउन्दन्तुतेतनूम्। दीर्घायुत्वायबलायवर्चसे।ॐ सवित्राप्रसू -

त्रीणि (तीनों काटों से केशों का विनयन करें) ततस्त्र्येण्या शलल्या केशान् विनीय ॐ (इस मन्त्र से लोहे का क्षुरा लें) कुशतरुणान्यतर्दधाति शिवोनामेतिल ोहक्षुरमादधातिस्तेपितानामस्तेऽअस्तुमामाहिं सीः। निवर्तयामीति मन्त्रेण केश कुश क्षुरसंलग्नीकरणम् (इस मन्त्र से केश कुश और क्षुरे को एकत्रित करें) ॐ - छेदनमंत्रः - निवर्त्तयाम्यायुषेन्नाद्यायप्प्रजननायरायस्पोषायसुप्प्रजास्त्वायसुवीर्याय। ततः छेदनम् येनावपत्सविताक्षुरेणसोमस्यराज्ञोव्वरुणस्यव्विद्वान्। तेन ब्रह्मणो वपते दमस्यायुष्यंजरदष्टिर्यथासम्। अनेन सकेशानि कुशतरुणानि प्रच्छिद्यानडुहे गोमयपिण्डे प्राश्यत्यग्नेरुत्तरतो ध्रियमाणे। एवं द्विरपरं तूष्णीं तद्यथा उन्दनम्। विनयनम्। त्रिकुशतरुणान्तर्धानम्। क्षुरग्रहणम्। संलग्नीकरणम्। छेदनम्। आनडुहेगोमयपिण्डे प्राशनम्। पुनः उन्दनम्। विनयनम्। त्रिकुशतरुणान्तर्धानम्। क्षुरग्रहणम्। त्रिकुशतरुणान्तर्धानम्। क्षुरग्रहणम्। संलग्नीकरणम्। छेदनम्। आनडुहेहगोमयपिण्डे प्राशनम्। पुनः उन्दनम्। विनयनम्। त्रिकुशतरुणान्तर्धानम्। क्षुरग्रहणम्। संलग्नीकरणम्। छेदनम्। आनडुहेगोमयपिण्डे प्राशनम्। इति दक्षिणगोदानम्। पुनर्जलमादाय अस्य कुमारस्य चुडाकर्मकर्तुमधिकारार्थमुत्तरगोदानं - मुण्डनं च करिष्ये। उन ्दनम् प्रसूतादैव्याऽआपऽउदन -तनूम् दीर्घायुत्वायबलायवर्चसे।

त्रीणि (तीनों काटों से केशों का विनयन करें) ततस्त्रयेण्या शलल्या केशान् विनीय इस मन्त्र से) न्यंतदर्धाति। ओषधेत्रायस्वस्वधिते मैनं हि सीः शिवोनामेतिलोहक्षुरमादधाति।कुशतरुणा ॐ शिवोनामाशिस्वधितिस्तेपिानमस्ते ऽअस्तुमामाहि सीः। इति (लोहे का क्षुरा लें लौहक्षुरमादायनिवर्त्तयाम्यायुषेन्नाद्यायप्प्रजनननायरायस्पोषायसुप्प्रजास्त्वायसुवीर्याय। इति लौहक्षुरं केशानामुपरि निधाय केश छेदनेमन्त्रविशेषः। ॐ त्र्यायुषं जमदग्नेः कश्यस्यत्र्यायुषम्। यद्देवेषुत्र्यायुषन्तन्नोऽअस्तुत्र्यायुषम्। एवं तूष्णीं वारद्वयम्। यथा उन्दनम्। त्रिकुशतरुणान्तर्धानम्। क्षुरग्रहणम्। संलग्नीकरणम् छेदनम्। आनडुहेगोमयपिण्डे निधानम्। पुनः इति पश्चिमगोदानम्। पुनर्जलमादाय अस्य कुमारस्य चूडाकर्मकर्तुमधिकारार्थमुत्तरगोदानं मुण्डनं च करिष्ये। उन्दनम् - प्रसूतादैव्याऽआपऽउन्दन्तुतेतनूम् दीर्घायुत्वायबलायवर्चसे।

ततस्त्र्येण्या शलल्या केशान् विनीय त्रीणि (तीनों काटों से केशों का विनयन करें) कुशतरुणान्यंतदर्धाति। ओषधेत्रायस्वस्वधिते मैन हि सीः। शिवोनामशिस्वाधितिस्तेपितानमस्ते ऽअस्तुमामहि सीः। इति लौहक्षुरमादाय निवर्त्तयाम्यायुषेन्नाद्यायप्प्रजनननायरायस्पोषायसुप्प्रजास्त्वायसुवीर्याय। इति ल ौहक्षुरं केशानामुपरि निधाय केश छेदनेमन्त्रविशेषः। ॐ येनभूरिश्चरादिवंज्योक्चपश्चाद्धिसूर्यम्। तेन ते वपामिब्रह्मणाजीवातेजीवनायसुश्लोकायस्वस्तये। इति छेदनम्। गोमयपिण्डेप्राशनम्। एवं तूष्णीं

द्विरपरम्। यथा उन्दनम्। विनयनम्। त्रिकुशतरुणान्तर्धानम्। क्षुरग्र -हणम्। संलग्नीकरणम्। छेदनम्। आनडुहेगोमयपिण्डे प्राशनम्। इति उत्तरगोदानम्। ततस्त्रिः क्षुरेण शिरः प्रदक्षिणं परिहरति। ऊँ यत्क्षुरेणमज्यजासुपेशसावप्तावपति केशांछिन्धिशिरोमास्यायुः प्रमोषीः। इति सकृन्मन्त्रेण द्विस्तूष्णीम्। ततस्तेनैवोदकेन सर्वं शिरं आर्द्रं कृत्वा क्षुरं नापिताय प्रयच्छति। अक्षण्वन्परिवप। वपामीति नापितो ब्रूयात्। नापितः उदंगमुखस्थितस्य कुमारस्य प्राक्संस्थं प्रांगमुखस्थितस्योदक्संस्थं केशवपनं कुर्यात्। कुलव्यवस्थया शिखास्थापनं केशशेषं करोति। ततः सर्वान् केशान् गोमयपिण्डे वस्त्रादिनावेष्ट्य अनुगुप्तं कृत्वा गवां गोष्ठे स्थापयेत् अथवा तडागे जलमध्ये वा क्षिपेत्। ततः कुमारं स्नापयित्वा मस्तके स्वस्तिकं तथा च ललाटे तिलकं कुर्यात् कुल व्यवस्था के अनुसार शिखा स्थापित करना चाहिए।) उसके बाद सभी केशों को गोमय पिण्ड में रखकर वस्त्र से आवेष्टित करके गोशाला तडाग या जल के बीच में रखना चाहिए। उसके बाद कुमार को स्नान करवाकर उसके मस्तक या ललाट में तिलक लगाना चाहिएकृतस्य चौलाख्यस्य (हाथ में जल लेकर) आचार्याय वरं ददाति। हस्ते जलमादाय (कर्मणः सांगतासिद्ध्यर्थं स्मुत्युक्तान् दशसंख्याकान् ब्राह्मान् भोजयिष्ये। तेनश्रीकर्मांगदेवताः प्रीयन्ताम्। लम्बोदर नमस्तुभ्यंथा शक्त्या चौलसंस्कारविधेः परिपूर्णताऽस्तु। अस्तु परिपूर्णः। हस्ते । य. जलमादाय, अनेन चौलाख्येन कर्मणा कर्माङ्गदेवता प्रीयताम्, न मम।

बोधप्रश्न

क. पारस्करगृह्यसूत्र के अनुसार केशान्त संस्कार कब होता है ?

ख. चूडाकरण में कितने ब्राह्मणों को भोजन कराना चाहिए ?

ग. नित्य आहुतियों की संख्या कितनी है ?

घ. चूडाकरण संस्कार का प्रयोजन क्या है ?

ङ. तीसरे वर्ष में चौलकर्म करने का क्या फल है ?

च. चौल एवं चूडाकरण में क्या अन्तर है ?

4.4 सारांश

प्रस्तुत इस इकाई में चूडाकरण संस्कार या चौलसंस्कार का व्यवस्थित परिचय आपके सामने रखा गया। इस क्रम में सबसे पहले चूडाकरण का प्रयोजन एवं आयुर्वेद आदि के दृष्टि से भी इस संस्कार का फल क्या है? इस पर विचार रखा गया। इसके बाद इस संस्कार का काल, मुहूर्त, निषेध आदि विषयों पर भी धर्मशास्त्रीय मत के अनुसार प्रकाश डाला गया। दीर्घायुष्य के साथ शिखा का सम्बन्ध कैसे है, इस पर भी विचार किया गया। इसके साथ ही इसकी प्रयोग विधि हिन्दी अनुवाद

के साथ एवं स्वतन्त्ररूप से भी प्रयोग कराने की दृष्टि से इसमें प्रस्तुत किया गया है। इसी के साथ यह चूडाकरण संस्कार सम्पन्न होता है।

4.5 शब्दावली

शीतास्वप्सु - जल में ठण्ढे

निधाय - रखकर

गोष्ठे - गोशाला में

परिधाप्य - धारण कर

वपेत् - क्षौर कर्म करें

नवनीत पिण्ड - मक्खन का गोला

भोजयित्वा - भोजन कराकर

उत्संगे - गोद में

स्नापयित्वा - स्नान कराकर

आयसः - क्षुर

उन्दति - गीला करता है

आनडुह - बैल

4.6 बोध प्रश्न के उत्तर

क. 16 वें वर्ष में किशोर का केशान्त संस्कार किया जाता है। यहाँ 16 पारस्करगृह्यसूत्र के अनुसार - यह ध्यातव्य है कि केशान्त एवं चूडाकरण अलग अलग संस्कार है।

ख. चूड़ाकरण में तीन ब्राह्मणों को भोजन कराया जाता है ।

ग. नित्य आहुतियों की संख्या 16 है ।

घ. चूडाकरण संस्कार का प्रयोजन कुमार का दीर्घायु , सौन्दर्य एवं कल्याण की प्राप्ति है।

ङ. तीसरे वर्ष में बालक का चूडाकरण करने से सभी कार्यों की सिद्धि हो जाती है।

च. चौल एवं चूडाकरण में कोई भेद नहीं है , चूडाकरण को ही चौल कहते हैं।

4.7 सन्दर्भग्रन्थ सूची

पारस्कर गृह्यसूत्र - द्वितीयकाण्ड

संस्कारदीपक - श्री नित्यानन्द पर्वतीय

हिन्दू संस्कार - डॉ . राजबली पाण्डेय

कर्मसमुच्चय - रामजी लाल शास्त्री

4.8 दीर्घोत्तरीय प्रश्न

क. चूड़ाकरण संस्कार विधि लिखिए।

ख. चूड़ाकरण मुहूर्त्त को समझाते हुए उसके महत्व का निरूपण कीजिये।

ब्लॉक – 2
संस्कार विधान (ख)

इकाई – 1 अक्षराम्भ संस्कार

इकाई की संरचना

1.1 प्रस्तावना

1.2 उद्देश्य

1.3 अक्षराम्भ संस्कार

बोध प्रश्न

1.4 सारांश

1.5 पारिभाषिक शब्दावली

1.6 बोध प्रश्नों के उत्तर

1.7 सन्दर्भ ग्रन्थ सूची

1.8 निबन्धात्मक प्रश्न

1.1 प्रस्तावना

प्रस्तुत इकाई बी0ए0के0के 201 के द्वितीय खण्ड की पहली इकाई 'अक्षराम्भ संस्कार' से सम्बन्धित है। इस इकाई से पूर्व की इकाई में आपने विभिन्न संस्कारों के अन्तर्गत अन्नप्राशन एवं चूड़ाकरण संस्कार का ज्ञान कर लिया है। उसी क्रम में प्रस्तुत इकाई में आप अक्षराम्भ संस्कार का ज्ञान करेंगे।

अक्षराम्भ संस्कार से तात्पर्य है - शिशु को विद्यारम्भ करने से पूर्व उसे अक्षराम्भ संस्कार कराया जाता है। अक्षरों का ज्ञान कर ही वह विद्यारम्भ की ओर अग्रसर होता है।

प्रस्तुत इकाई में अक्षराम्भ से सम्बन्धित विषयों का अध्ययन आप करेंगे जो कि वर्तमान समाज के लोगों के लिए भी अत्यन्त महत्त्वपूर्ण हैं।

1.2 उद्देश्य

इस इकाई के अध्ययन के बाद आप –

- ❖ अक्षराम्भ को समझा सकेंगे।
- ❖ अक्षराम्भ को परिभाषित कर सकेंगे।
- ❖ अक्षराम्भ मुहूर्त्त की जानकारी प्राप्त कर लेंगे।
- ❖ अक्षराम्भ संस्कार के महत्व निरूपण कर सकेंगे।
- ❖ अक्षराम्भ के आवश्यक तत्वों को समझ लेंगे।

1.3 अक्षराम्भ संस्कार

संस्कारों के क्रम में अन्नप्राशन एवं चूड़ाकरण के पश्चात् विद्यारम्भ करने हेतु प्रथमतया अक्षराम्भ संस्कार करने की परम्परा है। इस संस्कार में बालक को प्रथमतया अक्षर से परिचित कराया जाता हैं, इसीलिए इसका नामकरण आचार्यों ने अक्षराम्भ संस्कार किया।

आचार्य रामदैवज्ञ जी लिखते है कि –

गणेश – विष्णु वाग्रमा: प्रपूज्य पंचमाब्दके।

तिथौ शिवार्कदिग्द्विषटशरत्रिके रवावुदक्॥

लघुश्रवोऽनिलान्त्यभादितीशतक्षमित्रभे।

चरोनसत्तनौ शिशोर्लिपिग्रह: सतां दिने॥

अर्थात् गणेश, विष्णु, सरस्वती और लक्ष्मी का विधिवत् पूजन कर पॉचवें वर्ष में, एकादशी, द्वादशी,

दशमी, द्वितीया, षष्ठी, पंचमी एवं तृतीया तिथियों में सूर्य के उत्तरायण रहने पर, लघुसंज्ञक (हस्त, अश्विनी, पुष्य, अभिजित्) , श्रवण, स्वाती, रेवती, पुनर्वसु, आर्द्रा, चित्रा तथा अनुराधा नक्षत्रों में चर लग्नों (१,४,७,१०) को छोड़कर , शुभग्रहों के लग्नों में २,३,४,६,७,९,१२ में शुभ ग्रहों के सोमवार, बुधवार गुरूवार और शुक्रवारों में बालकों को अक्षराम्भ कराना चाहिये।

इस प्रकार शास्त्रोक्त मुहूर्त्त में श्रीगणेश, विष्णु, सरस्व्ती तथा लक्ष्मी जी की पूजा करके बालक का अक्षराम्भ कराना चाहिये। इनके मत में अक्षराम्भ के लिये निम्नलिखित वर्ष, मास, तिथि, वार दिन, नक्षत्र एवं लग्न प्रशस्त माने गये हैं।

प्रशस्त वर्ष – जन्म से अथवा गर्भाधान से पॉचवॉ वर्ष अक्षराम्भ के लिए प्रशस्त माना गया है।

प्रशस्त मास - उत्तरायण सूर्य में, अर्थात् चैत्र को छोड़कर माघ आदि छः (माघ, फाल्गुन, वैशाख, ज्येष्ठ, आषाढ़) इन पॉच मासों के अन्दर अक्षराम्भ प्रशस्त माना गया है।

चूड़ाकरण संस्कार की भॉति सौरमास के अनुसार ही मास गणना करनी चाहिये , न कि चान्द्र मास के अनुसार। आषाढ़शुकूल एकादशी के बाद कार्तिक शुक्ल एकादशी पर्यन्त हरिशयन होने के कारण चूड़ाकरण की भॉति अक्षराम्म्भ - विद्यारम्भ का भी मुहूर्त्त निकालना चाहिए ।

शुभ पक्ष - अक्षराम्भ शुक्ल पक्ष में शुभ माना जाना है। कृष्ण पक्ष में यदि करना हो तो प्रतिपदा से पंचमी तिथि तक यह श्रेयस्कर माना जाता है।

शुभ तिथियॉ - द्वितीया, तृतीया, पंचमी, षष्ठी, सप्तमी, दशमी,एकादशी एवं द्वादशी (2,3,5,6,7,10,11,12) तिथियों को अक्षराम्भ में प्रशस्त माना गया है।

शुभ नक्षत्र - अश्विनी, आर्द्रा, पुनर्वसु, पुष्य, हस्त, चित्रा, स्वाती, अनुराधा, श्रवण एवं रेती इन 10 नक्षत्रों में अक्षराम्भ प्रशस्त माना गया है।

शुभ वार - सोम, बुध, गुरू एवं शुक्र वारों में अक्षराम्भ प्रशस्त माना गया है।

प्रशस्त लग्न एवं नवांश- वृष मिथुन, कन्या, धनु एवं मीन 2,3,6,9,12 इन पॉच लग्नों में या इनके नवमांश में अक्षराम्भ प्रशस्त माना गया है।

त्याज्य समय - हरिशयन, संक्रान्ति, मासान्त, गुरू – शुक्र के अस्त, बाल,वृद्ध, गुरू के अतिचार, सिंह मकराश्यंसस्थ गुरू, गुर्वादित्ययोग इन समयों में अक्षराम्भ नहीं करना चाहिये।

अक्षराम्भ संस्कार को अच्छी तरह से समझने के लिए आप निम्न सारिणी का भी प्रयोग कर सकते हैं –

वर्ष	पॉचवॉ
मास	माघ, फाल्गुन, वैशाख, ज्येष्ठ, आषाढ़

पक्ष	शुक्लपक्ष तथा कृष्णपक्ष में प्रतिपदा से पंचमी तिथि पर्यन्त
तिथियॉ	2, 3, 5, 6, 7, 10, 11, 12
वार	सोम, बुध, गुरू एवं शुक्र
नक्षत्र	अश्विनी, आर्द्रा, पुनर्वसु, पुष्य, हस्त, चित्रा, स्वाती, अनुराधा, श्रवण एवं रेवती
लग्न	वृष, मिथुन, कन्या, धनु एवं मीन
अन्य त्याज्य समय	हरिशयन, संक्रान्ति, मासान्त, गुरू – शुकास्त, बाल, वृद्ध के अतिचार, सिंह मकराश्यंशस्थ गुरू, गुर्वादित्य योग

उपर्युक्त सारिणी के आधार पर आप अक्षराम्भ संस्कार कर्म कर सकते हैं। स्मरण करने हेतु भी यह चार्ट आपके लिए सुविधाजनक होगा।

विद्यारम्भ –

अक्षराम्भ के साथ विद्यारम्भ को भी जानना चाहिए। आचार्य रामदैवज्ञ जी संस्कार प्रकरण में विद्यारम्भ मुहूर्त्त को बताते हुए कहा है कि –

मृगात्कराच्छुतेस्त्रयेऽश्विमूलपूर्विकात्रये ।
गुरूद्वयेऽर्कजीववित्सितेऽह्नि षट्शरत्रिके ।।
शिवार्कदिगद्विके तिथौ ध्रुवान्त्यमित्रभे परैः।
शुभैरधीतिरूत्तमा त्रिकोणकेन्द्रगैः स्मृता ।।

अर्थात् मृगशिरा, हस्त और श्रवण से तीन – तीन नक्षत्र अर्थात् मृगशीर्ष, आर्द्रा, पुनर्वसु, हस्त, चित्रा, स्वाती, श्रवण, धनिष्ठा, शतभिषा, अश्विनी, मूल, तीनों पूर्वा, पुष्य से दो अर्थात् पुष्य, आश्लेषा, नक्षत्रों में, रवि, गुरू, बुध और शुक्र वासरों में षष्ठी, पंचमी, तृतीया, एकादशी, द्वादशी, दशमी एवं द्वितीया तिथियों में, शुभग्रहों के केन्द्र और त्रिकोण (१,४,५,७,९,१०) भावों में स्थित रहने पर, अन्य मतानुसार ध्रुवसंज्ञक (तीनों उत्तरा और रोहिणी), रेवती और अनुराधा नक्षत्रों में भी विद्याध्ययन का आरम्भ शुभ होता है।

विद्यारम्भ हेतु शास्त्रोक्त शुभ मुहूर्त्त में श्रीगणेश, विष्णु, सरस्वती, तथा लक्ष्मी की पूजा करने के पश्चात् बालक का विद्यारम्भ निम्नलिखित मास, तिथि, वार, दिन एवं नक्षत्र में करना चाहिये।

प्रशस्त मास - सूर्य जब उत्तरायण में हो अर्थात चैत्र को छोड़कर माघ आदि छः (माघ, फाल्गुन, वैशाख, ज्येष्ठ, आषाढ़) इन पॉच मासों में विद्यारम्भ प्रशस्त माना गया है।

शुभ पक्ष- शुक्लपक्ष एवं कृष्ण पक्ष के प्रतिपदा से पंचमी तिथि तक केवल।

शुभ तिथियॉ - द्वितीया, तृतीया, पंचमी, षष्ठी, दशमी, एकादशी एवं द्वादशी (2,3,5,6,10,11,12) तिथियों को विद्यारम्भ में प्रशस्त माना गया है।

शुभ नक्षत्र - अश्विनी, मृगशिरा, आर्द्रा, पुनर्वसु, पुष्य, आश्लेषा, पूर्वाफाल्गुनी, हस्त, चित्रा, स्वाती, मूल, पूर्वाषाढा, श्रवण, धनिष्ठा, शतभिषा एवं पूर्वाभाद्रपद इन 16 नक्षत्रों में विद्यारम्भ प्रशस्त माना गया है।

शुभ वार - रवि, बुध, गुरू एवं शुक्र वारों में विद्यारम्भ प्रशस्त माना गया है।

प्रशस्त लग्न एवं नवमांश - वृष, मिथुन, कन्या, धनु एवं मीन 2,3,6,9,12 इन पॉच लग्नों में या इनके नवमांश में विद्यारम्भ प्रशस्त माना गया है।

मास	माघ, फाल्गुन, वैशाख, ज्येष्ठ, आषाढ़
पक्ष	शुक्लपक्ष तथा कृष्णपक्ष में प्रतिपदा से पंचमी तिथि पर्यन्त
तिथियॉ	2, 3, 5, 6, 10, 11, 12
वार	रवि, बुध, गुरू एवं शुक्र
नक्षत्र	अश्विनी, मृगशिरा, आर्द्रा, पुनर्वसु, पुष्य, आश्लेषा, पूर्वाफाल्गुनी , हस्त, चित्रा, स्वाती, मूल, पूर्वाषाढ, श्रवण, धनिष्ठा, शतभिषा, एवं पूर्वाभाद्रपद
लग्न	वृष, मिथुन, कन्या, धनु एवं मीन
अन्य त्याज्य समय	हरिशयन, संक्रान्ति, मासान्त, गुरू – शुकास्त, बाल, वृद्ध के अतिचार, सिंह मकराश्यंशस्थ गुरू, गुर्वादित्य योग

इस प्रकार आप अक्षराम्भ एवं विद्यारम्भ मुहूर्त्त का ज्ञान कर सकते हैं।

बोधप्रश्न

1. अक्षराम्भ संस्कार किस वर्ष कराया जाता है।
2. अक्षराम्भ संस्कार के समय सूर्य किस अयन में शुभ होता है।
3. अक्षराम्भ संस्कार मुहूर्त्त में मास गणना किसके अनुसार होती है।
4. अक्षराम्भ संस्कार हेतु शुभ लग्न कौन – कौन सा है।
5. अक्षराम्भ संस्कार हेतु शुभ वार कौन है।
6. विद्यारम्भ संस्कार हेतु शुभ मास होते है।

1.4 सारांश

इस इकाई के अध्ययन के पश्चात् आपने जाना कि गणेश, विष्णु, सरस्वती और लक्ष्मी का विधिवत् पूजन कर पॉचवें वर्ष में, एकादशी, द्वादशी, दशमी, द्वितीया, षष्ठी, पंचमी एवं तृतीया तिथियों में सूर्य के उत्तरायण रहने पर, लघुसंज्ञक (हस्त, अश्विनी, पुष्य, अभिजित्) , श्रवण, स्वाती, रेवती, पुनर्वसु, आर्द्रा, चित्रा तथा अनुराधा नक्षत्रों में चर लग्नों (१,४,७,१०) को छोड़कर , शुभग्रहों के लग्नों में २,३,४,६,७,९,१२ में शुभ ग्रहों के सोमवार, बुधवार गुरूवार और शुक्रवारों में बालकों को अक्षराम्भ कराना चाहिये। इस प्रकार शास्त्रोक्त मुहूर्त्त में श्रीगणेश, विष्णु, सरस्वती तथा लक्ष्मी जी की पूजा करके बालक का अक्षराम्भ कराना चाहिये।

1.5 शब्दावली

प्रथमतया – सबसे पहले

अक्षराम्भ – अक्षर का आरम्भ

अब्द – वर्ष

लघुसंज्ञक – हस्त, अश्विनी, पुष्य एवं अभिजित नक्षत्र

कर – हस्त नक्षत्र

मृग – मृगशीर्ष

पूर्वात्रय – तीनों पूर्वा नक्षत्र पूर्वाफाल्गुनि, पूर्वाषाढा, पूर्वाभाद्रपद

उत्तरात्रय – तीनों उत्तरा नक्षत्र उत्तराफाल्गुनि, उत्तराषाढा, उत्तराभाद्रपद

षट् – छ:

त्रिकोण – 5 एवं 9 स्थान

1.6 बोध प्रश्न के उत्तर

1. पॉचवें वर्ष में
2. उत्तर अयन में
3. सौर मास के अनुसार
4. वृष, मिथुन, कन्या, धनु एवं मीन
5. सोम, बुध, गुरू एवं शुक्र
6. माघ, फाल्गुन, वैशाख, ज्येष्ठ, आषाढ़

1.7 सन्दर्भग्रन्थ सूची

सनातन संस्कार विधि – आचार्य गंगा प्रसाद शास्त्री

संस्कारदीपक - श्री नित्यानन्द पर्वतीय

मुहूर्त्तचिन्तामणि – रामदैवज्ञ

कर्मसमुच्चय - रामजी लाल शास्त्री

1.8 दीर्घोत्तरीय प्रश्न

क. अक्षराम्भ संस्कार विधि का लेखन कीजिये।

ख. विद्यारम्भ मुहूर्त्त का लेखन करते हुए उसका वर्णन कीजिये।

इकाई – 2 उपनयन, आवश्यकता एवं महत्व

इकाई की संरचना

2.1 प्रस्तावना

प्रस्तुत इकाई बी0ए0के0के 201 के दूसरे खण्ड की दूसरी इकाई 'उपनयन, आवश्यकता एवं महत्व' से सम्बन्धित है। इस इकाई से पूर्व की इकाई में आपने अक्षराम्भ संस्कार का अध्ययन कर लिया हैं। अब यहॉ इस इकाई में आप उपनयन संस्कार का अध्ययन करेंगे।

भारतीय सनातन परम्परा में उपनयन एक महत्वपूर्ण संस्कार हैं। जिसको धारण करके मनुष्य तेजस्वी, ब्रह्मचारी, विद्याध्ययन में प्रवृत्त तथा ब्रह्म तत्व को समझने वाला होता था।

प्रस्तुत इकाई में आपके ज्ञानार्थ व अध्ययनार्थ उपनयन सम्बन्धित विषयों का उल्लेख किया जा रहा है, जिसे पढ़कर आप उसे भली – भॉति समझ सकेंगे।

2.2 उद्देश्य

इस इकाई के अध्ययन के बाद आप –

- ❖ उपनयन को परिभाषित कर सकेंगे।
- ❖ उपनयन की आवश्यकता को समझा सकेंगे।
- ❖ उपनयन में प्रमुख तत्वों का विश्लेषण कर सकेंगे।
- ❖ उपनयन के महत्व को समझा सकेंगे।

2.3 उपनयन परिचय

उपनयन' का अर्थ है "पास या सन्निकट ले जाना।" किन्तु किसके पास ले जाना? सम्भवत: आरम्भ में इसका तात्पर्य था "आचार्य के पास (शिक्षण के लिए) ले जाना।" हो सकता है; इसका तात्पर्य रहा हो नवशिष्य को विद्यार्थीपन की अवस्था तक पहुँचा देना। कुछ गृह्यसूत्रों से ऐसा आभास मिल जाता है, यथा हिरण्यकेशि के अनुसार; तब गुरु बच्चे से यह कहलवाता है "मैं ब्रह्मसूत्रों को प्राप्त हो गया हूँ। मुझे इसके पास ले चलिए। सविता देवता द्वारा प्रेरित मुझे ब्रह्मचारी होने दीजिए।" मानवगृह्यसूत्र एवं काठक. ने 'उपनयन' के स्थान पर 'उपायन' शब्द का प्रयोग किया है। काठक के टीकाकार आदित्यदर्शन ने कहा है कि उपानय, उपनयन, मौञ्चीबन्धन, बटुकरण, व्रतबन्ध समानार्थक हैं।

उद्गम एवं विकास

इस संस्कार के उद्गम एवं विकास के विषय में कुछ चर्चा हो जाना आवश्यक है, क्योंकि यह संस्कार सब संस्कारों में अति महत्त्वपूर्ण माना गया है। उपनयन संस्कार का मूल भारतीय एवं ईरानी है, क्योंकि प्राचीन ज़ोरॉस्ट्रिएन (पारसी) शास्त्रों के अनुसार पवित्र मेखला अधोवसन (लुंगी) का सम्बन्ध आधुनिक पारसियों से भी है। किन्तु इस विषय में हम प्रवेश नहीं करेंगे। हम अपने को भारतीय

साहित्य तक ही सीमित रखेंगे। ऋग्वेद में 'ब्रह्मचारी' शब्द आया है। 'उपनयन' शब्द दो प्रकार से समझाया जा सकता है।

1. बच्चे को आचार्य के सन्निकट ले जाना,

2. वह संस्कार या कृत्य जिसके द्वारा बालक आचार्य के पास ले जाया जाता है। पहला अर्थ आरम्भिक है, किन्तु कालान्तर में जब विस्तारपूर्वक यह कृत्य किया जाने लगा तो दूसरा अर्थ भी प्रयुक्त हो गया। आपस्तम्बधर्मसूत्र ने दूसरा अर्थ लिया है। उसके अनुसार उपनयन एक संस्कार है जो उसके लिए किया जाता है, जो विद्या सीखना चाहता है; "यह ऐसा संस्कार है जो विद्या सीखने वाले को गायत्री मन्त्र सिखाकर किया जाता है।" स्पष्ट है, उपनयन प्रमुखतया गायत्री-उपदेश (पवित्र गायत्री मन्त्र का उपदेश) है। इस विषय में जैमिनीय भी द्रष्टव्य है।

उपनयन मुहूर्त्त –

विप्राणां व्रतबन्धनं निगदितं गर्भाज्जनेर्वाऽष्टमे।
वर्षे वाप्यथ पंचमे क्षितिभुजां षष्ठे तथैकादशे।।
वैश्यानां पुनरष्टमेऽप्यथ पुनः स्याद् द्वादशे वत्सरे ।
कालेऽथ द्विगुणे गते निगदिते गौणं तदाहुर्बुधाः।।

गर्भाधान काल से अथवा जन्म काल से आठवें वर्ष में या पॉचवें वर्ष में ब्राह्मणों का यज्ञोपवीत संस्कार, छठें तथा ग्यारहवें वर्ष में क्षत्रियों का, तथा आठवें और बारहवें वर्ष में वैश्यों का यज्ञोपवीत संस्कार होता है। उक्त बताये गये काल से द्विगुणित समय व्यतीत हो जाने पर जो यज्ञोपवीत संस्कार होता है उसे विद्वानों ने गौण सामान्य यज्ञोपवीत कहा है।

विमर्श –

विहित काल से दूगने समय तक भी व्रतबन्ध किया जा सकता है, परन्तु मुख्य काल और गौण काल व्यतीत हो जाने पर भी व्रतबन्ध न होने से मनुष्य को गायत्री का अधिकार समाप्त हो जाता है तथा वह संस्कारच्युत होता है। आचार्य मनु ने भी कहा है कि –

आषोडशाद् ब्राह्मणस्य सावित्री नातिवर्तते।
आद्वाविंशाद् ब्रह्मवन्धोराचतुर्विंशतेर्विशः।।
अत उर्ध्वं त्रयोऽप्येते यथाकालमसंस्कृताः।
सावित्री पतिता व्रात्या भवन्त्यपि गर्हिताः।।

अपि च –

क्षिप्रध्रुवाहिचरमूलमृदुत्रिपूर्वारौद्रेऽर्कविदुरूसितेन्दुदिने व्रतं सत्।

द्वित्रीषुरूद्रविदिक्प्रमिते तिथौ च कृष्णादिमत्रिलवकेऽपि न चापराह्णे ।।

क्षिप्रसंज्ञक (हस्त, अश्विनी, पुष्य) , ध्रुवसंज्ञक (तीनों उत्तरा, रोहिणी),आश्लेषा, चरसंज्ञक (स्वाती, पुनर्वसु, श्रवण, धनिष्ठा, शतभिष), मूल, मृदुसंज्ञक मृगशिरा, रेवती, चित्रा, तीनों पूर्वा आर्द्रा नक्षत्रों में रवि, बुध, गुरू, शुक्र और सोमवासरों में २,३,५,१११२,१० तिथियों में शुक्लपक्ष तथा कृष्णपक्ष में प्रथम त्रिमास में प्रतिपदा से पंचमी तक उपनयन शुभ होता है । अपराह्ण दोपहर के पश्चात् उपनयन नहीं करना चाहिये ।

उपनयन संस्कार के लक्षण

ॐ आनो भद्र्राः क्रतवो यन्तु व्विश्वतो दब्धासोऽअपरीतासऽउद्भिदः। देवानो यथा सदमिद्वृधेऽअसन्नप्प्रायुवोरक्षितारो दिवेदिवे॥१॥ देवानां भद्र्रा सुमतिर्ऋजूयतान्देवाना रातिरभिनोनिवर्त्तताम्। देवाना सक्ख्यमुपसेदिमा व्वयं देवानऽआयुः प्प्रतिरन्तुजीवसे॥२॥ तान्पूर्वया निविदा हूमहे व्वयं भगम्मित्रमदितिं दक्षमस्रिधर्म्। अमणं व्वरुण सोममश्विना सरस्वती नः सुभगामयस्करत्॥३॥ तन्नोव्वातो मयो भुव्वातु भेषजं तन्माता पृथिवी तत्पिता द्यौः। तद्ग्रावाणः सोमसुतो मयो भुवस्तदश्विना शृणुतं धिष्ण्या युवम्॥४॥ तामीशानञ्जगतस्तस्थुषस्पति-न्धियञ्जिन्वमवसे हूमहे व्वयम्। पूषा नो यथा व्वेदसामद्वृधे रक्षिता पायुरदब्धः स्वस्तये॥५॥ स्वस्ति न ऽइन्द्रो वृद्धश्रवाः स्वस्ति नः पूषाव्विश्ववेदाः। स्वस्तिनस्ताक्ष्यो ऽ अरिष्टनेमिः स्वस्तिनोबृहस्पतिर्दधातु॥६॥ पृषदश्वा मरुतः पृश्निमातरः शुभं यावानो व्विदथेषु जग्मयः। अग्निजिह्व्वामनवः सूरचक्षसो व्विश्वेनोदेवाऽअवसा गमन्निह॥७॥ भद्र्रङ्कर्णेभिः शृणुयाम देवा भद्र्रं पश्येमाक्षभिर्यजत्राः। स्थिरैरङ्गैस्तुष्टुवा œ सस्तनूभिर्व्यशेमहि देवहितं य्यदायुः॥८॥ शतमिन्नुशरदो ऽ अन्ति देवा त्रा नश्चक्रा जरसंतनूनाम्। पुत्रासो त्र पितरो भवन्ति मानो मद्ध्या रीरिषतायुर्गन्तोः॥९॥ अदितिर्द्यो रदितिरन्तरिक्षमदितिर्माता स पिता स पुत्रः। विश्वेदेवा ऽ अदितिः पञ्चजना ऽ अदितिर्ज्जातमदितिर्ज्जनित्वम्॥१०॥ द्यौः शान्तिरन्तरिक्ष œ शान्तिः पृथिवी शान्तिरापः शान्तिरोषधयः शान्तिः। व्वनस्पतयः शान्तिर्व्विश्वेदेवाः शान्तिर्ब्रह्म शान्तिः सर्व œ शान्तिः शान्तिरेव शान्तिः सामाशान्तिरेधि॥११॥ यतो यतः समीहसे ततो नो ऽ अभयं कुरु। शन्नः कुरु प्रजाब्भ्योभयन्नः

पशुभ्यः॥१२॥ सुशान्तिर्भवतु॥

शिरसाभिवन्द्य गणपतिमण्डलोऽपरि अक्षतपुष्पाणि अर्पयेत्। (अक्षत-पुष्प को सिर से लगाकर गणपति मण्ड़ल पर गणेशजी को समर्पित करे)

गणपत्यादि देवानां स्मरणम्(गणेशादि देवों का स्मरण करे):-

सुमुखश्चैकदन्तश्च कपिलो गजगर्णकः। लम्बोदरश्च विकटोविघ्ननाशो विनायकः। धूम्रकेतुर्गणाध्यक्षो भालचन्द्रो गजाननः। द्वादशैतानि नामानि यः पठेच्छृणुयादपि। विद्यारम्भे विवाहे च प्रवेशे निर्गमे तथा। संग्रामे संकटे चौव विघ्नस्तस्य न जायते। शुक्लाम्बरधरं देवं शशिवर्णं चतुर्भुजम्। प्रसन्नवदनं ध्यायेत् सर्वविघ्नोपशान्तये। अभीप्सितार्थ सिध्यर्थं पूजितो यः सुरासुरैः। सर्वविघ्नहरस्तस्मै गणाधिपतये नमः। सर्वमङ्ग्ल माङ्ग्ल्ये शिवे सर्वार्थसाधिके। शरण्ये त्र्यम्बके गौरि नारायणि नमोऽस्तुते। सर्वदा सर्व कार्येषु नास्ति तेषाममङ्ग्गलम्। येषां हृदिस्थो भगवान् मंगलायतनं हरिः। तदेव लग्नं सुदिनं तदेव ताराबलं चन्द्रबलं तदेव। विद्याबलं दैवबलं तदेव लक्ष्मीपते तेऽङ्घ्रियुगं स्मरामि। लाभस्तेषां जयस्तेषां कुतस्तेषां पराजयः। येषामिन्दीवरश्यामो हृदयस्थो जनार्दनः। यत्र योगेश्वरः कृष्णो यत्र पार्थो धनुर्धरः। तत्र श्रीर्विजयो भूतिर्ध्रुवा नीतिर्मतिर्मम। सर्वेष्वारब्धकार्येषु त्रयस्त्रि भुवनेश्वराः। देवा दिशन्तु नः सिद्धिं ब्रह्मेशानजनार्दनाः। विश्वेशं माधवं ढुण्ढिं दण्डपाणिं च भैरवम्। वन्दे काशीं गुहां गङ्गा भवानी मणिकर्णिकाम्। विनायकं गुरुभानुं ब्रह्मिविष्णुमहेश्वरान्। सरस्वतीं प्रणौम्यादौ सर्वकार्यार्थ सिद्धये।ऊँ श्रीमन्महागणाधिपतये नमः। ऊँ लक्ष्मीनारायणाभ्यां नमः। ऊँ उमामहेश्वराभ्यां नमः। ऊँ वाणीहिरण्यगर्भाभ्यां नमः। ऊँ शचीपुरन्दराभ्यां नमः। ऊँ मातृपितृचरणकमलेभ्यो नमः। ऊँ सर्वपितृदेवताभ्यो नमः। ऊँ इष्टदेवताभ्यो नमः। ऊँ कुलदेवताभ्यो नमः। ऊँ ग्रामदेवताभ्यो नमः। ऊँ स्थानदेवताभ्यो नमः। ऊँ सर्वेभ्यो देवेभ्यो नमः। ऊँ सर्वेभ्यो ब्राह्मणेभ्यो नमः। ऊँ गुरवे नमः। ऊँ परमगुरवे नमः। ऊँ परात्परगुरवे नमः। ऊँ परमेष्ठिगुरवे नमः।

गुरुः ब्रह्मा गुरुर्विष्णुः गुरुर्देवो महेश्वरः।
गुरुः साक्षात्परब्रह्म तस्मै श्रीः गुरवे नमः॥
ऊँ एतत्कर्मप्रधानदेवताभ्यो नमः।

(क) निष्काम संकल्प

दाहिने हाथमें जल, अक्षत और द्रव्य लेकर संकल्प करे।

ऊँ विष्णुर्विष्णुर्विष्णुः श्रीमद्भगवतो महापुरुषस्य विष्णोराज्ञया प्रवर्तमानस्य अखिलब्रह्मण्डान्तर्गत भूमण्डल मध्ये सप्तद्वीप मध्यवर्तिनी जम्बूद्वीपे भारतवर्षे भरतखण्डे आर्यावर्तान्तर्गत ब्रह्मवर्तैकदेशे गंगायमुनयोः पश्चिमभागे नर्मदाया उत्तरे भागे तीर्थ क्षेत्रे उत्तराखण्ड प्रदेशे हल्द्वानि उपक्षेत्रे अस्मिन्

देवालये (गृहे) देव-ब्राह्मणानां सन्निधौ ब्रह्मणो द्वितीयपरार्धे रथन्तरादि द्वात्रिंशत्कल्पानां मध्ये अष्ट्मे श्रीश्वेतवाराहकल्पे स्वायंभुवादि मन्वन्तराणां मध्ये सप्तमे वैवस्वतमन्वन्तरे चतुर्णां युगानां मध्ये वर्तमाने अष्टाविंशतितमे कलियुगे प्रथमचरणे बौद्धावतारे प्रभवादि षष्ट्सिम्वत्सराणां मध्येऽस्मिन वर्तमाने अमुकनाम्नि सम्वत्सरे अमुकवैक्रमाब्दे विक्रमादित्यराज्यात शालिवाहनशके अमुकायने अमुकऋर्ता अमुकमासे अमुकपक्षे अमुकतिथौ अमुकवासरे अमुकराशिस्थिते चन्द्रे अमुकराशिस्थिते श्रीसूर्ये अमुकराशिस्थिते देवगुरौ शेषेषु ग्रहेषु यथायथा राशिस्थान स्थितेषु सत्सु एवं गुणगणविशेषेण विशिष्टायां शुभपुण्य बेलायां अमुकगोत्रः (शर्मा/वर्मा/गुप्त/दास) अमुकोऽहं ममात्मनः ममोपादुरितक्षयद्वारा श्रीपरमेष्वरप्रीत्यर्थं. . . .देवस्य पूजनं करिष्ये।

(ख) सकाम संकल्प

इसके बाद दाहिने हाथमें जल, अक्षत और द्रव्य लेकर संकल्प करे।

ऊँ विष्णुर्विष्णुर्विष्णुः श्रीमद्भगवतो महापुरुषस्य विष्णोराज्ञया प्रवर्तमानस्य अखिलब्रह्माण्डान्तर्गत भूमण्डल मध्ये सप्तद्वीप मध्यवर्तिनी जम्बूद्वीपे भारतवर्षे भरतखण्डे आर्यावर्तान्तर्गत ब्रह्मवर्तैकदेशे गंगायमुनयोः पश्चिमभागे नर्मदाया उत्तरे भागे तीर्थ क्षेत्रे उत्तराखण्ड प्रदेशे हल्द्वानि उपक्षेत्रे अस्मिन् देवालये (गृहे) देव-ब्राह्मणानां सन्निधौ ब्रह्मणो द्वितीयपरार्धे रथन्तरादि द्वात्रिंशत्कल्पानां मध्ये अष्ट्मे श्रीश्वेतवाराहकल्पे स्वायंभुवादि मन्वन्तराणां मध्ये सप्तमे वैवस्वतमन्वन्तरे चतुर्णां युगानां मध्ये वर्तमाने अष्ट्विंशतितमे कलियुगे प्रथमचरणे बौद्धावतारे प्रभवादि षष्ट्सिम्वत्सराणां मध्येऽस्मिन् वर्तमाने अमुकनाम्नि सम्वत्सरे अमुकवैक्रमाब्दे विक्रमादित्यराज्यात् शालिवाहनशके अमुकायने अमुकऋर्ता अमुकमासे अमुकपक्षे अमुकतिथौ अमुकवासरे अमुकराशिस्थिते चन्द्रे अमुकराशिस्थिते श्रीसूर्ये अमुकराशिस्थिते देवगुरौ शेषेषु ग्रहेषु यथायथा राशिस्थान स्थितेषु सत्सु एवं गुणगणविशेषेण विशिष्टायां शुभपुण्य बेलायां अमुकगोत्रः (शर्मा/वर्मा/गुप्त/दास) अमुकोऽहं ममात्मनः श्रुतिस्मृतिपुराणोक्तफल प्राप्त्यर्थं ऐश्वर्याभिवृद्ध्यर्थं अप्राप्तलक्ष्मी प्राप्त्यर्थं प्राप्तलक्ष्म्याश्चिरकाल संरक्षणार्थं सकलमनईप्सित कामना संसिध्यर्थं लोके सभायां राजद्वारे वा सर्वत्र यशोविजयलाभादि प्राप्त्यर्थं इह जन्मनि जन्मान्तरे वा सकलदुरितोपशमनार्थं मम सभार्यस्य सपुत्रस्य सबान्धवस्य अखिलकुटुम्बसहितस्य समस्तभयव्याधि जरापीड़ा-मृत्यु परिहार द्वारा आयुरारोग्यैश्वर्याभिवृद्ध्यर्थं मम जन्मराशेः नामराशेः वा सकाशाद्ये केचिद्विरुद्धचतुर्थाष्ट्मद्वादशस्थानस्थितक्रूरग्रहास्तैः सूचितं सूचयिष्यमाणं च यत्सर्वारिष्टं तद्विनाशद्वारा एकादशस्थान-स्थितवच्छुभफल प्राप्त्यर्थं पुत्रपौत्रादि सन्ततेरविच्छिन्न वृद्ध्यर्थं आदित्यादिनवग्रहानुकूलतासिध्यर्थं त्रिविधतापोपशमनार्थं चतुर्विध पुरुषार्थ सिध्यर्थं पञ्चदेवपूजनं (सूर्य, गणेश, दुर्गा, शिव तथा विष्णु) करिष्ये।

तत्पश्चात्पञ्चदेवों के अन्तर्गत गणपति आदि देवताओं का पूजन करे।

अंगन्यास

संकल्पके पष्चात् न्यास करे। मन्त्र बोलते हुए दाहिने हाथसे कोष्ठमें निर्दिष्ट अंगोका स्पर्श करे।

इसमन्त्र को बोलते हुए दाहिने हाथ से बायाँ हाथ को स्पर्श करे-

सहस्त्रषीर्षा पुरूषः सहस्त्राक्षः सहस्त्रपात्।

स भूमि सर्वत स्पृत्वाऽत्यतिष्ठद्दषांगुलम्।।

इसमन्त्र को बोलते हुए दाहिने हाथसे करे। दाहिना हाथ को स्पर्श करे-

पुरूष एवेद सर्वं यभ्दूतं यच्च भाव्यम्।

उतामृतत्वस्येषानो यदन्नेनातिरोहति।।

इसमन्त्र को बोलते हुए दाहिने हाथसे बायाँ पैर को स्पर्श करे-

एतावानस्य महिमातो ज्यायाँष्च पूरूषः।

पादोऽस्य विष्वा भूतानि त्रिपादस्यामृतं दिवि।।

इस मन्त्र को बोलते हुए दाहिने हाथसे दाहिना पैर को स्पर्श करे-

ततो विष्वङ् व्यक्रामत्साषनानषने अभि।।

इस मन्त्र को बोलते हुए दाहिने हाथसे वाम जानु को स्पर्श करे-

ततो विराडजायत विराजो अधि पुरूषः।

स जातो अत्यरिच्यत पश्चाभ्दूमिमथो पुरः।।

इस मन्त्र को बोलते हुए दाहिने हाथसे दहिना जानु
को स्पर्श करे-

तस्माद्यज्ञात्सर्वहुतः सम्भृतं पृषदाज्यम्।

पशूँस्ताँष्चक्रे वायव्यानारण्या ग्राम्याष्च ये।।

इस मन्त्र को बोलते हुए दाहिने हाथसे वाम कटिभाग को स्पर्श करे-

तस्माद्यज्ञात् सर्वहतु ऋचः सामानि जज्ञिरे।

छन्दा सि जज्ञिरे तस्माद्यजुस्तस्मादजायत।।

इस मन्त्र को बोलते हुए दाहिने हाथसे दाहिना कटिभाग को स्पर्श करे-

तस्मादष्वा अजायन्त ये के चोभयादतः।

गावो ह जज्ञिरे तस्मात्तस्माज्जाता अजावयः।।

इस मन्त्र को बोलते हुए दाहिने हाथसे नाभि को स्पर्श करे-

तं यज्ञं बर्हिषि पौक्षन् पुरूषं जातमग्रतः।

तेन देवा अजयन्त साध्या ऋषयष्च ये।।

इस मन्त्र को बोलते हुए दाहिने हाथसे हृदय को स्पर्श करे-

यत्पुरूषं व्यदधुः कतिधा व्यकल्पयन्।

मुखं किमस्यासीत् किं बाहु किमूरू पादा उच्यते।।

इस मन्त्र को बोलते हुए दाहिने हाथसे वाम बाहु को स्पर्श करे-

ब्राह्मणोऽस्य मुखमासीद्बाहू राजन्यः कृतः।

उरू तदस्य यद्वैष्यः पद्भ्या शूद्रो अजायत।।

इस मन्त्र को बोलते हुए दाहिने हाथसे दक्षिण बाहु को स्पर्श करे-

चन्द्रमा मनसो जातष्चक्षोः सूर्यो अजायत।

श्रोत्राद्वायुष्च प्राणष्च मुखादग्निरजायत।।

इस मन्त्र को बोलते हुए दाहिने हाथसे कण्ठ को स्पर्श करे-

नाभ्या आसीदन्तरिक्ष शीर्ष्णो द्यौः समवर्तत।

पद्भ्यां भूमिर्दिषः श्रोत्रात्तथा लोकाँ2 अकल्पयन्।।

इस मन्त्र को बोलते हुए दाहिने हाथसे मुख

को स्पर्श करे-

यत्पुरूषेण हविषा देवा यज्ञमतन्वत।

वसन्तोऽस्यासीदाज्यं ग्रीष्म इध्मः शरद्धविः।।

इस मन्त्र को बोलते हुए दाहिने हाथसे आँख को स्पर्श करे-

सप्तास्यासन परिधयस्त्रिः सप्त समिधः कृताः।

देवा यद्यज्ञं तन्वाना अबध्नन् पुरूषं पशुम्।।

इस मन्त्र को बोलते हुए दाहिने हाथसे मूर्धा को स्पर्श करे

यज्ञेन यज्ञमयजन्त देवास्तानि धर्माणि प्रथमान्यासन्।

ते ह नाकं महिमानः सचन्त यत्र पूर्वे साध्याः सन्ति देवाः।।

पंचअंगन्यास

इस मन्त्र को बोलते हुए दाहिने हाथसे हृदय को स्पर्श करे

अद्भ्यः सम्भृतः पृथिव्यै रसाच्च विष्वकर्मणः समवर्तताग्रे।

तस्य त्वष्टा विदधद्रूपमेति तन्मर्त्यस्य देवत्वमाजनमग्रे।।

इस मन्त्र को बोलते हुए दाहिने हाथसे सिर को स्पर्श करे

वेदाहमेतं पुरूषं महान्तमादित्यवर्णं तमसः परस्तात्।

तमेव विदित्वाति मृत्युमेति नान्यः पन्था विद्यतेऽयनाय।।

इस मन्त्र को बोलते हुए दाहिने हाथसे शिखा को स्पर्श करे

प्रजापतिष्चरति गर्भे अन्तरजायमानो बहुधा वि जायते।

तस्य योनिं परि पश्यन्ति धीरास्तस्मिन् ह तस्थुर्भुवनानि विष्वा।।

इस मन्त्र को बोलते हुए दाहिने हाथसे कवचाय हुम्, दोनो कंधो को स्पर्श करे

यो देवेभ्य आतपति यो देवानां पुरोहितः।

पूर्वो यो देवेभ्यो जातो नमो रूचाय ब्राह्मये।।

इस मन्त्र को बोलते हुए दाहिने हाथसे अस्त्राय फट्, बायीं हथेली पर ताली बजाये को स्पर्श करे

रूचं ब्राह्मं जनयन्तो देवा अग्रे तदब्रुवन्।

यस्त्वैवं ब्राह्मणो विद्यात्तस्य देवा असन् वषे।।

करन्यास

इस मन्त्र को बोलते हुए दाहिने हॉथ से दोनों अंगूठोका स्पर्श करे

ब्राह्मणोऽस्य मुखीमासीद्बाहू राजन्यः कृतः।

उरू तदस्य यद्वैष्यः पभ्दया शूद्रो अजायत।।

इस मन्त्र को बोलते हुए दाहिने हाथसे दोनों तर्जनियों का स्पर्श करे अंगुष्ठाभ्यां नमः

चन्द्रमा मनसो जातष्चक्षोः सूर्यो अजायत।

श्रोत्राद्वायुष्च प्राणष्च मुखादग्निरजायत।।

इस मन्त्र को बोलते हुए दाहिने हाथसे दोनों मध्यमाओं का स्पर्श करे

नाभ्यो आसीदन्तरिक्ष शीर्ष्णो द्यौः समवर्तत।

पद्भ्यां भूमिर्दिषः श्रोत्रात्तथा लोकाँ2 अकल्पयन्।।

इस मन्त्र को बोलते हुए दाहिने हाथसे दोनों अनामिकाओं का स्पर्श करे मध्यमाभ्यां नमः।

यत्पुरूषेण हविषा देवा यज्ञमतन्वत।

वसन्तोऽस्यासीदाज्यं ग्रीष्म इध्मः शरद्धविः।।

इस मन्त्र को बोलते हुए दाहिने हाथसे दोनों कनिष्ठिकाओं का स्पर्श करे

सप्तास्यास्न परिधयस्त्रिः सप्त समधिः कृताः।

देवा यद्यज्ञं तन्वाना अबध्नन् पुरूषं पशुम्।। कनिष्ठिकाभ्यां नमः

इस मन्त्र को बोलते हुए दाहिने हाथसे दोनों करतल और करपृष्ठोंका स्पर्श करे

यज्ञेन यज्ञमयजन्त देवास्तानि धर्माणि प्रथमान्यासन्।

ते ह नाकं महिमानः सचन्त यत्र पूर्वे साध्याः सन्ति देवाः।।

करतलकरपृष्ठाभ्यां नमः।

2.4-सारांश

इस इकाई के अध्ययन के पश्चात् छात्रों को गणपति पूजन की विधि का ज्ञान मिलेगा। इसके अन्तर्गत गणपति पूजन का मुहूर्त विविध मन्त्रों का ज्ञान, नूतन गणपति मूर्ति का स्थापन-विधि, प्राण-प्रतिष्ठा, अंगपूजन, अथर्वशीर्ष का पाठाभ्यास, षड्विनायक पूजन सहित गणपति की सम्पूर्ण पूजन विधि का ज्ञान छात्रों को मिलेगा। गणपति को प्रथमपूज्य का आशीर्वाद सभी देवताओं से प्राप्त है अतएव कोई भी मांगलिक कार्य इनकी पूजन के बिना पूर्णता को प्राप्त नहीं होता है। इस इकाई को पढ़ने के बाद आप जान चुके है कि समस्त वेदादि शास्त्रों में नित्य और नैमित्तिक कर्मो को मानव के लिये परम धर्म और परम कर्तव्य कहा है । इस लिये नित्य नैमित्तिक कर्म करने के लिये कर्मकाण्ड में स्वस्तिन अर्थात् मंगल पाठ करने का अत्यन्त महत्त्व बताया गया है। मंगल पाठ करने के वाद संकल्प का विधान बताया गया है। इसके वाद अंगों के न्यास करने का विधान बताया गया है।

2.5 शब्दावली

शब्द	**अर्थ**
हृषीकेषाय नमः	हृषीकेश के लिये नमस्कार है।
नारायणाय नमः	नारायण के लिये नमस्कार है।
गोविन्दाय नमः	गोविन्द के लिये नमस्कार है।
महागणाधिपतये नमः	महा गणाधिपति के लिये नमस्कार है।
लक्ष्मीनारायणाभ्यां नमः	लक्ष्मी नारायण के लिये नमस्कार है।
उमा-महेष्वराभ्यां नमः	उमामहेश्वर के लिये नमस्कार है।

मातृपितृचरणकमलेभ्यो नमः माता पिता के चरण कमलों को नमस्कार है।

इष्टदेवताभ्यो नमः इष्ट देवताओं को नमस्कार है।

कुलदेवताभ्यो नमः कुलदेवताओं को को नमस्कार है।

ग्रामदेवताभ्यो नमः ग्रामदेवताओं को नमस्कार है।

वास्तुदेवताभ्यो नमः वास्तुदेवताओं को नमस्कार है।

स्थानदेवताभ्यो नमः स्थानदेवताओं को नमस्कार है।

सर्वेभ्यो देवेभ्यो नमः सभी देवों को नमस्कार है।

सर्वेभ्यो ब्राह्मणेभ्यो नमः सभी ब्राह्मणों को नमस्कार है।

2.6 -अभ्यासार्थ प्रश्न -उत्तर

1-प्रश्न-किसी कार्य को करने के पूर्व क्या किया जता है?

उत्तर- किसी कार्य को करने के पूर्व मंगल पाठ किया जता है।

2-प्रश्न-आचमन किस मन्त्र से किया जाता है?

उत्तर-ऊँ हृषीकेशाय नमः,'ऊँ नारायणाय नमः, ऊँ गोविन्दाय नमः' इस मन्त्र से किया जाता है?

'3-प्रश्न-पवित्री धारण किस मन्त्र से किया जाता है?

उत्तर-ॐ पवित्रे स्थो वैष्णव्यौ सवितुर्वः प्रसव उत्पुनाम्यच्छिद्रेण पवित्रेण सूर्यस्य रष्मिभिः। तस्य ते पवित्रपते पवित्रपूतस्य यत्कामः पुने तच्छकेयम्।'' इस मन्त्र से किया जाता है?

4- प्रश्न- पवित्र किस मन्त्र से किया जाता है?

उत्तर- ॐ अपवित्रः पवित्रो वा सर्वावस्थां गतोऽपि वा।

यः स्मरेत् पुण्डरीकाक्षं स बाह्याभ्यन्तरः शुचिः।।

5-प्रश्न-संकल्प कितने प्रकार के होते है?

उत्तर-संकल्प दो प्रकार के होते हैं।

6.प्रश्न-किस मन्त्र से त्रिपुण्डधारणम (त्रिपुण्ड़ का तिलक) किया जाता है?

उत्तर-त्र्यायुषञ्जमदग्रे कश्श्यपस्य त्र्यायुषम् ।

यद्देवेषु त्र्यायुषन्तन्नोऽ अस्तु त्र्यायुषम्।

7.प्रश्न-किस मन्त्र से रुद्राक्षमाला धारण (माला धारण) किया जाताहै ?

उत्तर-त्र्यम्बकँ य्यजामहे सुगन्धिम्पुष्ट्विवर्द्धनम्।

उर्व्वारुकमिव बन्धनान्मृत्योर्म्मुक्षीय मामृताम्।

8.प्रश्न-किस मन्त्र से शिखा बन्धन (शिखा का बन्धन)किया जाता है?

उत्तर-मा नस्तोके तनये मानऽआयुषि मा नो गोषु मा नोऽअश्श्वेषु-रीरिष।

मा नो व्वीरान्त्रुदर्द्र भामिनो व्वधीर्हविष्मन्त सदमित्त्वा हवामहे।

9.प्रश्न-ग्रन्थिबन्धन (लोकाचार से यजमान का सपत्नीक ग्रन्थिबन्धन) किया जाता है?

उत्तर-ॐ तम्पत्नीभिरनुगच्छेम देवाः पुत्रैर्भ्रातृभिरुतवा हिरण्यैः।

नाकङ्गृब्भ्णानाः सुकृतस्यलोके तृतीयपृष्ठेऽअधिरोचने दिवः।।

10.प्रश्न-किस मन्त्र से भूमिपूजन (भूमि की पूजा)किया जाता है?

उत्तर-ॐ स्योना पृथिवि नो भवानृक्षरानिवेशनि।

च्छा नः शर्म्म सप्प्रथाः।। ॐ कर्मभूम्यै नमः।। (सर्वापचारार्थे गन्धाक्षतपुष्पाणि समर्पयामि)

11.प्रश्न-किस मन्त्र से आसनपूजन (आसन की पूजा) किया जाताहै?

उत्तर-ॐ पृथ्वि त्वया धृता लोका देवि त्वं विष्णुना धृता।

त्वं च धारय मां देवि! पवित्रं कुरु चासनम् ।(सर्वापचारार्थे गन्धाक्षतपुष्पाणि समर्पयामि)

12.प्रश्न-कर्मपात्र पूजन किसे कहते है?

उत्तर-कर्मपात्र ताँबे के पात्र में जलभरकर कलश को अक्षतपुञ्ज पर स्थापित करते हुए पूजन किया जाता है।

12.प्रश्न-कर्मपात्र पूजन का मन्त्र किसे कहते है?

उत्तर- ॐ तत्वामि ब्ब्रह्मणा व्वन्दमानस्तदाशास्ते जमानो हविर्ब्भिः।

अहेडमानो व्वरुणे हबोद्ध्युरुश समानऽ आयुः प्प्रमोषीः।। ॐ वरुणाय नमः।

पूर्वे ऋग्वेदाय नमः। दक्षिणे यजुर्वेदाय नमः।

पश्चिमे सामवेदाय नमः। उत्तरे अथर्ववेदाय नमः।

मध्ये साङ्गवरुणाय नमः। सर्वोपचारार्थे चन्दन अक्षतपुष्पाणि समर्पयामि।

बहुविकल्पीय प्रश्न

1. पंचदेव हैं- ग

क -सूर्य. गणेश. दुर्गा. हरि. विष्णु ख - सूर्य. गणेश. पार्वती. शिव. विष्णु

ग - सूर्य. गणेश. दुर्गा. शिव. विष्णु घ - सूर्य. गणेश. दुर्गा. शिव. हनुमान

2. गृहस्थी को सभी कार्यो में पूजा नही करनी चाहिये-क

क - एक मूर्ति की पूजा ख - पार्वती की पूजा

ग -शिव की पूजा घ -हनुमान की पूजा

3. अनेक देवमूर्तियों की पूजा करने से पूरी होती हैं- क

क - मन की कामना ख - जीवन की कामना

ग - भविष्य की कामना घ - अपनी की कामना

4. घर में शिवलिंग,रखनी चाहिये - क

क - एक ख - दो

ग - अर्द्ध घ -तीन

5. घर में गणेश मूर्ति,रखनी चाहिये - ग

क - चार ख - दो

ग - एक घ -तीन

6. घर में शंख,रखनी चाहिये - ग

क - चार ख - दो

ग - एक घ -तीन

7. घर में शालीग्राम,रखनी चाहिये - ग

क - चार ख - दो

ग - एक घ -तीन

8.घी का दीपक रखनी चाहिये-क

क -ईशान कोण में ख - नैर्ऋत्य कोण में

ग -वायव्य कोण में घ -अग्नि कोण में

9. शुद्ध नवीन वस्त्र पहनकर पूजा में बैठना चाहिये-

क -ईशान कोण में ख - नैर्ऋत्य कोण में

ग - पूर्वाभिमुख घ -अग्नि कोण में

10. सहस्त्रषीर्षा पुरूषः सहस्त्राक्षः सहस्त्रपात्।

स भूमि सर्वत स्पृत्वाऽत्यतिष्ठद्षांगुलम्।। इस मन्त्र को बोलते हुए स्पर्श किया जाता है-ख

क - दाहिने हाथ से दोनो कानों को ख - दाहिने हाथ से बायाँ हाथ को

ग - दाहिने हाथ से बायाँ पैर को घ -- दाहिने हाथ से दोनो नेत्रो को

11. ततो विराडजायत विराजो अधि पुरूषः।

स जातो अत्यरिच्यत पश्चाभ्दूमिमथो पुरः।।इस मन्त्र को बोलते हुए स्पर्श किया जाता है-ख

क - दाहिने हाथ से दोनो कानों को ख - दाहिने हाथसे वाम जानु को

ग - दाहिने हाथ से बायाँ पैर को घ -- दाहिने हाथ से दोनो नेत्रो को

12. तस्माद्यज्ञात् सर्वहतु ऋचः सामानि जज्ञिरे।

छन्दा सि जज्ञिरे तस्माद्यजुस्तस्मादजायत।।इस मन्त्र को बोलते हुए स्पर्श किया जाता है-घ

क - दाहिने हाथ से दोनो कानों को ख - दाहिने हाथसे वाम जानु को

ग - दाहिने हाथ से बायाँ पैर को घ - दाहिने हाथसे वाम कटिभाग

13. तं यज्ञं बर्हिषि पौक्षन् पुरूषं जातमग्रतः।

तेन देवा अजयन्त साध्या ऋषयष्च ये।।इस मन्त्र को बोलते हुए स्पर्श किया जाता है-ग

क - दाहिने हाथ से दोनो कानों को ख - दाहिने हाथसे वाम जानु को

ग - दाहिने हाथसे नाभि को घ - दाहिने हाथसे वाम कटिभाग

14.तं पुरूषं व्यदधुः कतिधा व्यकल्पयन्।

मुखं किमस्यासीत् किं बाहु किमूरू पादा उच्यते। इस मन्त्र को बोलते हुए स्पर्श किया जाता है-क

क - दाहिने हाथसे हृदय को ख - दाहिने हाथसे वाम जानु को

ग - दाहिने हाथसे नाभि को घ - दाहिने हाथसे वाम कटिभाग

15. ब्राह्मणोऽस्य मुखमासीद्बाहू राजन्यः कृतः।

उरू तदस्य यद्वैष्यः पद्भ्या शूद्रो अजायत।। इस मन्त्र को बोलते हुए स्पर्श किया जाता है-ख

क - दाहिने हाथसे हृदय को ख - दाहिने हाथसे वाम बाहु को

ग - दाहिने हाथसे नाभि को घ - दाहिने हाथसे वाम कटिभाग

16. नाभ्या आसीदन्तरिक्ष शीर्ष्णो द्यौः समवर्तत।

पद्भ्यां भूमिर्दिषः श्रोत्रात्तथा लोकाँ2 अकल्पयन्।। इस मन्त्र को बोलते हुए स्पर्श किया जाता है-घ

क - दाहिने हाथसे हृदय को ख - दाहिने हाथसे वाम बाहु को

ग - दाहिने हाथसे नाभि को घ - दाहिने हाथसे कण्ठ को

17. यत्पुरूषेण हविषा देवा यज्ञमतन्वत।

वसन्तोऽस्यासीदाज्यं ग्रीष्म इध्मः शरद्धविः।। इस मन्त्र को बोलते हुए स्पर्श किया जाता है-ग

क - दाहिने हाथसे हृदय को ख - दाहिने हाथसे वाम बाहु को

ग -दाहिने हाथसे मुख को घ - दाहिने हाथसे कण्ठ को

18. सप्तास्यासन परिधयस्त्रिः सप्त समिधः कृताः।

देवा यद्यज्ञं तन्वाना अबध्नन् पुरूषं पशुम्।। इस मन्त्र को बोलते हुए स्पर्श किया जाता है-ग

क - दाहिने हाथसे हृदय को ख - दाहिने हाथसे वाम बाहु को

ग -दाहिने हाथसे आख को घ - दाहिने हाथसे कण्ठ को

19.यज्ञेन यज्ञमयजन्त देवास्तानि धर्माणि प्रथमान्यासन्।
तेहनाकं महिमानः सचन्त यत्र पूर्वे साध्याः सन्ति देवाः।। इस मन्त्र को बोलते हुए स्पर्श किया जाता है- ग

क - दाहिने हाथसे हृदय को ख - दाहिने हाथसे वाम बाहु को

ग -दाहिने हाथसे आख को घ - दाहिने हाथसे मूर्धा को

20. संकल्प होते है - ख

क - चार प्रकार ख - दो प्रकार

ग - एक प्रकार घ -तीन प्रकार

2.7-सन्दर्भ-ग्रन्थ सूची

1-पुस्तक का नाम-दुर्गार्चन पूजापद्धति
लेखक का नाम- शिवदत्त मिश्र
प्रकाषक का नाम- चौखम्भा सुरभारती प्रकाषन वाराणसी

2-पुस्तक का नाम-सर्वदेव पूजापद्धति
लेखक का नाम- शिवदत्त मिश्र
प्रकाषक का नाम- चौखम्भा सुरभारती प्रकाषन वाराणसी

3 धर्मशास्त्र का इतिहास
लेखक - डॉ. पाण्डुरङ्ग वामन काणे
प्रकाशकः- उत्तरप्रदेश हिन्दी संस्थान।

4 नित्यकर्म पूजा प्रकाश,
लेखकः- पं. बिहारी लाल मिश्र,
प्रकाशकः- गीताप्रेस, गोरखपुर।

5 अमृतवर्षा, नित्यकर्म, प्रभुसेवा
संकलन ग्रन्थ
प्रकाशकः- मल्होत्रा प्रकाशन, दिल्ली।

6 कर्मठगुरुः
लेखक - मुकुन्द वल्लभ ज्योतिषाचार्य
प्रकाशक - मोतीलाल बनारसीदास, वाराणसी।

7 हवनात्मक दुर्गासप्तशती
सम्पादक - डॉ. रवि शर्मा
प्रकाशक - राष्ट्रीय संस्कृत साहित्य केन्द्र, जयपुर।
8 शुक्लयजुर्वेदीय रुद्राष्टध्यायी
सम्पादक - डॉ. रवि शर्मा
प्रकाशक - अखिल भारतीय प्राच्य ज्योतिश शोध संस्थान, जयपुर।
9 विवाह संस्कार
सम्पादक - डॉ. रवि शर्मा
प्रकाशक - हंसा प्रकाशन, जयपुर

2.8-उपयोगी पुस्तकें

1-पुस्तक का नाम-दुर्गाचनपद्धति
लेखक का नाम- शिवदत्त मिश्र
प्रकाशक का नाम- चौखम्भा सुरभारती प्रकाशन वाराणसी

2.9 निबन्धात्मक प्रश्न

1.प्रश्न- निष्काम संकल्प का वर्णन करे-

उत्तर-ऊँ विष्णुर्विष्णुर्विष्णुः श्रीमद्भगवतो महापुरुषस्य विष्णोराज्ञया प्रवर्तमानस्य अखिलब्रह्मण्डान्तर्गत भूमण्डल मध्ये सप्तद्वीप मध्यवर्तिनी जम्बूद्वीपे भारतवर्षे भरतखण्डे आर्यावर्तान्तर्गत ब्रह्मवर्तैकदेशे गंगायमुनयोः पश्चिमभागे नर्मदाया उत्तरे भागे तीर्थ क्षेत्रे उत्तराखण्ड प्रदेशे हल्द्वानि उपक्षेत्रे अस्मिन् देवालये (गृहे) देव-ब्राह्मणानां सन्निधौ ब्रह्मणो द्वितीयपरार्धे रथन्तरादि द्वात्रिंशत्कल्पानां मध्ये अष्ट्मे श्रीश्वेतवाराहकल्पे स्वायंभुवादि मन्वन्तराणां मध्ये सप्तमे वैवस्वतमन्वन्तरे चतुर्णां युगानां मध्ये वर्तमाने अष्टाविंशतितमे कलियुगे प्रथमचरणे बौद्धावतारे प्रभवादि षष्ट्सिम्वत्सराणां मध्येऽस्मिनवर्तमाने अमुकनाम्नि सम्वत्सरे अमुकवैक्रमाब्दे विक्रमादित्यराज्यात् शालिवाहनशके अमुकायने अमुकऋर्ता अमुकमासे अमुकपक्षे अमुकतिथौ अमुकवासरे अमुकराशिस्थिते चन्द्रे अमुकराशिस्थिते श्रीसूर्ये अमुकराशिस्थिते देवगुरौ शेषेषु ग्रहेषु यथायथा राशिस्थान स्थितेषु सत्सु एवं गुणगणविशेषेण विशिष्टायां शुभपुण्य बेलायां अमुकगोत्रः (शर्मा/वर्मा/गुप्त/दास) अमुकोऽहं ममात्मनः ममोपादुरितक्षयद्वारा श्रीपरमेष्वरप्रीत्यर्थं. . . .देवस्य पूजनं

करिष्ये।

2.प्रश्न- भूतापसारण का वर्णन करे-

उत्तर-भूतापसारण (बायें हाथ में सरसों लेकर उसे दाहिने हाथ से ढककर निम्र मन्त्र पढ़े) -

रक्षोहणं व्वलगहनं व्वैष्णवीमिदमहन्तं व्वलगमुत्किरामि म्मे निष्ट्यो ममात्यो निचखानेदमहन्तं व्वलगमुत्किरामि म्मे समानोमसमानो निचखानेदमहन्तं व्वलगमुत्किरामि म्मे सबर्न्धुम सबन्धुर्न्निचखानेदमहन्तं व्वलगमुत्किरामि म्मे सजातो मसजातो निचखानोत्कृत्याङ्क्रिामि।

ऊँ अपसर्पन्तु ते भूता ये भूता भूमिसंस्थिताः।

ये भूता विघ्नकर्तारस्ते नश्यन्तु शिवाज्ञया।।

अपक्रामन्तु भूतानि पिशाचाः सर्वतो दिशम्।

सर्वेषामवरोधेन पूजाकर्म समारभे।।

निम्न मन्त्रों से सरसों का सभी दिशाओं में विकिरण करे:-

प्राच्यैदिशे स्वाहार्व्वाच्यै दिशेस्वाहा दक्षिणायै दिशेस्वाहार्व्वाच्यै दिशेस्वाहा प्प्रतीच्यै दिशे स्वाहार्व्वाच्यै दिशे स्वाहोदीच्यै दिशे स्वाहा व्वाच्यै दिशे स्वाहोदर्ध्वायै दिशेस्वाहा व्वाच्यै दिशे स्वाहा व्वाच्यै दिशे स्वाहार्व्वाच्यै दिशे स्वाहा।

पूर्वे रक्षतु गोविन्द आग्रेय्यां गरुड़ध्वजः। दक्षिणे रक्षतु वाराहो नारसिंहस्तु नैर्ऋते।।

पश्चिमे वारुणो रक्षेद्वायव्यां मधुसूदनः। उत्तरे श्रीधरो रक्षेद्ऐशान्ये तु गदाधरः।।

ऊर्ध्वं गोवर्धनो रक्षेद्अधस्ताद्त्रिविक्रमः। एवं दश दिशो रक्षेद्वासुदेवो जनार्दनः।।

इकाई - 3 गणेशाम्बिका पूजन

इकाई की रुप रेखा

3.1- प्रस्तावना

कर्मकाण्ड से सम्बन्धित यह तीसरी इकाई है इस इकाई के अध्ययन से आप बता सकते है कि गणेशाम्बिका की पूजन की आवश्यकता क्या है इसके विषय में विशेश रूप से वर्णन किया जा रहा है। किसी भी यज्ञादि महोत्सवों, पूजा-अनुष्ठानों अथवा नवरात्र-पूजन शिवरात्रि में शिव-पूजन, पार्थिव-पूजन, रूद्राभिषेक, सत्यनारायण-पूजन, दिवाली-पूजन आदि कर्मो में प्रारम्भ में स्वस्तिवाचन, पुण्याहवाचन, गणेश-कलश-नवग्रह तथा रक्षा-विधान आदि कर्म सम्पन्न किये जाते हैं, इसके अनन्तर प्रधान रूप से गणेश पूजा की जाती है। इसी लिये सभी पूजाओं में प्रधान रूप से गणेश की पूजा की जाती है। क्योंकि सभी देवताओं में प्रधान रूप से गणेश को अग्रगण्य माना गया है। इसका वर्णन शिव महापुराण विशेष रूप से किया गया है।

3.2- उदेश्य

इस इकाई के अध्ययन के पश्चात् आप वेद शास्त्र से वर्णित कर्मकाण्ड का अध्ययन करेगें।

1. गणेश के विषय में आप परिचित होंगे-
2. अम्बिका के विषय में आप परिचित होंगे
3. गणेश अम्बिका के ध्यान के विषय में आप परिचित होंगे
4. गणेश अम्बिका के अवाहन के विषय में आप परिचित होंगे
5. गणेश अम्बिका के प्रतिष्ठा के विषय में आप परिचित होंगे
6. गणेश अम्बिका के पूजन के विषय में आप परिचित होंगे।

3.3-गणेशाम्बिका पूजन

ऋषियों ने मंगलकामना के लिए किये जाने वाले प्रत्येक देवपूजा कर्म के आरम्भ में गणेशार्चन का अनिवार्य रूप से संयोजित करने का निर्देश दिया हैं। गणेश पूजन का विधान पुरातन हैं। शुक्ल यजुर्वेद संहिता के गणानान्त्वा गणपति ठ हवामहे मैत्रायणीय संहिता के 'तत्कराटाय विद्महे हस्तीमुखाय धीमहि। तन्नो दन्ती प्रचोदयात् ।। एवं तैत्तरीय आरण्यक अन्तर्गत नारायणोपनिषद के तत्पुरुषाय विद्महे वक्रतुण्डाय धीमहि तन्नो दन्ती प्रचोदयात।। आदि मन्त्र इस परम्परा के प्रत्यक्ष प्रमाण हैं अतैव यह निर्विवाद सिद्ध हैं कि नित्य नैमित्तिक एवं काम्य गणेश उपासना के आचरण में ही मानवमात्र का हित निहित हैं।

किसी देवता की उपासना को सांगोपांग, यथासमय एवं ग्रहानुकूलतापूर्वक सम्पादित करना ही उसकी सार्थकता का साधक हैं, एतद्विषयक विषद ज्ञाननिधि एकमात्र ज्योतिर्विज्ञान में ही संचित हैं तथा वेदों के छरू अंगों में इसे मूर्धन्य (नेत्ररूप) माना गया हैं। अतरू गणेशोपासना विषयक कुछ उपयोगी तथ्यों को त्रिस्कन्धात्मक ज्योतिर्ग्रन्थों से एकत्रित करके यहाँ प्रस्तुत किया जा रहा हैं। ज्योतिश शास्त्र के संहिता ग्रन्थों में वर्णित गणपति प्रतिष्ठोपयुक्त काल इस प्रकार हैं।

मास - वैशाख, ज्येष्ठ तथा फाल्गुनादि उत्तरायण गत सूर्य के मास। भाद्रपद मास में कृष्णपक्ष की गणेश चतुर्थी भी ग्राह्य हैं।

तिथि - उपर्युक्त मासों की शुक्लपक्षीय २-३-४-५-६-७-८-१०-११-१२

वार - रवि, मंगल, शुक्र व शनि। मतान्तरेण बुधवार भी स्वीकृत हैं।

नक्षत्र - सामान्य रूप से सर्वदेव प्रतिष्ठा में ग्रहण किये हुए नक्षत्रों के साथ ही गणेश प्रतिष्ठा आर्द्रा, हस्त, अनुराधा, श्रवण, पूर्वाफाल्गुनी, उत्तराफाल्गुनी तथा रेवती में विशेश रूप से कही गयी हैं।

लग्न - मिथुन, सिंह तथा कुम्भ राशि लग्न स्वाधिपति एवं शुभ ग्रहों से युक्त या दृष्ट होने पर। पुनश्च केन्द्र, त्रिकोण में शुभग्रह षष्ठ में पापग्रह, ३-११ में कोई ग्रह तथा अष्टम एवं द्वादश में ग्रहों का अभाव अपेक्षित हैं।

विशेष - प्रतिष्ठापक के चन्द्रबल के साथ अन्यशुभ योग प्रतिष्ठा की सार्थकता के द्योतक हैं ,किन्तु देवशयन, मलमास, गुरु-शुक्रास्त, भ्रदा, पात, तारा का निर्बलत्व, तिथिक्षय, तिथिवृद्धि, प्राकृतिक प्रकोप, मासान्त एवं जन्म-मरण अशौच की विद्यमानता प्रतिष्ठा को निष्फल करते हैं।

गणेशोपसना का मुहूर्त - संकट, निवारण, अर्थोपार्जन, आरोग्यता-प्राप्ति, वंशवृद्धि और स्वार्थ सिद्धि आदि किसी भी उद्देश्य की पूर्ति हेतु करिष्यमान गणेश की अराधना का शुभारम्भ निम्नलिखित कालशुद्धि मे वांछित एवं फलद है।

मास - चौत्र (मेषार्क एवं शुक्ल पक्ष से संयुक्त) वैशाख, श्रावण, आश्विन (शुक्ल) माघ तथा फाल्गुन गुरु शुक्र का उदित होना आवश्यक है।

तिथि - भद्रा आदि कुयोग वर्जित शुक्ल पक्ष की २, ३, ५, ७, १०, ११, १३

वार - रवि, चन्द्र, बुध, गुरू, शुक्र।

नक्षत्र - अश्विनी, रोहिणी, मृगशिरा, आर्द्रा, पुर्नवसु, पुष्य, उत्तराफालगुनी, उत्तराषाढा, उत्तराभाद्रपद, हस्त, स्वाती, अनुराधा श्रवण, धनिष्ठा, शतभिषा एवं रेवती तथा ग्रहणयुक्त नक्षत्र त्याज्य है।

लग्नः- वृष, मिथुन, सिंह, कन्या, वृश्चिक, धनु, कुम्भ, मीन आदि किसी राशि के उदित होने पर जब केन्द्र त्रिकोण मे सौम्य ग्रह ३,६,११ व पाप ग्रह तथा ८,१२ ग्रह ग्रह-विहीन हो। पुनश्च, नवमभाव शुभ

ग्रह से युक्त अथवा दृष्ट हो तथा भाग्येश निष्कलंक एवं मित्र क्षेत्रीय हो।

विशेश - गणेश चतुर्थी विशिष्ट ग्राह्य हैं तथा उपासना का बल हीन चन्द्र सर्वथा त्याज्य है। पूर्व निश्चित मुहुर्त के दिन यदि कोई बाधा रोग, उत्पात अथवा कोई अप्रिय घटना उपस्थित हो जाए तो उपासना स्थगित कर दे। भद्रा में गणपति पूजन का विशेश महत्त्व है।

श्रीगणेश के विविध मन्त्र -

श्री महागणपतिस्वरूप प्रणव मन्त्र - ॐ

श्री महागणपति का प्रणव सम्पुटित बीज मन्त्र - ॐ गं ॐ

सबीज गणपति मन्त्र - गं गणपतये नमः

प्रणवादि सबीज गणपति मन्त्र - ॐ गं गणपतये नमः

नाम मन्त्र -

ॐ नमो भगवते गजाननाय :- १२ अक्षरों का मन्त्र

श्रीगणेशाय नमः:- ०७ अक्षरों का मन्त्र

ॐ श्रीगणेशाय नमः:- ०८ अक्षरों का मन्त्र

उच्छिष्टगणपति नर्वाण मन्त्र - ॐ हस्ति पिशाचि लिखे स्वाहा।

विनियोग - ॐ अस्य श्रीउच्छिष्टगणेशनवार्णमन्त्रस्य कंकोल ऋषिः, विराट छनदः, उच्छिष्टगणपतिर्देवता, अखिलावाप्तये जपे विनियोगः। (हाथ में जल लेकर गिराये)

द्वादशाक्षर उच्छिष्टगणपति मन्त्र - ॐ ह्रीं गं हस्ति पिशाचि लिखे स्वाहा।

विनियोग - ॐ अस्य श्रीरद्वादशाक्षरोच्छिष्टगणपति मन्त्रस्य मनुः ऋषिः, विराट छनदः, उच्छिष्ट गणपतिर्देवता, गं बीजम् स्वाहा शक्तिः, ह्रीं कीलकम् अखिलावाप्तये जपे विनियोगः। (हाथ में जल लेकर गिराये)

एकोनविंशत्यक्षरोच्छिष्टगणपतिमन्त्र - ॐ नम उच्छिष्टगणेशाय हस्ति पिशाचि लिखे स्वाहा।

विनियोग - ॐ अस्य श्रीउच्छिष्टगणेशमन्त्रस्य कंकोल ऋषिः, विराट छनदः, उच्छिष्टगणपतिर्देवता, अखिलावाप्तये जपे विनियोगः। (हाथ में जल लेकर गिराये)

३७ अक्षरों का उष्छिष्टगणपति मन्त्र -

ॐ नमो भगवते एकदंष्ट्राय हस्तिमुखाय लम्बोदराय उच्छिष्टमहात्मने आं क्रीं ह्रीं गं थे थे स्वाहा।

विनियोग - ॐ अस्य श्रीउच्छिष्टगणेशमन्त्रस्य गणक ऋषिः, गायत्रीच्छन्दरू, उच्छिष्टगणपतिर्देवता, गं बीजम, ह्रीं शक्तिरू, आं क्रों कीलकम् ममाभीष्टसिद्धयर्थे जपे विनियोगरू।। (हाथ में जल लेकर गिराये)

३२ अक्षरों का हरिद्रागणेश मन्त्र -

ऊँ हुं गं ग्लौं हरिद्रागणपतये वर वरद सर्वजन हृदयं स्तम्भय स्तम्भय स्वाहा।

विनियोग - अस्य श्रीहरिद्रागणनायकमन्त्रस्य मदन ऋषि, अनुष्टुप छनदः, हरिद्रागणनायको देवता, ममाभीष्टसिद्धये जपे विनियोगः। (हाथ में जल लेकर गिराये)

०६ अक्षरों का वक्रतुण्ड मन्त्र - ऊँ वक्रतुण्डाय हुम्।

विनियोग - ऊँ अस्य श्रीगणेशमन्त्रस्य भार्गव ऋषिरू, निचृत अनुष्टुप छनदः, विघ्नेशो देवता, वं बीजम, यं शक्तिः, ममाभीष्टसिद्धयर्थे जपे विनियोगः। (हाथ में जल लेकर गिराये)

३१ अक्षरों का वक्रतुण्ड मन्त्र -

रायस्पोषस्य दाता निधिदातान्नदो मतः। रक्षोहणो वो बलगहनो वक्रतुण्डाय हुम्।।

विनियोग - ऊँ अस्य श्रीवक्रतुण्डगणेशमन्त्रस्य भार्गव ऋषिः, अनुष्टुप छनदः, विघ्नेशो देवता, वं बीजम्, यं शक्तिः, ममाभीष्टसिद्धयर्थे जपे विनियोगः। (हाथ में जल लेकर गिराये)

शक्तिविनायक ०४ अक्षरों का मन्त्र - ऊँ ह्रीं ग्रीं ह्रीं

विनियोग - अस्य शक्ति विनायक मन्त्रस्य (शक्तिगणाधिपमन्त्रस्य वा) भार्गव ऋषिः विराट छन्दरू शक्तिगणाधिपो देवता (शक्तिविनायको देवता वा) ग्रीं बीजम ह्रीं शक्तिरू ममाभीष्टसिद्धये जपे विनियोगरू। (हाथ में जल लेकर गिराये)

२८ अक्षरों का लक्ष्मीविनायक मन्त्र - ऊँ श्रीं गं सौम्याय गणपतये वर वरद सर्वजनं मे वशमानय स्वाहा।।

विनियोग - ऊँ अस्य श्रीलक्ष्मीविनायकमन्त्रस्य अन्तर्यामी ऋषिरू, गायत्री छन्दरू, लक्ष्मीविनायको देवता श्रीं बीजम स्वाहा शक्तिरू ममाभीष्टसिद्धये जपे विनियोगरू। (हाथ में जल लेकर गिराये)

३३ अक्षरों का त्रैलोक्यमोहनकर गणेश मन्त्र - वक्रतुण्डैकंदष्ट्राय क्लीं ह्रीं श्रीं गं गणपते वर वरद सर्वजनं मे वशमानय स्वाहा।

विनियोग - ऊँ अस्य श्रीत्रैलोक्यमोहन कर गणेशमन्त्रस्य गणक ऋषिरू गायत्रीच्छन्दरू त्रैलोक्यमोहन करो गणेशो देवता ममाभीष्टसिद्धयर्थे जपे विनियोगरू। (हाथ में जल लेकर गिराये)

सिद्धिविनायक मन्त्र - ऊँ नमो सिद्धिविनायकाय सर्वकार्यकर्त्रे सर्वविघ्नप्रशमनाय सर्वराज्य वशकरणाय सर्वजनसर्वस्त्रीपुरूषाकर्षणाय श्री ऊँ स्वाहा।

ऋणहर्तृगणेशमन्त्र -

ऊँ गणेश ऋणं छिन्धि वरेण्य हुं नमरू फट्।

ऊँ हीं श्रीं क्लीं गौं गरू श्रीमन्महागणाधिपये नमः।

ऊँ हीं श्रीं क्लीं गौं वरदमूर्तये नमरू।

ऊँ हीं श्रीं क्लीं नमो भगवते गजाननाय।

ऊँ श्रीं हीं क्लीं गणेशाय नमरू ब्रह्मरूपाय चारवे।

सर्वसिद्धप्रदेशाय विघ्नेशाय नमो नमः।।

बीजाय भालचन्द्राय गणेश परमात्मने। प्रणतक्लेशनाशाय हेरम्बाय नमो नमः।।

आपदामपहर्तारं दातारं सुखसम्पदाम्। क्षिप्रप्रसादनं देवं भूयो भूयो नमाम्यहम्।।

नमो गणपते तुभ्यं हेरम्बायैकदन्तिने। स्वानन्दवासिने तुभ्यं ब्रह्मणस्पतये नमः।।

शुक्लाम्बरधरं देवं शशिवर्णं शशिसूर्यनिभाननम्।

प्रसन्नवदनं ध्यायेत् सर्वविघ्नोपशान्तये।।

नमस्तस्मै गणेशाय ब्रह्मविद्याप्रदायिने यस्यागस्त्यायते नाम विघ्नसागरशोषणे।।

यद् भ्रूणप्रणिहितां लक्ष्मीं लभन्ते भक्तकोटय। स्वतन्त्रमेकं नेतारं विघ्नराजं नमाम्यहम्।।

श्री गजानन जय गजानन।

श्री गजानन जय गजानन जय जय गजानन।

हीं गं हीं गणपतये नमः ऊँ वक्रतुण्डाय नमः।

श्री गणेश गायत्री - महाकर्णाय विद्महे वक्रतुण्डाय धीमहि। तन्नो दन्ती प्रचोदयात।

मानसिक शुद्धि हेतु मन्त्रः-

ओम अपवितत्रः पवित्रो वा सर्वावस्थां गतोऽपि वा।

यः स्मरेत्पुण्डरीकाक्षं स बाह्याभ्यन्तरः शुचिः।। ओम पुण्डरीकाक्षः पुनातु ऐसा तीन बार उच्चारण करें।

किसी कार्य को करने के पहले किसी देवी देवता का प्रार्थना किया जाता है। यहा पर गणेश पूजन करने के पहले कुछ अभिष्ट देवों की प्रार्थना की जा रही है।

स्मरण हेतु मंगलश्लोकः-

गणेश स्मरणः-

प्रातः स्मरामि गणनाथमनाथबन्धुं,

सिन्दूरपूरपरिशोभितगण्डयुग्मम्।

उद्दण्डविघ्नपरिखण्डनचण्डदण्ड-

माखण्डलादिसुरनायकवृन्दवन्द्यम्।।

समूह के मुखिया अनाथो के बन्धु, सिन्दुर से शोभायमान दोनों गण्डस्थल वाले, प्रबल विघ्न का नाश करने में समर्थ एवं इन्द्रादि देवों से नमस्कृत श्रीगणेश को मैं प्रातः काल स्मरण करता हूँ।

विष्णुस्मरण:-

प्रातः स्मरामि भवभीतिमहार्तिनाशं,

नारायणं गरूड़वाहनमब्जनाभम्।

ग्राहाभिभूतवरवारणमुक्तिहेतुं,

चक्रायुधं तरूणवारिजपत्रनेत्रम्।।

संसार से भयरूपी महान् दुःख को नष्ट करने वाले, ग्राह से गजराज को मुक्त कराने वाले, चक्रधारी एवं नवीन कमलदल के समान नेत्रवाले पùनाभ गरूड़वाहन भगवान् श्रीनारायण का मैं प्रातः काल स्मरण करता हूँ।

शिवस्मरण:-

प्रातः स्मरामि भवभीतिहरं सुरेशं,

गंगाधरंवृषभवाहनमम्बिकेशम्।

खट्वांगशूलवरदाभयहस्तमीशं,

संसाररोगहरमौषधमद्वितीयम्।।

संसार के भय को नष्ट करने वाले, देवेश, गंगाधर, वृषभवाहन, उमापति, हाथ में खट्वांग एवं त्रिशूल लिये और संसाररूपी रोग का नाश करने के लिए अद्वितीय औषध-स्वरूप, अभय एंव वरद मुद्रायुक्त हस्तवाले भगवान् शिव को मैं प्रातः काल स्मरण करता हूँ।

देवीस्मरण:-

प्रातः स्मरामि शरदिन्दुकरोज्जवलाभां,

सद्रत्नवन्मकरकुण्डलहाभूषाम्।

दिव्यायुधोर्जितसुनीलसहस्त्रहस्तां,

रक्तोत्पलाभचरणां भवतीं परेशाम्।।

शरत्कालीन चन्द्रमा के समान उज्जवल आभायुक्त, उत्तम रत्नों से जटिल मकरकुण्ड तथा हारों से सुशोभित, दिव्यायुधों से दीप्त सुन्दर नीले हजारों हाथों वाली, लाल कमल की आभायुक्त चरणों वाली भगवती दुर्गा देवी का मैं प्रातः काल स्मरण करता हूँ।

सूर्यस्मरण:-

प्रातः स्मरामि खलु तत्सवितुर्वरेण्यं,

रूपं हि मण्डलमृचोऽथ तनुर्यजूंषि।

सामानि सस्य किरणाः प्रभवादिहेतुं,

ब्रह्माहरात्मकमलक्ष्यमचिन्त्यरूपम्।।

सूर्य का वह प्रशस्त रूप, जिसका मण्ड ऋग्वेद, कलेवर यजुर्वेद तथा किरणों में सामवेद है। जो सृष्टि आदि के कारण हैं, ब्रह्मा और शिव के स्वरूप हैं तथा जिनका रूप अचिन्त्य और अलक्ष्य हैं, प्रातः काल मैं उनका स्मरण करता हूँ।

त्रिदेवों के साथ नवग्रह का स्मरण:-

ब्रह्मा मुरारिस्त्रिपुरान्तकारी, भानुः शशी भूमिसुतोबुधश्च।

गुरूश्च शुक्रः शनिराहुकेतवः, कुर्वन्तु सर्वे मम सुप्रभातम्।।

ब्रह्मा, विष्णु, शिव, सूर्य, चन्द्रमा, मंगल, बुध, बृहस्पति, शुक्र, शनि, राहु व केतु - ये सभी मेरे प्रातः काल को मंगलमय करे।

ऋषिस्मरण:-

भृगुर्वसिष्ठः क्रतुरंगिराश्च, मनुः पुलस्त्यः पुलहश्च गौतमः।

रैभ्यों मरीचिश्च्यवनश्च दक्षः कुर्वन्तु सर्वे मम सुप्रभातम्।।

भृगु, वसिष्ठ, क्रतु, अंगिरा, मनु, पुलस्त्य, पुलह, गौतम, रैभ्य, मरीचि, च्यवन और दक्ष - ये समस्त मुनिगण मेरे प्रातः काल को मंगलमय करे।

सनत्कुमारः सनकः सनन्दनः सनातनोऽप्यासुरिपिंगलौच।

सप्त स्वराः सप्त रसातलानि कुर्वन्तु सर्वे मम सुप्रभातम्।।

सप्तावर्णाः सप्त कुलाचलाश्च सप्तर्षयो द्वीपवनानि सप्त।

भूरादिकृत्वा भुवनानि सप्त कुर्वन्तु सर्वे मम सुप्रभातम्।।

ये ऋषिगण - सनत्कुमार, सनक, सनन्दन, सनातन, आसुरि और पिंगल

ये सप्तस्वर - षड्ज, ऋषभ, गान्धार, मध्यम, पश्पंचम, धैवत तथा निषाद

ये सात अधोलोक - अतल, वितल, सुतल, तलातल, महातल, रसातल तथा पाताल

उपर्युक्त सभी मेरे प्रातः काल को मंगलमय करे। सातों समुद्र, सातों कुलपर्वत, सप्तर्षिगण, सातों वन तथा सातों द्वीप, भूर्लोक, भुवर्लोक आदि सातों सभी मेरे प्रातः काल को मंगलमय करे।

प्रकृतिस्मरण:-

पृथ्वी सगन्धा सरसास्तथापः, स्पर्शी च वायुर्ज्वलितं च तेजः।

नभः सशब्दं महता सहैव, कुर्वन्तु सर्वे मम सुप्रभातम्।।

गन्धयुक्त पृथ्वी, रसयुक्त जल, स्पर्शयुक्त वायु, प्रज्वलित तेज, शब्दसहित आकाश एवं महत्तत्व - ये सभी मेरे प्रातःकाल को मंगलमय करे।

इत्थं प्रभाते परम पवितं पठेत् स्मरेद्वा श्रृणुयाच्च भक्त्या।

दुःस्वप्ननाशस्त्विह सुप्रभातं भवेच्च नित्यं भगवत्प्रसादात्।।

इस प्रकार उपर्युक्त इन प्रातः स्मरणीय परमपवित्र श्लोकों का जो भी व्यक्ति भक्तिपूर्वक प्रातः काल पाठ करता है, स्मरण करता है अथवा श्रवण करता है, भगवद्दया से उसके दुःस्वप्नों का नाश हो जाता है और उसका प्रभाग मंगलमय हो जाता है।

पूजा में जो वस्तु विद्यमान न हो उसके लिये 'मनसा परिकल्प्य समर्पयामि' कहे। जैसे, आभूषणके लिये 'आभूषणं मनसा परिकल्प्य समर्पयामि'।)

गणपति पञ्चायतन पूजन

एक लकड़ी की चौकी के ऊपर गणेश, षोडशमातृका, सप्तमातृका स्थापित करे। दूसरी चौकी पर नवग्रह, पञ्चलोकपाल आदि स्थापति करे। तीसरी चौकी को बीच में स्थापित करके उस पर प्रधान देवता को स्थापित करे। ईशान कोण में घी का दीपक रखे और अपने दायें हाथ में पूजा सामग्री रख लेवे। शुद्ध नवीन वस्त्र पहनकर पूर्वाभिमुख बैठे। कुंकुम (रोली) का तिलक करके अपने दायें हाथ की अनामिका में सुवर्ण की अंगुठी पहनकर आचमन प्राणायाम कर पूजन आरम्भ करे।

भूमिपरीक्षण -

स्वयं की भूमि पर ही यज्ञादि कर्म करने चाहिए तथापि अन्य तीर्थ अथवा अन्य किसी स्थान पर यज्ञादि कर्म कर रहे है तो उस भूमि का उचित शुक्ल भूस्वामी को दे देना चाहिए अन्यथा यज्ञादि का फल भूस्वामी को ही मिलता है ।

भूमि का परीक्षण करने हेतु चयनित भूमि में एक वर्ग-हाथ का चतुष्कोण खात बनाकर उस गर्त को सूर्यास्त के समय जल से भर देना चाहिए। यदि दूसरे दिन प्रातरू काल उस गड्ढे में जल शेश रह जाये अथवा वह भूमि गीली रह जाये तो वह शुभलक्षण होता है। यदि कीचड़युक्त भूमि रहे तो मध्यफलदायी होता है। यदि उसका जल पूर्णरूप से सूख जाये तो उसमें दरारे पड़ जाये तो उस भूमि को अशुभ फलदायी कहा जाता है। यथा -

श्वभ्रं हस्तमितं खनेदिह जलं पूर्णं निशास्ये न्यसेत्।

प्रातर्दृष्टजलं स्थलं सदजलं मध्यं त्वसत्स्फाटितम्।।

नोट - रेगिस्तान वाले प्रदेशों में यह विधि उपयोगी नही हैं, अतरू क्षेत्रविशेश का ध्यान रखे।

यज्ञकर्म हेतु मण्डप -निर्माण हेतु शुभ भूमि के लक्षण रू-

सुगन्ध युक्त भूमि ब्राह्मणी, रक्तगन्ध वाली भूमि क्षत्रिया, मधुगन्ध वाली भूमि वैश्या, मद्यगन्ध वाली भूमि शूद्राभूमि कही गयी है, अम्लरस युक्त वैश्या, तिक्त रस युक्त शूद्रा, मधुरसयुक्त भूमि ब्राह्मणी और कड़वी गन्ध वाली भूमि क्षत्रियवर्णा होती है।

ब्राह्मणी भूमि सुखकारी, क्षत्रिया राज्यसुख प्रदाता, वैश्याभूमि धनधान्य देने वाली और शूद्रा भूमि त्याज्य होती है।

ब्राह्मण को सफेद भूमि, क्षत्रिय को लालभूमि, वैश्य को पीली, शूद्र को काली भूमि एवं अन्यवर्णों के लिए मिश्रित रङ्ग की भूमि शुभ होती है।

ब्राह्मण आदि चारों वर्णों के लिए क्रम से घी, रक्त, अन्न और मद्यगन्ध वाली भूमि शुभ होती है।

पूर्व दिशा की ओर भूमि ढालदार हो तो धनप्राप्ति, अग्निकोण में अग्निभय, दक्षिण में मृत्यु, नैऋर्त्य में धनहानि, पश्चिम में पुत्रहानि, वायव्य में परदेश में निवास, उत्तर में धनप्राप्ति, ईशान में विद्यालाभ होता है। भूमि में बीच में गड्ढा हो तो वह भूमि कष्टदायक होती है।

ईशान कोण में भूमि ढालदार हो तो यज्ञकर्ता को धन, सुख की प्राप्ति, पूर्व में हो तो वृद्धि, उत्तर में हो तो धन लाभ, अग्निकोण में हो तो मृत्यु तथा शोक, दक्षिण में हो तो गृहनाश, नैऋर्त्य में धनहानि, पश्चिम में मानहानि, वायव्य में मानसिक उद्वेग होता है।

ब्राह्मण को उत्तर, क्षत्रिय को पूर्व, वैश्य को दक्षिण और शूद्र को पश्चिम की ओर ढालयुक्त भूमि शुभ होती है। मतान्तर से ब्राह्मणों के लिए सभी प्रकार की ढ़ालयुक्त भूमि शुभ होती है। अन्य वर्णों के कोई नियम नहीं है।

पूर्व दिशा में ऊँची भूमि पुत्र का नाश करती है। अग्निकोण में ऊँची भूमि धन देती है। अग्निकोण में नीची भूमि धन की हानि करती है। दक्षिणदिशा में ऊँची भूमि स्वास्थ्यप्रद होती है। नैऋर्त्यकोण में ऊँची भूमि लक्ष्मीदायक होती है। पश्चिम में ऊँची भूमि पुत्रप्रद होती है। वायव्यकोण में ऊँची भूमि द्रव्य की हानि करती है। उत्तरदिशा में ऊँची भूमि स्वास्थ्यप्रद तथा ईशानकोण में ऊँची भूमि महाक्लेशकारक होती है।

हल के फाल से भूमि को खोदने पर यदि लकड़ी मिले तो अग्निभय, ईंट मिले तो धनप्राप्ति, भूसा मिले तो धनहानि, कोयला मिले तो रोग, पत्थर मिले तो कल्याणकारी, हड्डी मिले तो कुलनाश, सर्प या बिच्छू आदि जीव मिले तो वे स्वयं ही भय का पर्याय है।

हल के फाल से भूमि को खोदने पर यदि लकड़ी मिले तो अग्निभय, ईंट मिले तो धनप्राप्ति, भूसा मिले तो धनहानि, कोयला मिले तो रोग, पत्थर मिले तो कल्याणकारी, हड्डी मिले तो कुलनाश, सर्प या बिच्छू आदि जीव मिले तो वे स्वयं ही भय का पर्याय है।

११. फटी हुई से मृत्यु, ऊषर भूमि से धननाश, हड्डीयुक्त भूमि से सदा क्लेश, ऊँची-नीची भूमि से शत्रुवृद्धि, श्मशान जैसी भूमि से भय, दीमकों से युक्त भूमि से संकट, गड्ढों वाली भूमि से विनाश और कूर्माकार अर्थात् बीच में से ऊँची भूमि से धनहानि होती है।

आयताकार भूमि (जिसकी दोनों भुजाएँ बराबर एवं चारों कोण सम हो) पर निवास सर्वसिद्धिदायक, चतुरस्रभूमि (जिसकी लम्बाई चौड़ाई समान हो) पर यज्ञादि शुभकर्म करने से धन का लाभ, गोलाकार भूमि पर यज्ञादि शुभकर्म करने से बुद्धिबल की वृद्धि, भद्रासन भूमि पर सभी प्रकार का कल्याण, चक्राकार भूमि पर दरिद्रता, विषम भूमि पर शोक, त्रिकोणाकार भूमि पर राजभय, शकट अर्थात् वाहन सदृश भूमि पर धनहानि, दण्डाकार भूमि पर पशुओं का नाश, सूप के आकार की भूमि पर गायों का नाश, जहाँ कभी गाय या हाथी बंधते हो वहाँ निवास करने से पीड़ा तथा धनुषाकार भूमि पर निवास करने घोर सङ्कट आता है।

भूमि खोदते समय यदि वहाँ पत्थर मिल जाये तो धन एवं आयु की वृद्धि होती है, यदि ईंट मिले तो धनागम होता है। कपाल, हड्डी, कोयला, बाल आदि मिले तो रोग एवं पीड़ा होती है।

यदि गड्ढे में से पत्थर मिले तो स्वर्णप्राप्ति, ईंट मिले तो समृद्धि, द्रव्य से सुख तथा ताम्रादि धातु मिले तो सभी प्रकार के सुखों की प्राप्ति होती है।

भूमि खोदने पर चिऊँटी अर्थात् दीमक, अजगर (अजगर की १६ पक्ष की निद्रा होती है) निकले तो उस भूमि पर निवास नहीं करे। यदि वस्त्र, हड्डी, भूसा, भस्म, अण्डे, सर्प निकले तो गृहस्वामी की मृत्यु होती है। कौड़ी निकले तो दुरूख और झगड़ा होता है, रुई विशेश कष्टकारक है। जली हुई लकड़ी निकले तो रोगकारक होती है, खप्पर से कलहप्राप्ति, लोहा निकले तो गृहस्वामी की मृत्यु होती है, इसीलिए कुप्रभावों से बचने के लिए इन सभी पक्षों पर विचार करना चाहिए।

गणेश पंचायतन में ईशानकोण में विष्णु, अग्निकोण में शिव, नैर्ऋत्यकोण में सूर्य तथ वायव्य कोण में देवी की स्थापना करते मध्य में प्रधानःप में गणपति की स्थापना करते हुए यथोपचार पूजन करना चाहिए ।

मं मण्डूकाय नमः। आं आधारशक्तत्यै नमः। मूं मूलप्रकृत्यै नमः। कं कालाग्निरुद्राय नमः। आं आदिकूर्माय नमः। अं अनन्ताय नमः। आं आदिवराहाय नमः। पं पृथिव्यै नम'। इक्षु अर्णवाय नमः। रं रत्नद्वीपाय नमः। हं हेमगिरये नमः। नं नन्दनोद्यानाय नमः। कं कल्पवृक्षाय नमः। मं मणिभूतलाय नमरू।

दं दिव्यमण्डपाय नमः। सं स्वर्णवेदिकायै नमः। रं रत्नसिंहासनाय नमः। धं धर्माय नमः। ज्ञां ज्ञानाय नमः। वैं वैराग्याय नमः। ऐं ऐश्वर्याय नमः। सं सत्त्वाय नमः। प्रं प्रबोधात्मने नमः। रं रजसे नमः। प्रं प्रकृत्यात्मने नमः। तं तमसे नमः। मं मोहात्मने नमः। सों सोममण्डलाय नमः। सं सूर्यमण्डलाय नमः। वं वह्निड्ढमण्डलाय नमः। मां मायातत्त्वाय नमः। विं विद्यातत्त्वाय नमः। शं शिवतत्त्वाय नमः। ब्रं ब्रह्मणे नमः। मं महेश्वराय नमः। आं आत्मने नमः। अं अन्तरात्मने नमः। पं परमात्मने नमः। जं जीवात्मने नमः। ज्ञं ज्ञानात्मने नमः। कं कन्दाय नमः। नं नीलाय नमः। पं पद्माय नमः। मं महापद्माय नमः। रं रत्नेभ्यः नमः। कें केसरेभ्यः नमः। कं कर्णिकायैनमः।

ऊँ मण्डूकादिपीठदेवताभ्यो नमः। सर्वोपचारार्थे गन्धाक्षतपुष्पाणि समर्पयामि। (हाथ में अक्षत लेकर मंत्र बोलते हुए छोड़े)

नवशक्ति पूजनम्:- ऊँ तीव्रायै नमः। ऊँ ज्वालिन्यै नमः। ऊँ नन्दायै नमः। ऊँ मोदायै नमः। ऊँ कामरूपिण्यै नमः। ऊँ उग्रायै नमः। ऊँ तेजोवत्यै नमः। ऊँ सत्यायै नमः। ऊँ विघ्ननाशिन्यै नमः। सर्वोपचारार्थे गन्धाक्षतपुष्पाणि समर्पयामि। (हाथ में अक्षत लेकर मंत्र बोलते हुए छोड़े)

१. विष्णुः- (बाये हाथ में अक्षत लेकर प्रत्येक देव के आवाहन का मंत्र उच्चारित कर उसके स्थान पर छोड़े।)

क्रमात्कौमोदकी पद्मशङ्कचक्रधरं विभुम्।

भक्तकल्पद्रुमं शान्तं विष्णुमावाहयाम्यहम्॥

ऊँ इदं विष्णुर्विचक्रमे त्रेधा निदधेपदम्। समूढमस्यपा œ सुरे स्वाहा॥

ऊँ भूर्भुवः स्वः विष्णवे नमः, विष्णुमावाहयामि स्थापयामि।

२. शिवः-

पञ्चवक्त्रं वृषाःढं प्रतिवक्त्रं त्रिलोचनम्।

खट्वा‘धारिणं वन्द्यं शिवमावाहयाम्यहम्॥

ऊँ नमः शम्भवाय च मयोभवाय च नमः शङ्कराय च मयस्कराय च नमः शिवाय शिवतराय च॥

ऊँ भूर्भुवः स्वः शिवाय नमः, शिवमावहयामि स्थापयामि।

३. सूर्यः-

जपाकुसुमसकाशं काश्यपेयं महाद्युतिम्।

तमोऽरिं सर्वपापघ्नं सूर्यमावाहयाम्यहम्॥

ऊँ आकृष्णेनरजसा व्वर्तमानो निवेशयन्नमृतम्मत्र्यञ्च।

हिरण्ययेन सविता रथेना देवो याति भुवनानि पश्यन् ।।

4 देवी : -

पत्तने नगरे ग्रामे विपिने पर्वते गृहे।

नानाजाति कुलेशानीं दुर्गामावाहयाम्यहम।।

ॐ अम्बेऽअम्बिके म्बालिकेनमानयति कश्चन। ससस्त्यश्वकः सुभद्रिकाङ्काम्पीलवासिनीम्।।

ॐ भूर्भुवः स्वः दुर्गादैव्यै नमः, दुर्गामावाहयामि स्थापयामि।

५. गणेशः-

ॐ मण्डूकादिपीठदेवताभ्यो नमः। सर्वोपचारार्थे गन्धाक्षतपुष्पाणि समर्पयामि।

नवशक्ति पूजनम्ः- ॐ तीव्रायै नमः। ॐ ज्वालिन्यै नमः। ॐ नन्दायै नमः। ॐ मोदायै नमः। ॐ कामःपिण्यै नमः। ॐ उग्रायै नमः। ॐ तेजोवत्यै नमः। ॐ सत्यायै नमः। ॐ विघ्ननाशिन्यै नमः। सर्वोपचारार्थे गन्धाक्षतपुष्पाणि समर्पयामि।

ततः कलशस्थापनम् (मण्डल पर कलश की स्थापना करें) -

ॐ तत्वायामि ब्ब्रह्मणा व्वन्दमानस्तदाशास्ते जमानो हविर्ब्भिः। अहेडमानो व्वरुणे हबोद्ध्युरुश œ समानऽ आयुः प्प्रमोषीः।।

ततः ॐ भूर्भुवःस्वः वरुणाद्यावाहितदेवताभ्यो नमः अस्मिन् कलशे सुप्रतिष्ठिता वरदा भवन्तुः। गन्धाक्षत पुष्पधूपदीपनैवेद्यैः सम्पूज्य।

अग्न्युत्तारणम्

देशकालौ संकीर्त्य अस्य गणपतिदेवता नूतन स्वर्ण-पाषाण-मृदादि यन्त्र-मूर्ति अग्नितपनताडन अवघातादि दोषपरिहारार्थमग्न्युत्तारणं करिष्ये।

ॐ भूर्भुवः स्वः गणपतये शुद्धोदक स्नानं समर्पयामि।

ततः स्वर्णादिप्रतिमां करेण संस्पृश्य प्राणस्थापनमाचरेत्ः- ॐ आं ह्रीं क्रों यं रं लं वं शं षं सं हं सः सोऽहं अस्यां मूर्तौ प्राणा इह प्राणाः। ॐ आं ह्रीं क्रों अस्यां मूर्तौ जीव इह स्थितः। ॐ आं ह्रीं क्रों अस्यां मूर्तौ सर्वेन्द्रियाणि वाड्मनस्त्वक्चक्षुश्रोत्रजिह्वाघ्राणपाणि पादपायूपस्थानि, इहैवागत्य सुखं चिरं तिष्ठन्तु स्वाहा।

अस्यै प्राणा प्रतिष्ठन्तु अस्यै प्राणाः क्षरन्तु च।

अस्यै देवत्वमर्चायै मामहेति च कश्चन।। ॐ गं गणपतये नमः(दशधाध्पञ्चदश मूलमन्त्रं जपेत्)।

गणपति ध्यानम्

द्वे भार्ये सिद्धिबुद्धि तदनुसहचरौ वृद्धिसिद्धिप्रियौ च,

द्वौ पुत्रौ लक्षलाभौ वसुदलरचिते मण्डले कल्पवृक्षः।

गेहे यस्य प्रभूता मृगमदतिलकाः सिद्धयः प्रोल्लसन्ति,

भूयात् भूत्यै गणेशः कलिवनदहनो विघ्नविच्छेदको नः।।

१. गणपतिः-

ऊँ गणानान्त्वा गणपति हवामहे प्प्रियाणान्त्वा प्प्रियपति हवामहे निधीनान्त्वा निधिपति हवामहे व्वसोमम । आहम् जानिगर्ब्भधमा त्त्वमजासिगर्ब्भधम्।

ऊँ भूर्भुवः स्वः गणपतये नमः, गणपतिमावाहयामि स्थापयामि।

प्रतिष्ठापनम्ः- (हाथ की अञ्जलि में अक्षत पुष्प लेवे)

ऊँ मनोजूतिर्ज्जुषतामाज्यस्य बृहस्पर्तिज्ञमिमन्तनोत्त्वरिष्टं ज्ञ œ समिमन्दधातु।

विश्वेदवा स ऽ इह मादयन्तामो ३ म्प्रतिष्ठ।।

ऊँ भूर्भुवः स्वः गणेशादि पञ्चदेवताभ्यो नमः।

आसनम् -

रम्यं सुशोभनं दिव्यं सर्वसौख्यकरं शुभम्।

आसनं च मया दत्तं गृहाण परमेश्वरः।।

ऊँ पुरुश ऽ एवेद œ सर्व्वंद्भूतँच्च भाव्व्यम्। उतामृतत्वस्येशानो यदन्नेनातिरोहति।।

ऊँ भूर्भुवः स्वः गणेशादि० आसनार्थे पुष्पं समर्पयामि।

पाद्यम् -

गौरीसुत नमस्तेस्तु श'रप्रियसूनवे।

पाद्यं गृहाण देवेश गन्धपुष्पाक्षतैः फलैः।।

ऊँ एतावानस्य महिमातोज्ज्याँश्चपूरुषः।

पादोस्य व्विश्श्वा भूतानि त्रिपादस्यामृतन्दिवि।।

ऊँ भूर्भुवः स्वः गणेशादि० पादप्रक्षालनार्थं पाद्यं समर्पयामि।

अर्घ्यम् -

ताम्रपात्रस्थितं तोयं गन्धपुष्पफलान्वितम्।

सहिरण्यं ददाम्यर्घं गृहाण परमेश्वरः।।

ॐ धामन्तेव्विश्वम्भुवनमधिश्रितमन्तः समुद्रेहृद्यन्त रायुषि।

अपामनीकेसमिथेय ऽ आभृतस्तमश्याम मधुमन्तन्त ऽ ऊर्मिम्।।

ॐ भूर्भुवः स्वः गणेशादि० हस्तयोः अर्घ्यं समर्पयामि।

आचमनीयम् -

सर्वतीर्थ समायुक्तं सुगन्धिनिर्मलं जलम्।

आचम्यार्थं मया दत्तं गृहाण गणनायक।।

ॐ इमम्मेव्वरुणŸशुधीहवमद्या च मृडय। त्वामवस्युराचके।।

ॐ भूर्भुवः स्वः गणेशादि० मुखे आचमनीयं समर्पयामि।

जलस्नानम् -

कावेरी नर्मदा वेणी तु‘भद्रा सरस्वती।

गंगा च यमुनातोयं स्नानार्थं प्रतिगृह्यताम्।।

ॐ व्वरुणस्योत्तम्भनमसि व्वरुणस्यस्कम्भसर्ज्जनीस्त्थो व्वरुणस्य ऽ ऋतसदन्न्यसि

वरुणस्य ऽ ऋतसदनमसि व्वरुणस्य ऽ ऋतसदनमासीद।।

ॐ भूर्भुवः स्वः गणेशादि० स्नानार्थे जलं समर्पयामि।।

पञ्चामृत स्नानम् -

पयो दधिघृतं चौव मधुं च शर्करायुतम्।

पंचामृतं मयादत्तं स्नानार्थं प्रतिगृह्यताम्।।

ॐ पञ्चनद्यः सरस्वतीमपियन्तसस्रोतसः।

सरस्वती तु पञ्चधासो देशेभवत्सरित्।

ॐ भूर्भुवः स्वः गणेशादि० मिलितपञ्चामृतस्नानं समर्पयामि।

शुद्धोदक स्नानम् -

स्नानार्थे तव देवेश पवित्रं तोयमुत्तम् ।

तीर्थेभ्यश्च समानीतं गृहाण गणनायक ।।

ॐ शुद्धवालः सर्व शुद्धवालो मणिवालस्त ऽ आश्विनाः श्येतः

श्येताक्षो रुणस्तेरुद्रायपशुपतये कर्ण्णायामा अवलिप्ता रौद्रानभोःपाः पार्ज्जन्न्याः।।

ॐ भूर्भुवः स्वः गणेशादि० शुद्धोदक स्नानं समर्पयामि।

अभिषेकः (गन्धादिभिः सम्पूज्य) -

शुद्धोदकस्नानम।

वस्त्रोपवस्त्रम्-

रक्तवस्त्रमिदं देव देवा‘सदृश प्रभो।

सर्वप्रदं गृहाण त्वं लम्बोदर हरात्मज।।

ऊँ सुजातोज्ज्योतिषा सहशर्म्म व्वरुथमासदत्स्वः।

व्वासो ऽ अग्रे विश्वःप œ सँव्ययस्वव्विभावसो।।

ऊँ भूर्भुवः स्वः गणेशादि० वस्त्रोपवस्त्रार्थे रक्तसूत्रं समर्पयामि।

यज्ञोपवीतम् -

‘‘यज्ञोपवीतमसि यज्ञस्यत्वा यज्ञोपवीतेनोपनह्यामि।।

ऊँ ब्रह्मज्ञानं प्रथमं पुरस्ताद्विसीमतः सुरुचोव्वेनऽआवः।

सबुद्ध्न्याऽउपमा अस्यव्विष्ठ्ठाः सतश्च्चयोनिमसतश्चव्विवः।

ऊँ भूर्भुवः स्वः गणेशादि० यज्ञोपवीतं समर्पयामि।

चन्दनम् -

श्रीखण्डं चन्दनं दिव्यं गन्धाढ्यं सुमनोहरम्।

विलेपनं सुरश्रेष्ठ चन्दनं प्रतिगृह्यताम्।।

ऊँ अ œ शुना ते अ œ शुः पृच्यतां परुषा परुः।

गन्धस्ते सोममवतु मदायरसोऽअच्युतः।

ऊँ भूर्भुवः स्वः गणेशादि० चन्दनकुंकुमञ्च समर्पयामि।

अक्षताः -

रक्ताक्षतांश्च देवेश गृहाण द्विरदानन।

ललाटपटले चन्द्रस्तस्योपर्यवधार्यताम।।

ऊँ अक्षन्नमीमदन्त ह्यवप्प्रियाऽअधूषत।

अस्तोषत स्वभानवो व्विप्रा नविष्ठ्ठयामतीयोजान्विन्द्रते हरी।।

ऊँ भूर्भुवः स्वः गणेशादि० अलङ्करणार्थम् अक्षतान् समपर्यामि।

पुष्पाणि (पुष्पमालां) -

सुगन्धीनि च पुष्पाणि धत्तूरादीनि च प्रभो।
विनायक नमस्तुभ्यं गृहाण परमेश्वर।।

ॐ ओषधिः प्रतिमोददृध्वं पुष्पवतीः प्रसूवरीः। अश्वाऽ इव सजित्वरीर्व्वीरुधः पारयिष्णवः।।

ॐ भूर्भुवः स्वः गणेशादि० पुष्पाणि समर्पयामि।

अथ गणेशाङ्गपूजनम् -

ह्रीं गणेश्वराय नमः पादौ पूजयामि। ह्रीं विघ्नराजाय नमः जानुनीं पूजयामि । ह्रीं आखुवाहनाय नमः ऊरु पूजयामि। ह्रीं हेरम्बाय नमः कटीं पूजयामि। ह्रीं कामारिसूनवे नमः नाभिं पूजयामि। ह्रीं लम्बोदराय नमः उदरं पूजयामि। ह्रीं गौरीसुताय नमः स्तनौ पूजयामि। ह्रीं गणनायकाय नमः हृदयं पूजयामि। ह्रीं स्थूलकण्ठाय नमः कण्ठं पूजयामि। ह्रीं स्कन्दाग्रजाय नमः स्कन्धौ पूजयामि। ह्रीं पाशहस्ताय नमः हस्तौ पूजयामि। ह्रीं गजवक्त्राय नमः वक्त्रं पूजयामि। ह्रीं विघ्नहर्त्रे नमः ललाटं पूजयामि। ह्रीं सर्वेश्वराय नमः शिरः पूजयामि। ह्रीं गणाधिपाय नमः सर्वाङ्गं पूजयामि।

दुर्वाङ्कुरम् -

दूर्वांकुरान् सुहरितानमृतान्मलप्रदान् ।
आनीताँस्तव पूजार्थं गृहाण गणनायक ।।
ॐ काण्डात्काण्डात्प्ररोहन्ती परुषः परुषस्परि।
एवा नो दूर्व्वे प्प्रतनु सहस्रेण शतेन च।। ॐ भूर्भुवः स्वः गणेशादि० दूर्वाङ्कुराणि समर्पयामि।

बिल्वपत्रम् -

त्रिशाखैर्बिल्वपत्रैश्च अच्छिद्रैः कोमलैः शुभैः।
तव पूजां करिष्यामि गृहाण परमेश्वर।।

ॐ नमो बिल्मिने च कवचिने च नमो व्वर्मिणे च व्वःथिने च नमः
श्रुताय च श्रुतसेनाय च नमो दुन्दुब्भ्याय चाहनन्याय च।।
ॐ भूर्भुवः स्वः गणेशादि० बिल्वपत्राणि समर्पयामि।

सुगन्धितद्रव्यम् -

स्नेहं गृहाण स्नेहेन लोकेश्वर दयानिधे।
भक्त्या दत्तं मयादेव स्नेहं ते प्रतिगृह्यताम।।

ॐ त्र्यम्बकं यजामहे सुगन्धिम्पुष्टिवर्द्धनम्।
उर्व्वारुकमिव बन्धनान्मृत्योर्म्मुक्षीयमामृतात्।।

ॐ भूर्भुवः स्वः गणेशादि० सुगन्धितद्रव्यं समर्पयामि।

सिन्दूरम् -

उद्यद्भास्करसंकाशं सन्ध्यावदरुण प्रभो ।

वीराल‘णं दिव्यं सिन्दूरं प्रतिगृह्यताम।।

ॐ सिन्धोरिव प्प्राद्ध्वने शूघनासो व्वातप्प्रमियः पतयन्ति ह्वाः।

घृतस्य धारा ऽ अरुषो न व्वाजी काष्ठाभिन्दन्नूर्मिभिः पिन्वमानः।।

ॐ भूर्भुवः स्वः गणेशादि० सिन्दूरं समर्पयामि।

नानापरिमलद्रव्याणि -

अबीरं च गुलालं च चोवा चन्दनमेव च।

अबीरेणार्चितो देव अतः शान्तिं प्रयच्छ मे।।

ॐ अहिरिव भोगैः पेंति बाहुञ्ज्याया हेतिं परिबाधमानः।

हस्तग्घ्नो व्विश्वाव्वयुनानि व्विद्वान्पुमान्पुमा œ सम्परिपातुव्विश्वतः।।

ॐ भूर्भुवः स्वः गणेशादि० परिमलद्रव्याणि समर्पयामि।

धूपम् -

दशा गुग्गुलं धूपमुत्तमं गणनायक।

गृहाण सर्वं देवेश उमापुत्र नमोस्तु ते।।

धूरसि धूर्व्वधूर्व्वन्तं धूर्व्व तंस्मान् धूर्वतितन्धूर्व्वयं व्वयं धूर्व्वामः।

देवानामसि व्वह्नितम œ सस्निनतमं पप्प्रितमं जुष्टतमं देवहूतमम्।

ॐ भूर्भुवः स्वः गणेशादि० धूपम् आघ्रापयामि।

दीपम् -

सर्वज्ञ सर्वलोकेश सर्वेषान्तिमिरापह।

गृहाण म‘लं दीपं रुद्रप्रिय नमोस्तु ते।।

ॐ अग्निर्ज्योतिज्योर्तिरग्निः स्वाहा सूर्यो ज्योतिज्योर्तिज्योतिः सूर्यः स्वाहा।

अग्निर्व्वर्चाज्ज्योतिर्व्वर्च्चः स्वाहासूर्व्वर्च्चाज्योतिर्वर्च्चः स्वाहा।

ज्योतिः सूर्यः सूर्यो ज्योतिः स्वाहा।

ॐ भूर्भुवः स्वः गणेशादि० दीपकं दर्शयामि। हस्तौ प्रक्षाल्य।

नैवेद्यम् -

नमो मोदकहस्ताय भालचन्द्राय ते नमः।

नैवेद्यं गृह्यतां देव सटं मे निवारय॥

नैवेद्यपात्र पुरतो निधाय चन्दनपुष्पाभ्यां समभ्यर्च्च्य। धेनुमुद्रया अमृतीकृत्य देवस्य अग्रे दक्षिण भागे वा निधाय ग्रासमुद्रां प्रदर्शयेत् - ऊँ प्राणाय स्वाहा। ऊँ अपानाय स्वाहा। ऊँ व्यानाय स्वाहा। ऊँ उदानाय स्वाहा। ऊँ समानाय स्वाहा।

ऊँ नाब्भ्याऽआसीदन्तरिक्ष œ शीर्ष्णो द्यौः समवर्त्तत।

पद्भ्यां भूमिर्दिशः श्रोत्रात्तथा लोकाँ २ऽ अकल्पयन्॥

ऊँ भूर्भुवः स्वः गणेशादि० नैवेद्यं निवेदयामि। मध्ये जलं निवेदयामि।

ऋतुफलम् -

नारिकेलञ्च नार कदम्बं मातुलि‘कम्।

द्राक्षाखर्जूरदाडिम्बं गृहाण गणनायक॥

ऊँ याः फलीर्नीया ऽ अफला ऽ अपुष्पायाश्च पुष्पिणीः।

बृहस्पतिप्रसूतास्तानो मुञ्चन्त्व œ हसः॥

ऊँ भूर्भुवः स्वः गणेशादि० फलं निवेदयामि। पुनः आचमनीयं निवेदयामि।

ताम्बूलम् -

पूगीफलं महद्दिव्यं नागवल्लीदलैर्युतम॥

एलादिचूर्ण संयुक्तं ताम्बूल प्रतिगृहाताम्॥

ऊँ उतस्म्मास्यद्द्रवतस्तुरण्ण्यतः पर्ण्णन्नवेरनुवाति प्प्रगर्द्धिनः।

श्येनस्ये वद्ध्रजतो ऽ अङ्क सम्परिदधिक्राब्ण्णः सहो तरित्रतः स्वाहा।

ऊँ भूर्भुवः स्वः गणेशादि० ताम्बूलं समर्पयामि।

दक्षिणा -

हिरण्यगर्भगर्भस्थं हेमबीजं विभावसोः।

तेन प्रीतो गणाध्यक्ष भव सर्वफलप्रद॥

ऊँ द्दत्तँत्परादानँ त्पूर्त्तं ाश्चदक्षिणाः।

प्रद्युम्नष्चानिरुद्धष्च भवन्तु विजयाय ते।
आखण्डलोग्निर्भगवान् यमो वै नैर्ऋतिस्तथा।।
वरुणः पवनष्चैव धनाध्यक्षस्तथा षिवः।
ब्रह्मणा सहिताः सर्वे दिक्पालाः पान्तु त्वां सदा।।
कीतिर्लक्ष्मीर्धृतिर्मेधा पुष्टिः श्रद्धा क्रिया मतिः।
बुद्धिर्लज्जावपुः षान्तिस्तुष्टिः कान्तिस्तु मातरः।।
एतास्त्वामभिषिंचन्तु देवपत्न्यः समागताः।
आदित्यः चन्द्रमा भौम बुधजीवसितार्कजाः।।
ग्रहास्त्वामभिषिंचन्तु राहुकेतुष्च तर्पिताः।
देवदानवगन्धर्वा यक्षराक्षसपन्नगाः।।
ऋषयो मुनयो गावो देवमातर एव च।
देवपत्न्यो द्रुमा नागा दैत्याष्चाप्सरसांगणाः।।
अस्त्राणि सर्वषस्त्राणि राजानो वाहनानि च।
औषधानि च रत्नानि कालस्यावयवाष्च ये।।
सरितः सागराः सर्वे तीर्थानि जलदा नदाः।
एते त्वामभिषिंचन्तु धर्मकामार्थ सिद्धये।।

इत्यभिषिच्य 'अमृताऽभिषेकोऽस्तु' इति ब्राह्मणा वदेयुः। ततो यजमानः द्विराचामेत्। पत्नी च सकृदाचम्य पत्युर्दक्षिणत उपविषेत्।

इस प्रकार अमृताभिषेकोऽस्तु यह वाक्य ब्राह्मण बोलते हैं। इसके बाद यजमान दो बार षुद्ध जल से आचमन करें उसकी धर्मपत्नी एक बार आचमन कर पति के दक्षिण भाग में बैठें।

यजमान अभिषेक दक्षिणा का संकल्प करें -

कृतैतदभिषेककर्मणः सांगतासिध्यर्थं तत्सम्पूर्णफलप्राप्त्यर्थं च ब्राह्मणेभ्यो दक्षिणां दातुमहमुत्सृज्ये।

ऐसा संकल्प कर ब्राह्मणों को दक्षिणा देनी चाहिए।

इत्यभिषेकविधिः

3.3.3 बोधप्रश्न

1. अभिषेक में पत्नी, पति के किस भाग में बैठती है?
2. किस जल से अभिषेक सम्पन्न होता है?

3. पौराणिक अभिषेक श्लोक कहाँ से उद्धृत किये गये हैं?
4. संकर्षण किसे कहा गया है?
5. अर्कजः किसे कहते हैं?
6. धनाध्यक्ष किसे कहते हैं?
7. आपो हिष्ठामयोभुवः किस वेद का मंत्र है?

3.4 सारांश

इस इकाई में पुण्याहवाचन एवं अभिषेक की विधि बताई गयी है। पुण्याहवाचन में आचार्य के अलावा दो विप्रों का हस्तपूजन होता है। हस्तपूजन का तात्पर्य उनके हाथ में मंत्र पढ़ते हुए जल गन्ध, अक्षत, दक्षिणा आदि देते हैं तथा वे प्रसन्न होकर आशीर्वाद देते हैं। यह एक प्रकार से ब्राह्मणपूजन ही है। इसमें यजमान अपने सकुटुम्ब एवं सपरिवार के लिए कल्याण, स्वस्ति, लक्ष्मीप्राप्ति, यशोवृद्धि, आयुवृद्धि, आदि की कामना करता है। जिसमें ब्राह्मण शास्त्रोक्तविधि से उसे आशीर्वाद देते हैं।

यह पुण्याहवाचन बड़े बड़े यागों में चारों वेदों के द्वारा भी सम्पन्न होता है, परन्तु यहाँ प्रयोजनाभाव के कारण नहीं दिया गया। वस्तुतः इसमें चारों वेदों के विद्वानों की आवष्यकता होती है जो अपनी अपनी षाखा के अनुसार मंत्र पाठ करते हैं। इसकी विधि स्पष्टरूप से देखना हो तो महामहोपाध्याय नित्यानन्दपर्वतीय कृत संस्कारदीपक प्रथम भाग आप देख सकते हैं।

पुण्याहवाचन में लगभग 72 वाक्य हैं। कुछ वेदमंत्र तथा श्लोक हैं जो शास्त्रोक्त हैं। इस प्रकार पुण्याहवाचन का प्रयोग आपको बताया गया है

अभिषेक में पुण्याहवाचन कलश से थोड़ा जल निकालकर एक पात्र में रखकर उसमें दूर्वा आम्रपल्लव आदि मांगलिक द्रव्य से युक्त जल से सपरिवार यजमान का चार ब्राह्मण मंत्रपाठ करते हुए अभिषेक करते हैं।

3.5 शब्दावली

प्रसीदन्तु भवन्तः - आप प्रसन्न हों।
सन्तु शिवा आपः - ये जल कल्याणकारी हों
गिरयः - पर्वत
सौमनस्यमस्तु - आपका मन सद्भाव युक्त हो

अक्षतं चारिष्टं चास्तु - आपका सुतिकागृह विघ्नों से रहित हो अर्थात् स्वस्थ- सन्तान युक्त आपका घर हो।

दक्षिणेन पाणिना - दाहिने हाथ से

मूर्ध्ना संयोज्य - शिर से लगाकर

3.6 अभ्यास प्रश्नों के उत्तर

1. कलशपूजन के बाद पुण्याहवाचन होता है।
2. पुण्याहवाचन में कम से कम दो ब्राह्मण अवश्य रहते हैं। या फिर चार ब्राह्मण।
3. पुण्याहवाचन में छोटे छोटे वाक्य लगभग 72 हैं।
4. स्वस्ति के योग में चतुर्थी विभक्ति होती है। जैसे अस्मै कर्मणे स्वस्ति भवन्तो ब्रुवन्तु।
5. शान्तिरस्तु इत्यादि वाक्यों में कलश के ऊपर अक्षत छोड़ते हैं।
6. आचार्यबौधायन कृष्णयजुर्वेद की तैत्तिरीयशाखा के विद्वान् थे।
7. पुण्याहवाचन का मूल प्रयोग पारस्करगृह्यसूत्र के प्रथम काण्ड के द्वितीय कण्डिका के ऊपर गदाधरभाष्य में है।

3.7 द्वितीय अभ्यास प्रश्नों के उत्तर

1. अभिषेक में पत्नी पति के वाम भाग में बैठती है।
2. पुण्याहवाचन कलश के जल से अभिषेक से सम्पन्न होता है।
3. अभिषेक में पौराणिक श्लोक कर्मसमुच्चय नामक ग्रन्थ से उद्धृत है।
4. संकर्षण श्रीबलराम जी की संज्ञा है।
5. अर्कजः शनि को कहा जाता है।
6. धनाध्यक्ष कुबेर को कहते हैं।
7. आपोहिष्ठा मयोभुवः यजुर्वेद माध्यन्दिन शाखा का मंत्र है।

3.8 सन्दर्भग्रन्थसूची

ग्रन्थनाम	लेखक	प्रकाशन
क. संस्कारदीपक	महामहोपाध्यायनित्यानन्दपर्वतीय	वाराणसी
ख. कर्मसमुच्चय	श्रीरामजीलालशास्त्री	वाराणसी
ग. ग्रहशान्ति	श्रीवायुनन्दनमिश्र	वाराणसी
घ. पारस्करगृह्यसूत्र	महर्षि पारस्कर	वाराणसी

3.9 निबन्धात्मक प्रश्न

क. अभिषेक की विधि समन्त्रक लिखें।

ख. बौधायनोक्त पुण्याहवाचन की विधि (प्रयोग) लिखें।

खण्ड 3
मातृका पूजन एवं नान्दी श्राद्ध प्रयोग

इकाई - 1 षोडशमातृका एवं सप्तघृतमातृका का आवाहन पूजन

इकाई की रूपरेखा

1.1 प्रस्तावना

प्रस्तुत इकाई बी0ए0के0के – 202 के तृतीय खण्ड की पहली इकाई षोडशमातृका एवं सप्तघृतमातृका आवाहन पूजन से सम्बन्धित है। इससे पूर्व की इकाईयों में आपने कलश पूजन का अध्ययन कर लिया है। अब आप षोडशमातृका एवं सप्तघृतमातृका पूजन का अध्ययन करने जा रहे है।

षोडश का अर्थ सोलह होता है, अत: नाम से ही स्पष्ट है – षोडशमातृका अर्थात् सोलह मातृका। षोडशमातृका में सोलह कोष्ठक बनें होते है। इसमें गौरी गणेश, पद्मा, शची, मेधा, सावित्री, विजया, जया, देवसेना, स्वधा, स्वाहा, मातर, लोकमातर, धृति, पुष्टि, तुष्टि, आत्मन: कुल देवता की स्थापना की जाती है। सप्तघृतमातृका में सात मातृकायें होती है। इसमें श्री, लक्ष्मी, धृति,मेधा,पुष्टि, श्रद्धा एवं सरस्वती की स्थापना की जाती है।

इस इकाई में आपके पाठनार्थ षोडशमातृका एवं सप्तघृतमातृका का आवाहन पूजन की विधि बताई जा रही है।

1.2 उद्देश्य

इस इकाई के अध्ययन के पश्चात् आप –

- षोडशमातृका क्या है। समझा सकेंगे।
- षोडशमातृका के आवाहन पूजन को जान लेंगे।
- सप्तघृतमातृका को बता सकेंगे।
- सप्तघृतमातृका के आवाहन पूजन को समझ लेंगे।
- षोडशमातृका एवं सप्तघृतमातृका पूजन महत्व को समझा सकेंगे।

1.3 षोडशमातृका का आवाहन पूजन

मातृका पूजन पंचांग पूजन का अंग है गणेश पूजन के अनन्तर मातृकाओं का पूजन होता है। सर्वप्रथम पूजन के पूर्व संकल्प का विधान है। संकल्प करें ------

ऊँ विष्णःविष्णुःविष्णुः श्रीमद्भगवतो महापुरूषस्य विष्णो राज्ञया प्रवर्तमानस्य अद्य श्रीब्रह्मणोऽह्नि द्वितीये परार्द्धे विष्णुपदे श्रीश्वेतवाराहकल्पे वैवस्वतमन्वन्तरे अष्टाविंशतितमे युगे कलियुगे

कलिप्रथमचरणे भूर्लोके जम्बूद्वीपे भारतवर्षे भरतखण्डे आर्यावर्तैकदेशे विक्रमशके बौद्धावतारे अमुकनामसंवत्सरे श्रीसूये अमुकायने अमुकऋतौ महामांगल्यप्रदमासोत्तमे मासे अमुकमासे अमुकपक्षे अमुकतिथौ अमुकवासरे एवं ग्रहगुण - विशेषण विशिष्टायां शुभपुण्यतिथौ अमुकगोत्रः अमुकशर्मा सपत्निकोऽहं मम इह जन्मनि जन्मान्तरे वा सर्वपापक्षयपूर्वक- दीर्घायुर्विपुल - धन- धान्य- पुत्र-पौत्राद्यनवच्छिन्न- सन्ततिवृद्धि-स्थिरलक्ष्मी-कीर्तिलाभ शत्रु पराजय सदभीष्टसिद्ध्यर्थं .... गणेशपूजनं, षोडशमातृका पूजन, सप्तघृतमातृका पूजनं च संकल्प: अहं करिष्ये।

स्थापना -

षोडशमातृकाओं की स्थापना के लिये पूजक दाहिनी ओर पॉच खड़ी पाइयों और पॉच पड़ी पाइयों का चौकोर मण्डल बनायें। इस प्रकार सोलह कोष्ठक बन जायेंगे। पश्चिम से पूर्व की ओर मातृकाओं का आवाहन और स्थापन करें। कोष्ठकों में रक्त चावल, गेहूँ या जौ रख दे। पहले कोष्ठक में गौरी का आवाहन होता है, अत: गौरी के आवाहन के पूर्व गणेश का भी आवाहन पुष्पाक्षतों द्वारा कोष्ठक में करे । इसी प्रकार अन्य कोष्ठकों में भी निम्नांकित मन्त्र पढ़ते हुए आवाहन करे -

षोडशमातृका - चक्र

आत्मन: कुलदेवता १६	लोकमातर: १२	देवसेना ८	मेधा ४
तुष्टि: १५	मातर: ११	जया ७	शची ३
पुष्टि १४	स्वाहा १०	विजया ६	पद्मा २
धृति १३	स्वधा ९	सावित्री ५	गौरी गणेश १

आवाहन एवं स्थापन मन्त्र –

ॐ गणपतये नम:, गणपतिमावाहयामि, स्थापयामि।

ॐ गौर्ये नम:, गौरीमावाहयामि, स्थापयामि।

ॐ पद्मायै नम:, पद्मावाहयामि, स्थापयामि।

ॐ शच्यै नम:, शचीमावाहयामि, स्थापयामि।

ॐ मेधायै नम: मेधामावाहयामि, स्थापयामि।

ॐ सावित्र्यै नम:, सावित्रीमावाहयामि, स्थापयामि।

ॐ विजयायै नम:, विजयामावाहयामि, स्थापयामि।

ॐ जयायै नम: , जयामावाहयामि, स्थापयामि।

ॐ देवसेनायै नम:, देवसेनामावाहयामि, स्थापयामि।

ॐ स्वधायै नम:, स्वधामावाहयामि, स्थापयामि।

ॐ स्वाहायै नम:, स्वाहामावाहयामि, स्थापयामि।

ॐ मातृभ्यों नम:, मातृ: आवाहयामि, स्थापयामि।

ॐ लोकमातृभ्यो नम: लोकमातृ: आवाहयामि स्थापयामि।

ॐ धृत्यै नम:, धृतिमावाहयामि, स्थापयामि।

ॐ पुष्टयै नम: पुष्टिमावाहयामि, स्थापयामि

ॐ तुष्टयै नम: तुष्टिमावाहयामि, स्थापयामि

ॐ आत्मन: कुलदेवतायै नम:, आत्मन: कुलदेवतामावाहयामि, स्थापयामि।

इस प्रकार षोडशमातृकाओं का आवाहन, स्थापना कर **ॐ मनोर्जूति जुषतामा... 0 ,** मंत्र से अक्षत छोड़ते हुए मातृका मण्डल की प्रतिष्ठा करनी चाहिये। तत्पश्चात् निम्नलिखित नाम मन्त्र से गन्धादि उपचारों द्वारा पूजन करनी चाहिये –

ॐ गणेशसहितगौर्यादिषोडशमातृकाभ्यो नम: ।

विशेष : - मातृकाओं को यज्ञोपवीत नही चढ़ाना चाहिये।

नैवेद्य के साथ - साथ घृत और गुड़ का भी नैवेद्य लगाना चाहिये।

विशेष अर्घ्य दे।

फल का अर्पण - नारियल आदि फल अंजलि में लेकर प्रार्थना करे –

ॐ आयुरारोग्यमैश्वर्यं ददध्वं मातरो मम।
निर्विघ्नं सर्वकार्येषु कुरूध्वं सगणाधिपा: ।।

इस तरह प्रार्थना करने के पश्चात् नारियल आदि फल चढ़ाकर हाथ जोड़कर बोले –

गेहे वृद्धिशतानि भवन्तु, उत्तरे कर्मण्यविघ्नमस्तु ।

इसके बाद –

अनया पूजया गणेशसहितगौर्यादिषोडशमातर: प्रीयन्ताम् न मम।

इस वाक्य का उच्चारण कर मण्डल पर अक्षत छोड़कर प्रणाम करना चाहिये -

गौरी पद्मा शची मेधा सावित्री विजया जया।
देवसेना स्वधा स्वाहा मातरो लोकमातरः।।
धृतिः पुष्टिस्तथा तुष्टिरात्मनः कुलदेवता।
गणेशेनाधिका ह्येता वृद्धौ पूज्याश्च षोडश।।

1.4 सप्तघृतमातृका आवाहन पूजन

आग्नेय कोण में किसी वेदी अथवा काष्ठपीठ पर प्रादेशमात्र स्थान में पहले रोली या सिन्दूर से स्वस्तिक बनाकर 'श्रीः' लिखे। इसके नीचे एक बिन्दु और इसके नीचे दो बिन्दु दक्षिण से करके उत्तर की ओर दे। इसी प्रकार सात बिन्दु क्रम से चित्रानुसार बनाना चाहिये -

पूर्व

।। श्रीः ।।

0

0 0

0 0 0

0 0 0 0

0 0 0 0 0

0 0 0 0 0 0

0 0 0 0 0 0 0

वसोर्धारा

इसके पश्चात् नीचे वाले सात बिन्दुओं पर घी या दूध से प्रादेश मात्र सात धाराएँ निम्नलिखित मन्त्र से दे –

घृत धाराकरण –

ऊँ वसोः पवित्रमसि शतधारं वसोः पवित्रमसि सहस्रधारम् ।
देवस्त्वा सविता पुनातु वसोः पवित्रेण शतधारेण सुप्वा कामधुक्षः।।

इसके बाद गुड़ के द्वारा बिन्दुओं की रेखाओं को उपर्युक्त मन्त्र पढ़ते हुए मिलाये। तदनन्तर निम्नलिखित वाक्यों का उच्चारण करते हुए प्रत्येक मातृका का आवाहन और स्थापना करे –

आवाहन स्थापन –

ॐ भूर्भुव: स्व: श्रियै नम:, श्रियमावाहयामि, स्थापयामि।

ॐ भूर्भुव: स्व: लक्ष्म्यै नम:, लक्ष्मीमावाहयामि, स्थापयामि।

ॐ भूर्भुव: स्व: धृत्यै नम:, धृतिमावाहयामि, स्थापयामि।

ॐ भूर्भुव: स्व: मेधायै नम:, मेधामावाहयामि, स्थापयामि।

ॐ भूर्भुव: स्व: पुष्ट्यै नम:, पुष्टिमावाहयामि, स्थापयामि।

ॐ भूर्भुव: स्व: श्रद्धायै नम:, श्रद्धामावाहयामि, स्थापयामि।

ॐ भूर्भुव: स्व: सरस्वत्यै नम:, सरस्वतीमावाहयामि स्थापयामि।

प्रतिष्ठा - इस प्रकार आवाहन - स्थापन के पश्चात् एतं ते देव .... 0 मन्त्र से प्रतिष्ठा करने, तत्पश्चात् ॐ भूर्भुव:स्व: सप्तघृतमातृकाभ्यो नम: इस नाम मन्त्र से यथालब्धोपचार पूजन करे -

प्रार्थना- तदनन्तर हाथ जोड़कर निम्नलिखित मन्त्र पढ़कर प्रार्थना करे -

> **ॐ यदङ्गत्वेन भो देव्य: पूजिता विधिमार्गत: ।**
>
> **कुर्वन्तु कार्यमखिलं निर्विघ्नेन क्रतूद्भवम् ।।**

अनया पूजया वसोर्धारादेवता: प्रीयन्ताम् न मम। ऐसा उच्चारण कर मण्डल पर अक्षत छोड़ दे। पूजक अंजलि में पुष्प ग्रहण करे तथा ब्राह्मण आयुष्य मन्त्र का पाठ करें।

आयुष्य मन्त्र –

ॐ आयुष्यं वर्चस्य गॅू रायस्पोषमौद्भिदम्। इद गॅू हिरण्यं वर्चस्वजैत्रायाविशतादु माम्। ॐ न तद्रक्षा गॅू सि न पिशाचास्तरन्ति देवानामोज: प्रथमज गॅू ह्येतत् ।। यो विभर्ति दाक्षायण गॅू हिरण्य गॅू स देवेषु कृणुते दीर्घमायु: स मनुष्येषु कृणुते दीर्घमायु:।

> **ॐ यदाबध्नन्दाक्षायणा हिरण्य गॅू शतानीकाय सुमनस्यमाना: । तन्म आ बध्नामि शतशारदायायुष्माञ्जरदष्टिर्यथासम् ।।**
>
> **यदायुष्यं चिरं देवा: सप्तकल्पान्तजीविषु।**
>
> **ददुस्तेनायुषा युक्ता जीवेम शरद: शतम् ।।**
>
> **दीर्घा नागा नगा नद्योऽनन्ता: सप्तार्णवा दिश: ।**

सत्यानि पञ्चभूतानि विनाशरहितानि च।

अविनाश्यायुषा जद्वज्जीवेम शरद: शतम्।।

पुष्पार्पण - आयुष्यमन्त्र के श्रवण के बाद अंजलि के पुष्पों को सप्तघृतमातृका मण्डल पर अर्पण कर दें।

बोध प्रश्न -

१. निम्नलिखित में मातृका पूजन किसका अंग है –

क. पंचांग पूजन का ख. गणेश पूजन का ग. श्राद्ध पूजन का घ. षोडशमातृका पूजन का

२. षोडशमातृका में कितने कोष्ठक होते हैं –

क. १५ ख. १६ ग. १७ घ. ८

३. षोडशमातृका में सातवॉ स्थान हैं –

क. मेधा ख. जया ग. विजया घ. पद्मा

४. सप्तघृतमातृका काष्ठपीठ के किस कोण में बनाना चाहिये –

क. ईशान कोण ख. वायव्य कोण ग. आग्नेय कोण घ. नैर्ऋत्य कोण

५. सप्तघृत मातृका में कितनी मातृकायें होती है।

क. ८ ख. १० ग. ७ घ. ९

1.5 सारांश

इस इकाई के अध्ययन के पश्चात् आपने जाना कि मातृका पूजन पंचांग पूजन का अंग है गणेश पूजन के अनन्तर मातृकाओं का पूजन होता है। षोडश का अर्थ सोलह होता है, अत: नाम से ही स्पष्ट है – षोडशमातृका अर्थात् सोलह मातृका। षोडशमातृका में सोलह कोष्ठक बनें होते है। इसमें गौरी गणेश, पद्मा, शची, मेधा, सावित्री, विजया, जया, देवसेना, स्वधा, स्वाहा, मातर, लोकमातर, धृति, पुष्टि, तुष्टि, आत्मन: कुल देवता की स्थापना की जाती है। सप्तघृतमातृका में सात मातृकायें होती है। इसमें श्री, लक्ष्मी, धृति,मेधा,पुष्टि, श्रद्धा एवं सरस्वती की स्थापना की जाती है। मातृकाओं में षोडशमातृका एवं सप्तघृतमातृका प्रधान है। पूजन में इनका महत्व भी पण्डित समाज को सर्वविदित है। अत: इस इकाई के अध्ययन से आपने जान लिया है कि षोडशमातृका एवं स्पतघृतमात्का पूजन का क्या महत्व है। उनका आवाहन पूजन कैसे किया जाता है।

1.6 पारिभाषिक शब्दावली

षोडश – सोलह

सप्त – सात

पूजक – पूजन करने योग्य

कोष्ठक – खाने

जयायै – जय के लिए

श्री- लक्ष्मी

आवाहयामि – आवाहन करता हूँ।

स्थापयामि – स्थापना करता हूँ।

यथोपलब्ध - जितना उपलब्ध हो।

अनन्त – जिसका अन्त न हो।

1.7 बोध प्रश्नों के उत्तर

१. क

२. ख

३. ख

४. ग

५. ग

1.8 सन्दर्भ ग्रन्थ सूची

नित्यकर्मपूजाप्रकाश

कर्मकाण्ड प्रदीप

संस्कार प्रदीप

1.9 निबन्धात्मक प्रश्न

१.षोडशमातृका का आवाहन पूजन मन्त्र सहित लिखिये।

२. सप्तघृतमातृका पूजन का चक्र द्वारा समझाते हुए आवाहन पूजन लिखिये।

३. कर्मकाण्ड में षोडशमातृका एवं सप्तघृतमातृका पूजन का महत्व बतलाइए।

इकाई - 2 नान्दी श्राद्ध परिचय एवं प्रयोग विधि

इकाई की रूपरेखा

2.1 प्रस्तावना

प्रस्तुत इकाई बी0ए0के0के – 202 की तृतीय खण्ड की दूसरी इकाई से सम्बन्धित है। इस इकाई के पूर्व आपने षोडशमातृका एवं सप्तघृतमातृका का आवाहन पूजन का अध्ययन कर लिया है। अब इस इकाई में आप नान्दी श्राद्ध का अध्ययन करने जा रहे हैं ।

नान्दी श्राद्ध सभी शुभ कार्यों में भी किया जाता है। इसके पूजन की विधि क्या है। विवाह में इसे किस प्रकार किया जाता है, इसे करने हेतु शुभ समय कौन सा होता है आदि इत्यादि का ज्ञान आप प्रस्तुत इकाई में करने जा रहे है।

श्रद्धापूर्वक पितरों की शान्ति हेतु किया गया कार्य 'श्राद्ध' कहलाता है। श्राद्ध का सम्बन्ध वस्तुत: पितरों से है। नान्दी श्राद्ध अशुभ के साथ शुभ कार्यों में भी किया जाता है। आइये इस इकाई में हम नान्दी श्राद्ध का अध्ययन करते हैं।

2.2 उद्देश्य

इस इकाई के अध्ययन के पश्चात् आप –

- ❖ नान्दी श्राद्ध को परिभाषित कर सकेंगे।
- ❖ नान्दी श्राद्ध पूजन को जान जायेंगे।
- ❖ कर्मकाण्ड में इसके महत्व निरूपण कर सकेंगे।
- ❖ विवाह में नान्दी श्राद्ध को समझा सकेंगे।
- ❖ नान्दी श्राद्ध का प्रयोजन समझा सकेंगे।

2.3 नान्दी श्राद्ध

'श्रद्धया दीयते यत् तत् श्राद्धम्' पितरों की तृप्ति के लिए जो सनातन विधि से जो कर्म किया जाता है उसे '**श्राद्ध**' कहते हैं। किसी भी कर्म को यदि श्रद्धा और विश्वास से नहीं किया जाता तो वह निष्फल होता है। महर्षि पाराशर का मत है कि देश-काल के अनुसार यज्ञ पात्र में हवन आदि के द्वारा, तिल, जौ, कुशा तथा मंत्रों से परिपूर्ण कर्म श्राद्ध होता है। इस प्रकार किया जाने वाला यह पितृ यज्ञ कर्ता के सांसारिक जीवन को सुखमय बनाने के साथ परलोक भी सुधारता है। साथ ही जिस

दिव्य आत्मा का श्राद्ध किया जाता है उसे तृप्ति एवं कर्म बंधनों से मुक्ति भी मिल जाती है। अनेक धर्मग्रंथों के अनुसार नित्य, नैमित्तिक, काम्य, वृद्धि और पार्वण **पाँच प्रकार के श्राद्ध** बताए गए हैं जिनमें प्रतिदिन पितृ और ऋषि तर्पण आदि द्वारा किया जाने वाला श्राद्ध **नित्य श्राद्ध** कहलाता है। इसमें केवल जल प्रदान करने से भी कर्म की पूर्ति हो जाती है। इसी प्रकार, एकोद्दिष्ट श्राद्ध को नैमित्तिक, **किसी कामना की पूर्ति हेतु काम्य श्राद्ध, पुत्र प्राप्ति, विवाह आदि मांगलिक कार्यों में जिनसे कुल वृद्धि होती है, के पूजन के साथ पितरों को प्रसन्न करने के लिए वृद्धि श्राद्ध किया जाता है जिसे 'नान्दी श्राद्ध भी कहते हैं।** इसके अलावा पुण्यतिथि, अमावस्या अथवा पितृ पक्ष (महालय) में किया जाने वाला श्राद्ध कर्म पार्वण श्राद्ध कहलाता है। भादों की पूर्णिमा से आश्विन अमावस्या तक के सोलह दिन पितरों की जागृति के दिन होते हैं जिसमें पितर देवलोक से चलकर पृथ्वी की परिधि में सूक्ष्म रूप में उपस्थित हो जाते हैं तथा भोज्य पदार्थ एवं जल को अपने वंशजों से श्रद्धा रूप में स्वीकार करते हैं। आज के प्रगतिवादी युग में प्रायः लोगों के पास इस विज्ञान के रहस्य को जानने की अपेक्षा नकारने की हठधार्मिता ज्यादा दिखाई देती है।

यदि हम विचार करें तो सामान्य सांसारिक व्यवहारों में भी दावत या पार्टियों में इष्ट मित्रों की उपस्थिति से कितनी प्रसन्नता होती है। यदि हम अपने पूर्वजों की स्मृति में वर्ष में एक-दो बार श्राद्ध पर्व मनाते हुए स्वादिष्ट भोज्य पदार्थों का पितृ प्रसाद मिल बाँट कर खाएँ तो उससे जो आत्मीय सुख प्राप्त होता है वह शायद मौज-मस्ती के निमित्त की गई पार्टियों से कहीं आगे होगा।

कुछ लोग यह भी सोचते होंगे कि श्राद्ध में प्रदान की गई अन्न, जल, वस्तुएँ आदि सामग्री पितरों को कैसे प्राप्त होती होगी। यहाँ यह भी तर्क दिया जाता है कि कर्मगति के अनुसार जीव को अलग-अलग गतियाँ प्राप्त होती हैं। कोई देव बनता है तो कोई पितर, कोई प्रेत तो कोई पशु पक्षी। अतः श्राद्ध में दिए गए पिण्डदान एवं एक धारा जल से कैसे कोई तृप्त होता होगा? इन प्रश्नों के उत्तर हमारे शास्त्रों में सूक्ष्म दृष्टि से दिए गए हैं। 'नाम गोत्र के आश्रय से विश्वदेव एवं अग्निमुख हवन किए गए पदार्थ आदि दिव्य पितर ग्रास को पितरों को प्राप्त कराते हैं। यदि पूर्वज देव योनि को प्राप्त हो गए हों तो अर्पित किया गया अन्न-जल वहाँ अमृत कण के रूप में प्राप्त होगा क्योंकि देवता केवल अमृत पान करते हैं। पूर्वज मनुष्य योनि में गए हों तो उन्हें अन्न के रूप में तथा पशु योनि में घास-तृण के रूप में पदार्थ की प्राप्ति होगी। सर्प आदि योनियों में वायु रूप में, यक्ष योनियों में जल आदि पेय पदार्थों के रूप में उन्हें श्राद्ध पर्व पर अर्पित पदार्थों का तत्व प्राप्त होगा।

श्राद्ध पर अर्पण किए गए भोजन एवं तर्पण का जल उन्हें उसी रूप में प्राप्त होगा जिस योनि में जो उनके लिए तृप्ति कर वस्तु पदार्थ परमात्मा ने बनाए हैं। साथ ही वेद मंत्रों की इतनी शक्ति होती है कि

जिस प्रकार गायों के झुंड में अपनी माता को बछड़ा खोज लेता है उसी प्रकार वेद मंत्रों की शक्ति के प्रभाव से श्रद्धा से अर्पण की गई वस्तु या पदार्थ पितरों को प्राप्त हो जाते हैं। वस्तुतः श्रद्धा एवं संकल्प के साथ श्राद्ध कर्म के समय प्रदान किए गए पदार्थों को भक्ति के साथ बोले गए मंत्र पितरों तक पहुँचा देते हैं। मनुष्य और परमात्मा के बीच की कड़ी चन्द्रलोक में स्थित पितर ही होते है। जब मनुष्य श्रद्धापूर्वक पितर को याद करता है, तो पितर भी उसकी बात परमात्मा तक शीघ्र पहुॅचा देते है। जिससे मनुष्य का जीवन सुखमय हो जाता है। जो मनुष्य अपने पितरों का श्राद्धादि कर्म करते हैं, नि:शंसय ही उनका कल्याण होता है।

नान्दी श्राद्ध आरम्भ का मन्त्र –

देवताभ्यः देवताभ्य महायोगिभ्य एव च
नमः स्वाहायै नित्यमेव नमो नमः वार च
सप्तव्याधा दशार्णेषु मृगा कालञ्जरे गिरौ
चक्रवाकाः शरदिद्वपे हंसाः सरीस मानसे
तेऽपि जाताः कुरूक्षेत्र ब्रह्मणा वेद पारणाः
प्रस्थितादीर्य मध्वान धूयं किमवासीदथ
श्राद्धकाले गयां ध्यात्वदेव गदाधरम-
मनसा च पिततन्ध्त्वा नान्दीश्रादं समारभे ॥

वृद्धावस्था प्राप्त हो जाने पर पुत्रवान कुटुम्बी, आस्तिक धनी काशीवास कर लेते थे, अथवा अन्यत्र कहीं गंगातट पर- निवास करके ईश्वर भजन करते थे-। पर अब लोग पुत्रादि के समीप रहना आवश्यक समझते हैं। मृत्यु के समय गीता और श्रीमद्भागवतादि का पाठ सुनना, रामनाम का जप करना स्वर्गदायक समझा जाता है। गोदान और दशदान कराके-, होश रहतेरहते मृतक को चारपाई से - उठाकर जमीन में लिटा दिया जाता है। प्राण रहते गंगा जल डाला जाता है। प्राण निकल जाने पर मुखछिद्रादि में-नेत्र- सुवर्ण के कण ड़ाले जाते हैं। फिर स्नान कराकर चंदन व यज्ञोपवीत पहनाये जाते हैं। शहर व गाँव के मित्र, बांधव तथा पड़ोसी उसे श्मशान ले जाने के लिए मृतक के घर पर एकत्र होते हैं। मृतक के ज्येष्ठ पुत्र, उसके अभाव में कनिष्ठ पुत्र, भाईभतीजे या बांधव को मृतक का दाह - तथा अन्य संस्कार करने पड़ते हैं। जौ के आटे से पिंडदान करना होता है। नूतन वस्त्र के गिलाफ (खोल) में प्रेत को रखते हैं, तब रथी में वस्त्र बिछाकर उस प्रेस को रख ऊपर से शाल, दुशाले या अन्य वस्त्र ड़ाले जाते हैं। मार्ग में पुन: पिंड़दान होता है। घाट पर पहुँचकर प्रेत को स्नान कराकर चिता में रखते हैं। श्मशानघाट- ज्यादातर दो नदियों के संगम पर होते हैं। पुत्रादि कर्मकर्ता अग्नि देते

हैं। कपाल क्रिया करने के पश्चात् चिता की शांति दुग्ध आदि से करते है। कपूतविशेष कपोत) यानि कबूतक के तुल्य सिर पर बाँधना होता है। इस 'छोपा' कहते हैं। मुर्दा फूँकनेवाले सब लोगों को स्नान करना पड़ता है। पहले कपड़े भी धोते थे। अब शहर में कपड़े कोई नहीं धोता। हाँ, देहातों में कोई धोते हैं। गोसूत्र के छींटे देकर सबकी शुद्धि होती है। देहात में बारहवें दिन मुर्दा फूँकनेवालों का 'कठोतार' के नाम से भोजन कराया जाता या सीधा दिया जाता है। नगर में उसी समय मिठाई, चाय या फल खिला देते हैं। कर्मकर्ता को आगे करके घर को लौटते हैं। मार्ग में एक काँटेदार शाखा को पत्थर से दबाकर सब लोग उस पर पैर रखते हैं। श्मशान से लौटकर अग्नि छूते हैं, खटाई खाते हैं।

कर्मकर्ता को एक बार हविष्यान्न भोजन करके ब्रह्मणचर्यपूर्वक रहना पड़ता- है। पहले, तीसरे, पाँचवे, सातवें या नवें दिन से दस दिन तक प्रेत को अंजलि दी जाती है, तथा श्राद्ध होता है। मकान के एक कमरे में लीपपोतकर गोबर की बाढ़ लगाकर दीपक जला देते हैं।- कर्मकर्ता को उसमें रहना होता है। वह किसी को छू नहीं सकता। जलाशाय के समीप नित्य स्नान करके तिलाञ्जलि के बाद पिंडदान करके छिद्रयुक्त मिट्टी की हाँड़ी को पेड़ में बाँध देते हैं, उसमें जल व दूध मिलाकर एक दंतधावन (दतौन) रख दिया जाता है और एक मंत्र पढ़ा जाता है, जिसका आशय इस प्रकार है - "शंखरायण प्रेतके मेक्ष देवें। आकाश में वायुभूतधारी ना-चक्र गदा- निराश्रय जो प्रेत है, यह जल मिश्रित दूध उसे प्राप्त होवे। चिता की अग्नि से भ किया हुआ, बांधवों से परिव्यक्त जो प्रेत है, उसे सुखशान्ति मिले-, प्रेतत्व से मुक्त होकर वह उत्तम लोक प्राप्त करे।के सात पुश्तके भीतर " बांधव-वर्गों को क्षौर और मुंडन करके अञ्जलि देनी होती है। जिनके मातापिता होते हैं-, वे बांधव मुंडन नहीं करते, हजामत बनवाते हैं। दसवें दिन कुटुम्बी बांधव सबको घर की लीपापोती व शुद्धि करके - सब वस्त्र धोने तथा बिस्तर सुखाने पड़ते हैं। तब घाट में स्नान व अञ्जलिदान करने जाना पड़ता है। १० वें दिन प्रेत कर्म करने वाला हाँड़ी को फोड़ दंड व चूल्हे को भी तोड़ देता है, तथा दीपक को जलाशय में रख देता है। इस प्रकार दस दिन का क्रियाकर्म पूर्ण होता है। कुछ लोग दस दिन तक - नित्य दिन में गरुड़पुराण सुनते हैं।

ग्यारहवें दिन का कर्म एकादशाह तथा बारहवें दिन का द्वादशाह कर्म कहलाता है। ग्यारहवें दिन दूसरे घाट में जाकर स्नान करके मृतशय्या पुन: नूतन शय्यादान की विधि पूर्ण करके वृषोत्सर्ग होता है, यानि एक बैल को दाग देते हैं। बैल न हुआ, तो आटे गा बैल बनाते हैं। ३६५ दिन जलाये जाते हैं। ३६५ घड़े पानी से भरकर रखे जाते हैं। पश्चात् मासिक श्राद्ध तथा आद्य श्राद्ध का विधान है द्वादशाह के दिन स्नान करके सपिंडी श्राद्ध किया जाता है। इससे प्रेतमंडल से प्रेत का हटकर पितृमंडल में - पितृगणों के साथ मिलकर प्रेत का बसुहै। इसके न होने से प्रेत का निकृष्ट स्वरुप होना माना जाता-

योनि से जीव नहीं छूट सकता, ऐसा विश्वास बहुसंख्यक हिन्दुओं का है। इसके बाद पीपलवृक्ष की - पूजा, वहाँ जल चढ़ाना, फिर हवन, गोदान या तिल पात्रदान करना होता है। इसके अनन्तर- शुक शान्ति तेरहवीं का कर्म ब्रह्मभोजनादि इसी दिन कुमाऊँ में करते हैं। देश में यह तेरहवीं को होता है। श्राद्ध तिथि पर मृतक का मासिक-प्रतिमास मृत्यु -श्राद्ध किया जाता है। शुभ कर्म करने के पूर्व मासिक श्राद्ध एकदम कर दिए जाते हैं, जिन्हें "मासिक चुकाना कहते हैं। "साल भर तक ब्रह्मचर्य पूर्वकस्व-पाकी रहकर वार्षिक नियम मृतक के पुत्र को करने होते हैं। बहुत सी चीजों को न खाने व न बरतने का आदेश है । साल भर में जो पहला श्राद्ध होता है, उसे 'वर्षा' कहते हैं । प्रतिवर्ष मृत्यु- श्राद्ध किया जाता है। आश्विन तिथि को एकोदिष्ट कृष्णपक्ष में प्रतिवर्ष पार्वण श्राद्ध किया जाता है। काशी, प्रयाग, हरिद्वार आदि तीर्थों में तीर्थश्राद्ध किया जाता है। तथा गयाधाम में -गयाश्राद्ध- करने की विधि है। गया में मृतकश्राद्ध करने के बाद श्राद्ध न भी करे-, तो कोई हर्ज नहीं माना जाता। प्रत्येक संस्कार तथा शुभ कर्मों में आभ्युदयिक "नान्दी श्राद्धपूजन -करना होता है। देव " पूजन भी होना चाहिए।-के साथ पितृ कर्मेष्ठी लोग नित्य तपंण, कोईकोई नित्य श्राद्ध भी करते हैं। -हर अमावस्या को भी तपंण करने की रीति है। घर का बड़ा ही प्रायइन कामों को : करता है। शिल्पकार हरिजन जो सनातनधर्मी हैं, वे अमंत्रक क्रियाकर्म तथा मुंडन करते- हैं, और श्राद्ध ज्यादातर आश्विन कृष्ण अमावस्या को करते है। जमाई या भांजे ही उनके पुरोहित होते हैं।

नान्दी श्राद्ध कर्म तो सभी शुभ कार्यों में भी किया जाता है। यहॉ विवाह में नान्दी श्राद्ध का क्या औचित्य है इसको समझियें -

1. विवाह मे अशौच आदि की सभावना हो तो 10 दिनो पहले नान्दी मुख श्राद्ध करना चाहिये नान्दी मुख श्राद्ध के बाद विवाह सम्पन्न अशौच होने पर भी वर- वधु को और श्राद्ध करना चाहिये। नान्दी श्राद्ध करने के पश्चात् वर – वधू एवं उनके माता – पिता को अशौच नहीं लगता है।

2. "कुष्माण्ड सूक्तके अनुसार नान्दी् श्राध्द के पहले भी विवाह के लिए " सामग्री तैयार होने पर आशौच प्राप्ति हो तो प्रायश्चित करके विवाह कार्यक्रम होता है. प्रायश्चित के लिए हबन , गोदान और पञ्चगव्य प्राशन करें।

3. विवाह के समय हवन में पूर्व अथवा मध्य में या अन्त में कन्या यदि रजस्वला हो जाने पर कन्या को स्नान करा कर ``युञ्जान``इस मंत्र से हवन करके अवशिष्ट कर्म करना चाहिये

4. वधु या वर के माता को रजोदर्शन की संभावना हो तो नान्दी श्राद्ध दस दिनो के पूर्व कर लेना चाहिये। नान्दी श्राद्ध के बाद रजोदर्शनजन्य दोष नहीं होता।

5. नान्दी श्राद्ध के पहले रजोदर्शन होने पर " शुद्ध होकर श्राद्ध करना चाहिये।

6. वर या वधू की माता के रजस्वला अथवा सन्तान प्राप्ति होने पर विवाह करके श्रीशांति कर सकता है।

7. विवाह में आशौच की संभावना हो तो, आशौच के पूर्व अन्न का संकल्प कर देना चाहिये। फिर उस संकल्पित अन्न का दोनों पक्षों के मनुष्य भोजन कर सकते हैंउसमें कोई दोष नहीं होता है.। परिवेषण असगोत्र के मनुष्य को करना चाहिये।

8. विवाह में वरवधू को- "ग्रन्थिबन्धन.शास्त्र विहित है कन्यादान के पूर्व " .कन्यादान के बाद नहीं कन्यादाता को अपनी स्त्री के साथ ग्रन्थिबन्धन कन्यादान के पूर्व होना चाहिये।

9. दो कन्या का विवाह एक समय हो सकता है परन्तु एक साथ नही। लेकिन एक कन्या का वैवाहिक कृत्यं समाप्त होने पर द्वार. भी हो सकता है भेद और आचार्य भेद से-

10. एक समय में दो शुभ कर्म करना उत्तम नहीं है। उसमें भी कन्या के विवाह के अनन्तर पुत्र का विवाह हो सकता है। परन्तु पुत्र विवाह के अनन्तर पुत्री का विवाह छ: महिने तक नहीं हो सकता।

11. समान गोत्र और समान प्रवर वाली कन्या के साथ विवाह निषिध्द है।

12. विवाह के पश्चात एक वर्ष तक पिण्डदान, मृत्तिका स्नान, तिलतर्पण, तीर्थयात्रा,मुण्डन, प्रेतानुगमन आदि नहीं करना चाहिये।

13. विवाह में छिंक का दोष नहीं होता है।

14. वैवाहिक कार्यक्रम में स्पर्शास्पर्श का दोष नहीं होता।

15. वैवाहिक कार्यक्रम में चतुर्थ, द्वादश, चन्द्रमा ग्राहय है।

16. विवाह में छट, अष्टमी, दशमी तथा शुक्ल पक्ष की प्रतिपदा रिक्ता आदि तिथि निषेद्ध है।

17. विवाह के दिन या पहले दिन अपनेअपने घरों में कन्या के पिता और वर के पिता- को स्त्री,कन्या.स्नानकरना चाहिये पुत्र सहित मंगल- और शुद्ध नवीन वस्त्र -तिलकआभूषण आदि से - करना (नान्दी श्राद्ध) विभूषित होकर गणेश मातृका पूजन चाहिये।

18. श्रेष्ठ दिन में सौलह या बारह या दस या आठ हाथ के परिमाण का मण्डप चारौं द्वार सहित बनाकर उसमें एक हाथ की चौकौर हवनकरती हुई बनावें उसे हल्दी वेदी पूर्व को नीची-, गुलाल, गोघुम तथा चूने आदि से सुशोभित करें. वेदी के चारों ओर काठ की चार-हवन खुंठी निम्नप्रकार से रोपे, उन्हीं के बाहर सूत लपेटे कन्या, सिंह और तुला राशियां संक्राति में तो ईशान कोण में प्रथम वृश्चक, धनु, और मकर ये राशियां संक्राति में तो वायव्य कोण में प्रथम मीन, मेष और कुम्भ ये राशियां संक्रांति में तो नऋत्य कोण में प्रथम. वृष , मिथुन और कर्क ये राशियां संक्राति में तो नान्दी श्राद्ध करना चाहिए।

प्रयोग विधि –

नान्दी श्राद्ध पंचांग पूजन का अंग है सभी संस्कारो से और शुभ कर्मों से पूर्व आभ्युदयिक करना अनिवार्य है।

सर्वप्रथम एक पुष्प लेकर हाथ जोड़ें और मन्त्र बोलें

यं ब्रता वेदान्तविदो वदन्ति परं प्रधानं पुरूषं तथान्ये।
विश्वोद्गतेः कारणमीश्वरं वा तस्मै नमो विघ्नविनाशनाय॥
अभीप्सितार्थसिद्धयर्थं पूजितो यः सुरैरपि।
सर्वविघ्नच्छिदे तस्मै गणाधिपतये नमः॥

पुष्प गणेश जी में चढायें। अपने दायी और कर्म पात्र स्थापन करें भूमि का स्पर्श करें।

स्वदक्षिण भागे कर्म पात्रस्था पनम्- ॐ भूरीरस्यदितिरसि विश्वधाया व्विश्वस्य भुवनस्य धर्त्री पृथिवीं अच्छ पृथिवी दृ ह पृथिवीं मा हि सीः॥

भूमि में गन्धादि से शंखचक्र लिखें आसन के लिये तीन दूर्वा रखें फिर पात्र और पात्र के ऊपर दूर्वा की पवित्री रखें।

भूमौ गन्धारिना शंखचक्र लिखित्वा आसनंदूर्वात्रय आसने पात्रं पवित्रीकरणं दूर्वात्रयेण -

ॐ पवित्रे स्थे बैष्णव्यो सवितुर्वः प्रसव उत्पुनाम्यीच्छद्रेण पीकोण सूर्यस्य रश्मिभिः॥

तत्पश्चात् अर्धा में जल चढ़ाये और मन्त्र बोलें-

ॐ शन्नो देवीरभीष्टय आपो भवन्तु पीतये। शंय्योरभिस्त्रवन्तु नः ।

अब कर्म पात्र में जौ गन्ध अक्षत पुष्प चढ़ायें

यवान-ॐ यवोऽसि यवयास्मद् देषो यवयारातीः

ॐ यवोऽसि सोम देवत्यो गोसवो देवनिर्मितः प्रत्नमद्भिःपृष्टया नान्दीमुखाँन्नोकान्प्रीणाहिनःस्वहा॥

यव गन्धाक्षत पुष्पादितूष्णी निक्षित्य

तेन जलेन आत्मानं नान्दीमुखश्राद्धं सामग्रीं च सम्प्रीक्ष्य अपवित्र............।

दूर्वा और जौ लेकर हाथ जोडें मन्त्र बोलें--

देवताभ्यः देवताभ्य महायोगिभ्य एवं च
नमः स्वाहायै नित्यमेव नमोनमः बार
सप्तव्याधा दशार्णेषु मृगा कालज्जरे गिरौ
चक्रवाकाः शरदिद्वपे हंसाः सरीस मानसे
तेडप जाताःकुरूक्षेत्र ब्रह्मणा वेद पारणाः

प्रस्थितादीर्य मध्वान धूयं किमवासीदथ

श्राद्धकाले गयां ध्यात्वदेव गदाधरम-

मनसा चपिततन्ध्त्वा नान्दीश्रादं समारभे।।

इसके बाद जौ और दूर्वा दाई कमर में धोती में दबा लें और मन्त्र बोलें--

ऊँ सोमस्य नीविरसि विष्णोः शर्म्मासि शर्म-षजमानस्य योनिरीस सुसस्याः कृपीकृधी ।।

दिखन्धनम्- दूर्वा और जौ लेकर चारों दिशाओं में छोडें मन्त्र बोलें--

ऊँ अग्निष्वाताः पितृगणाः प्राचींक्षन्तुमेदिशम्

तथा बार्हिषदः पान्तु याम्यां यक पितरस्तथा।

प्रतीचीमाज्यस्तद्वदुदीचीमापि सोमपाः

विदिशष्च गणाः सर्वे रक्षन्तूर्ध्वमधोपि वा

रक्षोभूमश्चाधिपस्तेषां यगो रक्षां करोतु मे।।

यवा रक्षन्तु दितिजात दर्भा रक्षन्तु राक्षसात्

पांत्ति वै श्रेत्रियो रक्षेदीतीथिः,

अब गायत्री मन्त्र का स्मरण करके कर्म पात्र के जल को अभिमन्त्रित करें

गायत्रा कर्मपात्रोदभं अभिमन्त्रय तेन जलेनशुद्दि दृष्टिदोष निपातादामात्रा दीनां पकितास्तु इति अन्नं संप्रोक्ष

तत्पश्चात् पतिज्ञा संकल्प करें --

प्रतिज्ञासंकल्पः- अद्येहेत्यादि देशकालो संकोर्त्य अमुक गोत्राणामस्मन्मातृपिता महीप्रपितामहीनाम अमुकामुक देर्वानां वसुरूप्रादित्यस्वरूपाणां नान्दीमुखीनां तथ्सस मुक गोत्राणामस्मत्पतृपितामह प्रपितामहानां अमुकामुक देवानां वसुरूद्रदित्यस्वरूपाणां नान्दीमुखानां तथा अमुक गोत्राणामस्मन्मातमहप्रतामह्त्ववृद्धप्रमातामहानाम अमुकामुक देवानां सपत्नीकानां वसुरूद्रदित्यस्वरूपाणां नान्दीमुखानां प्रीतये अमुककर्म्मनिमित्तकं सत्यवसुसंज्ञक विश्वेदेव पूर्वकं संक्षिप्त संकल्पाविधिना नान्दी मुचखश्राद्धमहं करिष्ये।।

आसनदान संकल्प --

पहला आसन विश्वेदेव का होगा 1- अद्येह नान्दीमुखा अमुकगोत्रास्मन्मात्रादित्रय तथा पित्रादित्रय तथाऽमुक गोत्रास्मन्मातामहादित्रय श्राद्धसम्बन्धिनां सत्यवसुसंज्ञकानां विश्वेषां देवानां अदमासनं वो नमो वृद्धिश्रियै।।

दूसरा आसन माता दादी परदादी के लिये होगा -

2-अद्येह अमुकगोत्राणामस्मन्मातृमाहिप्रपीतामहानाम् इदमासनं वो नमो वृद्धि श्रियै॥

तीसरा आसन पिता दादा परदादा के लिये होगा---

3-अद्येह अमुकगोत्राणा मस्मपितृपितामानाम् अमुकामुक देवानां वसुस्द्रदित्यस्वरूपाणां नान्दीमुर्खीनी इदमासनं वो नमो वृद्धि2 श्रियै॥

चौथा आसन नाना परनाना वृद्धनाना के लिये होगा--

4-अद्येह अमुकामुकदेवानां सपत्नीकानां वसुरूद्रदित्यस्वरूपाणी नान्दीमुखानाम् अदमासनं वो नमो विद्ध रश्रियै॥

आसन दान के बाद आसनों का पूजन करें--

आसनपूजनंम्-सप्तऋषयः प्रपिहिताः शरीरे सप्तरक्षीन्त सदमप्रांद सप्तापः स्वपतो लोकमीयुस्तत्र जागृतौ अरचप्नजौ सत्रसदौ चदेवौ॥

ऊँ सत्यवसुसंज्ञेकेभ्यो विश्वेभ्योदेवेभ्योनमः

‘‘ मातृपितामहि प्रपीतहीभ्यो नमः

‘‘ पितृपितामह प्रपितामहेभ्यो नमः

‘‘ मातामहप्रमाताम प्रमातामहेभ्योभ्यो नमः

धूपदीपसंकल्पः- अद्येह अमुकगोत्रास्मन्मात्रदित्रय तथा मुकगोत्रास्मन्मातामहादियश्राद्ध-सम्बन्धिनःसत्यवसुज्जक विश्वेदेवा बासनार्चनविधौ-तथा अमुकामुकी देव्यःनान्दीमुख्यः तथाऽमुकगोत्रा अस्मत्पितृपितामहप्रपितामहा अमुकामुकदेवा-वसुरूद्रादित्यस्वरूपाः नान्दीमुखाः तथाऽमुकदेवा अस्मन्मातामममहप्रमातामहबृद्धप्रमातामहा अमुकामुकदेवा सपत्नीका वसुरूद्रादित्यस्वस्पा नान्दीमुखाः आसनार्चनविधाविमानिगंधाक्षतपुष्पधूपदीप नैवेद्य भूषणदीनि यथा विभागं वो नमो बृद्धि 2 श्रियै॥

आमान्न (कच्चा भोजन सामाग्री) के चार भाग करें

आमान्नं चतुर्धाविभज्य-

पहला भाग विश्वेदेव का होगा 1- अद्येहअमुकगोत्रास्मन्मात्रादित्रय तथा पित्रादित्रय तथाऽमुकगोत्रास्मन्मातामहादित्रसश्राद्धसम्बन्धिभ्यः त्यवसुसंज्ञकेभ्योविश्वेभ्योदेवेभ्य बमासनं दधिधृतजलसहितं यथाषैन वो नमो बृद्धिरश्रियै॥

दूसरा भाग माता दादी परदादी के लिये होगा -

2-तथा मुकगोत्राभ्यः अरमन्मातपितामहि प्रसिता महीभ्यः अमुकामुकदेवीभ्यो वसुरयादित्य स्वरूपाभ्यो नान्दी मुखीभ्यः इदमासाभं दीपवृत जलसहिते यथाविभागं वो नमो वृद्धि2श्रिपै॥

तीसरा भाग पिता दादा परदादा के लिये होगा---

3-तथाऽमुकगोत्रेभ्योऽस्मनपिता पितामहेभ्योऽमुकासुक देवेभ्यो वसुरुद्रादित्य स्वरूपेभ्यो नान्दीमुखेभ्य इदमामान्नं दधिघृजजलसहितं यथाविभागं वो नमो बृद्धिर श्रियै।।

चैाथा आसन नाना परनाना वृद्धनाना के लिये होगा--

4-तथाऽमुकगोत्रेभ्योऽमन मातामहप्रमाताभहबृद्धप्रभातमेहेइयो अमुकामुकदेवेभ्यो सपत्निकभ्यो वसुरूद्रदित्यस्वरूपभ्यो नान्दीमुखेभ्यः-इदमामान्नं दधिघृतजल सहितं यथाविभागं वो नमो बृद्धि रश्रियै।

अन्नपूजनम्- अन्नका पूजन करें-यथेमां वाचं कल्याणी मावदानि जनेभ्यः ब्रह्मरायाभ्या œ शूद्राय चार्याय च स्वायचारणाय च। प्रियो देवानां दक्षिणायै दातुरिह भूया œ समयम्मे कामः समृद्ध्यताम्।।

तत्पश्चात् दक्षिणा संकल्प करें- दक्षिणासंकल्पःअस्मन्यातृपितामहीप्रपितामहीनी अमुकामुकदेवानां वसुरूद्रदित्यस्वरूपाणां नान्दीमुखीनां तथाऽमुकगोत्राणां अस्मत्पितृपितामहप्रपितामहानाम् अमुकामुकदेवानां वसुरूद्रदित्यस्वपाणी नान्दीमुखानां तथाऽमुकगोत्राणाम् अस्मन्मातामहप्रमातामहबृमातामहानाम् अमुकामुकदेवानांसवत्नीकाना वसुरूद्रदित्यस्वरूपाणां नान्दीमुखानां

प्रीतयेऽमुककर्मनिमितकसत्यवसंज्ञक विश्वे देवपूर्वक नान्दीमुखश्राद्धकर्मणः साइफलप्राप्तये साद्गुण्यार्थ च मातृणां पितृणां मातामहानां विश्वेषां देवानां चप्रितये इमां दधिद्राक्षामलकनिष्क्रयिणीं दक्षिणी यथा विभागं वो नमो वृद्धि 2 श्रियै।।

स्वयं को तिलक करें स्वतिलकम्-   सत्यानुष्ठानसम्पन्नाः सर्वदायज्ञबृद्धयः

पितृमातृपराश्चैव सन्त्वस्मत्कुलजराः।।

पुष्प लेकर हाथ जोडें विशेष पूजन करें - आयुः प्रजां धनं विद्या स्वर्गं मोक्षं सुखानिच

प्रयच्छन्तु तथा राज्यं नृणां प्रीताः पितामहाः।।

आयुः पुत्रान यशःस्वर्ग कीर्तिं पुष्टिं बलं श्रियम्।

पशून्सुखं धर्म धान्यं प्राप्नुयां पितृजूननात।।

हाथ में जल लें और कहें- अमुककर्मणःपूर्वाइवेन कूतं नान्दीमुखाभ्युदीयक राद्धं विसर्जये। इदं श्राद्धं मथा देशहीनं श्रद्धाहीनं दक्षिणाहीनं भावनाहीनं वाक्याहीनं यत्कृतं तत्सुकृमस्तु यन्नकृतं तत् श्रीविष्णोः प्रसादात ब्राहनण वचनात सर्व परिपूर्णमिस्तु अस्तुपरिपूर्णम-।।

कर्मपात्र को हाथ में लें और एक परिक्रमा करें-

कर्मपात्रं भ्रातयित्वा- ऊँ आमा व्वाजस्य प्रसवोजगम्या देवे द्यावापृथिवी विश्वरूपे आमा गन्तां पितरा मातरा चामा सोमो अमृतत्वेन गम्यात्।

पुनः आचमन करके अच्युताय नमः तीन बार कहें।

बोध प्रश्न -

१. श्रद्धया दीयते यत् तत् .... ।

क. पूजनम् ख. श्राद्धम् ग. नान्दी श्राद्धम् घ. श्रद्धा

२. धर्मग्रन्थानुसार श्राद्ध कितने प्रकार के होते है ।

क. ५ ख. ६ ग. ७ घ. ८

३. कुल वृद्धि हेतु पितरों को प्रसन्न करने वाला श्राद्ध होता है –

क. नित्य ख. नान्दी श्राद्ध ग. काम्य घ. वृद्धि

४. विवाह में यदि अशौच की सम्भावना हो तो कितने दिन पूर्व श्राद्ध करना चाहिए –

क. ९ ख. २ ग. १० घ. १२

५. श्राद्ध में तर्पण किससे दिया जाता है –

क. कुशा से ख. जल से ग. तिल से घ. तीनों से

2.4 सारांश

इस इकाई के अध्ययन के पश्चात् आपने जाना कि 'श्रद्धया दीयते यत् तत् श्राद्धम्' पितरों की तृप्ति के लिए जो सनातन विधि से जो कर्म किया जाता है उसे श्राद्ध कहते हैं । किसी भी कर्म को यदि श्रद्धा और विश्वास से नहीं किया जाता तो वह निष्फल होता है। महर्षि पाराशर का मत है कि देश-काल के अनुसार यज्ञ पात्र में हवन आदि के द्वारा, तिल, जौ, कुशा तथा मंत्रों से परिपूर्ण कर्म श्राद्ध होता है। इस प्रकार किया जाने वाला यह पितृ यज्ञ कर्ता के सांसारिक जीवन को सुखमय बनाने के साथ परलोक भी सुधारता है। साथ ही जिस दिव्य आत्मा का श्राद्ध किया जाता है उसे तृप्ति एवं कर्म बंधनों से मुक्ति भी मिल जाती है। अनेक धर्मग्रंथों के अनुसार नित्य, नैमित्तिक, काम्य, वृद्धि और पार्वण पाँच प्रकार के श्राद्ध बताए गए हैं जिनमें प्रतिदिन पितृ और ऋषि तर्पण आदि द्वारा किया जाने वाला श्राद्ध नित्य श्राद्ध कहलाता है। इसमें केवल जल प्रदान करने से भी कर्म की पूर्ति हो जाती है। इसी प्रकार, एकोद्दिष्ट श्राद्ध को नैमित्तिक, किसी कामना की पूर्ति हेतु काम्य श्राद्ध, पुत्र प्राप्ति, विवाह आदि मांगलिक कार्यों में जिनसे कुल वृद्धि होती है, के पूजन के साथ पितरों को प्रसन्न करने के लिए वृद्धि श्राद्ध किया जाता है जिसे नान्दी श्राद्ध भी कहते हैं। इसके अलावा पुण्यतिथि, अमावस्या अथवा पितृ पक्ष (महालय) में किया जाने वाला श्राद्ध कर्म पार्वण श्राद्ध कहलाता है।

2.5 पारिभाषिक शब्दावली

तृप्ति – पूर्ण इच्छा

श्रद्धया – श्रद्धा पूर्वक

काम्य – काम करने योग्य

पितृपक्ष – महालया आश्विन कृष्णपक्ष के प्रतिपदा से अमावस्या पर्यन्त

पुण्यतिथि – देहावसान की तिथि

तर्पण- अंजलि द्वारा जलार्पण

आवाहयामि – आवाहन करता हूॅ।

नित्य – प्रतिदिन

नैमित्तिक – निमित्त वाला

वृद्धि – बढ़ना

2.6 बोध प्रश्नों के उत्तर

१. ख

२. क

३. ख

४. ग

५. घ

2.7 सन्दर्भ ग्रन्थ सूची

नित्यकर्मपूजाप्रकाश

कर्मकाण्ड प्रदीप

संस्कार प्रदीप

2.8 निबन्धात्मक प्रश्न

१. नान्दी श्राद्ध से आप क्या समझते है। स्पष्ट कीजिये।

२. पूजन में नान्दी श्राद्ध का महत्व निरूपण कीजिये।

३. नान्दी श्राद्ध पूजन मन्त्र लिखिए।

खण्ड – 4

नवग्रह मण्डल पूजन

ईकाई - 1 नवग्रहमण्डल निर्माण

इकाई की संरचना

1.1 प्रस्तावना
1.2 उद्देश्य
1.3 नवग्रह मण्डल
1.3.1 नवग्रह मण्डल का परिचय
1.3.2 नवग्रह वेदी एवं मण्डल निर्माण का परिमाण
1.4 नवग्रह मण्डल निर्माण विधान
1.4.1 नवग्रह मण्डल रचना प्रकार
1.4.2 नवग्रह मण्डल पर ग्रहों की प्रतिमा, आकार एवं विशेष विचार
1.5 सारांशः
1.6 पारिभाषिक शब्दावली
1.7 सन्दर्भ ग्रन्थ सूची
1.8 बोधप्रश्नों के उत्तर
1.9 निबन्धात्मक प्रश्न

1.1 प्रस्तावना

इस इकाई में नवग्रह मण्डल निर्माण संबंधी प्रविधि का अध्ययन आप करने जा रहे हैं। इससे पूर्व शान्ति प्रविधियों का अध्ययन आपने कर लिया होगा। कोई भी जातक यदि कोई शान्ति कराता है तो प्रायः शान्ति प्रविधियों में नवग्रह मण्डल का निर्माण करना पड़ता है। ऐसी स्थिति में नवग्रह मण्डल का निर्माण आप कैसे करेगें, इसका ज्ञान आपको इस इकाई के अध्ययन से हो जायेगा।

किसी भी पौरोहित्यिक कर्म में नवग्रह मण्डल का निर्माण प्रायः किया जाता है। ग्रहाधीनं जगत्सर्वं कहते हुये आचार्यों ने बतलाया है कि ग्रहों के अधीन ही सारा संसार चलता है। इसलिये ग्रहों की कृपा व्यक्ति के ऊपर होनी आवश्यक है। मानव जीवन का सम्पूर्ण काल किसी न किसी ग्रह की दशा में व्यतीत होता है। इसलिये भी वह काल शुभ रहे इसकी अपेक्षा व्यक्ति करता है। इसके साथ- साथ ही सामान्य रूप से पौरोहित्य कर्म में भी नवग्रह मण्डल का निर्माण किया जाता है । ग्रहों के नाम पर सामान्य लोगों में यही धारणा बनी रहती है कि नौ ग्रह है उनका नाम ले लो, बश, हो गई शान्ति । लेकिन जब आप नवग्रह मण्डल का विधान देखेंगे तो यह स्पष्ट हो जायेगा कि नवग्रह मण्डल पर तो कुल चौवालीश 44 देवता होते हैं। इनका कहाँ - कहॉं स्थापन किया जाता है ? इनका वर्ण क्या होता है? इत्यादि विविध ज्ञान की प्राप्ति आपको इस ईकाई से होगी।

इस इकाई के अध्ययन से आप नवग्रह मण्डल निर्माण करने की विधि का सम्यक् ज्ञान प्राप्त कर सकेगें। इससे संबंधित व्यक्ति का संबंधी दोषों से निवारण हो सकेगा जिससे वह अपने कार्य क्षमता का भरपूर उपयोग कर समाज एवं राष्ट्र के निर्माण में महत्वपूर्ण योगदान दे सकेगा। आपके तत्संबंधी ज्ञान के कारण ऋषियों महर्षियों का यह ज्ञान संरक्षित एवं संवर्धित हो सकेगा। इसके अलावा आप अन्य योगदान दें सकेगें, जैसे - कल्पसूत्रीय विधि के अनुपालन का सार्थक प्रयास करना, समाज कल्याण की भावना का पूर्णतया ध्यान देना, इस विषय को वर्तमान समस्याओं के समाधान सहित वर्णन करने का प्रयास करना एवं वृहद् एवं संक्षिप्त दोनों विधियों के प्रस्तुतिकरण का प्रयास करना आदि, इस शान्ति के नाम पर ठगी, भ्रष्टाचार, मिथ्या भ्रमादि का निवारण हो सकेगा।

1.2 उद्देश्य-

उपर्युक्त अध्ययन से आप नवग्रह मण्डल निर्माण की आवश्यकता को समझ रहे होगें। इसका उद्देश्य भी इस प्रकार आप जान सकते है।

- नवग्रह मण्डल निर्माण कर समस्त कर्मकाण्ड को लोकोपकारक बनाना।
- नवग्रह मण्डल निर्माण की शास्त्रीय विधि का प्रतिपादन।
- इस कर्मकाण्ड में व्याप्त अन्धविश्वास एवं भ्रान्तियों को दूर करना।
- प्राच्य विद्या की रक्षा करना।
- लोगों के कार्यक्षमता का विकास करना।
- समाज में व्याप्त कुरीतियों को दूर करना।

1.3 नवग्रह मण्डल

1.3.1 नवग्रह मण्डल का परिचय

यह सर्व विदित है कि जब भी हम कोई शान्ति करते हैं तो नवग्रह मण्डल का निर्माण अवश्य करते हैं। न केवल शान्ति अपितु यज्ञों में भी नवग्रह मण्डल बनाना पड़ता है। नवग्रह मण्डल के निर्माण के बिना हम किसी भी अनुष्ठानिक प्रक्रिया का सम्पादन नही कर सकते इसलिये नवग्रह मण्डल का ज्ञान अति आवश्यक है। ईशाने ग्रह वेदिका कहते हुये यह बतलाया गया है कि नवग्रह मण्डल का स्थान ईशान कोण में होता है। किसी भी यज्ञ के सम्पादन में अग्नि कोण में योगिनी मण्डल, नैर्ऋत्य कोण में वास्तु मण्डल , वायव्य कोण में क्षेत्रपाल मण्डल एवं ईशान में नवग्रह मण्डल बनाने का नियम है। नवग्रह मण्डल पर कुल 44 चौवालीस देवता होतें है। जिसमें नवग्रह के रूप में सूर्य, चन्द्र, मंगल, बुध, बृहस्पति, शुक्र, शनि, राहु एवं केतु होते है। प्रत्येक ग्रहों के एक-एक अधिदेवता एवं एक-एक प्रत्यधि देवता होते है। अधि देवता का स्थान ग्रह के दक्षिण भाग में तथा प्रत्यधि देवता का स्थान ग्रह के वाम भाग में होता है।

शिवः शिवा गुहो विष्णु ब्रह्मेन्द्र यमकालकाः।
चित्रगुप्तो अथ भान्वादि दक्षिणे चाधिदेवताः।।

अर्थात् शिव, शिवा, स्कन्द, विष्णु, ब्रह्मा, इन्द्र, यम, काल, एवं चित्रगुप्त को अधिदेवता तथा अग्नि, आप, धरा, विष्णु, शक्र, इन्द्राणी, प्रजापति, सर्प एवं ब्रह्मा प्रत्यधि देवता के रूप में जाने जाते है। तदनन्तर पंचलोकपालों के रूप गणेश, अम्बिका, वायु, आकाश एवं अश्विनी कुमार माने जाते है। इसके अलावा वास्तु एवं क्षेत्रपाल का भी स्थान होता है। दशदिक्पाल इन्द्र, अग्नि, यम, निर्ऋति, पश्चिम, वायु, कुबेर, ईशान, ब्रह्मा एवं अनन्त होते हैं। इस प्रकार से कुल 44 देवताओं का स्थान नवग्रह मण्डल पर होता है।

इस प्रकार इस प्रकरण में आपनें नवग्रह मण्डल का परिचय आपने जाना । इसकी जानकारी से आप नवग्रह मण्डल पर कितने देवता होते हैं इनके बारे में आप पुष्टता से बता सकते है। अब हम संबंधित विषय को आधार बनाकर कुछ अभ्यास प्रश्न बनायेगें जिसका उत्तर आपको देना होगा। अभ्यास प्रश्न अधोलिखित है-

अभ्यास प्रश्न-

उपरोक्त विषय को पढ़कर आप अधोलिखित प्रश्नों का उत्तर दे सकते हैं। अधोलिखित प्रश्न बहु विकल्पीय है। प्रत्येक प्रश्नों में दिये गये चार विकल्पों में से कोई एक ही सही है, जिसका चयन आपको करना है-

प्रश्न 1-नवग्रह मण्डल कहां बनाया जाता है?

क-अग्नि कोण में, ख- नैर्ऋत्य कोण में, ग- बायव्य कोण में, घ- ईशानकोण में।

प्रश्न 2- नवग्रह मण्डल पर कुल कितने देवता होते हैं?

क- 44, ख- 45, ग- 46, घ- 47।

प्रश्न 3-नवग्रह के अधिदेवताओं की संख्या कितनी होती है?

क- 7, ख-8, ग-9, घ-10।

प्रश्न 4-नवग्रह के प्रत्यधिदेवताओं की संख्या कितनी होती है?

क-7, ख- 8, ग-9, घ-10।

प्रश्न 5- आकाश क्या है?

क- नवग्रह, ख- अधिदेवता, ग-प्रत्यधि देवता, घ- पंचलोकपाल।

प्रश्न 6- अश्विनी कुमार क्या है?

क- नवग्रह, ख- अधिदेवता, ग-प्रत्यधि देवता, घ- पंचलोकपाल।

प्रश्न 7- शिव क्या है?

क- नवग्रह, ख- अधिदेवता, ग-प्रत्यधि देवता, घ- पंचलोकपाल।

प्रश्न 8- धरा क्या है?

क- नवग्रह, ख- अधिदेवता, ग-प्रत्यधि देवता, घ- पंचलोकपाल।

प्रश्न 9- स्कन्द क्या है?

क- नवग्रह, ख- अधिदेवता, ग-प्रत्यधि देवता, घ- पंचलोकपाल।

प्रश्न 10- शुक्र क्या है?

क- नवग्रह, ख- अधिदेवता, ग-प्रत्यधि देवता, घ- पंचलोकपाल।

इस प्रकरण में आपने नवग्रह मण्डल का सामान्य परिचय जाना। अब हम आपका ध्यान नवग्रह वेदी उवं नवग्रह मण्डल निर्माण के व्यासादि परिमाण की ओर आकर्षित करना चाहते हैं जिसका सम्पूर्ण विवरण अग्रिम अंक में इस प्रकार है-

1.3.2. नवग्रह वेदी एवं मण्डल निर्माण का परिमाण-

इस प्रकरण में आप इस बात का ज्ञान प्राप्त करेगें कि नवग्रह वेदी एवं मण्डल बनाते समय वेदी एवं ग्रह का कितना व्यास होना चाहिये अर्थात् कितने अंगुल की वेदी होगी तथा उस पर निर्मित किये जाने वाले सूर्यादि ग्रहों का क्या परिमाण होगा इत्यादि। इस ज्ञान के अभाव में किया गया वेदी निर्माण या नवग्रह मण्डल का निर्माण पूर्णतया शुद्ध एवं प्रामाणिक नही होता है इसलिये इसका ज्ञान प्रत्येक कर्मकाण्ड करने वाले को अवश्य होना चाहिये अन्यथा उसका कर्मकाण्ड सफलता दायक नही हो सकता है।

मत्स्य पुराण एवं कोटि होम पद्धति में लिखा गया है कि-

द्वादशांगुलक सूर्यः सोमे तु द्विगुणो भवेत्।
त्र्यंगुलस्तु भवेद्भौमे बुधे च चतुरंगुलः।
गुरौ षडंगुलः प्रोक्तः शुक्रे चैव नवांगुलः।
द्वयंगुलस्तु शनेश्चैव राहौ च द्वादशांगुलः।
केतौ षडंगुलो व्यासो मण्डलेति कथितो बुधैरिति।

अर्थात् उपरोक्त श्लोक से यह सिद्ध होता है कि नवग्रह मण्डल में सूर्य का निर्माण बारह अंगुल का किया जाना चाहिये। चन्द्रमा को सूर्य का दुगूना यानी चौबीस अंगुल का बनाना चाहिये। मंगल को तीन अंगुल का, बुध को चार अंगुल का, बृहस्पति को छः अंगुल का, शुक्र को नव अंगुल का, शनि को दो अंगुल का, राहु को बारह अंगुल का एवं केतु को छः अंगुल का निर्माण करना चाहिये। आचार्य वसिष्ठ ने ग्रह पीठ की चर्चा करते हुये यह बतलाया है कि नवग्रह का पीठ कुण्ड के रुद्र भाग यानी ईशान कोण में दो हाथ की वेदी पर होना चाहिये। इस वेदी का मध्य भाग किंचित् उन्नत होना चाहिये। इस वेदी की ऊचाई बारह अंगुल की होनी चाहिये तथा कुण्ड एवं पीठ से तीस अंगुल का अन्तराल होना चाहिये। इस अवसर पर वेदी किस प्रकार बनाना चाहिये इसका भी ज्ञान कर्मकाण्ड के लिये आवश्यक है इसलिये हम वेदी के निर्माण के विषय पर आवश्यक विन्दुओं को इस प्रकार आत्मसात कर सकते हैं।

वेदी की रचना का प्रमाणिक ग्रन्थ कुण्डमण्डपसिद्धि स्वीकार किया गया है। इस ग्रन्थ के

रचयिता प्राचीन आचार्य बूव शर्मा जी के पुत्र विठ्ठल जी दीक्षित है। इनके अनुसार सबसे पहले हस्तादिमान तैयार करना चाहिये। किसी भी प्रकार के वेदी मण्डप इत्यादि के निर्माणार्थ कर्ता समतल भूमि पर सीधा खड़ा होकर अपनी दोनों भुजायें आकाश की ओर यानी ऊपर की ओर फैलायें। हाथ के अंगुलियों के छोर यानी मध्यमा अंगुलि के सबसे ऊपरी तल से पैर की अंगुलियों तक माप लेना चाहिये। उस सम्पूर्ण माप का शरांश निकालना चाहिये। शरांश का मतलब पंचमांश मानना चाहिये। यह पंचमांश एक हाथ कहलाता है। तात्पर्यार्थ यह भी निकाला जा सकता है कि हर ऊर्ध्व बाहु किये हुये व्यक्ति के पंचमाश का मान उसके हाथ से एक हाथ होता है। कुण्डमण्डप सिद्धि नामक ग्रन्थ में इस प्रकार का श्लोक देखने को मिलता है-

कृतोर्ध्वबाहोः समभूगतस्य कर्तुः शरांशो प्रवदोच्छ्रितस्य।
यो वा सहस्तो अस्य जिनांशकोपि स्यादंगुलं तत्तदिभांशका ये।
यवो यूका चलिक्षा च वालाग्रं चैवमादयः।
कृतमुष्टिः करो रत्निररत्निरकनिष्ठिका।।

इसके अनुसार शरांश द्वारा निकाला गया हस्त मान एक प्रकार का है। दूसरे प्रकार का हाथ अपने अंगुल से चौबीस अंगुल का होता है। एक प्रकार का हाथ , हाथ की कोहनी से मध्यमा अंगुलि तक के मान तक होता है। मुष्टि बनाकर भी एक प्रकार का हाथ होता है। अकिनिष्ठिका वाला हाथ भी एक प्रकार का हाथ होता है। इस प्रकार उपरोक्त प्रकरण से स्पष्ट हुआ कि पांच प्रकार का हस्त मान होता है। हस्तमान के निर्धारण हो जाने के बाद हमें अंगुल का निर्धारण करना चाहिये। एक हाथ के चौबीसवें भाग को अंगुल कहते हैं। अर्थात् हस्तमान निर्धारित हो जाने पर अंगुल का निधारण आसान हो जाता है। अंगुल का इभांश यव होता है। इभांश का मतलब इभ अंश होता है। इभ मतलब होता है आठ यानी आठवां अंश इभांश कहलाता है । अंगुल का आठवॅा भाग यव होता है, यव का आंठवां भाग यूका होता है। यूका का आठवां भाग लिक्षा होता है। लिक्षा का आठवां भाग बालाग्र होता है। अर्थात् इसका पैमाना इस प्रकार है-

आठ बालाग्र - एक लिक्षा।
आठ लिक्षा - एक यूका।
आठ यूका - एक यव।
आठ यव - एक अंगुल।
चौबीस अंगुल - एक हाथ।

इसके अलावा एक बात और विचारणीय है कि ग्रह वेदिका ईशान में तब बनेगी जब ईशान

निधारित हो जायेगा। इस बात को कुण्डदर्पण नामक ग्रन्थ में लिखा गया है कि बिना दिक्साधन किये कुण्ड मण्डपादि का निर्माण मृत्युभय प्रदायक होता है। वृद्ध नारद के वचन के अनुसार दिशाओं की सम्यक् जानकारी न होने पर कुण्डमण्डपादि का निर्माण कुल नाशक होता है। कुण्ड प्रदीप नामक ग्रन्थ में लिखा है कि आचार्य एवं यजमान के दिशा ज्ञान के अभाव में किया गया कर्म धनक्षय का कारक होता है। वहां स्पष्ट रूप से लिखा गया है कि यदि यज्ञ कर्ता दिशाओं की स्थिति के विषय में भ्रान्त है तो उस दिंभ्रान्त वेदी पर पूजन का फल भी भ्रान्तिदायक होता है। परन्तु यदि होमस्थान पर्वत, नदीतट, गृह या रुद्रायन की भूमि हो तो दिक्साधन की आवश्यकता नही है। परन्तु वर्तमान में दिक्सूचक यन्त्र की सहायता से किसी भी स्थान में दिशाओं की सही जानकारी की जा सकती है।

अब प्रश्न उठता है कि जहां दिक्सूचक यन्त्र नही है वहां कैसे दिशा का निर्धारण किया जा सकेगा? या दिक्सूचक यन्त्र के आविष्कार के पहले यदि यज्ञीय गतिविधियां होती थी तो कैसे होती थी? इस प्रश्न का उत्तर जब हम आध्यात्मिक शास्त्रों में खोजते हैं तो प्राप्त होता है कि पहले दिक्साधन की विधि थी उसके अनुसार दिशा का साधन किया जाता था। उस पूर्व प्राचीन विधि के ज्ञानार्थ संक्षेप में प्राचीन दिक्साधन विधि का वर्णन करना उचित समझता हूं।

ज्ञात्वा पूर्वं धरित्रीं दहनखननं सप्लावनैः संविशोध्य ।
पश्चात् कृत्वा समानां मुकुरजठरवद्वाचयित्वा द्विजेन्द्रैः ।
पुण्याहं कूर्मशेषौ क्षितिमपि कुसुमाद्यैः समाराध्यशुद्धे ।
वारे तिथ्यां च कुर्यात् सुरपतिककुभः साधनं मण्डपार्थम् ।।

सर्वप्रथम जिस स्थान पर हमें वेदी या मण्डप या कुण्ड बनाना हो उस स्थान का ज्ञान कर यानी यह स्थान उपयुक्त होगा ऐसा जानकर भूमि को जलाना चाहिये। तदनन्तर उसका खनन किया जाता है । तदनन्तर उसमें जल डालकर जल प्लवन किया जाता है। उसके बाद उस भूमि का सम्यक् विशोधन किया जाता है यानी उसमें अनुपयुक्त चीजें हो तो निकाल देना चाहिये। आज कल लोगों के अन्दर एक धारणा काम कर रही है कि भूमि के अन्दर क्या है इसको मत सोचो । कहते हैं प्लास्टिक वगैरह जितने हैं इनको भूमि में दबा दो लेकिन यह उचित नही है । अनुपयुक्त चीजें भूमि में गाड़ने से उसका प्रभाव भूमि के तत्वों पर पड़ेगा और उस भूमि के जो आवश्यक गुण है जिसे विज्ञान की भाषा में तत्व कहते हैं का ह्रास होने लगेगा। जिससे उस पर रहने वालों लोगों की क्रियाये एवं प्रक्रियायें प्रभावित होती रहती है। वास्तु शास्त्र भी इसी ओर हमारा ध्यान आकर्षित करना चाहता है कि यदि तुम अशुद्ध भूमि पर रहोगे तो उस भूमि पर तुम्हारा विकास अवरुद्ध हो जायेगा। आप अपना निधारित कार्य करने का लक्ष्य पूरा नही कर सकेगें। इस बात को लोक में भी प्रायः देखा जता है कि लोग कहते हैं हमारी

यह भूमि जिस पर मेरा घर बना है शायद अशुद्ध है क्योकि जब से मैने अपना आवास यहां बनाया है तब से हमारा कार्य अवरुद्ध हो रहा है। लोग पण्डितों से पूछते रहते हैं कि थोड़ा विचार कर लीजिये इस भूमि पर मै घर बनाना चाहता हूं बनाना उचित होगा कि नही। कृषि विज्ञान भी इसको प्रमाणित करते हुये कहता है कि अपने मिट्टी की जांच कराइये उसके बाद उसके अनुसार उत्पादन लीजिये। जो भूमि शुद्ध एवं सही हो उस भूमि पर किसी भी प्रकार से प्रक्षेपित किया गया बीज जम जाता है और अच्छा उत्पादन होता है लेकिन ठीक इसके विपरीत जिस भूमि को ऊषर बतलाया गया है उसमें कितना ही परिश्रम क्यों न किया जाय, डाले गये बीज की लागत भी वापस नही आ पाती है। इसलिये भूमि का बहुत बड़ा प्रभाव उस व्यक्ति के ऊपर पड़ता है। ठीक इसी बात को सिद्ध करने के लिये इस ग्रन्थकार ने भी वेदी बनाने से पूर्व मिट्टी को दहन, खनन ,संप्लावन एवं संविशोधन की बात की है। इस प्रकार उस भूमि को दर्पण के समान चिकना एवं समतल बना देना चाहिये। तदनन्तर आचार्यों को बुलाकर पुण्याह वाचन कराया जाता है।

पुण्याह वाचन क्या है? यह कर्मकाण्ड का अत्यन्त महत्वपूर्ण अंश है। जो गणेशाम्बिका पूजन के अनन्तर कलश स्थापन से प्रारम्भ होता है। इसका प्रयोग तो आप उसके इकाई में देखेगें परन्तु सामान्यतया यही अवधेय है कि पुण्याह वाचन में पुण्यों का वाचन वैदिक विद्वानों द्वारा किया जाता है। इसमें यजमान यह कामना करता है कि हम जिस उद्देश्य को लेकर इस वेदी का निर्माण करने जा रहे है वह हमारा उद्देश्य शान्ति करने वाला हो, पुष्टि प्रदान करने वाला हो, तुष्टि यानी संतुष्टि प्रदान करने वाला हो, वृद्धि करने वाला हो, अविघ्नता प्रदान करने वाला हो, आरोग्य प्रदान करने वाला हो, कल्याणकारी हो, हमारे सारे कर्म कल्याणकारी हो, कर्म मेरी समृद्धि हो यानी मेरे में कर्म करने की क्षमता बनी रहे, धर्म में समृद्धि बनी रहे, ज्ञान में हमारी समृद्धि बनी रहे, शास्त्र में हमारी समृद्धि बनी रहे। जो अनुशासन दे उसे शास्त्र कहते है। शास्त्र एक नियम देता है उस नियम से नियमित प्राणी पुण्य का भागी होता है। आज कल एक उक्ति अत्यन्त चरितार्थ होती है कि पुण्य लोग करना नही चाहते लेकिन पुण्य के फल को अवश्य लेना चाहते है। पाप करतें हैं लेकिन पाप के फल को नही लेना चाहते। ऐसा सम्भ्व नही है, यदि आप पुण्य के फल को भोगने की आशा रखते हों तो आपको पाप के फल को भोगने के लिये भी तैयार रहना चाहिये यदि आप पाप करते हैं तो। इष्टसम्पदस्तु अर्थात् इष्ट सम्पत्तियां मिलती रहें। आज लोगों का बश यही सोचना है कि सम्पत्ति मिलती रहे। यदि उनसे पूछा जाय कि कैसी सम्पति मिलती रहे? तो वे कहते हैं कैसी भी मिले, सम्पत्ति तो सम्पत्ति है, लेकिन पुण्याहवाचन में यजमान यह कामना करता है कि हमें जो भी सम्पत्तियां मिले वे इष्ट सम्पत्तियां ही हों क्योंकि सुख तो इष्ट संपंत्तियों से ही सम्भव है। अनिष्ट सम्पत्तियों को दूर ही नष्ट हो जाने की कामना

पुण्याहवाचन में की गई है। जो पाप है, रोग है, अशुभ है, अकल्याण है वह दूर ही प्रतिहत हो जाय यानी स्वयं नष्ट हो जाय। ऐसा तब सम्भव होगा जब वेदी निर्माण का संकल्प लोक हितकारी होगा। संकल्प शुद्ध होगा। इस प्रकार अन्य भी पुण्य विषयों का वाचन करना चाहिये। तदनन्तर कूर्म एवं शेष का पूजन भी वहां शुभ वारों एवं तिथियों में किया जाता है। कूर्म यानी कच्छप एवं शेष अर्थात् नागराज। यहीं दो आधार है जिन पर यह पृथ्वी टिकी हुई है ऐसा पुराणों का कथन है। इसलिये कूर्म एवं शेष का पूजन अनिवार्य बतलाया गया है। तदनन्तर दिशाओं का साधन करना चाहिये।

नृपांगुलैः सम्मितकर्कटेन सूत्रेण वा वृत्तवरं विलिख्य।
रव्यंगुलशंकुममुष्यमध्ये निवशयेत्खाक्षिमितांगुलीभिः ।।
चतस्रृभिश्चापि ऋजूत्तमाभिः संस्पृष्टशीर्षं तु समेषिताभिः।
तच्छंकुभा यत्र विशेदपेयाद् वृत्ते क्रमात् स्तो वरुणेन्द्रकाष्ठैः ।।

इसका अर्थ यह है कि सोलह अंगुल के परिमित कर्कट से या सूत्र से एक श्रेष्ठ वृत्त बनाना चाहिये। बारह अंगुल का एक शंकु इस वृत्त के बीच में गाड़ना चाहिये। बीस - बीस अंगुल के चार शंकुओं को चार स्थानों पर समान दूरी पर गाड़ना चाहिये। सूर्योदय कालीन छाया जिस से बाहर निकले वह पश्चिम दिशा तथा उससे विपरीत पूर्व दिशा का निर्धारण करना चाहिये। कहा गया है कि कर्क , वृश्चिक, वृष, मकर इन राशियों के सूर्य में पूर्व दिशा की छाया को जब सूर्य उत्तरायण में रहे तो उत्तर की तरफ दो यूका का चालन और सिंह, कन्या, तुला, कुम्भ, मीन, मेष इन राशियों के सूर्य हो तो दो यूका का चालन करें। यानी उस चिन्ह से दो यूका हटकर चिन्ह दें। मिथुन एवं धन के सूर्य रहे तो जहां पर छाया का चिन्ह है वही पर वास्तविक चिन्ह जानें। यानी वही पूर्व पश्चिम की दिशा होगी।

अब उत्तर दक्षिण दिशा का साधन कहते हुये कहा गया है कि जैसे पूर्व पश्चिम का साधन करके कील दिया गया है उसी कील से उत्तर दक्षिण का साधन करते है। जितना बड़ा मण्डप बनाना हो उसकी दूनी रस्सी ले। उसके मध्य में गॉठ दे और दोनों कोर पर फन्दा बना दें। एक फन्दा पूरब की कील में फैलावे दूसरा फन्दा पश्चिम की कील में फसावें। तदनन्तर मध्य की गठ्ठी थाम कर बुद्धिमान् पुरुष दक्षिण एवं उत्तर की तरफ खीचे। जहां तक वह रस्सी जाय वहां पर एक - एक कील गाड़ दें। इस प्रकार दक्षिण उत्तर की दिशा सिद्ध होती है।

अब रात्रि में पूर्व दिशा के साधन हेतु कहा गया है कि श्रवण नक्षत्र का जहां पर उदय हो या पुष्य नक्षत्र का उदय हो या कृत्तिका नक्षत्र का उदय हो वहां पूर्व जानना चाहिये। अथवा चित्रा एवं

स्वाती नक्षत्र के मध्य में पूर्व दिशा जानना चाहिये। पूर्व, पश्चिम दिशा का साधन हो जाने पर पूर्वोक्त तरीके से उत्तर, दक्षिण दिशा का साधन करना चाहिये। अन्य उपायों का वर्णन करते हुये कहा गया है कि एक शलाका से चित्रा नक्षत्र की तारा को वेधन करे। फिर मध्य चिन्ह से युक्त एक तीसरी शलाका दें और उसके मध्य चिन्ह को पूर्व जाने। यह भी कहा गया है कि दिनमान के दल यानी मध्यान्ह में सात अंगुल शंकु को गाडे । जमीन में उस शंकु की छाया का अग्र जहां आवे वहां पर शंकु की जड़ से एक रेखा खीचें वही दक्षिणोत्तर दिशा होती है ।

दिक्साधन की अन्य विधियों का वर्णन करते हुये कहा गया है कि जिस दिन दिक् साधन करना हो उसके दिनमान को परमदिन से घटा देना चाहिये। जो अंक शेष आवे उसको पांच से गुणन करके छः से भाग देना चाहिये। तब छाया प्राप्त होती है। उदाहरण हेतु जैसे परम दिन 34.5, दिक्साधन दिवस का दिनमान 25.55 को परम दिन में घटाया तो 8.10 शेष आया। इसको पांच से गुणा करने पर 40.50 हुआ । इसको छः से भाग दिया तो छ अंगुल छ यव तीन यूका की छाया जहां पर आवे उसके अग्र भाग पर चिन्ह करें । वही उत्तर दिशा जाने । पूर्व, पश्चिम को पूर्ववत् साधना चाहिये।

वेदी चतुरस्र होती है । अभी हमने वृत्त बनाया । अब हम यह जानेगें कि वृत्त से चतुरस्र कैसे बनाया जाता है क्योंकी वेदी तो चतुरस्रा ही होगी। पूर्व, पश्चिम, उत्तर, दक्षिण क्रम से जो-जो चिन्ह हैं, उन-उन चिन्हों के शंकु में जितने हाथ की वेदी बनानी हो उतने हाथ रस्सी में फन्दा लगावें । पूर्व, दक्षिण के शंकु में फन्दा लगाकर अग्नि कोण की तरफ खीचें । फिर दक्षिण पश्चिम के शंकु में फन्दा लगाकर नैर्ऋत्य की तरफ खीचें। फिर पश्चिम, उत्तर के शंकु में फन्दा लगाकर वायव्य कोण की तरफ खीचें । फिर उत्तर, पूर्व की शंकु में फन्दा लगाकर ईशान कोण की तरफ खीचें। इस प्रकार से चौकोर सिद्ध होता है।

इस प्रकार दिक्साधन की अन्य सारी विधियों का वर्णन मिलता है , परन्तु यहां इतना ही करना उचित प्रतीत हो रहा है।

इस प्रकार दिक्साधन करके वेदी का निर्माण करना चाहिये । नवग्रह वेदी को त्रिवप्र वाली बनाने का निर्देश हैं । अर्थात् तीन सीढ़ियों वाली वेदी बनाना चाहिये । जिसका परिमाण प्रथम सीढ़ी 2 अंगुल चौड़ी, 2 अंगुल ऊंची, दूसरी सीढ़ी दो अंगुल चौड़ी तीन अंगुल ऊंची, तीसरी सीढ़ी 2 अंगुल चौड़ी तीन अंगुल ऊंची बनानी चाहिये।

इस प्रकार से निर्मित वेदी को वस्त्र से आच्छादित करके प्रमाण के अनुसार बुद्धिमान पुरुष को नवग्रह

मण्डल का निर्माण करना चाहिये।

प्रायोगिक प्रकिया में प्रायः यह देखने को मिलता है कि वेदी की व्यवस्था न होने पर लोग छोटी चौकी का प्रयोग करते हैं। चौकी का प्रयोग वेदी के विकल्प के रूप में माना जाना चाहिये मुख्य नियम के रूप में नही। क्योकि वेदी निर्माण से संबंधित प्रमाण को बतलाते हुये कुण्ड मण्डप सिद्धि में यह स्पष्ट उल्लेख है कि वेदी त्रिवप्रा होनी चाहिये। त्रिवप्रा का मतलब तीन वप्रों वाली। वप्र का अर्थ सीढ़ी माना जाता है। वेदी या कुण्ड में हम वप्र रखते हैं । कुण्ड में उसी वप्र का नाम मेखला हो जाता है। इसका निर्माण वेदी रचना में ही हो जाता है। जब हम चौकी पर नवग्रह मण्डल का निर्माण करते हैं उसी पर तीन मेखला सत्व, रज एवं तम के रूप में बना देते है। यह भी वप्र का ही विकल्प होता है।

नवग्रह मण्डल में ग्रहों की आकृति किस प्रकार निर्मित की जायेगी इसके बारे में आचार्य वसिष्ठ का कथन है कि सूर्य का मण्डल वृत्ताकार होता है। सोम का मण्डल चतुष्कोण, मंगल का मण्डल त्रिकोण, बुध का बाण का आकार, बृहस्पति का पट्ट का आकार, शुक्र का पंचकोण, शनि का धनुष, राहु का शूर्प एवं केतु का ध्वजा का आकार वाला मण्डल बनाना चाहिये।

इस प्रकार इस प्रकरण में आपनें नवग्रह वेदी एवं नवग्रह मण्डल के परमाण का परिचय आपने जाना । इसकी जानकारी से आप नवग्रह वेदी का परिमाण बता सकते है एवं नवग्रह मण्डल पर किस ग्रह की क्या आकृति होती हैं तथा उनका परिमाण क्या है इसके बारे में भी आप पुष्टता से बता सकते हैं। अब हम संबंधित विषय को आधार बनाकर कुछ अभ्यास प्रश्न बनायेगें जिसका उत्तर आपको देना होगा। अभ्यास प्रश्न अधोलिखित है-

अभ्यास प्रश्न-

उपरोक्त विषय को पढ़कर आप अधोलिखित प्रश्नों का उत्तर दे सकते हैं। अधोलिखित प्रश्न बहु विकल्पीय है। प्रत्येक प्रश्नों में दिये गये चार विकल्पों में से कोई एक ही सही है, जिसका चयन आपको करना है-

प्रश्न 1-नवग्रह मण्डल में सूर्य का परिमाण कितना होता है?

क- बारह अंगुल, ख- तीन अंगुल, ग- छ अंगुल, घ- नव अंगुल।

प्रश्न 2-नवग्रह मण्डल में मंगल का परिमाण कितना होता है?

क- बारह अंगुल, ख- तीन अंगुल, ग- छ अंगुल, घ- नव अंगुल।

प्रश्न 3-नवग्रह मण्डल में बृहस्पति का परिमाण कितना होता है?

क- बारह अंगुल, ख- तीन अंगुल, ग- छ अंगुल, घ- नव अंगुल।

प्रश्न 4-नवग्रह मण्डल में शुक्र का परिमाण कितना होता है?

क- बारह अंगुल, ख- तीन अंगुल, ग- छ अंगुल, घ- नव अंगुल।

प्रश्न 5-नवग्रह मण्डल में बुध का परिमाण कितना होता है?

क- बारह अंगुल, ख- तीन अंगुल, ग- चार अंगुल, घ- नव अंगुल।

प्रश्न 6-नवग्रह मण्डल में शनि का परिमाण कितना होता है?

क- बारह अंगुल, ख- तीन अंगुल, ग- छ अंगुल, घ- दो अंगुल।

प्रश्न 7-नवग्रह मण्डल में राहु का परिमाण कितना होता है?

क- बारह अंगुल, ख- तीन अंगुल, ग- छ अंगुल, घ- नव अंगुल।

प्रश्न 8-नवग्रह मण्डल में केतु का परिमाण कितना होता है?

क- बारह अंगुल, ख- तीन अंगुल, ग- छ अंगुल, घ- नव अंगुल।

प्रश्न 9-नवग्रह मण्डल में सूर्य का आकार कैसा होता है?

क- वृत्त, ख- चतुरस्र, ग- पंचकोण, घ- त्रिकोण।

प्रश्न 10-नवग्रह मण्डल में मंगल आकार कैसा होता है?

क- वृत्त, ख- चतुरस्र, ग- पंचकोण, घ- त्रिकोण।

इस प्रकार आपने इस प्रकरण नवग्रह मण्डल में नवग्रहों की आकृति तथा उसके व्यासादि परिमाण को जाना। अब आप ठीक ढंग से नवग्रह मण्डल का निर्माण कर सकते है। अग्रिम प्रकरण में हम नवग्रह मण्डल की रचना विधान प्रतिपादित करेगें।

1.4 नवग्रह मण्डल निर्माण विधान-

1.4.1 नवग्रह मण्डल रचना प्रकार

इससे पूर्व का प्रकरण आपको समझ में आ गया होगा । अब हम आपको रचना का विधान बतलाने जा रहे है-

सर्वप्रथम नवग्रह मण्डल की रचना के लिये उपयुक्त स्थान का चयन कर लेते है। उस स्थान पर यदि वेदी निर्माण कर नवग्रह मण्डल बनाना हो तो वेदी का निर्माण कर लेते हैं अन्यथा किसी चौकी पर नवग्रह मण्डल बनाना हो तो उसको प्रक्षालित कर उस पर सफेद वर्ण वाला वस्त्र बिछाकर रेखा-आरेख किया जाता है । रेखा-आरेख करके कुल नव वर्ग बनाये जाते है। इसके लिये पूर्वा-पर पांच-पांच रेखायें खीची जाती है। इस प्रकार रेखा-आरेख करने से कुल नव प्रकोष्ठ बनकर तैयार हो जाता है। इन नव प्रकोष्ठों में एक-एक प्रकोष्ठ चारों दिशाओं यानी पूर्व, पश्चिम, उत्तर, दक्षिण में तथा एक-

एक प्रकोष्ठ चारो कोनों अर्थात् अग्नि कोण, नैर्ऋत्य कोण, वायव्य कोण एवं ईशान कोण में होता है। इन सबके बीच में एक प्रकोष्ठ हो जाता है। इस प्रकार कुल नव प्रकोष्ठ बनकर तैयार हो जाता है। ऊपर जो हमने दिशाओं और कोणों की बात की वह उस चौकी या वेदी की दिशा एवं कोण से संबंधित समझना चाहिये।

इस प्रकार प्रकोष्ठ निर्माण करके उन प्रकोष्ठों में ग्रहो का वर्ण इस प्रकार दर्शाया जाता है। आचार्य वसिष्ठ ने कहा है कि-

भास्करांगारकौ रक्तौ शुक्लौ शुक्र निशाकरौ।
बुधजीवसुवर्णाभौ कृष्णौ राहु शनैश्चरौ।
केतवो धूम्रवर्णा च सर्वे तेजोमया ग्रहाः।

अर्थात् सूर्य एवं मंगल को रक्त वर्णीय बनाना चाहिये। शुक्र एवं चन्द्रमा को श्वेतवर्णीय बनाना चाहिये। बुध एवं बृहस्पति को सुवर्ण की आभा वाले वर्ण से बनाना चाहिये। राहु एवं शनि को कृष्ण वर्ण का तथा केतु को धूम्र वर्ण का बनाना चाहिये । इन ग्रहों को इन्ही वर्ण का क्यों बनाना चाहिये इसका कारण बताते हुये आचार्य लोग कहते है कि इसी-इसी वर्ण के ये ग्रह होते हैं इसलिये इनका यही वर्ण होना चाहिये। इसके अलावा एक प्रकारान्तर और मिलता है जिसमें केवल दो ग्रहों के वर्ण में अन्तर पूर्वोक्त प्रकरण से दिखलाई देता है। पूर्व श्लोक में बुध को सुवर्ण की आभा वाला एवं केतु को धूम्र वर्णीय माना गया है। लेकिन नीचे दिये गये श्लोक के अनुसार बुध को हरित वर्णीय एवं केतु को कृष्णवर्णीय बतलाया गया है। दोनो विधियों में से किसी भी विधि से किया नवग्रह मण्डल का निर्माण शास्त्रीय है। इसमें संशय नही है। अतः इस विधि को प्रकारान्तर से इस प्रकार बतलाया गया है-

अरुणौ सूर्यभौमो च श्वेतौ शुक्रनिशाकरौ।
हरितवर्णो बुधश्चैव पीतवर्णो गुरुस्तथा।
कृष्णवर्णाः शनिराहुकेतवस्तु तथैव च।।

अर्थात् सूर्य एवं मंगल का वर्ण लाल, शुक्र एवं चन्द्रमा का वर्ण श्वेत,
बुध का वर्ण हरा, गुरू का वर्ण पीला तथा शनि, राहु एवं केतु का वर्ण काला होता है। वर्ण निर्धारण के अनन्तर स्थान निर्धारण इस प्रकार किया गया है-

मध्ये तु भास्करं विंद्याच्छशिनं पूर्वदक्षिणे।

दक्षिणे लोहितं विंद्याद्बुधं पूर्वोत्तरे स्मृतः।
उत्तरे तु गुरुं विंद्यात्पूर्वे चैव तु भार्गवं।
पश्चिमे तु शनिं विंद्याद्राहुं दक्षिणपश्चिमे।
पश्चिमोत्तरः केतून्स्थाप्यावाशुक्लतण्डुलैरिति।

अर्थात् जो नव प्रकोष्ठ बनाये गये थे उन नव प्रकोष्ठों में मध्य प्रकोष्ठ में भास्कर यानी सूर्य का स्थान होगा। पूर्व एवं दक्षिण के मध्य यानी अग्निकोण वाले प्रकोष्ठ में शशि का स्थान दिया जायेगा। दक्षिण में रक्त वर्णीय मंगल का स्थान दिया जायेगा। पूर्व एवं उत्तर के मध्य वाले यानी ईशान कोण वाले प्रकोष्ठ में बुध का स्थान होगा। उत्तर वाले प्रकोष्ठ में देव गुरू बृहस्पति का स्थान होगा। पूर्व प्रकोष्ठ में शुक्र का स्थान होगा। पश्चिम में शनि का स्थान होगा। दक्षिण एवं पश्चिम के मध्य यानी नैर्ऋत्य कोण वाले प्रकोष्ठ में राहु का तथा पश्चिम एवं उत्तर यानी वायव्य कोण में केतु नामक ग्रह का स्थान होगा। इन ग्रहों का मुख किधर होगा इस विषय में विचार करते हुये कहा गया है कि-

शुक्रार्कौ प्रांगमुखो ज्ञेयौ गुरुसौम्या उदंगमुखः ।
प्रत्यंगमुखो सोम शनि शेषाः दक्षिणतो मुखाः ।।

अर्थात् शुक्र एवं सूर्य का मुख पूर्व की ओर होता है। बुध एवं गुरु का मुख उत्तर की ओर होता है। सोम एवं शनि का मुख पश्चिम की ओर तथा शेष ग्रहों का मुख दक्षिण की ओर होता है। इसके अलावा एक और भी विधान शास्त्रों में देखने को मिलता है-

आदित्याभिमुखाः सर्वेसाधिप्रत्यधिदेवताः।।
अधिदेवता दक्षिणे वामे प्रत्यधिदेवताः।।

अर्थात् यह भी विधान मिलता है कि अधि प्रत्यधि देवताओं के सहित सभी ग्रहों का मुख सूर्य की ओर होता है। प्रत्येक ग्रह के दक्षिण भाग में अधि देवता एवं वाम भाग में प्रत्यधि देवता होते है।
मुख के साथ-साथ नवग्रह मण्डल पर इन ग्रहों की आकृति क्या होनी चाहिये इसका विचार आवश्यक है। इस सन्दर्भ में कहा गया है कि-

ईशाने मण्डलं कृत्वा ग्रहाणां स्थापनं ततः।
वृत्तमण्डलमादित्यमर्ध- चन्द्रं निशाकरम्।
त्रिकोणं मगलं चैव बुधं वै धनुषाकृतिम्।
गुरुमष्टदलं प्रोक्तं चतुष्कोणं च भार्गवम्।
नराकृतिं शनिं विद्याराहुं च मकराकृतिम्।
केतुं खड्गसमं ज्ञेयं ग्रहमण्डलके शुभे।।

नवग्रह मण्डल में देवताओं की स्थापना ईशान कोण में करने का
विधान है। सूर्य गोल आकार तथा चन्द्रमा अर्ध चन्द्र के आकार के होते हैं। मंगल की आकृति त्रिकोण की एवं बुध की धनुष की आकृति होती है। गुरु की आकृति अष्टदल और शुक्र की आकृति चतुष्कोण होती है। शनि की आकृति मनुष्य की, राहु की मकर की एवं केतु की खड्ग की आकृति होती है। परन्तु इस सन्दर्भ में दो विचार मिलते है। इन दोनों विचारों को जानना इसलिये आवश्यक है कि उसका ज्ञान होने पर ही किसी भी आचार्य के द्वारा बनाई गयी दूसरी विधि वाली आकृति को भी हम शास्त्रीय मान सकेगे। अन्यथा भ्रम का उपपादन होने लगेगा। इसलिये यहां प्रकारान्तर का भी उल्लेख करना मै उचित समझत हूं। अतः प्रकारान्तर का वर्णन इस प्रकार है-

प्रकारान्तरम् (अधोलिखित प्रमाण भी मिलता है)

वृत्तमण्डलमादित्यं चतुरस्रं निशाकरम् ।
त्रिकोणं म¯लं चैव बुधं वै बाण सन्निभम् ।।
गुरवेपट्टिशाकारं पंचकोणं भृगुन्तथा ।
मन्दे च धनुषाकारं सूर्पाकारन्तु राहवे ।।
केतवे च ध्वजाकारं मण्डलानि क्रमेण तु ।।

ग्रहों की आकृति के सन्दर्भ में शास्त्रों में प्रकारान्तर से कुछ और भी विधान मिलता है जिसका वर्णन यहाँ किया जा रहा है। सूर्य को वृत्त, चन्द्रमा को चतुरस्र, मंगल को त्रिकोण, बुध को बाण, गुरु को पट्टी, शुक्र को पंचकोण, शनि को धनुष, राहु को सूप एवं केतु को ध्वज के आकार का बतलाया गया है।

नवग्रह मण्डल के निर्माण में दो प्रकार की विधायें आचार्यों द्वारा प्रतिपादित होती दिखती है। प्रथम विधा तो यह है कि सफेद रंग का चावल ले लेते है। तदनन्तर उसमें विभिन्न प्रकार के रंग यानी लाल, पीला, हरा एवं काला रंग मिला देते है जिससे वह चावल उस रंग का हो जाता है और उसका प्रयोग बताये गये वर्णो के प्रयोग के लिये किया जाता है। दूसरी विधा यह है कि उस वर्ण के लिए उस प्रकार की दालों का प्रयोग देखने को मिलता है। जैसे हरित वर्ण के हरी मूंग या उसका छिलका, रक्त वर्ण के लिये छिलका रहित सबूत लाल मसूर, पीत वर्ण के लिये चने की दाल, कृष्ण वर्ण के लिये काली उड़द या काली उड़द का छिलका तथा सफेद वर्ण के लिये सफेद चावल का प्रयोग। इस प्रकार से आचार्य के निर्धारण के अनुसार जिस विधि की उपयुक्तता हो उस विधि का प्रयोग करके नवग्रह मण्डल का निर्माण किया जाता है। दालों में थोड़ा घी रगड़ देने से उसमें तेज की वृद्धि हो जायेगी

जिससे देखने में वह मण्डल चमकीला होगा और आकर्षक भी। कर्मकाण्ड में इस बात पर जोर दिया गया है कि जो भी हम काम करे सुव्यवस्थित करें और तदनुसार रचना करें। तदनुसार रचना का मतलब यह है कि किसी भी कार्य का सम्पादन उस कार्य के वास्तविक स्वरूप के अनुसार होना चाहिये। कर्मकाण्ड का एक सहज सूत्र है देवं भूत्वा देवं यजेत्। यानी देवता बनकर देवता की पूजा करो। इससे क्या तात्पर्य है? इससे तात्पर्य यह है कि जितना शुद्ध और पवित्र आप होगें उतना शुद्ध एवं पवित्र वह सामग्री एवं स्थान इत्यादि भी होना चाहिये। पवित्रता में ईश्वर का निवास होता है इसलिये पवित्रता पर ध्यान देना आवश्यक है। वेदी का निर्माण स्वछता से करना चाहिये। सामग्रियों का संग्रह भी स्वच्छता से होना चाहिये। यह नही होना चाहिये कि नवग्रह बनाने के लिये दालें ली गयी परन्तु दालों में धूल, कंकड़ इत्यादि मिला हुआ हो। आज बाजारों में भी स्वच्छता अभाव देखने को मिलता है ऐसी स्थिति में वस्तुओं को शुद्ध एवं पवित्र करने का जिम्मा उसी व्यक्ति का होगा जो इस अनुष्ठान से लाभ उठाने वाला है । इसलिये बार-बार निर्देश है कि येन केन प्रकारेण वाली स्थिति से बचते हुये कर्मकाण्डीय प्रक्रियाओं का अनुपालन कल्याणकारी होता है।

इस प्रकार इस प्रकरण में आपनें नवग्रह मण्डल के रचना प्रकार के परिचय आपने जाना । इसकी जानकारी से आप नवग्रह मण्डल पर किस ग्रह की क्या आकृति होती हैं तथा उनका वर्ण, मुख आदि क्या है इसके बारे में आप पुष्टता से बता सकते है। अब हम संबंधित विषय को आधार बनाकर कुछ अभ्यास प्रश्न बनायेगें जिसका उत्तर आपको देना होगा। अभ्यास प्रश्न अधोलिखित है-

अभ्यास प्रश्न-

उपरोक्त विषय को पढ़कर आप अधोलिखित प्रश्नों का उत्तर दे सकते हैं। अधोलिखित प्रश्न बहु विकल्पीय है। प्रत्येक प्रश्नों में दिये गये चार विकल्पों में से कोई एक ही सही है, जिसका चयन आपको करना है-

प्रश्न 1-नवग्रह मण्डल में प्रकोष्ठ संख्या कितना होता है?

क- दो, ख- तीन , ग- चार, घ- नव।

प्रश्न 2- सूर्य को किस वर्णीय बनाना चाहिये?

क- सफेद, ख- रक्त, ग- हरित, घ- कृष्ण।

प्रश्न 3- मंगल को किस वर्णीय बनाना चाहिये?

क- सफेद, ख- रक्त, ग- हरित, घ- कृष्ण।

प्रश्न 4- शुक्र को किस वर्णीय बनाना चाहिये?

क- सफेद, ख- रक्त, ग- हरित, घ- कृष्ण।

प्रश्न 5- चन्द्रमा को किस वर्णीय बनाना चाहिये?

क- सफेद, ख- रक्त, ग- हरित, घ- कृष्ण।

प्रश्न 6- राहु को किस वर्णीय बनाना चाहिये?

क- सफेद, ख- रक्त, ग- हरित, घ- कृष्ण।

प्रश्न 7- शनि को किस वर्णीय बनाना चाहिये?

क- सफेद, ख- रक्त, ग- हरित, घ- कृष्ण।

प्रश्न 8- बुध को किस वर्णीय बनाना चाहिये?

क- सफेद, ख- रक्त, ग- हरित, घ- कृष्ण।

प्रश्न 9- केतु को किस वर्णीय बनाना चाहिये?

क- सफेद, ख- रक्त, ग- हरित, घ- कृष्ण।

प्रश्न 10- बृहस्पति को किस वर्णीय बनाना चाहिये?

क- सफेद, ख- पीत, ग- हरित, घ- कृष्ण।

इस प्रकार आपने इस प्रकरण नवग्रह मण्डल का रचना प्रकार को जाना। अब आप ठीक ढंग से नवग्रह मण्डल का निर्माण कर सकते है। अग्रिम प्रकरण में हम नवग्रह मण्डल में ग्रहों के प्रतिमा एवं आकार पर विचार करेगें।

1.4.2 नवग्रह मण्डल पर ग्रहों की प्रतिमा, आकार एवं विशेष विचार-

आशा है नवग्रह मण्डल के विषय में पूर्व में बतायी गयी समस्त बातों को आपने आत्मसात किया होगा। अब हम नवग्रह मण्डल के नवग्रहों की प्रतिमा किस धातु की बनायी जायेगी ? तथा नवों ग्रहों का आकार किस प्रकार का होगा। इस पर विचार किया जायेगा।

ग्रहों की प्रतिमा पर विचार करते हुये आचार्य याज्ञवल्क्य ने कहा है कि-

ताम्रिकात्स्फाटिकाद्रक्तचन्दनात्स्वर्णकावुभौ।
राजतादयसः सीसकात्कांस्यात्कार्याग्रहाः क्रमात् ।।
स्ववर्णैर्वापटे लेख्या गंधैर्मंडलकेषुवेति।

अर्थात् ताम्र का सूर्य, स्फटिक का चन्द्रमा, रक्त चन्दन का मंगल, स्वर्ण का बुध, स्वर्ण के बृहस्पति, चन्द्रमा के शुक्र, लोहे का शनि, सीसे का राहु एवं कांसे का केतु बनाया जा सकता है। नवग्रह मण्डल

के ऊपर ग्रहों को उनके वर्णों के अनुसार उनका लेखन किया जा सकता है। ग्रहों के प्रतिमाओं के आकारों का वर्णन करते हुये मत्स्य पुराण में यह बतलाया गया है कि-

पद्मासनः पद्माकरः पद्मगर्भसमद्युति।

सप्ताश्वरथसंस्थोपिद्विभुजः स्यात्सदा रविः।।

सूर्य की आकृति का वर्णन करते हुये इस श्लोक में बतलाया गया है कि सूर्य पद्मासन युक्त यानी कमल के आसन पर विराजमान, हाथ में कमल लिये हुये, कमल के गर्भ के समान आभा निकल रही हो ऐसे आभा यानी तेज पुंज वाले, सात अश्वों वाले रथ पर सवार होने वाले एवं दो भुजाओं वाले भगवान भास्कर है।

श्वेतः श्वेताम्बरधरोदशाश्वः श्वेतभूषणः।

गदापाणिर्द्विबाहुश्चकर्तव्यो वरदः शशी ।।

चन्द्रमा का आकार सफेद, श्वेत वस्त्रधारी, दश अश्वों वाले रथ पर आरूढ़, श्वेत आभूषण धारण करने वाले, हाथ में गदा लिये हुये, दो बाहुओं वाले एवं वर देने वाले है।

रक्तमाल्यांबरधरः शक्तिशूलगदाधरः।

चतुर्मुखो मेषगमोवरदः स्याद्धरासुतः।।

मंगल की आकृति का वर्णन करते हुये कहा गया है कि मंगल लाल वर्ण की माला धारण करते हैं और लाल रंग का वस्त्र भी धारण करते है। भुजाओं में शक्ति, शूल एवं गदा धारण किये रहते है। चार मुखों वाले तथा मेष से यात्रा करने वाले तथा वरद मुद्रा से सदैव भक्तों को आशीर्वाद देने वाले है।

पीतमाल्यांबरधरः कर्णिकारसमद्युतिः।

खड्गचर्मगदापणिः सिंहस्थो वरदो बुधः।।

बुध के आकार का वर्णन करते हुये बतलाया गया है कि पीले माला एवं पीत वस्त्र धारण करने वाले तथा कर्णिकार के समान आभा वाले, अपनी भुजाओं में खड्ग यानी तलवार, चर्म यानी ठाल और गदा जो प्रसिद्ध है को धारण करने वाले, सिंह की सवारी पर विराजमान एवं सदैव वर देने वाले मुद्रा में व्याप्त चन्द्रमा के पुत्र बुध महाराज का इस प्रकार का स्वरूप है।

देवदैत्यगुरू तद्वत् पीतश्वेतौ चतुर्भुजौ।

दण्डिनौ वरदौ कार्यौ साक्षसूत्रकमण्डलू।।

इस श्लोक में देव गुरू एवं दैत्य गुरू यानी बृहस्पति एवं शुक्र के स्वरूप का वर्णन किया है। बृहस्पति का स्वरूप पीला और शुक्र का स्वरूप सफेद है। दोनों चार भुजाओं वाले है। दोनों बृहस्पति

एवं शुक्र दण्ड धारण करने वाले एवं वर देने वाले है। साथ ही ये दोनों अक्ष, सूत्र एवं कमण्डलु धारण करने वाले है।

इन्द्रनीलद्युतिः शूली वरदौ गृध्रवाहनः।
बाणबाणासनधरः कर्तव्योर्कसुतः सदा।।

इस श्लोक में शनि के स्वरूप का वर्णन करते हुये यह कहा गया है कि इन्द्र नील के समान इनकी आभा है, ये शूल लिये हुये है, वर देने वाले रूप में है, गृध्र का वाहन है, बाण का आसन धारण करने वाले सूर्य के पुत्र शनि है।

करालवदनः खंगचर्मशूलीवरप्रदः।
नीलसिंहासनस्थश्चराहुरत्रप्रशस्यते।।

इस श्लोक मे राहु के स्वरूप का वर्णन करते हुये कहा है कि कराल वदन वाले, खड्ग, ठाल, शूल धारण करने वाले तथा वर देने वाले राहु है। नीले सिंहासन पर स्थित हैं राहु।

ध्रूमाद्विबाहवः सर्वे गदिनो विकृतानना।
गृधासनगतानित्यं केतवः स्युर्वरप्रदाः।

इस श्लोक में केतु के स्वरूप का वर्णन करते हुये बतलाया गया है कि केतु नील सिंहासन पर विराजमान है, धूम्र वर्ण है, दो भुजाओं वाले, गदा धारण करने वाले , विकृत आनन वाले एवं ग्रृध्र आसन वाले है।

सर्वे किरीटिनः कार्याग्रहालोकहितावहाः।
स्वांगुले नोच्छ्रिताः सर्वेशतमष्टोत्तरंसदेति।।

इन ग्रहों को लोक हित के लिये मुकुट धारण किये हुये माना जाना चाहिये।

विशेष विचार-ग्रहों के विषय में तत्तद ग्रहों का ग्रह देश भी बतलाया गया है। यह वर्णन मत्स्य पुराण एवं कोटि होम पद्धति में किया गया है।

उत्पन्नो अर्कः कलिंगेषु यमुनायां च चन्द्रमा।
अंगारकस्त्ववन्त्यां मगधायां हिमांशुजः।
सैन्धवेषुगुरुर्जातः शुक्रोभोजकटे तथा।
शनैश्चरस्तु सौराष्ट्रे राहु वैराठिनापुरे।
अन्तर्वेद्या तथा केतुः ग्रहदेशाः प्रकीर्तिताः।।

इस सन्दर्भ में यह बतलाया गया कि सूर्य का उद्भवस्थान कलिंग देश है। चन्द्रमा का उद्भवस्थान यमुना है। अंगारक यानी मंगल का उद्भव स्थान अवन्ती देश है। हिमांशुज अर्थात् चन्द्रमा से जन्म

लिया यानी पुत्र बुध का उद्भव स्थान मगध देश है। देव गुरु बृहस्पति का उद्भवस्थान सैन्धव देश है। शुक्र का उद्भव स्थान भोजकट देश है। शनैश्चर का उद्भव स्थान सौराष्ट्र है। राहु का उद्भव स्थान वैराठिनापुर है। केतु का उद्भव स्थान अन्तर्वेदि है इस प्रकार ग्रहों के देश स्थान का वर्णन किया गया है।

ग्रहों के गोत्र इत्यादि का ज्ञान भी नवग्रह मण्डल निर्माणक को होना चाहिये। जिससे वह रचना करते समय उस बातों को ध्यान रख सके जो उस ग्रह से संबंधित है।

आदित्यः काश्यपेयस्तु आत्रेयः चन्द्रमा भवेत्।
भारद्वाजो भवेद्धौमस्तथात्रेयश्च सोमजः।
गुरुश्चैवागिंरोज्ञेयः शुक्रो वै भार्गवस्तथा।
शनिः काश्यपएवाथराहुः पैठिनसः स्मृतः।
केतवो जैमिनीयाश्च ग्रहगोत्राणि कीर्तयेत्।।

सूर्य के गोत्र का नाम कश्यप है, चन्द्रमा के गोत्र का नाम अत्री है। मंगल के गोत्र का नाम भारद्वाज है। बुध के गोत्र का नाम अत्री है। बृहस्पति के गोत्र का नाम अंगिरा है। शुक्र के गोत्र का नाम भार्गव है। शनि के गोत्र का नाम कश्यप है। राहु के गोत्र का नाम पैठिनसि है तथा केतु के गोत्र का नाम जैमिनी है।

आचार्य वसिष्ठ ने कहा है कि-

जन्मभूर्गोत्रमग्निवर्णस्थानमुखानि च।
यो अज्ञात्वा कुरुते शान्ति ग्रहास्तेनावमानिता।।

अर्थात् किसी भी ग्रह के जन्म भूमि, गोत्र, वर्ण, स्थान, मुख को बिना जाने यदि ग्रह की शान्ति करते है तो वह ग्रह शान्ति से शान्त नही होता है। इसलिये संबंधित सारे विषयों का ज्ञान होना चाहिये।

ग्रहों के लिये विशेष रूप से धूप बतलाया गया है-

रवे कुन्दरुकं धूपं शशिनस्तु घृताक्षताः।
भौमे सर्जरसं चैव अगरुं च बुधे स्मृतः।
सिंहल्कं गुरवे दद्यात् छुक्रे विल्वागरुं तथा।
गुग्गुलं मन्दवारे तु लाक्षाराहोश्चकेतवे।।

सूर्य के लिये कुन्दरु का धूप बनाकर जलाना है। चन्द्रमा के लिये घी एवं अक्षत का धूप देना चाहिये। सर्जरस के पौधे से मंगल का धूप तैयार करना चाहिये। बुध के लिये अगरु का धूप जलाना चाहिये। गुरु के लिये सिहल्क का धूप देना चाहिये। शुक्र के लिये विल्वागरु का धूप जलाना चाहिये। शनि के

लिये गुग्गुल तथा राहु एवं केतु के लिये लाक्षा का धूप देना चाहिये।
इसी प्रकार दीप के विषय में मिलता है कि-

नववर्तियुतंदीपं घृतेन परिपूरित।
ग्रहाणामग्रहः कुर्यात्तेजोसीतिप्रकल्पयेदिति।।

इस विषय में आचार्य वशिष्ठ का कथन है कि घी से परिपूरित नव वत्तियों को ग्रहों के प्रसन्नार्थ तेजोसीति मन्त्र से देना चाहिये।

आचार्य याज्ञवल्क्य ने प्रत्येक ग्रह के लिये अलग से नैवेद्य समर्पित करने का विधान किया है।

गुडोदनं पायसं च हविष्यं क्षीरं षाष्टिकम्।
दध्योदनं हविश्चूर्णं मांसंचित्रान्नमेव च।।
दद्याद् ग्र्रहक्रमादेवविप्रेभ्योभोजनं बुधः।
शक्तितोवायथालाभं सत्कृत्यविधिपूर्वकम्।।

अर्थात् क्रमशः वर्णन करते हुये कहा है कि- सूर्य के लिये गुडोदन अर्थात् गुड़ और भात देना चाहिये। ओदन का अर्थ चावल से है परन्तु कुछ आचार्य गण कहते है तण्डुल शब्द का प्रयोग यदि यहां होता तो चावल का अर्थ ठीक होता। ओदन का अर्थ पका हुआ चावल समझना चाहिये। पके हुये चावल को लोक में भात के नाम से जाना जाता है। पायस का नैवेद्य चन्द्रमा के लिये लगाना चाहिये। मंगल हेतु हविष्य नैवेद्य का विधान किया गया है। हविष्य का मतलब ऐसा पदार्थ जो हवन के योग्य हो। हविष्य पदार्थ से तात्पर्य प्रायः पायस से ही होता है। पायस से हवन करने का विधान है। अतः मंगल के लिये हविष्य देना चाहिये। बुध को नैवेद्य हेतु क्षीर देना चाहिये । क्षीर का अर्थ लोग दुग्ध भी करते हैं और खीर भी करते है। बृहस्पति हेतु षाष्टिक देने का विधान है। षष्टिक एक प्रकार का चावल होता है जिसे फलाहार में स्वीकृत किया गया है। शुक्र के लिये दधि एवं ओदन का नैवेद्य लगाना चाहिये। शनि के लिये हविश्चूर्ण, राहु के लिये मांस एवं केतु के लिये चित्र विचित्र अन्न देना चाहिये। अथवा शक्ति के अनुसार जो भी उपलब्ध हो सके उसका नैवेद्य लगाया जा सकता है।

ग्रहों से संबंधित फलों का भी विचार किया गया है।

द्राक्षेक्षुपूगनारिंगजंबीरंबिजपूरकं।
उत्ततिनालिकेरं स्याद्दाडिमानियथाक्रमम्।।
अलाभे तु यथालाभं तद्ग्रहेभ्यः प्रदापयेत्।

यह मत आचार्य वसिष्ठ का है। आचार्य वसिष्ठ ने समझाया है कि सूर्य द्राक्षा यानी खजुर का फल देना चाहिये। चन्द्रमा के लिये इक्षु यानी ईख प्रदान करने का नियम बतलाया गया है। मंगल के लिये

पूंगीफल, बुध के लिये नारंग, बृहस्पति के लिये जंबीर का फल यानी जामुन, शुक्र के लिये बीजपूर, शनि राहु के लिये नरियल तथा केतु के लिये अनार प्रदान करना चाहिये। अलाभ की स्थिति में जो भी फल मिले उसे नवग्रहों के लिये चढ़ाया जा सकता है। ग्रहों के लिये तांबूल का विचार करते हुये कहा गया कि-

खेचराणां तु तांबूलमेकैकंसंप्रदापयदिति

अर्थात् ग्रहों को एक-एक तांबूल प्रदान करना चाहिये।

ग्रहों की दक्षिणा के विषय में आचार्य याज्ञवल्क्य का विचार है कि-

धेनुः शंखस्तथानड्वान् हेमवासोहयः क्रमात्।
कृष्णागौरायसछाग एतावैदक्षिणाः स्मृताइति।।

अर्थात् सूर्य के लिये दक्षिणा धेनु होती है। चन्द्रमा की दक्षिणा शंख होता है। ंमंगल की दक्षिणा अनड्वान है। बुध की दक्षिणा हेम है। बृहस्पति की दक्षिणा वस्त्र है। शुक्र की दक्षिणा घोड़ा हैं। शनि की दक्षिणा काली गाय है। राहु की दक्षिणा आयस यानी लोहा है। केतु की दक्षिणा छाग यानी बकरा या बकरी है।

ग्रहों के होम में हवन द्रव्य का वर्णन करते हुये कहा गया है कि समिधा, आज्य, चरु, तिल इत्यादि से हवन करना चाहिये चाहिये। ग्रहों के लिये पृथक्-पृथक् समिधाओं का वर्णन किया गया है लेकिन उनके अभाव में पलाश की समिधाओं से हवन करने का भी विधान दिया गया है। हवन की संख्या का विचार करते हुये एक-एक ग्रह के लिये एक सौ आठ बार या अठ्ठाइस बार हवन करने का विधान पाया जाता है। हवनीय पदार्थ में मधु, घी या दधि और पायस मिलाकर हवन करना ग्रह शान्ति हेतु अत्यन्त प्रभावकारी माना गया है। ग्रहों के पूजन के सन्दर्भ में हेमाद्रि में वर्णन मिलता है कि एक-एक ग्रह का पृथक्-पृथक् पूजन करना चाहिये । इसके अभाव में एक तन्त्रेण पूजन कर सकते है।

इस प्रकार ग्रहों के स्वरूप के बारे में विचार विमर्श किया गया। इस प्रकरण में आपनें नवग्रह मण्डल पर ग्रहों के स्वरूप एवं प्रतिमा के बारे में आपने जाना । इसकी जानकारी से आप नवग्रह मण्डल पर किस ग्रह की प्रतिमा किसकी तथा उनका स्वरूप आदि क्या है इसके बारे में आप पुष्टता से बता सकते है। अब हम संबंधित विषय को आधार बनाकर कुछ अभ्यास प्रश्न बनायेगें जिसका उत्तर आपको देना होगा। अभ्यास प्रश्न अधोलिखित है-

अभ्यास प्रश्न-

उपरोक्त विषय को पढ़कर आप अधोलिखित प्रश्नों का उत्तर दे सकते हैं। अधोलिखित

प्रश्न बहु विकल्पीय है। प्रत्येक प्रश्नों में दिये गये चार विकल्पों में से कोई एक ही सही है, जिसका चयन आपको करना है-

प्रश्न 1-सूर्य की प्रतिमा किसकी बननी चाहिये?

क- ताम्र का, ख- स्फटिक का, ग- रक्त चन्दन का, घ- स्वर्ण का।

प्रश्न 2-चन्द्रमा की प्रतिमा किसकी बननी चाहिये?

क- ताम्र का, ख- स्फटिक का, ग- रक्त चन्दन का, घ- स्वर्ण का।

प्रश्न 3-मंगल की प्रतिमा किसकी बननी चाहिये?

क- ताम्र का, ख- स्फटिक का, ग- रक्त चन्दन का, घ- स्वर्ण का।

प्रश्न 4-बुध की प्रतिमा किसकी बननी चाहिये?

क- ताम्र का, ख- स्फटिक का, ग- रक्त चन्दन का, घ- स्वर्ण का।

प्रश्न 5- बृहस्पति की प्रतिमा किसकी बननी चाहिये?

क- ताम्र का, ख- स्फटिक का, ग- रक्त चन्दन का, घ- स्वर्ण का।

प्रश्न 6-शुक्र की प्रतिमा किसकी बननी चाहिये?

क- ताम्र का, ख- स्फटिक का, ग- चांदी का, घ- स्वर्ण का।

प्रश्न 7- शनि की प्रतिमा किसकी बननी चाहिये?

क- लोहे का, ख- स्फटिक का, ग- रक्त चन्दन का, घ- स्वर्ण का।

प्रश्न 8- राहु की प्रतिमा किसकी बननी चाहिये?

क- ताम्र का, ख- सीसे का, ग- रक्त चन्दन का, घ- स्वर्ण का।

प्रश्न 9- केतु की प्रतिमा किसकी बननी चाहिये?

क- ताम्र का, ख- स्फटिक का, ग- रक्त चन्दन का, घ- कांसे का।

प्रश्न 10- पद्मासनः किसका स्वरूप है?

क- सूर्य का, ख- चन्द्र का, ग- मंगल का, घ- बुध का।

इस प्रकरण में आपने नवग्रह मण्डल बनाने की प्रविधि के बारे में जाना। आशा है अब आप नवग्रह मण्डल का निर्माण आप कर सकेगें।

1.5 सारांश

इस ईकाई में आपने नवग्रह मण्डल के निर्माण का विधान जाना है। वस्तुतः किसी भी प्रकार की शान्ति के लिये या पौरोहित्यिक कर्मकाण्ड के लिये नवग्रह मण्डल का निर्माण एक अत्यन्त आवश्यक अंग होता है। मण्डल का निर्माण बिना वेदी रचना के सम्भव नही है। किसी भी प्रकार के वेदी मण्डप इत्यादि के निर्माणार्थ कर्ता समतल भूमि पर सीधा खड़ा होकर अपनी दोनों भुजायें आकाश की ओर यानी ऊपर की ओर फैलायें। हाथ के अंगुलियों के छोर यानी मध्यमा अंगुलि के सबसे ऊपरी तल से पैर की अंगुलियों तक माप लेना चाहिये। उस सम्पूर्ण माप का शरांश निकालना चाहिये। शरांश का मतलब पंचमांश मानना चाहिये। यह पंचमांश एक हाथ कहलाता है। तात्पर्यार्थ यह भी निकाला जा सकता है कि हर ऊर्ध्व बाहु किये हुये व्यक्ति के पंचमाश का मान उसके हाथ से एक हाथ होता है।हस्तमान निर्धारित हो जाने के बाद उस हाथ से नापकर वेदी का निर्माण किया जाता है। वेदी निर्माण के अननतर मण्डल निर्माण का कार्य किया जाता है। इस मण्डल पर हम नवों ग्रहों को स्थान देते है। तथा उनका अर्चन करते है। इसके अलावा अन्य स्थलों पर यह भी पाया जाता है कि किसी एक ग्रह की शान्ति में उसका आकार बनाकर मुख्य पूजन किया जाता है । कहीं-कहीं पर नवग्रह मण्डल निर्माण हेतु सम्पूर्ण विधि व्यवस्थायें नही उपलब्ध हो पाती है ऐसी स्थिति में सांकेतिक रूप से आम्र पल्लवों के ऊपर या अक्षत पुंजो के ऊपर ही ग्रहों को आवाहित कर पूजित किया जाता है। कभी-कभी उतना बृहद् आयोजन नही होता या समय का अभाव होता है तो नवग्रहों का पृथक्-पृथक् नाम से आवाहन न करके केवल ध्यान कर लेते है।

ब्रह्मा मुरारी त्रिपुरान्तकारी भानुः शशी भूमिसुतो बुधश्च।
गुरुश्चशुक्रः शनिराहु केतवः सर्वे ग्रहाः शान्तिकराः भवन्तु।।

इस श्लोक से ध्यान कर और आगे का उपक्रम करते हैं।नवग्रह मण्डल के आरम्भ में सर्वप्रथम रेखा आरेख किया जाता है। रेखा आरेख करके कुल नव वर्ग बनाये जाते है। इसके लिये पूर्वा पर पांच-पांच रेखायें खीची जाती है। इस प्रकार रेखा आरेख करने से कुल नव प्रकोष्ठ बनकर तैयार हो जाता

है। इन नव प्रकोष्ठों में एक-एक प्रकोष्ठ चारो दिशाओं यानी पूर्व, पश्चिम, उत्तर, दक्षिण में तथा एक-एक प्रकोष्ठ चारो कोनांे अर्थात् अग्नि कोण, नैर्ऋत्य कोण, वायव्य कोण एवं ईशान कोण में होता है। इन सबके बीच में एक प्रकोष्ठ हो जाता है। इस प्रकार कुल नव प्रकोष्ठ बनकर तैयार हो जाता है। इन नवों प्रकोष्ठों में मध्य प्रकोष्ठ में भास्कर यानी सूर्य का स्थान होगा। पूर्व एवं दक्षिण के मध्य यानी अग्निकोण वाले प्रकोष्ठ में शशि का स्थान दिया जायेगा। दक्षिण में रक्त वर्णीय मंगल का स्थान दिया जायेगा। पूर्व एवं उत्तर के मध्य वाले यानी ईशान कोण वाले प्रकोष्ठ में बुध का स्थान होगा। उत्तर वाले प्रकोष्ठ में देव गुरू बृहस्पति का स्थान होगा। पूर्व प्रकोष्ठ में शुक्र का स्थान होगा। पश्चिम में शनि का स्थान होगा। राहु का दक्षिण एवं पश्चिम के मध्य यानी नैर्ऋत्य कोण वाले प्रकोष्ठ में तथा पश्चिम एवं उत्तर यानी वायव्य कोण में केतु नामक ग्रह का स्थान होगा। सूर्य एवं मंगल को रक्त वर्णीय बनाना चाहिये। शुक्र एवं चन्द्रमा को श्वेतवर्णीय बनाना चाहिये। बुध एवं बृहस्पति को सुवर्ण की आभा वाले वर्ण से बनाना चाहिये। राहु एवं शनि को कृष्ण वर्ण का तथा केतु को धूम्र वर्ण का बनाना चाहिये। इस प्रकार नवग्रह मण्डल का निर्माण करके पूजन करने का विधान मिलता है।

1.6 पारिभाषिक शब्दावलियां-

प्रकोष्ठ- घर या खाना, अर्चन- पूजन, हरित- हरा, कराल- विकराल, शूली- शूल धारण किये हुये, गदी- गदा लिये हुये, चर्म- ठाल, खड्ग- तलवार, सर्षप- सरसों, मण्डल- धेरा, रेखा- आरेख-रेखा खीचना, सम्भार- सामग्री, पीड़ा- कष्ट, ताम्र- तांबा, रजत- चांदी, आयस- लोहा समित्- समिधा, तिल- तिल्ली, आज्य- घृत्, ओदन- भात, यमल- जुड़वा, क्षीर- दुग्ध, पंचत्वक्- पांच पेड़ों की छालें, हिरण्य- सुवर्ण, रजत- चांदी, कांस्य- कांसा, पायस- खीर, पंचगव्य- गौ से निकले पांच पदार्थ, सप्त धान्य- सात प्रकार का अनाज, सप्तमृत्तिका- सात स्थानों की मिट्टी, श्वेत सर्षप- सफेद सरसों, अर्क- मदार, पलाश- पलाश, खदिर- खैर, गोमय- गोबर, पल्लव- वृक्ष का पत्ता, द्राक्षा- खर्जूर, अपामार्ग- चिचिड़ी, उदुम्बर- गूगल, कृसर- खिचड़ी, वृषभ- बैल, निष्क्रय- क्रय करने के लिये, व्याधि- रोग, छाग- बकरी, खड्ग- तलवार, मृद- मिट्टी, महिषी- भैंस, योजनीय- जोड़ने योग्य, वर्जनीय- त्यागने योग्य, अश्व- घोड़ा, लौह- लोहा, मुक्ताफल- मोती, विद्रुम- मूंगा, गारुत्मक- पन्ना, पुष्पक- पुखराज, वज्र- हीरा, कुलित्थ- कुलथी, रक्त- लाल, पीत- पीला, कृष्ण- काला, वर्ण- रंग, आमलक- आंवला, माष- उड़द, तंडुल- चावल, पूंगीफल- सुपारी, मुखवलोकन- मुख का अवलोकन करना, भुर्जपत्र- भोजपत्र, तण्डुल-चावल, शक्कर- देशी चीनी, चड़क- चना, मुद्ग- मूंग, श्यामक- सांवा, गोधूम- गेहूं,

कंगु- ककून, बल्मीक- चीटी का स्थान, संगंम- दो या दो से अधिक नदियों का मिलन, पद्म- कमल, कर- हाथ, वज्री- वज्र धारण करने वाला, किरीट- मुकुट, परिमाण- मात्रा ।

1.7 अभ्यास प्रश्नों के उत्तर-

पूर्व में दिये गये सभी अभ्यास प्रश्नों के उत्तर यहां दिये जा रहे हैं। आप अपने से उन प्रश्नों को हल कर लिये होगें। अब आप इस उत्तरों से अपने उत्तरों का मिलान कर लीजिये। यदि गलत हो तो उसको सही करके पुनः तैयार कर लीजिये। इससे आप इस प्रकार के समस्त प्रश्नों का उत्तर सही तरीके से दे पायेगें।

1.3.1 के अभ्यास प्रश्नों के उत्तर-

1-घ, 2-क, 3-ग, 4-ग, 5-घ, 6-घ, 7-ख, 8-ग, 9- ख, 10- क।

1.3.2 के अभ्यास प्रश्नों के उत्तर-

1-क, 2-ख, 3-ग, 4-घ, 5-ग, 6-घ, 7-क, 8-ग, 9- क 10-घ।

1.4.1 के अभ्यास प्रश्नों के उत्तर-

1-घ, 2-ख, 3-ख, 4-क, 5-क, 6-घ, 7-घ, 8-ग, 9-घ, 10-ख।

1.4.2 के अभ्यास प्रश्नों के उत्तर-

1-क, 2-ख, 3-ग, 4-घ, 5-घ, 6-ग, 7-क, 8-ख, 9- घ, 10-क ।

1.8 सन्दर्भ ग्रन्थ सूची-

1-कुण्डमण्डपसिद्धिः।

2- कुण्डार्क।

3- कुण्ड- प्रदीपः।

4-शान्ति- विधानम्।

5-संस्कार एवं शान्ति का रहस्य।

6-यजुर्वेद- संहिता।

7- ग्रह- शान्तिः।

8- कुण्ड दर्पण।

9- अनुष्ठान प्रकाश।

10- कर्मजभवव्याधि दैव चिकित्सा।

11- संस्कार-भास्करः । वीणा टीका सहिता।

12- मनोभिलषितव्रतानुवर्णनम्- भारतीय व्रत एवं अनुष्ठान।

1.9- सहायक उपयोगी पाठ्य सामग्री-

1- मुहूर्त्त चिन्तामणिः।

2- श्री काशी विश्वनाथ पंचांग।

3- पूजन विधानम्।

4- रत्न एवं रुद्राक्ष का धारण।

5- संस्कार- विधानम्।

1.10 निबंधात्मक प्रश्न-

1- नवग्रह मण्डल का परिचय दीजिये।

2- नवग्रहों के स्वरूप की प्रासंगिकता बतलाइये।

3- नवग्रहों के आकृति के बारे में आप क्या जानते है? वर्णन कीजिये।

4- नवग्रह मण्डल निर्माण में वर्ण विधान वर्णित कीजिये।

5- नवग्रह रचना प्रकार की विधि का वर्णन कीजिये।

6- ग्रहों का प्रतिमा विचार सविधि लिखिये।

7- सूर्य एवं चन्द्र के स्वरूपो का वर्णन कीजिये।

8- मंगल एवं बुध के स्वरूपों का वर्णन कीजिये।

9- गुरू एवं शुक्र के स्वरूप संबंधी श्लोकों को लिखिये।

10- शनि एवं राहु के स्वरूपों के बारे में बतलाइये।

ईकाई – 2 नवग्रह स्थापन

इकाई की संरचना

2.1 प्रस्तावना
2.2 उद्देश्य
2.3 नवग्रह
2.3.1 नवग्रहों की प्रकृति
2.3.2 नवग्रहों का स्वरूप एवं काल पुरुष से संबंध
2.4 नवग्रह स्थापन
2.4.1 वैदिक मन्त्रों से नवग्रह स्थापन
2.4.2 पौराणिक मन्त्रों से नवग्रह स्थापन
2.4.3 नाम मन्त्रों से नवग्रह स्थापन
2.4.4 तान्त्रिक मन्त्रों से नवग्रह स्थापन
2.5 सारांशः
2.6 पारिभाषिक शब्दावली
2.7 सन्दर्भ ग्रन्थ सूची
2.8 बोधप्रश्नों के उत्तर
2.9 निबन्धात्मक प्रश्न

2.1 प्रस्तावना

इस इकाई में नवग्रहों की स्थापना संबंधी प्रविधि का अध्ययन आप करने जा रहे हैं। इससे पूर्व नवग्रह मण्डल निर्माण सहित अन्य शान्ति प्रविधियों का अध्ययन आपने कर लिया होगा। कोई भी जातक यदि कोई शान्ति कराता है तो प्रायः शान्ति प्रविधियों में नवग्रहों का स्थापन करना पड़ता है। ऐसी स्थिति में नवग्रहों की स्थापना आप कैसे करेगें, इसका ज्ञान आपको इस इकाई के अध्ययन से हो जायेगा।

किसी भी पौरोहित्यिक कर्म में नवग्रहों का स्थापन प्रायः किया जाता है। '**ग्रहाधीनं जगत्सर्वं** कहते हुये आचार्यों ने बतलाया है कि ग्रहों के अधीन ही सारा संसार चलता है। इसलिये ग्रहों की कृपा व्यक्ति के ऊपर होनी आवश्यक है। मानव जीवन का सम्पूर्ण काल किसी न किसी ग्रह की दशा में व्यतीत होता है। इसलिये भी वह काल शुभ रहे इसकी अपेक्षा व्यक्ति करता है। इसके साथ -साथ ही सामान्य रूप से पौरोहित्य कर्म में भी नवग्रह मण्डल का निर्माण करके नवग्रहों का स्थापन किया जाता है। ग्रहों के नाम पर सामान्य लोगों में यही धारणा बनी रहती है कि नौ ग्रह है उनका नाम ले लो बश हो गई शान्ति। लेकिन जब आप नवग्रह मण्डल पर ग्रहों का स्थापन विधान देखेंगे तो यह स्पष्ट हो जायेगा कि नवग्रह मण्डल पर तो कुल चौवालीश 44 देवता होते है। अभी हम केवल नवग्रहों का कहां कहा स्थापन किया जाता है ? इसपर चर्चा करेगे। इन नवग्रहों का जन्मस्थान एवं गोत्रादि क्या होता है? साथ ही इससे संबंधित विविध ज्ञान की प्रप्ति आपको इस ईकाई से होगी।

इस इकाई के अध्ययन से आप नवग्रह मण्डल पर नवग्रह स्थापना करने की विधि का सम्यक् ज्ञान प्राप्त कर सकेगें। इससे संबंधित व्यक्ति का संबंधी दोषों से निवारण हो सकेगा जिससे वह अपने कार्य क्षमता का भरपूर उपयोग कर समाज एवं राष्ट्र के निर्माण में महत्वपूर्ण योगदान दे सकेगा। आपके तत्संबंधी ज्ञान के कारण ऋषियों महर्षियों का यह ज्ञान संरक्षित एवं सवंर्धित होते हुये लोकोपकारक हो सकेगा। इसके अलावा आप अन्य योगदान दें सकेगें, जैसे - कल्पसूत्रीय विधि के अनुपालन का सार्थक प्रयास करना, समाज कल्याण की भावना का विकास करना, इस विषय को वर्तमान समस्याओं के समाधान सहित वर्णन करने का प्रयास करना एवं वृहद् एवं संक्षिप्त दोनों विधियों के प्रस्तुतिकरण का प्रयास करना आदि, इस शान्ति के नाम पर समाज में व्याप्त कुरीतिओं, कुप्रथाओं, ठगी, भ्रष्टाचार, मिथ्या भ्रमादिकों का निवारण हो सकेगा।

2.2 उद्देश्य-

इस ईकाई के अध्ययन से आप नवग्रह मण्डल पर नवग्रहों के स्थापन की आवश्यकता को समझ रहे होगें। अतः इसका उद्देश्य तो वृहद् है परन्तु संक्षिप्त में इस प्रकार आप जान सकते है।

- नवग्रहों की स्थापना से समस्त कर्मकाण्ड को लोकोपकारक बनाना।
- नवग्रह स्थापन की शास्त्रीय विधि का प्रतिपादन।
- इस कर्मकाण्ड में व्याप्त अन्धविश्वास एवं भ्रान्तियों को दूर करना।
- प्राच्य विद्या की रक्षा करना।
- लोगों के कार्यक्षमता का विकास करना।
- समाज में व्याप्त कुरीतियों को दूर करना।
- संदर्भित शिक्षा के विविध तथ्यों को प्रकाश में लाना।

2.3 नवग्रह

2.3.1 नवग्रहों की प्रकृति

यह सर्व विदित है कि जब भी हम कोई शान्ति करते हैं तो नवग्रह मण्डल का निर्माण कर नवग्रहों की स्थापना अवश्य करते हैं। न केवल शान्ति अपितु यज्ञों में भी नवग्रहों की स्थापना करनी पड़ती है। नवग्रहों की स्थापना के बिना हम किसी भी अनुष्ठानिक प्रक्रिया का सम्पादन नही कर सकते इसलिये नवग्रहों का ज्ञान अति आवश्यक है। ईशाने ग्रह वेदिका कहते हुये यह बतलाया गया है कि नवग्रह वेदी का निर्माण ईशान कोण में करके नवग्रहों की स्थापना करनी चाहिये। किसी भी यज्ञ के सम्पादन में अग्नि कोण में योगिनी मण्डल, नैर्ऋत्य कोण में वास्तु मण्डल , वायव्य कोण में क्षेत्रपाल मण्डल बनाने एवं ईशान में नवग्रह मण्डल पर नवग्रह स्थापन का नियम है। नवग्रहों के रूप में सूर्य, चन्द्र, मंगल, बुध, बृहस्पति, शुक्र, शनि, राहु एवं केतु होते हैं।

इन नवग्रहों में सूर्य को सभी ग्रहों में प्रधान ग्रह माना गया है। ज्योतिष शास्त्र के अनुसार सूर्य को अखिल ब्रह्माण्ड का केन्द्र कहा गया है। इसे ब्रह्माण्ड नायक भी कहा जाता है। वेदों में सूर्य को जगदात्मा सूर्य आत्मा जगतस्तुश्च कहकर किया गया है। सूर्य सम्पूर्ण सौर मण्डल का पिता एवं ग्रहों के अधिपति के रूप में जाना जाता है। यह सृष्टि की जीवनी शक्ति एवं गति का कारक है। उपनिषदों और पुराणों में सूर्य का वर्णन सृष्टि के उत्पादन एवं हिरण्यगर्भ के रूप में मिलता है। गायत्री छन्द के उपास्य देव यही भगवान् सविता है।

दूसरे ग्रह के रूप में चन्द्रमा को जाना जाता है। चन्द्रमा मनसो जातः शुक्लयजुर्वेद के इस मन्त्र से स्पष्ट होता है कि वैदिक काल में ऋषियों ने चन्द्र का मन से घनिष्ठ संबंध प्रत्यक्ष कर लिया था।

कालान्तर में इस पर विचार करते हुये आचार्यों ने चन्द्रमा को मन के रूप में स्वीकार किया है। चन्द्रमा को ज्योतिष में कालपुरुष का मन मानते हुये व्यक्ति की मानसिकता का कारक एवं नियामक माना गया है। संक्षेपतः यह कहा जा सकता है कि बलवान चन्द्रमा स्वस्थ्य मानसिकता तथा निर्बल चन्द्रमा संकुचित मानसिकता का संसूचक होता है। व्यक्ति के जीवन में इस बात को ध्यान देने की जरूरत है कि लग्न शरीर का तथा चन्द्रमा मन का प्रतिनिधित्व करता है। शरीर ही वह क्षेत्र है जहां हम कृत कर्मों का फल भोगते है। यदि लग्न एवं चन्द्रमा दोनों ही पापग्रह से आक्रान्त हों तो दूषित मस्तिष्क चन्द्रमा की स्थिति को स्पष्ट करता है और जातक को बुरे कामों में लगाता है।

तीसरे ग्रह के रूप में मंगल की चर्चा की गयी है। ब्रह्मवैवर्त्त पुराण के अनुसार मंगल की माता का नाम पृथ्वी एवं पिता का नाम श्री विष्णु है। मंगल की उत्पत्ति भगवान विष्णु के पसीने की बूंद को पृथ्वी द्वारा धारण किये जाने के कारण मानी गयी है। वामन पुराण में वर्णन मिलता है कि भगवान् शिव के द्वारा अन्धकासुर का वध कर दिये जाने के कारण उनके शरीर से उत्पन्न पसीने से मंगल का जन्म हुआ। पद्म पुराण के अनुसार जब भगवान शंकर ने दक्ष का यज्ञ विध्वंस किया तब उनके पसीने की बूंद से वीरभद्र उत्पन्न हुये एवं उनको पृथ्वी से दूर मंगल ग्रह के रूप में रहने का आदेश प्राप्त हुआ। सभी कथानकों के अनुसार मंगल का जन्म शिव या विष्णु के पसीना को पृथ्वी द्वारा धारण करने पर माना गया है। मंगल को काल पुरुष का सत्व कहा गया है। यह अत्यधिक क्रियात्मक एवं तामसिक ग्रह है तथा व्यक्ति के शारीरिक शक्ति, क्रिया और पाश्व प्रवृत्तियों का सूचक है।

चौथे ग्रह बुध को काल पुरुष की वाणी कहा गया है। व्यक्ति के स्नायु मण्डल एवं बुद्धि पर इसका विशेष प्रभाव रहता है। वाणी एवं भावाभिव्यक्ति के कारक इस ग्रह के पाप पीड़ित होने के कारण बुद्धि एवं बोलने में गतिरोध होता है। यह सौम्य एवं नपुंसक ग्रह है। शुभग्रह के साथ शुभ एवं पाप ग्रह के साथ पापी हो जाता है। सूर्य के साथ बैठकर भी उससे आक्रान्त नही होता अपितु बुधादित्य नामक विशिष्ट कल्याणकारी योग बनाता है।

पांचवें ग्रह के रूप में बृहस्पति को माना गया है। बृहस्पति सौर मंडल का सबसे बड़ा एवं सर्वाधिक शुभग्रह है। इसे काल पुरुष के ज्ञान के रूप में स्वीकार किया गया है। ज्ञान एवं सुख का प्रधान कारक बृहस्पति को माना गया है। यह जिस भाव में उपस्थित रहता है उसके कारकत्व के लिये बाधक रहता है परन्तु इसकी दृष्टि परम शुभ मानी गयी है। यह जिस भाव को देखता है उस भाव के शुभता में वृद्धि कर देता है। ग्रहों में यह प्रधान मंत्री और आध्यात्मिक ग्रह के रूप में जाना जाता है।

छठवें ग्रह के रूप में शुक्र को स्वीकार किया गया है। शुक्र को दैत्यों का आचार्य माना गया है। शुक्रवार को देवी की उपासना हेतु अच्छा माना गया है। जातक के भौतिक व्यक्तित्व का यह प्रतीक

माना जाता है। व्यक्ति में आकर्षण का कारण शुक्र को माना गया है। ज्येतिष में शुक्र को शुभग्रह के रूप में स्वीकार किया गया है।

सातवे ग्रह के रूप में शनि का स्थान आता है। नवग्रहों में से सबसे क्रूर, कठोर एवं प्रभावशाली पापग्रह शनि को माना गया है। ऐसा नही है कि शनि सभी भावों में स्थित होने पर पाप फल ही देता है। कुछ भावों में शनि की स्थिति परम लाभप्रद भी होती है। किन्तु ऐसा अपवाद स्वरूप ही देखने में आता है। अधिकांश जातक शनि के प्रभाव से पीड़ा ही पाते है। दुष्ट, दुर्भाग्यशाली, अमंगल, हानिकारक एवं भयानक रूप वाले व्यक्ति को बोलचाल की भाषा में लोग शनिचर कह दिया करते है। इसका तात्पर्य यह है कि शनि अमंगल, हानि एवं दुर्भाग्य का प्रतीक माना जाता है। एक बात और सत्य है कि जिस प्रकार जीवन के साथ मृत्यु का संयोग अवश्यम्भावी है उसी प्रकार सृष्टि का प्रत्येक प्राणी किसी न किसी रूप में शनि से अवश्य प्रभावित होता है।

आठवें ग्रह के रूप में राहु तथा नवें ग्रह के रूप में केतु को माना गया है। पौराणिक कथाओं के अनुसार राहु एक चतुर तथा धूर्त्त राक्षस था। जो समुद्र मन्थन से निकले अमृत वितरण के समय, मोहिनी रूपधारी भगवान विष्णु के छल को उसी क्षण समझकर अमृत पान के लिये रूप बदल कर देवताओं की पंक्ति में बैठ गया था। सूर्य एवं चन्द्रमा ने भगवान विष्णु को उसके इस कृत्य के बारे में बतलाया। राहु की सत्यता का ज्ञान होने पर भगवान विष्णु ने सुदर्शन चक्र से उसके शिर को काट दिया किन्तु वह अमृत पान कर चुका था इसलिये उसकी मृत्यु नही हो पायी। फलतः वह दो रूपों में सामने आया जिसमें शिर भाग का नामकरण राहु के रूप में एवं शरीर भाग का नामकरण केतु के रूप में किया गया। इसलिये राहु को सूर्य एवं चन्द्रमा का शत्रु माना जाता है तथा ग्रहण का कारण बनता है।

इस प्रकार इस प्रकरण में आपनें नवग्रहों की प्रकृति एवं कालपुरुष से संबंध का विचार जाना । इसकी जानकारी से आप नवग्रहों बारे में आप पुष्टता से बता सकते है। अब हम संबंधित विषय को आधार बनाकर कुछ अभ्यास प्रश्न बनायेगें जिसका उत्तर आपको देना होगा। अभ्यास प्रश्न अधोलिखित है-

अभ्यास प्रश्न-

उपरोक्त विषय को पढ़कर आप अधोलिखित प्रश्नों का उत्तर दे सकते हैं। अधोलिखित प्रश्न बहु विकल्पीय है। प्रत्येक प्रश्नों में दिये गये चार विकल्पों में से कोई एक ही सही है, जिसका चयन आपको करना है-

प्रश्न 1-नवग्रहों में प्रधान ग्रह किसे माना गया है?

क-सूर्य को, ख- चन्द्रमा को, ग- मंगल को, घ- बुध को।

प्रश्न 2- नवग्रहों में आत्मा का कारक कौन हैं ?

क-सूर्य को, ख- चन्द्रमा को, ग- मंगल को, घ- बुध को।

प्रश्न 3-नवग्रहों में मन का ग्रह किसे माना गया है?

क-सूर्य को, ख- चन्द्रमा को, ग- मंगल को, घ- बुध को।

प्रश्न 4- पृथ्वी किसकी माता है?

क-सूर्य की, ख- चन्द्रमा की, ग- मंगल की, घ- बुध की।

प्रश्न 5- काल पुरुष का सत्व किसे माना गया है?

क-सूर्य को, ख- चन्द्रमा को, ग- मंगल को, घ- बुध को।

प्रश्न 6-काल पुरुष की वाणी किसे माना गया है?

क-सूर्य को, ख- चन्द्रमा को, ग- मंगल को, घ- बुध को।

प्रश्न 7-नवग्रहों में नपुंसक ग्रह किसे माना गया है?

क-सूर्य को, ख- चन्द्रमा को, ग- मंगल को, घ- बुध को।

प्रश्न 8-नवग्रहों में प्रधान मंत्री किसे माना गया है?

क-बृहस्पति को, ख- चन्द्रमा को, ग- मंगल को, घ- बुध को।

प्रश्न 9-नवग्रहों में काल पुरुष का ज्ञान किसे माना गया है ?

क-सूर्य को, ख- चन्द्रमा को, ग- मंगल को, घ- बृहस्पति को।

प्रश्न 10-नवग्रहों में दैत्याचार्य किसे माना गया है?

क-सूर्य को, ख- चन्द्रमा को, ग- शुक्र को, घ- बुध को।

इस प्रकार आपनें इस प्रकरण में नवग्रहों का परिचय प्राप्त किया। आशा आप इसे अच्छी तरह समझ गये होगें। अब हम इन नवग्रहों का स्वरूप कैसा है इसकी चर्चा अग्रिम प्रकरण में करने जा रहे है, जो इस प्रकार है-

2.3.2 नवग्रहों का स्वरूप एवं काल पुरुष से संबंध

पूर्व प्रकरण में आपने नवग्रहों की प्रकृति को जाना। अब हम इस प्रकरण में आपसे नवग्रहों के स्वरूप की चर्चा करेगें जिससे आपको आगे नवग्रहों के स्थापन को समझने में अत्यन्त सुख की अनुभूति होगी।

नवग्रहों में प्रथम ग्रह सूर्य के स्वरूप का वर्णन करते हुये कहा गया है कि सूर्य पुरुष, उग्र एवं अग्नि प्रधान ग्रह है। यह क्रूर ग्रह है। इसका वर्ण रक्त श्याम है, नेत्र शहद के समान कुछ पीला लिये हुये, दृष्टि तीक्ष्ण, अल्प केश तथा शरीर चौकोर है। उष्ण एवं तीक्ष्ण होने के कारण इसकी प्रकृति पित्त प्रधान है। सूर्य ग्रह सत्व गुणी है । इसकी दिशा पूर्व एवं स्थान देवालय है। इस ग्रह की धातु ताम्र एवं स्वर्ण है। यह क्षत्रिय वर्ण का ग्रह है। सूर्य की ऋतु ग्रीष्म एवं रत्न माणिक्य है। सूर्य उत्तरायन एवं मध्यान्ह में बली होता है। इसके अधिदेवता रुद्र एवं प्रत्यधि देवता अग्नि है। सूर्य ग्रह व्यक्ति के आत्मिक शक्ति एवं तेजस का परिचायक है। जन्म कुण्डली में पिता, नेत्र, आरोग्यता, राज्य, राजनैतिक पद, शासन, जीवनी शक्ति, क्षात्र कर्म, अधिकार, महत्वाकांक्षा, नियामक क्षमता, राजसी वैभव, यश, स्पष्टता, उष्णता, उग्रता, उत्तेजना, प्रभाव, रुचि, आत्मज्ञान, शरीर की बनावट, शिवोपासना आदि का विचार सूर्य से करने के लिये बतलाया गया है।

चन्द्रमा के स्वरूप की चर्चा करते हुये बतलाया गया है कि फलित ग्रन्थों के अनुसार इसका शरीर वर्तुल यानी गोल एवं दुर्बल, नेत्र मराल के समान सुन्दर, प्रकृति कफ वायु प्रधान, वर्ण गौर एवं मृदु वाणी है। इसे अत्यन्त चंचल, बुद्धिमान्, दयालु, कामी तथा प्रभावी वक्ता के रूप में स्वीकार किया गया है। चन्द्रमा जल तत्व प्रधान एवं स्त्री ग्रह है। चन्द्रमा तरुण, सत्वगुणी एवं वैश्य वर्ण का ग्रह है। चन्द्रमा की धातु रक्त, रस लवण, दिशा वायव्य, ऋतु वर्षा एवं मणि मोती है। यह ग्रह रात्रि बली होता है। शुक्ल पक्ष की पंचमी से कृष्णपक्ष की दशमी तक चन्द्र को पूर्ण बली माना गया है। जन्म कुण्डली में सुगन्ध, पुष्प, बुद्धि, मन, मानसिक भाव एवं संरचना, लावण्य, कान्ति, जलीय पदार्थ, चांदी, मोती, माता का दुग्ध, मासिक रजोदर्शन, आलस्य, कफ, सर्दी, दया, लता, क्रोध, अश्रु, कल्पना, चावल, कपास, सफेद वस्त्र इत्यादि का विचार चन्द्रमा नामक ग्रह से किया जाता है। रात्रि में जन्म होने पर चन्द्रमा माता का कारक तथा दिन में जन्म होने पर चन्द्रमा मौसी का कारक माना जाता है। चन्द्रमा का वाम नेत्र पर विशेष अधिकार होता है।

मंगल के स्वरूप की चर्चा करते हुये बतलाया गया है कि मंगल पुरुष, अग्नि तत्व प्रधान एवं पापग्रह है। तैजस तत्व की प्रधानता के कारण यह पित्त प्रकृति तथा उग्र बुद्धि वाला है। मंगल की दृष्टि में कूररता है। मंगल का रंग गोरापन लिये हुये लाल, केश चमकीले एवं घुंघराले, कमर पतली, कच्छ ऊंचा, दृढ़ प्रकृति तमोगुणी हिंसक, गर्वीला, उग्र किन्तु उदार तिक्त रस प्रिय एवं तरुण अवस्था वाला है। यह रात्रि बली तथा रति क्रिया में कामी माना गया है। शरीर में मज्जा भाग पर तथा हड्डियों पर विशेष रूप से इसका अधिकार है। मंगल का वर्ण क्षत्रिय, दिशा दक्षिण, ऋतु ग्रीष्म, पदार्थ कटु, रत्न मूंगा एवं इसके देवता षडानन है। जन्म कुण्डली में इस ग्रह से बल, पराक्रम, संघर्ष, युद्ध विजय,

कूररता, हिंसक अपराध, अधिकार की भावना, आतंक, धैर्य, काम वासना, कामोन्माद, मनोविकार, आवेश, ऋण, पाश्विक वृत्तियां, सेनापति, सर्जन, चोर, हत्यारा, डकैत, मिथ्याभाषण, विश्वासघात, परस्त्रीगमन, क्रोध, द्वेष, उग्र वाद विवाद, पौरुषशक्ति, महत्वाकांक्षा, कार्य निपुणता, स्वतंत्रता, भूमि, बाग, वंश, देवता, लाल पदार्थ, अग्नि, उष्णता, व्रण, शस्त्र, दुर्घटना, आग्नेयास्त्र, रक्त, घाव, रक्त जमना एवं भाइयों का विचार किया जाता है। प्रथम, चतुर्थ, अष्टम एवं द्वादश भावों में यह मांगलिक दोष कारी माना गया है जो पापग्रहों के प्रभाव के कारण जीवन में विष घोल देता है। पुत्रहीनता एवं ऋणग्रस्तता भी दूषित मंगल की ही देन है।

बुध के स्वरूप की चर्चा करते हुये बतलाया गया है कि इसका रंग नवीन दूर्वा के समान, नेत्र विशाल और आरक्त वाणी, मधुर एवं परिहासशील, त्वचा स्वस्थ्य, शरीर हृष्ट पुष्ट, प्रकृति त्रिदोष मिश्रित एवं अवस्था कुमार मानी जाती है। रजोगुणी प्रवृत्ति वाले, बुद्धिमान, स्पष्ट वक्ता, रूपवान्, आकर्षक, पृथ्वी तत्व वाला, रत्न पन्ना, ऋतु शरद और दिशा उत्तर है। इसकी दृष्टि तिरछी है अर्थात् कटाक्ष पात करने वाला है। बुध शुक्र से पराजित होता है तथा राहु दोष का शमन करने वाला है। जन्मकुण्डली में वाणी, विद्या, विवेक, बुद्धिमत्ता, गणित ज्योतिष एवं वैद्यक कलाओं में निपुणता, उपासना आदि में पटुता, भाषण चातुर्य शिल्प, चमत्कार पूर्ण भाषा विज्ञान, वाणिज्य, तर्कशास्त्र, हास्य, लेखन, गोत्र, समृद्धि, यज्ञ, विष्णु भक्ति विहार स्थल, बंधु, मामा, मित्र, दत्तक पुत्र, हरे पत्ते वाले पेड़, रत्न संशोधक आदि का विचार बुध से किया जाता है। उच्च शिक्षा, अन्तर्ज्ञान, पत्रकारिता एवं अभिचार का बुध कारक माना जाता है।

बृहस्पति के स्वरूप का वर्णन करते हुये यह पाया जाता है कि बृहस्पति सत्वगुणी, पुरुष ग्रह, बड़े स्थूल शरीर तथा उदर के स्वामी, पीत वर्ण, नेत्र एवं शिर के बाल कुछ भूरा लिये हुये, कफात्मक वाणी शंख की तरह गंभीर तथा बुद्धि श्रेष्ठ एवं धार्मिक होता है। ग्रह के गुण एवं प्रकृति के अनुसार ही जातक का रूप एवं स्वभाव होता है। विनीत, निपुण, सर्वशास्त्राधिकारी, क्षमाशील एवं प्रसन्न रहना गुरु का स्वभाव है।यह धन का प्रधान कारक ग्रह है। पाप पीड़ित या निर्बल होकर विपन्नता प्रदान करता है। जन्मकुण्डली में इससे गुर्दे, व्यक्ति की सौम्यता, धर्म आध्यात्म नैतिक मूल्यों का विचार, परमार्थिक चित्त, श्वेत या पवित्र पदार्थों का व्यवसाय, शिक्षा का क्षेत्र, धार्मिक क्षेत्रों से संबंधित कार्य एवं व्यवसाय आदि का विचार बृहस्पति से किया जाता है।

शुक्र के स्वरूप का वर्णन विशद रूप से नही ज्ञात होता है। इसके स्वरूप के बारे में पुराणों में बतलाया गया है कि तपस्वी का स्वरूप, साधना प्रिय, दैत्यों के गुरु, जटायें बढ़ी हुयी, अपने कार्य

सिद्धि हेतु दृढ़ प्रतिज्ञ एवं स्वभिमान प्रिय हैं। जन्म कुण्डली में शुक्र से सुन्दरता, भोग विलास, कला रोमांस, गीत, संगीत, चित्रकारी, मूर्तिकला, ऐश्वर्य, स्त्री सुख, सौन्दर्य प्रसाधन, घर, वाहन सुख, वीर्य, काम वासना की विशेषता या दोष, कामजनित पीड़ा, खाद्य पदार्थ, रस, विलास सामग्री से संबंधित व्यवसाय आदि विषय शुक्र के अधिकार क्षेत्र में आते है।

शनि के स्वरूप का संक्षेप में वर्णन करते हुये यह प्राप्त होता है कि नराकृति, विकराल आंखे, भयानक चेहरा, न्याय प्रिय, कुरर, हठी, कृष्ण शरीर वाला शनि का स्वरूप है। जन्म कुण्डली में तृष्णा, अभाव, दरिद्रता, परीक्षा, प्रतियोगिता, किसी भी कार्य में विलम्ब, दुख, भटकाव, धैर्य, मतिभ्रम, कष्टों की श्रृंखला, उच्च शिक्षा, गहन अध्यात्म, वैराग्य मोक्ष प्राप्ति के प्रयास, राजनीति में प्रवेश, जनता का समर्थन, घर में वृद्ध जनों से प्राप्त सुख या दुख, लोहा, कोयला, लकड़ी, तेल, आटो पार्ट्स, लौह उद्योग, वाहन उद्योग, पुरानी वस्तुओं का व्यवसाय या संग्रह आदि का विचार शनि से किया जाता है।

इसके बाद फूलों की गुथी हुयी माला चढ़ाने का विधान मिलता है।

पुष्पमालाम्-

ओं माल्यादीनि सुगन्धीनि मालत्यादीनि वै प्रभो। मयाहृतानि पुष्पाणि पूजार्थं प्रतिगृह्यताम्।।

श्री नवग्रह मण्डलस्य वास्तोष्पति क्षेत्रपाल दशदिक्पालेभ्यो नमः पुष्पमालां समर्पयामि।।

दूर्वाङ्कुरान्-

ओं दूर्वांकुरान् सुहरितानमृतान् मंगलप्रदान्। आनीतांस्तव पूजार्थं गृहाण परमेश्वर।।

श्री नवग्रह मण्डलस्य वास्तोष्पति क्षेत्रपाल दशदिक्पालेभ्यो नमः दूर्वाङ्कुरान् समर्पयामि।।

सौभाग्य सिन्दूरम्-

ओ सिन्दूरं शोभनं रक्तं सौभाग्यं सुखवर्धनम्। शुभदं कामदं चैव सिन्दूरम् प्रतिगृह्यताम्।।

श्री नवग्रह मण्डलस्य वास्तोष्पति क्षेत्रपाल दशदिक्पालेभ्यो नमः सौभाग्यसिन्दूरं समर्पयामि।

नाना परिमल द्रव्य में अबीर गुलाल, अभ्रक, मेहदी चूर्ण, हल्दी चूर्ण इत्यादि को चढ़ाया जाता है।

नानापरिमलद्रव्याणि-

ओं अबीरं च गुलालं च हरिद्रादिसमन्वितम्। नाना परिमलं द्रव्यं गृहाण परमेश्वर।।

श्री नवग्रह मण्डलस्य वास्तोष्पति क्षेत्रपाल दशदिक्पालेभ्यो नमः नानापरिमलद्रव्याणि समर्पयामि।

दिये जाने वाले नैवेद्य प्रसाद को देवता के सामने रखकर धूप एवं दीप घण्टी वादन पूर्वक देना चाहिये।

नैवेद्यं पुरतः संस्थाप्य धूपदीपौ च देयौ- घण्टीवादनपूर्वकं धूपम्-

ओं वनस्पति रसोद्भूतो गन्धाठयो गन्ध उत्तमः। आघ्रेयः सर्व देवानां धूपो अयं प्रतिगृह्यताम्।

श्री नवग्रह मण्डलस्य वास्तोष्पति क्षेत्रपाल दशदिक्पालेभ्यो नमः धूपमाघ्रापयामि।।

इसके बाद दीपक दिखाना चाहिये-

दीपम्-

ओं साज्यं च वर्तिसंयुक्तं वह्निना योजितं मया। दीपं गृहाण देवेश त्रैलोक्य तिमिरापहम्।।

श्री नवग्रह मण्डलस्य वास्तोष्पति क्षेत्रपाल दशदिक्पालेभ्यो नमः दीपं दर्शयामि।। हस्तौ प्रक्षाल्य।

दीप दिखाकर हस्त प्रक्षालन करके नैवेद्य चढ़ाना चाहिये। नैवेद्य चढ़ाकर ध्यान करके आचमनीय का जल पांच बार प्रदान किया जाता है।

नैवेद्यम् -

ओं शर्कराखण्डखाद्यादि दधिक्षीरघृतानि च। आहारं भक्ष्यभोज्यं च नैवेद्यं प्रतिगृह्यताम्।।

नैवेद्यं निवेदयामि।। नैवेद्यान्ते ध्यानम्।। ध्यानान्ते आचमनीयं जलं समर्पयामि मुद्रां च प्रदर्श्य

ओं प्राणाय स्वाहा।। ओं अपानाय स्वाहा।। ओं व्यानाय स्वाहा।। ओं उदानाय स्वाहा।। ओं समानाय स्वाहा।। आचमनीयं मध्येपानीयं उत्तरापोशनं जलं समर्पयामि। श्री नवग्रह मण्डलस्य वास्तोष्पति क्षेत्रपाल दशदिक्पालेभ्यो नमः।।

चन्दन से करोद्वर्तन करने का नियम है।

करोद्वर्तनम्-

ओं चन्दनं मलयोद्भूतं कस्तूर्यादिसमन्वितम्। करोद्वर्तनकं देव गृहाण परमेश्वर।।

चन्दनेन करोद्वर्तनं समर्पयामि।। श्री नवग्रह मण्डलस्य वास्तोष्पति क्षेत्रपाल दशदिक्पालेभ्यो नमः।।

इसके बाद फल प्रदान करते है। फल से मतलब सभी प्रकार के फलों से है। इसमें ऋतुफल एवं

अखण्डऋतुफल दोनों आता है। अखण्ड ऋतुफल का मतलब सभी ऋतुओं में पाया जाने वाला फल है।

फलानि-

ओं इदं फलं मया देव स्थापितं पुरतस्तव। तेन मे सफलावाप्तिर्भवेज्जन्मनिजन्मनि ।।

इमानि फलानि नारिकेलंच समर्पयामि।। श्री नवग्रह मण्डलस्य वास्तोष्पति क्षेत्रपाल दशदिक्पालेभ्यो नमः।।

इसके बाद ताम्बूल पत्र लवंग इलायची के साथ मुख सुगन्धी के लिये समर्पित करना चाहिये।

ताम्बूलपत्रं लवंग एलादिकं च-

ओं पूंगीफलं महद्दिव्यं नागवल्लीदलैर्युतम्। एलादिचूर्ण संयुक्तं ताम्बूलं प्रतिगृह्यताम्।।

मुखवासार्थे पूंगीफलताम्बूलपत्रं लवंग एलादिकंच समर्पयामि श्री नवग्रह मण्डलस्य वास्तोष्पति क्षेत्रपाल दशदिक्पालेभ्यो नमः।।

इसके अनन्तर पूजनीय द्रव्यों में कोई कमी रह गयी हो तो उस कमी को पूरा करने के लिये दक्षिणा चढ़ाने का विधान है।

ततो द्रव्यदक्षिणा-

ओं हिरण्यगर्भ गर्भस्थं हेमबीजं विभावसोः। अनन्तपुण्यफलदमतः शान्तिं प्रयच्छ मे।।

कृतायाः पूजायाः सादुण्यार्थे द्रव्यदक्षिणां समर्पयामि।। श्री नवग्रह मण्डलस्य वास्तोष्पति क्षेत्रपाल दशदिक्पालेभ्यो नमः।। इसके बाद आरती करना चाहिये।

आरार्तिक्यम् -

कदली गर्भ सम्भूतं कर्पूरं तु प्रदीपितम्। आरार्तिक्यमहं कुर्वे पश्य मे वरदो भव।।

कर्पूरनीराजनं समर्पयामि।। श्री नवग्रह मण्डलस्य वास्तोष्पति क्षेत्रपाल दशदिक्पालेभ्यो नमः।।

तदनन्तर हाथ में पुष्प लेकर पुष्पांजलि देना चाहिये-

मन्त्रपुष्पांजलिः-

ॐ नाना सुगन्धपुष्पाणि यथाकालोद्भवानिच। पुष्पांजलिर्मया दत्तं गृहाण परमेश्वर।।

मन्त्रपुष्पांजलिं समर्पयामि।। श्री नवग्रह मण्डलस्य वास्तोष्पति क्षेत्रपाल दशदिक्पालेभ्यो नमः।।

प्रदक्षिणा-

ॐ यानि कानि च पापानि जन्मान्तरकृतानि च। तानि सर्वाणि नश्यन्तु प्रदक्षिण पदेपदे। प्रदक्षिणापूर्वक नमस्कारान् समर्पयामि श्री नवग्रह मण्डलस्य वास्तोष्पति क्षेत्रपाल दशदिक्पालेभ्यो नमः।।

हस्ते जलमादाय अनया पूजया वास्तोष्पति क्षेत्रपाल दशदिक्पाल देवता प्रीयन्तां न मम।।

इस प्रकार से आपने पौराणिक मन्त्रों से वास्तोष्पति क्षेत्रपाल दशदिक्पालदेवता के पूजन का विधान जाना। इसकी जानकारी से आप नवग्रहों के साथ वास्तोष्पति क्षेत्रपाल देवता का पूजन दशदिक्पालों सहित करा सकते है। अब हम संबंधित विषय को आधार बनाकर कुछ अभ्यास प्रश्न बनायेगें जिसका उत्तर आपको देना होगा। अभ्यास प्रश्न अधोलिखित है-

अभ्यास प्रश्न-

उपरोक्त विषय को पढ़कर आप अधोलिखित प्रश्नों का उत्तर दे सकते हैं। अधोलिखित प्रश्न बहु विकल्पीय है। प्रत्येक प्रश्नों में दिये गये चार विकल्पों में से कोई एक ही सही है, जिसका चयन आपको करना है-

प्रश्न 1- अनेक रत्न संयुक्तं मन्त्र से क्या समर्पित करते है?

क- आसन, ख- पंचामृत, ग- पुष्पमाला, घ- नाना परिमल द्रव्य।

प्रश्न 2- पयो दधि घृतं चैव मन्त्र से क्या समर्पित करते है?

क- आसन, ख- पंचामृत, ग- पुष्पमाला, घ- नाना परिमल द्रव्य।

प्रश्न 3- माल्यादीनि मन्त्र से क्या समर्पित करते है?

क- आसन, ख- पंचामृत, ग- पुष्पमाला, घ- नाना परिमल द्रव्य।

प्रश्न 4- अबीरं च गुलालं च मन्त्र से क्या समर्पित करते है?

क- आसन, ख- पंचामृत, ग- पुष्पमाला, घ- नाना परिमल द्रव्य।

प्रश्न 5- वनस्पति रसो मन्त्र से क्या समर्पित करते है?

क- धूप, ख- पंचामृत, ग- पुष्पमाला, घ- नाना परिमल द्रव्य।

प्रश्न 6-साज्यं च मन्त्र से क्या समर्पित करते है?

क- आसन, ख- दीप, ग- पुष्पमाला, घ- नाना परिमल द्रव्य।

प्रश्न 7- शर्कराखण्ड मन्त्र से क्या समर्पित करते है?

क- आसन, ख- पंचामृत, ग- नैवेद्य, घ- नाना परिमल द्रव्य।

प्रश्न 8- पूंगीफल महद्दिव्यं मन्त्र से क्या समर्पित करते है?

क- आसन, ख- पंचामृत, ग- पुष्पमाला, घ- ताम्बूल।

प्रश्न 9- इदं फलं मन्त्र से क्या समर्पित करते है?

क- आसन, ख- फल, ग- पुष्पमाला, घ- नाना परिमल द्रव्य।

प्रश्न 10- नाना सुगन्धि मन्त्र से क्या समर्पित करते है?

क- आसन, ख- पंचामृत, ग- पुष्पांजलि, घ- नाना परिमल द्रव्य।

इस प्रकार आपने इस प्रकरण में वास्तोष्पति क्षेत्रपाल देवता एवं दशदिक्पालों को पौराणिक मन्त्रों से पूजन का ज्ञान प्राप्त किया । आशा है आप इसे अच्छी तरह समझ गये होगें। अब हम वास्तोष्पति क्षेत्रपाल देवता एवं दशदिक्पालों का पूजन नाम मन्त्र की विधि से कैसे किया जाता है इसकी चर्चा अग्रिम प्रकरण में करने जा रहे है।

4.4.6 वास्तोष्पति क्षेत्रपाल एवं दशदिक्पालों का नाम मन्त्र की विधि से पूजन-

अब आप वास्तोष्पति क्षेत्रपाल एवं दशदिक्पालों का नाम मन्त्र की विधि से पूजन का विधान देखेगें।

आसनम्- पूजन में सर्वप्रथम आवाहन किया जाता है जो आप देख चुके है। आवाहन के अनन्तर आसन दिया जाता है। आसन हेतु हाथ में अक्षत लेकर दिये नाम मन्त्र को पढ़ते हैं और अधिदेवता, प्रत्यधि देवता एवं पंचलोकपालों के ऊपर अक्षत छोड़ते है।

श्री नवग्रह मण्डलस्य वास्तोष्पति क्षेत्रपाल दशदिक्पालेभ्यो नमः आसनार्थे अक्षतान् समर्पयामि।।

पाद्यं अर्घ्यं आचमनीयं जलम्- आसन के बाद पाद्य, अर्घ्य एवं आचमन का जल चढ़ाया जाता है। इसमें पाद्य अर्थात् पाद प्रक्षालनार्थ जल इस मन्त्र को पढ़कर दें।

श्री नवग्रह मण्डलस्य वास्तोष्पति क्षेत्रपाल दशदिक्पालेभ्यो नमः पादयोः पाद्यं समर्पयामि।।

हस्त प्रक्षालनार्थ अर्घ्य का जल इस श्लोक से देना चाहिये-

श्री नवग्रह मण्डलस्य वास्तोष्पति क्षेत्रपाल दशदिक्पालेभ्यो नमः अर्घ्यार्थे जलं समर्पयामि।।

मुख प्रक्षालन हेतु आचमनीय का जल इस प्रकार देना चाहिये-

श्री नवग्रह मण्डलस्य वास्तोष्पति क्षेत्रपाल दशदिक्पालेभ्यो नमः आचमनीयं जलं समर्पयामि।।

स्नान हेतु स्नानीय जल इस मन्त्र से देना चाहिये-

श्री नवग्रह मण्डलस्य वास्तोष्पति क्षेत्रपाल दशदिक्पालेभ्यो नमः स्नानीयं जलं समर्पयामि।।

पुनः आचमन का जल इस प्रकार चढ़ाना चाहिये।

श्री नवग्रह मण्डलस्य वास्तोष्पति क्षेत्रपाल दशदिक्पालेभ्यो नमः पुनराचमनीयानि समर्पयामि।।

अब दूध, दही, घी, शहद एवं शक्कर को एक में मिलाकर पंचामृत बनाया जाता है। इससे स्नान कराया जाता है। कहीं-कहीं पृथक्- पृथक् स्नान भी कराया जाता है। आचार्य याज्ञवल्क्य के अनुसार प्रत्येक स्नान में आचमनीय जल देना अति आवश्यक है

पंचामृतस्नानम्-

श्री नवग्रह मण्डलस्य वास्तोष्पति क्षेत्रपाल दशदिक्पालेभ्यो नमः पंचामृतस्नानं समर्पयामि।। आचमनीयं जलं समर्पयामि।।

पंचामृत स्नान के बाद शुद्धोदक स्नान जल से कराया जाता है।

ततः शुद्धोदकस्नानम्-

शुद्धोदकस्नानं समर्पयामि श्री नवग्रह मण्डलस्य वास्तोष्पति क्षेत्रपाल दशदिक्पालेभ्यो नमः ।। स्नानान्ते आचमनीयं जलं समर्पयामि।।

स्नान के अनन्तर वस्त्र चढ़ाया जाता है। वस्त्र में पुरुष देवता के लिये पुरुष वस्त्र एवं स्त्री देवता के लिये स्त्री वस्त्र चढ़ाया जाता है। इसके अभाव में मांगलिक सूत्र ही चढ़ा दिया जाता है।

वस्त्रम्-

श्री नवग्रह मण्डलस्य अधिदेवता प्रत्यधि देवता पंचलोकपालेभ्यो नमः वस्त्रं समर्पयामि वस्त्रान्ते आचमनीयं जलं समर्पयामि।।

वस्त्र के अनन्तर आचमनीय जल चढ़ाकर यज्ञोपवीत चढ़ाया जाता है।

यज्ञोपवीतम्-

श्री नवग्रह मण्डलस्य वास्तोष्पति क्षेत्रपाल दशदिक्पालेभ्यो नमः यज्ञोपवीतं समर्पयामि तदन्ते आचमनीयं जलं समर्पयामि।।

उपवस्त्र का मतलब होता है उत्तरीय वस्त्र। उत्तरीय वस्त्र हेतु जो आवश्यक उपवस्त्र हो उसे चढ़ाना चाहिये या रक्षा सूत्र चढ़ाना चाहिये।

उपवस्त्रम्-

श्री नवग्रह मण्डलस्य वास्तोष्पति क्षेत्रपाल दशदिक्पालेभ्यो नमः उपवस्त्रं समर्पयामि उपवस्त्रान्ते आचमनीयं जलं समर्पयामि।।

उवपस्त्र के अनन्तर चन्दन को गन्ध के रूप में चढ़ते है। चन्दन के अभाव में रोली भी चढ़ा सकते है।

गन्धम्-

श्री नवग्रह मण्डलस्य वास्तोष्पति क्षेत्रपाल दशदिक्पालेभ्यो नमः गन्धं समर्पयामि।

गन्ध के बाद अक्षत चढ़ाने का विधान है।

अक्षतान्-

श्री नवग्रह मण्डलस्य वास्तोष्पति क्षेत्रपाल दशदिक्पालेभ्यो नमः अक्षतान् समर्पयामि।।

इसके बाद फूलों की गुथी हुयी माला चढ़ाने का विधान मिलता है।

पुष्पमालाम्-

श्री नवग्रह मण्डलस्य वास्तोष्पति क्षेत्रपाल दशदिक्पालेभ्यो नमः पुष्पमालां समर्पयामि।।

दूर्वाङ्कुरान्-

श्री नवग्रह मण्डलस्य अधिदेवता प्रत्यधि देवता पंचलोकपालेभ्यो नमः दूर्वाङ्कुरान् समर्पयामि।।

सौभाग्य सिन्दूरम्-

श्री नवग्रह मण्डलस्य वास्तोष्पति क्षेत्रपाल दशदिक्पालेभ्यो नमः सौभाग्यसिन्दूरं समर्पयामि।

नाना परिमल द्रव्य में अबीर गुलाल, अभ्रक, मेहदी चूर्ण, हल्दी चूर्ण इत्यादि को चढ़ाया जाता है।

नानापरिमलद्रव्याणि-

श्री नवग्रह मण्डलस्य वास्तोष्पति क्षेत्रपाल दशदिक्पालेभ्यो नमः नानापरिमलद्रव्याणि समर्पयामि।

दिये जाने वाले नैवेद्य प्रसाद को देवता के सामने रखकर धूप एवं दीप घण्टी वादन पूर्वक देना चाहिये।

नैवेद्यं पुरतः संस्थाप्य धूपदीपौ च देयौ- घण्टीवादनपूर्वकं धूपम्-

श्री नवग्रह मण्डलस्य वास्तोष्पति क्षेत्रपाल दशदिक्पालेभ्यो नमः धूपमाघ्रापयामि।।

इसके बाद दीपक दिखाना चाहिये-

दीपम्-

श्री नवग्रह मण्डलस्य वास्तोष्पति क्षेत्रपाल दशदिक्पालेभ्यो नमः दीपं दर्शयामि।। हस्तौ प्रक्षाल्य।

दीप दिखाकर हस्त प्रक्षालन करके नैवेद्य चढ़ाना चाहिये। नैवेद्य चढ़ाकर ध्यान करके आचमनीय का जल पांच बार प्रदान किया जाता है।

नैवेद्यम् -

नैवेद्यं निवेदयामि।। नैवेद्यान्ते ध्यानम्।। ध्यानान्ते आचमनीयं जलं समर्पयामि मुद्रां च प्रदर्श्य

ओं प्राणाय स्वाहा।। ओं अपानाय स्वाहा।। ओं व्यानाय स्वाहा।। ओं उदानाय स्वाहा।। ओं समानाय स्वाहा।। आचमनीयं मध्येपानीयं उत्तरापोशनं जलं समर्पयामि। श्री नवग्रह मण्डलस्य वास्तोष्पति क्षेत्रपाल दशदिक्पालेभ्यो नमः ।।

चन्दन से करोद्वर्तन करने का नियम है।

करोद्वर्तनम्-

चन्दनेन करोद्वर्तनं समर्पयामि।। श्री नवग्रह मण्डलस्य वास्तोष्पति क्षेत्रपाल दशदिक्पालेभ्यो नमः ।।

इसके बाद फल प्रदान करते है। फल से मतलब सभी प्रकार के फलों से है। इसमें ऋतुफल एवं अखण्ड ऋतुफल दोनों आता है। अखण्ड ऋतुफल का मतलब सभी ऋतुओं में पाया जाने वाला फल है।

फलानि-

इमानि फलानि नारिकेलंच समर्पयामि।। श्री नवग्रह मण्डलस्य वास्तोष्पति क्षेत्रपाल दशदिक्पालेभ्यो नमः ।।

इसके बाद ताम्बूल पत्र लवंग इलायची के साथ मुख सुगन्धी के लिये समर्पित करना चाहिये।

ताम्बूलपत्रं लवंग एलादिकंच-

मुखवासार्थे पूंगीफलताम्बूलपत्रं लवंग एलादिकंच समर्पयामि श्री नवग्रह मण्डलस्य वास्तोष्पति क्षेत्रपाल दशदिक्पालेभ्यो नमः ।।

इसके अनन्तर पूजनीय द्रव्यों में कोई कमी रह गयी हो तो उस कमी को पूरा करने के लिये दक्षिणा चढ़ाने का विधान है।

ततो द्रव्यदक्षिणा-

कृतायाः पूजायाः साद्गुण्यार्थे द्रव्यदक्षिणां समर्पयामि।। श्री नवग्रह मण्डलस्य वास्तोष्पति क्षेत्रपाल दशदिक्पालेभ्यो नमः ।। इसके बाद आरती करना चाहिये।

आरार्तिक्यम् -

कर्पूरनीराजनं समर्पयामि।। श्री नवग्रह मण्डलस्य वास्तोष्पति क्षेत्रपाल दशदिक्पालेभ्यो नमः ।।

तदनन्तर हाथ में पुष्प लेकर पुष्पांजलि देना चाहिये-

मन्त्रपुष्पांजलिः-

मन्त्रपुष्पांजलिं समर्पयामि।। श्री नवग्रह मण्डलस्य वास्तोष्पति क्षेत्रपाल दशदिक्पालेभ्यो नमः ।।

प्रदक्षिणा-

प्रदक्षिणापूर्वक नमस्कारान् समर्पयामि श्री नवग्रह मण्डलस्य वास्तोष्पति क्षेत्रपाल दशदिक्पालेभ्यो नमः ।।

हस्ते जलमादाय अनया पूजया वास्तोष्पति क्षेत्रपाल दशदिक्पालाः प्रीयन्तां न मम।।

इस प्रकार से आपने नाम मन्त्रों से वास्तोष्पति क्षेत्रपाल एवं दशदिक्पालों के पूजन का विधान जाना। इसकी जानकारी से आप नवग्रहों के साथ वास्तोष्पति क्षेत्रपाल एवं दशदिक्पालों का पूजन करा सकते है। अब हम संबंधित विषय को आधार बनाकर कुछ अभ्यास प्रश्न बनायेगें जिसका उत्तर आपको देना होगा। अभ्यास प्रश्न अधोलिखित है-

अभ्यास प्रश्न-

उपरोक्त विषय को पढ़कर आप अधोलिखित प्रश्नों का उत्तर दे सकते हैं। अधोलिखित प्रश्न बहु विकल्पीय है। प्रत्येक प्रश्नों में दिये गये चार विकल्पों में से कोई एक ही सही है, जिसका चयन आपको करना है-

प्रश्न 1- आसनं समर्पयामि मन्त्र से क्या समर्पित करते है?

क- आसन, ख- पंचामृत, ग- पुष्पमाला, घ- नाना परिमल द्रव्य।

प्रश्न 2- पंचामृतं समर्पयामि मन्त्र से क्या समर्पित करते है?

क- आसन, ख- पंचामृत, ग- पुष्पमाला, घ- नाना परिमल द्रव्य।

प्रश्न 3- पुष्पमालां समर्पयामि मन्त्र से क्या समर्पित करते है?

क- आसन, ख- पंचामृत, ग- पुष्पमाला, घ- नाना परिमल द्रव्य।

प्रश्न 4- नाना परिमलद्रव्याणि मन्त्र से क्या समर्पित करते है?

क- आसन, ख- पंचामृत, ग- पुष्पमाला, घ- नाना परिमल द्रव्य।

प्रश्न 5- धूपं आघ्रापयामि मन्त्र से क्या समर्पित करते है?

क- धूप, ख- पंचामृत, ग- पुष्पमाला, घ- नाना परिमल द्रव्य।

प्रश्न 6-दीपं दर्शयामि मन्त्र से क्या समर्पित करते है?

क- आसन, ख- दीप, ग- पुष्पमाला, घ- नाना परिमल द्रव्य।

प्रश्न 7- नैवेद्यं निवेदयामि मन्त्र से क्या समर्पित करते है?

क- आसन, ख- पंचामृत, ग- नैवेद्य, घ- नाना परिमल द्रव्य।

प्रश्न 8- ताम्बूल पत्राणि मन्त्र से क्या समर्पित करते है?

क- आसन, ख- पंचामृत, ग- पुष्पमाला, घ- ताम्बूल।

प्रश्न 9- इमानि फलानि मन्त्र से क्या समर्पित करते है?

क- आसन, ख- फल, ग- पुष्पमाला, घ- नाना परिमल द्रव्य।

प्रश्न 10- मन्त्र पुष्पांजलि मन्त्र से क्या समर्पित करते है?

क- आसन, ख- पंचामृत, ग- पुष्पांजलि, घ- नाना परिमल द्रव्य।

इस प्रकार आपनें इस प्रकरण में वास्तोष्पति क्षेत्रपाल एवं दशदिक्पालों का पूजन नाम मन्त्र की विधि से जाना । आशा है आप इसे अच्छी तरह समझ गये होंगे। अब हम इसका सारांश वर्णित करने जा रहे है।

4.5 सारांश

इस ईकाई में आपने नवग्रह मण्डल पर वास्तोष्पति क्षेत्रपाल एवं दशदिक्पालों के स्थापन का विधान जाना है। वस्तुतः किसी भी प्रकार की शान्ति के लिये या कर्मकाण्ड के लिये नवग्रह मण्डल का निर्माण करके नवग्रहों की स्थापना करके पूजन करते हैं। क्येंकि बिना स्थापना के वह ग्रह या

देवता वहां आकर विराजमान नही होता जिसकी हम पूजा करना चाहते है। इसलिये स्थापन जानना आवश्यक है और पूजन भी जानना अति आवश्यक है।

इस ईकाई में यह बात स्पष्ट की गयी की प्रत्येक ग्रहमण्डल पर वास्तोष्पति, क्षेत्रपाल एवं दशदिक्पालों का आवाहन किया जाता है तथा उनका पूजन किया जाता है। वास्तोष्पति एवं क्षेत्रपाल को अंग देवता के रूप में नवग्रह मण्डल पर स्थान दिया जाता है। इसके अनन्तर नवग्रह मण्डल पर दश दिक्पालों को स्थापित किया जाता है। इसको समझने के लिये दश दिक्पाल को विच्छेदित करने पर तीन भागों में उसका विभाजन देखने को मिलता है जो दश, दिक् और पाल है। दश का अर्थ दश संख्या, दिक् का अर्थ दिशायें एवं पाल का अर्थ है पालने वाला अर्थात् दशों दिशाओं से हमारा पालन करने वाला दश दिक्पाल कहलाता है। अब प्रश्न उठता है कि ये दशा दिशायें कौन है? क्योंकि चार दिशा पूर्व, पश्चिम, उत्तर एवं दक्षिण को तो हम जानते है। हम यह भी जानते है कि चार विदिशा यानी अग्नि कोण, नैर्ऋत्य कोण, वायव्य कोण एवं ईशान कोण है। लेकिन फिर कुल मिलाकर आठ ही हुआ। अभी दो और दिशायें बाकी हैं जिन्हे ऊपर और नीचे के रूप में जानते हैं। एक प्रश्न और यहां खड़ा होता है कि ऊपर और नीचे दो दिशायें हैं तो उनके स्वामिओं को नवग्रह मण्डल पर कैसे दिखाया जायेगा। इसका उत्तर देते हुये बतलाया गया है पूर्व एवं ईशान के बीच में आकाश का स्थान एवं नैर्ऋत्य पश्चिम के बीच में पाताल का स्थान नवग्रह मण्डल पर होता है । इस प्रकार उनके स्वामिओं को वहां दिखाया जा सकता है। अब क्रंमशः दिशाओं के अधिपतियों का नाम इस प्रकार जाना जा सकता है।

इन्द्रोवह्निपितृपतिनैर्ऋतोवरुणोमरुत्। कुबेरईशोब्रह्मा च अनन्तो दश दिक्पतिः।।

इसको यदि और सपष्ट किया जाय तो इस प्रकार कहा जा सकता है। पूर्व दिशा का स्वामी इन्द्र है। अग्नि कोण का स्वामी अग्नि है। दक्षिण दिशा का स्वामी यम है। नैर्ऋत्य कोण का स्वामी निर्ऋति है। पश्चिम दिशा का स्वामी वरुण है। वायव्य कोण का स्वामी वायु है। उत्तर दिशा का स्वामी कुबेर है। ईशान कोण का स्वामी ईशान है। पूर्व एवं ईशान के बीच का स्वामी ब्रह्मा है तथा पश्चिम एवं नैर्ऋत्य के बीच का स्वामी अनन्त है । इस प्रकार इनका आवाहन किया जाता है। जिसे वैदिक मन्त्रों द्वारा आवाहन, पौराणिक मन्त्रों द्वारा आवाहन एवं नाम मन्त्रों द्वारा आवाहन के रूप में जाना जाता है। न केवल आवाहन स्थापन अपितु इनका पूजन भी तीन ही विधाओं में बांटा गया है जिन्हे वैदिक मन्त्रों द्वारा, पौराणिक मन्त्रों द्वारा एवं नाम मन्त्रों द्वारा बतलाया गया है।

4.6 पारिभाषिक शब्दावलियां-

भू शैया- भूमि की शैया, शूलपाणिन- हाथ मे त्रिशूल वाला, सुरपति- देवताओं के स्वामी, शतयज्ञाधिप- सौ यज्ञों के स्वामी, त्रिपाद- तीन पैरों वाला, सप्तहस्त- सात हाथों वाला, द्विमूर्धा- दो शिर, द्विनासिका- दो नाक, षण्नेत्र- छः आखें, चतुः श्रोत्र- चार कान, महिष-भैस, दण्डहस्त- हाथ में दण्ड, सर्वप्रेताधिप- सभी प्रेतों के स्वामी, नीलविग्रह- नीला शरीर, नरारूढ़- मनुष्य पर सवार, वरप्रद- वर देने वाला, जलेश- जल का स्वामी, प्रतीचीशं- पश्चिम दिशा का स्वामी, मनोजव- मन के समान गति करने वाला, महातेज- अत्यन्त तेज से समन्वित, धनद- धन देने वाला, यक्षपूजित- यक्षों से पूजित, दिव्यदेह- दिव्य शरीर, नरयान- मनुष्य का यान, सर्वाधिप- सभी का राजा, अव्यय- जो व्यय न हो, अभयप्रद- अभय देने वाले, पद्मयोनि- कमल से उत्पन्न, चतुर्मुर्ति- चार मुख, सर्वनागानामधिप- सभी नागों के स्वामी, दिक्- दिशायें, पाल- रक्षक, वरेण्य- श्रेष्ठ, विश्वजित- विश्व को जीतने वाला, अर्चक- अर्चा करने वाला, समर्पयामि- समर्पित करता हूं, दर्शयामि- दिखाता हूं, निवेदयामि- निवेदन करता हूं, आघ्रापयामि- सुघाता हूं, पाद्य- पैर प्रक्षालित करने हेतु जल, आराम- बागीचा, मुद्रा- जो प्रसन्न कर दे, द्रवित कर दे, पितृपति- पितरों के स्वामी, मरुत्- वायु, , सर्षप- सरसों, दिवाकर- सूर्य, गजेन्द्र- हाथियों का स्वामी, लम्बोदर- लम्बा उदर, जम्बू- जामुन, चारु- सुन्दर, भव- होवो, पराभव- हार, विभव- धन-सम्पदा।

4.7अभ्यास प्रश्नों के उत्तर-

पूर्व में दिये गये सभी अभ्यास प्रश्नों के उत्तर यहां दिये जा रहे हैं। आप अपने से उन प्रश्नों को हल कर लिये होगें। अब आप इन उत्तरों से अपने उत्तरों का मिलान कर लीजिये। यदि गलत हो तो उसको सही करके पुनः तैयार कर लीजिये। इससे आप इस प्रकार के समस्त प्रश्नों का उत्तर सही तरीके से दे पायेगें।

4.3.1 के अभ्यास प्रश्नों के उत्तर-

1-ख, 2-ख, 3-क, 4-ग, 5-घ, 6-ख, 7-क, 8-ग, 9-क, 10-ग।

4.3.2 के अभ्यास प्रश्नों के उत्तर-

1-क, 2-ख, 3-ग, 4-घ, 5-क, 6-ख, 7-ग, 8-घ, 9- ग, 10-ख।

4.4.1 के अभ्यास प्रश्नों के उत्तर-

1-क, 2-ख, 3-ग, 4-ध, 5-क, 6-ख, 7-ग, 8-घ, 9-ग, 10-क।

4.4.2 के अभ्यास प्रश्नों के उत्तर-

1-क, 2-ख, 3-ग, 4-घ, 5-क, 6-ख, 7-ग, 8-घ, 9-ग, 10-क ।

4.4.3 के अभ्यास प्रश्नों के उत्तर-

1-क, 2-ख, 3-ग, 4-घ, 5-क, 6-ख, 7-ग, 8-घ, 9-ग, 10-क।

4.4.4 के अभ्यास प्रश्नों के उत्तर-

1-क, 2-ख, 3-ग, 4-घ, 5-क, 6-ख, 7-ग, 8-घ, 9-ख, 10-ग।

4.4.5 के अभ्यास प्रश्नों के उत्तर-

1-क, 2-ख, 3-ग, 4-घ, 5-क, 6-ख, 7-ग, 8-घ, 9-ख, 10-ग।

4.4.6 के अभ्यास प्रश्नों के उत्तर-

1-क, 2-ख, 3-ग, 4-घ, 5-क, 6-ख, 7-ग, 8-घ, 9-ख, 10-ग।

4.8 सन्दर्भ ग्रन्थ सूची-

1-दान मयूख।

2-प्रतिष्ठा मयूख।

3-बृहद् ब्रह्म नित्य कर्म समुच्चय।

4- शान्ति- विधानम्।

5-आह्निक सूत्रावलिः।

6-उत्सर्ग मयूख।

7- कर्मजव्याधिदैवी चिकित्सा।

8- फलदीपिका

9- अनुष्ठान प्रकाश।

10- सर्व देव प्रतिष्ठा प्रकाशः।

11- संस्कार-भास्करः । वीणा टीका सहिता।

12- मनोभिलषितव्रतानुवर्णनम्- भारतीय व्रत एवं अनुष्ठान।

13- संस्कार एवं शान्ति का रहस्य।

4.9- सहायक उपयोगी पाठ्य सामग्री-

1- पूजन विधानम्।

2- श्री काशी विश्वनाथ पंचांग।

3- भारतीय रत्न सिद्धान्त।

4- याज्ञवल्क्य स्मृतिः।

5- संस्कार- विधानम्।

4.10 निबंधात्मक प्रश्न-

1- क्षेत्रपाल एवं वास्तोष्पति देवताओं का परिचय दीजिये।

2- इन्द्र दिक्पाल का स्वरूप बतलाइये।

3- वास्तोष्पतिदेवता स्थापन की वैदिक विधि बतलाइये।

4- क्षेत्रपाल देवता स्थापन की पौराणिक विधि वर्णित कीजिये।

5- दशदिक्कपाल स्थापन की नाम मन्त्र की विधि का वर्णन कीजिये।

6- क्षेत्रपाल का वैदिक मन्त्रों से पूजन सविधि लिखिये।

7- प्रत्यधि देवताओं का पौराणिक मन्त्रों से पूजन लिखिये।

8- दश दिक्पालों का पूजन नाम मन्त्रों से लिखिये।

9- यम दिक्पाल के स्वरूप का वर्णन कीजिये।

10- वरुण दिक्पाल के स्वरूप का वर्णन कीजिये।

ईकाई – 5 असंख्यातरुद्र स्थापन, पूजन एवं नवग्रह स्तोत्र पाठ

इकाई की रूपरेखा

5.1 प्रस्तावना

इस इकाई में असंख्यात रुद्र स्थापन पूजन एवं नवग्रह स्तोत्र पाठ संबंधी प्रविधियों का अध्ययन आप करने जा रहे है । इससे पूर्व नवग्रह स्थापन सहित अधिदेवता, प्रत्यधि देवता एवं पंचलोकपाल, वास्तोष्पति, क्षेत्रपाल, दश दिक्पाल आदि के आवाहन पूजन सहित अन्य शान्ति प्रविधियों का अध्ययन आपने कर लिया है। कोई भी व्यक्ति यदि कोई शान्ति कराता है तो प्रायः शान्ति प्रविधियों में नवग्रहों का स्थापन एवं अधिदेवता, प्रत्यधि देवता एवं पंचलोकपाल, वास्तोष्पति, क्षेत्रपाल, दश दिक्पालों का आवाहन पूजन करना पड़ता है। लेकिन इसके अलावा नवग्रह मण्डल के नजदीक ही असंख्यात रुद्र का स्थापन भी करना ही पड़ता है। ऐसी स्थिति में असंख्यात रुद्र का स्थापन , आवाहन एवं पूजन आप कैसे करेगें, इसका ज्ञान आपको इस इकाई के अध्ययन से हो जायेगा।

प्रायः कर्मकाण्डीय प्रक्रियाओं में नवग्रहों का स्थापन किया जाता है। ग्रह स्थापन के नाम पर सामान्य लोगों में यही धारणा बनी रहती है कि नौ ग्रह है उनका नाम लिया जाता है। लेकिन जब आप नवग्रह मण्डल पर ग्रहों का स्थापन विधान देखेंगे तो यह स्पष्ट हो जायेगा कि नवग्रहों के अलावा उनके अधि देवता, प्रत्यधि देवता एवं पंचलोकपालों सहित वास्तोष्पति, क्षेत्रपाल एवं दशदिक्पाल का भी आवाहन स्थापन करना पड़ता है इनके अभाव में नवग्रह मण्डल के देवताओं का पूजन हो ही नही पाता क्योकि मण्डल पर तो कुल चौवालीश 44 देवता होते है। अभी हम केवल नवग्रहों का तथा अधिदेवता, प्रत्यधि देवता एवं पंचलोकपाल, वास्तोष्पति, दिक्पाल का कहां -कहा स्थापन किया जाता है ? इसको हमने जाना है। लेकिन अब असंख्यात रुद्र का आवाहन, स्थापन कहां-कहां होता है? कैसे किया जाता है? पूजन की विधि क्या है इस पर विचार करेंगें। इस प्रकार इस ईकाई के अध्ययन से आपको संबंधित समस्त विषयों का ज्ञान प्राप्त हो सकेगा।

इस इकाई के अध्ययन से आप नवग्रह मण्डल पर पूजन सहित असंख्यात रुद्र का आवाहन एवं पूजन करने की विधि का एवं नवग्रह स्तोत्र पाठ का सम्यक् ज्ञान प्राप्त कर सकेगें। इससे अंग सहित नवग्रहों के स्थापन का ज्ञान हो जायेगा जिसका प्रयोग आप संबंधित व्यक्ति के दोषों से निवारण में कर सकेगें जिससे वह अपने कार्य क्षमता का भरपूर उपयोग कर समाज एवं राष्ट्र के निर्माण में महत्वपूर्ण योगदान दे सकेगा। आपके तत्संबंधी ज्ञान के कारण ऋषियों महर्षियों का यह ज्ञान संरक्षित एवं सवंर्धित होते हुये लोकोपकारक हो सकेगा।

5.2 उद्देश्य-

इस ईकाई के प्रस्तावना में बताये विषयों का अध्ययन करने के बाद आपको यह पूर्णतया बोध हो गया होगा कि नवग्रहों के साथ-साथ असंख्यात रुद्र के स्थापन पूजन संबंधी ज्ञान की परम आवश्यकता है जो आपको इस ईकाई के अध्ययन से प्राप्त हो सकेगी। अतः इसका उद्देश्य तो वृहद् है परन्तु संक्षिप्त में इस प्रकार आप जान सकते है।

- असंख्यात रुद्र के आवाहन एवं पूजन से समस्त कर्मकाण्ड को लोकोपकारक बनाना।

- असंख्यत रुद्र के आवाहन एवं पूजन की शास्त्रीय विधि का प्रतिपादन।

- इस कर्मकाण्ड में व्याप्त अन्धविश्वास एवं भ्रान्तियों को दूर करना।

- प्राच्य विद्या की रक्षा करना।

- लोगों के कार्यक्षमता का विकास करना।

- समाज में व्याप्त कुरीतियों को दूर करना।

- संदर्भित शिक्षा के विविध तथ्यों को प्रकाश में लाना।

5.3 असंख्यात रुद्र का परिचय एवं नवग्रह स्तोत्र पाठ विधि का महत्त्व

5.3.1 असंख्यात रुद्र का परिचय

रुतं हरति पापात् न्यवारयति स रुद्रः के अनुसार रोगों का जो हरण करे और पापों का जो निवारण करता है उसे रुद्र कहते है। रुद्र को भगवान शंकर के रूप में जाना जाता है। कल्याण करने वाले को शिव कहते है। श्रीरामचरितमानस के रचयिता गोस्वामी तुलसीदास जी तो मानस में लिखते हैं **भाभिहि मेटि सकहि त्रिपुरारी** । अर्थात् दुर्भाग्य को मिटाने में यदि कोई समर्थ है तो वह केवल भगवान शंकर है। शंकर में शं शब्द का अर्थ लोगों ने शान्ति या शुभ बतलाया है। जो शान्ति करे या जो शुभ करे उसे शंकर कहते है। उन्ही का एक स्वरूप है जिन्हे असंख्यात रुद्र के रूप में जाना जाता है। बिना असंख्यात रुद्र की पूजा के कोई भी यज्ञ पूर्ण नही होता है इसलिये समस्त याज्ञिक प्रविधियों

में असंख्यात रुद्र की स्थापना एवं पूजा करनी पड़ती है। इसके पीछे एक घटना है जिसका वर्णन करना मैं यहां उचित समझता हूं।

एक बार दक्ष जी को राजा घोषित किया गया। राजा घोषित होने के बाद दक्ष को राज मद हो गया। अब उन्होने कहा कि सबसे बड़ा मै हूं । मुझसे बड़े केवल ब्रह्मा जी है और विष्णु जी है। शंकर जी तो अपने दामाद है इसलिये वो तो हमारे आशीर्वाद के पात्र है। एक बार प्रजापतियों एवं देवताओं का सम्मेलन हुआ। उसमें समस्त देवता गण पधारे। सबसे अन्त में दक्ष प्रजापति उस सभा में आये। उस सभा में सभी देवताओं ने दक्ष प्रजापति का खड़ा होकर के स्वागत किया लेकिन भगवान भोलेनाथ न ही खड़े होकर उनका स्वागत किया न ही उनको प्रणाम किया। क्योकि वे तो देवों में देव महादेव जो ठहरे। भगवान शंकर अपने ध्यान में लीन थे लेकिन दक्ष ने सोचा कि इस शंकर ने खडा़ न होकर हमारा अपमान किया है। सभा समाप्त हुई। सभी अपने-अपने स्थान को चले गये। कुछ दिनों के पश्चात् प्रजापति दक्ष ने एक बहुत बड़ा यज्ञ करने का निर्णय किया। लेकिन उस यज्ञ में भगवान शंकर को निमंत्रित न करने की प्रतिज्ञा किया। यज्ञ प्रारम्भ हुआ। सभी देवगण सपत्नीक आकाश मार्ग से उस यज्ञ में भाग लेने हेतु जाने लगे। भगवती सती ने पूछा कि आज क्या बात है भगवन् आकाश मार्ग से बहुत विमान जा रहे है। भगवान शिन ने कहा कि तुम्हारे पिता दक्ष जी यज्ञ कर रहें हैं। उस यज्ञ में भाग लेने के लिये ये सभी देवगण जा रहे है। उन्होने कहा, अरे हमारे पिता यज्ञ कर रहे हैं। और हमें उन्होने निमंत्रण तक भी नही भेजा है। शंकर जी ने कहा कि एक बार उनकी सभा मे मैं उठकर खड़ा नही हुआ जिसके कारण वे हमसे नाराज हो गये और उसी कारण तुमसे भी नाराज होकर के निमंत्रण नही दिया होगा। सती ने कहा यदि ऐसी बात है तो आप मुझे आज्ञा दीजिये मैं अपने पिता के यज्ञ में जाऊंगी। भगवान शिव ने कहा कि बिना निमंत्रण के देवि उस यज्ञ में जाना ठीक नही है इसलिये तुम उस यज्ञ में मत जाओ। सती ने कहा कि पिता के घर में बिना आमंत्रण के भी जाने में कोई दोष नही है। भगवान शिव ने कहा-

तदपि विरोध मान जह कोई। तहां गये कल्यान न होई ।

जहां जाने पर विरोध माना जाय वहां जाने से कल्याण नही होता है। इसलिये तुम्हारे पिता का वह घर अवश्य है लेकिन विरोध माने जाने के कारण वहां नही जाना चाहिये। सती ने भगवान शिव की बात नही माना और वह उस यज्ञ में चली गयी। भगवान शिव ने उनके साथ अपने गणों भूत, प्रेत गणों को रक्षार्थ लगा दिया। उस यज्ञ में भगवान शिव का स्थान न देखकर सती अत्यन्त क्रोधित हो गयी और उस यज्ञ में योग बल से अपने शरीर का अन्त कर लिया। फलतः वह यज्ञ विध्वंस हो गया। तबसे ब्रह्मा जी ने घोषणा किया कि बिना भगवान शिव की स्थापना के कोई भी यज्ञ पूर्ण नही हो

सकेगा। इसीलिये सभी यज्ञों में जहॉं नवग्रह वेदी की स्थापना की जाती है उसके उत्तर में असंख्यात रुद्र की स्थापना होती ही है चाहे वह यज्ञ कोई भी हो। असंख्यात रुद्र की स्थापना हेतु अधोलिखित मन्त्र वेद से लिया जाता है।

असंख्याता सहस्राणि ये रुद्रा अधिभूम्याम्। तेषा गुं सहस्र योजनेव धन्वानि तन्मसि।।

असंख्यात रुद्र में रुद्र के असंख्य स्वरूपों का अर्चन एवं वंदन किया जाता है। वैसे रुद्र से ग्यारह संख्या को समझा जाता है।

इस प्रकार से आपने असंख्यात रुद्र का परिचय जाना। इसकी जानकारी से आप नवग्रहों के साथ असंख्यात रुद्र के ज्ञान को जान सकते है। अब हम संबंधित विषय को आधार बनाकर कुछ अभ्यास प्रश्न बनायेगें जिसका उत्तर आपको देना होगा। अभ्यास प्रश्न अधोलिखित है-

अभ्यास प्रश्न-

उपरोक्त विषय को पढ़कर आप अधोलिखित प्रश्नों का उत्तर दे सकते हैं। अधोलिखित प्रश्न बहु विकल्पीय है। प्रत्येक प्रश्नों में दिये गये चार विकल्पों में से कोई एक ही सही है, जिसका चयन आपको करना है-

प्रश्न 1- रोगों का जो हरण करे वह क्या है?

क- रुद्र, ख- शिव , ग- शंकर, घ- महादेव ।

प्रश्न 2- कल्याण करने वाले को क्या कहते है?

क- रुद्र, ख- शिव , ग- शंकर, घ- महादेव।

प्रश्न 3- शुभ करने वाले को क्या कहा जाता है?

क- रुद्र, ख- शिव , ग- शंकर, घ- महादेव।

प्रश्न 4- देवों में देव को क्या कहा जाता है?

क- रुद्र, ख- शिव , ग- शंकर, घ- महादेव।

प्रश्न 5- असंख्याता मन्त्र के देवता है?

क- रुद्र, ख- अंग देवता, ग- अधि देवता, घ- वास्तोष्पति देवता।

प्रश्न 6- एक बार प्रजापतियों में राजा कौन बना?

क- रुद्र, ख- दक्ष , ग- अधि देवता, घ- प्रत्यधि देवता।

प्रश्न 7- भूत प्रेत गणों के साथ कौन रहता है?

क- रुद्र, ख- ब्रह्मा, ग- विष्णु, घ- इन्द्र।

प्रश्न 8- शिव के मना करने पर भी पिता के यज्ञ में कौन गयीं?

क- सती, ख- सावित्री, ग- सीता, घ- राधा।

प्रश्न 9- ग्रहों के उत्तर में कौन रहता है?

क- रुद्र, ख- ब्रह्मा , ग- विष्णु, घ- इन्द्र।

प्रश्न 10- रुद्र का अर्थ कितना है?

क- 11, ख-12, ग-13, घ-14।

5.3.2 नवग्रह स्तोत्र का महत्त्व -

ग्रहाधीना नरेन्द्राणामुच्छ्रायाः पतनानि च।
भावाभावौ च जगतस्तस्मात्पूज्यतमा ग्रहाः।।
ग्रहाणामादित्यमातिथ्यं कुर्यात्संवत्सरादपि।
आरोग्यबलसंपन्नो जीवेत्स शरदः शतम्।।

उपरोक्त श्लोक याज्ञवल्क्य स्मृति के आचारध्याय के ग्रह शान्ति प्रकरण से लिया गया है। इस श्लोक में कहा गया है कि राजाओं का उत्थान एवं पतन ग्रहों के आधीन होता है। जगत् का भाव या अभाव यानी संसार का अस्तित्व एवं विनाश ग्रहों के आधीन होता है। इसलिये ये ग्रह पूज्यतम है। अर्थात् ग्रहों का पूजन अवश्य करना चाहिये। कहा गया है कि संवत्सर यानी वर्ष में एक बार भी ग्रहों का अर्चन किया जाय तो व्यक्ति आरोग्य एवं बल से संपन्न हो जाता है और सौ शरद ऋतु तक जीता है। अब प्रश्न उठता है कि क्या पूजा किये जाने पर ये ग्रह मान जाते है? या स्तोत्र पाठ करने पर क्या ये ग्रह मान जाते है? इस सन्दर्भ में याज्ञवल्क्य स्मृति के आचारध्याय का 307 वां श्लोक देना उचित समझता हूं जो इस प्रकार है-

यश्च यस्य यदा दुःस्थ स तं यत्नेन पूजयेत्। ब्रह्मणैषां वरो दत्तः पूजिताः पूजयिष्यथ।।

अर्थात् ब्रह्मा जी ने वर दिया है कि जिस व्यक्ति के लिये जो प्रतिकूल हो उस उस ग्रह की विधिपूर्वक पूजा करें। और पूजित सभी ग्रहों का दायित्व है कि पूजक को सुखी एवं प्रसन्न रखे। वैसे ग्रहों की आराधना किसी भी प्रकार की इच्छा रखने वाले को करनी चाहिये। चाहे वह श्री यानी लक्ष्मी का कामना हो, चाहे शान्ति की कामना हो, चाहे वृष्टि, आयु एवं पुष्टि की कामना हो तथा अभिचार संबंधी कामना भी क्यों न हो सभी के लिये ग्रहों की अर्चना करनी चाहिये। ग्रहों के रूप में सूर्य, चन्द्र, मंगल, बुध, बृहस्पति, शुक्र, शनि, राहु एवं केतु को माना गया है। इनकी संख्या नव होने के कारण इन्हें नवग्रह के रूप में स्वीकार किया जाता है।

5.4 नवग्रहों का मानव जीवन से सम्बन्ध

मानव जीवन का ऐसा कोई क्रिया कलाप नही होगा जिसका संबंध नवग्रहों से नही होगा। अर्थात् समस्त क्रिया कलापों से ग्रहों का संबंध है। इसको जान लेने से मानव जीवन का ग्रहों से संबंध ज्ञात हो जायेगा। मानव जीवन के सम्पूर्ण क्रिया कलापों को बारह भावों में बाटा गया है। जिन्हे प्रथम, द्वितीय, तृतीय, चतुर्थ आदि भावों के रूप में जाना जाता है। प्रत्येक भाव में स्थित अंक उसके अधिपति ग्रह के बारे में बताता है जिसका प्रयोग फलादेश में किया जाता है। फलदीपिका नामक ग्रन्थ के दूसरे अध्याय में बताया गया है कि तांबा, सोना, पिता, शुभ फल, धैर्य, शौर्य, युद्ध में विजय, आत्मा, सुख, प्रताप, राजसेवा, शक्ति, प्रकाश, भगवान शिव संबंधी कार्य, वन या पहाड़ में यात्रा, होम कार्य में प्रवृत्ति, देवस्थान, तीक्ष्णता, उत्साह आदि का विचार सूर्य से करना चाहिये। माता का कुशल, चित्त की प्रसन्नता, समुद्र सनन, सफेद चवर, छत्र, सुन्दर पंखे, फल, पुष्प, मुलायम वस्तु, खेती, अन्न, कीर्ति, मोती, चांदी, कांसा, दूध, मधुर पदार्थ, वस्त्र, जल, गाय, स्त्री प्राप्ति, सुखपूर्वक भोजन, सुन्दरता का विचार चन्द्रमा से किया जाता है। सत्व, पृथ्वी से उत्पन्न होने वाले पदार्थ, भाई बहनों के गुण, क्रूरता, रण, साहस, विद्वेष, रसोंई की अग्नि, सोना, ज्ञाति यानी दायाद, अस्त्र, चोर, उत्साह, दूसरे पुरुष की स्त्री में रति, मिथ्या भाषण, वीर्य, चित्त की समुन्नति, कालुष्य, व्रण, चोट, सेनाधिपत्य आदि का विचार मंगल से करना चाहिये। पाण्डित्य, अच्छी वाक् शक्ति, कला, निपुणता, विद्वानों द्वारा स्तुति, मामा, वाक् चातुर्य, उपासना आदि में पटुता, विद्या में बुद्धि का योग, यज्ञ, भगवान, विष्णु संबंधी धार्मिक कार्य, सत्य वचन, सीप, विहार स्थल, शिल्प, बन्धु, युवराज, मित्र, भानजा, भानजी आदि का विचार बुध से किया जाता है। ज्ञान, अच्छे गुण, पुत्र, मंत्री, अच्छा आचार या अपना आचरण, आचार्यत्व, माहात्म्य, श्रुति, शास्त्र स्मृति का ज्ञान, सबकी उन्नति, सद्गति,

देवताओं और ब्राह्मणों की भक्ति, यज्ञ, तपस्या, श्रद्धा, खजाना , विद्वत्ता, जितेन्द्रियता, सम्मान, दया आदि का विचार बृहस्पति से करना चाहिये। स्त्री के लिये पति का विचार भी बृहस्पति से किया जाना चाहिये। सम्पत्ति, सवारी, वस्त्र, निधि यानी जमीन के अन्दर गड़ा हुआ या संग्रह किया हुआ द्रव्य, नाचाने, गाने एवं बाद्य बजाने का योग,सुगंधित पुष्प, रति, शैया और उससे संबंधित व्यापार, मकान, धनिक होना, वैभव, कविता का सुख, विलास, मंत्रित्व, सरस उक्ति, विवाह या अन्य शुभ कर्म, उत्सव आदि का विचार शुक्र से करना चाहिये। पुरुष के लिये स्त्री सुख का विचार शुक्र से किया जा सकता है। यह कहा जा सकता है कि पति का विचार बृहस्पति से तथा स्त्री का विचार शुक्र से करना चाहिये। आयु, मरण, भय, पतन, अपमान, विमारी, दुख, दरिद्रता, बदनामी, पाप, मजदूरी, अपवित्रता, निन्दा, आपत्ति, कलुषता, मरने का सूतक, स्थिरता, नीच व्यक्तियों का आश्रय, भैंस, तन्द्रा, कर्जा, लोहे की वस्तु, नौकरी, दासता, जेल जाना, गिरफ्तार होना, खेती के साधन आदि का विचार शनि से करना चाहिये।

5.5 सारांशः

इस इकाई में असंख्यात रूद्र एवं नवग्रह स्तोत्र पाठ का विवेचन किया गया है । कर्मकाण्ड की पद्धति में इन दोनों विषयों का विशेष महत्व है । अत: पाठक गण इन विषयों का अध्ययन इस इकाई में करेंगे और आशा है कि आपलोग इन विषयों का ज्ञान प्राप्त कर लाभान्वित होंगे ।

5.6 पारिभाषिक शब्दावली

असंख्यात रूद्र

नवग्रह

नवग्रह स्तोत्र

5.7 सन्दर्भ ग्रन्थ सूची

1-दान मयूख।

2-प्रतिष्ठा मयूख।

3-बृहद् ब्रह्म नित्य कर्म समुच्चय।

4- शान्ति- विधानम्।

5-आह्निक सूत्रावलिः।

6-उत्सर्ग मयूख।

7- कर्मजव्याधिदैवी चिकित्सा।

8- फलदीपिका

9- अनुष्ठान प्रकाश।

10- सर्व देव प्रतिष्ठा प्रकाशः।

5.8 बोधप्रश्नों के उत्तर

इकाईयों का अध्ययन कर पाठक बोध प्रश्नों का उत्तर समझे।

5.9 निबन्धात्मक प्रश्न

1. असंख्यात् रूद्र से आप क्या समझते है। विस्तार से वर्णन कीजिये।
2. नवग्रह स्तोत्र पाठ का विस्तार से उल्लेख कीजिये।

बी0ए0 कर्मकाण्ड
तृतीय वर्ष
प्रथम पत्र
स्तोत्र पाठ एवं होम विधि

खण्ड – 1

सूक्त पाठ

इकाई-1 पुरूष सूक्त

इकाई की रुप रेखा

1. 1 प्रस्तावना

कर्मकाण्ड से सम्बन्धित खण्ड-1 की यह पहली इकाई है इस इकाई के अध्ययन से आप बता सकते है कि **'पुरूष सूक्त'** का प्रयोजन क्या है इसकी उत्पति किस प्रकार से हुई है? इसकी उत्पति अनादि काल से हुई है। तथा इसी सूक्त के माध्यम से आज सनातन धर्म की रक्षा हो रही है ।

सभी सूक्तों में **'पुरूषसूक्त'** श्रेष्ठ माना गया है। इसका सम्बन्ध सृष्टि सृजन से जुड़ा हुआ है। इसमें सोलह ऋचाएँ हैं, जो भगवान् नारायण के सृष्टि सृजन के स्वरूप को लेकर इससे जुड़ी हुई हैं। इन सोलह ऋचाओं से ही देवता के षोड़शोपचार पूजन हैं। पूजन के प्रत्येक उपचार के साथ पुरूषसूक्त की एक एक ऋचा जुड़ी है। इसके भावार्थ से ही सृष्टि सृजन का बोध होता है। इसके प्रथम मन्त्र में ही सहस्त्र शिरो से भाव है समस्त ब्रह्माण्ड जिसका अंश अस विश्व मृत्युलोक में समसत प्राणियों से जुड़ा हुआ है।यह स्वरूप हजारों नेत्र, हाथ पैर, अन्द्रिय होने से विराट् स्वरूप में प्रत्यक्ष है, जीवन में प्रत्यक्ष इसका आविर्भाव होता है। जीव का अंत हो जाने पर इसका तिरोभाव होताहै। इससे परब्रह्म महानारायण परमात्मा का व्यक्त और अव्यक्त निराकार और साकार रूप प्रकट होता है, जो अनंत स्वरूप है, जिसकी हजारों मूर्तियाँ है, जिसके हजारों पाँव, आँखें भुजाएँ हैं वह अच्युत पुरूष कोटियुगों से विद्यमान है। वस्तुतः वही सृष्टि का सृजन तत्त्व रूप में विद्यमान है। उस पुरूषोत्तम पुरूष को हम बार-बार नमस्कार करते हैं।

1.2 उद्देश्य

इस इकाई के अध्ययन के पश्चात आप वेदशास्त्र से वर्णित पुरूष सूक्त का अध्ययन करेंगे।

1. पुरूष सूक्त के विषय में आप परिचित होंगे-
2. पुरूष सूक्त के सोलह मन्त्रों के विषय में आप परिचित होंगे
3. चारों वर्णों के उत्पत्ति के विषय में आप परिचित होंगे
4. पुरूष सूक्त के पन्द्रहवें मन्त्र के विषय में आप परिचित होंगे
5. पुरूष सूक्त के सोलहवें मन्त्र के विषय में आप परिचित होंगे

1.3 वर्ण विषय : पुरूष सूक्त

सहस्त्राशीर्षा पुरूषः सहस्त्राकक्षः सहस्त्रपात् ।
सभूमि गं सर्व्वतस्पृत्त्वात्त्यतिष्ठद्दशांगुलम् ।। 1 ।।

हे मनुष्यों! जिस पूर्ण परामात्मा में हम मनुष्य आदि के असंख्य शिर, आँखे और पैर आदि अवयव है जो भूमि आदि से उपलक्षित हुए पाँच स्थूल और पाँच सूक्ष्म भूतों से युक्त जगत् को अपनी सत्ता से पूर्ण कर जहाँ जगत नहीं वहाँ भी पूर्ण हो रहा है।

पुरूषऽएवेदः गूँ सर्वंय्यद भूतँ य्यच्चभाव्व्यम्।

उतामृतत्त्वस्येशानों यदन्नेनातिरोहति।। 2 ।।

वह विराट पुरूष ही भूतत, भविष्य और वर्तमान है, वही ''अमृतत्वस्य ईशानः'' अर्थात अमरता का स्वामी है।यत् अन्नेन अतिरोहति अर्थात् जो अन्न से बढ़ता है। अन्न का अर्थ प्राण भी है।

एतावानस्य महिमातो ज्ज्यायाँश्च्च पूरुषः।

पदोस्य व्विश्श्वाभूतानि त्रिपादस्यामृतन्दिवि ।। 3 ।।

इस विराट की इतनी महिमा है कि उससे भी बढ़कर व परूष महिमा वाला है इसके एक पादस्वरूप यह समस्त चराचर जगत है और तीन पादस्वरूप अमृतत्व दिव्य लोभ है।

त्रिपादूर्ध्वऽउदैत्पुरूषः पादोस्येहाभवत्पुनः।

ततो व्विष्ष्वङ्व्यक्रामत्साशनानशनेऽअभि ।। 4 ।।

यह पूर्वोक्त परमेश्वर कार्यजगत् से पृथक तीन अंश से प्रकाशित हुआ एक अंश अपने सामर्थ्य से सब जगत को बार बार उत्पन्न करता है, पीछे उस चराचर जगत् में व्याप्त होकर स्थित है। अर्थात् अनशन और अशन की सृष्टि में शासन के अन्तर्गत जगत जिसमें अन्नादि सृष्टि के प्राणी एवं अनशन अर्थात दिव्यलोक के प्राणी निवास करते है।

ततो व्विराडजायत व्विराजोऽअधिपूरूषः।

सजातो ऽअत्त्यरिच्च्यतपश्च्चाद्भूमिमथो पुरः ।। 5 ।।

परमेश्वर ही से सब समष्टिरूप जगत् उत्पनन होता है, वह उस जगत् से पृथक् उसमें व्याप्त भी हुआ, उसके दोषों से लिप्त न होकर इस सबका अधिष्ठाता है। इस प्रकार सामान्य रूप से जगत की रचना का वर्णन कर विशेषकर भूमि आदि की रचना को क्रम से कहते है।

तस्म्माद्द्यज्ञात्त्सर्व्वहुतः सम्भृतम्पृषदाज्ज्यम्।

पशूँस्ताँश्चक्क्रे व्वयव्व्यानारण्ण्या ग्राम्म्याश्च ये ।। 6 ।।

जिस सबका गहण करने योग्य, पूजनीय परमेश्वर ने सब जगत के हित के लिए दही आदि भोग्य पदार्थो ओर ग्राम के तथा वन के पशु बनायें है उसकी सब लोग उपासना करो।

तस्म्माद्यज्ञात्त्सर्व्वहुतऽऋचः सामानि जज्ञिरे।

छन्दाःगं सिजज्ञिरे तस्म्माद्द्यजुस्त्स्म्मादजायत ।। 7 ।।

हे मनुष्यां! तुम को चाहिए कि उस पूर्ण अत्यन्त पूजनीय जिसके अर्थ सब लोग समस्त पदार्थों को देते या समर्पण करते है उस परमात्मा से ऋग्वेद, सामवेद उत्पन हुआ; उस परमात्मा से अथर्ववेद उत्पन्न हुआ और उस पुरूष से यजुर्वेद उत्पन्न होता है और उस वेद को पढ़ो और उसकी आज्ञा के अनुकूल वर्त्त के सुखी होओ।

तस्म्मादश्श्वाऽअजायन्त ये के चोभयादतः

गावो हे जज्ञिरे तस्म्मात्तस्म्माज्जाताऽअजावयः ।। 8 ।।

हे मनुष्यों! तुम को घोड़े तथा जो कोई गदहा आदि दोनों, ओर ऊपर नीचे दाँतों वाले हैं वे

उस परमेश्वर से उत्पन्न हुए उसी से गौवें या अन्य भी एक ओर दाँत वाले जीव निश्चय करके उत्पन्न हुए हैं, इस प्रकार कहना चाहिए।

तँय्यज्ञम्बर्हिषि प्प्रौक्षन्नपुरूषंजातमग्रतः।

तेन देवाऽअयजन्त साद्ध्याऽऋषयश्च्च ये ।। 9 ।।

विद्वान मनुष्यों को चाहिए कि सृष्टिकर्त्ता ईश्वर का योगाभ्यासादि से सदा हृदयरूप अवकाश में ध्यान और पूजन किया करे।

यत्त्पुरूषँ व्व्यदधुः कतिधा व्व्यकल्प्पयन्।

मुखंकिमस्यासीत्त्किम्बाहू किमूरू पदाऽउच्च्येते ।। 10 ।।

हे विद्वानों! आप जिस पूर्ण परमेश्वर को विविध प्रकार से धारण करते हो उसको कितने प्रकार से विशेषकर कहते हैं और इस ईश्वर की सृष्टि में मुख के समान श्रेष्ठ कौन है? भुजबल को धारण करने वाला कौन है? उरू अर्थात् घोंटू के कार्य करने वाले कौन है और पाँव के समान तुच्छ कौन कहे जाते हैं?

ब्राह्मणोस्य मुखमासीद्बाहू राजन्नयः कृतः।

ऊरू तदस्य यद्वैश्श्यः पद्भ्याम् गं शूद्द्रोऽ अजायत ।। 11 ।।

हे जिज्ञासु लोगो! तुम उस ईश्वर की सृष्टि में वेद व ईश्वर का ज्ञाता इनका सेवक या उपासक मुख के तुल्य उत्तम ब्राह्मण है। भुजाओं के तुल्य बल पराक्रमयुक्त राजन्य (क्षत्रिय) है। ऊरू अर्थात् जंघाओं के तुल्य वेगादि से काम करने वाला अथवा व्यापारविद्या में प्रवीण वैश्य है। सेवा और अभिमान से रहित होने से शूद्र उत्पन्न हुआ है।

चन्द्रमा मनसो जातश्च्चक्षोः सूर्य्योऽ अजायत।

श्रोत्त्राद्वायुश्च्च प्प्राणश्च्च मुखादग्निरजायत ।। 12 ।।

जो यह सब जगत् कारण ईश्वर ने उत्पन्न किया है उसमें चन्द्रलोक मनरूप, सूर्यलोक नेत्ररूप वायु और प्राण श्रोत्र के तुल्य, मुख के तुल्य अग्नि औषधि और वनस्पति रोमों के तुल्य नदी नाड़ियों के तुल्य और पर्वतादि हड्डी के तुल्य है ऐसा जानना चाहिए।

नाब्भ्याऽ आसीदन्तरिक्षः गं शीर्ष्णो द्यौः समवर्त्तत।

पद्भ्याम्भूमिर्द्दिशः श्रोत्त्रात्तथा लोकां ऽअकल्प्पयन् ।। 13 ।।

हे मनुष्यों! जो जो इस सृष्टि में कार्यरूप वस्तु है वह सब विराटरूप कार्यकारण का अवयवरूप है, ऐसा जानना चाहिए।

यत्त्पुरूषेण हविषा देवा यज्ञमतन्न्वत।

व्वसन्तो स्यासी दाज्जयङ्ग्रीष्ष्मऽइध्ध्मः शरद्धविः ।। 14 ।।

जब ब्राह्य सामग्री के अभाव में विद्वान् लोग सृष्किर्त्ता ईश्वर की उपासनारूप मानस ज्ञानयज्ञ को विस्तृत करें तब पूर्वाह्ण आदि काल ही साधनरूप से कल्पना करना चाहिए।

सप्तास्यासन्परिधयस्त्रिः सप्तसमिधकृताः।

देवा यद्यज्ञन्तन्नवानाऽ अबध्नन्पुरूषम्पशुम् ।। 15 ।।

हे मनुष्यों! जिस मानस ज्ञानयज्ञ को विस्तृत करते हुए विद्वान लोग जानने योग्य परमात्मा को हृदय में बांधते है। इस यज्ञ के सात गायत्री आदि छन्द चारों ओर से सूत के सात लपेटों (परिधि) के समान है। इक्कीस अर्थात् प्रकृति, महत्तत्त्व, अहंकार, पाँच सूक्ष्मभूत, पाँच स्थूलभूत, पाँच ज्ञानेन्द्रिय और सत्व, रजस् तीन गुण ये सामग्री रूप किये उस यज्ञ को अथावत् जानो। इस विशेषताओं वाले पुरूष को यज्ञ विस्तार है उसकी पशुता को समाप्त करने के लिए बाँधा अर्थात् यज्ञ वेदी पर आहूत किया।

यज्ञेन यज्ञमयजनत देवास्त्तानि धर्म्माण प्प्रथमान्यासन्।

तेहनाकम्महिमान» सचन्त यत्रपूर्व्वे साद्ध्याः सन्ति देवाः ।। 16 ।।

हे मनुष्यों! जो विद्वान् लोग पूर्वोक्त ज्ञानयज्ञ से पूजनीय सर्वरक्षक अग्निवत् तेजस्वि ईश्वर की पूजा करते है, वे ईश्वर की पूजा आदि धारणरूप धर्म अनादि रूप से मुख्य है, वे विद्वान् महत्व से युक्त हुए जिस मुख में इस समय से पूव साधनों को किये हुए प्रकाशमान विद्वान् है उस सब दुःखरहित मुक्तिसुख को ही प्रापत होते है, उसको तुमलोग भी प्राप्त होवोगे।

1.4 सारांश

कर्मकाण्ड से सम्बन्धित खण्ड-1 की यह पहली इकाई है इस इकाई के अध्ययन से आप पुरूष सूक्त के सोलह मन्त्रों का अध्ययन किया है इन सोलह मन्त्रों में **'सहस्त्रशीर्ष'** शब्द अनन्त द्युलोक से युक्त उस महाविराट्पुरुष का द्योतक है। उस महाविराट् से ही इस क्षुद्र विराट् की उत्पत्ति होती है। उस महान् विराट् पुरूष के रोम-रोम से अनन्त भूः भुवः एवं स्वर्लोकों से समन्वित अगणित ब्रह्माण्ड वर्तमान रहते हैं। वह चतुष्पात् पूर्ण पुरूष एकपाद से अगणित ग्रह्माण्डों के रूप में विकसित रहता है। उसे ही महानारायण विष्णु रूप में कहा गया है। सहस्त्रशीर्षा पुरूष चतुष्पात् पूर्ण पुरूष है। वह अपने एक पाद से अगणित विश्व ब्रह्माण्डों के रूप में विकसित हुआ। वह अन्तर्यामी रूप में सन्निविष्ट रहताहै। इसे कोटी महनारायण या विष्णु कहकर पुकारते हैं। वह ज्यायमान है। पुराणों में इसे ही शेष अथवा अनन्त कहते हैं।

इस इकाई को पढ़ने के बाद आप जान चुके है कि समस्त वेदादि शास्त्रों में नित्य और नैमित्तिक कर्मो को मानव के लिये परम धर्म और परम कर्तव्य कहा है। संसार में सभी मनुष्यों पर तीन प्रकार के ऋण होते हैं-देव-ऋण, पितृ-ऋण और मनुष्य(ऋषी)ऋण। नित्य कर्म करने से मनुष्य तीनों ऋणों से मुक्त हो जाता है इस लिये मनुष्य अपने ऋणों से मुक्त होने के लिये कर्मकाण्ड का अध्ययन करता है तथा अपने जीवन में इसको पालन करता है। क्योंकि अपने ऋणों से मुक्त कर्मकाण्ड के माध्यम से ही होसकता है और उसके पास दूसरा कोई रास्ता नही है। इस लिये कर्मकाण्ड का ज्ञान अत्यन्त

आवश्यक है।

1.5 शब्दावली

शब्द	अर्थ
सहस्त्र	हजारों
शीर्षा	शिर
पुरूषः	पुरुष
सहस्त्राक्षः	हजारो नेत्र वाले
सहस्त्रपात्	हजारो पैर वाले
महिमातो	महिमा वाला है
पदोस्य	पादस्वरूप
व्विश्वाभूतानि	समस्त चराचर जगत्
ब्राह्मणोस्य	उत्तम ब्राह्मण है।
मुखमासीद्	उपासक मुख के तुल्य
बाहू	बाहू
राजन्नयः कृतः।	तुल्य बल पराक्रमयुक्त राजन्य (क्षत्रिय) है।
ऊरू	जंघाओं के तुल्य वेगादि से काम करने वाला अथवा तदस्य
वैश्श्यः	व्यापारविद्या में प्रवीण वैश्य है।
पद्भ्याम्	पैरों से
शूद्द्रो	शूद्र
अजायत	उत्पन्न हुआ है

1.6 -अभ्यासार्थ प्रश्न -उत्तर

1-प्रश्न- असंख्य शिर, का वर्णन पुरूष सूक्त के किस मन्त्र में किया गया है है?

उत्तर- असंख्य शिर, का वर्णन पुरूष सूक्त के पहले मन्त्र में किया गया है।

2-प्रश्न- विराट पुरूष, का वर्णन पुरूष सूक्त के किस मन्त्र में किया गया है?

उत्तर- विराट पुरूष, का वर्णन पुरूष सूक्त के दूसरे मन्त्र में किया गया है।

3-प्रश्न- सृष्टिकर्त्ता ईश्वर का वर्णन पुरूष सूक्त के किस मन्त्र में किया गया है?

उत्तर- सृष्टिकर्त्ता ईश्वर का वर्णन पुरूष सूक्त के नौवें मन्त्र में किया गया है।

4-प्रश्न-पुरूष सूक्त में कितने मन्त्र है?

उत्तर- पुरूष सूक्त में सोलह मन्त्र है।

5-प्रश्न- जगत् को ईश्वर ने उत्पन्न किया है, इसका वर्णन पुरूष सूक्त के किस मन्त्र में किया गया है?

उत्तर- जगत् को ईश्वर ने उत्पन्न किया है, इसका वर्णन पुरूष सूक्त के बारहवें मन्त्र में किया गया है।

1.7-सन्दर्भ-ग्रन्थ सूची

1 पुस्तक का नाम-रुद्रष्टाध्यायी
लेखक का नाम- शिवदत्त मिश्र
प्रकाशक का नाम- चौखम्भा सुरभारती प्रकाशन वाराणसी

2 पुस्तक का नाम-सर्वदेव पूजापद्धति
लेखक का नाम- शिवदत्त मिश्र
प्रकाशक का नाम- चौखम्भा सुरभारती प्रकाषन वाराणसी

3 धर्मशास्त्र का इतिहास
लेखक - डॉ. पाण्डुरङ्ग वामन काणे
प्रकाशक:- उत्तरप्रदेश हिन्दी संस्थान।

4 नित्यकर्म पूजा प्रकाश,
लेखक:- पं. बिहारी लाल मिश्र,
प्रकाशक:- गीताप्रेस, गोरखपुर।

5 अमृतवर्षा, नित्यकर्म, प्रभुसेवा
संकलन ग्रन्थ
प्रकाशक:- मल्होत्रा प्रकाशन, दिल्ली।

6 कर्मठगुरुः
लेखक - मुकुन्द वल्लभ ज्योतिषाचार्य
प्रकाशक - मोतीलाल बनारसीदास, वाराणसी।

7 हवनात्मक दुर्गासप्तशती
सम्पादक - डॉ. रवि शर्मा
प्रकाशक - राष्ट्रीय संस्कृत साहित्य केन्द्र, जयपुर।

8 शुक्लयजुर्वेदीय रुद्राष्टध्यायी
सम्पादक - डॉ. रवि शर्मा
प्रकाशक - अखिल भारतीय प्राच्य ज्योतिष शोध संस्थान, जयपुर।

9 विवाह संस्कार
सम्पादक - डॉ. रवि शर्मा
प्रकाशक - हंसा प्रकाशन, जयपुर

1.8-उपयोगी पुस्तकें

1-पुस्तक का नाम- रुद्राष्टाध्यायी

लेखक का नाम- शिवदत्त मिश्र

प्रकाशक का नाम- चौखम्भा सुरभारती प्रकाशन वाराणसी

1.9 निबन्धात्मक प्रश्न

1- यज्ञेन यज्ञमयजनत देवास्तानि धर्म्माणि प्रथमान्यासन्।

तेहनाकम्महिमान: सचन्त यत्रपूर्व्वे साद्ध्याः सन्ति देवाः। इस मन्त्र का वर्णन कीजिये।

इकाई - 2 श्री सूक्तम्

इकाई की रुप रेखा

2.1-प्रस्तावना

2.2-उद्देश्य

2.3 श्री सूक्तम्

2.4 सारांश

2.5 शब्दावली

2.6 अभ्यासार्थ प्रश्न उतर

2.7 सन्दर्भ ग्रन्थ सूची

2.8 उपयोगी पुस्तके

2.9 निबन्धात्मक प्रश्न

2. 1- प्रस्तावना

कर्मकाण्ड से सम्बन्धित खण्ड एक की यह दूसरी इकाई है इस इकाई के अध्ययन से आप बता सकते है कि '**श्री सूक्त**' की उत्पति किस प्रकार से हुई है? श्रीसूक्त की उत्पति अनादि काल से हुई है। तथा इन्ही सूक्तों के माध्यम से आज सनातन धर्म की रक्षा हो रही है।

'**श्रीसूक्त**' को जानते हुए आप पूजा के विषय में परिचित होंगे कि पूजन का प्रयोजन क्या है एवं उसका महत्त्व क्या है इन सबका वर्णन इस इकाई में किया गया है

प्रत्येक पूजन के प्रारम्भ में आत्मशुद्धि, गुरु स्मरण, पवित्र धारण, पृथ्वी पूजन, संकल्प, भैरव प्रणाम, दीप पूजन, शंख-घण्टा पूजन के पश्चात् ही देव पूजन करना चाहिए। व्रतोद्यापन एवं विशेष अनुष्ठानों के समय यज्ञपीठ की स्थापना का विशेष महत्त्व होता है, अतः प्रधान देवता की पीठ रचना पूर्व दिशा के मध्य में की जाये। पीठ रचना हेतु विविध रंगों के अक्षत या अन्नादि लिये जाते है।

2.2- उदेश्य

इस इकाई के अध्ययन के पश्चात् आप वेदशास्त्र से वर्णित श्रीसूक्त का अध्ययन करेंगे।

1. श्रीसूक्त के विषय में आप परिचित होंगे-
2. श्रीसूक्त के महत्त्व के विषय में आप परिचित होंगे
3. श्रीसूक्त पाठ के विषय में आप परिचित होंगे
4. श्रीसूक्त के न्यास के विषय में आप परिचित होंगे
5. श्रीसूक्त की समाज में उपयोगिता क्या है। इसके विषय में आप परिचित होंगे

2.3 श्री सूक्तम्

विधि-

लक्ष्मी की उपासना के लिये श्री सूक्त का पाठ किया जाता है। यह तथ्य सर्वसाधारण के लिये जान लेना अत्यधिक आवश्यक है अतः ध्यान दे कि-

सदा स्मरण रखें कि -जो भी पाठ हो उस पाठ को शुद्ध तथा शुद्धता से करें।

एक निश्चत संख्या में पाठ करें। पूर्व दिवस में पाठ किये गये पाठों से आगामी दिनों में कम पाठ न करे यदि चाहे तो अधिक पाठ कर सकते हैं परन्तु स्मरण यही रखना है कि भूतकाल से वर्तमान काल के पाठ कम न हो।

पाठ का उच्चारण होंठों से बाहर आना चाहिये यदि अभ्यास न होने के कारण यह विधि प्रयुक्त न हो सके तो धीमे स्वर में पाठ करें।

पाठ काल में धूप-दीप जलता रहे।

पुस्तक देखकर ही पाठ करे।

पाठ काल में श्री यन्त्र की प्रतिमा , फोटों समक्ष रखना चाहिये

श्री सूक्त का पाठ कुश या कम्बल के आसन पर बैठकर करें।

जिस स्थान पर जिस स्थान पर पाठ का शुभारम्भ हो वही पर आगामी दिनों में भी पाठ करना चाहिये

पाठ काल में मन को पाठ से मिलायें ।

मिथ्या सम्भाषण न करें।

स्त्री सेवन न करे ।

आलस्य जम्भाई यथाशक्ति त्याग दें।

श्री सूक्त का पाठ पूर्व दिशा के तरफ मुख करके ही करें।

देवालय या विष्णु मन्दिर में बैठकर पूजन सामग्री का सम्प्रोक्षण करके आचमन प्रणायाम करे- सर्वप्रथम गौरी गणेश का पूजन करे।

एक लकड़ी की चौकी के ऊपर गणेश, षोडशमातृका, सप्तमातृका स्थापित करे। दूसरी चौकी पर नवग्रह, पञ्चलोकपाल आदि स्थापति करे। ईशान कोण में घी का दीपक रखे और अपने दायें हाथ में पूजा सामग्री रख लेवे। शुद्ध नवीन वस्त्र पहनकर पूर्वाभिमुख बैठे। कुंकुम (रोली) का तिलक करके अपने दायें हाथ की अनामिका में सुवर्ण की अंगुठी पहनकर आचमन प्राणायाम कर पूजन आरम्भ करे।

पवित्रीकरण-(अधोलिखित मन्त्र को पढते हुए कलश के जल से अपने उपर तथा पूजनादि की सामग्रियों पर जल छिडके):-

ॐ अपवित्रः पवित्रो वा सर्वावस्थां गतोऽपि वा।

यः स्मरेत्पुण्डरीकाक्षं स बाह्याभ्यन्तरः शुचिः।।

ॐ पुण्डरीकाक्षः पुनातु , ॐ पुण्डरीकाक्षः पुनातु , ॐ पुण्डरीकाक्षः पुनातु ,

आचमन (तीन बार आचमन करे):-

ॐ केशवाय नमः। ॐ नारायणाय नमः। ॐ माधवाय नमः।

प्राणायामः-

गोविन्दाय नमः बोलकर हाथ धोवे और यदि ज्यादा ही कर सके तो तीन बार पूरक (दायें हाथ के अंगूठे से नाक का दायाँ छेद बन्द करके बायें छेद से श्वास अन्दर लेवे), कुम्भक (दायें हाथ की छोटी अंगुली से दूसरी अंगुली द्वारा बाया छेद भी बन्द करके श्वास को अन्दर रोके), रेचक (दायें अंगूठे को धीरे-धीरे हटाकर श्वास बाहर निकाले) करे।

पवित्रीधारणम् -

ॐ पवित्रेस्त्थो व्वैष्णव्यौसवितुर्व्वः प्रसव उत्पन्नुनाम्यच्छिद्रेण पवित्रेण सूर्स्य रश्मिभिः।

तस्य ते पवित्रपते पवित्रपूतस्य यत्कामः पुनेतच्छकेयम्।।

सपत्नीक यजमान के ललाट में स्वस्तितिलक लगाते हुए मन्त्र को बोले-

ॐ स्वस्तिन इन्द्रो व्वृद्धश्रवाः स्वस्ति नः पूषा व्विश्ववेदाः।

स्वस्ति नस्ताक्ष्र्योऽअरिष्टनेमिः स्वस्तिनो बृहस्पतिर्दधातु।।

ॐ श्रीश्चते लक्ष्मीश्चपत्क्न्या वहोरात्रे पार्श्वे नक्षत्राणि रूपमश्वि नौव्व्यात्तम्।

इष्णन्निषाणामुम्मऽइषाण सर्व्वलोकं म ऽइषाण।।

ग्रन्थिबन्धन- (लोकाचार से यजमान का सपत्नीक ग्रन्थिबन्धन करे):-

ॐ तम्पत्नीभिरनुगच्छेम देवाः पुत्रैर्भ्रातृभिरुतवा हिरण्यैः।

नाकङ्गृब्भ्णानाः सुकृतस्यलोके तृतीयपृष्ठेऽअधिरोचने दिवः।।

आसनपूजन (आसन की पूजा करे):-

ॐ पृथ्वि त्वया धृता लोका देवि त्वं विष्णुना धृता।

त्वं च धारय मां देवि! पवित्रं कुरु चासनम् ।

ॐ कूर्मासनाय नमः।

ॐ अनन्तासनाय नमः।

ॐ विमलासनाय नमः। (सर्वोपचारार्थे गन्धाक्षतपुष्पाणि समर्पयामि)

भूतापसारण (बायें हाथ में सरसों लेकर उसे दाहिने हाथ से ढककर निम्र मन्त्र पढ़े) -

ॐ अपसर्पन्तु ते भूता ये भूता भूमिसंस्थिताः।

ये भूता विघ्नकर्तारस्ते नश्यन्तु शिवाज्ञया।।

अपक्रामन्तु भूतानि पिशाचाः सर्वतो दिशम्।

सर्वेषामवरोधेन पूजाकर्म समारभे।।

निम्न मन्त्रों को पढ़ते हुए सरसों का सभी दिशाओं में विकिरण करे:-

प्राच्यैदिशे स्वाहार्व्वाच्यै दिशेस्वाहा दक्षिणायै दिशेस्वाहार्व्वाच्यै दिशेस्वाहा प्प्रतीच्यै दिशे स्वाहार्व्वाच्यै दिशे स्वाहोदीच्यै दिशे स्वाहा र्व्वाच्यै दिशे स्वाहोदर्ध्वायै दिशेस्वाहा र्व्वाच्यै दिशे स्वाहा व्वाच्यै दिशे स्वाहार्व्वाच्यै दिशे स्वाहा।

पूर्वे रक्षतु गोविन्द आग्नेय्यां गरुड़ध्वजः। दक्षिणे रक्षतु वाराहो नारसिंहस्तु नैर्ऋते।।

पश्चिमे वारुणो रक्षेद्वायव्यां मधुसूदनः। उत्तरे श्रीधरो रक्षेद् ऐशान्ये तु गदाधरः।।

ऊर्ध्वं गोवर्धनो रक्षेद्अधस्ताद्त्रिविक्रमः। एवं दश दिशो रक्षेद्वासुदेवो जनार्दनः।।

कर्मपात्र पूजन् (ताँबे के पात्र में जलभरकर कलश को अक्षतपुञ्ज पर स्थापित करते हुए पूजन करे):-

ॐ तत्वामि ब्ब्रह्मणा व्वन्दमानस्तदाशास्ते जमानो हविर्ब्भिः।

अहेडमानो व्वरुणे हबोद्ध्युरुश समानऽ आयुः प्प्रमोषीः।।   ॐ वरुणाय नमः।

पूर्वे ऋग्वेदाय नमः।   दक्षिणे यजुर्वेदाय नमः।

पश्चिमे सामवेदाय नमः।   उत्तरे अथर्ववेदाय नमः।

मध्ये साङ्गवरुणाय नमः। सर्वोपचारार्थे चन्दन अक्षतपुष्पाणि समर्पयामि।

